भट्टाचार्योपाह्व श्रीकृष्णानन्दागमवागीशप्रणीत:

बृहत्तन्त्रसार:

भाषाटीकाविभूषित:

भाषाटीकाकार:
कपिलदेवनारायण:
स्वरूपावस्थित:

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

भट्टाचार्योपाह्वश्रीकृष्णानन्दागमवागीशप्रणीतः

बृहत्तन्त्रसारः

भाषाटीकाविभूषितः

(प्रथमो भागः * प्रथमद्वितीयपरिच्छेदात्मकः)

॥ श्रीः ॥

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला

४३

भट्टाचार्योपाह्वश्रीकृष्णानन्दागमवागीशप्रणीतः

बृहत्तन्त्रसारः

भाषाटीकाविभूषितः

(प्रथमो भागः * प्रथमद्वितीयपरिच्छेदात्मकः)

भाषाटीकाकारः

स्वरूपावस्थित श्रीकपिलदेवनारायण

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

वाराणसी

प्रकाशक

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)
के. 37/117 गोपालमन्दिर लेन
पो. बा. नं. 1129, वाराणसी 221001
दूरभाष : (0542)2335263

प्रथम संस्करण 2007
मूल्य : 1500.00 (1-2 भाग सम्पूर्ण)

अन्य प्राप्तिस्थान

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस

4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)
गली नं. 21-ए, अंसारी रोड
दरियागंज, नई दिल्ली 110002
दूरभाष : (011)32996391 फैक्स: (011)23286537
ई-मेल : chaukhamba_neeraj@yahoo.com

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

38 यू.ए. बंगलो रोड, जवाहर नगर
पो. बा. नं. 2113
दिल्ली 110007
दूरभाष : (011)23856391

चौखम्बा विद्याभवन

चौक (बैंक ऑफ बड़ोदा भवन के पीछे)
पो. बा. नं. 1069, वाराणसी 221001
दूरभाष : (0542)2420404

मुद्रक

डीलक्स ऑफसेट प्रिंटर्स, दिल्ली-

भूमिका

श्रीकृष्णानन्द भट्टाचार्य 'आगमवागीश' द्वारा प्रणीत तन्त्रशास्त्र का महनीय ग्रन्थ 'वृहत् तन्त्रसार' तन्त्रवाङ्मय का सर्वमान्य प्रामाणिक ग्रन्थ है। 'वृहत् तन्त्र-सार' का सामान्य अर्थ 'तन्त्रों का विस्तृत सार' होता है। ग्रन्थकर्त्ता के उपाधिरूप से प्रयुक्त 'आगमवागीश' का शाब्दिक अर्थ 'आगमों का स्वामी' है। सारांश यह है कि सभी आगमों के ज्ञाता श्रीकृष्णानन्द भट्टाचार्य ने तन्त्रों के सार का विस्तृत संकलन कर उसे मूर्त्त स्वरूप प्रदान करते हुये ग्रन्थ का नाम 'वृहत् तन्त्रसार' रक्खा है। सर्वप्रथम यहाँ दो शब्द विचारणीय हैं—'तन्त्र' और 'आगम'।

संस्कृत साहित्य में 'तन्त्र' शब्द के अनेक अर्थ होते हैं; किन्तु यहाँ पर 'तन्यते विस्तार्यते ज्ञानं इति तन्त्रम्' यही अर्थ मान्य है। 'तन्त्र' शब्द 'तनु विस्तारे' धातु से 'ष्ट्रन्' प्रत्यय का योग होकर निष्पन्न होता है। 'तन्' धातु का अर्थ 'विस्तार करना' एवं 'त्र' का अर्थ 'रक्षा करना' होता है। आशय यह है कि 'तन्त्र' उस ज्ञान का विस्तार करता है, जो मनुष्यों का रक्षाकारक है। 'कामिकागम' में कहा गया है कि तन्त्रशास्त्र तत्त्व और मन्त्रसहित अपार विषयों का विस्तार करता है एवं जीवन की रक्षा करता है; इसीलिये इसे 'तन्त्र' अभिधान से अभिहित किया जाता है—

तनोति विपुलानर्थान् तत्त्वमन्त्रसमन्वितान्।
त्राणं च कुरुते यस्मात्तन्त्रमित्यभिधीयते।।

संस्कृत भाषा में 'तन्त्र' शब्द अतीव व्यापक अर्थ को अपने-आप में समाहित किये हुये है। 'वाचस्पति अभिधान' और 'शब्दकल्पद्रुम' में इसे व्याख्यायित करते हुये इस प्रकार कहा गया है—

कुटुम्बभरणादि कृत्य, सिद्धान्त, ओषधप्रधान वेदपरिच्छेद, वेदशाखाहेतु, उभयार्थक प्रयोग, इतिकर्तव्यता, तन्तुवाय, राष्ट्रपरछन्दानुगमन, स्वराष्ट्रचिन्ता, प्रबन्ध, शपथ, धन, गृह, वयन-साधन कुल शिवाद्युक्त शास्त्रव्यवहार व नियम।

शास्त्रमात्र को 'तन्त्र' कहते हैं—ऐसा 'मातृकाभेद' तन्त्र में कहा गया है। ज्योतिष के अंशविशेष को भी 'तन्त्र' शब्द से जाना जाता है। आचार्य वराहमिहिर ने कहा भी है—

स्मन्देऽस्मिन् गणितेन या ग्रहगतिस्तन्त्राभिधाना त्वसौ।

'सांख्यकारिका' के अनुसार सांख्य दर्शन को 'तन्त्र' कहते हैं। आचार्य शंकर तन्त्र-नामक स्मृतिग्रन्थ का उल्लेख करते हुये कहते हैं—

स्मृतिश्च तन्त्राख्या परमर्षिप्रणीता शिष्टपरिगृहीता।

'सुश्रुतसंहिता' में आयुर्वेदशास्त्र की तन्त्ररूप में चर्चा की गई है—'इत्यष्टाङ्गमिदं तन्त्र-

मादिदेवप्रकाशितं शिवादिप्रोक्तं तन्त्रम्'।

जिस तन्त्र में शक्ति की साधना इत्यादि का वर्णन होता है, वह शिवादि प्रोक्त है; उसे तन्त्रशास्त्र भी कहते हैं। जो सिद्ध ऋषिकथित हैं, उन्हें 'वाराहीतन्त्र' में अलग से उपतन्त्र कहा गया है—

सिद्धोक्तान्युपतन्त्राणि कपिलोक्तानि यानि च।
अद्भुतानि च एतानि जैमिन्युक्तानि यानि च।।
पुलस्त्यो भार्गवः सिद्धो याज्ञवल्क्यो भृगुस्तथा।
शुक्रो वृहस्पतिश्चैव अन्ये ये मुनिसत्तमाः।।
एभिर्प्रणीतान्यन्यानि उपतन्त्राणि यानि च।
विसंख्यातानि नान्यत्र धर्मविद्भिर्महात्मभिः।।
सारात्सारतराण्येव संख्यातानि निबोधत।।

तन्त्रशास्त्र साधनशास्त्र है। तन्त्रज्ञों का मानना है कि ऋषि साधनशास्त्र के रचयिता नहीं होते; अपितु वे तो मात्र स्मरण करने वाले होते हैं। तन्त्रतत्त्व में लिखा है कि जैसे राजदरबार के सदस्य राजनीति के रचयिता नहीं होते; बल्कि उसके ज्ञातामात्र होते हैं, वैसे ही तत्त्वदर्शी ऋषि भी किसी साधनशास्त्र के रचयिता नहीं होते; बल्कि मात्र उसके स्मारक होते हैं। ऐसी स्थिति में तन्त्र को उपतन्त्र कहना सर्वसम्मत नहीं कहा जा सकता। अगस्त्यसंहिता, सनत्कुमारसंहिता, गौतमीय तन्त्र आदि वैष्णवतन्त्रों के ऋषिप्रोक्त होने पर भी कौलमार्ग में इन्हें 'तन्त्र' आख्या प्रदान की गई है।

तन्त्रशास्त्र के तीन मुख्य विभाग हैं—आगम, यामल एवं तन्त्र। 'मातृकाभेद-तन्त्र' में कहा भी है—तन्त्रशास्त्रं तु प्रधानतस्त्रिधा विभक्तं, आगम-यामल-तन्त्रभेदतः।

आगम, निगम, यामल, तन्त्र, संहिता आदि को सामान्यतः समानार्थक माना जाता है, तथापि इनमें परस्पर अन्तर है।

इस प्रकार अब तक 'तन्त्र' शब्द पर सामान्य रूप से विचार किया गया। तन्त्र शब्द के सामान्य अर्थ को ज्ञात करने के पश्चात् 'आगम' शब्द से परिचित होना भी आवश्यक है; यतः वृहत् तन्त्रसार के संकलनकर्ता श्रीकृष्णानन्द भट्टाचार्य को 'आगमवागीश' की उपाधि से विभूषित किया गया है। आगमवागीश होकर ही इन्होंने तन्त्रों के सार का संग्रह किया है। इससे विदित होता है कि आगम का ज्ञाता तन्त्रशास्त्र का भी ज्ञाता होता है।

'विश्वसारतन्त्र' के अनुसार जिसमें सृष्टि-प्रलय, देवतार्चन, मन्त्रसाधन, पुरश्चरण, षट्कर्म और चतुर्विध ध्यानयोग—इन सात विषयों का वर्णन किया गया हो, उसे 'आगम' के नाम से जाना जाता है। कहा भी है—

सृष्टिश्च प्रलयश्चैव देवतानां यथार्चनम्। साधनञ्च सर्वेषां पुरश्चरणमेव च।।
षट्कर्मसाधनं चैव ध्यानयोगश्चतुर्विधः। सप्तभिर्लक्षणैर्युक्तमागमं तद् विदुर्बुधाः।।

'कुलार्णवतन्त्र' के अनुसार जिसमें आचार-वर्णन, दिव्य गति-प्राप्तिविधान और आगमतत्त्व का कथन किया गया हो, उसे आगम कहा जाता है। यथा—

आचारकथनाद् दिव्यगतिप्राप्तिविधानत:। महात्मतत्त्वं कथनादागम: कथित: प्रिये।।

'रुद्रयामल' के अनुसार शिव के मुख से निकल कर पार्वती के मुख में जाने वाले विष्णुमत को आगम कहते हैं अर्थात् आगतं, गतं और मतं—इन तीन शब्दों के प्रथमाक्षर—आ + ग + म—को मिलाकर 'आगम' शब्द निष्पन्न होता है—

आगतं शिववक्त्रेभ्यो गतं च गिरिजामुखे। मतं श्रीवासुदेवस्य तस्मादागम उच्यते।।

स्पष्ट है कि तन्त्र के तीन विभाग—तन्त्र, आगम और यामल हैं। वेदों के समान ही तन्त्रसाहित्य भी भूतकाल में बहुत ही विस्तृत कलेवर से सम्पन्न था। तन्त्रग्रन्थ में कहा भी गया है—

सप्तसप्तसहस्राणि संख्यातानि मनीषिभि:।

इसके अनुसार प्राचीन काल में चौदह सौ तन्त्रग्रन्थ प्रचलन में थे। स्पष्ट है कि किसी समय में तन्त्रों का विशाल साहित्य उपलब्ध था, जो शनै:-शनै: लुप्त होते-होते वर्तमान में अत्यन्त ही सीमित संख्या में दृगोचर होते हैं।

इन तन्त्रों को कई विभागों में विभाजित किया गया है। दर्शन के आधार पर इनके तीन विभाग—द्वैतविमर्श, अद्वैतविमर्श और द्वैताद्वैत हैं। देवताभेद से इनके प्रमुख छ: भेद हैं—१. वैष्णवतन्त्र, २. शैवतन्त्र, ३. शाक्ततन्त्र, ४. गाणपत्यतन्त्र, ५. बौद्धतन्त्र और ६. जैनतन्त्र। अवान्तर भेदोपभेदों के कारण इनमें भी कई शाखा-प्रशाखायें बनी हुई हैं।

व्यवहार में वैष्णवतन्त्र को 'संहिता', शैवतन्त्र को 'आगम' एवं शाक्ततन्त्र को 'तन्त्र' नाम से जाना जाता है। इसीलिये लोक में तन्त्र शब्द का सामान्य अर्थ 'शाक्त आगमों की साधना-पद्धति' माना जाता है। हमारा विवेच्य ग्रन्थ बृहत्तन्त्रसार है, जिसके संकलनकर्ता श्रीकृष्णानन्द आगमवागीश हैं। इसलिये हम शाक्त तन्त्र पर ही विचार करेंगे।

'सौन्दर्यलहरी' के टीकाकार लक्ष्मीधर ने त्रिपुरोपासना के तीन मतों की चर्चा की है, जिनमें पहला कौलमत, दूसरा मिश्रमत और तीसरा समयिमत है। नित्याषोडशिकार्णव में कौलमत के चौंसठ आगम उल्लिखित हैं, जिनमें महामाया शम्बर आदि पठित हैं।

मिश्रमतानुयायियों में आठ आगम प्रचलित हैं, जिनमें चन्द्रकला आदि आते हैं और समयिमतानुयायी शुभागमपञ्चक को अङ्गीकार करते हैं, जिनमें वसिष्ठ, सनक, शुक, सनन्दन और सनत्कुमार—इन पाँच मुनियों की संहितायें अङ्गीकृत हैं।

कतिपय ग्रन्थों को भूमण्डल के आधार पर भी वर्गीकृत किया गया है। इनमें पहला रथक्रान्त, दूसरा विष्णुक्रान्त और तीसरा अश्वक्रान्त है। शक्तिसंगमतन्त्र के अनुसार विन्ध्य पर्वत से चीन तक का क्षेत्र 'रथक्रान्त' कहा गया है।

विन्ध्य पर्वत से दक्षिण में कन्याकुमारी तक का विस्तृत भूभाग 'अश्वक्रान्त' के

अभिधान से अभिहित है एवं विष्णुक्रान्त का विस्तार करतोया-दिनाजपुर में यवद्वीप तक कहा गया है।

इन सभी में चौंसठ-चौंसठ तन्त्रों के हिसाब से कुल एक सौ बानवे तन्त्र कहे गये हैं, जिनमें से कुछ तो वर्त्तमान में उपलब्ध हैं; लेकिन अधिकांश कालविक्षेपानुसार लुप्त हो जाने के फलस्वरूप अनुपलब्ध ही हैं।

आगमतत्त्वविलास में अन्य चौंसठ तन्त्रों का भी उल्लेख मिलता है। इनके अतिरिक्त तन्त्र के और भी तिरासी नाम 'मत्स्यसूक्त, कुलसूक्त, डामर' आदि हैं। 'महासिद्धिसारस्वत' में महासिद्धीश्वर आदि तन्त्रों के नाम आते हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त कुछ अन्य तन्त्र भी हैं; जैसे—आगमसार, आगमचन्द्रिका, जपरहस्य आदि। वाराही तन्त्र में जिन तन्त्रों का उल्लेख किया गया है, उनकी श्लोकसंख्या भी अंकित है। वेद, आरण्यक, उपनिषद्, ब्राह्मण में भी शक्तिसाहित्य उपलब्ध है।

पुराणों में देवीभागवत, मार्कण्डेय, कालिका, ब्रह्माण्ड, कूर्म पुराण में शक्तिसाहित्य की प्रचुरता है। श्रीशंकराचार्य के सौन्दर्यलहरी आदि, गौडपाद के सुभगोदय आदि, लक्ष्मणदेशिक के शारदातिलक आदि तन्त्रग्रन्थ ही हैं। श्रीकृष्णानन्द के बाद के भी बहुत से तन्त्रग्रन्थ है। श्रीकृष्णानन्द का पूर्ववर्ती जो विशाल तन्त्रसाहित्य है, उसमें से सभी का सारसंग्रह करना कथमपि सम्भव नहीं है; फिर भी बृहत् तन्त्रसार का सारसंग्रह सर्वतोभावेन सराहनीय एवं श्लाघनीय है।

प्रसङ्गवशात् बृहत् तन्त्रसार के विषयों पर एक विहंगम दृष्टिपात करना भी आवश्यक हैं। यह ग्रन्थ परिशिष्ट के अतिरिक्त कुल पाँच परिच्छेदों में विभक्त है। ग्रन्थ के विशाल आकार को देखते हुये प्रकृत संस्करण को दो भागों में विभाजित किया गया है, जिसमें से प्रथम भाग में प्रारम्भ से द्वितीय परिच्छेद तक को गुम्फित किया गया है एवं द्वितीय भाग में अवशिष्ट तृतीय परिच्छेद से प्रारम्भ कर परिशिष्ट तक के विषय गुम्फित हैं। यहाँ प्रथम भाग से सम्बद्ध विषयों का संक्षेप में विवेचन किया जा रहा है, जो इस प्रकार है—

प्रथम परिच्छेद—प्रथम परिच्छेद में मङ्गलाचरण के उपरान्त गुरु और शिष्य के लक्षणों के साथ-साथ उनके कर्तव्याकर्त्तव्य का भी वर्णन किया गया है। दीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक विषय इसमें निबद्ध हैं। मन्त्र से सम्बन्धित विषय भी गुम्फित हैं। दीक्षास्थान और दीक्षाकाल का निर्णय भी इस प्रथम परिच्छेद में ही किया गया है। माला पर विचार किया गया है। आसन और पुरश्चरण के सम्बन्ध में विचार किया गया है। जप के बारे में भी विचार किया गया है। जपपूजन के लिये मण्डलनिर्माण के विषय भी इसमें निबद्ध हैं।

द्वितीय परिच्छेद—द्वितीय परिच्छेद में पूजापद्धति, सन्ध्या, स्नानविधि, बहुत से

देवताओं के गायत्री मन्त्र, विविध न्यास और मन्त्र उल्लिखित हैं। अनेक देवियों के मन्त्रों में भुवनेश्वरी, अन्नपूर्णा, त्रिपुरा, त्वरिता, नित्या, वज्रप्रस्तारिणी, दुर्गा, महिषमर्दिनी, जयदुर्गा, शूलिनी, वागीश्वरी, पारिजातसरस्वती आदि के मन्त्र प्रमुख हैं।

अनेक देवों के मन्त्रों में गणेश, महागणेश, हेरम्ब, हरिद्रागणेश आदि के मन्त्र गुम्फित हैं। देवियों में लक्ष्मी, महालक्ष्मी के मन्त्र हैं। देवों में सूर्य, विष्णु, राम, कृष्ण, बालगोपाल, वासुदेव, लक्ष्मीनारायण, दधिवामन, हयग्रीव, नृसिंह, हरिहर, वराह के मन्त्र उल्लिखित हैं। शिव, मृत्युञ्जय, क्षेत्रपाल, बटुकभैरव, भैरवी, त्रिपुरभैरवी, सम्पत्प्रदा भैरवी, कौलेशभैरवी, सकलसिद्धिदा भैरवी, भय-विध्वंसिनी भैरवी, चैतन्यभैरवी, कामेश्वरी भैरवी, षट्कूटा भैरवी, नित्या भैरवी, रुद्रभैरवी, भुवनेश्वरी भैरवी के मन्त्र हैं। त्रिपुरा बाला के कई मन्त्र एवं अन्नपूर्णा भैरवी के मन्त्र हैं। श्रीविद्या और इसके मन्त्रान्तर, परिभाषिकी, षोडशी, महाषोडशी, बीजावली षोडशी, श्रीविद्याविशेषपद्धति आदि के मन्त्र हैं। प्रचण्डचण्डिका के मन्त्र-मन्त्रान्तर, श्यामा के मन्त्र-मन्त्रान्तर एवं गुह्यकाली एवं भद्रकाली के मन्त्र भी इसमें समाहित हैं। तारामन्त्र, वीरसाधनविधि, चण्डोग्रशूलपाणिमन्त्र, मातंगी, उच्छिष्ट चाण्डालिनी, धूमावती, भद्रकाली, उच्छिष्ट गणेश, धनदा, श्मशानकाली और बगलामुखी के मन्त्र भी इस द्वितीय परिच्छेद में ही निबद्ध हैं।

ग्रन्थकार एवं उनका बृहत्तन्त्रसार

प्रस्तुत ग्रन्थ बृहत् तन्त्रसार के संकलन और सम्पादनकर्त्ता श्री कृष्णानन्द भट्टाचार्य आगमवागीश और साधकचूड़ामणि हैं। लगभग पाँच सौ वर्ष पहले इनका प्रादुर्भाव तन्त्र की साधना-भूमि बंगाल प्रान्त में हुआ था।

इस ग्रन्थ की रचना का हेतु बताते हुए इन्होंने ग्रन्थ के अन्त में कहा है कि हे माते! वेद और अन्यान्य शास्त्रों के विपरीत अर्थ के कारण आपके अर्चन का लोप होते देखकर शास्त्र के कठिन और गूढ़ अर्थ को मैंने स्पष्ट किया है। इसमें जो त्रुटियाँ हुई हों, उसके लिये क्षमा करें। हे माते! मैंने मोहग्रस्त बुद्धि से तन्त्र के गुप्त से गुप्त विषयों को भी प्रकट किया है। हे दयानिधे! इसमें जो अपराध हुआ है, उसे क्षमा करें; क्योंकि पापियों पर क्रोध करना उचित नहीं है।

इनका यह कथन है कि तन्त्र के गुप्त से गुप्त विषयों को इन्होंने प्रकट किया है, यह अंशतः ही ठीक कहा जा सकता है; क्योंकि उन सभी विषयों को इन्होंने कूट सांकेतिक भाषा में प्रकट किया है, जो कि प्रकट होते हुये भी अप्रकट के ही समान है। सम्भवतः मन्त्रों को दुरुपयोग से बचाने के लिये ही इन्होंने ऐसा किया है। यही प्रक्रिया अन्य सभी तन्त्रों में भी अंगीकृत है।

साधना-विज्ञान का महत्त्वपूर्ण विषय तन्त्र है। तन्त्रशास्त्रविद् जीवन की कठिन से कठिन समस्याओं का भी समाधान करने में सक्षम होते हैं। तन्त्रशास्त्र इतना विशाल है कि समस्याओं का समाधान ढूँढ़ने में कुशल तान्त्रिकों को भी कठिनाई होती है। ऐसी

परिस्थिति में श्री कृष्णानन्द भट्टाचार्य ने जनसाधारण और साधकों की सुविधा के लिये उपलब्ध तन्त्रग्रन्थों से उपयोगी विषयों का संग्रह किया। आगमवागीश द्वारा जिस अवधि में यह महनीय कार्य सम्पन्न किया गया होगा, उस समय न तो छपे हुए तन्त्रग्रन्थ रहे होंगे और न ही तन्त्रग्रन्थों का कोई समृद्ध पुस्तकालय ही रहा होगा। वारहीतन्त्र आदि ग्रन्थों में उल्लिखित अधिकांश तन्त्र या तो पूर्णत: या अंशत: आज भी लुप्त हैं। ऐसी परिस्थिति में उनका यह कार्य अतीव सराहनीय माना जाता है। बृहत् तन्त्रसार अपने नाम के अनुरूप ही सम्पूर्ण तन्त्रवाङ्मय का सर्वप्रामाणिक सार प्रस्तुत करता है।

इनके पहले काश्मीरी विद्वान् अभिनवगुप्त ने भी तन्त्रों के सार का संग्रह अपने 'तन्त्रसार' नामक ग्रन्थ में किया है। दाक्षिणात्य विद्वान् सुब्रह्मण्यम् के ग्रन्थ का नाम भी तन्त्रसार है। इनके अतिरिक्त सिद्धनाथ, मुकुन्दलाल, रामभद्र और रामानन्द तीर्थ के ग्रन्थ भी तन्त्रसार नाम से जाने जाते हैं; किन्तु श्री कृष्णानन्द आगमवागीशकृत प्रस्तुत 'बृहत् तन्त्रसार' ग्रन्थ स्वयं में अनुपम है।

श्री कृष्णानन्द भट्टाचार्य बंगाली थे, इसलिये उन्होंने बंगला भाषा में ही इस ग्रन्थ का प्रणयन किया है। सर्वप्रथम 'नवभारत पब्लिशर्स' कलकत्ता द्वारा इसका प्रकाशन बंगला लिपि में किया गया था। इस विशाल ग्रन्थ को विद्वानों ने इतना सम्मान दिया कि इसके सात अन्य संस्करण अबतक प्रकाशित हो चुके हैं। तन्त्रशास्त्र के अनेक परवर्ती ग्रन्थों में भी इसके उद्धरण उपलब्ध होते हैं। मन्त्रमहार्णव में इसके प्रचुर उद्धरण मिलते हैं।

इस ग्रन्थ में जितने देवी-देवताओं के साधना-विधानों का वर्णन है, उतने किसी दूसरे ग्रन्थ में एकत्र नहीं मिलते। इसमें षट्कर्म, वीरसाधन एवं शवसाधन पर भी विस्तृत विवेचन उपलब्ध है। इसमें अन्य विषयों के समान ही सिद्धिदायक बहुत से स्तोत्रों और कवचों को भी संकलित किया गया है।

प्रकृत संस्करण

देवभाषा संस्कृत और देवनागरी लिपि में इसका प्रथम प्रकाशन सम्भवत: सन् १९८५ में प्राच्य प्रकाशन, वाराणसी द्वारा किया गया; जो कि अतिशय महत्त्वपूर्ण होते हुये भी लिप्यन्तरीकरण-जन्य दोषों से मुक्त नहीं था। इस ग्रन्थ को राष्ट्रभाषा हिन्दी में अनुवादित कराकर मूलपाठ को भी यथासम्भव सम्पादित करते हुये वर्त्तमान स्वरूप में इसका प्रकाशन चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी के द्वारा किया जा रहा है; क्योंकि इससे मूल लेखक श्रीकृष्णानन्द आगमवागीश के उद्देश्य की पूर्ति राष्ट्रभाषा और राष्ट्र-बन्धुओं की सेवा एवं जगदम्बा की आराधना-अर्चना में वृद्धि से ही सम्भव हो सकेगी। इस महनीय ग्रन्थ को सर्वजन-सुलभ भाषा में अनूदित कराकर तन्त्र-पिपासुओं की पिपासा का शमन करने हेतु प्रकाशक श्री नवनीत दास जी गुप्त सर्वतोभावेन धन्यवादार्ह हैं।

वसन्तपञ्चमी, २०६३ **स्वरूपावस्थित श्री कपिलदेवनारायण**

विषयानुक्रमणी

प्रथमः परिच्छेदः

द्वितीयः परिच्छेदः

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
प्रचण्डचण्डिकामन्त्राः	५५७
प्रचण्डचण्डिकापूजाप्रयोगः	५५९
प्रचण्डचण्डिकापूजायन्त्रम्	५६४
छिन्नमस्तायाः मन्त्रान्तरम्	५७०
छिन्नमस्तायाः मन्त्रान्तरम्	५७२
छिन्नमस्तायाः मन्त्रान्तरम्	५७४
श्यामाप्रकरणम्	५७६
श्यामामन्त्राः	५७६
श्यामापूजापद्धतिः	५७७
श्यामायाः मन्त्रभेदाः	५९५
श्यामायाः मन्त्रान्तरम्	५९६
गुह्यकाली	६०४
भद्रकालीमन्त्राः	६०६
तारामन्त्राः	६०९
तारापूजाप्रयोगः	६१४

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
ताराबलिदानविधिः	६४३
तारामन्त्रजपविधिः	६४३
तारामन्त्रभेदाः	६४६
तारायाः मन्त्रान्तरम्	६४८
वीरसाधनम्	६५२
शवसाधनम्	६६०
चण्डोग्रशूलपाणिमन्त्राः	६७०
मातङ्गीमन्त्रः	६७३
उच्छिष्टचाण्डालिनी-मन्त्राः	६७५
धूमावतीमन्त्राः	६७९
भद्रकालीमन्त्रः	६८३
उच्छिष्टगणेशमन्त्रः	६८४
धनदामन्त्रः	६८८
श्मशानकालीमन्त्रः	६९३
बगलामुखीमन्त्रः	६९६
बगलामुखीपूजनयन्त्रम्	६९९

यन्त्रानुक्रमणी

श्रीकृष्णानन्दवागीशभट्टाचार्यप्रणीतः

बृहत्तन्त्रसारः

(प्रथम-द्वितीयपरिच्छेदात्मको प्रथमो भागः)

पाठकों के लिये सर्वतोभावेन ध्यातव्य है कि सुयोग्य गुरु की अनुज्ञा एवं निर्देश प्राप्त किये विना मात्र स्वविवेक से ग्रन्थ का अध्ययन कर किसी भी मन्त्र का प्रयोगात्मक अनुष्ठान न करें। स्वयम्भू प्रयोगों से होने वाले किसी भी दुष्परिणाम का उत्तरदायित्व स्वयं अनुष्ठाता का ही होगा, इसके लिये लेखक अथवा प्रकाशक किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

॥ श्रीः ॥

श्रीकृष्णानन्दवागीशभट्टाचार्यप्रणीतः

बृहत्तन्त्रसारः

भाषाटीकासमन्वितः

प्रथमः परिच्छेदः

मङ्गलाचरणं ग्रन्थसूचना च

नत्वा कृष्णपदद्वन्द्वं ब्रह्मादिसुरवन्दितम् ।
गुरुञ्च ज्ञानदातारं कृष्णानन्देन धीमता ॥
तत्तद्ग्रन्थगताद्वाक्यान्नानार्थं प्रतिपद्य च ॥
सौकर्यार्थञ्च संक्षेपात्तन्त्रसारः प्रतन्यते ।
उच्यते प्रथमं तन्त्र लक्षणं गुरुशिष्ययोः ॥

मंगलाचरण और ग्रन्थ-सूचना—ब्रह्मादि देवताओं के द्वारा वन्दित श्रीकृष्ण के चरणयुगल में नमस्कार करके ज्ञानदाता श्रीगुरु को प्रणामपूर्वक बुद्धिमान मैं कृष्णानन्द नाना तन्त्रग्रन्थों में प्रतिपादित वाक्यों के अर्थ-वैविध्य को सुगम करने के उद्देश्य से संक्षेप में तन्त्रसार ग्रन्थ की रचना करता हूँ। इसके प्रथम तन्त्र में गुरु-शिष्य के लक्षणों का वर्णन करता हूँ।

गुरुलक्षणम्

शान्तो दान्तः कुलीनश्च विनीतः शुद्धवेशवान् ।
शुद्धाचारः सुप्रतिष्ठः शुचिर्दक्षः सुबुद्धिमान् ।
आश्रमी ध्याननिष्ठश्च तन्त्रमन्त्रविशारदः ॥
निग्रहानुग्रहे शक्तो गुरुरित्यभिधीयते ॥

आगमसंहितायाम्—

उद्धर्त्तुञ्चैव संहर्त्तु समर्थो ब्राह्मणोत्तमः ।
तपस्वी सत्यवादी च गृहस्थो गुरुरुच्यते ।।

गुरु के लक्षण—गुरु को शान्त, दान्त, कुलीन, विनीत, शुद्ध वेष-सम्पन्न, विशुद्धाचार, सुप्रतिष्ठ, पवित्र स्वभाव, कार्य-दक्ष, खूब बुद्धिमान, आश्रमी, ध्याननिष्ठ, तन्त्रमन्त्र-विशारद, निग्रहानुग्रह में समर्थ होना चाहिये। इन गुणों से सम्पन्न व्यक्ति ही गुरुरूप में मान्य है। आगम-संहिता के अनुसार मन्त्र-दानादि द्वारा उद्धार और शापादि द्वारा विनाश करने में समर्थ, तपस्वी, सत्यवादी और गृहस्थ ब्राह्मण को ही गुरु बनाना चाहिये।

गुरुमाहात्म्यम

ज्ञानार्णवे—

गुरौ मानुषबुद्धिन्तु मन्त्रे चाक्षरबुद्धिकम् ।
प्रतिमासु शिलाबुद्धिं कुर्वाणो नरकं व्रजेत् ।।
जन्महेतू हि पितरौ पूजनीयौ प्रयत्नतः ।
गुरुर्विशेषतः पूज्यो धर्माधर्मप्रदर्शकः ।।
गुरुः पिता गुरुर्माता गुरुर्देवो गुरुर्गतिः ।
शिवे रुष्टे गुरुस्त्राता गुरौ रुष्टे न कश्चन ।।
गुरोर्हितं प्रकर्त्तव्यं वाङ्मनःकायकर्मभिः ।
अहिताचरणाद्देवि विष्ठायां जायते कृमिः ।।
शरीरदः पिता देवि ज्ञानदो गुरुरेव च ।
गुरोर्गुरुतरो नास्ति संसारे दुःखसागरे ।।
यस्य वक्त्राद्विनिर्यातं पूर्णब्रह्ममयं वपुः ।
तारयेन्नात्र सन्देहो नरकार्णवतो ध्रुवम् ।।
मन्त्रत्यागाद्भवेन् मृत्युर्गुरुत्यागाद्दरिद्रता ।
गुरुमन्त्रपरित्यागाद्रौरवं नरकं व्रजेत् ।।
गुरौ सन्निहिते यस्तु पूजयेदन्यदेवताः ।
स याति नरकं घोरं सा पूजा विफला भवेत् ।।

गुरु-माहात्म्य—ज्ञानार्णव के अनुसार गुरु को मनुष्य, मन्त्र को अक्षर और प्रतिमा को शिला समझने वाला नरकगामी होता है। जन्मदाता होने से माता-पिता पूज्य हैं, यह सत्य है; किन्तु धर्माधर्म दिखाने वाला गुरु उनसे भी अधिक पूज्य है। गुरु ही पिता-माता-देवता और एकमात्र शरण हैं। शिव के रुष्ट होने पर गुरु बचा सकता है; परन्तु गुरु के रुष्ट होने पर कोई नहीं बचा सकता। शरीर, मन, वचन और कर्म से गुरु का हित करना

चाहिये। उनका अनिष्ट करने से विष्टा का कीड़ा होना पड़ता है। पिता शरीरदाता है, किन्तु गुरु ज्ञानदाता है। दुःखमय संसार-सागर में गुरु से श्रेष्ठ कोई नहीं है। गुरुमुख से निकला हुआ शब्दमय पूर्ण ब्रह्म निश्चय ही नरक से बचाता है। मन्त्र-त्याग से मृत्यु, गुरु-त्याग से दरिद्रता और गुरु तथा मन्त्र दोनों के त्याग से नरकगामी होना पड़ता है। गुरु के सन्निहित रहने पर जो अन्य देवता का पूजन करता है, उसे घोर नरक में जाना पड़ता है और उसकी पूजा निष्फल होती है।

श्रीक्रमे—

उत्पादकब्रह्मदात्रोर्गरीयान्ब्रह्मदः पिता।
तस्मान्मन्येत सततं पितुरप्यधिकं गुरुम् ॥
गुरुवद् गुरुपुत्रेषु गुरुवत्तत्सुतादिषु।
गुरुवत्पूजनं कार्यं तोषणं वाक्यपालनम्।
गुरुवद्भजनं कार्यं सर्वदा गुरुसन्ततौ ॥

श्रीक्रम के अनुसार ब्रह्ममन्त्र-दाता गुरु शरीरदाता पिता से श्रेष्ठ है। इसलिये निरन्तर पिता से अधिक गुरु सम्मान के योग्य है। गुरु के पुत्र और पौत्रों के प्रति भी गुरुवत् पूज्यभाव रखना चाहिये। इनका पूजन भी गुरु के समान करना चाहिये। उन्हें सन्तुष्ट करना चाहिये और उनके वचनों का पालन करना चाहिये। गुरु की सन्तानों का भजन सदैव करना चाहिये।

निगमकल्पद्रुमे—

अविद्यो वा सविद्यो वा गुरुरेव च दैवतम्।
अमार्गस्थोऽपि मार्गस्थो गुरुरेव सदागतिः ॥
आयान्तमग्रतो गच्छेद्गच्छन्तं तमनुव्रजेत्।
आसने शयने वाऽपि न तिष्ठेदग्रतो गुरोः।
अनुज्ञां प्राप्य तिष्ठेत्तु नैवं शापमवाप्नुयात् ॥

निगमकल्पद्रुम के अनुसार विद्यावान अथवा विद्याविहीन गुरु देवता के समान होता है। अमार्गी या समार्गी दोनों प्रकार के गुरु ही सदैव सद्गति-प्रदायक होते हैं। गुरु को आता देखकर आगे जाकर स्वागत करना चाहिये। जाता देख उनके पीछे-पीछे चले; किन्तु उन्हें बैठा या सोया देखकर उनके सामने न बैठे। गुरु की अनुमति प्राप्त होने पर ही बैठना चाहिये; अन्यथा शाप प्राप्त होता है।

तथा क्रियासारे—

गुरुर्माता पिता स्वामी बान्धवः सुहृदः शिवः।
इत्याधाय मनो नित्यं भजेत् सर्वात्मना गुरुम् ॥

क्रियासार के अनुसार गुरु ही माता-पिता, स्वामी, बान्धव, सुहृद् और शिव हैं—ऐसा विचार रखकर मन में नित्य गुरु का भजन सर्वात्मभाव से करना चाहिये।

निन्द्यगुरुलक्षणम्

क्रियासारसमुच्चये—

श्वित्री चैव गलत्कुष्ठी नेत्ररोगी च वामनः ।
कुनखी श्यावदन्तश्च स्त्रीजितश्चाधिकाङ्गकः ॥
हीनाङ्गः कपटी रोगी बह्वाशी बहुजल्पकः ।
एतैर्दोषैर्विहीनो यः स गुरुः शिष्यसम्मतः ॥

निन्द्य गुरु-लक्षण—क्रियासारसमुच्चय के अनुसार श्वेत कुष्ठी, गलित कुष्ठी, नेत्ररोगी, वामन, खराब नख वाले, काले दाँतों वाले, स्त्रीजित, अधिकांगी; जैसे—छः अंगुली वाले, हीनांग; जैसे—कम अंगुली वाले, कपटी, रोगी, पेटू, बहुत बोलने वाले को गुरु नहीं बनाना चाहिये। इन दोषों से विनिर्मुक्त व्यक्ति को ही शिष्य गुरु बनावे।

यामले—

अभिशप्तमपुत्रश्च कदर्यं कितवं तथा ।
क्रियाहीनं शठञ्चापि वामनं गुरुनिन्दकम् ॥
जलरक्तविकारश्च वर्जयेन्मतिमान् सदा ।
सदा मत्सरसंयुक्तं गुरुं तन्त्रेण वर्जयेत् ॥

यामल के अनुसार अभिशप्त, अपुत्री, कृपण, धूर्त्त, क्रियाहीन, शठ, वामन, गुरुनिन्दक, जल-रक्तविकारयुक्त व्यक्ति को बुद्धिमान गुरु न बनावे। ईष्यालु व्यक्ति को भी तन्त्रमार्ग में गुरु नहीं बनाना चाहिये।

वैशम्पायनसंहितायाम्—

अपुत्रो मृतपुत्रश्च कुष्ठी च वामनस्तथा ।
इत्याद्यपि बोध्यमिति ।

वैशम्पायनसंहिता के अनुसार पुत्रहीन या जिसके पुत्र मर गये हों, कोढ़ी, वामन, इत्यादि को भी गुरु नहीं बनाना चाहिये।

शिष्यलक्षणम्

शान्तो विनीतः शुद्धात्मा श्रद्धावान् धारणक्षमः ।
समर्थश्च कुलीनश्च प्राज्ञः सच्चरितो यतिः ॥
एवमादिगुणैर्युक्तः शिष्यो भवति नान्यथा ।

अन्यच्च—

पुण्यवान् धार्मिकः शुद्धो गुरुभक्तो जितेन्द्रियः ।

शिष्यः योग्यो भवेत् सो हि दानध्यानपरायणः ॥

शिष्य-लक्षण—शान्त, विनीत, शुद्धात्मा, श्रद्धालु, मेधावी, कार्यदक्ष, कुलीन, प्रज्ञावान, सच्चरित्र, यति आदि गुणों से जो युक्त हो, उसे ही शिष्य बनाना चाहिये; अन्यथा शिष्य न बनावे। इसके अतिरिक्त पुण्यवान, धार्मिक, शुद्ध, गुरुभक्त, जितेन्द्रिय, दान-ध्यान-परायण मनुष्य ही शिष्य बनाने के योग्य होता है।

निषिद्धशिष्यलक्षणम्

पापिने क्रूरचेष्टाय शठाय कृपणाय च।
दीनायाचारशून्याय यन्त्रद्वेषपराय च॥
निन्दकाय च मूर्खाय तीर्थद्वेषपराय च।
गुरुभक्तिविहीनाय न देया मलिनाय च॥

निषिद्ध शिष्य-लक्षण—पापी, क्रूरकर्मा, शठ, कंजूस, दीन, आचारशून्य, यन्त्रद्वेषी, निन्दक, मूर्ख, तीर्थद्वेषी, गुरुभक्ति-विहीन और गन्दे वेष-भूषा वाले को मन्त्रोपदेश नहीं देना चाहिये।

आगमसारे—

अलसाः मलिनाः क्लिन्नाः दाम्भिकाः कृपणास्तथा।
दरिद्रा रोगिणो रुष्टा रागिणो भोगलालसाः॥
असूयमत्सरग्रस्ताः सदा परुषवादिनः।
अन्यायोपार्जितधनाः परदाररताश्च ये॥
विदुषां वैरिणश्चैव त्याज्याः पण्डितमानिनः।
भ्रष्टाचाराश्च ये कष्टवृत्तयः पिशुनाः खलाः॥
बह्वाशिनः क्रूरचेष्टाः दुरात्मानश्च निन्दिताः।
इत्येवमादयोऽन्येऽपि पापिष्ठाः पुरुषाधमाः।
एवम्भूताः परित्याज्याः शिष्यत्वेनोपकल्पिताः॥

आगमसार के अनुसार जो आलसी, मलिन, क्लिन्न, दम्भी, कृपण, दरिद्र, रोगी, रूठा हुआ, अनुरागी, भोग-लालसी, दूसरों में दोषद्रष्टा, ईर्ष्यालु, सदैव कटुभाषी, अन्याय से उपार्जित धन वाला, परदाररत, विद्वानों का वैरी हो, साथ ही मान्य पण्डित का त्याग कर देना चाहिये अर्थात् शिष्य नहीं बनाना चाहिये।

जो आचारहीन हो, कष्ट से धनोपार्जन करता हो, चुगलखोर हो, नीच हो, बहुत खाने वाला हो, क्रूर चेष्टा वाला हो, दुरात्मा, निन्दित हो, पापी पुरुषाधम हो, उसका भी त्याग कर देना चाहिये अर्थात् उसे शिष्य नहीं बनाना चाहिये।

अथ गुरुताशिष्यताविधिः गुरुसन्निधौ कर्त्तव्याकर्त्तव्यनिरूपणञ्च—

गुरुता शिष्यता वापि तयोर्वत्सरवासतः ।

गुरु-शिष्यसम्बन्ध कर्त्तव्याकर्तव्य निरूपण—गुरु और शिष्य एक वर्ष तक साथ रहे, फिर परीक्षा करके गुरु या शिष्य बनावें।

तथा चोक्तं सारसंग्रहे—

सद्गुरुः स्वाश्रितं शिष्यं वर्षमेकं परीक्षयेत् ।

स्वप्ने तु न कालनियमः;'स्वप्ने तु नियमो न ही'ति नारदवचनात् । तत्रैव—

राज्ञि चामात्यजो दोषः पत्नीपापं स्वभर्त्तरि ।
तथा शिष्यार्जितं पापं गुरुः प्राप्नोति निश्चितम् ॥
वर्षैकेण भवेद्योग्यो विप्रो गुणसमन्वितः ।
वर्षद्वयेन राजन्यो वैश्यस्तु वत्सरैस्त्रिभिः ।
चतुर्भिर्वत्सरैः शूद्रः कथिता शिष्ययोग्यता ॥

सारसंग्रह के अनुसार गुरु शिष्य को अपने आश्रय में एक वर्ष तक रखकर उसकी परीक्षा करे। स्वप्न में प्राप्त मन्त्र के लिये कोई कालनियम नहीं है। नारद मुनि के वचन हैं कि स्वप्न में प्राप्त मन्त्र के लिये कोई नियम नहीं है। जैसे मन्त्रीकृत दोष राजा को और पत्नीकृत पाप पति को लगता है, वैसे ही शिष्य के द्वारा अर्जित पाप निश्चय ही गुरु को लगता है।

ब्राह्मण एक वर्ष, क्षत्रिय दो वर्ष, वैश्य तीन वर्ष और शूद्र चार वर्ष तक गुरु के साथ रहे तब उसमें शिष्य की योग्यता आती है।

ताराप्रदीपे—

आगमोक्तविधानेन कलौ देवान् यजेत्सुधीः ।
न हि देवाः प्रसीदन्ति कलौ चान्यविधानतः ॥

तथा—

कृते श्रुत्युक्तमार्गः स्यात्त्रेतायां स्मृतिसम्भवः ।
द्वापरे तु पुराणोक्तः कलावागमसम्मतः ॥
अशुद्धाः शूद्रकर्माणो ब्राह्मणाः कलिसम्भवाः ।
तेषामागममार्गेण सिद्धिर्न श्रौतवर्त्मना ॥
मन्त्राणां देवता ज्ञेया देवता गुरुरूपिणी ।
तेषां भिदा न कर्त्तव्या यदीच्छेच्छुभमात्मनः ॥

ताराप्रदीप के अनुसार कलियुग में आगमोक्त विधान से विद्वान् देवता का अर्चन करे।

कलियुग में दूसरे विधान से देवता प्रसन्न नहीं होते। सतयुग में वैदिक मार्ग से, त्रेतायुग में स्मार्तविधान से, द्वापर में पुराणों में वर्णित मार्ग से और कलियुग में आगमोक्त मार्ग से साधना सफल होती है। कलियुग में ब्राह्मण शूद्र कर्मों से अशुद्ध रहते हैं; इसलिये आगमोक्त मार्ग से ही उन्हें सिद्धि मिलती है, वैदिक मार्ग से सिद्धि नहीं मिलती। मन्त्राक्षरों को देवतास्वरूप माने। देवता को गुरुरूप में देखे। अतः मन्त्र, देवता और गुरु—इन तीनों में भेद नहीं करना चाहिये। भेद करने से शुभता प्राप्त नहीं होती है।

देव्यागमे शिववाक्यम्—

गुरुशय्यासनं यानं पादुकोपानत्पीठकम्।
स्नानोदकं तथा च्छायां लङ्घनं नैव कारयेत्॥
गुरोरग्रे पृथक् पूजामौद्धत्यञ्च विवर्जयेत्।
दीक्षाव्याख्यां प्रभुत्वञ्च गुरोरग्रे परित्यजेत्॥

देव्यागम में शिवजी के वचन हैं कि गुरु की शय्या, आसन, वाहन, पादुका, उपानह, पादपीठ, स्नानजल और छाया को न लाँघे। गुरु के सामने अन्य की पूजा, औद्धत्य, दीक्षाशास्त्र की व्याख्या और प्रभुत्व का प्रदर्शन न करे।

रुद्रयामले—

ऋणदानं तथाऽऽदानं वस्तूनां क्रयविक्रयम्।
न कुर्याद्गुरुणा सार्द्धं शिष्यो भूत्वा कदाचन॥

रुद्रयामल में लिखा है कि शिष्य को गुरु से ऋण का आदान-प्रदान या क्रय-विक्रय नहीं करना चाहिये।

गुरुशब्दार्थः

तन्त्रार्णवे—

गकारः सिद्धिदः प्रोक्तो रेफः पापस्य दाहकः।
उकारः शम्भुरित्युक्तस्त्रितयात्माः गुरुः परः॥
गकाराज्ज्ञानसम्पत्ति रेफः पापस्य दाहकः।
उकाराच्छिवतादात्म्यं दद्यादिति गुरुः स्मृतः॥
गुशब्दस्त्वन्धकारः स्याद्रुशब्दस्तन्निरोधकः।
अन्धकारनिरोधित्वाद् गुरुरित्यभिधीयते॥

गुरु शब्द का अर्थ—तन्त्रार्णव के अनुसार 'ग' सिद्धिदाता, रेफ पापदाहक एवं 'उ' स्वयं शिव है। यह त्रितयात्मक गुरु सर्वश्रेष्ठ है। अथवा 'ग' ज्ञान और सम्पत्तिप्रद, रेफ पापदाहक और 'उ' शिवस्वरूपत्वप्रद है। अथवा 'गु' माने अन्धकार एवं 'रु' माने उसे दूर करने वाला अर्थात् गुरु माने अन्धकार को दूर करने वाला।

आश्रमादिभेदेन गुरुनिर्णय: दूरत्वादूरत्वभेदेन गुरुं प्रति कर्तव्यञ्च

कुलचूडामणौ—

उदासीनो ह्युदासीनां वनस्थो वनवासिनः ।
यतीनाञ्च यतिः प्रोक्तो गृहस्थानां गुरुर्गृही ।।
वैष्णवे वैष्णवो ग्राह्यः शैवे शैवस्तथा पुनः ।
शक्तिके त्रितयं विद्याद्दीक्षास्वामी न संशयः ।।

गुरुरपि गृहस्थ एव कुलार्णवे—

सर्वशास्त्रार्थवेत्ता च गृहस्थो गुरुरुच्यते ।।

तथा च कल्पे—

कलत्रपुत्रवान् विप्रो दयालुः सर्वसम्मतः ।
दैवे पित्रेऽरिमित्रे च गृहस्थो देशिको भवेत् ।।

कुलचूडामणौ—

पिता माता तथा भ्राता पितृव्यो मातुलस्तथा ।
येनोपदिष्टस्तन्त्रेऽस्मिन् तं गुरुं समुपासयेत् ।।
न च बालो न वृद्धश्च न खञ्जो न कृशस्तथा ।

इति हयशीर्षात् ।

आश्रमादिभेद से गुरुनिर्णय एवं गुरु के प्रति शिष्य का कर्तव्य—कुलचूड़ामणि के अनुसार उदासीन का उदासीन, वनवासी का वनवासी, यति का यति और गृहस्थ का गृहस्थ ही गुरु होना चाहिये। वैष्णव का वैष्णव, शैव का शैव ही गुरु होना चाहिये। किन्तु शक्तिदीक्षा में शाक्त, वैष्णव और शैव तीनों दीक्षाकर्ता हो सकते हैं, इसमें कोई संशय नहीं है।

कल्प के अनुसार पत्नी-पुत्र से युक्त दयालु विप्र; जो देवता, पितर, शत्रु-मित्र मे समभाव रखता हो और जो गृहस्थ हो, वही देशिक अर्थात् गुरु होने के योग्य है। कुलचूड़ामणि के अनुसार जो विप्र अपने पिता-माता-भ्राता-चाचा-मामा से उपदिष्ट हो, उसी को गुरु बनाना चाहिये।

हयशीर्ष के अनुसार न बालक, न वृद्ध, न गंजा और न जो दुबला हो, उसी को गुरु बनाना चाहिये।

तथा च नित्यानन्दे—

गुरुं न मर्त्यं बुध्येत यदि बुध्येत तस्य तु ।
न कदाचिद्भवेत् सिद्धिर्न मन्त्रैर्दैवपूजनैः ।।

तथा—

एकाग्रमस्थितः शिष्यस्त्रिसन्ध्यं प्रणमेद्‌गुरुम्।
क्रोशमात्रस्थितो भूत्वा गुरुं प्रतिदिनं नमेत्॥
अर्धयोजनतः शिष्यः प्रणमेत् पञ्चपर्वसु।
एकयोजनमारभ्य योजनद्वादशावधि॥
दूरदेशस्थितः शिष्यो भक्त्या तत्सन्निधिं गतः।
तत्र योजनसंख्योक्तमासेन प्रणमेद् गुरुम्॥
यदि दूरे च चार्वङ्गि! स्वगुरोर्नगरं भवेत्।
वर्षे वर्षे च कर्त्तव्यं गुरोश्चरणवन्दनम्॥

एतच्च एकधा दक्षिणायने एकधा उत्तरायणे कर्त्तव्यम्।

शिष्य-कर्तव्य—नित्यानन्द के अनुसार गुरु को मर्त्य न समझे। यदि उसे मर्त्य समझता है तो उस शिष्य को सिद्धि कभी नही मिलती। उसका मन्त्रदेवतापूजन निष्फल होता है।

एकाग्र मन से शिष्य गुरु को तीनों सन्ध्याओं (प्रातः, मध्याह्न, दोपहर) में प्रणाम करे। गुरु से एक कोश की दूरी पर स्थित शिष्य प्रतिदिन गुरु को प्रणाम करे। आधा योजन अर्थात् दो कोश की दूरी पर स्थित शिष्य पाँचों पर्वों में अर्थात् अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा और संक्रान्ति में गुरु को प्रणाम करे। एक योजन से बारह योजन के भीतर हो तो योजनसंख्यक महीनों के बाद गुरु के निकट जाकर शिष्य प्रणाम करे। यदि इससे भी अधिक दूर गुरु का निवास हो तो वर्ष में दो बार—एक बार उत्तरायण में और एक बार दक्षिणायन में जाकर गुरुदेव को प्रणाम करना चाहिये।

पित्रादितो दीक्षानिषेधः

योगिनीतन्त्रे—

पितुर्मन्त्रं न गृह्णीयात्तथा मातामहस्य च।
सोदरस्य कनिष्ठस्य वैरिपक्षाश्रितस्य वा॥

पिता आदि से दीक्षा का निषेध—योगिनीतन्त्र के अनुसार पिता से, नाना से, सहोदर अनुज से और शत्रु-पक्ष के आश्रित से मन्त्र-ग्रहण न करे।

गणेशविमर्शिण्याम्—

यतेर्दीक्षा पितुर्दीक्षा दीक्षा च वनवासिनः।
विविक्ताश्रमिणो दीक्षा न सा कल्याणदायिका॥

गणेशविमर्शिनी के अनुसार पति से, पिता से, वनवासी से और विविक्ताश्रमी से दीक्षा लेना कल्याणकारक नहीं होता।

रुद्रयामले—

न पत्नीं दीक्षयेद्भर्त्ता न पिता दीक्षयेत् सुताम्।
न पुत्रश्च तथा भ्राता भ्रातरं न च दीक्षयेत्॥
सिद्धमन्त्रो यदि पतिस्तदा पत्नीं स दीक्षयेत्।
शक्तित्वेन वरारोहे न च सा पुत्रिका भवेत्॥

इत्यादिनिषेधवचनादेभ्यो मन्त्रं न गृह्णीयात् इत्यर्थः। इदन्तु सिद्धेतरविषयम्। सिद्धमन्त्रे न दूष्यतीति वचनात्।

यतेरपि दीक्षोक्ता शक्तियामले—

तीर्थाचारयुतो मन्त्री ज्ञानवान् सुसमाहितः।
नित्यनिष्ठो यतिः ख्यातो गुरुः स्याद्भौतिकेऽपि च॥

रुद्रयामल के अनुसार पति पत्नी को, पिता पुत्र और कन्या को एवं भाई सहोदर का दीक्षा न प्रदान करे। पति यदि मन्त्रसिद्ध हो तो वह पत्नी को दीक्षा दे सकता है; किन्तु पत्नी के प्रति पुत्रिकावत् व्यवहार न करे। पत्नी को शक्ति के रूप में ग्रहण करे। इसके अनुसार मन्त्रग्रहण का निषेध है।

यह निषेध सिद्धेतर मन्त्रों के लिये है। सिद्ध मन्त्रों में यह दोष नही लगता। शक्तियामल के अनुसार यति से भी दीक्षा ग्राह्य है। यदि यति तीर्थाचार से युक्त मन्त्रज्ञ हो, सुसमाहित ज्ञानी हो, नित्यनिष्ठ विख्यात हो। ऐसा गुरु भी योग्य होता है।

तथा च सिद्धयामले—

यदि भाग्यवशेनैव सिद्धिविद्यां लभेत् प्रिये।
तदैव तान्तु दीक्षेत त्यक्त्वा गुरुविचारणम्॥

तथा—

प्रमादाच्च तथाऽज्ञानात् पितुर्दीक्षां समाचरेत्।
प्रायश्चित्तं ततः कृत्वा पुनर्दीक्षां समाचरेत्॥

पितुरित्युपलक्षणम् तथा मातामहादीनामपि। प्रायश्चित्तन्तु अयुतसावित्रीजपः सर्वत्र दर्शनात्।

सिद्धयामल के अनुसार यदि भाग्यवश सिद्ध विद्या प्राप्त हो तब विना गुरु-विचार के दीक्षा ग्राह्य है। यदि प्रमादवश या अज्ञानतावश पिता पुत्र को दीक्षा देता है तो पुत्र प्रायश्चित्त करके फिर से दीक्षा ग्रहण करे।

यहाँ पिता उपलक्षणमात्र है। मातामह आदि से भी दीक्षा ग्रहण करने के बाद दस हजार गायत्री-जप से प्रायश्चित्त करना चाहिये।

शङ्खः—

दशसाहस्त्यजापेन सर्वकल्मषनाशिनी।

तथा मत्स्यसूक्ते—

निर्वीर्यश्च पितुर्मन्त्रं शैवे शाक्ते न दूष्यति।

इति वचनं कौलिकमन्त्रदीक्षापरम्। अत्र हेतुः योगिनीतन्त्रे—शक्त्यादि-विद्यामधिकृत्य दीक्षानिषेधात् (तथा च विष्णुमन्त्रस्तु पित्रादिभ्यो गृहीतव्यः इत्यर्थः)। यद्वा शाक्ते तारादिविद्यायां मत्स्यसूक्ते तामधिकृत्य तथाप्रतिपादनात्। तथा च—निजकुलतिलकाय ज्येष्ठपुत्राय दद्यादित्यादि।

शङ्ख के अनुसार भी दस हजार गायत्री-जप से सभी कल्मषों का विनाश होता है। मत्स्यसूक्त के मत से पिता से प्राप्त निर्वीर्य मन्त्र शैवों और शाक्तों के लिये दोषयुक्त नहीं होते। कौलिक मन्त्र दीक्षा के वचन श्रेष्ठ हैं। इसका कारण योगिनीतन्त्र के वचन हैं कि कौलिक मार्ग में पिता से भी विष्णुमन्त्र की दीक्षा ग्राह्य है।

मत्स्यसूक्त के अनुसार तारा आदि विद्याओं के मन्त्र पिता आदि से भी ग्राह्य हैं। पिता अपने कुलतिलक ज्येष्ठ पुत्र को मन्त्र की दीक्षा दे सकता है।

श्रीक्रमेऽपि—

मनुर्विमृश्य दातव्यो ज्येष्ठपुत्राय धीमते।

महातीर्थे उपरागे सति सर्वत्र न दोषः। तथा च विष्णुमन्त्रमधिकृत्य—

साधु पृष्टं त्वया विप्र वक्ष्यामि सकलन्तव।
ब्रह्मणा कथितं पूर्वं वसिष्ठाय महात्मने॥
वसिष्ठोऽपि स्वपुत्राय मत्पित्रे दत्तवान् स्वयम्।
प्रसन्नहृदयः स्वच्छः पिता मे करुणानिधिः॥
कुरुक्षेत्रे महातीर्थे सूर्यपर्वणि दत्तवान्।

इत्यादि वैशम्पायनसंहितायां शौनकं प्रति व्यासवचनम्।

श्रीक्रम के मत से महातीर्थ और ग्रहणकाल में अपने ज्येष्ठ पुत्र को मन्त्र देने में कोई दोष नहीं है। विष्णुमन्त्र में अधिकृत्यता के बारे कथन है कि तुम्हारा प्रश्न उत्तम है, हे विप्र ! मैं तुझे सब कुछ बतलाता हूँ। पूर्व काल में महात्मा वशिष्ठ से ब्रह्मा ने कहा था अर्थात् मन्त्र दिया था।

ब्रह्मा से प्राप्त मन्त्र को वशिष्ठ ने भी स्वयं ही अपने पुत्र को दिया था। प्रसन्न-हृदय मेरे पिता ने भी करुणावश सूर्यग्रहण के समय कुरुक्षेत्र के महातीर्थ में मुझे मन्त्र दिया था। वैशम्यायनसंहिता में शौनक से व्यास ने इस प्रकार कहा था।

योगिनीतन्त्रे—

निर्वीर्यञ्च पितुर्मन्त्रं तथा मातामहस्य च।
स्वप्नलब्धं स्त्रिया दत्तं संस्कारेणैव शुध्यति॥

यत्तु—

साध्वी चैव सदाचारा गुरुभक्ता जितेन्द्रिया।
सर्वमन्त्रार्थतत्त्वज्ञा सुशीला पूजने रता।
गुरुयोग्या भवेत्सा हि विधवा परिवर्जिता।
स्त्रियो दीक्षा शुभा प्रोक्ता मातुश्चाष्टगुणाः स्मृताः॥

इदन्तु गुरोरुपासितमन्त्रपरम्।

योगिनीतन्त्र के अनुसार पिता और मातामह से प्राप्त निर्वीर्य मन्त्र तथा स्वप्नलब्ध और स्त्रीप्रदत्त मन्त्र भी संस्कारित होने पर शुद्ध हो जाते हैं। गुरुरूप से निर्दिष्ट स्त्री भी गुरु हो सकती है; यदि वह साध्वी, सदाचारिणी, गुरु की भक्तिन, इन्द्रियों को वशीभूत रखने वाली, सभी मन्त्रार्थतत्त्वों को जानने वाली, सुशीला, सदा पूजा में लगी रहती हो; किन्तु ऐसी विधवा गुरु नहीं हो सकती। स्त्री-गुरु से दीक्षा लेने से शुभ फल मिलता है। माता से उपासित मन्त्र की दीक्षा मिलने पर वह अठगुना अधिक फलदायी होती है। इस प्रकार से प्राप्त गुरुमन्त्र श्रेष्ठ होते हैं।

तथा भैरवीतन्त्रे—

स्वीयमन्त्रोपदेशे तु न कुर्याद् गुरुचिन्तनम्।

मातुरित्युपासितेऽष्टगुणम्। अनुपासिते शुभफलदमित्यर्थः। सिद्धमन्त्रविषयं वा इति केचित्। वस्तुतस्तु योगिनीतन्त्रे स्त्रीपदं विधवापरं एकवाक्यताबलात्।

विधवायाः सुतादेशात् कन्यायाः पितुराज्ञया।
नाधिकारो यतो नार्य्याः सधवा भर्त्तुराज्ञया॥

नाधिकार इति स्वातन्त्र्येणाधिकारस्य।

स्त्रीणां गर्भवतीनाञ्च दीक्षायां नैव दूषणम्।
न कुर्याद्दशमे मासि कृत्वा च नारकी भवेत्॥

भैरवीतन्त्र के मत से अपने द्वारा उपासित मन्त्र की दीक्षा लेने के समय गुरु-विचार नहीं करना चाहिये। माता के द्वारा उपासित मन्त्र अठगुणा अधिक फलप्रद होता है। सिद्ध मन्त्र भी इतने ही फलप्रद होते हैं। योगिनीतन्त्र के मत से वस्तुस्थिति यह है कि विधवा स्त्री से मन्त्रदीक्षा नहीं लेनी चाहिये। स्त्री-गुरुओं में विधवा अपने पुत्र की अनुमति से, कुमारी कन्या अपने पिता की आज्ञा से और विवाहिता अपने पति की अनुमति से मन्त्रदीक्षा

देने की अधिकारिणी होती है। स्वतन्त्र रूप से नारियों को मन्त्रदीक्षा देने का अधिकार नहीं है। गर्भवती स्त्री से दीक्षा लेने में दोष नहीं है; किन्तु दसवें महीने में दीक्षा लेने से नरक होता है।

स्वप्नलब्धमन्त्रे यदि सद्गुरुं प्राप्नोति तदा तत एव तन्मन्त्रं गृह्णीयात्, न चेत् जलपूर्णकलशे गुरोः प्राणप्रतिष्ठां विधाय वटपत्रे कुंकुमेन लिखितं मन्त्रं तत्कलशे प्रक्षिप्य उत्तोल्य मन्त्रं गृह्णीयादित्यर्थः। तथाहि—

स्वप्नलब्धे च कलशे गुरोः प्राणान् निवेशयेत् ॥

वटपत्रे कुंकुमेन लिखित्वा ग्रहणे शुभम्।
ततः सिद्धिमवाप्नोति चान्यथा विफलं भवेत्।

इदन्तु सद्गुरोरभावे तस्मादेव मन्त्रं गृह्णीयात्। 'स्वप्ने तु नियमो न ही'ति नारदवचनात्। तत्र सिद्धादिनियमो नास्ति।

स्वप्नलब्ध मन्त्र यदि सद्गुरु से प्राप्त हो तो उसे ग्रहण करना चाहिये। सद्गुरु का अभाव होने पर जलपूर्ण कलश में गुरु की प्राणप्रतिष्ठा करके वटपत्र पर कुंकुम से मन्त्र लिखे और उस कलश के जल में इस पत्र को डाल दे। फिर उक्त वटपत्र-सहित मन्त्र को ऊपर उठाते हुए स्वयं उस मन्त्र को ग्रहण करे। इससे मन्त्र की सिद्धि होती है; अन्यथा वह निष्फल रहता है। नारद के अनुसार स्वप्नलब्ध मन्त्र में कोई नियम नहीं है। इसमें सिद्धादि विषय विचारणीय नहीं हैं।

तथा विद्याधराचार्यधृतं जाबालवचनम्—

मध्यदेशकुरुक्षेत्र-नट-कोङ्कणसम्भवाः ।
अन्तर्वेदिप्रतिष्ठाना आवन्त्याश्च गुरूत्तमाः ॥

मध्यदेश आर्यावर्त्तः ।

गौडाः शाल्वाः सुराश्चैव मागधाः केरलास्तथा।
कोशलाश्च दशार्णाश्च गुरवः सप्त मध्यमाः ॥
कर्णाटनर्मदाराष्ट्रकच्छतीरोद्भवास्तथा ।
कालिन्दाश्च कलम्बाश्च काम्बोजाश्चाधमा मताः ॥

विद्याधराचार्य द्वारा कथित जाबाल के वचनों के अनुसार मध्य देश, कुरुक्षेत्र, नट, कोंकण, सम्भूत, अन्तर्वेदि प्रतिष्ठित और अवन्ति के गुरु श्रेष्ठ होते हैं। गौड़देशीय, शाल्वदेशीय, सौराष्ट्रदेशीय, मगधदेशीय, केरलदेशीय, कोशलदेशीय, दशार्णदेशीय कुल सात देशीय गुरु मध्यम माने गये हैं। कर्णाटक, नर्मदा, राष्ट्रकच्छ-तटसम्भूत, कलिन्द, कलम्ब और काम्बोज देशीय गुरु अधम माने गये हैं।

दीक्षाविचारादिनिर्णयः

दीक्षां विना जपस्य दुष्टत्वात् प्रथमं सा निरूप्यते—

दिव्यं ज्ञानं यतो दद्यात् कुर्यात्पापस्य संक्षयम् ।
तस्माद्दीक्षेति सा प्रोक्ता मुनिभिस्तन्त्रवेदिभिः ॥

सर्वाश्रमेषु दीक्षाया आवश्यकत्वम् । तथा च—

दीक्षामूलं जपं सर्वं दीक्षामूलं परं तपः ।
दीक्षामाश्रित्य निवसेद्यत्र कुत्राश्रमे वसन् ॥
अदीक्षिता ये कुर्वन्ति जपपूजादिकाः क्रियाः ।
न भवन्ति प्रिये तेषां शिलायामुप्तबीजवत् ॥
देवि दीक्षाविहीनस्य न सिद्धिर्न च सद्गतिः ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन गुरुणा दीक्षितो भवेत् ॥
अदीक्षितोऽपि मरणे रौरवं नरकं व्रजेत् ।
अदीक्षितस्य मरणे पिशाचत्वं न मुञ्चति ।
तस्माद्दीक्षां प्रयत्नेन सदा कुर्वीत तान्त्रिकात् ॥

तथा च नवरत्नेश्वरे—

सर्वासामपि दीक्षाणां मुक्तिः फलमखण्डितम् ।
अविरोधाद्भवन्त्येव प्रासङ्गिक्यस्तु भुक्तयः ॥
उपपातकलक्षाणि महापातककोटयः ।
क्षणाद्दहति देवेशि दीक्षा हि विधिना कृता ॥
कल्ये दृष्ट्वा तु मन्त्रं वै यो गृह्णाति नराधमः ।
मन्वन्तरसहस्रेषु निष्कृतिर्नैव जायते ॥
नादीक्षितस्य कार्यं स्यात्तपोभिर्नियमैर्व्रतैः ।
न तीर्थगमनेनाऽपि न च शारीरयन्त्रणैः ॥

मत्स्यसूक्ते—

अदीक्षितानां मर्त्यानां दोषं शृणु वरानने! ।
अन्नं विष्ठासमं तस्य जलं मूत्रसमं स्मृतम् ।
तत्कृतं तस्य वा श्राद्धं सर्वं याति ह्यधोगतिम् ॥

ततः—

सद्गुरोराहिता दीक्षा सर्वकर्माणि साधयेत् ।

दीक्षा-विचार—दीक्षा के विना मन्त्रजप दूषित होता है। दीक्षा से दिव्य ज्ञान का

लाभ और पापों का नाश होता है। इसी से इसका नाम दीक्षा है; क्योंकि जप-तप आदि का मूल दीक्षा ही है। अत: किसी भी आश्रम में रहने वाले मनुष्य को दीक्षा का आश्रय लेना ही पड़ता है। अदीक्षित की जप-पूजादि क्रिया पत्थर पर बीज बोने के समान व्यर्थ होती है। दीक्षाविहीन को न तो सद्गति मिलती है और न ही सिद्धि। अत: सभी को गुरु से दीक्षा प्राप्त करनी चाहिये। अदीक्षितों को मरणोपरान्त रौरव नरक में दु:ख भोगना पड़ता है। अदीक्षित को मृत्यु के वाद पिशाचत्व से मुक्ति नहीं मिलती; इसीलिये यत्नपूर्वक तान्त्रिक दीक्षा लेना परम कर्तव्य है।

नवरत्नेश्वर के मत से सभी प्रकार की दीक्षा से मुक्ति मिलती है; साथ ही भोग भी सम्पन्न होता है। विधिपूर्वक दीक्षा लेने से असंख्य पाप तुरन्त भस्म हो जाते हैं। गुरु के पास न जाकर जो ग्रन्थ देखकर जप करता है, उसकी एक हजार मन्वन्तर तक सद्गति नहीं होती है। अदीक्षित व्यक्ति का कोई भी कार्य; यथा—तपस्या, व्रत, नियम आदि तीर्थयात्रा एवं शारीरिक श्रम से सिद्ध नहीं होता। अदीक्षित के द्वारा एवं अदीक्षित के लिये किया गया श्राद्ध निष्फल होता है; क्योंकि अदीक्षित का अन्न विष्टा के समान और जल मूत्र के समान होता है। अदीक्षित के द्वारा किये गये श्राद्ध से पितरों को अधोगति मिलती है। इसलिये सद्गुरु से दीक्षा लेना परमावश्यक है। दीक्षा लेकर ही सभी कर्मों का साधन करना चाहिये।

शूद्रस्य निषिद्धमन्त्रा:

तन्त्रान्तरे—

प्रणवाद्यं न दातव्यं मन्त्रं शूद्राय सर्वथा।
आत्ममन्त्रं गुरोर्मन्त्रं मन्त्रञ्च जपसंज्ञकम्॥
स्वाहाप्रणवसंयुक्तं शूद्रे मन्त्रं ददद्द्विज:।
शूद्रो निरयमाप्नोति ब्राह्मणो यात्यधोगतिम्॥

शूद्रों के लिये निषिद्ध मन्त्र—प्रणव और प्रणवयुक्त मन्त्र शूद्र को प्रदान न करे। जो ब्राह्मण आत्ममन्त्र, गुरुमन्त्र, अजपा मन्त्र हंस, स्वाहा और प्रणवयुक्त मन्त्र शूद्र को देता है, उसकी अधोगति होती है। उसके साथ शूद्र भी नरकगामी होता है।

श्रुतिरपि—सावित्रीं प्रणवं यजुर्लक्ष्मीं स्त्रीशूद्रो यदि जानीयात्स मृतोऽधोगच्छति।

श्रुति के अनुसार वैदिक गायत्री, प्रणव एवं लक्ष्मीमन्त्र (श्रीं) स्त्री और शूद्र के लिये निषिद्ध हैं।

विशेषमाह वाराहीये—

गोपालस्य मनुर्देयो महेशस्य च पादजे।

तत्पत्न्याश्चापि सूर्यस्य गणेशस्य मनुस्तथा।
एषां दीक्षाधिकारी स्यादन्यथा पापभाग्भवेत्॥

वाराहीतन्त्र में लिखा है कि शूद्र को गोपाल, महेश्वर, दुर्गा, सूर्य और गणेश के मन्त्रों को ग्रहण करने का ही अधिकार है। अन्य मन्त्र उनके लिये निषिद्ध हैं। अन्य मन्त्र ग्रहण से पापभाजन होना पड़ता है।

मन्त्राणां सिद्धादिविचार:

तत्राप्यनुकूलं मन्त्रं दीक्षयेत्।
मननात्त्रायते यस्मात्तस्मान्मन्त्रः प्रकीर्त्तितः॥

तथा च—
स्वताराराशिकोष्ठानामनुकूलान् भजेन्मनून्॥

मन्त्रों का सिद्धादि विचार—जिन मन्त्रों को ग्रहण करने का अधिकार हो, उन्हीं में से अनुकूल मन्त्र ग्रहण करना चाहिये। मन्त्र के मनन, स्मरण, उच्चारण से संसार से उद्धार होता है। इसी से इसे मन्त्र कहते हैं। अपनी राशिकोष्ठ नाम के अनुकूल मन्त्र का जप करना चाहिये।

सिद्धसारस्वते—
नृसिंहार्कवराहाणां प्रासादप्रणवस्य च।
सपिण्डाक्षरमन्त्राणां सिद्धादीन्नैव शोधयेत्॥

सिद्धसारस्वत में लिखा है कि नृसिंह, सूर्य, वराह के मन्त्र और प्रासाद बीज हौं, प्रणव एवं कूटमन्त्र अर्थात् ठ्रौं बीजघटित मन्त्र के सम्बन्ध में सिद्धादि विचार नहीं करना चाहिये।

वाराहीतन्त्रे—
ताराचक्रं राशिचक्रं नामचक्रं तथैव च।
तत्र चेत्सगुणो मन्त्रो नान्यच्चक्रं विचिन्तयेत्॥
इति तु प्रधानतया बोद्धव्यम्। तथा च—
धनिमन्त्रं न गृह्णीयादकुलञ्च तथैव च।
इत्यादौ तथादर्शनात्तत्तच्चक्रविचारस्यावश्यकत्वात् प्रथमं तन्निरूप्यते—
स्वप्नलब्धे स्त्रिया दत्ते मालामन्त्रे च त्र्यक्षरे।
काली-तारामणौ मन्त्री तथा छिन्नमनावपि।
वैदिकेषु च सर्वेषु सिद्धादीन्नैव शोधयेत्॥
मालामन्त्रस्तु वाराहीये—

विंशत्यर्णाधिका मन्त्रा मालामन्त्राः प्रकीर्त्तिताः ।
नपुंसकस्य मन्त्रस्य सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ॥
हंसस्याष्टाक्षरस्यापि तथा पञ्चाक्षरस्य च ।
एकद्वित्र्यादिबीजस्य सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ॥

तथा—

एकाक्षरस्य मन्त्रस्य मालामन्त्रस्य पार्वति ।
वैदिकस्य च मन्त्रस्य सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ॥
पुंमन्त्रा हुंफडन्ताः स्युर्द्विठान्तास्तु स्त्रियो मताः ।
नपुंसका नमोऽन्ताः स्युरित्युक्ता मनवस्त्रिधा ।
एतच्छून्या महाविद्या महाशब्देन नीयते ॥

वाराहीतन्त्र के अनुसार सगुण मन्त्रों के सम्बन्ध में ताराचक्र, राशि-चक्र और नामचक्र (ऋणी-धनीचक्र) का विचार करना चाहिये। धनी और अकुल मन्त्र ग्रहणीय नहीं हैं। अत: ऋणी-धनी तथा कुलाकुल चक्र का विचार आवश्यक है। स्वप्न में प्राप्त मन्त्र, स्त्री-गुरु से प्राप्त मन्त्र, त्र्यक्षर मन्त्र, काली मन्त्र, तारा मन्त्र, छिन्नमस्तिका मन्त्र और सभी प्रकार के वैदिक मन्त्रों के विषय में सिद्धादि विचार नहीं करना चाहिये। जिस मन्त्र के अन्त में 'हूँ फट्' होता है, वह पुरुषमन्त्र होता है। जिसके अन्त में 'स्वाहा' रहता है, उसे स्त्रीमन्त्र कहते हैं। जिसके अन्त में नम: हो, उसे नपुंसक मन्त्र कहते हैं। 'महाविद्या' इन सबसे रहित होता है। इसी से उसे महामाया कहा जाता है।

मालिनीविजये—

अथ वक्ष्याम्यहं या या महाविद्या महीतले ।
दोषजालैरसंस्पृष्टास्ताः सर्वा हि फलैः सह ॥
काली नीला महादुर्गा त्वरिता छिन्नमस्तका ।
वाग्वादिनी चान्नपूर्णा तथा प्रत्यङ्गिरा पुनः ॥
कामाख्यावासिनी बाला मातङ्गी शैलवासिनी ।
इत्याद्याः सकला देव्याः कलौ पूर्णफलप्रदाः ॥
सिद्धमन्त्रतया नात्र युगसेवापरिश्रमः ।
तथा चैता महाविद्याः कलिदोषान्न बाधिताः ॥

मालिनीविजय तन्त्र के अनुसार काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्तिका, धूमावती, बगला, मातंगी और कमला—इन दश महाविद्याओं के मन्त्र ग्रहण करने के समय सिद्धादि विचार, नक्षत्र-चक्रादि विचार, कालादि शोधन और अरि-विचार की

आवश्यकता नहीं हैं। ये सिद्ध विद्यायें हैं। इनकी उपासना से कुछ भी असाध्य नहीं रहता। इनके अतिरिक्त महादुर्गा, त्वरिता, वाग्वादिनी, अन्नपूर्णा, प्रत्यंगिरा, कामाख्या, बाला, शैलवासिनी के मन्त्र कलियुग में पूर्ण फलप्रदायक हैं। ये भी सिद्ध मन्त्र हैं। इनमें कलिदोष बाधक नहीं होता। इनके लिये युगनियम नहीं हैं।

तथा च मुण्डमालातन्त्रे—

काली तारा महाविद्या षोडशी भुवनेश्वरी।
भैरवी छिन्नमस्ता च विद्या धूमावती तथा॥
वगला सिद्धविद्या च मातङ्गी कमलात्मिका।
एता दश महाविद्याः सिद्धविद्याः प्रकीर्त्तिताः॥
नात्र सिद्धाद्यपेक्षास्ति नक्षत्रादिविचारणा।
कालादिशोधनं नास्ति नारिमित्रादिदूषणम्॥
सिद्धिविद्यातया नात्र युगसेवापरिश्रमः।
नास्ति किञ्चिन्महादेवि दुःखसाध्यं कदाचन॥

इत्यादि वचनादेषु विचारो नास्ति। वस्तुतस्तु इदं प्रशंसापरम्। सर्वत्र विचार-स्यावश्यकत्वं दुरदृष्टवशात् कदाचिद्वैरिमन्त्रस्य स्वप्नादौ प्राप्त्या तद्दोषस्य दृष्टत्वादिति साम्प्रदायिकाः।

मुण्डमालातन्त्र के मत से काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगला, मातंगी और कमला के मन्त्रों में सिद्धादि, नक्षत्र-चक्रादि विचार, कालादि शोधन आदि विचार नहीं करना चाहिये। ये सिद्ध विद्यायें हैं। इनकी उपासना पूर्ण फलप्रद होती है।

साम्प्रदायिकों के मत से उक्त वचन को प्रशंसापरक मानकर सभी मन्त्रों के सम्बन्ध में मन्त्रविचार करना चाहिये। उदाहरणार्थ स्वप्न में प्राप्त मन्त्र के लिये विचार अनावश्यक है; परन्तु दुर्दैव होने से स्वप्न में शत्रुमन्त्र भी प्राप्त हो सकता है। अतएव मन्त्रविचार सर्वत्र अपेक्षित है।

कुलाकुलचक्रम्

कुलाकुलस्य भेदं हि वक्ष्यामि मन्त्रिणामिह।

तथा निबन्धे—

वाय्वग्निभूजलाकाशाः पञ्चाशल्लिपयः क्रमात्।
पञ्चह्रस्वाः पञ्चदीर्घा विन्द्वन्ताः सन्धिसम्भवाः।
कादयः पञ्चशः यक्षलसहान्ताः प्रकीर्त्तिताः॥

तथा च—अ आ ए क च ट त प य षाः मारुताः। इ ई ऐ ख छ ठ थ फ र क्षा आग्नेयाः। उ ऊ ओ ग ज ड द ब ल ळाः पार्थिवाः। ऋ ॠ औ घ झ ढ ध भ व सा वारुणाः। ऌ ॡ अं ङ ञ ण न म श हा नाभसाः।

साधकस्याक्षरं पूर्वं मन्त्रस्यापि तदक्षरम्।
यद्येकभूतदैवत्यं जानीयात् स्वकुलं हितम्॥
भौमस्य वारुणं मित्रं आग्नेयस्यापि मारुतम्।
मारुते पार्थिवानाञ्च आग्नेयञ्चाम्भसां रिपुः॥
पार्थिवानाञ्चेति चकारात् आग्नेयं पार्थिवानां रिपुः।
नाभसं सर्वमित्रं स्याद्विरुद्धं नैव शीलयेत्॥

तथा च रुद्रयामले—

पार्थिवे वारुणं मित्रं तैजसं शत्रुरीरितम्।
ऐन्द्रवारुणयोः शत्रुर्मारुतः परिकीर्त्तितः।

इति राघवभट्टधृतवचनात् जलमारुतयोः शत्रुता।

मित्रे सिद्धिः समाख्याता उदासीने न किञ्चन।
मृत्युर्व्याधिरमित्रे च स्वकुले सिद्धिरुत्तमा॥

कुलाकुल चक्र—इस श्लोक के अनुसार कुलाकुल चक्र निम्न प्रकार का है। इस चक्र के अनुसार यदि मन्त्र लेने वाले के नाम का पहला अक्षर और लिये जाने वाले मन्त्र का पहला अक्षर एक ही भूत के हों अर्थात एक ही कोष्ठ में हों तो उस मन्त्र को 'स्वकुल'; अन्यथा 'अकुल' समझा जाता है।

कुलाकुल चक्र

वायु	अग्नि	भूमि	जल	आकाश
अ आ	इ ई	उ ऊ	ऋ ॠ	ऌ ॡ
ए	ऐ	ओ	औ	अं
क	ख	ग	घ	ङ
च	छ	ज	झ	ञ
ट	ठ	ड	ढ	ण
त	थ	द	ध	न
प	फ	ब	भ	म
य	र	ल	व	श
ष	क्ष	ल	स	ह

स्वकुल का मन्त्र शुभ होता है। एक भूत न होकर यदि उपर्युक्त दोनों अक्षर परस्पर मित्र हों तो भी वह मन्त्र शुभ समझना चाहिये। मित्र-शत्रु की पहचान के लिये यह स्मरणीय है कि जलवर्ण, आकाशवर्ण के और वायुवर्ण अग्निवर्ण के मित्र हैं। वायुवर्ण भूवर्ण के और अग्निवर्ण जलवर्ण तथा भूवर्ण के शत्रु हैं। आकाश-वर्ण सब वर्णों का मित्र है।

रुद्रयामल के अनुसार जलवर्ण भूवर्ण का मित्र है और वायुवर्ण का शत्रु है। मित्रवर्ण होने से सिद्धि की प्राप्ति होती है और शत्रुवर्ण होने से व्याधि तथा मृत्यु होती है। उदासीन होने से कुछ नहीं होता। इसे पूर्ण रूप से समझने के लिये एक उदाहरण दिया जा रहा

है। रमेश को ईशान मन्त्र लेना है। उपासक के नाम का पहला अक्षर 'र' है और मन्त्र का पहला अक्षर 'ई' है। ये दोनों 'र' और 'ई' अग्नि के कोष्ठक में है। अतः एक भूत हुए। रमेश के लिये ईशान मन्त्र स्वकुल अर्थात् शुभ है। इसी प्रकार यदि रमेश को 'हर' मन्त्र लेना हो तो 'र' का दैवत अग्नि है और 'ह' का आकाश। ये दोनों भूत परस्पर मित्र हैं। इसलिये रमेश हरमन्त्र भी ले सकता है।

राशिचक्रम्

यथा आगमकल्पद्रुमे—

रेखाद्वयं पूर्वपरेण कुर्यात्तन्मध्यतो याम्यकुवेरभेदात्।
एकैकमीशाननिशाकरे तु हुताशवाय्वोर्विलिखेत्ततोऽर्णान् ॥
वेदाग्निवह्नियुगलश्रवणाक्षिसंख्यान् पञ्चेषुवाणशरपञ्चचतुष्टयार्णान्।
मेषादितः प्रविलिखेत्सकलास्तु वर्णान् कन्यागतान् प्रविलिखेदथ पादिवर्णान् ॥

शारदायाम्—

बालं गौरं खुरं शोनं शमीशोभेति राशिषु।
क्रमेण भेदिता वर्णाः कन्यायां शादयः स्मृताः ॥

तेन अ आ इ ई मेषः। उ ऊ ऋ वृषः। ॠ ऌ ॡ मिथुनम्। ए ऐ कर्कटः। ओ औ सिंहः। अं अः श ष स ह ल क्षः कन्या। कवर्गस्तुला। चवर्गो वृश्चिकः। टवर्गो धनुः। तवर्गो मकरः। पवर्गः कुम्भः। यवर्गो मीनः। स्वराशीनामनुकूलं मन्त्रं भजेत्। तथा च 'स्वताराराशिकोष्ठानामनुकूलान् भजेन्मनूनि'ति नारदवचनात्।

राशीनां शुद्धता ज्ञेया त्यजेच्छक्रं मृतिं व्ययम्।
स्वराशेर्मन्त्रराश्यन्तं गणनीयं विचक्षणैः ॥

यदा तु स्वराशेरज्ञानं तदा साधकनामाद्यक्षरसम्बन्धिनं राशिं गृहीत्वा गणयेत्। नारायणीये—

अज्ञाते राशिनक्षत्रे नामाद्यक्षरदर्शनात्।
साध्यस्याक्षरराश्यन्तं गणयेत् साधकाक्षरात् ॥

इति रामार्चनचन्द्रिकाधृतत्वाच्च।

तन्त्रराजे—

तेन मन्त्राद्यवर्णेन नाम्नश्चाद्यक्षरेण च।
गणयेद्यदि षष्ठं वाप्यष्टमं द्वादशन्तु वा।
रिपुर्मन्त्राद्यवर्णः स्यात्तेन तस्याहितं भवेत् ॥

रामार्चनचन्द्रिकायाम्—

एकपञ्चनवबान्धवाः स्मृता द्वौ च षष्ठदशमाश्च सेवकाः ।
वह्निरुद्रमुनयस्तु पोषका द्वादशाष्टचतुरस्तु घातकाः ।।

चतुरस्तु घातका इति विष्णुविषयम्। रामार्चनचन्द्रिकाधृतत्वाच्च शक्त्यादौ षष्ठं वर्जनीयम्;

षष्ठाष्टमद्वादशानि वर्जनीयानि यत्नतः ।

इति वचनात् तन्त्रराजधृतत्वाच्च । तन्त्रान्तरे द्वादशराशीनामियं संज्ञा नामानुरूपं फलम्—

लग्नं धनं भ्रातृबन्धुपुत्रशत्रुकलत्रकम् ।
मरणं धर्मकर्मायव्यया द्वादशराशयः ।।
नामानुरूपमेतेषां शुभाशुभफलं लभेत् ।

वैष्णवे तु बन्धुस्थाने शत्रुः शत्रुस्थाने बन्धुरिति पाठः।

लग्ने सिद्धिस्तथा नित्यं धने धनसमृद्धिदम् ।
भ्रातरि भ्रातृवृद्धिः स्याद्बान्धवे बान्धवप्रियः ।।
पुत्रे पुत्रविवृद्धिः स्याच्छत्रौ शत्रुविवर्द्धनम् ।
कलत्रे मध्यमा प्रोक्ता मरणे मरणं भवेत् ।।
धर्मे धर्मविवृद्धिः स्यात्सिद्धिदः कर्मसंस्थितः ।
आये च धनसम्पत्तिर्व्यये च सञ्चितव्ययः ।।

राशिचक्र—आगमकल्पद्रुमोक्त श्लोक के अनुसार राशिचक्र निम्न प्रकार का होता है—

वृष उ ऊ ऋ मिथुन ऋ ऌ ॡ	मेष अ आ इ ई	मीन य र ल व क्ष कुम्भ प फ ब भ म
कर्क ए ऐ	**राशिचक्र**	मकर त थ द ध न
सिंह ओ औ कन्या अं अः श ष स ह	तुला क ख ग घ ङ	धनु ट ठ ड ढ ण वृश्चिक ञ च छ ज झ

अपनी राशि के नामाक्षर के अनुकूल राशि के मन्त्र की उपासना करनी चाहियें और

अपने नक्षत्रराशि कोष्ठ के नामानुकूल मन्त्र लेना चाहिये, ऐसा नारद का वचन है। इस चक्र से पहले मन्त्र की राशि निश्चित करे। यदि अपनी जन्मराशि ज्ञात न हो तो अपने पुकारनाम के प्रथम अक्षर से अपनी राशि निश्चित करे। फिर अपनी राशि से मन्त्र की राशि तक गिनकर फलाफल जान लेना चाहिये।

तन्त्रराजतन्त्र के अनुसार यदि मन्त्रराशि अपनी राशि से छठे, आठवें या बारहवें पड़े तो उसे शत्रु-मन्त्र माना जाता है। उसे लेने से अमंगल होता है। यदि पहले, पाँचवें या नवें पड़े तो उसे शुभ माना जाता है। तीसरे, सातवें, ग्यारहवें होने से पुष्टिदायक होता है। चौथे, आठवें और बारहवें होने से घातक माना जाता है।

तन्त्रान्तर में लिखा है कि बारह राशियों के नाम के अनुसार ही उनका फल होता है। कुण्डली में बारह भाव के नाम लग्न, तन, धन, भ्रातृ, मातृ, पुत्र, शत्रु, कलत्र, मृत्यु, धर्म, कर्म, आय, व्यय हैं। इनके नाम के अनुसार शुभाशुभ फल प्राप्त होते हैं। लग्न में सिद्धि, धन में धन-वृद्धि, भ्रातृ में भ्रातृ-वृद्धि, बन्धुस्थान में बन्धुस्नेह प्राप्त होता है। पुत्रस्थान से पुत्रप्राप्ति होती है। शत्रुस्थान से शत्रुवृद्धि होती है। पत्नी-स्थान मध्यम माना गया है। मरणस्थान से मृत्यु होती है। धर्मस्थान से धर्म में वृद्धि होती है। कर्मस्थान में कर्म में सिद्धि होती है। आयस्थान से धन-सम्पत्ति मिलती है। व्ययस्थान में सञ्चित द्रव्य का व्यय होता है।

नक्षत्रचक्रम्

अ आ अश्विनी देवः। इ भरणी मानुषः। ई उ ऊ कृत्तिका राक्षसः। ऋ ॠ ऌ ॡ रोहिणी मानुषः। ए मृगशिरो देवः। ऐ आर्द्रा मानुषः। ओ औ पुनर्वसुर्देवः। क पुष्यो देवः। ख ग अश्लेषा राक्षसः। घ ङ मघा राक्षसः। च पूर्वफल्गुनी मानुषः। छ ज उत्तरफल्गुनी मानुषः। झ ञ हस्तो देवः। ट ठ चित्रा राक्षसः। ड स्वाती देवः। ढ ण विशाखा राक्षसः। त थ द अनुराधा देवः। ध ज्येष्ठा राक्षसः। न प फ मूलो राक्षसः। ब पूर्वाषाढा मानुषः। भ उत्तराषाढा मानुषः। म श्रवणा देवः। य र धनिष्ठा राक्षसः। ल शतभिषा राक्षसः। व श पूर्वभाद्रपदा मानुषः। ष स ह उत्तरभाद्रपदा मानुषः। अं अः ल क्ष रेवती देवः। वृहच्छ्रीक्रमे—

उत्तराद्दक्षिणाग्रां तु रेखां कुर्याच्चतुष्टयीम् ॥
दशरेखाः पश्चिमाग्राः कर्त्तव्या वीरवन्दिते।
अश्विन्यादिक्रमेणैव विलिखेत्तारकाः पुनः ॥
अकारादिक्षकारान्तान् द्विचन्द्रवह्निवेदकान्।
भूमीन्दुनेत्रचन्द्राक्षिण अश्लेषान्तं खगौ प्रिये ॥
द्विभूनेत्र-ऽनेत्रयुग्मांश्चेन्दुनेत्राग्निचन्द्रकान् ।

मघादिज्येष्ठापर्यन्तं द्वितीयं नवतारकम् ॥
वह्निभूमीन्दुचन्द्रांश्च युग्मेन्दुनेत्रवह्निकान् ।
वेदेन भेदितान् वर्णान् रेवत्यंशगतान् क्रमात् ॥

तथा च निबन्धे—

पूर्वोत्तरत्रयञ्चैव भरण्यार्द्राथ रोहिणी ।
इमानि मानुषान्याहुर्नक्षत्राणि मनीषिणः ॥
ज्येष्ठा-शतभिषा-मूला-धनिष्ठाश्लेषकृत्तिकाः ।
चित्रा-मघा-विशाखाः स्युस्तारा राक्षसदेवताः ॥
अश्विनी रेवती पुष्या स्वाती हस्ता पुनर्वसुः ।
अनुराधा मृगशिरा श्रवणा देवतारकाः ॥

तथा—

स्वजातौ परमा प्रीतिर्मध्यमा भिन्नजातिषु ।
रक्षोमानुषयोर्नाशो वैरं दानवदेवयोः ॥
जन्म-सम्पद्विपत्क्षेम-प्रत्यरिः साधको वधः ।
मित्रं परममित्रञ्च जन्मादीनि पुनः पुनः ॥

जन्मतृतीयपञ्चमसप्तमानि नक्षत्राणि वर्जनीयानि।

तथा च राघवभट्टः—

रसाष्टनवभद्राणि युगयुग्मगतानि च ।
इतराणि न भद्राणि तत्त्याज्यानि मनीषिणा ॥

इत्यादि। तत्र स्वनक्षत्रादेव नक्षत्रं गणनीयम्। स्वनक्षत्राज्ञाने स्वनामाद्यक्षर-सम्बन्धिनक्षत्रादेव नक्षत्रं गणनीयम्। पिङ्गलातन्त्रे—

प्रकटं यस्य जन्मर्क्षं तस्य जन्मर्क्षतो भवेत् ।
प्रनष्टं जन्मभं यस्य तस्य नामर्क्षतो भवेत् ॥

इति वचनात्। तथा च—

प्रादक्षिण्येन गणयेत् साधकाद्यक्षरात् सुधीः ।

इति वचनात्। प्रकारान्तरं निबन्धे—

प्रापालाभात् पटुप्राह्यं रुद्रस्याद्रिरुरुः करम् ।
लोकलोपपटुप्रायः खलो घो भेषु भेदिताः ॥
पक्षैकत्र्यब्धिरूपावनिभुजशशियुग्मेन्दुपक्षाः ।
युग्मैकद्वियुग्मनेत्रेन्दुपक्षाग्निचन्द्रकान् ॥

त्रयशशिभूरेकपक्षेन्दुनेत्राग्निवेदाः ।
वर्णाः क्रमात् स्वराश्यन्त्यौ रेवत्यंशगतावुभौ ।।
जप्तुर्नक्षत्रादथ परिगणयेत् जन्म-सम्पत्क्रमेण सुधीः। इति वचनात्।

नक्षत्रचक्र—नक्षत्रचक्र से विचार करते समय मन्त्र लेने वाले का जन्मनक्षत्र और मन्त्र का पहला अक्षर जिस कोष्ठ में हो, उसमें स्थित नक्षत्र को लेकर गणना करे। यदि जन्मनक्षत्र ज्ञात न हो तो नाम के पहले अक्षर से अपना नक्षत्र निश्चित कर ले तब गणना करे। बृहच्छ्रीक्रम एवं निबन्ध-वचन के अनुसार नक्षत्र चक्र निम्न प्रकार का होता है—

नक्षत्रचक्र

अश्विनी	भरणी	कृतिका	रोहिणी	मृगसिरा	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा
अ आ	ई	ई उ ऊ	ऋॠऌॡ	ए	ऐ	ओ औ	क	ख ग
देव	नर	राक्षस	नर	देव	नर	देव	देव	राक्षस
मघा	पूर्वा फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा	स्वाती	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा
घ ङ	च	छ ज	झ ञ	ट ठ	ड	ढ ण	त थ द	ध
राक्षस	नर	नर	देव	राक्षस	देव	राक्षस	देव	राक्षस
मूल	पूर्वाषा.	उतराषा.	श्रवण	धनिष्ठा	शतभिषा	पूर्वाभाद्रपद	उत्तराभाद्र	रेवती
न प फ	ब	भ	म	य र	ल	व श	ष स ह	लक्षअंअः
राक्षस	नर	नर	देव	राक्षस	राक्षस	नर	नर	देव

अपनी जाति से परम प्रीति होती है। भिन्न जाति से प्रीति मध्यम होती है। राक्षस और मनुष्य से विनाश होता है। राक्षस और देवगण से शत्रुता होती है। अतः मनुष्यगण के लिये मनुष्यगण का मन्त्र श्रेष्ठ होता है। देवगण का मन्त्र भी उत्तम होता है; किन्तु राक्षसगण का मन्त्र घातक होता है। देवगण के लिये मनुष्यगण का मन्त्र मध्यम होता है। राक्षसगण का मन्त्र शत्रु होता है। राक्षसगण के लिये केवल राक्षसगण का मन्त्र ही ठीक होता है। इस प्रकार विचार कर अपने नक्षत्र से मन्त्र के नक्षत्र तक गिने। गणना का फल निम्न प्रकार का होता है—

१, १०, १९ हो तो जन्म।
२, ११, २० हो तो सम्पत्।
३, १२, २१ हो तो विपत्।
४, १३, २२ हो तो क्षेम।
५, १४, २३ हो तो प्रत्यरि।
६, १५, २४ हो तो साधक।
७, १६, २५ हो तो वध।
८, १७, २६ हो तो मित्र।
९, १८, २७ हो तो परममित्र।

अकथहचक्रम्

चतुरस्रे लिखेद्वर्णान् चतुःकोष्ठसमन्विते ।
चतुःकोष्ठे चतुश्चतुकोष्ठे षोडश कोष्ठ इति यावत् । विश्वसारे—

चतुरस्रं लिखेत् कोष्ठं चतुःकोष्ठसमन्वितम् ।
पुनश्चतुष्कं तत्रापि लिखेद्धीमान् क्रमेण तु ।

ततः षोडशकोष्ठेषु अकारादिवर्णान् प्रादक्षिण्येन लिखेत्। तत्र क्रमः—
इन्द्वग्नि-रुद्र-नव-नेत्र-युगार्क-दिक्षु-ऋत्वष्ट-षोडश-चतुर्दशभौतिकेषु ।
पातालपञ्चदशवह्निहिमांशुकोष्ठे वर्णाल्लिखेल्लिपिभवान् क्रमशस्तु धीमान् ॥

नामाद्यक्षरमारभ्य यावन्मन्त्रादिमाक्षरम् ।
चतुर्भिः कोष्ठैरेकैकमिति कोष्ठचतुष्टयम् ॥
पुनः कोष्ठग-कोष्ठेषु सव्यतो नाम्न आदितः ।
सिद्धः साध्यः सुसिद्धोऽरिः क्रमाज्ज्ञेया विचक्षणैः ॥

सव्यतो दक्षिणतः ।

कल्पद्रुमे—

पूर्वापरायतं कृत्वा पञ्चसूत्रं प्रकल्पयेत् ।
तथैव दक्षिणोदीच्यक्रमेण पञ्चसूत्रकम् ।
यथा षोडशकोष्ठानि सम्पद्यन्ते तथा लिखेत् ॥

विश्वसारे—

अकारादि-हकारान्तं मूलात्कोष्ठादितः सुधीः ।
दक्षिणावर्त्तयोगेन कोष्ठे वर्णान् लिखेत्सुधीः ।
येनैव लेखनं कुर्यात्तेनैव गणनं स्मृतम् ॥
सिद्धः साध्यः सुसिद्धोऽरिः क्रमाज्ज्ञेयो विचक्षणैः ।
सिद्धः सिध्यति कालेन साध्यस्तु जपहोमतः ।
सुसिद्धो ग्रहणादेव रिपुर्मूलं निकृन्तति ॥

तन्त्रान्तरे—

सिद्धार्णा बान्धवा प्रोक्ताः साध्यास्तु सेवकाः स्मृताः ।
सुसिद्धाः पोषकाः ज्ञेयाः शत्रवो घातकाः स्मृताः ॥
जपेन बन्धुः सिद्धः स्यात् सेवकोऽधिकसेवया ।
पुष्णाति पोषकोऽभीष्टं घातको नाशयेद् ध्रुवम् ॥
सिद्धसिद्धो यथोक्तेन द्विगुणात् सिद्धसाध्यकः ।

सिद्धः सुसिद्धोऽर्द्धजपात् सिद्धारिर्हन्ति बान्धवान् ॥
साध्यसिद्धो द्विगुणकः साध्यसाध्यो निरर्थकः ।
तत्सुसिद्धो द्विगुणजपात् साध्यारिर्हन्ति गोत्रजान् ॥
सुसिद्धसिद्धोऽर्द्धजपात्तत्साध्यो द्विगुणाधिकात् ।
तत्सुसिद्धो ग्रहादेव सुसिद्धोऽरिः स्वगोत्रहा ॥
अरिसिद्धः सुतान् हन्यादरिसाध्यस्तु कन्यकाः ।
तत्सुसिद्धस्तु पत्नीघ्नस्तदरिर्हन्ति साधकम् ॥

अकथहचक्र—अकथह चक्र निम्न प्रकार का होता है। यह चक्र अकडम अक्षर से प्रारम्भ होता है; अत: इसका नाम अकडम चक्र है। यह चक्र सोलह कोष्ठकों का होता है, जिसमें १, ३, ११, ९, २, ४, १२, १०, ६, ८, १६, १४, ५, ७, १५ एवं १३वें कोष्ठक में क्रमशः मातृकावर्णों को लिखा जाता है। इस चक्र का स्वरूप नीचे अंकित चित्र में प्रदर्शित है—

अकथह चक्र

१ अकथह	२ उ ड व	३ आ ख द	४ ऊ च फ
५ ओ ड व	६ ऌ झ म	७ औ ढ श	८ ॡ ञ य
९ ई घ न	१० ऋ ज भ	११ इ ग ध	१२ ऋ छ ब
१३ अः त स	१४ ऐ ड ल	१५ अं ण स	१६ ए ट र

इस चक्र में नाम के प्रथम अक्षर से मन्त्र के प्रथम अक्षर तक क्रमशः १ सिद्ध, २ साध्य, ३ सुसिद्ध एवं ४ अरि माना जाता है।

जिन ४ कोष्ठकों में साधक के नाम का प्रथमाक्षर हो, उन्हें सिद्धचतुष्टय कहा जाता है। प्रदक्षिणक्रम से उससे अगले ४ कोष्ठकों को साध्यचतुष्टय कहते हैं। उससे अगले चार कोष्ठकों को सुसिद्धचतुष्टय और अन्तिम चार कोष्ठकों को शत्रुचतुष्टय कहते हैं।

यदि साधक तथा मन्त्र इन दोनों के प्रथमाक्षर एक ही कोष्ठक में हों तो मन्त्र सिद्ध कहलाता है। साधक के नाम के प्रथमाक्षर वाले कोष्ठक से दूसरे में मन्त्र का प्रथमाक्षर हो तो सिद्धसाध्य कहा जाता है। उससे तीसरे में हो तो सिद्धसुसिद्ध और उससे चौथे कोष्ठक में मन्त्राक्षर हो तो मन्त्र को सिद्धारि कहते हैं।

नाम के प्रथमाक्षर वाले चार कोष्ठकों से अग्रिम कोष्ठकों में मन्त्र का प्रथमाक्षर हो तो जिस कोष्ठक में नामाक्षर हो, उसकी पंक्ति वाले कोष्ठक से प्रारम्भ करके पूर्ववत् गिनती करनी चाहिये। यहाँ प्रथम कोष्ठक में मन्त्राक्षर हो तो साध्यसिद्ध, द्वितीय कोष्ठक में हो तो साध्यसाध्य, तृतीय में हो तो साध्यसुसिद्ध एवं चतुर्थ कोष्ठक में हो तो मन्त्र को साध्यशत्रु समझा जाता है।

इसी भाँति यदि तीसरे तथा चौथे ४-४ कोष्ठकों में मन्त्र का प्रथमाक्षर हो तो पूर्वोक्त रीति से विचार करना चाहिये। तीसरे ४ कोष्ठकों के पहले, दूसरे, तीसरे एवं चौथे कोष्ठक में मन्त्राक्षर होने से क्रमशः सुसिद्धसिद्ध, सुसिद्धसाध्य, सुसिद्धसुसिद्ध तथा सुसिद्धशत्रु कहा जाता है। चौथे चारो कोष्ठकों के पहले, दूसरे, तीसरे तथा चौथे कोष्ठक में मन्त्राक्षर होने पर मन्त्र क्रमशः अरिसिद्ध, अरिसाध्य, अरिसुसिद्ध एवं अरिअरि कहा जाता है। इसके उपरान्त मन्त्र का विचार निम्न प्रकार से करना चाहिये—

सिद्ध अरि का प्रभाव—

१. सिद्धसिद्ध मन्त्र यथोक्त समय में अर्थात् निर्धारित संख्या में जप करने से सिद्ध होता है। सिद्धसाध्य उससे दूने समय में अर्थात् दूनी संख्या में जप से सिद्ध होते हैं। सिद्धसुसिद्ध मन्त्र निर्धारित संख्या से आधा जप करने में सिद्ध होता है; परन्तु सिद्धारि मन्त्र बान्धवों का नाशक होता है; अतः त्याज्य है।

२. साध्यसिद्ध दूनी संख्या में जप करने से सिद्ध होता है। साध्यसाध्य मन्त्र निरर्थक होता है। इससे कोई फल प्राप्त नहीं होता है। साध्यसुसिद्ध मन्त्र भी दूनी संख्या में जप करने से सिद्ध होता है; परन्तु साध्यारि मन्त्र अपने गोत्र के लोगों का नाशक होता है; अतः त्याज्य है।

३. सुसिद्धसिद्ध मन्त्र आधी संख्या में जप करने से, सुसिद्धसाध्य दूनी संख्या में जप करने से तथा सुसिद्धसुसिद्ध मन्त्र दीक्षामात्र से सिद्ध हो जाता है; परन्तु सुसिद्धारि मन्त्र कुटुम्बियों को नष्ट करता है; अतः त्याज्य है।

४. अरिसिद्ध मन्त्र पुत्र की, अरिसाध्य कन्या की, अरिसुसिद्ध पत्नी की तथा अरि-अरि मन्त्र स्वयं साधक की मृत्यु का कारण बनता है। अतः ऐसे मन्त्र सर्वथा त्याज्य हैं। उदाहरणस्वरूप देवदत्त कोई ऐसा मन्त्र ग्रहण करता है, जिसका प्रथमाक्षर 'ऐ' है।

उक्त चक्र में देवदत्त के नाम का प्रथमाक्षर 'द' दूसरे कोष्ठक में पड़ता है तथा मन्त्र का प्रथमाक्षर ऐ चौदहवें कोष्ठ में पड़ता है। इस प्रकार देवदत्त के नामाक्षर से मन्त्र प्रथमाक्षर सुसिद्धचतुष्टय के चतुर्थ कोष्ठक में पड़ेगी। अतः सुसिद्धारि होने से यह मन्त्र देवदत्त के लिये त्याज्य है।

तन्त्रान्तर के अनुसार सिद्धमन्त्र बान्धव कहलाता है। साध्यमन्त्र को सेवक माना जाता है। सुसिद्ध को पोषक माना जाता है। अरिमन्त्र घातक होता है।

जप से बन्धु सिद्ध होता है। अधिक सेवा से सेवक सिद्ध होता है। पोषक मन्त्र पुष्टि प्रदान करता है। घातक मन्त्र निश्चित रूप से विनाश करता है।

अथ वैरिमन्त्रपरित्यागप्रमाणमाह तन्त्रे—

गवां क्षीरे द्रोणमिते जपेन्मन्त्रशताष्टकम्।
पीत्वा क्षीरं जले तद्वत् समुच्चार्य त्यजेत्तथा।
अनेनैव विधानेन वैरिमन्त्राद् विमुच्यते॥
अरिमन्त्रं विदित्वा तु न पुनः प्रजपेच्च तत्।
सन्त्यज्य तद् देवतायास्तस्या अन्यं भजेन्मनुम्॥

द्रोणपरिमाणं यथा तन्त्रान्तरे—

पलद्वयन्तु प्रसृतिः कुडवं तच्चतुष्टयम्।
चतुर्भिः कुडवैः प्रस्थः प्रस्थाश्चत्वार आढकम्।
चतुर्भिराढकैर्द्रोणः कथितो मानवेदिभिः॥

प्रकारान्तरमाह रुद्रयामले—

वटपत्रे लिखित्वारिमन्त्रं स्रोतसि निक्षिपेत्।
एवं मन्त्रविमुक्तिः स्यादित्याह भगवान् शिवः॥

वैरिमन्त्र का त्याग—एक द्रोण गाय के दूध को १०८ मन्त्रजप से मन्त्रित करे। थोड़ा दूध पीकर शेष दूध को जल में छोड़ दे। इस विधान से वैरिमन्त्र का त्याग होता है। यह ज्ञात होने पर कि मन्त्र शत्रु है, उसका जप न करे। उसके देवता के अन्य मन्त्र का जप करे।

वैदिक तौल द्रोण का परिमाण इस प्रकार का है—२ पल = १ प्रसृति, चार प्रसृति = १ कुडव, ४ कुड़व = १ प्रस्थ, ४ प्रस्थ = १ आढक, ४ आढक = १ द्रोण = लगभग १० किलो। रुद्रयामल के अनुसार वटपत्र पर अरिमन्त्र लिखकर उसे जलधारा में प्रवाहित कर दे। इससे वैरिमन्त्र का परित्याग हो जाता है।

अकडमचक्रम्

रेखाद्वयं पूर्वपरेण कुर्यात्तन्मध्यतो याम्यकुबेरभेदात्।
महेशरक्षोऽधिपतिक्रमेण तिर्यक्तथा वायुहुताशनेन॥
अकारादिक्षकारान्तान् क्लीबहीनान् लिखेत्ततः।
ऋ ॠ वर्णद्वयं ऌ ॡ तद्धि क्लीबं प्रचक्षते॥
एकैकक्रमतो लेख्यान् मेषादिषु वृषान्तकान्।
गणयेत् क्रमशो भद्रे! नामादिवर्णपूर्वकान्।
मेषादितोऽपि मीनान्तं गणयेत् क्रमशः सुधीः॥
जप्तुः स्वनामतो मन्त्री यावन्मन्त्रादिमाक्षरम्।

रत्नावल्याम्—

> **द्वादशाख्ये राशिचक्रे कूटषण्डविवर्जितान् ।**
> **आदिहन्ताद् लिखेद्वर्णान् पुरतोयावदीश्वरम् ॥**
> **सिद्धसाध्यसुसिद्धारीन् पुनः सिद्धादयः पुनः ।**
> **नवैकपञ्चमे सिद्धः साध्यः षड्दशयुग्मके ॥**
> **सुसिद्धस्त्रिसप्तके रुद्रे वेदाष्टद्वादशे रिपुः ।**
> **एतत्ते कथितं देवि अकडमादिकमुत्तमम् ॥**

इदं तु गोपालविषयकमेव, 'गोपालेऽकडमः स्मृत' इति वचनात्। शिव-विषयेऽपि—

> **वैष्णवं राशिसंशुद्धं शैवञ्चाकडमं स्मृतम् ।**

इति यामलीयात्। तथा च वाराहीतन्त्रे—

> **ताराशुद्धिर्वैष्णवानां कोष्ठशुद्धिः शिवस्य च ।**
> **राशिशुद्धिस्त्रैपुरे च गोपालेऽकडमः स्मृतः ॥**

अकडम चक्र—अकडम चक्र निम्न प्रकार का होता है—

अकडम चक्र

अः ठ भ मीन / कुम्भ अं ट ब	अ क ड म मेष	आ ख ढ व वृष / मिथुन इ ग ङ के
औ ज फ क्ष कर्क		ई घ त ल मकर
धनु ओ झ प ह / वृश्चिक ऐ ज न स	ए छ घ ष तुला	उ ङ थ व सिंह / कन्या उ च द श

द्वादश दल के चक्र में नपुंसक वर्णों ऋ ॠ ऌ ॡ को छोड़कर 'अ' से 'ह' तक के सभी वर्णों को प्रदक्षिणक्रम से लिखे। इस चक्र में साधक के नाम के प्रथमाक्षर से मन्त्र के प्रथमाक्षर तक गिने। इस गणना से पता चलता है कि मन्त्र सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध या अरि है।

साधक के नाम के प्रथमाक्षर वाले कोष्ठक से १, ५ तथा नवें कोष्ठक में पड़ने वाला मन्त्र सिद्ध; २, ६, १०वें कोष्ठक में पड़ने वाला मन्त्र साध्य; ३, ७, ११वें कोष्ठक

में पड़ने वाला मन्त्र सुसिद्ध और ४, ८, १२वें कोष्ठक में पड़ने वाला मन्त्र अरि होता है।

रत्नावली के अनुसार यह गोपालमन्त्रों के लिये होता है।

वाराहीतन्त्र के अनुसार वैष्णवों के लिये ताराशुद्धि, शैवों के लिये कोष्ठशुद्धि, त्रिपुरा के लिये राशिशुद्धि और गोपालमन्त्रों के लिये अकडमशुद्धि विचारणीय है।

ऋणि-धनिचक्रम

तद्यथा—

कोष्ठान्येकादशान्येव वेदेन पूरितानि च।
अकारादिहकारान्तान् लिखेत्कोष्ठेषु तत्त्ववित् ॥
प्रथमं पञ्चकोष्ठेषु ह्रस्वदीर्घक्रमेण तु।
द्वयं द्वयं लिखेत्तत्र विचारे खलु साधकः।
शेषेष्वेकैकशो वर्णान् क्रमशस्तु लिखेत् सुधीः ॥

तथा—

द्वौ द्वौ स्वरौ पञ्चसु कोष्ठकेषु शेषान् स्वरान् षट्सु षडेकमेकम्।
कादीन हशेषान् विलिखेत्ततोऽर्णान् एकैकमेकादशकोष्ठकेषु।
षट्काल - काल - वियदग्नि - समुद्र - वेद-
खाकाश - शून्य - दहनाःखलु साध्यवर्णाः।
युग्म - द्वि - पञ्च - वियदन्वर-षुक्-शशाङ्क-
व्योमाब्धि वेदशशिनः खलु साधकाणाः।
नामाज्झलादकठवाद् गजभुक्तशेषं
ज्ञात्वोभयोरधिकशेषमृणं धनं स्यात् ॥

अस्यार्थः—साध्यवर्णान् स्वरव्यञ्जनभेदेन पृथक्कृतानि षट्कालाद्यङ्कैर्गुणितानि कृत्वा तथा साधकनामाक्षराणि स्वरव्यञ्जनरूपेण पृथक् कृतान् युग्माद्यैरङ्कैर्गुणितान् कृत्वा अष्टसंख्याभिर्हत्वा उभयोः साध्यसाधकयोर्यदधिकं तदृणं यन्न्यूनं तद्धनम्।

एवं ज्ञात्वा मन्त्रं दद्यात्। मन्त्रश्चेदृणी भवति तदा मन्त्रः शुभदो भवति धनी चेन्न। तथा च तन्त्रान्तरे—

मन्त्रो यद्यधिकाङ्कः स्यात्तदा मन्त्रं जपेत् सुधीः।
समेऽपि च जपेन्मन्त्रं न जपेत्तु ऋणाधिके।
शून्ये मृत्युं विजानीयास्तस्माच्छून्यं परित्यजेत् ॥

ऋणाधिके धने।

तथा—

इन्द्रर्क्षनेत्ररविपञ्चदशर्त्तुवेदवह्न्यायुधाष्टनवभिर्गुणितांश्च साध्यान् ।
दिग्भूगिरिश्रुतिगजाग्निमुनीषुवेदषड्वह्निभिस्तु गुणितानथ साधकार्णान् ।

षट्कालेत्यादिकन्तु विष्णुविषयं रामार्च्चनचन्द्रिकाधृतत्वादिति केचित्। वस्तुतस्तु पूर्वस्यैव विवरणमिदम्। तथा च इन्द्रर्क्षनेत्र इत्याद्यभिधाय—

नामार्णकोष्ठांकमथाभिहन्यादेकादिरुद्राङ्कगतं क्रमेण। इति।

व्यक्तं हि रुद्रयामले—

साध्याङ्कान् साधाकाङ्कांश्च पूरयेद्ग्रहसंख्यया ।
गुणिते हृतेऽष्टाभिर्यच्छेषं जायते स्फुटम् ।
तदङ्कं कथयाम्यत्र एकादशगृहं स्थितम् ॥

इत्युक्त्वा षट्काल-काल इत्युक्तम्। तन्त्रार्णवे—

मन्त्रस्त्वृणी शुभफलोऽप्यशुभो धनी च तुल्यं यदा समफलः कथितो मुनीन्द्रैः।

अन्यत्र—

शून्ये मृत्युमवाप्नोति धने च विफलं भवेत् ।
ऋणे तु प्राप्तिमात्रेण सर्वसिद्धिस्तु जायते ॥

प्रकारान्तरम्—

नामाद्यक्षरमारभ्य यावन्मन्त्रादिमाक्षरम् ।
त्रिधा कृत्वा स्वरैर्भिन्नं तदन्यद्विपरीतकम् ।

अस्यार्थः—साधकनामाद्यक्षरतो गणनया यावन्मन्त्राद्यक्षरं तत्संख्यं त्रिधा कृत्वा सप्तभिर्हृत्वा अधिकं ऋणं शेषं धनं स्यात्। अन्यदिति मन्त्राद्यक्षरमारभ्य यावत् साधकनामाद्यक्षरं भवेत् तावत्संख्यां सप्तगुणं कृत्वा त्रिभिर्हरेत्। अन्यच्च पिङ्गलामते—

साध्यनामद्विगुणितं साधकेन समन्वितम् ।
अष्टाभिश्च हरेच्छेषं तदन्यद्विपरीतकम् ॥

अस्यार्थः—साध्यनाम स्वरव्यञ्जनभेदेन द्विगुणीकृत्य साधकनामाक्षरेण स्वर-व्यञ्जनभेदेन संयोज्य अष्टाभिर्हृत्वा ऋणं धनं ज्ञेयम्। अन्यदिति साधकनामाक्षरं स्वरव्यञ्जनभेदेन द्विगुणीकृत्य साध्याक्षरेण स्वरव्यञ्जनभेदेन संयोज्य अष्टाभि-र्हृत्वा अधिकं ऋणं शेषं धनं ज्ञेयम् ।

ऋणी-धनीचक्र—ऋणी-धनीचक्र निम्न प्रकार का होता है—

६	६	६	०	३	४	४	०	०	०	३
अ आ	इ ई	उ ऊ	ऋ ॠ	ऌ ॡ	ए	ऐ	ओ	औं	अं	अः
क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	ज	झ	ञ	ट
ठ	ड	ढ	ण	त	थ	द	ध	न	प	फ
ब	भ	म	य	र	ल	व	श	ष	स	ह
२	२	५	०	०	२	१	०	४	४	१

इस चक्र के उपरि भाग में ६ ६ ६ ० ३ ४ ४ ० ० ० ३ साध्यांक हैं। निम्न भाग में २ २ ५ ० ० २ १ ० ४ ४ १ साधकांक हैं। इस चक्र से विचार करने के लिये मन्त्र के स्वर और व्यञ्जन वर्णों को अलग-अलग करके उनमें से प्रत्येक के अंक चक्र से ज्ञात करके जोड़ ले।

इसी प्रकार मन्त्र लेने वाले साधक के नामाक्षरों के स्वर और व्यंजनों से अंक जानकर जोड़ ले। अब दोनों योगफलों में अलग-अलग ८ से भाग दे। यदि मन्त्र का शेष अधिक हो तो वह ऋणी माना जाता है और यदि कम हो तो धनी माना जाता है। ऋणी मन्त्र से अतिशीघ्र सिद्धि मिलती है। दोनों का शेष बराबर हो तो भी मन्त्र उत्तम माना जाता है। धनी मन्त्र से सिद्धि देर से मिलती है। यदि शेष में शून्य रहे तो उस मन्त्र को मृत्युदायी सम-ना चाहिये। उदाहरणस्वरूप देवदत्त 'ऐं नमः भगवति वद वद वाग्देवी स्वाहा' मन्त्र को ग्रहण करना चाहता है तो ऋणी-धनी विचार निम्न प्रकार से होगा—देवदत्त के नामाक्षर के अंक—द् = १, ए = २, व् = १, अ = २, द् = १, अ = २, त् = ०, त् = ०, अ = २—कुल योग = ११।

मन्त्राक्षर के अंक— ऐ = ६, अँ = ०, न् = ०, अ = ६, म् = ६, अः = ३, व् = १, अ = ६, द् = ४, अ = ६, व् = ४, अ = ६, द् = ४, अ = ६, व = ४, आ = ६, ग् = ६, द् = ४ , ए = ६, व = ४, र = ६ स = ०, व् = ४, आ = ६, ह = ३, आ = ६—कुल योग = १११।

मन्त्र के स्वर-व्यंजनों का योग १११ हुआ। इसमें ८ का भाग देने से शेष ३ बचा। देवदत्त के नाम के स्वर-व्यंजनों का योग ११ है। उसमें ८ का भाग देने से भी शेष ३ बचा। मन्त्र उत्तम है; क्योंकि दोनों के शेष बराबर हैं। मन्त्र ग्रहण के योग्य हैं।

रुद्रयामल से भी इस विधि की पुष्टि होती है।

तन्त्रार्णव के अनुसार ऋणी मन्त्र शुभ फलप्रद होता है। धनी मन्त्र अशुभ होता है। शेष बराबर होने पर सममन्त्र होता है। यह उत्तम होता है। देर से फल मिलता है। अन्यत्र कहा गया है कि शेष शून्य होने से मृत्यु होती है। धनी होने पर विफल होता है। ऋणी मन्त्र प्राप्त होते ही सिद्धिप्रद होता है।

ऋणी-धनी ज्ञात करने का अन्य प्रकार यह है कि नाम के प्रथमाक्षर से मन्त्र के प्रथमाक्षर तक वर्णमालाक्रम से गणना करके ३ से गुणा करे। ७ से भाग दे। जो शेष बचे, उसे नामराशि समझना चाहिये।

इसी प्रकार मन्त्र के प्रथमाक्षर से नाम के प्रथमाक्षर तक गणना करके उसे गुणा करके ७ का भाग देने पर जो शेष बचे, उसे मन्त्रराशि कहते हैं।

पूर्वोक्त नियमानुसार अधिक राशि ऋणी तथा कम राशि धनी होता है; अत: ऋणी राशि के मन्त्र को ग्रहण करना उचित है। धनी राशि का मन्त्र त्याज्य है।

पिंगला के मत से स्वर तथा व्यंजन के रूप में मन्त्र के अक्षरों को अलग-अलग करके कुल संख्या को दुगुना कर दे। उसमें साधक के नामाक्षरों की संख्या जोड़ दे। दोनों के योगफल में ८ का भाग देने से जो शेष बचे, उसे मन्त्रराशि कहते हैं।

इसी प्रकार साधक के नाम के स्वर-व्यंजनों के योग को दुगुना करके उसमें मन्त्र के अक्षरों को जोड़ कर ८ का भाग देने से जो शेष बचे, उसे नामराशि समझे। यहाँ ऋणी तथा धनी का विचार पूर्वोक्त नियमानुसार करना चाहिये।

उदाहरण—देवदत्त नाम के स्वर-व्यंजनों का योग ९ है तथा ऐं नम: भगवति मन्त्र के स्वर-व्यंजनों का योग २६ है। मन्त्र के स्वर-व्यंजनों के योग को दुगुना कर देने पर ५२ हुआ। इसमें नामाक्षरों के योग को जोड़ने से ६१ हुआ। इसमें ८ का भाग देने पर ५ शेष रहा। यह मन्त्रराशि हुई।

इसी प्रकार नाम के स्वर-व्यंजनों के योग को दुगुना करने पर १८ हुआ। इसमें मन्त्राक्षर २६ जोड़ने से कुलयोग ४४ हुआ। इसमें ८ का भाग देने से शेष ४ बचा। अत: नामराशि ४ हुई।

यहाँ नामराशि से मन्त्रराशि की संख्या अधिक होने के कारण मन्त्र ऋणी है। अत: यह मन्त्र देवदत्त के लिये ग्राह्य है।

जो मन्त्र पूर्वजन्म में उपासना के समय होने वाले पाप के कारण साधक को अपना फल नहीं दे पाया हो तथा अपने द्वारा पापक्षय होने के समय साधक की आयु समाप्त हो गयी हो तो अन्य जन्म में वह मन्त्र साधक का ऋणी होता है। ऐसा मन्त्र साधक को अभीष्ट फल शीघ्र देता है।

यदि नामराशि तथा मन्त्रराशि के अंक समान हों तो उपासना करने से साधक को यथासमय फल मिलता है; परन्तु यदि मन्त्र धनी राशि का है तो वह या तो साधना करने पर ही फल देता है; अन्यथा निष्फल होता है।

नामग्रहणप्रकारमाह सनत्कुमारीये—

पितृमातृकृतं नाम त्यक्त्वा शर्मादिवेदकान् ।
श्रीवर्णञ्च ततो हित्वा चक्रेषु योजयेत् क्रमात् ॥

नामग्रहणप्रकारमाह पिङ्गलायाम्—

प्रसिद्धः यद्भवेन्नाम कं वास्य जन्मनाम च ।
यतीनां पुष्पपादेन गुरुणा यत् कृतं भवेत् ॥

तन्त्रान्तरे—

लोकप्रसिद्धमथवा मात्रा पित्रा तथा कृतम् ॥

रुद्रयामले—

सुप्तो जागर्त्ति येनासौ दूरस्थः प्रतिभाषते ।
वदत्यन्यमनस्कोऽपि तन्नाम ग्राह्यमेव च ॥

देवताभेदेन चक्रविचारस्यावश्यकता वाराहीतन्त्रे यामलादौ च—

ताराशुद्धिर्वैष्णवानां कोष्ठशुद्धिः शिवस्य च ।
राशिशुद्धिस्त्रैपुरे च गोपालेऽकडमः स्मृतः ॥
अकडमो रामचन्द्रे गणेशे हरचक्रकम् ।
कोष्ठचक्रं वराहस्य महालक्ष्म्याः कुलाकुलम् ॥
नामादिचक्रं सर्वेषां भूतचक्रं तथैव च ।
त्रैपुरं तारके चक्रे शुद्धं मन्त्रं जपेद्बुधः ॥

तथा—

वैष्णवं राशिसंशुद्धं शैवञ्चाकडमं स्मृतम् ।
कालिकायाश्च तारायास्ताराचक्रं शुभावहम् ॥
चण्डिकायास्तारकोष्ठे गोपालेऽकडमं स्मृतम् ।
हरचक्रे सर्वमन्त्रं धनाधिक्ये न चाश्रयेत् ॥
ऋणाधिक्ये शुभं विद्याद्धनाधिक्ये च नो विधिः ।
दोषान् संशोध्य गृह्णीयान्मध्यदेशोद्भवस्य च ॥
ऋणी मन्त्रः शुभफलो धनी मन्त्रोऽशुभप्रदः ।
तुल्यं यदा शुभफलं कथितो मुनिसत्तमैः ॥

अन्यत्रापि—

शून्ये मृत्युमवाप्नोति धने च विफलं भवेत् ।
ऋणे च प्राप्तिमात्रेण सर्वसिद्धिस्तु जायते ॥

नामग्रहण-प्रकार—पिंगला के अनुसार साधक के उसी नाम से विचार करना चाहिये, जिस नाम से वह प्रसिद्ध होता है अथवा जन्मराशि के नाम से ऋणी-धनी विचार करना चाहिये। यतियों का नाम गुरुप्रदत्त ही ग्राह्य है।

तन्त्रान्तर के अनुसार साधक का जो लोकप्रसिद्ध नाम है, वही ग्राह्य है अथवा माता-पिता के द्वारा दिया गया नाम ही ग्राह्य है।

रुद्रयामल के अनुसार सोया हुआ व्यक्ति जिस नाम से पुकारने पर जाग जाय, उसका वही नाम ग्राह्य है।

वाराहीतन्त्र के अनुसार देवता के अनुसार चक्र का विचार करना चाहिये। वैष्णवों का ताराशुद्धि एवं शैवों के लिये कोष्ठशुद्धि का विचार करना चाहिये। शाक्तों के लिये राशिशुद्धि विचारणीय है। गोपालमन्त्र के साधकों के लिये अकडम चक्र से विचार करना चाहिये। रामचन्द्र के मन्त्र के लिये अकडम चक्र से विचार करे। गणेशमन्त्र के लिये हरचक्र से विचार करना चाहिये। वराहमन्त्र के लिये कोष्ठचक्र से विचार करना चाहिये। महालक्ष्मी के मन्त्र के लिये कुलाकुलचक्र से विचार करना चाहिये। नामादि चक्र और भूतचक्र से सबों के लिये विचार करना चाहिये। त्रिपुरा के मन्त्र के लिये तारा-चक्र से विचार करना चाहिये। विद्वान् को चक्रशुद्ध मन्त्र ही जपना चाहिये। इसके अतिरिक्त वैष्णवों के लिये राशिशुद्धि एवं शैवों के लिये अकडम चक्र से विचार आवश्यक है। काली और तारामन्त्रों के लिये ताराचक्र से विचार करना चाहिये। चण्डिकामन्त्र के लिये ताराचक्र से, गोपालमन्त्र के लिये अकडम चक्र से एवं सभी मन्त्रों का विचार हर चक्र से करना चाहिये। धनी मन्त्र का आश्रय नहीं लिया जाय तो अच्छा है। ऋणी मन्त्र शुभ होता है, धनी विद्या ग्राह्य नहीं है। दोषों को संशोधित करके मध्य देश उद्भूत मन्त्र को ग्रहण करना चाहिये। ऋणी मन्त्र शुभ फलप्रद और धनी मन्त्र अशुभ-प्रदायक होता है। शेष तुल्य बराबर होने पर भी मन्त्र शुभ फलप्रद होता है—यह मुनिसत्तमों का वचन है। अन्यत्र भी कहा गया है कि शेष शून्य होने पर मृत्यु होती है। धनी मन्त्र-साधना विफल होती है। ऋणी मन्त्र प्राप्त होते ही सभी सिद्धियों का दाता होता है।

दीक्षाप्रकरणम्

गुरुर्दीक्षापूर्वदिने स्वशिष्यमभिमन्त्रयेत्।
दर्भशय्यां परिष्कृत्य शिष्यं तत्र निवेशयेत्॥
स्वापमन्त्रेण मन्त्रज्ञः शिशोः शिखां प्रबन्धयेत्।
तन्मन्त्रं स्वापसमये पठेद्वारत्रयं शिशुः॥
श्रीगुरोः पादुकां ध्यात्वा उपवासी जितेन्द्रियः।
तारो हिलिद्वयं शूलपाणये द्विठ ईरितम्॥

वारत्रयं पठित्वा तु उपवासी जितेन्द्रियः ।
श्रीगुरोः पादुकां ध्यात्वा शयीत कुशशायने ॥

मन्त्रान्तरम्—

वपमानस्य मन्त्रोऽयं शम्भुना परिकीर्त्तितः ।
नमो जय त्रिनेत्राय पिङ्गलाय महात्मने ।
रामाय विश्वरूपाय स्वप्नाधिपतये नमः ॥
स्वप्ने कथय मे तथ्यं सर्वकार्येष्वशेषतः ।
क्रियासिद्धिं विधास्यामि त्वत्प्रसादान्महेश्वर ॥
इति मन्त्रेण सच्छिष्यो देवं प्रार्थ्य स्वपेच्च वा ।
स्वप्ने शुभाशुभं दृष्टं पृच्छेत्प्रातः शिशुं गुरुः ॥
कन्यां छत्रं रथं दीपं प्रासादं कमलं नदीम् ।
कुञ्जरं वृषभं माल्यं समुद्रं फणिनं द्रुमम् ॥
पर्वतं तुरगं मेध्यमाममांसं सुरासवम् ।
एवमादीनि सर्वाणि दृष्ट्वा सिद्धिमवाप्नुयात् ॥

इति मन्त्रसिद्धिज्ञापनार्थं शिष्याभिमन्त्रणम् ।

दीक्षा-प्रकरण—दीक्षा से पूर्व जिस दिन दीक्षा होने वाली हो, उसके पहले दिन गुरु शिष्य को बुलावे और पवित्र कुशासन पर उसे बिठाकर 'ॐ हिलि हिलि शूलपाणये स्वाहा' निद्रामन्त्र से शिखाबन्धन करे।

शिष्य सोते समय इस मन्त्र का उच्चारण तीन बार करके उपवासी और जितेन्द्रिय रहकर श्रीगुरुपादुका का ध्यान करते हुए कुश की शय्या पर शयन करे। इसके लिये अन्य मन्त्र भी हैं। सोते समय शिष्य यह प्रार्थना करे—

नमो जय त्रिनेत्राय पिङ्गलाय महात्मने ।
रामाय विश्वरूपाय स्वप्नाधिपतये नमः ॥
स्वप्ने कथय मे तथ्यं सर्वकार्येष्वशेषता ।
क्रियासिद्धि विधास्यामि त्वत्प्रसादान्महेश्वर ॥

इस मन्त्र से प्रार्थना करके शिष्य शयन करे।

स्वप्न में शुभाशुभ दिखाई पड़ने पर शिष्य प्रातःकाल गुरु से उसके सम्बन्ध में पूछे।

स्वप्न में यदि हाथी, बैल, माला, समुद्र, सूर्य, सर्प, वृक्ष, पर्वत, अश्व, पवित्र द्रव्य, आम, मांस, सुरा, आसव आदि दिखाई पड़े तो सिद्धि मिलती है। मन्त्र-सिद्धिज्ञापन के लिये शिष्य का अभिमन्त्रण इस प्रकार किया जाता है।

दीक्षायां कालनिर्णयः

गौतमीये—

मन्त्रारम्भस्तु चैत्रे स्यात् समस्तपुरुषार्थदः ।
वैशाखे रत्नलाभः स्याज्ज्येष्ठे तु मरणं भवेत् ॥
आषाढे बन्धुनाशः स्यात् पूर्णायुः श्रावणे भवेत् ।
प्राणनाशो भवेद्भाद्रे आश्विने रत्नसञ्चयः ॥
कार्त्तिके मन्त्रसिद्धिः स्यान्मार्गशीर्षे तथा भवेत् ।
पौषे तु शत्रुपीडा स्यान्माघे मेधाविवर्द्धनम् ॥
फाल्गुने सर्वकामाः स्युर्मलमासं विवर्जयेत् ।

चैत्रे तु गोपालविषयं गौतमीये उक्तत्वात् ।

मधुमासे भवेद्दीक्षा दुःखाय मरणाय च ।

इति योगिनीतन्त्रात् नान्यत्र। तथा—

ज्येष्ठे मृत्युप्रदा विद्या आषाढे सुखसम्पदः ।

इति योगिनीहृदयादाषाढे श्रीविद्यायां न दोषः। तत्र मासः सौर एव।

सौरे मासि शुभा दीक्षा न चान्द्रे न च तारके ।

इति गौतमीयात् । वैशम्पायनसंहितायाम्—

मन्त्रस्यारम्भणं मेषे धनधान्यप्रदं भवेत् ।
वृषे मरणमाप्नोति मिथुनेऽपत्यनाशनम् ॥
कर्कटे मन्त्रसिद्धिः स्यात् सिंहे मेधाविनाशनम् ।
कन्या लक्ष्मीप्रदा नित्यं तुलायां सर्वसिद्धयः ॥
वृश्चिके स्वर्णलाभः स्याद्धनुर्मानविनाशकम् ।
मकरः पुण्यदः प्रोक्तः कुम्भो धनसमृद्धिदः ।
मीनो दुःखप्रदो नित्यमेवं मासविधिक्रमः ॥

दीक्षाकाल—गौतमीय तन्त्र में लिखा है कि चैत्र मास में दीक्षा लेने से पुरुषार्थ-लाभ, वैशाख में रत्नलाभ, ज्येष्ठ में मृत्यु, आषाढ़ में बन्धुनाश, श्रावण में पूर्णायु की प्राप्ति, भाद्रमास में प्राणनाश, आश्विन में रत्नसञ्चय, कार्तिक और मार्गशीर्ष में मन्त्रसिद्धि, पौष में शत्रु-पीड़न, माघ में मेधावृद्धि और फाल्गुन में दीक्षा लेने से सभी कामनाएँ पूर्ण होती हैं। मलमास में दीक्षा लेना मना है।

योगिनीतन्त्र में लिखा है कि चैत्र मास में केवल गोपालमन्त्र ग्राह्य है; अन्य मन्त्र ग्रहण करने से दुःख और मृत्युभय होता है। योगिनीहृदय तन्त्र के अनुसार ज्येष्ठ में विद्याग्रहण मृत्युप्रद और आषाढ़ में सुख-सम्पत्प्रद होता है। यहाँ पर सौरमास ग्राह्य है। गौतमीतन्त्र

के अनुसार सौरमास की दीक्षा शुभ होती है। चान्द्र और तारामास की दीक्षा शुभ नही होती।

वैशम्पायनसंहिता के अनुसार मेष में दीक्षा लेना धन-धान्यप्रद, वृष में मृत्यु, मिथुन में अपत्यनाश, कर्क में मन्त्रसिद्धि, सिंह में मेधानाश, कन्या में बुद्धिलाभ, तुला में सर्व-सिद्धि, वृश्चिक में स्वर्णलाभ, धनु में मानहानि, मकर में पुण्यलाभ, कुम्भ में धन- समृद्धि और मीन में मन्त्रग्रहण करने से दुःख की प्राप्ति होती है। इसके साथ मासक्रम भी विचारणीय है।

दीक्षायां वारनिर्णयः

रविवारे भवेद्वित्तं सोमे शान्तिर्भवेत् किल ।
आयुरङ्गारको हन्ति तत्र दीक्षां विवर्जयेत् ।।
बुधे सौन्दर्यमाप्नोति ज्ञानं स्यात्तु वृहस्पतौ ।
शुक्रे सौभाग्यमाप्नोति यशोहानिः शनैश्चरे ।।

दीक्षा के लिये वारनिर्णय—रविवार में दीक्षा लेने से धनलाभ, सोमवार में शान्ति, मंगल में आयुनाश, बुध में सौन्दर्यलाभ, वृहस्पति में ज्ञानलाभ, शुक्र में सौभाग्यलाभ और शनिवार में दीक्षा लेने से यश की हानि होती है।

दीक्षायां तिथिनिर्णयः

आगमकल्पद्रुमे—

प्रतिपदि कृता दीक्षा ज्ञाननाशकरी मता ।
द्वितीयायां भवेज्ज्ञानं तृतीयायां शुचिर्भवेत् ।।
चतुर्थ्यां वित्तनाशः स्यात् पञ्चम्यां बुद्धिवर्द्धनम् ।
षष्ठ्यां ज्ञानक्षयः सौख्यं लभते सप्तमीदिने ।।
अष्टम्यां बुद्धिनाशः स्यान्नवम्यां वपुषः क्षयः ।
दशम्यां राजसौभाग्यमेकादश्यां शुचिर्भवेत् ।
द्वादश्यां सर्वशुद्धिः स्यात् त्रयोदश्यां दरिद्रता ।।
तिर्यग्योनिश्चतुर्दश्यां हानिर्मासावसानके ।
पक्षान्ते धर्मवृद्धिः स्यादस्वाध्यायं विवर्जयेत् ।।

अस्वाध्यायमाह—

सन्ध्यागर्जितनिर्घोषभूकम्पोल्कानिपातनम् ।
एतानन्यांश्च दिवसान् श्रुत्युक्तान् परिवर्जयेत् ।।
द्वितीया पञ्चमी चैव षष्ठी चैव विशेषतः ।
द्वादश्यामपि कर्त्तव्यं त्रयोदश्यामथापि वा ।।

इति यत् षष्ठीत्रयोदशविधानं तद्विष्णुविषयं रामार्चनचन्द्रिकाधृतत्वात्।

पञ्चमी सप्तमी षष्ठी द्वितीया पूर्णिमा तथा ।
त्रयोदशी च दशमी प्रशस्ता सर्वकमदा ॥

इति सनत्कुमारवचनात् षष्ठीविधानमपि। शिवविषये दशमीसप्तम्योर्निषेधमाह—

शुक्लपक्षस्य दशमी सप्तमी च विशेषतः ।
निन्द्या सदैव षष्ठी स्यादिति शैवागमान्तरे ॥

दीक्षा की तिथि—आगमकल्पद्रुम के अनुसार प्रतिपदा में दीक्षा लेने से ज्ञान का नाश, द्वितीया में ज्ञान का लाभ, तृतीया में पवित्रता, चतुर्थी में धन का नाश, पञ्चमी में बुद्धि की वृद्धि, षष्ठी में ज्ञान का क्षय, सप्तमी में सुख, अष्टमी में बुद्धि का नाश, नवमी में देह का क्षय, दशमी में राज्यप्राप्ति का सौभाग्य, एकादशी में पवित्रता का लाभ, द्वादशी में सर्वशुद्धि, त्रयोदशी में दरिद्रता, चतुर्दशी में तिर्यक् योनित्व की प्राप्ति एवं अमावस्या में दीक्षा लेने से अनिष्ट होता है। पूर्णिमा में धर्मबुद्धि होती है; परन्तु सन्ध्यागर्जन, जलदगर्जन, भूकम्प, उल्कापात जिस दिन हो और जो दिन श्रुति में निषिद्ध बताये गये हैं, उसमें दीक्षा न ग्रहण करे।

रामार्चनचन्द्रिका के अनुसार पञ्चमी, सप्तमी, षष्ठी, द्वितीया, पूर्णिमा, त्रयोदशी और दशमी—ये सभी तिथियाँ दीक्षा के लिये प्रशस्त और सर्वकामप्रद हैं। इनमें केवल विष्णुमन्त्र ग्रहण करे।

सनत्कुमारतन्त्र के अनुसार षष्ठी में शिवमन्त्र ग्रहण करने में दोष नहीं है। शैवागम के वचनानुसार शुक्ल पक्ष की द्वादशी, सप्तमी और षष्ठी निन्दनीय है।

दीक्षायां नक्षत्रनिर्णयः

अश्विन्यां सुखमाप्नोति भरण्यां मरणं ध्रुवम् ।
कृत्तिकायां भवेद्दुःखी रोहिण्यां वाक्पतिर्भवेत् ॥
मृगशीर्षे सुखावाप्तिरार्द्रायां बन्धुनाशनम् ।
पुनर्वसौ धनाढ्यः स्यात् पुष्ये शत्रुविनाशनम् ॥
अश्लेषायां भवेन्मृत्युर्मघायां दुःखमोचनम् ।
सौन्दर्यं पूर्वफल्गुन्यां प्राप्नोति च न संशयः ॥
ज्ञानञ्चोत्तरफल्गुन्यां हस्तायाञ्च धनी भवेत् ।
चित्रायां ज्ञानसिद्धिः स्यात् स्वात्यां शत्रुविनाशनम् ॥
विशाखायां सुखं चानुराधायां बन्धुवर्द्धनम् ।
ज्येष्ठायां सुतहानिः स्यान्मूलायां कीर्त्तिवर्द्धनम् ॥
पूर्वाषाढोत्तराषाढे भवेतां कीर्त्तिदायिके ।
श्रवणायां भवेद्दुःखी धनिष्ठायां दरिद्रता ॥

बुद्धिः शतभिषायां स्यात्पूर्वभाद्रे सुखी भवेत् ।
सौख्यञ्चोत्तरभाद्रे च रेवत्यां कीर्त्तिवर्द्धनम् ।।

आर्द्राकृत्तिकयोर्निषेधस्तु शिववह्नीतरविषये; तथा च—

आर्द्रायां कृत्तिकायाञ्च मन्त्रारम्भः प्रशस्यते ।
यदीशस्य कृशानोर्वा मन्त्रारम्भो यथाक्रमम् ।।

तन्त्रान्तरे—

अश्विनी-भरणी-स्वाती-विशाखाहस्तभेषु च ।
ज्येष्ठोत्तरात्रयेष्वेवं कुर्यान्मन्त्राभिषेचनम् ।।

इति ज्येष्ठाभरण्योर्यद्विधानं तद्रामविषयमगस्त्यसंहितोक्तत्वात् ।

दीक्षा में नक्षत्रनिर्णय—अश्विनी नक्षत्र में दीक्षा लेने से सुख, भरणी में मृत्यु, कृत्तिका में दुःख, रोहणी में वाक्पतित्व, मृगसिरा में सुखप्राप्ति, आर्द्रा में बन्धुनाश, पुनर्वसु में धन-सम्पत्तिप्राप्ति, पुष्य में शत्रुनाश, आश्लेषा में मृत्यु, मघा में दुःखनाश और पूर्वाफाल्गुनी में सौन्दर्यलाभ होता है।

इसी प्रकार उत्तराफाल्गुनी में दीक्षा लेने से ज्ञानप्राप्ति, हस्त में धनप्राप्ति, स्वाती में शत्रुनाश, विशाखा में सुखप्राप्ति, अनुराधा में बन्धुवृद्धि, ज्येष्ठा में सुतहानि, मूल में कीर्तिवृद्धि, पूर्वाषाढ और उत्तराषाढ में कीर्ति-प्राप्ति, श्रवण में दुःख, धनिष्ठा में दरिद्रता, शतभिषा में ज्ञान, पूर्वभाद्र में सुख और रेवती में कीर्तिलाभ होता है; किन्तु शिव और वह्निमन्त्र लेने में आर्द्रा और कृत्तिका दोषावह नहीं होते।

आर्द्रा और कृत्तिका में मन्त्रारम्भ प्रशस्त होता है। यदि इन दोनों नक्षत्रों में शिव और अग्निमन्त्र को ग्रहण किया जाय तो उसमें कोई दोष नहीं होता।

तन्त्रान्तर-वचनानुसार अश्विनी, भरणी, स्वाती, विशाखा, हस्त, ज्येष्ठा और तीनों उत्तरा में मन्त्राभिषेक करने में कोई दोष नहीं है।

अगस्त्यसंहिता के अनुसार ज्येष्ठा और भरणी नक्षत्र में राममन्त्र ग्रहण करने मे कोई दोष नहीं है। इन नक्षत्रों में राममन्त्र ग्रहण किये जा सकते हैं।

योगनिर्णयः

विश्वसारे—

शुभः सिद्धस्तथायुष्मान् ध्रुवयोगस्ततः परम् ।
प्रीतिः सौभाग्ययोगश्च बुद्धियोगस्ततः परम् ।
हर्षणश्च तथा योगः सर्वतन्त्रे शुभावहाः ।।

रत्नावल्याम्—

योगाः स्युः प्रीतिरायुष्मान्सौभाग्यः शोभनो धृतिः।
बुद्धिर्ध्रुवः सुकर्मा च साध्यः शुक्रश्च हर्षणः।
वरीयांश्च शिवः सिद्धो ब्रह्म ऐन्द्रश्च षोडश ॥

दीक्षा में योगनिर्णय—विश्वसारतन्त्र के अनुसार दीक्षा के लिये शुभ योग सिद्ध, आयुष्मान, ध्रुव, प्रीति, सौभाग्य, बुद्धि और हर्षण हैं। रत्नावलीतन्त्र के अनुसार १६ योग प्रशस्त हैं। उनमें १ प्रीति, २ आयुष्मान, ३ शोभन, ४ धृति, ५ वृद्धि, ६ ध्रुव, ७ सुकर्मा, ८ साध्य, ९ शुक्र, १० हर्षण, ११ वरीयान, १२ शिव, १३ ब्रह्म, १४ सिद्ध, १५ सौभाग्य, १६ इन्द्र श्रेष्ठ हैं।

करणनिर्णयः

वव-बालव-कौलव-तैतिला वणिजस्तदनन्तरम्।
करणानि शुभान्येव सर्वतन्त्रेषु भाषितम् ॥

दीक्षा के लिय करण—दीक्षा के लिये शुभ करण ५ हैं; जो १ वव, २ वालव, ३ कौलव, ४ तैतिल, ५ वणिज हैं।

लग्ननिर्णयः

वृषे सिंहे च कन्यायां धनुर्मीनाख्यलग्नके।
चन्द्रतारानुकूले च कुर्याद्दीक्षाप्रवर्त्तनम् ॥

तथा—

स्थिरलग्नं विष्णुमन्त्रे शिवमन्त्रे चरः शुभम्।
द्विस्वभावस्थितं लग्नं शक्तिमन्त्रे प्रशस्यते ॥

अगस्त्यसंहितायाम्—

त्रिषडायगताः पापाः शुभाः केन्द्रत्रिकोणगाः।
दीक्षायास्तु शुभाः सर्वे वक्रस्थाः सर्वनाशकाः ॥

दीक्षा-लग्न—वृष, सिंह, कन्या, धनु, मीन लग्न में चन्द्र-तारा के अनुकूल होने पर दीक्षा होनी चाहिये। विष्णुमन्त्र के सम्बन्ध में स्थिर लग्न अर्थात् वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ प्रशस्त है। शिवमन्त्र के लिये चर लग्न; यथा—मेष, कर्क, तुला और मकर श्रेष्ठ हैं। शक्तिमन्त्र के लिये द्वयात्मक लग्न अर्थात् मिथुन, कन्या, धनु, मीन शुभ हैं।

अगस्त्यसंहिता के अनुसार लग्न से तृतीय, षष्ठ और एकादश स्थान में पापग्रह तथा लग्न, चतुर्थ, सप्तम, दशम, नवम और पञ्चम स्थान में शुभग्रह होने पर मन्त्र लेना चाहिये; किन्तु वक्री ग्रह दीक्षा के लिये अनिष्टकारी हैं।

पक्षनिर्णयः

शुक्लपक्षे शुभा दीक्षा कृष्णेऽप्यापञ्चमाद्दिनात् ।

अगस्त्यसंहितायाम्—

शुक्लपक्षे तु कृष्णे वा दीक्षा सर्वत्र शोभना ।

कालोत्तरे तु—भूतिकामैः सिते सदा मुक्तिकामैः कृष्णपक्षे इति शेषः। निषिद्धमासेषु तत्तद्विशेषो मुनिभिरुदितः। रत्नावल्याम्—

षष्ठी भाद्रपदे मासि दर्शे कृष्णाचतुर्दशी ।
कार्त्तिके नवमी शुक्ला मार्गे शुक्ला तृतीयका ॥
पौषे तु नवमी शुक्ला माघे शुक्ला चतुर्थिका ।
फाल्गुने नवमी शुक्ला चैत्रे कामचतुर्दशी ॥

त्रयोदशीति केचित् ।

वैशाखे चाक्षया चैव ज्येष्ठे दशहरा तिथिः ।
आषाढे पञ्चमी शुक्ला श्रावणे कृष्णपञ्चमी ॥
एतानि देवपर्वाणि तीर्थकोटिफलं लभेत् ।
अत्र दीक्षा प्रकर्तव्या न मासञ्च परीक्षयेत् ॥
न वारं न च नक्षत्रं न तिथ्यादिकदूषणम् ।
न योगकरणञ्चैव शङ्करेण च भाषितम् ॥

अन्यच्च मतम्—

चैत्रे त्रयोदशी शुक्ला वैशाखैकादशी सिता ।
ज्येष्ठे चतुर्दशी कृष्णा आषाढे नागपञ्चमी ॥
श्रावणैकादशी भाद्रे रोहिणीसहिताष्टमी ।
आश्विने च महापुण्या महाष्टम्यप्यभीष्टदा ॥
कार्त्तिके नवमी शुक्ला मार्गशीर्षे तथा सिता ।
षष्ठी चतुर्दशी पौषे माघेऽप्येकादशी सिता ।
फाल्गुने च सिता षष्ठी चेति कालविनिर्णयः ॥

दीक्षापक्ष—शुक्ल पक्ष की दीक्षा शुभ होती है और कृष्ण पक्ष में पञ्चमी तक दीक्षा ग्राह्य है। अगस्त्यसंहिता के अनुसार शुक्ल या कृष्ण पक्ष दोनों में दीक्षा शुभ होती है। कालोत्तरतन्त्र के अनुसार सम्पत्ति की कामना से शुक्ल पक्ष की और मुक्ति की कामना से कृष्ण पक्ष की दीक्षा प्रशस्त होती है।

रत्नावलीतन्त्र के मत से भाद्रमास की षष्ठी, आश्विन की कृष्णचर्तुदशी, कार्तिक की शुक्ला नवमी, मार्गशीर्ष की तृतीया, पौष की शुक्ला नवमी, माघ की शुक्ला चतुर्थी,

फाल्गुन की शुक्ला नवमी, चैत्र की कामचर्तुदशी, वैशाख की अक्षय तृतीया, ज्येष्ठ का दशहरा, आषाढ़ की शुक्ला पञ्चमी और श्रावण की कृष्ण पञ्चमी में मन्त्र लेना तीर्थस्थान की दीक्षा के समान कोटिगुना फलदायी होता है।

इन देवपर्वों में मास, तिथि, वार, योग, करण और नक्षत्रादि का कोई विचार करना अपेक्षित नहीं है।

अन्य मत से चैत्र शुक्ला त्रयोदशी, वैशाख शुक्ला एकादशी, ज्येष्ठ चतुर्दशी कृष्ण, आषाढ़ की नागपञ्चमी, श्रावण की एकादशी, भाद्र की रोहिणीयुक्ता अष्टमी, आश्विन की महापुण्यदा इष्टदा महाष्टमी, कार्तिक शुक्ला नवमी, मार्गशीर्ष शुक्ला षष्ठी, पौष की शुक्ला चतुर्दशी, माघ शुक्ला एकादशी एवं फाल्गुन शुक्ला षष्ठी में कालगणना आवश्यक नहीं है।

योगिनीतन्त्रे—

अयने विषुवे चैव ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः।
रविसंक्रान्तिदिवसे युगाद्यायां सुरेश्वरि॥
मन्वन्तरासु सर्वासु महापूजादिनेषु च।
चतुर्थी पञ्चमी चैव चतुर्दश्यष्टमी तथा।
तिथयः शुभदाः प्रोक्ता दीक्षाग्रहणकर्मणि॥

इत्यादिवचनाच्चतुर्दश्यष्टमीति शक्तिविषयम्। चतुर्थीति गणेशविषयं तत्तत्कल्पोक्तत्वात्।

निन्दितेष्वपि मासेषु दीक्षोक्ता ग्रहणे शुभा।
सूर्यग्रहणकालस्य समानो नास्ति भूतले॥
विशेषतो महादेवि दीक्षाग्रहणकर्मणि।
तत्र यद्यत्कृतं सर्वमनन्तफलदं भवेत्॥
रविसंक्रमणे चैव सूर्यस्य ग्रहणे तथा।
तत्र लग्नादिकं किञ्चिन्न विचार्यं कथञ्चन।
रविसंक्रमणे चैव नान्यदन्वेषितं भवेत्।
न वारतिथिमासादिशोधनं सूर्यपर्वणि॥

एवं चन्द्रग्रहणेऽपि। तथा च रुद्रयामले—

न कुर्यात् शाक्तिकीं दीक्षामुपरागे विभावसौ।
न कुर्याद्वैष्णवीं तान्तु यदि चन्द्रमसो ग्रहः॥

एतच्च गोपाल-श्रीविद्येतरविषयम्।

अन्येषु पर्वयोगेषु ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः ।

इति गौतमीयात् ।

प्रशस्ता सकला दीक्षा स्व-स्ववारे तदा भवेत् ।
सूर्यग्रहणकाले तु नान्यदन्वेषितं भवेत् ॥

इति योगिनीहृदयाच्च। तारादौ तु विशेषो यथा—

दीक्षाकालं प्रवक्ष्यामि नीलतन्त्रानुसारतः ।
कृष्णपक्षस्य चाष्टम्यां शुभे लग्ने शुभे क्षणे ॥
पूर्वभाद्रपदायुग्मे मित्रतारादिसंयुते ।
अथवाप्यनुराधायां रेवत्यां वा प्रशस्यते ॥
जानीयाच्छोभनं कालं मन्त्रस्य ग्रहणं प्रति ।
ईषे चैव विशेषेण कार्त्तिके च विशेषतः ॥

योगिनीतन्त्र के मत से उत्तरायण और दक्षिणायनादि संक्रांति, चन्द्र-सूर्यग्रहण, युगाद्या और मन्वन्तरा तिथि तथा पूजा के दिनों में दीक्षाकार्य प्रशस्त होता है। निन्दित मास में भी सूर्यग्रहण यदि हो तो उस समय दीक्षा लेना श्रेष्ठ होता है। सूर्य और चन्द्रग्रहण के समय दीक्षा लेने में लग्नादि का कोई विचार नहीं करना पड़ता। सूर्यग्रहण काल के समान कोई दूसरा समय भूतल पर नहीं है। यह दीक्षा के लिये सर्वोत्तम है। ग्रहणकाल में जो जपादि होता है, वह फलप्रद होता है। इसी के समान चन्द्रग्रहण के समय भी दीक्षा का फल होता है।

रुद्रयामल के मत से सूर्यग्रहणकाल में शक्तिदीक्षा और चन्द्रग्रहणकाल में विष्णु-दीक्षा निषिद्ध है। यह निषेध श्रीविद्या और गोपाल को छोड़कर अन्य देवताओं के सम्बन्ध में लागू होता है। गौतमीतन्त्र के अनुसार सभी दीक्षा अपने-अपने वारों में प्रशस्त हैं।

तारामन्त्र की दीक्षा में विशेषता है। नीलतन्त्र के अनुसार तारामन्त्र की दीक्षा के विषय में कृष्णाष्टमी तिथि, शुभ लग्न, पूर्वभाद्रपद नक्षत्र और मित्र तारा को शुभ माना जाता है। तारामन्त्र के लिये अनुराधा और रेवती नक्षत्र तथा आश्विन और कार्तिक मास विशेष प्रशस्त हैं। मन्त्र-ग्रहण शुभकाल में करना चाहिये।

सूर्यग्रहणे विशेषमाह रत्नावलीधृतयामले—

श्रीपरा-कालिबीजानि लोपादौर्गश्च यो मनुः ।
सूर्यस्य ग्रहणे लब्धो नृणां मुक्तिफलप्रदः ॥
अमावस्या सोमवारे भौमवारे चतुर्दशी ।
सप्तमी रविवारे च सूर्यपर्वशतैः समाः ॥

कुलार्णवे—

सप्तमी रविवारे च सोमे दर्शस्तथैव च ।
चतुर्थी कुजवारे च अष्टमी च वृहस्पतौ ।
देवपर्वसमा ज्ञेया तासु दीक्षां समाचरेत् ॥

यामले—

पुण्यतीर्थे कुरुक्षेत्रे देवीपीठचतुष्टये ।
प्रयागे श्रीगिरौ काश्यां कालाकालं न शोधयेत् ॥

विष्णुयामले—

देवीबोधं समारभ्य यावत् स्यान्नवमी तिथिः ।
कृता तासु बुधैर्दीक्षा सर्वाभीष्टफलप्रदा ॥
शुक्लपक्षे विशेषेण तत्रापि तिथिरष्टमी ।
तत्रापि शारदी दुर्गा यत्र देवी गृहे गृहे ।
तत्र दीक्षा प्रकर्त्तव्या मासर्क्षादीन् न शोधयेत् ॥

तथा—

बोधने चैव दुर्गायाः कालाकालं न शोधयेत् ।
अशोकाख्याष्टमी यत्र रामाख्या नवमी तथा ॥
लग्ने वाप्यथवाऽलग्ने यत्र तत्र तिथावपि ।
गुरोराज्ञानुरूपेण दीक्षा कार्या विशेषतः ।
चतुर्थ्यङ्गारवारे च दिवसे त्रिदिवस्पृशि ।
तत्र लग्नादिकं किञ्चिन्न विचार्यं कथञ्चन ॥

समयातन्त्रे—

युगाद्यायां जन्मदिने विवाहदिवसे तथा ।
विषुवायनयोर्द्वन्द्वे नैव किञ्चिद्विचारयेत् ॥

तथा—

शिष्यानाहूय गुरुणा कृपया यदि दीयते ।
तदा लग्नादिकं किञ्चिन्न विचार्यं कदाचन ॥
सर्वे वारा ग्रहाः सर्वे नक्षत्राणि च राशयः ।
यस्मिन्नहनि मन्त्रज्ञो गुरुः सर्वे शुभावहाः ॥

योगिनीतन्त्रे—

ग्रहणे च महातीर्थे नास्ति कालस्य निर्णयः ॥

यामल के अनुसार सूर्यग्रहण के समय 'श्रीं' 'ह्रीं' 'क्लीं' मन्त्र, लोपामन्त्र और दुर्गामन्त्र ग्रहण करने से मोक्ष-लाभ होता है। सोमवारी अमावस्या, भौमवारी चतुर्दशी, रविवार की सप्तमी में मन्त्र-ग्रहण का फल सौ सूर्यपर्वों के समान होता है।

कुलार्णवतन्त्र का मत है कि रविवार में सप्तमी, सोमवार में अमावस्या, मंगलवार में चतुर्थी और बृहस्पतिवार में अष्टमी तिथि देवपर्व के समान होती है। अत: इसमें दीक्षा ग्रहण करना चाहिये।

रुद्रयामल के अनुसार पुण्यक्षेत्र, कुरुक्षेत्र, चारो देवीपीठ, प्रयाग, श्रीशैल और काशी में कालाकाल का विचार नहीं किया जाता है।

विष्णुयामल में लिखा है कि देवीबोधन के समय प्रतिपदा से नवमी तक की किसी भी तिथि में दीक्षा लेना अभीष्ट-प्रदायक होता है। यह काल शुक्ल पक्ष मे होना चाहिये और उसमें भी अष्टमी अतिविशिष्ट है। इसमें भी शारदीय नवरात्र सर्वश्रेष्ठ है, जिसमें दुर्गादेवी घर-घर में रहती हैं। इस समय दीक्षा लेने में मास-नक्षत्र आदि का विचार अनावश्यक है।

दुर्गाबोधन के समय कालाकाल-शोधन अपेक्षित नहीं है। अशोकाष्टमी, रामनवमी, लग्न या विना लग्न के जिस किसी तिथि में गुरु-आज्ञारूप में दीक्षाकार्य होना चाहिये। भौमवारी चतुर्थी से लेकर अगले तीन दिनों तक दीक्षा के लिये लग्नादि का विचार कदापि नहीं करना चाहिये।

समयातन्त्र के अनुसार युगादि तिथि, जन्मदिवस, विवाहदिवस, दोनों विषुवायनों अर्थात् उत्तरायन-दक्षिणायन में कुछ भी विचारणीय नहीं है। समयातन्त्र में लिखा है कि गुरुदेव शिष्य को बुलाकर कृपापूर्वक स्वेच्छा से जब भी मन्त्र प्रदान करें, तब लग्नादि के विचार की अपेक्षा नहीं रहती। ऐसे समय में वार-ग्रह-नक्षत्र और राशि आदि सभी शुभदायक हो जाते हैं। योगिनीतन्त्र के अनुसार ग्रहण-काल और महातीर्थ में काल-निर्णय आवश्यक नहीं है।

अथ वक्ष्यामि दीक्षाया: स्थानं तन्त्रानुसारत: ।
गोशालायां गुरोर्गेहे देवागारे च कानने ।
पुण्यक्षेत्रे तथोद्याने नदीतीरे च मन्त्रवित् ।।
धात्री बिल्वसमीपे च पर्वताग्रे गुहासु च ।
गङ्गायास्तु तटे वापि कोटिकोटिगुणं भवेत् ।।

निषिद्धस्थानमाह—

गयायां भास्करक्षेत्रे विरजे चन्द्रपर्वते ।
चटुले च मतङ्गे च तथा कन्याश्रमेषु च ।

न गृह्णीयात्ततो दीक्षां तीर्थेष्वेतेषु पार्वति ॥

वाराहीतन्त्रे—

शुक्रोऽस्तो यदि वा वृद्धो गुर्वादित्यो भवेद्यदि ।
मेष-वृश्चिक-सिंहेषु तदा दोषो न विद्यते ॥

महाविद्यासु सर्वासु कालादिविचारो नास्ति; तदुक्तं मुण्डमालातन्त्रे—

कालादिशोधनं नास्ति न चामित्रादिदूषणम् ॥

दीक्षा-स्थान—गोशाला, गुरुगृह, देवमन्दिर, कानन, पुण्यक्षेत्र, उद्यान, नदी-तट, आमला और बिल्ववृक्ष के समीप, पर्वत के आगे, गह्वर और गंगातट में दीक्षा कोटिगुणा फल देती है। गया, भास्कर क्षेत्र, कोणार्क, विरजातीर्थ, चन्द्रशेखर पर्वत, चटगाँव, मातंगदेश और कामाख्या में दीक्षा निषिद्ध है।

वाराहीतन्त्र के अनुसार शुक्रास्त रहने पर, गुरु के वृद्ध होने पर भी मेष, वृश्चिक और सिंह लग्न में दीक्षा लेने में कोई दोष नहीं है।

मुण्डमालातन्त्र के अनुसार महाविद्याओं के मन्त्रग्रहण में कालादि और अरि-मित्रादि दोषों का विचार अपेक्षित नहीं है।

मालानिर्णयः

सनत्कुमारसंहितायां—

तर्जनी मध्यमानामा कनिष्ठा चेति ताः क्रमात् ।
तिस्रोऽङ्गुल्यस्त्रिपर्वाणो मध्यमा चैकपर्विका ।
पर्वद्वयं मध्यमायां मेरुत्वेनोपकल्पयेत् ॥

तत्र क्रममाह सनत्कुमारसंहितायाम्—

अनामा-मध्यमारभ्य कनिष्ठादित एव च ।
तर्जनीमूलपर्यन्तं दशपर्वसु सञ्जपेत् ॥

तथा—

अनामामूलमारभ्य कनिष्ठादित एव च ।
तर्जनीमध्यपर्यन्तमष्टपर्वसु सञ्जपेत् ॥

एतद्वचनन्तु अष्टोत्तरशतविषयं विष्णुविषयञ्च ।

माला-निर्णय—सनत्कुमारसंहिता के अनुसार तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठा के क्रम से जप करे। तीनों अंगुलियों के तीन पर्व और मध्यमा के एक पर्व से जप करना चाहिये। मध्यमा के दो पर्व को मेरु माने और उनका लंघन न करे। इसका क्रम इस प्रकार का है कि अनामिका के मध्य पर्व से लेकर कनिष्ठादि होते हुए तर्जनी के मूल तक दस

पर्वों में जप करे। विष्णुमन्त्र के जप में अनामिकामूल से प्रारम्भ करके कनिष्ठापर्वो पर होते हुए तर्जनी मध्य पर्व तक आठ पर्वो पर जप करे। यह एक सौ आठ मन्त्रजप से सम्बन्धित है। मुण्डमालातन्त्र में इसे ही करमाला बताया गया है। यदि अष्टोत्तर शत जप करना हो तो उक्त क्रम में सौ संख्या पूर्ण होने पर अनामा के मूल से प्रारम्भ करके कनिष्ठादि क्रम से तर्जनी के मध्य पर्व तक आठ पर्वो में जप करे। मध्यमा के शेष दो पर्वो को मेरु माने।

शक्तिविषये पुनः—

अनामिकात्रयं पर्व कनिष्ठा च त्रिपर्विका ।
मध्यमायाश्च त्रितयं तर्जनीमूलपर्वणि ।
तर्जन्यग्रे तथा मध्ये यो जपेत् स तु पापकृत् ।।

इति श्रीक्रमवचनात् ।

तथा हंसपारमेश्वरे—

पर्वत्रयमनामाया: परिवर्तेन वै क्रमात् ।
पर्वत्रयं मध्यमायास्तर्जन्येकं समाहरेत् ।।
पर्वद्वयञ्च तर्जन्या मेरुं तद्विद्धि पार्वति ।
शक्तिमाला समाख्याता सर्वतन्त्रप्रदीपिका ।।

तथा—

अनामामूलमारभ्य प्रादक्षिण्यक्रमेण च ।
मध्यमामूलपर्यन्तमष्टपर्वसु सञ्जपेत् ।।

इदमप्यष्टोत्तरशतादिविषयम् ।

शक्तिमन्त्र के जप में अनामिका का मध्य और मूल पर्व, कनिष्ठा के तीन पर्व, अनामा का अग्रपर्व, मध्यमा के तीन पर्व तथा तर्जनी का मूल पर्व—इन दश पर्वो का उपयोग करे; क्योंकि श्रीक्रम के वचनानुसार तर्जनी के अग्र और मध्य पर्व में शक्ति का मन्त्र जपने से पाप होता है। तर्जनी के दोनों पर्वो को इस दशा में मेरु माने।

हंसपारमेश्वरतन्त्र के अनुसार इसी को शक्तिमाला कहते हैं। अष्टोत्तरशत जप करते समय उक्त क्रम से शत संख्या पूर्ण होने पर अनामिका के मूल पर्व में आरम्भ करके कनिष्ठादि के क्रम में मध्यमा के मूल पर्व तक आठ जप करे।

श्रीविद्याविषये पुनः—

अनामामध्यमायाश्च मूलाग्रञ्च द्वयं द्वयम् ।
कनिष्ठायाश्च तर्जन्यास्त्रयं पर्व सुरेश्वरि ।।

अनामामध्यमायाश्च मेरुः स्याद्द्वितयं शुभम् ।
प्रादक्षिणक्रमाद्देवि जपेत्त्रिपुरसुन्दरीम् ।।

इति यामलवचनात् ।

कनिष्ठामूलमारभ्य प्रादक्षिण्यक्रमेण च ।
तर्जनीमूलपर्यन्तमष्टपर्वसु सञ्जपेत् ।।

इदमप्यष्टोत्तरशतविषयम् । मुण्डमालातन्त्रे—

अनामिकाद्वयं पर्व कनिष्ठादिक्रमेण तु ।
तर्जनीमूलपर्यन्तं करमाला प्रकीर्त्तिता ।।
अंगुलिर्न वियुञ्जीत किञ्चिदाकुञ्चिते तले ।
अङ्गुलीनां वियोगाच्च छिद्रे च स्रवते जपः ।।

अन्यत्रापि—

अङ्गुल्यग्रेषु यज्जप्तं यज्जप्तं मेरुलङ्घने ।
पर्वसन्धिषु यज्जप्तं तत्सर्वं निष्फलं भवेत् ।।
गणनाविधिमुल्लंघ्य यो जपेत्तज्जपं यतः ।
गृह्णन्ति राक्षसास्तेन गणयेत् सर्वथा बुधः ।।

विश्वसारे—

जपसंख्यां तु कर्त्तव्या नासंख्यातं जपेत्सुधीः ।
असंख्याकारकस्यास्य सर्वं भवति निष्फलम् ।।

तन्त्रे—

हृदये हस्तमारोप्य तिर्यक् कृत्वा कराङ्गुलीः ।
आच्छाद्य वाससा हस्तौ दक्षिणेन जपेत्सदा ।।

यामल के वचनानुसार श्रीविद्या के मन्त्रजप में अनामा, मध्यमा के मूल और अग्र—इन दो-दो पर्वों, कनिष्ठा के तीन पर्व और तर्जनी के तीन पर्व—कुल दश पर्वों पर जप करें। अनामा और मध्यमा के शेष दो पर्वों को मेरु माना जाता है। अष्टोत्तरशत जप करने के लिये उक्त क्रम से सौ संख्या पूरी करने पर कनिष्ठा के मूल से प्रारम्भ करके तर्जनी के मूल तक प्रदाक्षिणक्रम से आठ पर्वों पर आठ जप करे।

मुण्डमालातन्त्र के अनुसार अनामिका के दो पर्व कनिष्ठाक्रम से तर्जनी-मूलपर्यन्त जप को करमाला कहते हैं। जपकाल में अंगुलियों को अलग न रक्खे और हथेली को कुछ सिकोड़कर जप करे। अंगुलियों को अलग करके छिद्र रखते हुए जप करने से

जपफल की हानि होती है। इसी प्रकार अंगुली के अग्रभाग या मेरु का लंघन करते हुए पर्वसन्धियों में जो जप किया जाता है, वह निष्फल होता है। गणनाविधि का उल्लंघन करके जो जप होता है, उसका फल राक्षस हर लेते हैं; इसलिये विद्वानों को विधिपूर्वक जप करना चाहिये। यह विश्वसारतन्त्र का मत है। इसी के अनुसार जपसंख्या की गणना करते हुए जप करे। हृदय पर हाथ रखकर, अंगुलियों को कुछ सिकोड़कर और दोनों हाथों को वस्त्र से ढक कर दाहिने हाथ से जप करना चाहिये।

जपसंख्याधारणे निषिद्धानिषिद्धानि

नाक्षतैर्हस्तपर्वैर्वा न धान्यैर्न च पुष्पकैः ।
न चन्दनैर्मृत्तिकया जपसंख्या न कारयेत् ॥
लाक्षा-कुसीद-सिन्दूरं गोमयञ्च करीषकम् ।
विलोड्य गुलिकां कृत्वा जपसंख्यान्तु कारयेत् ॥

कुसीदं रक्तचन्दनं करीषं शुष्कगोमयभस्म। इदन्तु पुरश्चरणविषये ज्ञेयम्।

जपने यादृशी माला संख्यानेऽपि च तादृशी ।

जपसंख्या-धारणविधि—अक्षत, अंगुलियों के पर्व, धान्य, पुष्प, चन्दन और मिट्टी से जपसंख्या-धारण न करे। इसके लिये लाक्षा, रक्तचन्दन, सिन्दूर और शुष्क गोबर को एकत्र करके इनके चूर्ण से गोलियाँ बना ले। इन्हीं गोलियों से जपसंख्या को याद रक्खे। किसी-किसी मत से ये गोलियाँ पुरश्चरण जप में प्रयुक्त होती हैं। माला-जप में उसी माला से जपसंख्या याद रखनी चाहिये।

वर्णमाला

सनत्कुमारीये—

क्रमोत्क्रमगतैर्माला मातृकार्णैः क्षमेरुकैः ।
सविन्दुकैः साष्टवर्गैरन्तर्यजनकर्मणि ।
आदि कु चु टु तु पु यु शवोऽष्टौ प्रकीर्त्तिताः ॥

तत्रायमर्थः—अकारादिवर्णान् प्रत्येकं सविन्दुं कृत्वा अनुलोमविलोमक्रमेण शतं सञ्जप्य अकारादीनां वर्णानां कवर्गादीनाञ्चान्त्यवर्णं सानुस्वारं कृत्वा पूर्वमुच्चार्य पश्चात् मन्त्रजपः कर्त्तव्यः। अनेन प्रकारेणाष्टोत्तरशतसंख्यजपो भवति। अन्तर्यजन इत्युपलक्षणम्। तथा च—

सविन्दुं वर्णमुच्चार्य पश्चान्मन्त्रं जपेद्बुधः ।
अकारादिक्षकारान्तं विन्दुयुक्तं विभाव्य च ।
वर्णमाला समाख्याता अनुलोमविलोमिका ॥

इति नारदवचनात्। प्रकारान्तरं विशुद्धेश्वरे—

अनुलोमविलोमेन वर्गाष्टकविभेदतः ।
मन्त्रेणान्तरितान् वर्णान् वर्णेनान्तरितान् मनून् ।।
कुर्याद्वर्णमयीं मालां सर्वतन्त्रप्रकाशिनीम् ।
चरमार्णं मेरुरूपं लङ्घनं नैव कारयेत् ।।

तथा मालिनीविजये सूत्रनियमः—

अन्तर्विद्रुमभासमानभुजगीं सुप्तोत्थवर्णोज्ज्वलाम् ।
आरोह-प्रतिरोहतः शतमयीं वर्गाष्टकाष्टोत्तरम् ।।

अथ वैशम्पायनसंहितायाम्—

प्रलयानलतः पूर्वं रुद्ररूपेण मूर्त्तिना ।
उद्धृतं पृथिवीबीजमतोऽन्ते तं नियोजयेत् ।।
प्रलयोद्धरितं बीजं लकारमनलात् पुनः ।
द्विलकारविधावत्र पुनरन्ते नियोजयेत् ।।

एतेन लकारद्वयं ज्ञेयमिति।

वर्णमाला—सनत्कुमारीय तन्त्र में उक्त है कि अ से क्ष तक के वर्णों का नाम वर्णमाला है। इन इक्यावन वर्णों में से 'अ' से 'क्ष' तक पचास वर्ण हैं और 'क्ष' इस माला का मेरु है। इन सभी वर्णों में अनुस्वार लगा कर अनुलोम-विलोम क्रम में अर्थात् अ से ल तक और ल से अ तक जप करे। यही माला अन्तर्यजन में प्रशस्त है। वर्णमाला आठ वर्गों में विभक्त है; यथा—१. अवर्ग—अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः; इसमें १६ स्वर हैं। २. कवर्ग—क ख ग घ ङ; इसमें ५ व्यंजन हैं। ३. चवर्ग—च छ ज झ ञ; इसमें ५ व्यंजन हैं। ४. टवर्ग—ट ठ ड ढ ण; इसमें ५ व्यंजन हैं। ५. तवर्ग—त थ द ध न; इसमें ५ व्यंजनवर्ण हैं। ६. पवर्ग—प फ ब भ म; इसमें ५ वर्ण हैं। ७. यवर्ग—य र ल व; इसमें ४ वर्ण हैं। ८. शवर्ग—श ष स ह ल क्ष; इसमें ६ वर्ण हैं। इस माला में जप करने का क्रम यह है कि अकारादि वर्ग के प्रत्येक वर्ण में अनुस्वार लगाकर एक-एक वर्ण के बाद इष्टमन्त्र का एक-एक बार उच्चारण करते हुए जप करे। इस प्रकार १०८ बार जप करना चाहिये। अन्तर्यजन में ही नहीं; बाह्य पूजा में भी वर्णमाला से जप करना श्रेष्ठ है। पहले अं का उच्चारण करके मूल मन्त्र का उच्चारण करे। इसी प्रकार लं तक एक-एक वर्ण का अनुस्वारसहित उच्चारण करते हुए प्रत्येक वर्ण के बाद मूल मन्त्र का एक-एक बार जप करे। यही वर्णमाला-जप है। उदाहरणस्वरूप ह्रीं बीजमन्त्र का जप वर्णमाला पर इस प्रकार होगा—

१. अं ह्रीं अं
२. आं ह्रीं आं
३. इं ह्रीं इं
४. ईं ह्रीं ईं
५. उं ह्रीं उं
६. ऊं ह्रीं ऊं
७. ऋं ह्रीं ऋं
८. ॠं ह्रीं ॠं
९. लृं ह्रीं लृं
१०. लॄं ह्रीं लॄं
११. एं ह्रीं एं
१२. ऐं ह्रीं ऐं
१३. ओं ह्रीं ओं
१४. औं ह्रीं औं
१५. अं ह्रीं अं
१६. अः ह्रीं अः
१७. कं ह्रीं कं
१८. खं ह्रीं खं
१९. गं ह्रीं गं
२०. घं ह्रीं घं
२१. ङं ह्रीं ङं
२२. चं ह्रीं चं
२३. छं ह्रीं छं
२४. जं ह्रीं जं
२५. झं ह्रीं झं
२६. ञं ह्रीं ञं
२७. टं ह्रीं टं
२७. ठं ह्रीं ठं
२९. डं ह्रीं डं
३०. ढं ह्रीं ढं
३१. णं ह्रीं णं
३२. तं ह्रीं तं
३३. थं ह्रीं थं
३४. दं ह्रीं दं
३५. धं ह्रीं धं
३६. नं ह्रीं नं
३७. पं ह्रीं पं
३८. फं ह्रीं फं
३९. वं ह्रीं वं
४०. भं ह्रीं भं
४१. मं ह्रीं मं
४२. यं ह्रीं यं
४३. रं ह्रीं रं
४४. लं ह्रीं लं
४५. वं ह्रीं वं
४६. शं ह्रीं शं
४७. षं ह्रीं षं
४८. सं ह्रीं सं
४९. हं ह्रीं हं
५०. ळं ह्रीं ळं

क्षं सुमेरु

५१. ळं ह्रीं ळं
५२. हं ह्रीं हं
५३. सं ह्रीं सं
५४. षं ह्रीं षं
५५. शं ह्रीं शं
५६. वं ह्रीं वं
५७. लं ह्रीं लं
५८. रं ह्रीं रं
५९. यं ह्रीं यं
६०. मं ह्रीं मं
६१. भं ह्रीं भं
६२. बं ह्रीं बं
६३. फं ह्रीं फं
६४. पं ह्रीं पं
६५. नं ह्रीं नं
६६. धं ह्रीं धं
६७. दं ह्रीं दं
६८. थं ह्रीं थं
६९. तं ह्रीं तं
७०. णं ह्रीं णं
७१. ढं ह्रीं ढं
७२. डं ह्रीं डं
७३. ठं ह्रीं ठं
७४. टं ह्रीं टं
७५. ञं ह्रीं ञं
७६. झं ह्रीं झं
७७. जं ह्रीं जं
७८. छं ह्रीं छं
७९. चं ह्रीं चं
८०. ङं ह्रीं ङं
८१. घं ह्रीं घं
८२. गं ह्रीं गं
८३. खं ह्रीं खं
८४. कं ह्रीं कं
८५. अः ह्रीं अः
८६. अं ह्रीं अं
८७. औं ह्रीं औं
८८. ओं ह्रीं ओं
८९. ऐं ह्रीं ऐं
९०. एं ह्रीं एं
९१. लॄं ह्रीं लॄं
९२. लृं ह्रीं लृं
९३. ॠं ह्रीं ॠं
९४. ऋं ह्रीं ऋं
९५. ऊं ह्रीं ऊं
९६. उं ह्रीं उं
९७. ईं ह्रीं ईं
९८. इं ह्रीं इं
९९. आं ह्रीं आं
१००. अं ह्रीं अं
१०१. अं ह्रीं अं
१०२. कं ह्रीं कं
१०३. चं ह्रीं चं
१०४. टं ह्रीं टं
१०५. तं ह्रीं तं
१०६. पं ह्रीं पं
१०७. यं ह्रीं यं
१०८. शं ह्रीं शं

मालिनीविजयतन्त्र में इस वर्णमयी माला के सूत्र के सम्बन्ध में बताया गया है कि प्रवाल के समान प्रभावती सूत्ररूपा निद्रिता सर्पाकारा कुलकुण्डलिनी शक्ति ही वर्णमाला का सूत्र है। उसके आरोहण-अवरोहण से सौ संख्या होती है और अष्ट वर्गों के आदि वर्णों में आठ संख्या होती है। वैशम्पायनसंहिता में लिखा है कि रुद्ररूपी महादेव ने प्रलयाग्नि से पृथ्वी का उद्धार किया। अतएव प्रलयकाल में प्रलयाग्नि से उद्धृत उक्त लकार को लेकर वर्णमाला में दो ल विद्यमान हैं। इसी से वर्णमाला में ह के बाद ल का एक बार फिर से उच्चारण होता है।

मालायां मणिनिर्णयः

पद्मबीजादिभिर्माला बहिर्योगे शृणुष्व ताः ।
रुद्राक्ष-शङ्ख-पद्माक्ष-जीवपुत्रक-मौक्तिकैः ।।
स्फाटिकैर्मणिरत्नैश्च सौवर्णैर्विद्रुमैस्तथा ।
राजतैः कुशमूलैश्च गृहस्थस्याक्षमालिका ।।

माला की मणियाँ—बाह्य पूजा में पद्मबीजादि की माला प्रशस्त मानी गयी है। रुद्राक्ष-शंख, पद्म-बीज, जीवपुत्रिका, मुक्ता, स्फटिक, मणि, रत्न, स्वर्ण, प्रवाल, रौप्य और कुशमूल—इनमें से किसी एक की माला से गृहस्थ को जप करना चाहिये।

मालाफलम्

अङ्गुल्या गणनादेकं पर्वणाष्टगुणं भवेत् ।
पुत्रजीवैर्दशगुणं शतं शङ्खैः सहस्रकम् ।।
प्रवालैर्मणिरत्नैश्च दशसाहस्रिकं स्मृतम् ।
तदेव स्फाटिकैः प्रोक्तं मौक्तिकैर्लक्षमुच्यते ।।
पद्माक्षैर्दशलक्षं स्यात् सौवर्णैः कोटिरुच्यते ।
कुशग्रन्थ्या कोटिशतं रुद्राक्षैः स्यादनन्तकम् ।
सर्वैर्विरचिता माला नृणां मुक्तिफलप्रदा ।।

कालिकापुराणे—

रुद्राक्षैर्यदि जप्येत इन्द्राक्षैः स्फाटिकैस्तथा ।
नान्यन्मध्ये प्रयोक्तव्यं पुत्रजीवादिकञ्च यत् ।।
यद्यन्यत्तु प्रयुञ्जीत मालायां जपकर्मणि ।
तस्य कामञ्च मोक्षञ्च न ददाति प्रियङ्करी ।।

मुण्डमालायाम्—

श्मशानधुस्तूरैर्माला ज्ञेया धूमावतीविधौ ।
नराङ्गुल्यस्थिभिर्माला प्रथिता सर्वकामदा ।।

नाड्यो संग्रथनं कार्यं रक्तेन वाससा तथा ।
सदा गोप्या प्रयत्नेन जनन्या जारवत् प्रिये ॥

कामनाभेदे तु—

पद्माक्षैर्विहिता माला शत्रूणां नाशिनी मता ।
कुशग्रन्थिमयी माला सर्वपापप्रणाशिनी ॥
पुत्रजीवफलैः क्लृप्ता कुरुते पुत्रसम्पदम् ।
निर्मिता रौप्यमणिभिर्जपमालेप्सितप्रदा ।
प्रवालैर्विहिताः माला प्रयच्छेद्विपुलं धनम् ॥

मालाफल—अंगुलियों में गणना करते हुए जप करने से एकगुना फल मिलता है। अंगुली-पर्व में आठगुना, जीवपुत्रिका माला में दसगुना, शंखमाला में सौ गुना, प्रवालमाला में सहस्रगुना, मणि-रत्न और स्फटिकमाला में दश हजारगुना, मुक्तामाला में लाखगुना, पद्माक्षमाला में दस लाखगुना, वर्णमाला में करोड़गुना, कुशमूलमाला में सौ करोड़ और रुद्राक्षमाला में जप करने से अनन्त फल प्राप्त होता है। ये सभी मालायें मुक्तिदायिनी होती हैं।

कालिकापुराण में लिखा है कि रुद्राक्ष, इन्द्राक्ष और स्फटिक का जीवपुत्रिकादि किसी दूसरी माला से योग न करे; क्योंकि एकजातीय माला का अन्यजातीय माला से योग होने पर भगवती जपकर्ता के काम्य या मोक्षफल को प्रदान नहीं करती।

मुण्डमालातन्त्र में लिखा है कि धूमावती के सम्बन्ध में श्मशानधत्तूर की लकड़ी से बनी माला प्रशस्त है। नरांगुल्यस्थिमाला सर्वकामदा होती है।

नाड़ी का सूत्र या लाल धागा से माला गूँथनी चाहिये। इस माला को जननी के जार के समान सदैव गुप्त रखना चाहिये।

विभिन्न कामनाओं के लिये विभिन्न प्रकार की मालायें निर्दिष्ट हैं। यथा—शत्रुनाश के लिये पद्मबीजमाला, पापनाश के लिये कुशमूल की माला, पुत्रहेतु जीवपुत्रिका-माला, अभीष्टसिद्धि के लिये मणि-रौप्यमाला और विपुल धन के लिये प्रवालमाला।

भैरवीविद्यां तु वाराहीतन्त्रे—

सुवर्णमणिभिर्मालां स्फाटिकीं शङ्खनिर्मिताम् ।
प्रवालैरेव वा कुर्यात् पुत्रजीवं विवर्जयेत् ।
पद्माक्षञ्चैव रुद्राक्षं भद्राक्षञ्च विशेषतः ॥

त्रिपुरामन्त्रजपादौ तु रक्तचन्दनबीजादिभिरतिप्रशस्ता। तथा च तन्त्रे—

रक्तचन्दनमाला तु भोगमोक्षप्रदा भवेत् ।

तथा—

वैष्णवे तुलसीमाला गजदन्तैर्गणेश्वरे ॥
त्रिपुराया जपे शस्ता रुद्राक्षै रक्तचन्दनैः ॥

मुण्डमालायाम्—

महाशङ्खमयी माला नीलसारस्वते विधौ ॥

महाशङ्खस्तु तन्त्रे—

नृललाटास्थिखण्डेन रचिता जपमालिका ।
महाशङ्खमयी माला ताराविद्याजपे प्रिये ।
कर्णनेत्रान्तरस्थास्थि महाशङ्खः प्रकीर्त्तितः ॥

मणिनियमस्तु मुण्डमालायाम्—

अन्योन्यसमरूपाणि नातिस्थूलकृशानि च ।
कीटादिभिरदुष्टानि न जीर्णानि नवानि वै ॥

अथ गौतमीये—

पञ्चाशल्लिपिभिर्माला विहिता सर्वकर्मसु ।
अकारादिक्षकारान्ता अक्षमाला प्रकीर्त्तिता ॥
क्षार्णं मेरुमुखं तत्र कल्पयेन्मुनिसत्तम ।
अनया सर्वमन्त्राणां जपः सर्वसमृद्धिदः ॥

चामुण्डातन्त्रे—

नित्यं जपं करे कुर्यान्न तु काम्यमबोधनात् ।
जपमपि करे कुर्यान्मालाभावे तु सुन्दरि ॥

कामनाभेदे तु गौतमीये—

विशेषेणाक्षसूत्रस्य विधानमिह लक्ष्यते ।
पञ्चविंशतिभिर्मोक्षं त्रिशद्भिर्धनसिद्धये ।
सर्वार्थाः सप्तविंशत्या पञ्चदश्याभिचारिके ॥
पञ्चाशद्भिः काम्यसिद्धिः स्यात्तथा चतुरोत्तरैः ।
अष्टोत्तरशतैः सर्वसिद्धिरुक्ता मनीषिभिः ॥

वाराहीतन्त्र में भैरवी विद्या के बारे में लिखा है कि सोना, मणि, स्फटिक, शंख और प्रवालमाला श्रेष्ठ होती है। जीवपुत्रिकामाला त्याज्य है। पद्मबीज और रुद्राक्षमाला को विशेष प्रशस्त कहा गया है। त्रिपुरसुन्दरी के मन्त्रजप में रक्तचन्दनबीज की माला अतिश्रेष्ठ है। ये मालायें भोग-मोक्षदायिनी हैं। विष्णुमन्त्र में तुलसीमाला, गणेशमन्त्र में गजदन्तमाला

और त्रिपुरामन्त्र में रुद्राक्ष एवं रक्तचन्दनमाला प्रशस्त है। तारामन्त्र में महाशंखमयी माला प्रशस्त है।

महाशंख के सम्बन्ध में मुण्डमालातन्त्र में लिखा है कि मनुष्य की ललाटास्थि से बनी माला महाशंखमयी कहलाती है। कान और आँख के बीच की हड्डी का नाम महाशंख है। तारामन्त्र के जप में यह माला शुभदायिनी है।

मुण्डमालातन्त्र के अनुसार माला की मणियाँ चाहे किसी वस्तु की हों, पर सम होनी चाहिये। वे छोटी-बड़ी न हों। न बहुत बड़ी हों, न बहुत छोटी। कीड़ों से खायी या पुरानी न हों, उन्हें नवीन होना चाहिये। गौतमीयतन्त्र के अनुसार वर्णमाला से सभी प्रकार के मन्त्रजप में सफलता मिलती है।

चामुण्डातन्त्र के अनुसार नित्य जप करमाला में करना चाहिये। विशेष विधि न हो तो काम्य जप भी करमाला में करे। माला के अभाव में सभी काम्य जप करमाला में ही किये जाते हैं। मोक्ष के लिये २५, धन के लिये ३०, सर्वार्थसिद्धि के लिये २७, अभिचार के लिये १५, काम्य-सिद्धि के लिये ५४ और सर्वकार्यसिद्धि के लिये १०८ मणियों की माला श्रेष्ठ होती है।

आसनभेदा:

हंसमाहेश्वरे—

कम्बलं कोमलं कौशं दारवं कर्मसाधनम्।
शुक्लं वा यदि वा कृष्णं विशेषाद्रक्तकम्बलम्।
एतेषामासनं शुद्धं चर्मासनं सुरेश्वरि! ॥
लोम्नि चैव यदासीनस्तदा सर्वं विनश्यति।
लोमस्पर्शनमात्रेण सिद्धिहानिः प्रजायते ॥
काम्यार्थं कम्बलञ्चैव श्रेष्ठञ्च रक्तकम्बलम्।
कृष्णाजिने ज्ञानसिद्धिर्मोक्षः श्रीर्व्याघ्रचर्मणि ॥
कुशासने मन्त्रसिद्धिर्नात्र कार्या विचारणा।
धरण्यां दुःखसम्भूतिर्दौर्भाग्यं दारुजासने ॥
वंशासने दरिद्रः स्यात् पाषाणे व्याधिपीडनम्।
तृणासने यशोहानिः पल्लवे चित्तविभ्रमः।
जपध्यानतपोहानिं वस्त्रासनं करोति हि ॥

अतएव वस्त्रासनं केवलमेव विरुद्धं वस्त्रासनं रोगहरमित्यादिवचनेन विशिष्टस्य फलजनकत्वात्। चेलाजिनकुशोत्तरमिति भगवद्वचनाच्च। तथा च गौतमीये—

तथा मृद्वासने मन्त्री पटाजिनकुशोत्तरः। इति।

योगिनीहृदये—

नादीक्षितो विशेज्जातु कृष्णसाराजिने गृही।
विशेद्यतिर्वनस्थश्च ब्रह्मचारी च भिक्षुक: ॥

आगमकल्पद्रुमे—मेषव्याघ्रगजोष्ट्रऋक्षोरगत्वचस्तु षट्कर्मसु प्रत्येकं विहितासनानि।

आसन-प्रकार—हंसमाहेश्वर में लिखा है कि कोमल पद्मासन, कुशासन, दारु आसन और चर्मासन शुद्ध तथा कार्यसिद्धिदायक है। लोमयुक्त चर्मासन पर साधनादि करने से सारा कार्य नष्ट हो जाता है। काम्य कर्म में कम्बलासन और विशेषकर रक्तकम्बलासन श्रेष्ठ है। ज्ञानसिद्धि में कृष्णाजिन = काले मृग का चर्म, मोक्ष और श्रीकामना में व्याघ्रचर्मासन और मन्त्रसिद्धि में कुशासन प्रशस्त है। मृत्तिकासन अर्थात् भूमि पर बैठकर साधना करने से दु:ख, वंशासन से दारिद्र्य, पत्थर पर बैठकर साधना करने से रोग-पीड़ा, घास-फूस पर बैठकर जप करने से यश की हानि, पत्रासन = पत्ते पर बैठकर जप करने से चित्तवैकल्य प्राप्त होता है। वस्त्रासन से जप, ध्यान तथा तप की हानि होती है। कुशासन पर वस्त्र बिछाकर जप करने से रोग-निवारण होता है। अत: वस्त्रासन के विरुद्ध वस्त्रासन केवल रोगहर होने से विशिष्ट होता है। भगवत वचन के अनुसार चैलाजिन और कुशासन ही श्रेष्ठ है। गौतमीय तन्त्र के अनुसार मृत्तिकासन पटाजिन कुशोत्तर है।

योगिनीतन्त्र के अनुसार कृष्णाजिन पर अदीक्षित गृहस्थ को नहीं बैठना चाहिये अर्थात् दीक्षित गृहस्थ बैठ सकता है। इस पर केवल ब्रह्मचारी, वनवासी और भिक्षुक को ही बैठना चाहिये। आगमकल्पद्रुम के अनुसार मेष, व्याघ्र, गज, उष्ट्र और साँप के चर्मासन पर षट्कर्म में ही बैठना चाहिये।

मालासंस्कार:

यामले—

अप्रतिष्ठितमालाभिर्मन्त्रं जपति यो नर:।
सर्वं तन्निष्फलं विद्यात् क्रुद्धा भवति देवता ॥

सनत्कुमारे—

कार्पाससम्भवं सूत्रं धर्मकामार्थमोक्षदम्।
तच्च विप्रेन्द्रकन्याभिर्निर्मितञ्च सुशोभनम् ॥
श्वेतं रक्तं तथा कृष्णं पट्टसूत्रमथापि वा।
शान्तिवश्याभिचारेषु मोक्षैश्वर्यजयेषु च ॥
शुक्लं रक्तं तथा पीतं कृष्णं वर्णेषु च क्रमात्।
सर्वेषामेव वर्णानां रक्तं सर्वेप्सितप्रदम् ॥

त्रिगुणं त्रिगुणीकृत्य ग्रथयेत् शिल्पशास्त्रतः ।
मणिरत्नप्रमाणस्य सूत्रं कुर्याद्विचक्षणः ॥
एकैकं मातृकावर्णं सतारं प्रजपेत् सुधीः ।
मालामादाय सूत्रेण ग्रथयेन्मध्यमध्यतः ॥
ब्रह्मग्रथिं विधायेत्थं मेरुञ्च ग्रन्थिसंयुतम् ।
ग्रथयित्वा पुरो मालां ततः संस्कारमारभेत् ॥

कस्यचिन्मते मूलविद्यया ग्रथयेत्। तथा च एकवीराकल्पे—

मातृकावर्णतो ग्रन्थिं विद्यया वाथ कारयेत् ।
सुवर्णादिगुणैर्वापि ग्रथयेत् साधकोत्तमः ॥
ब्रह्मग्रन्थिं ततो दद्यान्नागपाशमथापि वा ।
कवचेनाथ बध्नीयान्मालां ध्यानपरायणः ॥
सर्वशेषं ततो मेरुं सूत्रद्वयसमन्वितम् ।
ग्रथयेत्तारयोगेन बध्नीयात् साधकोत्तमः ।
एवं निष्पाद्य देवेशि प्रतिष्ठाञ्च समाचरेत् ॥

गौतमीये—

मुखे मुखन्तु संयोज्य पुच्छे पुच्छं नियोजयेत् ।
गोपुच्छसदृशी माला यद्वा सर्पाकृतिः शुभा ॥

मुखपुच्छनियमस्तु छन्दःसारे—

रुद्राक्षस्योन्नतं प्रोक्तं मुखं पुच्छन्तु निम्नगम् ।
कमलाक्षस्य सूक्ष्मांशं सविन्दुद्वितयं मुखम् ॥
सविन्दुकस्य स्थूलांशं पुच्छं श्लक्ष्मिति स्मृतम् ।
एवं ज्ञात्वा मुखं पुच्छं रुद्राक्षाम्भोरुहा क्षयोः ।
तं सजातीयमेकाक्षं मेरुत्वेनाग्रतो न्यसेत् ॥
एकैकं मणिमादाय ब्रह्मग्रन्थिं प्रकल्पयेत् ।
एकैकं मातृकावर्णं ग्रथनादौ तु सञ्जपेत् ॥

ग्रन्थिनियमस्तत्रैव—

त्रिरावृत्तिग्रन्थिकेन तथार्द्धेन विधीयते ।
सार्द्धद्वयावर्त्तनेन ग्रन्थिं कुर्याद्यथा दृढम् ॥

इत्येताभ्यामिच्छाविकल्पः ।

कालिकापुराणे—

ब्रह्मग्रन्थियुतं कुर्यात् प्रतिबीजं यथास्थितम् ।
अथवा ग्रन्थिरहितं दृढ़रज्जुसमन्वितम् ।
एवं निर्माय मालां वै शोधयेन्मुनिसत्तम ॥

मालासंस्कार—यामल में लिखा है कि असंस्कृत माला में जप निष्फल होता है और देवता रुष्ट होते हैं। सनत्कुमारतन्त्र में लिखा है कि कपास के धागे में गूँथी माला से चतुर्वर्ग की सिद्धि होती है। यह धागा ब्राह्मणकुमारी द्वारा यदि बनाया गया हो तो और भी फलप्रद होता है। शान्तिकर्म में श्वेत वर्ण, वशीकरण में लाल वर्ण और मारणकार्य में काले रंग के सूत में माला गूँथनी चाहिये। कपास के सूत के बदले पट्टसूत्र से भी माला गूँथी जा सकती है। मुक्ति, ऐश्वर्य और जपादि कार्य में ब्राह्मण श्वेतवर्ण, क्षत्रिय लाल रंग, वैश्य पीले रंग और शूद्र काले रंग के धागे में माला गूँथे। अथवा लाल वर्ण के सूत में माला गूँथना सभी कार्यों में अभीष्ट फलदायक होता है।

सूत्र को तिगुना करके उसे पुन: त्रिगुणित करे। तब उससे शास्त्रानुसार माला गूँथे। जैसी मणि हो, उसी के अनुरूप सूत्र भी होना चाहिये। प्रणव और अकारादि एक-एक वर्ण (ॐ अं ॐ आं इत्यादि) का उच्चारण करते हुए माला गूँथे। बीच-बीच में ब्रह्मग्रन्थि देता जाय। मेरुस्थान को भी ग्रन्थिबद्ध करना चाहिये। इस प्रकार माला गूँथकर उसका संस्कार करे। किसी मत में मूल विद्या को जपते हुए माला गूँथनी चाहिये।

एकवीराकल्प में लिखा है कि मातृका वर्ण या मूल मन्त्र से माला गूँथे। ध्यान-परायण होकर दोनों सूत्रों को एकत्र करके हूँ मन्त्र से उसके दोनों छोरों को बाँधे। अन्त में दोनों सूत्रों को मिलाकर 'ॐ' से मेरु को बाँधे। तब प्रतिष्ठा करे।

गौतमीयतन्त्र में लिखा है कि मणियों के मुख में मुख और पूँछ में पूँछ मिलाते हुए गोपुच्छ या सर्पाकृति के समान माला का ग्रथन करे।

छन्दसार में मुख और पुच्छ के सम्बन्ध में लिखा है कि रुद्राक्ष का उन्नत भाग मुख और निम्न भाग पूँछ, पद्मबीज का दो बिन्दुओं से युक्त सूक्ष्म भाग मुख और एक बिन्दु वाला स्थूल भाग पुच्छ है। इस प्रकार रुद्राक्ष और पद्माक्षादि के माला में मुख और पुच्छ स्थिर करके उन्हीं में से एक को मेरु बनाये। साढ़े तीन या अढ़ाई वेष्टन करके मजबूती से गाँठ लगावे। अपनी इच्छानुसार साधक को उक्त किसी एक विधि से माला बना लेनी चाहिये। कालिकापुराण में लिखा है कि प्रति मणि के बाद माला में ब्रह्मग्रन्थि देते हुए माला तैयार करे अथवा ग्रन्थिरहित दृढ़ धागे में माला को गूँथकर उसका शोधन करे।

अश्वत्थपत्रनवकैः पद्माकारन्तु कल्पयेत् ।
तन्मध्ये स्थापयेन्मालां मातृकामूलमुच्चरन् ।
क्षालयेत् पञ्चगव्येन सद्योजातेन सज्जलैः ॥

सद्योजातमन्त्रस्तु—

ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमः ।
भवे भवेनादिभवे भजस्व मां भवोद्भवाय वै नमः ।
चन्दनागुरुगन्धाद्यैर्वामदेवेन घर्षयेत् ।।

वामदेवमन्त्रस्तु—ॐ वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमो रुद्राय नमः कालाय नमः कलविकरणाय नमो बलविकरणाय नमो बलप्रमथनाय नमः सर्वभूतदमनाय नमो मनोन्मथनाय। धूपयेत्तामघोरेण। अघोरमन्त्रस्तु—

ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः सर्वतः सर्वसर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु रुद्ररूपेभ्यः।। लेपयेत्ततत्पुरुषेण तु। तत्पुरुषमन्त्रस्तु—

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।
मन्त्रयेत् पञ्चमेनैव प्रत्येकन्तु शतं शतम् ।
मेरुञ्च मन्त्रयेच्चैव मूलेन च शतं शतम् ।।

मुण्डमालायाम्—

पञ्चमेनैव मन्त्रेण प्रत्येकन्तु शतं शतम् ।
मेरुञ्च पञ्चमेनैव तथा मन्त्रेण मन्त्रयेत् ।।

प्रत्येकन्तु सकृत् सकृदिति वा। तत्रैव—

प्रत्येकं मन्त्रयेन्मन्त्री पञ्चमेन सकृत् सकृत् । इति ।

तथा च गौतमीये समुदायमालामधिकृत्य—पञ्चमेनैव सूक्तेन शतान्न्यूनेन मन्त्रयेदिति दर्शनान्मालायां वा शतजपः कार्यः। पञ्चमन्त्रस्तु—ॐ ईशानः सर्वविद्यानामीश्वरः सर्वभूतानां ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिः ब्रह्मा शिवो मेऽस्तु सदाशिवोम्। प्रत्येकन्तु सकृत् सकृदिति वा। तथा च तत्रैव—

प्रत्येकं मन्त्रयेन्मन्त्री पञ्चमेन सकृत् सकृत् ।
तत्रावाह्य यजेद्देवं यथाविभवविस्तरैः ।।

मालायाः प्राणप्रतिष्ठानन्तरं देवतां पूजयेत्। तथा च सनत्कुमारतन्त्रे—

संस्कृत्यैवं बुधो मालां तत्प्राणांस्तत्र योजयेत् ।
मूलमन्त्रेण तां मालां पूजयेद् द्विजसत्तमः ।।

वाराहीतन्त्रे—

माले माले महामाले सर्वतत्त्वस्वरूपिणि ।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव ।
मायाबीजादिकं कृत्वा रक्तपुष्पैः समर्चयेत् ।।

इति शक्तिविषयम्। विष्णुविषये तु यामले—

वाग्भवञ्च तथा लक्ष्मीमक्षादिमालिकां ततः ।
ङेऽन्तां हृदयवर्णान्तां मन्त्रेणानेन पूजयेत् ॥
मन्त्रयेन्मूलमन्त्रेण क्रमेणोत्क्रमयोगतः ।
तथैव मातृकावर्णैर्मन्त्रयेत्तन्तु मन्त्रवित् ॥

योगिनीहृदये—

होमकर्म ततः कुर्याद्देवताभावसिद्धये ।
अष्टोत्तरशतं हुत्वा सम्पाताज्यं विनिक्षिपेत् ॥
होमकर्मण्यशक्तश्चेद्द्विगुणं जपमाचरेत् ।
नान्यमन्त्रं जपेन्मन्त्री कम्पयेन्न विधूनयेत् ॥
कम्पनात् सिद्धिहानिः स्याद्धूननं बहुदुःखदम् ।
शब्दे जाते भवेद्रोगः करभ्रष्टो विनाशकृत् ॥
छिन्ने सूत्रे भवेन्मृत्युस्तस्माद्यत्नपरो भवेत् ।
जपान्ते कर्णदेशे वा उच्चदेशेऽथवा न्यसेत् ॥
ॐ त्वं माले सर्वदेवानां सर्वसिद्धिप्रदा मता ।
तेन सत्येन मे सिद्धिं देहि मातर्नमोऽस्तु ते ॥
इत्युक्त्वा परिपूज्याथ गोपयेद्यत्नतो गृही ॥

पीपल के नये पत्तों को पद्माकार बिछाकर मातृकामन्त्र और मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए उसके ऊपर माला रक्खे। निम्न सद्योजात मन्त्र से माला का प्रक्षालन करे—

ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमः।
भवे भवेनादिभवे भजस्व मां भवोद्भवाय नमः।।

इसके बाद निम्नलिखित वामदेवमन्त्र से माला में चन्दन, अगर और कपूर का लेप करे—

ॐ नमो वामदेवाय, नमो ज्येष्ठाय, नमो रुद्राय, नमः कालाय, नमः कलविकरणाय, नमः बलविकरणाय, नमो बलप्रमथनाथाय, नमः सर्वभूतदमनाय, नमो मनोन्मनाय।

निम्नलिखित अघोरमन्त्र से माला को धूपित करे—

ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः।
सर्वतः सर्वसर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु रुद्ररूपेभ्यः।।

निम्नलिखित तत्पुरुषमन्त्र से पुनः चन्दन का लेप लगावे—

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।

इसके बाद माला के प्रत्येक मनकों पर निम्नलिखित पञ्चम ईशान मन्त्र का सौ बार जप करे—

ॐ ईशान: सर्वविद्यानां ईश्वर: सर्वभूतानाम्।
ब्रह्माधिपति ब्रह्मणोऽधिपति ब्रह्मा शिवो मेऽस्तु सदाशिवोम्।।

मुण्डमालातन्त्र में लिखा है कि माला के प्रत्येक बीज पर और मेरु पर पञ्चम मन्त्र का सौ बार जप करे अर्थात् प्रत्येक बीज पर एक-एक बार जप करना होगा। इसके बाद माला में देवता का आवाहन करके प्राणप्रतिष्ठा करके यथाशक्ति पूजन करे। सनत्कुमारतन्त्र में लिखा है कि माला का संस्कार और प्राणप्रतिष्ठा करके मूल मन्त्र से उस माला की पूजा करे। वाराहीतन्त्र में लिखा है कि माला के ऊपरी भाग में मायाबीज ह्रीं लिख कर निम्न मन्त्र से रक्तपुष्प द्वारा माला की पूजा करे—

ह्रीं माले माले महामाले सर्वतत्त्वस्वरूपिणि।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव।।

यह विधि शक्तिविषय के लिये है।

विष्णुविषय के लिये यामल में लिखा है कि 'ऐं श्रीं अक्षमालिकायै नम:' मन्त्र से माला की पूजा करे। तदनन्तर अकारादि वर्ग के प्रत्येक वर्ण द्वारा मूल मन्त्र को पुटित करके उससे माला को अनुलोम-विलोमक्रम से अभिमन्त्रित करे।

योगिनीहृदयतन्त्र में लिखा है कि पूजा के बाद माला के देवत्व की कामना करते हुए अष्टोत्तर शत हवन करके हूत शेष घी को माला पर डाल दे। हवन करने में असमर्थ हो तो द्विगुण जप करे। जिस देवता के मन्त्र से माला की प्रतिष्ठा करे, उसके अतिरिक्त अन्य देवता के मन्त्र का जप उस माला से न करे। जपकाल में अपने शरीर या माला का हिलना-डुलना मना है। जापक के शरीर हिलने से सिद्धिहानि और माला के हिलने से बहुत दु:ख होता है। जपकाल में माला को इस प्रकार रक्खे कि न तो उसमें शब्द हो और न वह हाथ से स्खलित हो; क्योंकि शब्द होने से रोग और स्खलित होने से जपकर्ता का विनाश होता है। जपकाल में माला का सूत्र टूटने से जपकर्ता की मृत्यु होती है; अत: सतर्क रहना चाहिये। जप पूरा होने पर माला को अपने कान पर या किसी ऊँचे स्थान पर रक्खे। निम्न मन्त्र से माला की पूजा करके उसे यत्नपूर्वक छिपाकर रक्खे—

ॐ त्वं माले सर्वदेवानां सर्वसिद्धिप्रदा मता।
तेन सत्येन मे सिद्धिं देहि माले नमोऽस्तु ते।।

कामनाभेदे अंगुलीनियममाह गौतमीये—

तर्जन्यङ्गुष्ठयोगेन शत्रूच्चाटनकर्मणि।
अङ्गुष्ठमध्यमायोगात् सर्वसिद्धि: सुनिश्चिता ।।
अङ्गुष्ठानामिका योगादुच्चाटोच्छादने मते।

ज्येष्ठाकनिष्ठायोगेन शत्रूणां नाशनं मतम् ॥

वैशम्पायनसंहितायाम्—

अङ्गुष्ठमध्यमाभ्याञ्च चालयेन्मध्यमध्यतः ।
तर्जन्या न स्पृशेदेनां मुक्तिदो गणनक्रमः ॥
जीर्णे सूत्रे पुनः सूत्रं ग्रथयित्वा शतं जपेत् ।
प्रमादात् पतिता हस्तात् शतमष्टोत्तरं जपेत् ।
जपेन्निषिद्धसंस्पर्शे क्षालयित्वा यथोदितम् ॥

छिन्नेऽपि अष्टोत्तरशतजपः कार्यः। तदुक्तं कुब्जिकातन्त्रे—

छिन्ने सूत्रे पुनः सूत्रं ग्रथयित्वा शतं जपेत् । इति।

करभ्रष्ट-छिन्नयोस्तुल्यफलकत्वात्। प्रकारान्तरमागमकल्पद्रुमे—

भूतशुद्ध्यादिकां पूजां समाप्य तत्र पूजयेत् ।
गणेश-सूर्य-विष्ण्वीशान् दुर्गांश्चावाह्य मन्त्रवित् ॥
पञ्चगव्ये ततः क्षिप्त्वा हसौर्मन्त्रेण मन्त्रवित् ।
तस्मादुत्तोल्य तां मालां स्वर्णपात्रे निधाय च ॥
पयो - दधि - घृत - क्षौद्र - शर्कराद्यैरनुक्रमात् ।
तोयधूपान्तरैः कृत्वा पञ्चामृतविधिं बुधः ॥
क्रमादत्रैव संस्थाप्य स्नापयेत् शीतलैर्जलैः ॥
ततश्चन्दनगन्धेन कस्तूरी-कुङ्कुमादिभिः ।
तामालिप्य हसौर्मन्त्रमष्टोत्तरशतं जपेत् ॥
तस्यां नवग्रहांश्चैव दिक्पालांश्च प्रपूजयेत् ।
ततः सम्पूज्य च गुरुं गृह्णीयान्मालिकां शुभाम् ॥

कामनाभेद से अंगुली-निर्णय—कामनाभेद से अंगुली-नियम के सम्बन्ध में गौतमीय तन्त्र का वचन है कि शत्रु का उच्चाटन आदि करने में तर्जनी और अँगूठे द्वारा जप करे। अंगुष्ठ और मध्यमा से मन्त्रसिद्धि, अंगूठा और अनामिका से उच्चाटनादि और अंगूठा एवं कनिष्ठा से जप करने से शत्रुनाश होता है।

वैशम्पायनसंहिता में लिखा है कि अंगूठा और मध्यमा के द्वारा अनामा के मध्य पर्व पर जपमाला चलावे। माला का स्पर्श तर्जनी से नहीं होना चाहिये। इस प्रकार जप करने से मुक्तिलाभ होता है। माला का सूत्र पुराना होने पर उसे गूँथ कर मूल मन्त्र का सौ बार जप करे। प्रमादवश यदि जपकाल में हाथ से माला गिर पड़े तो उसे उठाकर पुनः एक सौ आठ बार जप करे। माला का अस्पृश्य वस्तुओं से स्पर्श होने पर उसे पञ्चगव्य से धोकर जप करे।

कुब्जिकातन्त्र में लिखा है कि माला टूटने पर उसे फिर गूँथकर १०८ बार जप करना चाहिये।

आगमकल्पद्रुम में लिखा है कि भूतशुद्ध्यादि कर माला में गणेश, सूर्य, विष्णु, महादेव और दुर्गा का आवाहन करके उनकी पूजा करे। अन्त में पञ्चगव्य में माला डालकर 'हसौः' मन्त्र का उच्चारण करते हुए उसे उसमें से निकाल कर स्वर्णपात्र में रक्खे और पञ्चामृत नियम से क्रमशः दूध, दही, घी, मधु, शक्कर तथा शीतल जल से उसका प्रक्षालन करे। फिर चन्दन, कस्तूरी, कुंकुम आदि का माला पर लेप करके 'हसौः' का १०८ बार जप करे। तब माला में नवग्रह, दश दिक्पाल और गुरुदेव की पूजा करके उस शुभ माला को ग्रहण करे।

पुरश्चरणम्

योगिनीहृदये—

गुरोराज्ञां समादाय शुद्धान्तःकरणो नरः।
ततः पुरस्क्रियां कुर्यान्मन्त्रसिद्धिप्रकाम्यया॥

तस्य नित्यतामाह—

जीवहीनो यथा देही सर्वकर्मसु न क्षमः।
पुरश्चरणहीनोऽपि तथा मन्त्रः प्रकीर्त्तितः॥
तस्मादादौ स्वयं कुर्याद्गुरुं वा कारयेद्बुधः।
गुरोरभावे विप्रं वा सर्वप्राणिहिते रतम्॥
स्निग्धं शास्त्रविदं मित्रं नानागुणसमन्वितम्।
स्त्रियं वा सगुणोपेतां सपुत्रां विनियोजयेत्॥

पुरश्चरण—योगिनीहृदय में लिखा है कि विशुद्धमना व्यक्ति गुरु के आदेश से मन्त्र-सिद्धि की कामना से पुरश्चरण अवश्य करे; क्योंकि जैसे जीवहीन देही कोई भी कर्म नहीं कर सकता, उसी प्रकार पुरश्चरणहीन मन्त्र सिद्धि नहीं दे सकता; अतएव साधक स्वयं पुरश्चरण करे या गुरु से कराए। गुरु के अभाव में शास्त्रवेत्ता, सर्वप्राणी-हितैषी और सद्गुणसम्पन्न ब्राह्मण से कराए। गुणशालिनी पुत्रवती स्त्रीगुरु से भी पुरश्चरण कराया जा सकता है।

पुरश्चरणे स्थाननिर्णयः

योगिनीहृदये—

आदौ पुरस्क्रियां कर्त्तुं स्थाननिर्णय उच्यते।
पुण्यक्षेत्रं नदीतीरं गुहां पर्वतमस्तकम्।
तीर्थप्रदेशाः सिन्धूनां सङ्गमः पावनं वनम्॥
उद्यानानि विविक्तानि बिल्वमूलं तटं गिरेः।

तुलसी-काननं गोष्ठं वृषशून्यं शिवालयम् ॥
अश्वत्थामलकीमूलं गोशाला जलमध्यतः ।
देवतायतनं कूलं समुद्रस्य निजालयम् ।
साधने च प्रशस्तानि स्थानान्येतानि मन्त्रिणाम् ॥
सूर्यस्याग्नेर्गुरोरिन्दोर्दीपस्य च जलस्य च ।
विप्राणाञ्च गवाञ्चैव सन्निधौ शस्यते जपः ।
अथवा निवसेत्तत्र यत्र चित्तं प्रसीदति ॥

तथा—

गृहे शतगुणं विद्याद्गोष्ठे लक्षगुणं भवेत् ।
कोटिर्देवालये पुण्यमनन्तं शिवसन्निधौ ॥

पुरश्चरणस्थान—योगिनीहृदय में लिखा है कि पुण्यक्षेत्र, नदीतट, गुहा, पर्वतशिखर, तीर्थ, सागरसंगम, तपोवन, निर्जन उपवन, विल्वमूल, तराई, तुलसी-कानन, वृषशून्य गोशाला स्थान, वृषशून्य शिवालय, पीपलमूल, आमलामूल, गोशाला, जलमध्यवर्ती स्थान, देवालय, समुद्रतट और अपना घर—ये सभी स्थान साधनकार्य में श्रेष्ठ हैं। सूर्य, अग्नि, गुरु, चन्द्र, प्रदीप, जल, ब्राह्मण और गाय के निकट जप करना शुभद होता है। जिस स्थान पर मन को प्रसन्नता का अनुभव हो, वहीं पुरश्चरण कर्म करे। अपने घर में जप करना सौगुना, गोष्ठ में लाखगुना, देवमन्दिर में कोटिगुना और शिवसान्निध्य में जप करना अनन्त फलदायक होता है।

ब्रह्मयामले—

जपमेकगुणं गेहे गोष्ठे दशगुणं स्मृतम् ।
वनान्तरे शतगुणं तडागे च सहस्रकम् ॥
नदीतीरे लक्षगुणं नगाग्रे कोटिसम्मितम् ।
शिवालये कोटिशतमनन्तं गुरुसन्निधौ ॥

तथा—

गृहे गोष्ठवनाराम-नदी-नग-शिवालये ।
गुरोर्वा सन्निधौ यत्र स जपः परमो मतः ॥
म्लेच्छ - दुष्ट - मृगव्याल - शङ्कातङ्कविवर्जिते ।
एकान्तपावने निन्दारहिते भक्तिसंयुते ॥
सुदेशे धार्मिके देशे सुभिक्षे निरुपद्रवे ।
रम्ये भक्तजनस्थाने निवसेत्तपसः प्रिये ॥
गुरूणां सन्निधाने च चित्तैकाग्रस्थले तथा ।

एषामन्यतमस्थानमाश्रित्य जपमाचरेत् ।
यत्र ग्रामे जपेन्मन्त्री तत्र कूर्मं विचिन्तयेत् ।।

गौतमीये—

पर्वते सिन्धुतीरे वा पुण्यारण्ये नदीतटे ।
यदि कुर्यात् पुरश्चर्यां तत्र कूर्मं न चिन्तयेत् ।
ग्रामे वा यदि वा राष्ट्रे गृहे तञ्च विचिन्तयेत् ।।

ब्रह्मयामल में लिखा है कि अपने घर में एकगुना, गोष्ठ में दशगुना, वन में शतगुना, तालाब में हजारगुना, नदीतट पर लाखगुना, पर्वताग्र पर कोटिगुना, शिवालय में सौ कोटिगुना और गुरु के पास जप करना अनन्त फलदायी है। म्लेच्छ वसतिस्थान और मृग-सर्पादि से युक्त स्थान को छोड़कर पवित्र, अनिन्द्य तथा मनोरम स्थान को भी ग्रहण किया जा सकता है। जिस स्थान पर जप करे, उसके सम्बन्ध में साधक कूर्मचक्र से विचार कर ले।

गौतमीय तन्त्र में लिखा है कि पर्वत, समुद्रतट, तपोवन और नदीतट के सम्बन्ध में कूर्मचक्र का विचार करने की आवश्यकता नहीं है; परन्तु गाँव में या वास्तु-गृह में पुरश्चरण करने पर कूर्मचक्र का विचार अवश्य करे।

पुरश्चरणे भक्ष्यादिनियम:

गौतमीये—

पुरश्चरणकृन्मन्त्री भक्ष्याभक्ष्यं विचारयेत् ।
अन्यथा भोजनाद्दोषात् सिद्धिहानि: प्रजायते ।।
शस्तान्नञ्च समश्नीयान्मन्त्रसिद्धिसमीहया ।
तस्मान्नित्यं प्रयत्नेन शस्तान्नाशी भवेन्नर: ।।

अगस्त्यसंहितायाम्—

दधिक्षीरं घृतं गव्यमैक्षवं गुडवर्जितम् ।
तिलांश्चैव सिता मुद्गा: कन्द: केमुकवर्जित: ।।
नारिकेलफलञ्चैव कदली लवली तथा ।
आम्रमामलकञ्चैव पनसञ्च हरीतकी ।
व्रतान्तरे प्रशस्तञ्च हविष्यं मन्यते बुधै: ।।

व्रतारम्भ इति वा पाठ:।

हैमन्तिकं सिता स्विन्नं धान्यं मुद्गास्तिला यवा: ।
कलायकङ्गुनीवारा वास्तुकं हिलमोचिका ।।
षष्टिकाकालशाकञ्च मूलकं केमुकेतरत् ।

लवणे सैन्धव-सामुद्रे गव्ये च दधिसर्पिणी ॥
पयोनुद्धृतसारञ्च पनसाम्रहरीतकी ।
पिप्पली जीरकञ्चैव नागरङ्गञ्च तिन्तिडी ॥
कदली लवली धात्री फलान्यगुडमैक्षवम् ।
अतैलपक्वं मुनये हविष्यान्नं प्रचक्षते ॥
भुञ्जानो वा हविष्यान्नं शाकं यावकमेव वा ।
पयो मूलं फलं वापि यत्र यत्रोपलभ्यते ॥
रम्भाफलं तिन्तिडीकं कमलानागरङ्गकम् ।
फलान्येतानि भोज्यानि एभ्योन्यानि विवर्जयेत् ॥

यत्तु योगिनीतन्त्रे—

चिञ्चाञ्च नालिकाशाकं कलायं लकुचं तथा ।
कदम्बं नारिकेलञ्च व्रते कुष्माण्डकं त्यजेत् ॥

तत्तु व्रतान्तरे बोध्यम्।

पुरश्चरण में वैधावैध नियम—गौतमीय तन्त्र में लिखा है कि पुरश्चरणकारी साधक भक्ष्याभक्ष्य का विचार रक्खे; अन्यथा भोजनदोष के कारण सिद्धि नहीं होगी। मन्त्रसिद्धि की कामना से साधक को हविष्याशी रहना चाहिये।

अगस्त्यसंहिता में लिखा है कि गोदधि, गोदुग्ध, गोघृत, गन्ने की चीनी, तिल, सोनामूंग, केमुक छोड़कर कन्द, नारियल, केला, लवली, आम, आँवला, कटहल, हर्रे व्रत के लिये हविष्य हैं। मतान्तर से हैमन्तिक धान्य, सेन्धा नमक, पीपल, जीरा, केला और जो वस्तुयें तेल में न पकी हों, वे सब भी हविष्यान्न हैं।

उपरोक्त हविष्यान्नों का भोजन करे और शाक, यावक, दूध, मूल, फल का यथोपलब्ध भोजन करे। केला, इमली, कमला, नारंगी आदि फल का सेवन करे। कुछ मत से ये भी विवर्जित हैं।

योगिनीतन्त्र के अनुसार चिञ्चा, नालिकाशोक, कलाय, लकुच, कदम्ब, नारियल और कुष्माण्ड ग्राह्य नहीं हैं।

पुरश्चरणे वर्ज्यानि

विवर्जयेन्मधु क्षारलवणं तैलमेव च ।
ताम्बूलं कांस्यपात्रञ्च दिव्यभोजनमेव च ॥

तथा—

क्षारञ्च लवणं मांसं गृञ्जनं कांस्यभोजनम् ।
माषाढकीमसूरांश्च कोद्रवांश्चणकानपि ।

अन्नं पर्युषितञ्चैव निःस्नेहं कीटदूषितम् ॥

रामार्चनचन्द्रिकायाम्—

मैथुनं तत्कथालापं तद्गोष्ठीं परिवर्जयेत्।
ऋतुकालं विना मन्त्री स्वस्त्रियं नाभिसंस्पृशेत् ॥
लवणञ्चैव यत्क्षारं तथा क्षौद्रं रसान्तरम्।
कौटिल्यं क्षौरमभ्यङ्गमनिवेदितभोजनम् ॥
असङ्कल्पितकृत्यञ्च वर्जयेन्मर्दनादिकम्।
स्नायाच्च पञ्चगव्येन केवलामलकेन वा ॥
मन्त्रं जप्त्वान्नपानीयैः स्नानाचमनभोजनम्।
कुर्याद्यथोक्तविधिना त्रिसन्ध्यां देवतार्चनम् ॥
त्रिसन्ध्यमेकसन्ध्यं वा न मन्त्रं केवलं जपेत्।
शक्त्या त्रिषवणं स्नानमशक्तौ द्वे सकृच्च वा ॥
अस्नातस्य फलं नास्ति न चातर्पयतः पितॄन्।
अपवित्रकरो नग्नः शिरसि प्रवृत्तोऽपि वा।
प्रलपन् प्रजपेद्यावत्तावन्निष्फलमुच्यते ॥

पुरश्चरणकाल में वर्ज्य वस्तुयें—पुरश्चरणकाल में मधु, क्षार द्रव्य, नमक, तेल, ताम्बूल और कांसे के पात्र का व्यवहार तथा दिन के भोजन का त्याग करे। मांस, गाजर, मसूर, अरहर, कोदो, चना, बासी अन्न, चिकनाई-रहित द्रव्य और कीड़े लगे हुए पदार्थ का व्यवहार न करे।

रामार्चनचन्द्रिका के अनुसार मैथुन, मैथुनालाप और गप-शप त्याज्य हैं तथा ऋतु-काल के अतिरिक्त अपनी पत्नी का स्पर्श न करे। पुरश्चरणकाल में बाल न कटवाये, तेल-मालिश न करे, अनिवेदित भोजन न करे। पञ्चगव्य या आँवले के रस द्वारा मन्त्र-जप-पूर्वक स्नान और आचमन करके खाद्य और पेय पर मन्त्र का जप करके भोजन करे।

इसी प्रकार यथाविधान तीनों संध्याओं में देवता का पूजन करे। त्रिसन्ध्या या एकसन्ध्या में केवल मन्त्रजप करे। समर्थ व्यक्ति तीन बार और असमर्थ व्यक्ति एक या दो बार स्नान करे। स्नान और पितृतर्पण किये विना कार्य करने से वह निष्फल होता है। अशुद्ध हाथ, नग्न या अनावृत मस्तक होकर या कुछ प्रलाप करते हुए जप करना व्यर्थ है।

नारदीये—

मृदु सोष्णं सुपक्वञ्च कुर्याद्वै लघु भोजनम्।
नेन्द्रियाणां यथा वृद्धिस्तथा भुञ्जीत साधकः ॥

कुलार्णवे—

यस्यान्नपानपुष्टाङ्गः कुरुते धर्मसञ्चयम् ।
अन्नदातुः फलस्यार्द्धं कर्त्तुश्चार्द्धं न संशयः ॥
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन परान्नं वर्जयेत् सुधीः ।
पुरश्चरणकाले तु सर्वकर्मसु शाङ्करि ॥
जिह्वा दग्धा परान्नेन करौ दग्धौ प्रतिग्रहात् ।
मनो दग्धं परस्त्रीभिः कथं सिद्धिर्वरानने ॥

परान्नं भिक्षालब्धेतरविषयम्। भिक्षायां स्वत्वोत्पादनात्। तथा च—

वैदिकाचारयुक्तानां शुचीनां श्रीमतां सताम् ।
सत्कुलस्थानजातानां भिक्षाशी चाग्रजन्मनाम् ॥

वामकेश्वरतन्त्रे—

विहाय वह्निं न हि वस्तु किञ्चिद्ग्राह्यं परेभ्यः सति सम्भवे च ।
असम्भवे तीर्थबहिर्विशुद्धात् पर्वातिरिक्ते पतिगृह्य जप्यात् ॥
तत्रासमर्थोऽनुदिनं विशुद्धाद्याचेत यावद्दिनमात्रभक्ष्यम् ।
गृह्णाति रागादधिकं न सिद्धिः प्रजायते कल्पशतैरमुष्य ॥

नारदीयतन्त्र में लिखा है कि पुरश्चरणकाल में हल्का, अनुष्ण और सुपक्व पदार्थ का भोजन करे। इन्द्रियों को उत्तेजित करने वाले पदार्थ न खाये।

कुलार्णवतन्त्र का वचन है कि जिसका अन्न-जल ग्रहण करते हुए धर्मकर्म किया जाता है, उसे उस धर्म का आधा फल मिलता है और आधा साधक को मिलता है। अतः पुरश्चरणकाल में परान्न वर्जित है। परान्नभोजन से जिह्वा, प्रतिग्रह से हाथ और परस्त्री से मन दग्ध होता है। ऐसी दशा में सिद्धि कैसे सम्भव है? यहाँ परान्न से भिक्षा से भिन्न अन्य उपाय से प्राप्त अन्न समझना चाहिये; क्योंकि भिक्षान्न पर भिक्षुक का अपना अधिकार होता है। वैदिकाचारी, शुचि, श्रीमान्, सज्जन, सत्कुलोत्पन्न से प्राप्त भिक्षा पाने में दोष नहीं है।

वामकेश्वरतन्त्र के अनुसार यदि अपने में सामर्थ्य हो तो वैदिकाचारी, पवित्र, सत्कुलोत्पन्न, श्रीमान्, सद्ब्राह्मण को छोड़कर किसी से अग्नि के सिवा कोई वस्तु ग्रहण न करे। यदि स्वयं असमर्थ हो तो तीर्थ के अतिरिक्त स्थान में, पर्वरहित तिथि में, विशुद्ध व्यक्ति से एक दिन का भक्ष्य भोजन भिक्षारूप में ले। जो व्यक्ति लोभवश अधिक भिक्षा लेता है, उसे सौ कल्पों में भी सिद्धि नहीं मिलती।

सकृदुच्चरिते शब्दे प्रणवं समुदीरयेत् ।
प्रोक्ते पारसवे शब्दे प्राणायामं सकृच्चरेत् ॥

बहुप्रलापी चाचम्य न्यस्याङ्गानि ततो जपेत्।
क्षुतेऽप्येवं तथाऽस्पृश्यस्थानानां स्पर्शनेऽपि च।
एवमादींश्च नियमान् पुरश्चरणकृच्चरेत्॥
विण्मूत्रोत्सर्गशङ्कादियुक्तः कर्म करोति यः।
जपार्चनादिकं सर्वमपवित्रं भवेत् प्रिये॥
मलिनाम्बरकेशादि मुखदौर्गन्ध्यसंयुतः।
यो जपेत्तं दहत्याशु देवता गुप्तिसंस्थिता॥
आलस्यं जृम्भणं निद्रां क्षुतं निष्ठीवनं भयम्।
नीचाङ्गस्पर्शनं कोपं जपकाले विवर्जयेत्॥
एवमुक्तविधानेन विलम्बं त्वरितं विना।
उक्तसंख्यां जपं कुर्यात् पुरश्चरणसिद्धये॥
देवतागुरुमन्त्राणामैक्यं सम्भावयन् धिया।
जपेदेकमनाः प्रातःकालान्मध्यन्दिनावधि॥
यत्संख्यया समारब्धं तत्कर्तव्यमहर्निशम्।
यदि न्यूनाधिकं कुर्याद्व्रतभ्रष्टो भवेन्नरः॥

जप के समय अन्य शब्द एक बार बोलने से प्रणवपाठपूर्वक फिर से जप प्रारम्भ करना पड़ता है। निष्ठुर शब्द कहने से एक बार प्राणायाम और अनेक बातें करने से आचमन तथा अंगन्यास करके फिर से जपारम्भ करें। जपकाल में अस्पृश्य स्थान का स्पर्श होने पर भी आचमनादि करना चाहिये। मल-मूत्र के वेग को रोके हुए जो जप या पूजा की जाती है, वह अपवित्र होती है। मैला वस्त्र पहनकर, केश और मुखादि को दुर्गन्धियुक्त रखते हुए जप करने से देवता चुपचाप उस जापक का नाश करते हैं। आलस्य, जम्भाई, नींद, भूख, थूकना, भय, नीच जाति का स्पर्श और क्रोध—ये सब जपकाल में वर्जित हैं। न बहुत जल्दी, न बहुत धीरे और निश्चित संख्या में जप करे। देवता, गुरु और मन्त्र में ऐक्यभाव रखते हुए एकाग्र मन से प्रातःकाल से मध्याह्न काल तक जप करना चाहिये; क्योंकि अधिक समय तक जप करने से सम्भव है कि जिह्वा की क्लान्ति के कारण जपसंख्या में न्यूनाधिक्य हो जाय। पहले दिन जो जपसंख्या है, उसी संख्या में बाद में भी प्रतिदिन जप होना चाहिये; क्योंकि किसी दिन कम और किसी दिन अधिक जप करने से वह निष्फल होता है।

गौतमीये—

न वीक्षेत् पतितं व्रात्यं पिशुनं देवनिन्दकम्।
तथाऽनाश्रमिनं विप्रं तथा विश्वविनिन्दकम्॥

मुण्डमालायाम्—

यत्संख्यया समारब्धं तज्जप्तव्यं दिने दिने।
न्यूनाधिकं न कर्त्तव्यमासमाप्तिं सदा जपेत्।
प्रजपेदुक्तसंख्यायाश्चतुर्गुणजपः कलौ ॥

अन्यत्रापि—

कृते जपस्तु कल्पोक्तस्त्रेतायां द्विगुणो जपः।
द्वापरे त्रिगुणं प्रोक्तश्चतुर्गुणजपः कलौ ॥

कुलार्णवेऽपि—

न्यूनातिरिक्तकर्माणि न फलन्ति कदाचन।
यथाविधि कृतान्येव तत्कर्माणि फलन्ति हि ॥
भूशय्या ब्रह्मचारित्वं मौनञ्चाचार्यसेविता।
नित्यं त्रिषवणं स्नानं क्षुद्रकर्मविवर्जनम् ॥
नित्यपूजा नित्यदानं देवतास्तुतिकीर्त्तनम्।
नैमित्तिकार्चनञ्चैव विश्वासो गुरुदेवयोः।
जपनिष्ठा द्वादशैते धर्माः स्युर्मन्त्रसिद्धिदाः ॥
स्त्रीशूद्रपतितव्रात्यनास्तिकोच्छिष्टभाषणम्।
असत्यभाषणञ्चैव जृम्भणं परिवर्जयेत् ॥
सत्येनापि न भाषेत जपहोमार्चनादिषु।
अन्यथानुष्ठितं सर्वं भवत्येव निरर्थकम् ॥
पुरश्चरणकाले तु यदि स्यान्मृतसूतकम्।
तथापि कृतसङ्कल्पो व्रतं नैव परित्यजेत् ॥

गौतमीय तन्त्र में लिखा है कि जपकाल में पतित, व्रात्य अर्थात् सावित्री-भ्रष्ट या जिसका यज्ञोपवीत अयोग्य समय में हुआ हो, खल, देवनिन्दक, अनाश्रमी ब्राह्मण और विश्वनिन्दक व्यक्ति का दर्शन न करे।

मुण्डमालातन्त्र के अनुसार पहले दिन जितनी संख्या में जप किया गया हो, उतनी ही संख्या में प्रतिदिन जप करना चाहिये। कम या अधिक जप न करके निश्चित संख्या में जप करके जप समाप्त करे। सतयुग की कल्पोक्त संख्या से दुगुना जप त्रेता में, तिगुना जप द्वापर में और चौगुना जप कलियुग में करना चाहिये।

कुलार्णवतन्त्र में लिखा है कि न्यूनाधिक कर्मों का फल कभी नहीं मिलता, विधिवत किये गये कर्मों का फल ही मिलता है। पुरश्चरणकाल में बारह बातों पर ध्यान देना

आवश्यक हैं। वे हैं—१. भूशय्या, २. ब्रह्मचारित्व, ३. मौनावलम्बन, ४. आचार्यसेवा, ५. नित्य त्रिसन्ध्या स्नान, ६. क्षुद्रकर्मों का परित्याग, ७. नित्य पूजा, ८. नित्य दान, ९. देवतास्तुति, १०. नैमित्तिक पूजा, ११. गुरु और देवता में विश्वास एवं १२. जपनिष्ठा।

जूठे मुँह बातचीत, मिथ्या भाषण-कुटिल बातें विवर्जित हैं। जप, हवन, पूजनकाल में सत्य भी न बोले अर्थात् मौन रहे। ऐसा न करने से सफलता नहीं मिलती। पुरश्चरणकाल में मृतकाशौच और जातकाशौच होने पर भी संकल्पित कार्य को नहीं छोड़ना चाहिये।

योगिनीहृदये—

शयीत कुशशय्यायां शुचिवस्त्रधरः सदा।
प्रत्यहं क्षालयेत् शय्यामेकाकी निर्भयः स्वपेत्॥
असत्यभाषणं वाच्यं कौटिल्यं परिवर्जयेत्।
वर्जयेद् गीतवाद्यादिश्रवणं नृत्यदर्शनम्॥
अभ्यङ्गं गन्धलेपञ्च पुष्पधारणमेव च।
त्यजेदुष्णोदकस्नानमन्यदेवप्रपूजनम्॥

तत्रैव—

नैकवासा जपेन्मन्त्रं बहुवस्त्राकुलोऽपि वा।

वैशम्पायनसंहितायाम्—

विपर्यासं न कुर्याच्च कदाचिदपि मोहतः।
उपर्यधोबहिर्वस्त्रे पुरश्चरणकृन्नरः।
विनियोगविधाने न भवेदनियमः क्वचित्॥
पतितानामन्त्यजानां दर्शने भाषणे श्रुते।
क्षुतेऽधोवायुगमने जृम्भणे जपमुत्सृजेत्॥
तथाचम्य च तत्प्राप्तौ प्राणायामं षडङ्गकम्।
कृत्वा सम्यग्जपेच्छेषं यद्वा सूर्यादिदर्शनम्॥

आदिशब्दाद्वह्निं ब्राह्मणञ्च।

योगिनीहृदय में लिखा है कि पुरश्चरणकाल में पवित्र कपड़े पहन कर कुश-शय्या पर सोये। शय्या को प्रतिदिन धोकर उस पर अकेले निर्भय होकर सोये। गाना-बजाना सुनना, नाच देखना, शरीर में गन्ध लगाना, निर्माल्य छोड़कर अन्य पुष्प धारण करना, गर्म जल से स्नान करना और अन्य देवता का पूजन करना वर्जित है। एक वस्त्र या बहुत वस्त्र पहन कर जप नहीं करना चाहिये।

वैशम्पायनसंहिता में लिखा है कि वस्त्रसम्बन्धी कोई अनियम न करे। एक वस्त्र या बहुत वस्त्र पहन कर जप नहीं करे। पतित व्यक्ति को देखने पर, आलाप सुनने में, जँभाई आने पर या अपान वायु निकलने पर जप छोड़ कर पुनः आचमन-प्राणयाम-अंग-न्यासादि करके सूर्य, अग्नि और ब्राह्मणदर्शनपूर्वक जप का प्रारम्भ करे।

तन्त्रान्तरे—

मनःसंहरणं शौचं मौनं मन्त्रार्थचिन्तनम्।
अव्यग्रत्वमनिर्वेदो जपसम्पत्तिहेतवः ॥
उष्णिषी कञ्चुकी नग्नो मुक्तकेशो गणावृतः।
अपवित्रकरोऽशुद्धः प्रलपन्न जपेत् क्वचित् ॥
अनासनः शयानो वा गच्छन् भुञ्जान एव वा।
अप्रावृत्तौ करौ कृत्वा शिरसि प्रावृतोऽपि वा ॥
चिन्ताव्याकुलचित्तो वा क्षुब्धो भ्रान्तः क्षुधान्वितः।
रथ्यायामशिवस्थाने न जपेत्तिमिरावृते ॥
उपानद्गूढपादौ वा यानशय्यागतस्तथा।
प्रसार्य न जपेत् पादावुत्कटासन एव वा ॥
न यज्ञकाष्ठे पाषाणे न भूमौ नासने स्थितः।
मार्जारं कुक्कुटं क्रौञ्चं श्वानं शूद्रं कपिं खरम्।
दृष्ट्वाचाम्य जपेच्छेषं स्पृष्ट्वा स्नानं विधीयते ॥

सर्वत्र जपे अयं नियमः। मानसे तु नियमो नास्त्येव। तथा च—

अशुचिर्वा शुचिर्वापि गच्छंस्तिष्ठन् स्वपन्नपि।
मन्त्रैकशरणो विद्वान् मनसैव सदाभ्यसेत्।
न दोषो मानसे जाप्ये सर्वदेशेऽपि सर्वदा ॥

श्यामादिविद्याजपे तु तत्प्रकरणे विशेषो द्रष्टव्यः ।

तन्त्रान्तर के अनुसार विना आसन या चलते-सोते समय, भोजन के समय, चिन्तित या क्रुद्ध, भ्रान्त अथवा क्षुधार्त होने पर जप न करे। दोनों हाथों को ढककर या मस्तक को प्रावृत करके जप न करे। मार्ग में और अमंगल स्थान में, अन्धकारमय घर में तथा चर्मपादुका पहने हुए या सवारी पर बैठकर किया जाने वाला जप निष्फल होता है। पैर फैला कर या उत्कटासन में बैठकर, यज्ञकाष्ठ, पत्थर, मिट्टी पर बैठकर या आसन पर खड़े होकर जप न करे। जप के समय बिल्ली, मुर्गा, बगला, शूद्र, वानर, गधा— इनमें से कोई दिखाई पड़े तो आचमन करे और स्पर्श होने पर स्नान करके जप को पूरा करे। इन नियमों का पालन सभी प्रकार के जप में करना होता है; किन्तु मानस जप में कोई

नियम लागू नहीं होता। जाते समय, सोते समय शुचि या अशुचि अवस्था में भी मन्त्र का स्मरण करते हुए मानस जप का अभ्यास किया जाता है। अतः मानस जप सर्वत्र सभी दशाओं में किया जा सकता है। उसमें कोई दोष नहीं होता।

श्यामादि विद्याओं के मन्त्रजप में कुछ विशेष बातें हैं, जिनके लिये सम्बन्धित प्रकरण अवलोकनीय है।

जपफलम्

शिवधर्मे—

जपनिष्ठो द्विजश्रेष्ठोऽखिलयज्ञफलं लभेत्।
सर्वेषामेव यज्ञानां जायतेऽसौ महाफलः॥
जपेन देवता नित्यं स्तूयमाना प्रसीदति।
प्रसन्ना विपुलान् कामान् दद्यान्मुक्तिञ्च शाश्वतीम्॥
यक्षरक्षःपिशाचांश्च ग्रहाः सर्पाश्च भीषणाः।
जल्पिनं नोपसर्पन्ति भयभीताः समन्ततः॥

पद्मनारदीययोः—

यावन्तः कर्मयज्ञाः स्युः प्रतिष्ठादितपांसि च।
सर्वे ते जपयज्ञस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्॥
माहात्म्यं वाचिकस्यैतज्जपयज्ञस्य कीर्त्तितम्।
तस्माच्छतगुणोपांशुः सहस्रो मानसः स्मृतः॥
मानसः सिद्धकामानां पुष्टिकामैरुपांशुकः।
वाचिको मारणे चैव प्रशस्तो जप ईरितः॥

गौतमीये—

शक्त्या त्रिषवणं स्नानमशक्तो द्विः सकृच्च वा।
त्रिसन्ध्यं प्रजपेन्मन्त्रं पूजनञ्च समं भवेत्॥

सन्ध्यात्रये पूजाङ्गत्वाज्जपमष्टोत्तरशतमित्यर्थः।

एकदा वा भवेत्पूजा जपेत्तत्पूजनं विना।
जपान्ते वा भवेत्पूजा पूजान्ते वा जपेन्मनुम्॥
प्रातःकाले समारभ्य जपेन्मध्यन्दिनावधि॥

मध्यन्दिनावधीति न नियमपरं किन्त्वधिककालव्यवच्छेदपरम्। अन्यथा तत्समय-जपनियमे कदाचिज्जिह्वाया जाड्याजाड्येन प्रतिनियतजपसंख्याया अपूर्णत्वे अधिकत्वे वा नियमभङ्गः स्यात्।

मन: संहृत्य विषयान्मन्त्रार्थगतमानस: ।
न द्रुतं न विलम्बञ्च जपेन्मौक्तिकहारवत् ॥

जपफल—शिवधर्म में लिखा है कि जपनिष्ठ द्विज को समस्त यज्ञों का फल मिलता है; क्योंकि जपयज्ञ सभी यज्ञों से अधिक फलप्रद हैं। जप द्वारा स्तुति करने से देवता प्रसन्न होकर विपुल काम्य वस्तुयें एवं शाश्वत मोक्ष प्रदान करता है। यक्ष-राक्षस-पिशाच-ग्रह और भीषण सर्प भयभीत होने के कारण जापक के पास नहीं आते।

पाद्म नारदीय में लिखा है कि कर्मयज्ञ, प्रतिष्ठा और तप—इनमें से कोई भी जप यज्ञ के षोडशांश के बराबर भी फलप्रद नहीं है। यह वाचिक जप का फल है। इसकी अपेक्षा उपांशु जप सौगुना और उपांशु की अपेक्षा मानस जप हजारगुना अधिक फलदायी है। सिद्धि-कामी के लिये मानस जप, पुष्टि-कामी के लिये उपांशु जप और मोक्षकामी के लिये वाचिक जप प्रशस्त है। पूजा के विना जप निष्फल होता है। अत: कम से कम एक बार पूजा अवश्य करे। चाहे जप पूरी होने पर पूजा करे या पूजा करने के बाद जप करे । प्रात:काल से जप प्रारम्भ करके दोपहर दिन तक जप करे; क्योंकि अधिक समय तक जप करने से जीभ के क्लान्त होने की सम्भावना होती है, जिससे जपसंख्या में न्यूनाधिक्य हो सकता है। मन को एकाग्र करके, विषयों से दूर करके मन्त्रार्थ का चिन्तन करते हुए सामान्य रूप से धीमे-धीमे मोती की हार के समान समान गति से जप करे।

जपनिरूपणम्

जप: स्यादक्षरावृत्तिर्मानसोपांशुवाचिकै: ।
धिया यदक्षरश्रेणीं वर्णस्वरपदात्मिकाम् ।
उच्चरेदर्थमुद्दिश्य मानस: स जप: स्मृत: ॥
जिह्वौष्ठौ चालयेत्किञ्चिद्देवतागतमानस: ।
किञ्चिच्छ्रवणयोग्य: स्यादुपांशु: स जप: स्मृत: ॥

विशुद्धेश्वरतन्त्रे—

निजकर्णागोचरो यो स जपो मानस: स्मृत: ।
उपांशुर्निजकर्णस्य गोचर: परिकीर्त्तित: ॥
मन्त्रमुच्चारयेद्वाचा स जपो वाचिक: स्मृत: ।
उच्चैर्जपाद्विशिष्ट: स्यादुपांशुर्दशभिर्गुणै: ।
जिह्वाजप: शतगुण: सहस्रो मानस: स्मृत: ॥

तन्त्रान्तरे—

उच्चैर्जपोऽधम: प्रोक्त उपांशुर्मध्यम: स्मृत: ।
उत्तमो मानसो देवि त्रिविध: कथितो जप: ।

जिह्वाजपः स विज्ञेयः केवलं जिह्वया बुधैः ॥
अतिह्रस्वो व्याधिहेतुरतिदीर्घो वसुक्षयः ।
अक्षराक्षरसंयुक्तं जपेन्मौक्तिकहारवत् ॥
मनसा यत्स्मरेत्स्तोत्रं वचसा वा मनुं स्मरेत् ।
उभयं निष्फलं याति भिन्नभाण्डोदकं यथा ॥

गौतमीये—

पशुभावे स्थिता मन्त्राः प्रोक्ता वर्णास्तु केवलाः ।
सौषुम्ने ध्वन्युच्चरिता प्रभुत्वं प्राप्नुवन्ति ते ।
मन्त्राक्षराणि चिच्छक्तौ प्रोतानि परिभावयेत् ॥
तमेव परमव्योम्नि परमानन्दबृंहिते ।
दर्शयत्यात्मसद्भावं पूजाहोमादिभिर्विना ॥

गौतमीये दशाक्षरपटले—

मूलमन्त्रं प्राणबुद्ध्या सुषुम्नामूलदेशके ।
मन्त्रार्थं तस्य चैतन्यं जीवं ध्यात्वा पुनः पुनः ॥

जप-निरूपण—मन्त्र के वर्णों का बार-बार आवृत्ति करना ही जप है। जप तीन प्रकार का होता है—मानसिक, उपांशु और वाचिक। मन्त्रार्थ का स्मरण करते हुए मन ही मन मन्त्र का उच्चारण करना मानसिक जप है। देवता में मन लगाकर जिह्वा और ओष्ठ को कुछ कम्पित करते हुए केवल अपने सुनाई पड़ने योग्य मन्त्रोच्चारण को उपांशु जप कहते हैं। वाणी द्वारा उच्चारण 'वाचिक जप' कहलाता है। उच्च स्वर वाला जप अधम, उपांशु जप मध्यम और मानस जप उत्तम होता है।

विशुद्धेश्वर तन्त्र के अनुसार निजकर्णगोचर जप को मानसिक जप कहते हैं। उपांशु जप भी निजकर्णगोचर होता है। मन्त्रोच्चारणपूर्वक जो जप होता है, उसे वाचिक कहते हैं। वाचिक जप से दसगुना अधिक फलप्रद उपांशु जप होता है। जीभ हिलाकर जप करना सौगुना फलप्रद है। मानस जप का फल हजारगुना है।

तन्त्रान्तर में लिखित है कि वाचिक जप अधम, उपांशु मध्यम और मानसिक जप उत्तम माना जाता है। इस प्रकार जप का तीन प्रकार है। जिह्वा-जप केवल जिह्वा को ही ज्ञात होता है। अति ह्रस्व जप व्याधिप्रद है। अतिदीर्घ जप से धनहानि होती है। मोती-माला की तरह अक्षराक्षर से युक्त करके मन्त्र-जप करना चाहिये।

जो मनुष्य मन ही मन स्तोत्र का पाठ करता है और मन्त्रजप स्पष्ट उच्चारणपूर्वक करता है, उसका वह स्तोत्रपाठ और मन्त्रजप निष्फल होता है।

गौतमीय तन्त्र में लिखित है कि जो मन्त्र पशुभाव में स्थित हैं, वे केवल वर्णमात्र हैं। अत: सभी मन्त्रों को 'सुषुम्ना ध्वनि' अर्थात् सुषुम्ना नाड़ी द्वारा उच्चारित करने से प्रभुत्व मिलता है। जपकाल में मन्त्राक्षरों को चैतन्यमयी शक्ति से गुँथा हुआ समझना चाहिये। यह भावना करे कि वे चैतन्य शक्ति और परमामृतमय परमशिव में ग्रथित हैं। इस प्रकार के अनुष्ठान से पूजा-होमादि की आवश्यकता नहीं होती। जपमात्र से ही फल मिल जाता है। गौतमीय तन्त्र के दशाक्षर पटल में लिखित है कि प्राणबुद्धि से सुषुम्ना के मूल देश में मूल मन्त्र का जीवरूप में ध्यान करे। मन्त्रार्थ और मन्त्रतत्त्व को हृदयंगम करते हुए जप करे।

कुलार्णवेऽपि—

मनोऽन्यत्र शिवोऽन्यत्र शक्तिरन्यत्र मारुतः।
न सिध्यति वरारोहे कल्पकोटिशतैरपि॥
जातसूतकमादौ स्यादन्ते च मृतसूतकम्।
सूतकद्वयसंयुक्तो यो मन्त्रः स न सिध्यति॥
गुरोस्तत्र हितं कृत्वा मन्त्रं यावज्जपेद्धिया।
सूतकद्वयनिर्मुक्तः स मन्त्रः सर्वसिद्धिदः॥

तत्रैव—

तस्माद्देवि! प्रयत्नेन ध्रुवेण पुटितं मनुम्।
अष्टोत्तरशतं वापि सप्तवारं जपादितः॥
जपान्ते च ततो जप्याच्चतुर्वर्गफलाप्तये।
ब्रह्मबीजं मनोर्दत्त्वा चाद्यन्ते परमेश्वरि।
सप्तवारं जपेन्मत्रं सूतकद्वयमुक्तये॥
मन्त्रार्थं मन्त्रचैतन्यं योनिमुद्रां न वेत्ति यः।
शतकोटि-जपेनापि तस्य सिद्धिर्न जायते॥
लुप्तबीजाश्च ये मन्त्रा न दास्यन्ति फलं प्रिये।
मन्त्राश्चैतन्यसहिताः सर्वसिद्धिकराः स्मृताः॥
चैतन्यरहिता मन्त्राः प्रोक्ता वर्णास्तु केवलाः।
फलं नैव प्रयच्छन्ति लक्षकोटिशतैरपि॥
मन्त्रोच्चारे कृते यादृक् स्वरूपं प्रथमं भवेत्।
शते सहस्रे लक्षे वा कोटिजापे न तत्फलम्॥
हृदये ग्रन्थिभेदः स्यात्सर्वावयववर्द्धनम्।
आनन्दाश्रूणि पुलको देहावेशः कुलेश्वरि।

गद्गदोक्तश्च सहसा जायते नात्र संशयः ॥
सकृदुच्चरितेऽप्येवं मन्त्रे चैतन्यसंयुते ।
दृश्यन्ते प्रत्यया यत्र पारस्पर्यं तदुच्यते ॥
मासमात्रं जपेन्मन्त्रं भूतलिप्यादिसंयुतम् ।
क्रमोत्क्रमात्सहस्रस्तु तस्य सिद्धो भवेन्मनुः ॥

कुलार्णवतन्त्र में वर्णन है कि जपकाल में मन, परमशिव, शिवशक्ति और प्राणवायु के अलग-अलग रहने से अर्थात् इन सबका एकत्र संयोग न होने से कल्प कोटि जप करने पर भी मन्त्रसिद्धि नहीं होती। मन्त्रोच्चारण से पहले मन्त्र का जननाशौच होता है और मन्त्रोच्चारण के बाद मृतकाशौच होता है। इन दोनो से युक्त मन्त्र सिद्ध नही होता। मन्त्र के आदि और अन्त में ब्रह्मबीज ॐ लगाकर सात बार जप करने से दोनो अशौच दूर हो जाते हैं। दोनों सूतकों से मुक्त मन्त्र ही सर्वार्थसिद्धिप्रदायक होता है।

कुलार्णव के ही अनुसार इसलिये यत्नपूर्वक ॐ से पुटित मन्त्र का जप १०८ बार या सात बार करे। जपमन्त्र के पहले और अन्त में ॐ लगाने से मन्त्र पुटित होता है। इस प्रकार शौचमुक्त मन्त्र से चारो फल प्राप्त होते हैं। मन्त्र के आदि और अन्त मे ॐ लगाकर सात बार जप करने से भी दोनों सूतकों से मन्त्र मुक्त हो जाता है।

मन्त्रार्थ, मन्त्रचैतन्य और योनिमुद्रा जाने विना जो जप किया जाता है, वह निष्फल होता है। लुप्त बीजमन्त्र कभी सिद्धि नहीं देता। चैतन्यमन्त्र से ही सभी सिद्धियाँ मिलती हैं। चैतन्यरहित मन्त्र को वर्ण कहा जाता है। इनके एक लाख करोड़ जप से भी सिद्धि नहीं मिलती। मन्त्रोचार करते ही उसका जो स्वरूप प्रकट होता है, सौ, हजार, लाख, करोड़ जप से भी वैसा फल नहीं मिलता।

शौचमुक्त चैतन्य मन्त्र के जप से हृदयग्रन्थि का भेदन होता है। सभी अवयव वृद्धि को प्राप्त होते हैं। आनन्दाश्रु गिरने लगता है। रोमांच होता है। देहावेश होता है। कण्ठ गदगद हो जाता है। चैतन्य मन्त्र के उच्चारणमात्र से सभी प्रत्यय दीखने लगते हैं। पारस्पर्य दिखने लगता है। एक महीने तक भूतलिपि से संयुक्त करके क्रमोत्क्रम से प्रतिदिन एक हजार जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

तत्र भूतलिपिः—

पञ्चह्रस्वाः सन्धिवर्णा व्योमेराग्निजलन्धराः ।
अन्त्यमाद्यं द्वितीयञ्च चतुर्थं मध्यमं क्रमात् ॥
पञ्चवर्गाक्षराणि स्युर्वातः श्वेतेन्दुभिः सह ।
एषा भूतलिपिः प्रोक्ता द्विचत्वारिंशदक्षरैः ॥
एवं जपं पुरा कृत्वा तेजोरूपं समर्पयेत् ।

देवस्य दक्षिणे हस्ते कुशपुष्पार्घ्यवारिभिः ॥
सफलं तद्विभाव्यैवं प्राणायामं समाचरेत्।
जपस्यादौ जपान्ते च त्रितयं त्रितयञ्चरेत् ॥

शक्तिविषये देव्या वामहस्ते। तथा च—

एवं जपं पुरा कृत्वा गन्धाक्षतकुशोदकैः।
जपं समर्पयेद्देव्या वामहस्ते विचक्षणः ॥
जपान्ते प्रत्यहं देवि होमयेत्तद्दशांशतः।
तर्पणञ्चाभिषेकञ्च तद्दशांशं ततो मुने ॥
प्रत्यहं भोजयेद्विप्रान् न्यूनाधिक्यप्रशान्तये।
अथवा सर्वसम्पूर्णे होमादिकमथाचरेत् ॥

मुण्डमालायाम्—

यस्य यावान् जपः प्रोक्तस्तद्दशांशजपः क्रमात्।
तत्तद्द्रव्यैर्जपस्यान्ते होमं कुर्याद्दिने दिने।
अथवा लक्षसंख्यायां पूर्णायां होममाचरेत् ॥

भूतलिपि—भूतलिपि इस प्रकार के होते हैं—अ इ उ ऋ ऌ ए ऐ ओ औ ह य र व ल ङ क ख घ ग ञ च छ झ ज ण ट ठ ढ ड न त थ ध द म प फ भ ब श ष स। इसमें कुल ४२ अक्षर होते हैं।

इसे पढ़ने के बाद मूल मन्त्र का उच्चारण करने से अनुलोमक्रम होता है। विलोमक्रम से उक्त भूतलिपि का रूप यह होगा—स ष श ब भ फ प म द ध थ त न डं ढ ठ ट ण ञ झ छ च ज ग घ ख क ङ ल व र य ह औ अ ऐ ए ऌ ऋ उ इ अ। इस प्रकार पहले जप करके कुश, फूल और अर्घ्य जलसहित तेजोरूप जपफल देवता के दाहिने हाथ में समर्पित करे। फलसमर्पणपूर्वक यह जप सफल हुआ—यह सोचते हुए प्राणयाम जप के पहले और बाद में तीन-तीन बार करे। शक्ति के विषय में लिखा है कि गन्ध, अक्षत और कुशोदक से देवी के बाँयें हाथ में जपफल समर्पित करे। जप के अन्त में जप का दशांश हवन करे। हवन का दशांश तर्पण करे और तर्पण का दशांश अभिषेक करे। न्यूनाधिक्य की शान्ति के लिये प्रतिदिन ब्राह्मणभोजन करावे अथवा निश्चित संख्या में जप पूरा होने पर हवनादि करे।

मुण्डमालातन्त्र में लिखा है कि पुरश्चरण में जप के अन्त में जप का दशांश हवन, हवन का दशांश तर्पण, तर्पण का दशांश मार्जन और मार्जन का दशांश ब्राह्मणभोजन करावे। ब्राह्मणभोजन से जप का न्यूनाधिक्य दोष दूर होता है अथवा समस्त जप होने पर हवनादि करे।

तथा होमाद्यशक्तौ च सनत्कुमारतन्त्रे—

यद्यदङ्गं भवेद्भङ्गं तत्संख्याद्विगुणो जपः ।
होमाभावे जपः कार्यो होमसंख्याचतुर्गुणः ॥
विप्राणां क्षत्रियाणाञ्च रससंख्यागुणः स्मृतः ।
वैश्यानां वसुसंख्याकमेषां स्त्रीणामयं विधिः ॥
यं वर्णमाश्रितः शूद्रः स च तस्य विधिञ्चरेत् ।
अनाश्रितस्य शूद्रस्य दिक्संख्याकः समीरितः ।
शूद्रस्य विप्रभक्तस्य तत्पत्न्या सदृशो जपः ॥

योगिनीहृदये—

होमकर्मण्यशक्तानां विप्राणां द्विगुणो जपः ।
इतरेषान्तु वर्णानां सर्वेषां त्रिगुणादि समीरितः ॥

त्रिगुण इति त्रिगुणादिर्होमसंख्यात्रिगुणजपः क्षत्रियेण कार्यः। वैश्येन चतुर्गुणः, शूद्रेण पञ्चगुणः। तदुक्तं कुलप्रकाशे—

यद्यदङ्गविहीनं स्यात्तत्संख्याद्विगुणो जपः ।
कुर्वीत त्रिचतुःपञ्च यथासंख्यं द्विजातयः ॥

एतेन स्त्रीशूद्राणां होमाधिकारः। तथा च शूद्राणां त्र्यस्रमीरितमिति कुण्डप्रकरणे शारदयाम्। स्त्रीणां होमाधिकारश्च तत्रैव—

लाजैस्त्रिमधुरोपेतैर्होमः कन्या प्रयच्छति ।
अनेन विधिना कन्या वरमाप्नोति वाञ्छितम् ॥

अतएव स्त्रीणां होमाधिकारः स च ब्राह्मणद्वारा। तथा च तन्त्रान्तरे—

ओंकारोच्चारणाद्धोमाच्छालग्रामशिलार्चनात् ।
ब्राह्मणीगमनाच्चैव शूद्रश्चाण्डालतां व्रजेत् ॥

इति साक्षान्निषेधात्। तथा—स्त्रीणामपि सर्वत्र वैदिककर्मसु शूद्रतुल्यत्वप्रतिपादनात्। 'स्त्रीशूद्रकरसैस्पर्शो वज्रपातो ममोपरि' इति भगवद्वचनात्।

सनत्कुमारतन्त्र में लिखित है कि जिस अंग की हानि हो, उसके लिये निर्दिष्ट संख्या का दूना जप करे; किन्तु हवन के अभाव होने पर हवनसंख्या का चौगुना जप करे। ब्राह्मण-क्षत्रिय हवनादि में असमर्थ होने पर छःगुना जप करे तथा वैश्य आठगुना जप करे। इनकी स्त्रियों के सम्बन्ध में भी यही नियम लागू होता है। शूद्र जिस वर्ण का आश्रित हो, उसी वर्ण के नियमानुसार कार्य करे। अनाश्रित शूद्र हवनादि में असमर्थ होने पर दसगुना जप करे। जो शूद्र ब्राह्मण का भृत्य हो, उसके और उसकी स्त्री के सम्बन्ध में समान जपसंख्या समझी जाती है।

योगिनीहृदयतन्त्र में वर्णन है कि हवन में असमर्थ ब्राह्मण को दुगुना जप करना चाहिये। इतर वर्णों को तिगुना जप करना चाहिये। क्षत्रियों को हवन का तिगुना जप करना चाहिये। वैश्यों को चौगुना और शूद्रों को पाँचगुना जप करना चाहिये।

कुलप्रकाशतन्त्र में लिखा है कि जो अंगविहीन हो, उसकी संख्या का दुगुना जप करे। द्विजों को तिगुना, चौगुना, पाँचगुना जप करना चाहिये। स्त्री और शूद्रों को हवन का अधिकार नहीं है। शारदातिलक के कुण्डप्रकरण में शूद्र के लिये त्रिकोण कुण्ड की विधि बतलायी गयी है। वहीं यह भी लिखा है कि कन्या घृत, मधु, शक्कर, त्रिमधुर-युक्त लावा से हवन करे। इस सबसे स्त्री और शूद्र का होमाधिकार प्रतिपादित होता है; किन्तु स्त्रियों और शूद्रों को ब्राह्मण से हवन कराना चाहिये। त्रिमधुराक्त लावा से हवन करने से कन्या को वाञ्छित पति प्राप्त होता है।

तन्त्रान्तर में लिखा है कि ओंकार के उच्चारण से, हवन से, शालग्राम-अर्चन से, ब्राह्मणी के साथ मैथुन करने से शूद्रता और चाण्डालता प्राप्त होती है। साथ ही वैदिक कर्मों में स्त्रियों को शूद्रतुल्य माना गया है। भगवद्वचन है कि 'स्त्रीशूद्रकरस्पर्शो वज्रपातो ममोपरि' अर्थात् स्त्री-शूद्र के करस्पर्श से मुझ पर वज्रपात के समान कष्ट होता है।

नृसिंहतापनीयेऽपि—सावित्रीं प्रणवं यजुर्लक्ष्मीं स्त्रीशूद्रयोर्नेच्छन्ति स मृतोऽधोगच्छति नेच्छन्तीति पर्यन्तं पराशरभाष्येऽपि गोविन्दभट्टधृतम्।

स्वाहाप्रणवसंयुक्तं शूद्रे मन्त्रं ददद् द्विजः।
शूद्रो निरयमाप्नोति ब्राह्मणो यात्यधोगतिम्॥

यजुर्वेदः लक्ष्मीः श्रीबीजमित्यर्थः। तथा नारायणकल्पेऽपि—

अष्टाक्षरो महामन्त्रः सप्तार्णः शूद्रयोषितोः।
प्रणवादिश्च यो मन्त्रो न स्त्रीशूद्रे प्रशस्यते॥

इति सर्वत्र स्त्रीणां शूद्रवद्व्यवहारः। शूद्रस्यापि स्वकर्तृकहोम इति केचित्। तथा च वाराहीतन्त्रे—

यदि कामी भवत्यत्र शूद्रोऽपि होमकर्मणि।
वह्निजायां परित्यज्य हृदयान्तेन होमयेत्॥

सर्वेषां द्विगुणजपः। तथा च वसिष्ठे—

यद्यदङ्गं विहीयेत तत्संख्याद्विगुणो जपः।
कर्त्तव्यश्चाङ्गसिद्ध्यर्थं तदशक्तेन भक्तितः॥
न चेदङ्गं विहीयेत तद्विशिष्टमवाप्नुयात्।
विप्रभोजनमात्रेण व्यङ्गं साङ्गं भवेद्ध्रुवम्।
यद्यद्भुङ्क्ते द्विजः साक्षात्तत्तद्भुङ्क्ते हरिः स्वयम्॥

तथागस्त्यसंहितायाम्—

यदि होमेऽप्यशक्तः स्यात्पूजायां तर्पणेऽपि वा ।
तावत्संख्याजपेनैव ब्राह्मणाराधनेन च ।
भवेदङ्गद्वयेनैव पुरश्चरणमार्य वै ।।

वीरातन्त्रे—

नियमः पुरुषे ज्ञेया न योषित्सु कथञ्चन ।
न न्यासो योषितामत्र न ध्यानं न च पूजनम् ।
केवलं जपमात्रेण मन्त्राः सिध्यन्ति योषिताम् ।।

नृसिंहतापनीय तन्त्र में वर्णन है कि सावित्री, प्रणव, वेद और श्रीबीज में शूद्र को अधिकार नहीं है। इन मन्त्रों का जप करने से उन्हें अधोगति प्राप्त होती है। यह पराशर भाष्य का मत है।

गोविन्द भट्ट के अनुसार स्वाहा, प्रणवसंयुक्त मन्त्र जो द्विज शूद्र को देता है, वह द्विज और शूद्र दोनों नरकगामी होते हैं, अधोगति को प्राप्त होते हैं।

नारायणकल्प के अनुसार अष्टाक्षर महामन्त्र 'ॐ नमो नारायणाय' और सप्ताक्षर मन्त्र एवं जो मन्त्र प्रारम्भ में ॐकार से युक्त हैं, उन मन्त्रों को स्त्री-शूद्रों को नहीं देना चाहिये। स्त्रियों को सर्वत्र शूद्रवत् माना गया है। शूद्र भी हवन कर सकता है—यह किसी का मत है। वाराही तन्त्र में लिखा है कि यदि शूद्र हवन करना चाहे तो वह स्वाहा के बदले 'नमः' का उच्चारण करता हुआ हवन कर सकता है।

वसिष्ठसंहिता में लिखा है कि पुरश्चरण में हवनादि जो अंग नहीं कर सके, उसके लिये दुगुना जप करे। इससे वह अंग विशिष्टता प्राप्त कर लेता है। विप्रभोजन कराने से अंगविहीन भी सांग हो जाता है। जहाँ द्विज भोजन करते हैं, वहाँ साक्षात् विष्णु भोजन करते हैं—ऐसा समझना चाहिये।

अगस्त्यसंहिता के अनुसार हवन-पूजन-तर्पण में असमर्थ होने पर उतनी संख्या में जप और ब्राह्मणभोजन कराने से पुरश्चरण के सभी अंग पूर्ण हो जाते हैं।

वीरातन्त्र में लिखा है कि जो कुछ नियम बतलाये गये हैं, वे सब पुरुषों के लिये हैं। स्त्रियों के लिये पूजा-ध्यान का कोई नियम नहीं है। केवल जप से ही स्त्रियों को मन्त्रसिद्धि होती है।

आचार्यमते विप्रभोजनेऽप्यनुकल्पः। तथा च मुण्डमालायाम्—

यदि पूजाद्यशक्तश्चेद्द्रव्यभावेन सुन्दरि ।
केवलं जपमात्रेण पुरश्चर्या विधीयते ।।

अत्र ब्राह्मणभोजनमावश्यकमेव—

सर्वथा भोजयेद्विप्रान्कृतसङ्कल्पसिद्धये।
विप्राराधनमात्रेण व्यङ्गं साङ्गं भवेद्ध्रुवम्॥

कुलार्णवे—

दीक्षाहीनान्पशून् यस्तु भोजयेद्वा स्वमन्दिरे।
स याति परमेशानि नरकानेकविंशतिम्॥
एवं यः कुरुते देवि पुरश्चरणकं प्रिये।
सर्वपापविनिर्मुक्तो देवीसायुज्यमाप्नुयात्॥

तथा—

तद्दशांशेन विप्रांश्च कौलिकानथ भोजयेत्।
क्षीरखण्डाद्यभोज्यैश्च बहुमानपुरःसरम्॥

ततश्च—

गुरवे दक्षिणान् दद्याद्भोजनाच्छादनादिभिः।
गुरुसन्तोषमात्रेण मन्त्रसिद्धिर्भवेद् ध्रुवम्॥
गुरोरभावे पुत्राय तत्पत्न्यै वा निवेदयेत्।
तयोरभावे देवेशि ब्राह्मणेभ्यो निवेदयेत्॥
सम्यक् सिद्धैकमन्त्रस्य पञ्चाङ्गोपासनेन च।
सर्वे मन्त्राश्च सिध्यन्ति तत्प्रसादात् कुलेश्वरि।
गुरुमूलमिदं सर्वमित्याहुस्तन्त्रवेदिनः॥
एकग्रामे स्थितो नित्यं गत्वा वन्देत वै गुरुम्।
गुरुरेव परं ब्रह्म तस्मादादौ तमर्चयेत्॥
तदन्ते महतीं पूजां कुर्यात्साधकसत्तमः।
सुवासिनीं कुमारीश्च भूषणैरपि भूषयेत्॥
मिष्ठान्नं बहुशं कार्यं भुञ्जीत बन्धुभिः सह।
एवं सिद्धमनुर्मन्त्री साधयेत्सकलेप्सितान्॥

मुण्डमालातन्त्र में वर्णन है कि पूजोपकरण द्रव्यादि का अभाव होने पर केवल जप से ही पुरश्चरण सिद्ध होता है; परन्तु ब्राह्मणभोजन अवश्य कराना चाहिये; क्योंकि उससे अंगहीन क्रिया पूर्ण होती है।

कुलार्णवतन्त्र के अनुसार दीक्षाहीन पशुतुल्य ब्राह्मण को अपने घर में भोजन कराने से नरक जाना पड़ता है। जो विधिवत् पुरश्चरण करता है, वह सभी पापों से मुक्त होकर

देवी का सायुज्य प्राप्त करता है। जप का दशांश कौलिक ब्राह्मणों को भोजन कराये। भोजन में खीर, खण्ड खाद्य खिलाकर बहुत सम्मानित करना चाहिये। अन्त में गुरुदेव को भोजन और वस्त्रादि से सन्तुष्ट करके दक्षिण प्रदान करे; क्योंकि गुरु के सन्तुष्ट होने से मन्त्रसिद्धि मिलती है। गुरु के अभाव में गुरुपुत्र, उनके अभाव में गुरुपत्नी और उनके भी न होने पर अन्य ब्राह्मणों को दक्षिणा देकर कार्य पूरा करे। सम्यक् पञ्चाङ्गोपासना से मन्त्र सिद्ध होते हैं। केवल गुरु के सन्तुष्ट होने से भी मन्त्र सिद्ध होते हैं। यह सब गुरुमूल ही है—ऐसा तन्त्रज्ञों का मत है। एक ही ग्राम में यदि गुरु-शिष्य दोनों रहते हों तो शिष्य प्रतिदिन गुरुगृह जाकर उनकी वन्दना करे। गुरु ही परब्रह्मस्वरूप हैं; अत: सबसे पहले उनकी पूजा करे। अन्त में महापूजा करे। फिर सुवासिनी और कुमारीपूजा करके उन्हें विविध अलंकारों तथा वस्त्रों से सन्तुष्ट करके बन्धु-बान्धवों के साथ स्वयं भी भोजन करे। इस प्रकार पञ्चाङ्गोपासना द्वारा सम्यक् रूप से मन्त्र सिद्ध होने पर भगवती की कृपा से साधक की सभी इच्छायें पूरी होती हैं।

मतान्तरे पुरश्चरणविधि:

तन्त्रे—

अथवान्यप्रकारेण पुरश्चरणमुच्यते ।
ग्रहणेऽर्कस्य चेन्दोर्वा शुचिः पूर्वमुपोषितः ।।
नद्यां समुद्रगामिन्यां नाभिमात्रोदके स्थितः ।
स्पर्शाद्विमुक्तिपर्यन्तं जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ।।

यदि नक्रादिदूषिता नदी भवति तदा यत्कर्त्तव्यं तदाह रुद्रयामले—

अपि शुद्धोदके स्नात्वा शुचौ देशे समाहितः ।
ग्रासाद्विमुक्तिपर्यन्तं जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ।
इति कृत्वा न सन्देहो जपस्य फलभाग्भवेत् ।।

नद्यभावे—

यद्वा पुण्योदके स्नात्वा शुचिः पूर्वमुपोषितः ।
ग्रहणादिविमोक्षान्तं जपेन्मन्त्रं समाहितः ।।

उपवासासमर्थे तु तत्रैव—

अथवान्यप्रकारेण पौरश्चरणिको विधिः ।
चन्द्रसूर्योपरागे च स्नात्वा प्रयतमानसः ।
स्पर्शनादिविमोक्षान्तं जपेन्मन्त्रं समाहितः ।।
जपाद्दशांशतो होमं तथा होमात्तु तर्पणम् ।
तर्पणस्य दशांशेन चाभिषेकं समाचरेत् ।।

अभिषेकदशांशेन कुर्याद् ब्राह्मणभोजनम्।
एवं कृत्वा तु मन्त्रस्य जायते सिद्धिरुत्तमा ॥

मतान्तर से पुरश्चरण, ग्रहणपुरश्चरण—अब दूसरे प्रकार से पुरश्चरण का वर्णन किया जाता है। चन्द्र या सूर्यग्रहण-काल में उपवासी होकर समुद्रगामिनी नदी में नाभि तक गहरे जल में खड़े होकर एकाग्र चित्त से ग्रहण के प्रारम्भ से लेकर अन्त तक इष्टमन्त्र का जप करे।

रुद्रयामल में लिखा है कि नदी में घड़ियाल आदि का भय होने पर या जहाँ नदी न हो, उपयुक्त स्थान में उपवासपूर्वक शुद्ध जल से स्नान करके पवित्र स्थान पर बैठकर ग्रास से मोक्षपर्यन्त जप करे। इस जप से पुरश्चरण जप का फल प्राप्त होता है। उपवास करने में असमर्थ होने पर स्नानपूर्वक संयत चित्त होकर ग्रास से मोक्षपर्यन्त जप करे। इसी अवधि में जप का दशांश होम, होम का दशांश तर्पण, तर्पण का दशांश मार्जन और मार्जन का दशांश ब्राह्मणभोजन कराकर पुरश्चरण क्रिया पूर्ण करे। इस प्रकार जप करने से परम सिद्धि मिलती है।

गोपालमन्त्रतर्पणे तु होमसंख्यत्वं यथा—'इह गोपालमन्त्राणां तर्पणं होम-संख्यया' इत्यादि।

दृष्टा स्नात्वा ससङ्कल्पो विमोक्षान्तं जपं चरेत्।
तावद्यज्ञादिकं कुर्याद् ग्रहणान्ते शुचिः पुमान्।
एवं जपान्मन्त्रसिद्धिर्भवत्येव न संशयः ॥

ग्रहणे जपस्यावश्यकत्वम्—

श्राद्धादेरनुरोधेन यदि जापं त्यजेन्नरः।
स भवेद्देवताद्रोही पितॄन् सप्त नयत्यधः ॥

इति सनत्कुमारवचनात्। वस्तुतस्तु आरब्धपुरश्चरणविषयमिदम्। तथाहि— आरब्धे पुरश्चरणे यदि च ग्रहणं भवेत्तदा श्राद्धाद्यनुरोधेन जपं नैव त्यजेत् इत्ये-कवाक्यत्वात्—

सर्वस्वेनापि कर्त्तव्यं श्राद्धं वै राहुदर्शने।
अकुर्वाणन्तु तच्छ्राद्धं पङ्के गौरिव सीदति ॥

इति प्रतिकूलवाक्यपराहतत्वाच्च इत्यधिकपाठः आगमतत्त्वविलासे। एवं रात्रावपि पुरश्चरणविशेषे बोद्धव्यम्। इति सर्वं समञ्जसम्।

गोपालमन्त्र के तर्पण में हवनसंख्या—सनत्कुमारतन्त्र में लिखा है कि यदि पुरश्चरण आरम्भ हो तो श्राद्ध आदि के कारण उसे छोड़ना नहीं चाहिये; अन्यथा देवद्रोह

का पाप लगता है। यद्यपि शास्त्र में पञ्चाङ्ग (जप, होम, तर्पण, मार्जन, विप्रभोजन) को ही पुरश्चरण बताया गया है; किन्तु ग्रहणकाल में पुरश्चरण जपमात्र से हो जाता है। एक मत से पुरश्चरणकाल में श्राद्ध त्याज्य नहीं है। इसके मत से ग्रहणकाल में श्राद्ध करना चाहिये; अन्यथा गौरव क्षीण होता है। रात में पुरश्चरण जप किया जा सकता है। यह आगमतत्त्वविलास का मत है।

योगिनीहृदये—

कल्पोक्तविधिना मन्त्री कुर्याद्धोमादिकं ततः।
अथवा तद्दशांशेन होमादींश्च समाचरेत्॥

तथा—

अनन्तरं दशांशेन क्रमाद्धोमादिकञ्चरेत्।
तदन्ते महतीं पूजां कुर्याद् ब्राह्मणतोषणम्॥
ततो मन्त्रस्य सिद्ध्यर्थं गुरुं सम्पूज्य तोषयेत्।
एवञ्च मन्त्रसिद्धिः स्याद्देवता च प्रसीदति॥

क्रियासारे—

दीक्षाहीनान् पशून् यस्तु भोजयेद्वा स्वमन्दिरे।
स याति परमेशानि नरकानेकविंशतिम्॥

योगिनीहृदयतन्त्र के अनुसार कल्पोक्त विधि से हवनादि करना चाहिये अथवा जप का दशांश हवन करना चाहिये। इसके बाद जप का दशांश हवन करे। इसके बाद महती पूजा करके ब्राह्मणभोजन करावे। इसके बाद मन्त्रसिद्धि के लिये गुरुपूजन करे। इससे मन्त्रसिद्धि मिलती है। देवता प्रसन्न होते हैं।

क्रियासार के अनुसार दीक्षाहीन विप्रों को अपने घर में जो भोजन कराता है, वह इक्कीस नरकों में जाता है।

यद्यपि पुरश्चरणपदं पञ्चाङ्गपरं तथा च—

जपहोमौ तर्पणञ्चाभिषेकौ विप्रभोजनम्।
पञ्चाङ्गोपासनं लोके पुरश्चरणमुच्यते॥

तथापि ग्रहणादौ पुरश्चरणपदं गौणं जपमात्रपरम्।

सूर्योदयात्समारभ्य यावत्सूर्योदयावधि।
तावज्जप्तो महेशानि पुरश्चरणमिष्यते॥

इत्यादौ तथा दर्शनात्। तत्र होमादेरभावात्तर्हि कथं ग्रहणपुरश्चरणे होमादिरिति चेद्वचनादेव जायते। न च पुरश्चरणस्य पञ्चाङ्गत्वात्सर्वत्र तदेव स्यादिति वाच्यं,

ग्रहणे तद्विधानमनर्थकं स्यात्। किन्तु ग्रहणे होमादिनियमान्नान्यत्र होमादिः। ग्रहण-पुरश्चरणे होमादिविधानन्तु प्रकृतीभूतपञ्चाङ्गपुरश्चरणतुल्यत्वबोधनाय। अतएव ग्रहणे पञ्चाङ्गस्वरूपपुरश्चरणे कृते मुख्यप्रयोगेऽप्यधिकार इति प्रकटीकृतम्। तदकरणे पुनः केवलजपमात्रपुरश्चरणे कृते नाधिकार इति सर्वसम्मतम्। पुरश्चरण-कालस्तु वाराहीतन्त्रे—

चन्द्रतारानुकूले च शुक्लपक्षे शुभेऽहनि।
आरभेत पुरश्चर्यां हरौ सुप्ते न चाचरेत्॥

प्रतिप्रसवस्तु रुद्रयामले—

कार्त्तिकाश्विन-वैशाख-माघेऽथ मार्गशीर्षके।
फाल्गुने श्रावणे दीक्षा पुरश्चर्या प्रशस्यते।
ग्रहणे च महातीर्थे न कालमवधारयेत्॥

यद्यपि पुरश्चरण के पाँच अंग होते हैं, जो जप-हवन-तर्पण-मार्जन और ब्राह्मण-भोजन हैं एवं पञ्चाङ्गोपासन को ही पुरश्चरण कहा जाता है तथापि ग्रहणपुरश्चरण में जप ही प्रधान है, शेष सब गौण माने जाते हैं।

सूर्योदय से प्रारम्भ करके सूर्योदय तक जप को भी पुरश्चरण कहते हैं, इसमें हवन आदि नहीं होते। ग्रहणजप में भी हवन आवश्यक नहीं है। सभी पुरश्चरणों में हवनादि आवश्यक नहीं हैं; किन्तु दूसरे मत से ग्रहणपुरश्चरण में हवन आवश्यक है। ग्रहणपुरश्चरण में भी पञ्चाङ्गोपासना करने से प्रयोग का अधिकार प्राप्त होता है, केवल ग्रहणपुरश्चरण से प्रयोग का अधिकार नहीं होता। यह सर्वसम्मत है।

वाराही तन्त्र के अनुसार चन्द्र-तारा अनुकूल होने पर शुक्ल पक्ष में शुभ दिन में पुरश्चरण प्रारम्भ करना चाहिये। विष्णुशयनकाल में पुरश्चरण प्रारम्भ नहीं करना चाहिये।

रुद्रयामल के अनुसार कार्तिक, आश्विन, वैशाख, माघ, अगहन, फाल्गुन, सावन, भादो में दीक्षा और पुरश्चरण प्रारम्भ करना चाहिये। ग्रहण और महातीर्थों में कालविचार अपेक्षित नहीं है।

ग्रस्तास्ते ग्रस्तोदये दीक्षापुरश्चरणयोर्निषेधमाह तन्त्रान्तरे—

ग्रस्तास्ते ह्युदिते नैव कुर्याद्दीक्षाजपं प्रिये।
कृते नाशो भवेदाशु ह्यायुःश्रीसुतसम्पदाम्॥

तन्त्रान्तर में चन्द्र-सूर्य ग्रासान्त और ग्रस्तोदय में दीक्षा एवं पुरश्चरण निषिद्ध है। ग्रस्तास्त दिन में दीक्षा जप नहीं करना चाहिये। जप करने से आयु, धन, पुत्र, सम्पत्ति का नाश होता है।

तत्र तावद्भूमेः परिग्रहं कृत्वा पुरश्चरणप्राक् तृतीयदिवसे क्षौरादिकं विधाय वेदिकायाश्चतुर्दिक्षु क्रोशं क्रोशद्वयं वा क्षेत्रं चतुरस्रं आहारादिर्विहारार्थं परिकल्प्य तत्र कूर्मचक्रानुरूपं मण्डपं विधाय एकभक्तं कुर्यात्। ततः परदिने स्नानादिकं विधाय शुद्धः सन् वेदिकायाश्चतुर्दिक्षु अश्वत्थोदुम्बरप्लक्षाणामन्यतमस्य वितस्ति-मात्रान् दशकीलान् 'ॐ सुदर्शनाय अस्त्राय फट्' इति मन्त्रेणाष्टोत्तरशताभिमन्त्रितान् वेदिकायां दश दिक्षु—

ॐ ये चात्र विघ्नकर्तारो भुवि दिव्यन्तरिक्षगाः ।
विघ्नभूताश्च ये चान्ये मम मन्त्रस्य सिद्धिषु ॥
ममैतत्कीलितं क्षेत्रं परित्यज्य विदूरतः ।
अपसर्पन्तु ते सर्वे निर्विघ्नं सिद्धिरस्तु मे ॥

इत्यनेन निखन्य तेषु 'ॐ सुदर्शनाय अस्त्राय फट्' इति अस्त्रं सम्पूज्य तेषु पूर्वादिक्रमेण इन्द्रादिलोकपालान् पूजयेत्। यथा—

'भूर्भुवः स्वः इन्द्रलोकपाल इहागच्छ' इत्यावाह्य पञ्चोपचारैः पूजयेत्। एवं क्रमेण अन्यानपि पूजयेत्। तथा च मुण्डमालायाम्—

पुण्यक्षेत्रादिकं गत्वा कुर्याद्भूमिपरिग्रहम् ।
तथा ह्यमुकमन्त्रस्य पुरश्चरणसिद्धये ।
मयेयं गृह्यते भूमिर्मन्त्रोऽयं सिध्यतामिति ॥

तथा च—

ग्रामे क्रोशमितं स्थानं नद्यादौ स्वेच्छया मतम् ।
नगरादावपि क्रोशं क्रोशयुग्ममथापि वा ॥
(क्षेत्रं वा यावदिष्टन्तु विहारार्थं प्रकल्पयेत्) ।
आहारादिविहारार्थं तावतीं भूमिमाक्रमेत् ।
क्षीरिवृक्षोद्भवान् कीलान् अस्त्रमन्त्राभिमन्त्रितान् ॥
निखनेद्दशदिग्भागे तेष्वस्त्रञ्च प्रपूजयेत् ।
लोकपालान् पुनस्तेषां गन्धाद्यैः पूजयेत्सुधीः ॥ इति।

पुरश्चरण-पद्धति—पुरश्चरण के लिये पहले स्थान निश्चित करे। पुरश्चरण के तीन दिन पहले क्षौरादि कर्म करा ले। तब वेदी की चारो दिशाओं में एक या दो कोश परिमित चौकोर भूमि को आहार-विहार के लिये मानकर उसके बीच में कूर्मचक्र के अनुसार मण्डप बनावे। उस दिन एक बार भोजन करे। दूसरे दिन स्नानादि नित्य कर्म करके शुद्ध होकर वेदिका के चारो ओर पीपल, गूलर और पाकड में से किसी एक वृक्ष की लकड़ी से बारह अंगुल की दस कील बनावे। उनके ऊपर 'ॐ सुदर्शनाय अस्त्राय फट्' मन्त्र से १०८

वार जप करे। इसके बाद उन कीलों को वेदी की दशों दिशाओं में निम्न मन्त्रोच्चारणपूर्वक गाड़ दे—

ॐ ये च विघ्नकर्तारो भुवि दिव्यन्तरीक्षगा:।
विघ्नभूताश्च ये यान्ये मम मन्त्रस्य सिद्धिषु।।
ममैतत् कीलितं क्षेत्रं परित्यज्य विदूरत:।
अपसर्पन्तु ते सर्वे निर्विघ्ना सिद्धिरस्तु मे।।

इसके बाद 'ॐ सुदर्शनाय अस्त्राय फट्' मन्त्र से कीलों की पूजा करे। तब उनके ऊपर पूर्वादि दश दिशाओं में इन्द्रादि दश लोकपालों की पूजा करे। पूजा पञ्चोपचार से करे। जैसे—

पूर्व में— ॐ भुर्भुव: स्व: इन्द्रलोकपाल इहागच्छ से आवाहन करे, पूजन करे।
अग्निकोण मे— ॐ भुर्भुव: स्व: अग्निलोकपाल इहागच्छ मम पूजां गृहाण।
दक्षिण में— ॐ भुर्भुव: स्व: यमलोकपाल इहागच्छ मम पूजां गृहाण।
नैर्ऋत्य में— ॐ भुर्भुव: स्व: निर्ऋतिलोकपाल इहागच्छ मम पूजां गृहाण।
पश्चिम में— ॐ भुर्भुव: स्व: वरुणलोकपाल इहागच्छ मम पूजां गृहाण।
वायव्य में— ॐ भुर्भुव: स्व: वायुदेवता इहागच्छ मम पूजां गृहाण।
उत्तर में— ॐ भुर्भुव: स्व: कुवेर इहागच्छ मम पृजां गृहाण।
ईशान में— ॐ भुर्भुव: स्व: ईशानदेवता इहागच्छ मम पूजां गृहाण।
ईशान और पूर्व के बीच में— ॐ भुर्भुव: स्व: ब्रह्मा इहागच्छ मम पूजां गृहाण।
नैर्ऋत्य और पश्चिम के बीच में— ॐ भुर्भुव: स्व: अनन्त इहागच्छ मम पूजां गृहाण।

ततो मध्यस्थाने क्षेत्रपालं वास्त्वीशञ्च सम्पूज्य सर्वविघ्नविनाशार्थं गणपतिं पूजयेत्। यथा— ॐ अद्येत्यादि अमुकगोत्रोऽमुकदेवशर्मा मत्कर्त्तव्यामुकदेवता-मुकमन्त्रपुरश्चरणकर्मणि सर्वविघ्नविनाशार्थं गणेशपूजामहं करिष्ये। इति संकल्प्य वेदिकामध्ये पञ्चोपचारैर्गणेशं पूजयेत्। तदुक्तम्—

क्षेत्रपालादिकं तत्र पूजयेद्विधिवत्तत: ।
क्षेत्रेशं वास्तुनामानं विघ्नराजं समर्चयेत् ।
दिक्पालेभ्यो बलिं दद्यात्तत: क्षेत्रं समाविशेत् ।।

ततो मासभक्तादिना पूजितदेवताभ्यो बलिं दद्यात्। तत:—

ॐ ये रौद्रा रौद्रकर्माणो रौद्रस्थाननिवासिन: ।
मातरोऽप्युग्ररूपाश्च गणाधिपतयश्च ये ।।
विघ्नभूताश्च ये चान्ये दिग्विदिक्षु समाश्रिता: ।
सर्वे ते प्रीतमनस: प्रतिगृह्णन्त्विमं बलिम् ।।

इत्यनेन दशदिक्षु भूतेभ्यो बलिं दद्यात्। ततो गायत्रीं जपेत्।

इसके बाद विघ्नों के विनाश के लिये निम्न मन्त्र में संकल्प करे— ॐ अद्येत्यादि अमुक गोत्र अमुकदेवशर्मा मत्कर्त्तव्या अमुक देवता अमुक मन्त्र पुरश्चरणकर्मणि सर्वविघ्नविनाशार्थं गणेशपूजामहं करिष्ये।

यह संकल्प करके वेदी के मध्य में आवाहनपूर्वक गणेश की पूजा पञ्चोपचारों से करे। दिक्पालों को बलि देकर क्षेत्र में प्रवेश करे। वेदी की दशों दिशाओं में क्षेत्रपालादि देवताओं को उड़द और भात की बलि प्रदान करे। इसके बाद प्रार्थना करे—

ॐ ये रौद्रा रौद्रकर्माणो रौद्रस्थाननिवासिनः।
मातरोऽप्युग्ररूपाश्च गणाधिपतयश्च ये ।।
विघ्नभूताश्च ये चान्ये दिग्विदिक्षु समाश्रिता ।।
सर्वे ते प्रीतमनसः प्रतिगृह्णन्त्विमं बलिम् ।।

इसके बाद गायत्री का जप करे।

तथा च—

प्रातः स्नात्वा तु गायत्र्याः सहस्रं प्रयतो जपेत् ।
ज्ञाताज्ञातस्य पापस्य क्षयार्थं प्रथमं ततः ।।

इति विद्याधराचार्यः।

विप्रान् सन्तर्पयेदर्थतोषणाच्छादनासनैः ।
बहुभिर्वस्त्रभूषाभिः सम्पूज्य गुरुमात्मनः ।
आरभेत जपं पश्चात्तदनुज्ञापुरःसरम् ।। इति।

गायत्री पुनस्तत्तद्देवतायाः यथा गोविन्दवृन्दावने —

जपात्पूर्वं जपेत्कृष्णगायत्रीं सर्वपापहाम् ।
अयुतैकप्रमाणेन एनसो न्यूनहेतवे ।। इति।

कृष्णगायत्रीस्वरसादन्यत्रापि तथा; अतएव स्त्रीशूद्रे साधारणमिति माधवाचार्यः। यत्तु—

प्रातः स्नात्वा तु सावित्र्या अयुतं प्रयतो जपेत् ।। इति।

तत्पुनरत्यन्तपापशङ्कया। 'ॐ अद्येत्यादि अमुकगोत्रः श्री अमुकदेवशर्मा ज्ञाताज्ञातपापक्षयकामः अष्टोत्तरसहस्रसावित्रीजपमहं करिष्ये' इति सङ्कल्प्य जपेत् अयुतं वा कुर्यात्। तत उपवासं हविष्यं वा कुर्यात्। परदिने उषसि स्नानादिकं कृत्वा स्वस्तिवाचनपूर्वकं सङ्कल्पं कुर्यात्। ॐ अद्येत्यादि अमुकगोत्रः श्रीअमुक-देवशर्मा अमुकदेवताया अमुकमन्त्रसिद्धिप्रतिबन्धकाशेषदुरितक्षयपूर्वकतन्मन्त्र-सिद्धिकामोऽद्यारभ्य यावता कालेन सेत्स्यति तावत्कालं अमुकमन्त्रस्य इयत्संख्यक-

जप-तद्दशांशहोम-तद्दशांशतर्पण-तद्दशांशाभिषेक-तद्दशांशब्राह्मण-भोजनरूप-पुरश्चरणमहं करिष्ये। इति सङ्कल्प्य भूतशुद्धिप्राणायामादिकं कृत्वा स्वस्वमुद्रां बद्ध्वा स्वस्वपद्धत्युक्तक्रमेण देवतां सम्पूज्य दीपे प्रज्ज्वलिताकारां देवतां हृदये कृत्वा प्रातःकालमारभ्य मध्यन्दिनं यावज्जपं कुर्यात्। ततो होमस्ततस्तर्पणम्।

विद्याधराचार्य ने कहा है कि अगले दिन प्रातःस्नानादि नित्य क्रिया करके ज्ञात और अज्ञात पापों के क्षय के लिये गायत्री का जप एक हजार करे।

इसके बाद धन, वस्त्र, आभूषण से ब्राह्मणों और गुरुदेव को सन्तुष्ट करके उनकी अनुमति लेकर जप प्रारम्भ करे। जिस देवता के मन्त्र का पुरश्चरण हो, उसी देवता की गायत्री का जप करना चाहिये।

प्रातःकाल स्नान के बाद सहस्र गायत्री-जप का जो विधान है, वह अधिक पाप की आशंका होने पर माननीय है। अन्यथा उक्त गायत्री का जप करके कार्यारम्भ करना चाहिये। गायत्री-जप के पहले संकल्प इस प्रकार करे—

ॐ अद्येत्यादि अमुकगोत्र श्री अमुकशर्मा ज्ञाताज्ञातपापक्षयकामः अष्टोत्तरसहस्र-गायत्रीजपमहं करिष्ये। इस दिन उपवासी या हविष्याशी होकर रहे।

अगले दिन उषाकाल में स्नानादि करके स्वस्तिवाचनपूर्वक संकल्प करे—

ॐ अमुकगोत्रः श्री अमुकशर्मा अमुकदेवतायाः अमुकमन्त्रसिद्धिप्रतिबन्धकाशेष-दुरितक्षयपूर्वकतन्मन्त्रसिद्धिकामो अद्यारभ्य यावता कालेन सेत्स्यति तावत्कालं अमुकमन्त्रस्य इयत्संख्यकजपतद्दशांशहोमतद्दशांशतर्पणतद्दशांशाभिषेकतद्दशांशब्राह्मणभोजनरूपपुरश्चरण-महं करिष्ये।

इसके बाद भूतशुद्धि, प्राणायामादि करके तद्देवतासम्बन्धी मुद्रायें दिखाकर अपनी पद्धति में निर्दिष्ट विधि से देवता की पूजा करे। तेजोरूपिणी देवता का हृदय में ध्यान करके प्रातःकाल से लेकर मध्याह्न काल तक जप करे। जप समाप्त होने पर हवन और तर्पण करे।

कुलार्णवे—

तर्पणन्तु ततः कुर्यात्तीर्थोदकैश्चन्द्रमिश्रितैः ।
जले देवं समावाह्य पाद्याद्यैरुदकात्मकैः ॥
सम्पूज्य विधिवद्भक्त्या परिवारसमन्वितम् ।
एकैकमञ्जलिं तोयं परिवारान् प्रतर्पयेत् ॥
ततो होमदशांशेन तर्पयेत्परदेवताम् ।
सम्पूर्णायान्तु संख्यायां पुनरेकैकमञ्जलिम् ॥

तर्पणवाक्यन्तु स्नानप्रकरणे वक्तव्यम्।

अथाभिषेकवाक्यम्—नमोऽन्तं मूलमुच्चार्य अमुकदेवतामहमभिषिञ्चामि इति कलशमुद्रया स्वमूर्ध्नि अभिषेचयेत्। तथा च गौतमीये—

नमोऽन्तं मूलमुच्चार्य तदन्ते देवताभिधाम्।
द्वितीयान्तामहं पश्चादभिषिञ्चाम्यनेन तु।
अभिषिञ्चेत्स्वमूर्द्धानं तोयैः कुम्भाख्यमुद्रया ॥

शक्तिविषये नीलतन्त्रे—

मूलान्ते नाम चोच्चार्य सिञ्चामीति नमः पदम् ॥ इति।

ततो ब्राह्मणान् भोजयित्वा दक्षिणां दद्यात्। ॐ अद्येत्यादि कृतैतदमुकदेवताया अमुकमन्त्रपुरश्चरणकर्मणः साङ्गतार्थं दक्षिणामिदं काञ्चनं वह्निदैवतं अमुकगोत्राय गुरवे तुभ्यमहं सम्प्रददे। ततोऽच्छिद्रावधारणं कुर्यात्।

कुलार्णवतन्त्र में लिखा है कि इष्टदेवता का आवाहन करके जलरूप पाद्यादि उपचारों से परिवारगणसहित यथाविधि पूजा करे और परिवार-गण का एक-एक अंजलि जल द्वारा तर्पण करे। संख्या पूरी होने पर एक-एक अंजलि द्वारा पुनः तर्पण करे। तर्पणवाक्य है—मूल मन्त्र नमो अहम् अमुकदेवतां तर्पयामि नमः। अभिषेक वाक्य है—मूलं नमः अमुक देवताम् अहं अभिषिञ्चामि। इस मन्त्र से कलशमुद्रा के द्वारा अपने मस्तक पर अभिषेक करे।

नीलतन्त्र में शक्तिमन्त्रों के विषय में अभिषेकवाक्य को इस प्रकार बताया गया है—मूलं अमुकदेवता अभिषिञ्चामि नमः। अभिषेक के बाद ब्राह्मणभोजन कराकर निम्न वाक्य से गुरुदेव को दक्षिणा प्रदान करे—

ॐ अद्येत्यादि अमुकदेवतायाः अमुकमन्त्रपुरश्चरणकर्मणः सांगतार्थं दक्षिणामिदं वह्निदैवतं अमुकगोत्राय गुरवे तुभ्यमहं प्रददे।

इस पुरश्चरण को अच्छिद्र मानकर उसे सांग सम्पन्न समझे।

ग्रहणपुरश्चरणसङ्कल्पः

तद्यथा—ॐ अद्येत्यादि राहुग्रस्ते दिवाकरे निशाकरे वा अमुकगोत्रः श्री अमुकदेवशर्मा अमुकदेवताया अमुकमन्त्रसिद्धिकामो ग्रासाद्विमुक्तिपर्यन्तं अमुक-देवतामुकमन्त्रजपरूपपुरश्चरणमहं करिष्ये। इति सङ्कल्प्य जपेत्। ततस्तद्दिने तत्परदिने वा स्नानं विधाय ॐ अद्येत्यादि अमुकमन्त्रस्य कृतैतदमुकग्रहणकालीनअमुक-देवतामुकमन्त्रे यत्संख्यकजप-तद्दशांशहोम-तद्दशांशतर्पण-तद्दशांशाभिषेक-तद्दशांशब्राह्मणभोजनकर्माण्यहं करिष्ये। इति सङ्कल्प्य होमादिकं कर्म कृत्वा पूर्व-वद्दक्षिणादिकं कुर्यादिति पुरश्चरणप्रयोगः।

ग्रहण-पुरश्चरण-सङ्कल्प—ग्रहण-पुरश्चरण में निम्न प्रकार का संकल्प करे—ॐ अद्येत्यादि राहुग्रस्तदिवाकरे अमुकगोत्रः श्री अमुकशर्मा अमुकदेवतायाः अमुकमन्त्रसिद्धि-कामो ग्रासाद् विमुक्तिपर्यन्तं अमुकदेवताया अमुकमन्त्रजपरूपपुरश्चरणमहं करिष्ये। फिर उसी दिन या अगले दिन स्नान करने के बाद हवनादि का संकल्प इस प्रकार करे—ॐ अद्येत्यादि अमुकमन्त्रस्य कृतैतदमुकग्रहणकालीन अमुकदेवता अमुकमन्त्रे यत्संख्यक जप तद्दशांश होम, तद् दशांशतर्पण तद् दशांश मार्जन तद् दशांश ब्राह्मणभोजनकर्माण्यहं करिष्ये।

इस प्रकार संकल्पसहित होमादि कार्य पूरा करके पूर्ववत् दक्षिणा देकर पुरश्चरण को पूर्ण रूप से सम्पन्न समझे। इसके बाद मन्त्र का प्रयोग करे।

कूर्मचक्रम्

दीपस्थानं समाश्रित्य कृतं कर्म फलप्रदम्।
पुरुषो दीप्यते यत्र दीपस्थानं तदुच्यते॥
चतुरस्रां भुवं भित्त्वा कोष्ठानां नवकं लिखेत्।
पूर्वकोष्ठादि विलिखेत्सप्तवर्गाननुक्रमात्।
लक्ष्मीशे मध्यकोष्ठे स्वरान् युग्मक्रमाल्लिखेत्॥
दिक्षु पूर्वादितो यत्र क्षेत्राद्यक्षरसंस्थितिः।
मुखन्तत्तस्य जानीयाद्धस्तावुभयतः स्थितौ॥
कोष्ठे कुक्षौ उभे पादौ द्वे शिष्टं पुच्छमीरितम्।
क्रमेणानेन विभजेन्मध्यस्थमपि भागतः॥
मुखस्थो लभते सिद्धिं करस्थः स्वल्पजीवनः।
उदासीनः कुक्षिसंस्थः पादस्थो दुःखमाप्नुयात्॥
पुच्छस्थः पीड्यते मन्त्री बन्धनोच्चाटनादिभिः।
कूर्मचक्रमिदं प्रोक्तं मन्त्रिणां सिद्धिदायकम्॥

पिङ्गलायाम्—

कूर्मचक्रमविज्ञाय यः कुर्याज्जपयज्ञकम्।
तस्य यज्ञफलं नास्ति सर्वानर्थाय कल्पते॥

कूर्मचक्र—जिस स्थान में पुरुष दीप्यमान होता है, उसे दीपस्थान कहते हैं। दीप-स्थान का आश्रय लेकर जो कर्म किया जाता है, वह फलप्रद होता है। इसलिये जप-पूजादि के लिये मनोनीत स्थान में अग्रांकित कूर्मचक्र बनावे।

इस चक्र के जिस कोष्ठ में उक्त स्थान (ग्राम-नगर आदि) के नाम का प्रथमाक्षर हो, उसे कूर्म का मुख समझे, मुख के दोनों ओर के कोष्ठ उसके हाथ समझे। हाथों के नीचे

वाले दो कोष्ठ उसकी कुक्षियाँ हैं। कुक्षियों के नीचे वाले दो कोष्ठ उसके पैर और शेष कोष्ठ को उसकी पूँछ समझना चाहिये।

इसी प्रकार मध्यवर्ती नौ कोष्ठों का भी विभाजन करे।

मण्डप के जिस भाग में कूर्म का मुख हो, वहीं बैठकर जप-पूजादि कार्य करने से मन्त्रसिद्धि होती है। हाथ वाले भाग में कार्य करने से साधक अल्पजीवी, कुक्षि में उदासीन, पैर में दुःखी, पूँछ में करने से बन्धन और उच्चाटनादि से पीड़ित होता है।

पिङ्गलातन्त्र के अनुसार कूर्मचक्र के ज्ञान विना जो जप, यज्ञ करता है, उसके यज्ञ का कोई फल नहीं मिलता और उसे सभी प्रकार के अनर्थों का सामना करना पड़ता है।

मन्त्राणां दशसंस्कारा:

गौतमीये—

जननं जीवनं पश्चात्ताडनं बोधनं तथा।
अथाभिषेको विमलीकरणाप्यायने पुनः।
तर्पणं दीपनं गुप्तिर्दशैता मन्त्रसंस्क्रियाः॥
स्वर्णादिपात्रे संलिख्य मातृकायन्त्रमुत्तमम्।
काश्मीरचन्दनेनापि भस्मना वाथ सुव्रते॥
काश्मीरं शक्तिसंस्कारे चन्दनं वैष्णवे मनौ।
शैवे भस्म समाख्यातं मातृकायन्त्रलेखने॥

मातृकायन्त्रम्—

व्योमेन्द्वौ रसनार्णकर्णिकमचां द्वन्द्वैः स्फुरत्केशरम्
वर्गोल्लासि वसुच्छदं वसुमतीगेहेन संवेष्टितम्।
आशास्वस्त्रिषु लान्तलाङ्गलियुजा क्षौणिपूरेणावृतं
यन्त्रं वर्णतनोः परं निगदितं सौभाग्यसम्पत्करम्॥

यन्त्रस्य दिक्षु वं विदिक्षु ठं लिखेत्। तथा च गौतमीये—

कादिमान्तान्पञ्चवर्गान्दिक्षु पूर्वादितो न्यसेत्।
यादिवान्ताः शादिहान्ताः लक्ष्ममीशे प्रविन्यसेत्।

चतुरस्रं चतुर्द्वारं दिक्षु वं ठं विदिक्षु च ॥

इति मातृकायन्त्रम्।

मन्त्राणां मातृकायन्त्रादुद्धारो जननं स्मृतम् ।
पंक्तिक्रमेण विधिना मुनिभिस्तत्र निश्चितम् ॥
प्रणवान्तरितान् कृत्वा मन्त्रवर्णाञ्जपेत्सुधीः ।
प्रत्येकं शतवारं तु जीवनं तदुदाहृतम् ॥

दशसंख्यो वा जपः। विश्वसारे—

पृथक्शतं वा दशधा मन्त्रवर्णाञ्जपेत्सुधीः ।
मन्त्रवर्णान्समालिख्य ताडयेच्चन्दनाम्भसा ।
प्रत्येकं वायुबीजेन पूर्ववत्ताडनं मतम् ॥

ताडनं शतधा वा । तथा च तन्त्रान्तरे—

ताडनं ताडयेद्वर्णानखिलांश्चन्दनाम्भसा ।
शतं वा दशधा वापि बोधयेत्तु मनुं ततः ॥

विश्वसारे—

दशधा शृणु देवेशि ताडनं परिकीर्त्तितम् ।
विलिख्य मन्त्रवर्णांस्तु प्रसूनैः करवीरजैः ।
तन्मन्त्रवर्णसंख्याकैर्हन्याद्रेफेण बोधनम् ॥

तन्त्रान्तरे—

विलिख्याक्षरसंख्याकैः पुष्पै रक्तहयारिभिः ।
मन्त्रवर्णान् वह्निनैकमभिमन्त्र्य सकृत्सकृत् ॥
तत्तन्मन्त्रोक्तविधिना अभिषेकः प्रकीर्त्तितः ।
अश्वत्थपल्लवैः सिञ्चन्मन्त्री मन्त्रार्णसंख्यया ॥
सञ्चिन्त्य मनसा मन्त्रं सुषुम्नामूलमध्यतः ।
ज्योतिर्मन्त्रेण विधिवद्दहेन्मलत्रयं यतिः ॥
तारं व्योमाग्निमनुयुग्दण्डी ज्योतिर्मनुर्मतः ।

तारं प्रणवः। व्योमो हकारः। अग्निर्रेफः। मनुरोकारः। दण्डी अनुस्वारः। तेन ॐ ह्रौं।

स्वर्णेन कुशतोयेन पुष्पतोयेन वा तथा ।
तेन मन्त्रेण विधिवदाप्यायनविधिः स्मृतः ॥
मन्त्रेण वारिणा मन्त्रे तर्पणं तर्पणं मतम् ।

मधुना शक्तिमन्त्रे तु वैष्णवे चेन्दुमज्जलैः ।
शैवे घृतेन दुग्धेन तर्पणं सम्यगीरितम् ।।

अभिषेकेऽपि तथा।

तारमाया-रमायोगे मनोर्दीपनमुच्यते ।
जप्यमानस्य मन्त्रस्य गोपनं त्वप्रकाशनम् ।।
संस्काराः दश सम्प्रोक्ताः सर्वतन्त्रेषु गोपिताः ।
यान् कृत्वा साम्प्रदायेन मन्त्री वाञ्छितमाप्नुयात् ।।

गौतमीय तन्त्र में मन्त्र के दश संस्कार बताये गये हैं; जैसे—जनन, जीवन, ताड़न, बोधन, अभिषेक, विमलीकरण, आप्यायन, तर्पण, दीपन और गुप्ति। जनन संस्कार के लिये पहले मातृकायन्त्र बनावे। यह यन्त्र शक्तिमन्त्र के संस्कार में कुंकुम से, विष्णुमन्त्र में चन्दन से और शिवमन्त्र में भस्म से लिखे। इस मातृकायन्त्र से मन्त्रवर्णों का पर्यायक्रम में उद्धार करना 'जनन' कहलाता है। मातृकायन्त्र के दो रूप हैं; दोनों इस प्रकार के हैं—

उद्धृत सभी मन्त्रवर्णों को पंक्तिक्रम में 'ॐ' द्वारा पुटित करके एक-एक वर्ण का सौ बार जप करना 'जीवन' है अथवा दस बार जप से भी हो सकता है। विश्वसारतन्त्र के अनुसार प्रत्येक मन्त्रवर्ण का सौ या दश बार जप करने पर संस्कार होता है।

मन्त्र के सभी वर्णों को अलग-अलग लिखकर 'यं' के उच्चारण-पूर्वक चन्दनजल से प्रत्येक को सौ बार या दश बार ताड़ित करने से 'ताड़न' होता है।

मन्त्र की वर्णसंख्या के अनुसार कनैल-फूलों से 'रं' उच्चारण करते हुए हनन करना 'बोधन' कहलाता है। सभी मन्त्रवर्णों को लिखकर वर्णसंख्यक लाल कनैल-फूलों से 'रं' मन्त्र द्वारा एक-एक बार अभिमन्त्रित करके अश्वत्थ के पत्ते द्वारा तत्तन्मन्त्रोक्त विधान से सभी मन्त्रवर्णों को सिञ्चित करना ही 'अभिषेक' कहलाता है।

सुषुम्णा के मूल और मध्य भाग में देय मन्त्र का चिन्तन करके ज्योतिमन्त्र ॐ ह्रौं में मलत्रय को दग्ध करना 'विमलीकरण' कहलाता है।

मन्त्रवर्णों को कुशोदक या पुष्पोदक से ज्योतिमन्त्र द्वारा आप्यायित करने का नाम 'आप्यायन' है।

इसी ज्योतिमन्त्र द्वारा मन्त्रवर्णों की संख्या के अनुसार जल से तर्पण किया जाता है। शक्तिमन्त्र में मधु से, विष्णुमन्त्र में कपूरमिश्रित जल से और शिवमन्त्र में घी-दूध से 'तर्पण' किया जाता है।

ॐ, ह्रीं और श्रीं से देय मन्त्र को पुटित करके १०८ बार जप करने से 'दीपन' होता है।

किसी को नहीं बतलाने से 'गुप्ति' होती है।

मन्त्र के इन दस संस्कारों को करने के बाद मन्त्रग्रहण करने से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है।

मलत्रयमिति आणव्यं मायिकं कार्मणञ्चेति। प्रपञ्चसारे—

मायिकं नाम योषोल्वं पौरुषं कार्मणं मलम्।
आणव्यं तद्द्वयं प्रोक्तं निषिद्धं तन्मलत्रयम्॥

तारमायारमायोगे इति तारमायारमाबीजपुटितं मन्त्रमष्टोत्तरशतं जपेदित्यर्थः। तथा च विश्वसारे—

तारमायारमाबीजपुटितेन जपेन्मनुम्।
शतमष्टोत्तरञ्चैव दीपयेत्साधकोत्तमः॥

मल तीन प्रकार के हैं—१. आणव्य, २. मायिक, ३. कार्मण। प्रपञ्चसार में लिखा है कि स्त्री से जो मल उत्पन्न होता है, उसे मायिक कहते हैं। पुरुष से उत्पन्न मल को कार्मण कहते हैं। उभयविधि से उत्पन्न मल को आणव्य कहते हैं। ॐ ह्रीं श्रीं से पुटित करके १०८ जप करने से मल दूर हो जाता है। विश्वसारतन्त्र के अनुसार ॐ ह्रीं श्रीं से पुटित करके १०८ बार जप करने से मन्त्र का दीपन संस्कार होता है।

कलावतीदीक्षाप्रयोगः

शिष्यः पूर्वमुपोषितः कृतनित्यक्रियः स्वस्तिवाचनपूर्वकं सङ्कल्पं कुर्यात्। तद्यथा—ॐ अद्येत्यादि अमुकगोत्रः श्रीअमुकदेवशर्मा धर्मार्थकाममोक्षप्राप्तिकामः अमुकदेवताया अमुकाक्षरमन्त्रदीक्षामहं करिष्ये इति सङ्कल्प्य गुरुं वृणुयात्। ॐ साधु भवानास्ताम्, ॐ साध्वहमासे इति प्रतिवचनम्। ॐ अर्चयिष्यामो भवन्तम्, ॐ अर्चय इति प्रतिवचनम्। ततो गन्धपुष्पवस्त्रालङ्कारादिभिर्गुरूम-

भ्यर्च्य दक्षिणं जानुं धृत्वा पठेत्—ॐ अद्येत्यादि अमुकगोत्र: श्री अमुकदेवशर्मा अमुकदेवताया मत्कर्त्तृकामुकमन्त्रदीक्षाकर्मणि अमुकगोत्रं श्री अमुकदेवशर्माण-मेभि: गन्धादिभिरभ्यर्च्य गुरुत्वेन भवन्तमहं वृणे। ॐ वृतोऽस्मीत्युत्तरम्। यथा-विहितं गुरुकर्म कुरु, यथाज्ञानत: करवाणीति प्रतिवचनम्। ततो गुरुराचम्य द्वारदेशे सामान्यार्घ्यं कुर्यात्।

तद्यथा—स्ववामे त्रिकोणवृत्तं भूविम्बं विलिख्य ॐ आधारशक्तये नम: इति सम्पूज्य, फडिति मन्त्रेण अर्घ्यपात्रं प्रक्षाल्य, साधारं शङ्खं तत्र निधाय, नम: इति मन्त्रेण जलेनापूर्य, अंकुशमुद्रया ॐ गङ्गे चेत्यादिना सूर्यमण्डलात्तीर्थमावाह्य प्रणवेन गन्धादीन्निक्षिप्य, धेनुमुद्रां प्रदर्श्य ओमित्यष्टधा दशधा वा जपेत्। तथा च—

त्रिकोणभूवृत्तविम्बमण्डलं रचयेत्तत: ।
आधारशक्तिं सम्पूज्य तत्राधारं विनिक्षिपेत् ॥
अस्त्रेण पात्रं संशोध्य हृन्मन्त्रेण प्रपूरयेत् ॥
निक्षिपेत्तीर्थमावाह्य गन्धादीन् प्रणवेन तु ।
दर्शयेद्धेनुमुद्रां वै सामान्यार्घ्यमिदं स्मृतम् ॥

इति गौतमीयवचनात् अष्टधा प्रणवजप:। विशेषार्घ्यो तथादर्शनात्। श्यामादौ तु दशधा तदर्घ्ये तथादर्शनात्।

पात्रं तोयै: प्रपूर्याथ प्रणवं दशधा जपेत् ।

इति भैरवीयात्।

तत: फडिति तज्जलेन द्वारमभ्युक्ष्य द्वारपूजां कुर्यात्। तद्यथा—ऊद्ध्वोंडुस्वरे ॐ विघ्नाय नम:, ॐ महालक्ष्म्यै नम:, ॐ सरस्वत्यै नम:। दक्षिणशाखायां ॐ विघ्नाय नम:। वामशाखायां ॐ क्षेत्रपालाय नम:। तयो: पार्श्वे ॐ गङ्गायै नम:, ॐ यमुनायै नम:। देहल्यां ॐ अस्त्राय नम:। इति पुष्पवारिभि: पूजयेत्।

निबन्धे—

द्वारमस्त्राम्बुभि: प्रोक्ष्य द्वारपूजां समाचरेत् ।
ऊद्ध्वोंडुम्बरके विघ्नं महालक्ष्मीं सरस्वतीम् ॥
ततो दक्षिणशाखायां विघ्नं क्षेत्रेशमन्यत: ।
तयो: पार्श्वद्वये गङ्गायमुने पुष्पवारिभि: ।
देहल्यामर्चयेदस्त्रं प्रतिद्वारमिति क्रमात् ॥

अशक्तश्चेद्द्वारदेवताभ्यो नम: इत्येतावन्मात्रम्। त्रिपुरादिपूजादिषु स्वतन्त्र तन्त्रे—

गणेशं क्षेत्रपालञ्च योगिनी वटुकं तथा।
गङ्गाञ्च यमुनाञ्चैव लक्ष्मीं वाणीं ततो जपेत् ॥

इति विशेष:।

दीक्षादिवस के पूर्व दिन शिष्य उपवासी रहे। दीक्षा के दिन वह नित्यकर्म से निपटकर स्वस्तिवाचन करे, तव संकल्प करे; जैसे—ॐ अद्येत्यादि अमुकगोत्र श्रीअमुकशर्मा धर्मार्थकाममोक्षकाम: अमुकदेवताया: अमुकाक्षरमन्त्रदीक्षामहं करिष्ये। संकल्प के बाद गुरु का वरण करे।

इसके लिये शिष्य हाथ जोड़कर गुरु से कहे—'ॐ साधु भवानास्ताम्'। गुरु कहे—'ॐ साध्वहमासे'। फिर शिष्य कहे—ॐ अर्चयिष्यामो भवतम्। गुरु कहे—'ॐ अर्चय'। तव शिष्य गन्ध-पुष्प-वस्त्र और अलंकार द्वारा गुरु की पूजा करे। गुरु के दाहिने जानु को स्पर्श करते हुए निम्न वाक्य द्वारा वरण करे—'ॐ अद्येत्यादि अमुकगोत्र: श्रीअमुकदेवशर्मा श्रीअमुकदेवताया मत्कर्तृकामुकमन्त्रदीक्षाकर्मणि अमुकगोत्रं श्रीअमुक-देवशर्माणमेभि: गन्धादिभिरभ्यर्च्य गुरुत्वेन भवन्तमहं वृणे'। उत्तर में गुरु कहे—'ॐ यथाज्ञानं करवाणि'।

इसके बाद गुरु आचमन करके द्वारदेश में सामान्यार्घ्य स्थापित करे। अपने बाँयें भूमि पर त्रिकोण वृत्त चतुरस्र मण्डल बनाकर उस पर ॐ आधारशक्तये नम: से पूजन करे। फिर 'फट्' से अर्घ्यपात्र को धोकर मण्डल के ऊपर आधार और आधार पर शंखादि अर्घ्यपात्र स्थापित करे। 'नम:' बोलते हुए जल से अर्घ्यपात्र को भर दे।

अंकुश मुद्रा के द्वारा 'ॐ गंगे च' इत्यादि मन्त्र से सूर्यमण्डल से तीर्थों का आवाहन करे। ॐ बोलते हुए अर्घ्यपात्र में गन्ध-पुष्प छोड़े और धेनुमुद्रा दिखावे। इसके बाद अर्घ्य के ऊपर 'ॐ' का आठ या दश बार जप करे। विशेषार्घ्य के नियमानुसार आठ बार ही जप करना चाहिये; किन्तु श्यामा आदि देवताओं के सम्बन्ध में दश बार जप करे। भैरवीतन्त्र के अनुसार पात्र को जल से भरकर प्रणव का जप दश बार करे। इसके बाद 'फट्' से अर्घ्योदक द्वारा द्वार का अभ्युक्षण करके द्वारदेवताओं की पूजा करे। जैसे द्वार के ऊपर वाले कोष्ठ में ॐ विघ्नाय नम:, ॐ महालक्ष्म्यै नम:, ॐ सरस्वत्यै नम: से गणेश, महालक्ष्मी और सरस्वती का पूजन करे। द्वार की दाहिनी शाखा में ॐ विघ्नाय नम:, ॐगंगायै नम:, ॐ यमुनायै नम: से गणेश, गंगा और यमुना का पूजन करे। द्वार की बाँयीं शाखा में ॐ क्षेत्रपालाय नम:, ॐ गंगायै नम:, ॐ यमुनायै नम: से क्षेत्र-पाल, गंगा और यमुना का पूजन करे। द्वार के निचले कोष्ठ में ॐ अस्त्राय फट् से पूजन करे। प्रत्येक देवता की अलग-अलग पूजा करने में अशक्त हो तो ॐ द्वारदेवताभ्यो नम: से एक ही बार में सभी देवताओं का एक साथ पूजन किया जा सकता है।

त्रिपुरसुन्दरी आदि की पूजा में द्वारपूजा का विधान स्वतन्त्र तन्त्र में लिखा है। जैसे गणेश, क्षेत्रपाल, योगिनी, वटुक, यमुना और सरस्वती—सबों का पूजन द्वारदेश में करें।

वैष्णवे तु—

नन्दः सुनन्दश्चण्डश्च प्रचण्डो बल एव च।
प्रबलो भद्रनामा च सुभद्रो विघ्नवैष्णवाः ॥
प्रणवादि नमोऽन्तेन नाम्ना मन्त्रेण पूजयेत् ॥

ततो दक्षिणपादप्रक्षेपपुरःसरं वामशाखां स्पृशं दक्षिणाङ्गं सङ्कोचयन्मण्डपान्तः प्रविश्य नैर्ऋत्यां ॐ वास्तुपुरुषाय नमः, ॐ ब्रह्मणे नमः इति पूजयेत्। ततो देयमन्त्रेण दिव्यदृष्ट्यावलोकनाद्दिव्यान् विघ्नानुत्सार्य अस्त्राय फट् इति मन्त्रेण जलेनान्तरीक्षगान् विघ्नानुत्सार्य वामपार्ष्णिघातत्रयेण भौमान् विघ्नानुत्सार्य फडिति सप्तजप्तान् विकारानादाय—

ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूवि संस्थिताः।
ये भूता विघ्नकर्त्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया ॥

इति तान्विकिरेत्।

लाजचन्दनसिद्धार्थभस्मदूर्वाकुशाक्षताः ।
विकिरा इति सन्दिष्टाः सर्वाः विघ्नौघनाशकाः ॥

तथा—

अनन्तरं देशिकेन्द्रो दिव्यदृष्ट्यावलोकनैः ।
दिव्यानुत्सारयेद्विघ्नान् अस्त्राद्भिश्चान्तरीक्षगान् ।
पार्ष्णिघातैस्त्रिभिर्भौमानिति विघ्नान्निवारयेत् ॥
ततोऽक्षतान् समादाय दक्षे नाराचमुद्रया ।
प्रक्षिपेदस्त्रमन्त्रेण गृहान्तर्विघ्नशान्तये ॥

अपसर्पन्तु ते इति मन्त्रेण चादरात् इति शारदीयात्।

सम्मोहनतन्त्रे—

विकिरान्विकरेत्तत्र सप्तजप्तान् शरानुना ॥ इति।

ततो ह्रीं आधारशक्तिकमलासनाय नमः इत्यासनं सम्पूज्य धृत्वा पठेत्। आसनमन्त्रस्य मेरुपृष्ठऋषिः सुतलं छन्दः कूर्मो देवता आसनपरिग्रहे विनियोगः।

पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वञ्च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरु चासनम् ॥

इति पठित्वा स्वस्तिकाद्यासनेनोपविशेत्, उपविश्य विघ्नानुत्सारयेत्। तन्त्रान्तरे—

आदौ विघ्नान् समुत्सार्य पश्चादासनकल्पनम्।
अथवा चासने स्थित्वा विघ्नानुत्सारयेत्सुधीः ॥

ततः पञ्चगव्येन मूलेन मण्डपं शोधयेत्। तत्प्रमाणन्तु गौतमीये—

पञ्चगव्येन तद्गेहं मण्डपञ्च विशोधयेत्।

पञ्चगव्यप्रमाणन्तु तत्रैव—

पलमात्रं दुग्धभागं गोमूत्रं तावदिष्यते।
घृतञ्च पलमात्रं स्याद् गोमयं तोलकद्वयम्।
दधि प्रसृतिमात्रं स्यात्पञ्चगव्यमिदं स्मृतम् ॥
अथवा पञ्चगव्यानां समानो भाग इष्यते।
मूलमन्त्रेण सम्मन्त्र्य तेनैव परिशोधयेत्।
तेन सर्वविशुद्धिः स्यात्सर्वपापनिकृन्तनम् ॥

विष्णुपूजा में नन्द, सुनन्द, चण्ड, प्रचण्ड, बल, प्रबल, भद्र, सुभद्र, विघ्न, वैष्णव सबों की पूजा होती है। पूजा ॐ नन्दाय नमः आदि के क्रम से करे।

फिर गुरु दाहिने पैर को आगे करके बाँईं शाखा को स्पर्श करे और दाहिने अंग को सिकोड़ते हुए मण्डप में प्रवेश करे। मण्डप के बीच में जाकर नैर्ऋत्य कोण में ॐ वास्तुपुरुषाय नमः और ॐ ब्रह्मणे नमः से वास्तुपुरुष और ब्रह्मा का पूजन करे। तब देव-मन्त्र का उच्चारण करते हुए दिव्य दृष्टि से देखकर दिव्य विघ्नराशि को उत्सारित करे और अस्त्राय फट् से जलधारा-वेष्टन द्वारा आकाशस्थित विघ्न तथा बाँईं एँड़ी से भूमि पर तीन बार आघात करके भूमिगत विघ्न को दूर करे। फिर 'फट्' मन्त्र सात बार जप कर हाथ में विकिर लेकर निम्न मन्त्र पढ़ते हुए उन्हें चारो ओर फेंक दे—

ॐ अपसर्पन्तु ये भूता ये भूता भूमिसंस्थिताः।
ये भूता विघ्नकर्तारः ते नश्यन्तु शिवाज्ञया ॥

लाजा, चन्दन, श्वेत सरसो, भस्म, कुश और अक्षत—ये सब विकिर कहलाते हैं। ये सभी विघ्नविनाशक हैं।

शारदातिलक में लिखा है कि नाराच मुद्रा से अक्षत लेकर ॐ अस्त्राय फट् कहते हुए उन्हें गृहमध्य में फेंककर सब विघ्नों की शान्ति करे। 'अपसर्पन्तु ये भूता' मन्त्र से विघ्न दूर करे।

सम्मोहनतन्त्र में लिखा है कि इसके बाद 'ह्रीं आधारशक्तिकमलासनाय नमः' से आसन-पूजा करके आसन को स्पर्श करके यह विनियोग पढ़े—ॐ आसनमन्त्रस्य मेरुपृष्ठऋषिः सुतलं छन्दः कूर्मो देवता, आसनपरिग्रहे विनियोगः। फिर यह पढ़े—

ॐ पृथ्वी त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरु चासनम्।।

इसके बाद स्वस्तिकादि आसन पर बैठकर विघ्नोत्सारण करे। तन्त्रान्तर में लिखा है कि चाहे पहले विघ्नोत्सारण कर ले, तब आसन पर बैठे। अब पञ्चगव्य द्वारा मूल मन्त्र से मण्डप का शोधन करे।

पञ्चगव्य समान तौल में ले या इस प्रकार ग्रहण करे—दूध ८० ग्राम, गोमूत्र ८० ग्राम, घी ८० ग्राम, गोबर २० ग्राम, दही १ गण्डूष = मुट्ठी भर। मूल मन्त्र से पञ्चगव्य को अभिमन्त्रित करे। ऐसे पञ्चगव्य से सभी द्रव्यों की शुद्धि होती है। सब पाप दूर हो जाते हैं।

ततो दक्षिणभागे पूजाद्रव्याणि वामभागे सुवासिताम्बुपूर्णं कुम्भं हस्तक्षालनार्थं पात्रान्तरं पृष्ठदेशे स्थापयेत्। सर्वदिक्षु घृतप्रदीपांस्तु स्थापयित्वा पुटाञ्जलिर्भूत्वा वामे ॐ गुरुभ्यो नमः ॐ परमगुरुभ्यो नमः ॐ परापरगुरुभ्यो नमः, दक्षिणे ॐ गणेशाय नमः, मध्ये ॐ अमुकदेवतायै नमः। तथा च—

कृताञ्जलिपुटो भूत्वा वामे गुरुत्रयं यजेत्।
गुरुञ्च परमादिञ्च परापरगुरुं तथा।
दक्षिणे च गणेशञ्च मूर्ध्नि देवं विभावयेत्।।

ततः फडिति मन्त्रेण गन्धपुष्पाभ्यां करौ संशोध्य ऊर्ध्वोर्द्ध्वतालत्रयं दत्त्वा छोटिकाभिर्दशदिग्बन्धनं कुर्यात्। ततो रमिति जलधारया वह्निप्राकारं विचिन्तयेत्। ततो भूतशुद्धिः। ततो मातृकान्यासः। ततः प्राणायामः। ततः पीठन्यासः। ततो ऋष्यादिन्यासः। ततो मन्त्रन्यासः। ततो मुद्राप्रदर्शनम्। ततो ध्यानम्। ततो मानसपूजा। ततोऽर्घ्यस्थापनम्। तद्यथा—

अर्घ्यस्य त्रीणिपात्राणिपाद्यस्यापि त्रयंभवेत्।
तथैवाचमनीयादिपात्राणि च विभागशः।
तथा करणदौर्बल्यादेकमेव प्रशस्यते।

षडाचमनपात्राणि इति आगमान्तरे पाठः। पुरश्चरणचन्द्रिकायाम्—

एकस्मिन्नथवा पात्रे पाद्यादीनि प्रकल्पयेत्।

इत्यत्यन्ताशक्तविषयम्। किन्तु सामान्यार्घ्यविशेषार्घ्यद्वयस्यावश्यकत्वम्। तथा च नवरत्नेश्वरे—

एकपात्रं न कर्त्तव्यं यदि साक्षान्महेश्वरः।
मन्त्राः पराङ्मुखा यान्ति आपदस्तु पदे पदे।
इहलोके दरिद्रः स्यान्मृते च पशुतां व्रजेत्।।

तथा राघवभट्टधृतवचनम्—

सर्वत्रैव प्रशस्तोऽजः शिवसूर्यार्चनं विना।

अजः शङ्खः।

इसके बाद गुरु अपने दाहिने पूजाद्रव्य, बाँयें सुगन्धित जलपूर्ण घड़ा और पीछे हाथ धोने के लिये एक पात्र रक्खे। सब दिशाओं में घी का दीपक जलाकर हाथ जोड़कर बाँयें ॐ गुरुभ्यो नमः, ॐ परमगुरुभ्यो नमः, ॐ परापरगुरुभ्यो नमः से प्रणाम करे। दाँयें ॐ गणेशाय नमः और मस्तक पर ॐ अमुकदेवतायै नमः से प्रणाम करे।

फिर फट् से गन्ध-पुष्प द्वारा करशोधन करे। अर्थात् बाँयें हाथ से गन्धयुक्त पुष्प लेकर उसे दोनों हाथों से मले और फट् मन्त्र पढ़ते हुए उसे सूँघकर भूमि पर फेंक दे। फिर क्रमशः ऊपर की ओर तीन बार ताली बजाकर छोटिका मुद्रा से दशो दिशाओं का बन्धन करे। तब 'वं' से जलधारा द्वारा अपने देह को वेष्टित करके यह समझे कि मैं वह्नि प्राकार (अग्नि का घेरा) से वेष्टित हूँ। इसके बाद क्रमश भूतशुद्धि, मातृकान्यास, प्राणायाम, पीठन्यास, ऋष्यादि न्यास, मन्त्रन्यास, मुद्राप्रदर्शन, ध्यान और मानस पूजन करके विशेषार्घ्य स्थापित करे।

अर्घ्य और पाद्य प्रत्येक के तीन-तीन पात्र और आचमनीय आदि के भी तीन पात्र स्थापित करे। इसमें असमर्थ हो तो एक ही पात्र से सारे कार्य करे। अन्य आगमानुसार छः आचमनीय पात्र स्थापित करने का विधान है।

पुरश्चरणचन्द्रिका में लिखा है कि एक ही पात्र से पाद्य, अर्घ्य और आचमनीय आदि प्रदान करे; किन्तु यह अति अशक्त्य अवस्था में करना चाहिये।

नवरत्नेश्वर में लिखा है कि सामान्यार्घ्य और विशेषार्घ्य के दो पात्रों को स्थापित करना आवश्यक है। इन्हें एक ही पात्र में कदापि स्थापित न करे; क्योंकि ऐसा करने से मन्त्र पराङ्मुख हो जाता है। साधक दरिद्र होकर परलोक में पशुत्व को प्राप्त करता है। राघव भट्टधृत वचन के अनुसार शिव और सूर्यपूजा के अतिरिक्त अन्य सभी पूजाओं में शंख में अर्घ्यस्थापन प्रशस्त है।

अर्घ्यपात्रस्य मानमाह लैङ्गे—

षट्त्रिंशदङ्गुलं पात्रमुत्तमं परिकीर्त्तितम्।
मध्यमन्तु त्रिभागोनं कनीयो द्वादशाङ्गुलम्॥

स्ववामे त्रिकोणमण्डलं कृत्वा तदुपरि त्रिपदिकामारोप्य फडिति शङ्खं प्रक्षाल्य तदुपरि संस्थाप्य नमः इति मन्त्रेण गन्धपुष्पाक्षतदूर्वादि तत्र निक्षिप्य विमलजलेन विलोममातृकया मूलेन च पूजयेत्। यथा—

क्षं लं हं सं षं शं वं लं रं यं मं भं बं फं पं नं धं दं थं तं णं ढं डं ठं टं ञं झं जं छं चं ङं घं गं खं कं अः अं औं ओं ऐं एं लॄं लृं ॠं ऋं ऊं उं ईं इं आं अं इत्यनेन।

मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः इति त्रिपदिकायां, अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः इति शङ्खे, उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः इति जले सम्पूज्य—

ॐ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेऽस्मिन्सन्निधिं कुरु॥

इत्यनेनाङ्कुशमुद्रया सूर्यमण्डलात्तीर्थाण्यावाह्य अमुकि इहावह इह तिष्ठ इति स्वहृदयाद्देवतां तत्रावाह्य, हुं इति तर्जनीभ्यामवगुण्ठ्य वषडिति गालिनीमुद्रां प्रदर्श्य, वौषडिति तज्जलं वीक्ष्य, पुनरङ्गमन्त्रैः सकलीकृत्य, गन्धपुष्पाभ्यां नमः इति तत्र देवतां सम्पूज्य, तदुपरि मत्स्यमुद्रया आच्छाद्य, मूलमन्त्रमष्टधा जपेत्।

लिंगपुराण में वर्णन है कि अर्घ्यपात्र ३६ अंगुल का उत्तम, २४ अंगुल का मध्यम और १२ अंगुल का अधम होता है। अपने बाँयीं ओर त्रिकोण मण्डल बनाकर उस पर तिपाया रक्खे और फट् से शंख धोकर उस त्रिपाद पर रखे। तब 'नमः' से गन्ध, पुष्प, दूब और अक्षत अर्घ्यपात्र में डाले। मूल मन्त्र और विलोम मातृका से उसे जल से पूर्ण कर दे।

मूल मन्त्र और विलोम मातृका इस प्रकार है—मूल मन्त्र क्षं लं हं सं षं शं वं लं रं यं मं भं बं फं पं नं धं दं थं तं णं ढं डं ठं टं ञं झं जं छं चं ङं घं गं खं कं अः अं औं ओं ऐं एं लॄं लृं ॠं ऋं ऊं उं ईं इं आं अं। अब मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः से त्रिपाद पर, अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः से शंख में और 'उं सोममण्ड-लाय षोडश कलात्मने नमः' से जल में पूजा करे।

इसके बाद मूल मन्त्र से अंकुश मुद्रा द्वारा जल को आलोड़ित करते हुए सूर्यमण्डल से तीर्थों का आवाहन करे—

ॐ गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।।

इसके बाद अपने हृदय में देवता का आवाहन करे। जैसे—'अमुकी देवी इहावह इह तिष्ठ'। तब हुं से दोनों तर्जनियों से अवगुण्ठन, वषट् से गालिनी मुद्रा दिखावे। वौषट् से जल का दर्शन करके अंगन्यास के मन्त्रों से सकलीकरण करे। तब गन्ध-पुष्प से अर्घ्यपात्र में देवता की पूजा करे। मत्स्य मुद्रा से आच्छादन करे। मूल मन्त्र का आठ बार जप करे।

तथा च गौतमीये—

गन्धपुष्पैः समभ्यर्च्य कृष्णाख्यं तत्र योजयेत्।
अष्टकृत्वो जपेन्मन्त्रं शिखया गालिनीं न्यसेत्॥

अत्र कृष्णपदं तत्तद्देवतापरम्। ततो वमिति मन्त्रेण धेनुमुद्रां प्रदर्श्यास्त्रेण संरक्ष्य तस्मात्किञ्चिज्जलं प्रोक्षणीपात्रे निक्षिप्य तेनोदकेनात्मानं पूजोपकरणञ्च मूलेन त्रिरभ्युक्ष्य पीठन्यासक्रमेण शरीरे धर्मादीन् पूजयेत्। तद्यथा—

दक्षिणस्कन्धे ॐ धर्माय नमः। वामे ॐ ज्ञानाय नमः, वामोरौ ॐ वैराग्याय नमः, दक्षिणोरौ ॐ ऐश्वर्याय नमः, मुखे ॐ अधर्माय, वामपार्श्वे ॐ अज्ञानाय, नाभौ ॐ अवैराग्याय, दक्षिणपार्श्वे ॐ अनैश्वर्याय, सर्वत्र प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजयेत्। तथा च शारदायाम्—

अंसोरुयुग्मयोर्विद्वान् प्रादक्षिण्येन देशिकः।
धर्मं ज्ञानञ्च वैराग्यमैश्वर्यञ्चाप्यनुक्रमात्।
मुखपार्श्वनाभिपार्श्वेष्वधर्मादीन् प्रकल्पयेत्॥

हृदये ॐ अनन्ताय, ॐ पद्माय, ॐ अर्कमण्डलाय द्वादशकलात्मने, ॐ सोममण्डलाय षोडशकलात्मने, मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः। एवं सं सत्त्वाय, रं रजसे, तं तमसे, आं आत्मने, अं अन्तरात्मने, पं परमात्मने, ह्रीं ज्ञानात्मने, प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजयेत्। शारदायाम्—

न्यासक्रमेण देहेषु धर्मादीन् पूजयेदथ।
पुष्पाद्यैः पीठमन्वन्तं तस्मिंश्च परदेवताम्॥

ततो हृत्पद्मस्य पूर्वादिकेशरेषु पीठशक्तिं सम्पूज्य मध्ये पीठमनु यजेत्। तत्र हृदये मूलदेवतां नैवेद्यं विना गन्धाद्यैः पूजयेत्।

गौतमतन्त्र के अनुसार गन्ध, पुष्प से पूजन करके उसमें देवता का योजन करे और आठ बार मन्त्र-जप करे। मालिनी मुद्रा से शिखा में न्यास करे। तव 'वं' से धेनुमुद्रा दिखाकर 'फट्' से संरक्षण करे। अर्घ्यपात्र का कुछ जल प्रोक्षणीपात्र में डाले। उस जल से मूल मन्त्र द्वारा अपने शरीर तथा पूजनसामग्री का तीन बार अभ्युक्षण करे। फिर पीठन्यास के क्रम से अपने शरीर में गन्ध, पुष्प से धर्मादि का पूजन करे। जैसे—दाँयें कन्धे पर—ॐ धर्माय नमः। बाँयें कन्धे पर—ॐ ज्ञानाय नमः। बाँयीं जंघा में—ॐ वैराग्याय नमः। दाँयीं जंघा में—ॐ ऐश्वर्याय नमः। मुख में—अधर्माय नमः। बाँयीं पसली में—ॐ अज्ञानाय नमः। नाभि में—ॐ अवैराग्याय नमः। दाँयीं पसली में—ॐ अनैश्वर्याय नमः। हृदय में—ॐ अनन्ताय नमः। ॐ पद्माय नमः, ॐ अर्कमण्डलाय

द्वादशकलात्मने नमः। ॐ सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः। मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः, सं सत्त्वाय नमः, रं रजसे नमः, तं तमसे नमः, आं आत्मने नमः, अं अन्तरात्मने नमः, पं परमात्मने नमः, ह्रीं ज्ञानात्मने नमः। शारदातिलक में लिखा है कि इस प्रकार धर्मादि समस्त पीठदेवताओं की पूजा करके हृदयकमल के मध्य में पूर्वादि केशरों में पीठशक्तियों की और हृदय में इष्टदेवता की पूजा करे।

तथा च निबन्धे—

विना नैवेद्यं गन्धाद्यैरुपचारैः समर्चयेत्।

तत उत्तमाङ्ग—हृदयमूलाधारपादसर्वाङ्गेषु मूलेन पञ्चपुष्पाञ्जलिं दत्त्वा यथाशक्ति मन्त्रं जप्त्वा ॐ गुह्यातिगुह्यगोप्त्रीत्वमित्यादिना जपं समर्पयेत्। तथा च निबन्धे—

पञ्चकृत्वस्ततः कुर्यात्पुष्पाञ्जलिमनन्यधीः।
उत्तमाङ्गहृदाधारपादसर्वाङ्गकं न्यसेत्॥

सर्वमेतत्प्रोक्षणीपात्रस्थवारिणा विदध्यात्। ततः प्रोक्षण्यास्तोयं विसृज्य पूर्ववदापूर्य बहिःपूजामारभेत। ततः वक्ष्यमाणशारदोक्तसर्वतोभद्रमण्डलाद्यन्यतमं विधाय तत्र पूजयेत्। ॐ मण्डलाय नमः इति मण्डलं सम्पूज्य, शालिभिः कर्णिकामापूर्य, तदुपरि तण्डुलान्विकीर्य, तेषु दर्भानास्तीर्य, विष्टरं चाक्षतसंयुक्तं तदुपरि न्यसेत्। ततो मण्डले एताः पूजयेत्। तद्यथा—

पीठमध्ये ॐ आधारशक्तये नमः, ॐ कूर्माय नमः इत्यादि पीठमन्वन्तं तत्तत्पटलोक्तपीठपूजां कुर्यात्। ततो मण्डले प्रादक्षिण्येन एताः पूजयेत्—ॐ यं धूम्रार्चिषे नमः इत्यादिवक्ष्यमाणवह्नेर्दशकलां विन्यस्य पूजयेत्। ततो हेमादिरचितं कुम्भं फडिति प्रक्षाल्य, चन्दनागरुकर्पूरैर्धूपयित्वा त्रिगुणतन्तुना संवेष्ट्य, ॐ कुम्भाय नमः इति गन्धपुष्पाभ्यां सम्पूज्य, विष्टराक्षतनवरत्नानि च प्रक्षिप्य, प्रणवमुच्चरन् कुम्भपीठयोरैक्यं विभाव्य पीठे स्थापयेत्।

निबन्ध में लिखा है कि नैवेद्य को छोड़कर गन्धादि उपचारों से पूजा करे। फिर मस्तक, हृदय, मूलाधार, पाद और सर्वाङ्ग—इन पाँच स्थानों में मूल मन्त्र से पाँच पुष्पाञ्जलियाँ प्रदान करे। यथाशक्ति मूल मन्त्र का जप करे और इस मन्त्र से जप समर्पित करे—

गुह्यातिगुह्यगोप्त्रीत्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादात् महेश्वरी।।

निबन्ध में ही इस सम्बन्ध में लिखा है कि एकाग्र मन से पाँच पुष्पाञ्जलियाँ देकर उक्त पाँच स्थानों में न्यास करे। ये सभी कार्य प्रोक्षणीपात्र के जल से सम्पूर्ण करे।

इसके बाद प्रोक्षणी पात्र के जल को फेंककर उसे फिर पूर्ववत् भरे और वाह्य पूजन आरम्भ करे। पहले शारदातिलकोक्त सर्वतोभद्रादि मण्डलों में से कोई एक मण्डल बनाकर ॐ

मण्डलाय नमः से उसकी पूजा करे। फिर धान्य से कर्णिका के मध्य भाग की पूजा करके अक्षत छोड़े। तब उस पर कुश बिछाकर उसके ऊपर अक्षतयुक्त कुश स्थापित करे। इसके बाद मण्डल पर पूजा करे; जैसे— ॐ आधारशक्तये नमः, ॐ कूर्माय नमः इत्यादि। देवता के पटल के अनुरूप क्रम से पीठदेवताओं का पूजन करके मण्डल में प्रदक्षिणक्रम से पूजन करे। जैसे— ॐ यं धूम्रार्चिषे नमः आदि से दश वह्निकलाओं का पूजन करे। फिर स्वर्णादि से बने कुम्भ को 'फट्' से धोकर चन्दन, अगर, कपूर से धूपित करे। त्रिगुणित धागे से वेष्टित करे। ॐ कुम्भाय नमः मन्त्र से गन्ध आदि अर्पण करे। तब कुश, अक्षत और नवरत्न कुम्भ में डालकर ॐ का उच्चारण करते हुए तथा कुम्भ एवं पीठदेवता के ऐक्य का ध्यान करते हुए उसे पीठ पर स्थापित करे।

गौतमीये कुम्भविधानन्तु —

हैमं रौप्यं तथा ताम्रं मार्तिकं वा स्वशक्तितः ।
वित्तशाठ्यं न कुर्वीत कृते निष्फलमाप्नुयात् ॥
षट्त्रिंशदङ्गुलं कुम्भं विस्तारोन्नतिशालिनम् ।
षोडशं द्वादशं वापि ततो न्यूनं न कारयेत् ॥

ततः कुम्भे प्रादक्षिण्येन सूर्यस्य ॐ कं भं तपिन्यै नमः इति द्वादशकला विन्यस्य पूजयेत्। ततः क्षीरिद्रुमकषायेण पलाशत्वग्भवेन वा तीर्थोदकैर्वा गन्धपुष्पसुवासितजलैर्वा आत्माभेदेन मातृकां प्रतिलोमतो देयमन्त्रञ्च जपन्पूजयेत्कुम्भं देवताधिया। ततश्चन्द्रस्यामृतादिषोडशकला जले प्रादक्षिण्येन विन्यस्य, ॐ अं अमृतायै नमः इत्यादिना सम्पूज्य, शङ्खान्तरं क्षीरिद्रुमकषायादिद्रव्यैरापूर्य गन्धाष्टकं विलोड्य तस्मिञ्जले सकलाः कला आवाह्य पूजयेत्।

गौतमीय तन्त्र में लिखा है कि अपनी सामर्थ्य के अनुसार सोना, चाँदी, ताम्बे या मिट्टी का कुम्भ स्थापित करे। अपनी सामर्थ्य से कम धन में काम न चलावे; अन्यथा कार्य सफल नहीं होता। यह कुम्भ ३६ अंगुल विस्तार वाला और उन्नत अर्थात् ऊँचा होना चाहिये। कुम्भ की ऊँचाई १६ अथवा १२ अंगुल होनी चाहिये। इससे छोटा कुम्भ नहीं रखना चाहिये।

अब कुम्भ के ऊपर प्रदक्षिणक्रम से ॐ कं भं तपिन्यै नमः आदि मन्त्रों से सूर्य की बारह कलाओं का पूजन करे। फिर आत्मा और मन्त्र में ऐक्य की भावना करके देय मन्त्र और मातृका मन्त्र का प्रतिलोम जप करके मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए कुम्भ को देवता समझे। तब उसे आकन्दादि दूध वाले वृक्ष के कषाय या पलाश-छाल के कषाय या तीर्थजल या गन्ध-पुष्प सुवासित जल से पूर्ण करे। तब प्रदक्षिणक्रम से उस जल में चन्द्रमा की अमृतादि षोड़श कलाओं का न्यास करे। इसके बाद ॐ अं अमृतायै नमः

आदि मन्त्रों से उनकी पूजा करे। फिर क्षीरि वृक्ष कषायादि से अन्य शंखपात्र को तीर्थजल से भरकर गन्धाष्टक द्वारा आलोड़ित करे। उसी जल में सभी कलाओं का आवाहन करके उनकी पूजा करे।

शारदायाम्—

गन्धाष्टकं तु त्रिविधं शक्तिविष्णुशिवात्मकम् ।
चन्दनागुरुकर्पूरचोरकुङ्कुमरोचनाः ।
जटामांसी कपियुता शक्तेर्गन्धाष्टकं विदुः ॥
चन्दनागुरुह्रीवेरकुष्ठकुङ्कुमसेव्यकाः ।
जटामांसी सुरमिति विष्णोर्गन्धाष्टकं स्मृतम् ॥
चन्दनागुरुकर्पूरतमालजलकुङ्कुमम् ।
कुशीदं कुष्ठसंयुक्तं शैवं गन्धाष्टकं स्मृतम् ॥

अस्यार्थः—चन्दनागुरुकर्पूरकृष्णशठीकुंकुमरोचनाजटामांसीगाठियालाशक्तेर्गन्धाष्टकम्। चन्दनागुरुबालाकूठकुंकुमश्वेतवीरणमूलजटामांसीदेवदारु इति विष्णोः। चन्दनागुरुकर्पूरतमालबालाकुङ्कुमरक्तचन्दनकुड इति शिवस्य। तत्रादौ वह्नेर्दशकलाः पूजयेत्। यथा—वह्नेर्धूमार्चिरादिदशकला इहागच्छत इहागच्छत इह तिष्ठत तिष्ठत इह सन्निहिता भवत इत्यावाहयेत्। ततो मूलमन्त्रं प्रतिलोमतो जपन्मन्त्रस्य देवतां मनसा ध्यायन् आसां प्राणप्रतिष्ठां कुर्यात्। तद्यथा—

आं ह्रीं क्रौं हं सः धूमार्चिरादिवह्निदशकलानां प्राणाः, इह प्राणाः एवं आमित्यादि धूमार्चिरादिवह्निदशकलानां जीव इह स्थितः, एवं आमित्यादि धूमार्चिरादिवह्निदशकलानां सर्वेन्द्रियाणि, एवं आमित्यादि धूमार्चिरादिवह्निदशकलानां वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रघ्राणप्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा इति प्राणान् प्रतिष्ठाप्य गन्धादिभिः पूजयेत्। 'ॐ धूमार्चिरादिभ्य एष गन्धो नमः' इत्यादिना पञ्चोपचारैः पूजयेत्। ततः प्रत्येकेन पूजयेत्। तद्यथा—

यं धूमार्चिषे नमः। रं उष्मायै नमः। लं ज्वलिन्यै नमः। वं ज्वालिन्यै नमः। शं विस्फुलिङ्गिन्यै नमः। यं सुश्रियै नमः। सं सुरूपायै नमः। हं कपिलायै नमः। लं हव्यवाहनायै नमः। क्षं कव्यवाहनायै नमः। शक्तश्चेत्प्रत्येकमावाह्य पाद्यादिभिः पूजयेत्। ततः सूर्यस्य तपिन्यादि द्वादशकलाः पूर्ववत्प्राणप्रतिष्ठावाहनादिकं कृत्वा पूजयित्वा च प्रत्येकन्तु पूजयेत्। द्वादशकला यथा—

तपिनी तापिनी धूम्रा मरीचिर्ज्वलिनी रुचिः ।
सुषुम्ना भोगदा विश्वा बोधिनी धारिणी क्षमा ।
एताः कलास्तु सूर्यस्य सूर्यमण्डलसंस्थिताः ॥

तद्यथा—कं भं तपिन्यै नमः। खं बं तापिन्यै नमः। गं फं धूम्रायै नमः। घं पं मरीच्यै नमः। ङं नं ज्वलिन्यै नमः। चं धं रुच्यै नमः। छं दं सुषुम्नायै नमः। जं खं भोगदायै नमः। झं तं विश्वायै नमः। ञं णं बोधिन्यै नमः। टं ढं धारिण्यै नमः। ठं डं क्षमायै नमः—इति पूजयेत्। शक्तश्चेत्प्रत्येकमावाह्य प्रत्येकं पाद्यादिभिः पूजयेत्। तथा निबन्धे—

कभाद्या वसुदाः सौराः ठडान्ता द्वादशेरिताः ।

ततश्चन्द्रस्यामृतादिषोडशकलाः प्राणप्रतिष्ठादिकं कृत्वा पूर्ववत्पूजयेत्। तद्यथा—अं अमृतायै नमः। आं मानदायै नमः। इं पूषायै नमः। ईं तुष्ट्यै नमः। उं पुष्ट्यै नमः। ऊं रत्यै नमः। ऋं धृत्यै नमः। ॠं शशिन्यै नमः। लृं चन्द्रिकायै नमः। ॡं कान्त्यै नमः। एं ज्योत्स्नायै नमः। ऐं श्रियै नमः। ओं प्रीत्यै नमः। औं अङ्गदायै नमः। अं पूर्णायै नमः। अः पूर्णामृतायै नमः। शक्तश्चेत्प्रत्येकमावाह्य पाद्यादिभिः पूजयेत्।

शारदातिलक में लिखा है कि शिव, विष्णु और शक्तिभेद से गन्धाष्टक तीन प्रकार का होता है—

१. शक्तिगन्धाष्टक—चन्दन, अगर, कपूर, कृष्णशठी, कुंकुम, गोरोचन, जटामासी और गठियाला।

२. विष्णुगन्धाष्टक—चन्दन, अगर, बाला, कूड़, कुंकुम, श्वेत वेण का मूल, जटामासी और देवदारु।

३. शैवगन्धाष्टक—चन्दन, अगर, कपूर, तमाल, बाला, कुंकुम, रक्त चन्दन और कूड़।

अग्नि की दश कलाओं का पूजनक्रम यह है—धूमार्चिरादि दश कला इहागच्छत, आगच्छत, इह तिष्ठत, तिष्ठत इह सन्निहिता भवत' से आवाहन करके प्रतिलोम से मूल मन्त्र का जप करके मन्त्र के देवता का ध्यान करते हुए कलाओं की प्राणप्रतिष्ठा करे। जैसे—आं ह्रीं क्रों हंसः धूमार्चिरादि वह्निदशकलानां जीव इह स्थितः। आं ह्रीं क्रों हंसः धूमार्चिरादि वह्निदशकलानां सर्वेन्द्रियाणि इह स्थितानि। आं ह्रीं क्रों हंसः धूमार्चिरादिवह्निदशकलानां वाङ्मनश्चक्षुश्श्रोत्रप्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा।

इस प्रकार प्राणप्रतिष्ठा करके ॐ धूमार्चिरादिदेवताभ्यो एष गन्धो नमः से पञ्चोपचार से प्रत्येक देवता का पूजन करे। प्रत्येक देवता का नामोल्लेख इस प्रकार करे—यं धूमार्चिषे नमः। रं उष्मायै नमः। लं ज्वलिन्यै नमः। वं ज्वालिन्यै नमः। शं विस्फुलिङ्गिन्यै नमः। षं सुश्रियै नमः। सं सुरूपायै नमः। हं कपिलायै नमः। लं हव्यवाहनायै नमः। क्षं कव्यवाहनायै नमः। समर्थ हो तो प्रत्येक का आवाहन कर पाद्यादि से पूजन करे।

इसी प्रकार सूर्य की तपिन्यादि द्वादश कलाओं का आवाहनादि और प्राणप्रतिष्ठा करके प्रत्येक की पूजा करे। जैसे—कं भं तपिन्यै नमः। खं बं तापिन्यै नमः। गं फं धूम्रायै नमः। घं पं मरीच्यै नमः। ङं नं ज्वलिन्यै नमः। चं धं रुच्यै नमः। छं दं सुषुम्नायै नमः। जं बं भोगदायै नमः। झं तं विश्वायै नमः। ञं णं बोधिन्यै नमः। टं ढं धारिण्यै नमः। ठं डं क्षमायै नमः। समर्थ हो तो प्रत्येक का आवाहन-पूजन पृथक्-पृथक् करे।

इसी प्रकार चन्द्रमा की अमृता आदि षोडश कलाओं का आवाहनादि करके प्रत्येक की पूजा करे। जैसे—अं अमृतायै नमः। आं मानदायै नमः। इं पूषायै नमः। ईं तुष्ट्यै नमः। उं पुष्ट्यै नमः। ऊं रत्यै नमः। ऋं धृत्यै नमः। ॠं शशिन्यै नमः। ऌं चन्द्रिकायै नमः। ॡं कान्त्यै नमः। एं ज्योत्स्नायै नमः। ऐं श्रियै नमः। ओं प्रीत्यै नमः। औं अंगदायै नमः। अं पूर्णायै नमः। अः पूर्णामृतायै नमः। यदि समर्थ हो तो प्रत्येक का आवाहन पूजन पृथक् पृथक् करे।

ततः सृष्ट्यादिपञ्चाशत्कलाः पूजयेत्। यथा—सृष्ट्यादिकवर्गचवर्गदशकलाः पूर्ववत्प्राणप्रतिष्ठादिकं कृत्वा प्रत्येकं पूजयेत्। प्रत्येकपूजनन्तु—

कं सृष्ट्यै नमः, खं ऋद्ध्यै नमः, गं स्मृत्यै नमः, घं मेधायै नमः, ङं कान्त्यै नमः, चं लक्ष्म्यै नमः, छं धृत्यै नमः, जं स्थिरायै नमः, झं स्थित्यै नमः, ञं सिद्ध्यै नमः। शक्तश्चेत्प्रत्येकमावाह्य पाद्यादिभिः पूजयेत्। तत्र ॐ हंसः सुचिसद्व-सुरन्तरीक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोनसन्नृषद्वरसदृतसद्व्योम सदजा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं वृहदिति जप्त्वा आवाह्य शङ्खे पूजयेत्। ततो जवादिटतपवर्गदश-कलाः पूर्ववत्प्राणप्रतिष्ठादिकं कृत्वा पूजयेत्। यथा—

टं जवायै नमः, ठं पालिन्यै नमः, डं शान्त्यै नमः, ढं ऐश्वर्यै नमः, णं रत्यै नमः, तं कामिकायै नमः, थं वरदायै नमः, दं ह्लादिन्यै नमः, धं प्रीत्यै नमः, नं दीर्घायै नमः। सर्वत्र शक्तश्चेत्प्रत्येकमावाह्य पूजयेत्। ततः ॐ प्रतद्विष्णुस्तवते वीर्येण मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठा यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेषधिक्षियन्ती भुवनानि विश्वा इति जप्त्वा आवाह्य पूजयेत्। ततस्तीक्ष्णादिपयवर्गदशकलाः पूर्ववत्प्राणप्रतिष्ठादिकं कृत्वा पूजयेत्। यथा—

पं तीक्ष्णायै नमः, फं रौद्रायै नमः, बं भयायै नमः, भं निद्रायै नमः, मं तन्द्रायै नमः, यं क्षुधायै नमः, रं क्रोधिन्यै नमः, लं क्रियायै नमः, वं उत्कारिण्यै नमः, शं मृत्यवे नमः। सर्वत्र शक्तश्चेत्प्रत्येकमावाह्य पाद्यादिभिः पूजयेत्। ततः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् इति जप्त्वावाह्य पाद्यादिभिः पूजयेत्। ततः पीतादिषवर्गपञ्चकलाः पूर्ववत्प्राणप्रतिष्ठादिकं कृत्वावाह्य पाद्यादिभिः पूजयेत्। यथा—

षं पीतायै नमः, सं श्वेतायै नमः, हं अरुणायै नमः, लं असितायै नमः, क्षं अनन्तायै नभः। शक्तश्चेत्प्रत्येकमावाह्य पूजयेत्। ततः ॐ तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम् इति जप्त्वा विष्णुं स्मरेत्। ततो विवृत्त्यादि षोडशकला पूर्ववत्प्राणप्रतिष्ठादिकं कृत्वा आवाह्य पाद्यादिभिः पूजयेत्। यथा—

अं निवृत्त्यै नमः, आं प्रतिष्ठायै, इं विद्यायै, ईं शान्त्यै, उं गन्धिकायै, ऊं दीपिकायै, ऋं रेचिकायै, ॠं मोचिकायै, लृं परायै, ॡं सूक्ष्मायै, एं सूक्ष्मामृतायै, ऐं ज्ञानामृतायै, ओं आप्यायिन्यै, औं व्यापिन्यै, अं व्योमरूपायै, अः अनन्तायै नमः। शक्तश्चेत्प्रत्येकमावाह्य पाद्यादिभिः पूजयेत्। ॐ तद्विप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णोर्यत्परमं पदं विष्णुर्योनिं प्रकल्पयतु त्वष्टा रूपाणि पिंषतु। आसिञ्चतु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते। ॐ गर्भं देहि सिनीवालि गर्भं देहि सरस्वति। गर्भन्ते आश्विनौ देवावाधत्तां पुष्करस्त्रजाविति जप्त्वावाह्य पूजयेत्। ततः कलात्मकं तत्शङ्खस्थं क्वाथं कुम्भे निक्षिपेत्। ततोऽश्वत्थपनसचूतपल्लवै-रिन्द्रवल्लीवेष्टितैः कल्पवृक्षबुद्ध्या कुम्भवक्त्रं पिधाय, तस्मिन्कुम्भवक्त्रे सफला-क्षतं चषकं कल्पवृक्षफलबुद्ध्या स्थापयेत्। ततः कुम्भं निर्मलेन क्षौमयुग्मेन संवेष्ट्य, मूलेन कुम्भे मूर्त्तिं सङ्कल्प्य, यथोक्तरूपेण देवतां ध्यात्वा, तत्रावाहनं कृत्वा पूजयेत्।

तत्पश्चात् सृष्ट्यादि दश कलाओं का आवाहनादि करके प्रत्येक की पूजा करे। जैसे—कं सृष्ट्यै नमः। खं ऋद्ध्यै नमः। गं स्मृत्यै नमः। घं मेधायै नमः। ङं कान्त्यै नमः। चं लक्ष्म्यै नमः। छं धृत्यै नमः। जं स्थिरायै नमः। झं स्थित्यै नमः। ञं सिद्ध्यै नमः।

यदि समर्थ हो तो 'ॐ हंसः शुचिसद् वसुरन्तरीक्ष सद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोनसत्रृषद वरसत् ऋतसत् व्योमसदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं वृहत्' का जप करने के बाद आवाहन करके सृष्ट्यादि दश कलाओं से प्रत्येक का अलग-अलग पूजन करे।

अब पूर्ववत् आवाहनादि करके जयादि दश कलाओं की पूजा करे। जैसे—टं जयायै नमः। ठं पालिन्यै नमः। डं शान्त्यै नमः। ढं ऐश्वर्यै नमः। णं रत्यै नमः। तं कामिकायै नमः। थं वरदायै नमः। दं ह्लादिन्यै नमः। धं प्रीत्यै नमः। नं दीर्घायै नमः।

समर्थ हो तो 'ॐ प्रतद् विष्णु स्तवते वीर्येण मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठा यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ती भुवनानि विश्वा' इस मन्त्र का जप करने के बाद आवाहन करके जयादि प्रत्येक कला का अलग-अलग पूजन करे।

इसके बाद पूर्ववत् आवाहनादि करके तीक्ष्णादि देवताओं का पूजन करे। जैसे—पं तीक्ष्णायै नमः। फं रौद्रायै नमः। बं भयायै नमः। भं निद्रायै नमः। मं तन्द्रायै नमः। यं क्षुधायै नमः। रं क्रोधिन्यै नमः। लं क्रियायै नमः। वं उत्कारिण्यै नमः। शं मृत्यवे नमः।

समर्थ हो तो 'ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनम् ऊर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्यो-र्मुक्षीय मामृतात्' का जप करने के बाद आवाहन करके तीक्ष्णादि देवताओं का पूजन अलग-अलग करे।

अब पूर्वोक्त क्रम से पीतादि देवताओं का पूजन करे। जैसे—षं पीतायै नम:। सं श्वेतायै नम:। हं अरुणायै नम:। लं असितायै नम:। क्षं अनन्तायै नम:।

समर्थ हो तो 'ॐ तद्विष्णो: परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरय: दिवीव चक्षुराततम्' से विष्णु का स्मरण करने के बाद पीतादि प्रत्येक देवता का अलग-अलग आवाहन करके पाद्यादि से पूजन करे।

इसके बाद पूर्ववत् निवृत्त्यादि षोड़श कलाओं का आवाहनादि प्राणप्रतिष्ठा करके प्रत्येक का पूजन करे। जैसे—

अं निवृत्त्यै नम:। आं प्रतिष्ठायै नम:। इं विद्यायै नम:। ईं शान्त्यै नम:। उं गन्धिकायै नम:। ऊं दीपिकायै नम:। ऋं रेचिकायै नम:। ॠं मोचिकायै नम:। ऌं परायै नम:। ॡं सूक्ष्मायै नम:। एं सूक्ष्मामृतायै नम:। ऐं ज्ञानामृतायै नम:। ओं आप्यायिन्यै नम:। औं व्यापिन्यै नम:। अं व्योमरूपायै नम:। अ: अनन्तायै नम:। समर्थ हो तो 'ॐ तद् विप्रासो विपण्यवो जागृवांस: समिन्धते विष्णोर्यत् परमं पदं विष्णुर्योनिं प्रकल्पयतु त्वष्टा रूपाणि पिंषतु। आसिञ्चतु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते। ॐ गर्भं धेहि सिनीवालि गर्भं धेहि सरस्वति गर्भं ते आश्विनौ देवावाधत्तां पुष्करस्रजौ' का जप करने के बाद आवाहनादि करके प्रत्येक निवृत्त्यादि कला का पूजन अलग-अलग करे।

इसके बाद चन्द्रकलास्वरूप शंखस्थ क्वाथ को कुम्भ में डाल दे। इसके बाद पीपल, कटहल और आम्रपल्लवों को इन्द्रवल्ली लता द्वारा वेष्टित करके उसे कल्पवृक्ष समझते हुए उससे कुम्भ का मुख ढक दे। फिर उस कुम्भ पर फल और अक्षतयुक्त कपर्दी को कल्पवृक्ष का फल मानकर स्थापित करे। इसके बाद दो निर्मल रेशमी वस्त्रों से कुम्भ को वेष्टित करे। इसके बाद कुम्भ में मूल मन्त्र से देवमूर्ति की कल्पना करते हुए यथोक्त रूप से देवता का ध्यान करके आवाहन करते हुये उसका पूजन करे।

यथा—मूलमन्त्रमुच्चरन् अमुक इहागच्छ इहागच्छ इह तिष्ठ इह तिष्ठ इह सन्निधेहि इह सन्निरुध्यस्व इत्यावाहनादिकं कृत्वा, हुं इत्यवगुण्ठ्य, देवताङ्गे षडङ्गन्यासं कृत्वा, वमिति धेनुमुद्रया अमृतीकृत्य, परमीकरणमुद्रया परमीकुर्यात्। तत: प्राणप्रतिष्ठां कृत्वा षोडशोपचारै: पूजयेत्। यथा—

मूलमुच्चार्य इदमासनं अमुकदेवतायै नम:, अमुकदेव स्वागतन्ते इति स्वागतम्। ततो मूलमुच्चार्य एतत्पाद्यं अमुकदेवतायै नम: इति पादाम्बुजे दद्यात्। एतच्छ्यामाकदूर्वाब्जविष्णुक्रान्ताभिरीरितम्। अर्घ्यं अमुकदेवतायै स्वाहा इति गन्धपुष्पा-

क्षतयवकुशाग्रतिलसर्षपदूर्वात्मकमर्घ्यं शिरसि दद्यात्। वैष्णवे तु अर्घ्यादि क्रमेणैव देयमिति वदन्ति। ततो मूलमुच्चार्य इदमाचमनीयं अमुकदेवतायै स्वधा इति जातीलवङ्गकक्कोलात्मकमाचमनीयं वदने दद्यात्। स्वधामन्त्रेण वदने दद्यादा-चमनीयकं इत्यत्र सुधापाठं कुर्वन्तः सुधाशब्दस्यामृतवाचकत्वादमृतवाचकशब्दाद्य जलवाचकत्वादिदमाचमनीयं वमिति वदन्ति। तथा च—

मधुपर्कं ततो दद्याज्जलमन्त्रेण देशिकः ।

इति वचनात्। न च मधुपर्कमात्रविषयमिदम्।

स्वधानुना ततः कुर्यान्मधुपर्कं मुखाम्बुजे ।
तेनैव मनुना कुर्यादद्भिराचमनीयकम् ।।

इति वचनात्। तथा—

वारुणेन च मन्त्रेण दद्यादाचमनीयकम् ।

इत्यादिवचनविरोधात्। एतद्वचनं शूद्रविषयकमिति केचित्। वस्तुतस्तु इच्छा-विकल्पः। मैथिलास्तु स्वधा इति पाठं कुर्वन्ति, न सुधेति। वकारस्य त्यागा-बोधकत्वात्। किञ्च त्यागार्थकस्वाहाशब्देनार्घ्यदानविधानात्, तत्समभिव्याहृता-चमनीयदाने त्यागार्थबोधकत्वेन स्वधामन्त्रो युज्यते न तु सुधेत्याहुः। तथा च— नमः स्वाहास्वधावौषडिति यथाक्रमाभिधानाज्जलमन्त्रेण देशिक इति वचनं प्रमाणशून्यमिति तान्त्रिकाः। तेन चाचमनीयं स्वधेति। तथा—

स्वधेत्याचमनीयञ्च त्रिवारं मुखपङ्कजे ।
स्वधेति मधुपर्कञ्च पुनराचमनीयकम् ।।

इति सोमशम्भुधृतवचनात्। एके पुनर्जलमन्त्रेण देशिकः। वारुणेन च बीजेन इत्यत्र सहार्थे तृतीयां वदन्तः इदमाचमनीयं अमुकदेवतायै वं स्वधेति मन्यन्ते। ततो मधुपर्कः स्वधा इति मधुपर्कं दद्यात्।

आज्यं दधिमधून्मिश्रं मधुपर्कं विदुर्बुधाः ।

एवं पुनराचमनीयं स्वधेति। ततः स्नानीयं निवेदयामि, ततो वस्त्रयज्ञोपवीतानि दद्यात्। ततः आभरणं नमः, एष गन्धे नमः, स च गन्धश्चन्दनकर्पूरकाला-गुरुभिरीरितः। ततो मन्त्रपुटितमातृकावर्णेन तत्तन्न्यासस्थानानि पूजयित्वा एतानि पुष्पाणि वौषट् इति। सर्वत्र दाने मूलमन्त्रोच्चारणम्।

पहले मूलं इहागच्छ इहागच्छ, इह तिष्ठ इह तिष्ठ, इह सन्निधेहि, इह सन्निधेहि से आवाहनादि करे। 'हूं' से अवगुण्ठन करे। फिर देवता अंग में षडङ्गन्यास करे। 'वं' उच्चारणपूर्वक धेनुमुद्रा से अमृतीकरण करे। परमीकरण मुद्रा से परमीकरण करे। तब

प्राणप्रतिष्ठा करके षोड़शोपचार से पूजा करे। 'मूलं इदमासनं अमुकदेवतायै नमः' से रजतादि निर्मित आसन देवे। 'अमुकदेव स्वागतं ते' से स्वागत करे।

फिर 'मूलं एतद् पाद्यं अमुकदेवतायै नमः' से देवता के चरणों में पाद्य देवे। साँवा, दूब, कमल, अपराजिता जल में मिलाकर पाद्य की रचना करे। गन्ध-पुष्प-अक्षत-यव-कुशाग्र-तिल-सरसो और दूब मिले जल से 'मूलं अमुकदेवतायै स्वाहा' बोलकर देवता के मस्तक पर अर्घ्य प्रदान करे। मतान्तर है कि विष्णुपूजा में अर्घ्यादि से आरम्भ करके पाद्यादि प्रदान करे।

इसके बाद जायफल, लवंग और कंकोल-मिश्रित जल से 'मूलं इदमाचमनीयं अमुकदेवतायै स्वाहा' कहकर मुख में तीन बार आचमनीय प्रदान करे। 'स्वधा' मन्त्र से मधुपर्क और पुनराचमनीय प्रदान करे। किसी मत से आचमनीय के लिये 'इदमाचमनीयं अमुकदेवतायै वं स्वधा' मन्त्र है। 'मधुपर्कं स्वधा' से मधुपर्क प्रदान करे। घी, दही और मधु मिलाने से मधुपर्क बनता है। 'पुनराचमनीयं स्वधा' से पुनराचमनीय दे। 'स्नानीयं निवेदयामि' से स्नानीय जल प्रदान करे। 'वस्त्रोपवीतादि निवेदयामि' से से वस्त्र-यज्ञोपवीतादि प्रदान करे। फिर 'आभरणं नमः' से आभूषण और 'एष गन्धो नमः' से गन्ध निवेदित करे। चन्दन, कपूर और कालागुरु इत्यादि से गन्ध बनावे। इसके बाद मूल मन्त्र से पुटित मातृका वर्ण द्वारा मातृका न्यास से तत्तत् स्थानों में पूजा करे। 'एतानि पुष्पाणि अमुकदेवतायै वौषट्' से पुष्प प्रदान करे। सभी द्रव्यों के निवेदन में मूल मन्त्र का उच्चारण करना चाहिये।

ततः आवरणपूजा। ततो गुग्गुल्वगुरूशीरशर्करामधुचन्दनघृतात्मकं धूपं दद्यात्। तथा च शारदायाम्—

गुग्गुल्वगुरूशीरशर्करामधुचन्दनैः ।
धूपयेदाज्यसम्मिश्रैर्नीचैर्देवस्य देशिकः ॥

विशेषस्तु तत्रैव—

सिताज्यमधुसम्मिश्रं गुग्गुल्वगुरुचन्दनम् ।
षडङ्गं धूपयेतत्तु सर्वदेवप्रियं सदा ॥
रोगरोगहररोगदकेशाः सुरतरुजतुलघुपत्रविशेषाः ।
वक्रविवर्जितवारिजमुद्रा धूपवर्तिरिह सुन्दरि भद्रा ॥

अस्यार्थः—कुड-हरीतकी-गुड-जटामांसी-देवदारु-जतु-अगुरु-तेजपत्र-सरल-नखी-मुथाः । तथा—

गुग्गुलं सरलं दारु पत्रं मलयसम्भवम् ।
ह्रीवेरमगुरुं कुष्ठं गुडं सर्ज्जरसं घनम् ॥

हरीतकीं नखीं लाक्षां जटामांसीञ्च शैलजम्।
षोडशाङ्गं विदुर्धूपं दैवे पैत्रे च कर्मणि॥
मधु मुस्तं घृतं गन्धो गुग्गुल्वगुरुशैलजम्।
सरलं शिह्लसिद्धार्थं दशाङ्गो धूप उच्यते॥

ततः कर्पूरगर्भिण्या वर्त्तिकया दीपं दद्यात्। तथा च—

वर्त्त्या कर्पूरगर्भिण्या सर्पिषा तिलजेन वा।
आरोप्य दर्शयेद्दीपानुच्चैः सौरभशालिनः॥

इति शारदाधृतम्। विशेषस्तु—

तत्र तत्र जलं दद्यादुपचारान्तरान्तरे।
मधुपर्के च वस्त्रे च दद्यादाचमनीयकम्॥

ततो नैवेद्यानि दद्यात्। गन्धादिदाने विशेषस्तु तन्त्रान्तरे—

मध्यमानामिकाङ्गुष्ठैरङ्गुल्यग्रेण पार्वति।
दद्याच्च विमलं गन्धं मूलमन्त्रेण साधकः॥
अंगुष्ठतर्जनीभ्यान्तु चक्रे पुष्पं निवेदयेत्।
यथा गन्धं तथा देवि धूपं दद्याद्विचक्षणः॥
मध्यमानामिकाभ्यान्तु मध्यपर्वणि देशिकः।
अंगुष्ठाग्रेण देवेशि धृत्वा धूपं निवेदयेत्॥
उत्तोलनं त्रिधा कृत्वा गायत्र्या मूलयोगतः।
तत्त्वाख्यमुद्रया देवि नैवेद्यन्तु निवेदयेत्॥
मूलेनाचमनं दद्यात्ताम्बूलं तत्त्वमुद्रया।
धूपभाजनमन्त्रेण प्रोक्ष्याभ्यर्च्य हृदामुना॥
अस्त्रेण पूजितां घण्टां वादयन् गुग्गुलुं दहेत्।
ततः समर्पयेद्धूपं घण्टावाद्यजयस्वनैः॥

तथा—

जयध्वनि तथा मन्त्रमातः स्वाहेत्युदीर्यते।
अभ्यर्च्य वादयेद् घण्टां सुधूपैर्धूपयेत्ततः॥

तन्त्रे—

न भूमौ वितरेद्धूपं नासने न घटे तथा॥

आवरण-पूजन—तत्पश्चात् आवरण पूजा करने के बाद गुग्गुल, अगर, खश, शक्कर, मधु, चन्दन और घीमिश्रित धूप प्रदान करे।

शारदातिलक में लिखा है कि शक्कर, घी और मधु में गुग्गुल, अगर और चन्दन मिलाने से षडंग धूप बनता है। यह धूप सभी देवों को प्रिय है। शारदातिलक में ही लिखा है कि कपूर, घी, मधु, गुग्गुल, अगर, चन्दनमिश्रित षडंग धूप सभी देवों को देना चाहिये। सभी देवताओं को यह धूप प्रिय है। कुड, हर्रे, गुड़, जटामासी, देवदारु, लाह, अगर, तेजपात, सरल काष्ठ, नखी और मुखा—कुल ११ वस्तुओं से बत्ती बनाकर धूप प्रदान करे। उक्त ग्यारह वस्तुओं में गुग्गुल, चन्दन, बाला, धूना और शिलाजीत मिलाने से षोडशांग धूप बनता है। यह धूप देव और पितृकर्म में प्रशस्त है।

इसके बाद कपूरगर्भित वत्ती का दीपक दिखावे। कपूरगर्भित वत्ती को गोघृत या तिलतैल में जलाकर दीपक दिखावे। यह दीपक सुगन्धित होता है। प्रत्येक उपचार में पूजन के समय प्रत्येक उपचार के बाद जल प्रदान करे। मधुपर्क और वस्त्र देने के बाद आचमनीय प्रदान करे। इसके बाद नैवेद्य प्रदान करे। गन्धादि के सम्बन्ध में विशेष नियम है।

१. गन्ध—मध्यमा, अनामिका और अंगूठे के अग्रभाग से मूल मन्त्रोच्चारपूर्वक प्रदान करे।

२. पुष्प—अंगुष्ठ और तर्जनी से यन्त्र या देवता के अंग पर चढ़ावे।

३. धूप—गन्ध के समान प्रदान करे। मध्यमा और अनामिका के मध्य पर्व एवं अंगुष्ठ के अग्र भाग से धूप लेकर तीन बार उत्तोलनपूर्वक गायत्री या मूलमन्त्र द्वारा प्रदान करे। विशेष विधि यह है कि फट् से धूपपात्र को प्रोक्षित कर नम: से उसकी पूजा करे। फिर फट् से घण्टा की पूजा करके घण्टा बजाते हुए गुग्गुल जलावे और 'जयध्वनि मात:' से घण्टा की पूजा करके उसे बजाते हुए उत्तम धूप प्रदान करे। मिट्टी, आसन और घट पर रखकर धूप प्रदान न करे।

तथा च गौतमीये—

उत्तार्य दृष्टिपर्यन्तां घण्टां वामदिशि स्थिताम्।
वादयन् वामहस्तेन दक्षहस्तेन चार्पयेत्।

एवं दीपदानेऽपि घण्टावादनम्। यामले—

निवेदयेत्पुरोभागे गन्धं पुष्पञ्च भूषणम्।
दीपं दक्षिणतो दद्यात्पुरतो वा न वामतः॥
वामतस्तु तथा धूपमग्रे वा न तु दक्षिणे।
नैवेद्यं दक्षिणे वामे पुरतो वा न पृष्ठतः॥

वामदक्षिणभागस्तु देवताया एव न तु साधकस्य।

धूपदीपौ सुभोज्यञ्च देवताग्रे निवेदयेत्।

इति दर्शनात्। घृतयुक्तं दक्षिणे तैलयुक्तं वामे। एवं सिता वर्त्तिश्चेद्दक्षिणे रक्ता चेद्वामे। सम्मुखे न नियमः।

गौतमतन्त्र में लिखा है कि देवता की दृष्टिपर्यन्त धूप का उत्तोलन कर वाम भाग स्थित घण्टे को बजाते हुए दाहिने हाथ से धूप समर्पित करे। धूप को बाँये या आगे रखकर निवेदित करे। उसे दाँई ओर न रक्खे।

४. दीपदान—दीपदान में भी उक्त प्रकार से ही घण्टा का प्रयोग करे। उसे देवता के दाँयें या आगे रखकर निवेदित करे। बाँई ओर दीपक न रक्खे। विशेष बात यह है कि घी का दीपक दाँयीं ओर और तेल का बाँई ओर रखकर प्रदान करे। श्वेत वर्ण की बत्ती वाला दीपक दाँई और लाल वर्ण की बत्ती वाला दीपक बाँई ओर रखकर प्रदान करे। सम्मुख रखने में कोई नियम नहीं है। सभी प्रकार के दीपक सामने रखकर निवेदित किए जा सकते हैं।

पक्वञ्च देवतावामे आमान्नञ्चैव दक्षिणे।

तथा च पुरश्चरणचन्द्रिकायाम्—

दक्षिणन्तु परित्यज्य वामे चैव निधापयेत्।
अभोज्यं तद्भवेदन्नं पानीयञ्च सुरोपमम्॥

इति साम्प्रदायिकाः। तथा च यामले—

दीपं घृतयुतं दक्षे तैलयुक्तञ्च वामतः।
दक्षिणे च सितावर्तिं वामतो रक्तवर्त्तिकम्॥
पक्वापक्वविधानेन नैवेद्येष्विति तत्स्थितिः।
पुरतो नियमो नास्ति दीपनैवेद्ययोः क्वचित्॥

ततो वन्दनम्। ततोऽष्टोत्तरसहस्रं शतं वा सञ्जप्य गुह्यातीत्यादिना जपं समर्पयेत्।

अथ मन्त्रस्य दशसंस्कारान् पूर्वोक्तेन प्रकारेण कृत्वा गुरुः शिष्यमानीय वौषडिति मन्त्रेण शिष्यनेत्रं वस्त्रेणाच्छाद्य शिष्याञ्जलिं पुष्पैः पूरयित्वा गुरुः स्वयमेव मन्त्रमुच्चरन् कलशे पुष्पाञ्जलिं देवताप्रीत्यै क्षेपयेत्। ततो नेत्रबन्धनं दूरीकृत्य दर्भास्तरे शिष्यं उपवेश्य स्वकृतपूजाक्रमाद्भूतशुद्ध्यादिकं विधाय तत्तन्मन्त्रोक्तन्यासान् शिष्यदेहे कुर्यात्। कुम्भस्थां देवतां पुनः पञ्चोपचारैः सम्पूज्य अलंकृतं शिष्यमन्यस्मिन्नुपवेशयेत्। ततो मङ्गलाचारपूर्वकं कुम्भं समुद्धृत्य, तन्मुखस्थान् सुरद्रुमरूपान् पल्लवान् शिष्यस्य शिरसि निधाय, मातृकां मनसा जपन् मूलेन साधितैस्तोयैर्वसिष्ठसंहितोक्ताभिषेकमन्त्रैस्तमभिषिञ्चेत्। ततः शिष्यः अवशिष्ट-जलेनाचम्य, वाससी परिधाय, गुरोः सन्निधावुपविशेत्। ततस्तामेव गुरुरात्मनो

देवतां शिष्यसंक्रान्तां तयोरैक्यं सम्भावयन् गन्धादिभिः पूजयेत्। ततः ॐ सहस्रारे हुं फडिति मन्त्रेण शिष्यशिखां बद्ध्वा संरक्ष्य शिष्यशरीरे कलान्यासं कुर्यात्। तद्यथा—

कुशत्रयेण पादतलाज्जानुपर्यन्तम्—ॐ निवृत्त्यै नमः। जानुनोर्नाभिपर्यन्तम्—ॐ प्रतिष्ठायै नमः। नाभेराकण्ठम्—ॐ विद्यायै नमः। कण्ठादाललाटम्—ॐ शान्त्यै नमः। ललाटादाब्रह्मरन्ध्रान्तम्—ॐ शान्त्यतीतायै नमः। पुनर्ब्रह्मरन्ध्रादाललाटम्—ॐ शान्त्यतीतायै नमः। ललाटादाकण्ठम्—ॐ शान्त्यै नमः। कण्ठान्नभिपर्यन्तम्—ॐ विद्यायै नमः। नाभेर्जानुपर्यन्तम्— ॐ प्रतिष्ठायै नमः। जानुनोः पादपर्यन्तम्—ॐ निवृत्त्यै नमः।

५. नैवेद्य—दाँयें, बाँयें या सामने रखकर तत्त्वमुद्रा से नैवेद्य प्रदान करे। उसे पीछे की ओर न रक्खे। पक्वान्न बाँयें और आमान्न दाँयें रख कर निवेदित करे। पुरश्चरणचन्द्रिका में लिखा है कि यदि बाँई ओर अन्नादि रक्खा हो तो वह अभोज्य होता है। पानी मदिरा-तुल्य होता है। यह साम्प्रदायिक मत है। यामल में लिखा है कि गन्ध, पुष्प और भूषण को आगे रखकर समर्पित करे। दाँयें-बाँयें जो संकेत है, वह देवता के दाँयें-बाँयें समझना चाहिये; अपने दाँयें-बाँयें नहीं। दीप और नैवेद्य यदि देवता के आगे रखकर निवेदित किया जाय तो घी, तेल और अपक्व का विचार नहीं किया जाता।

इसके बाद मूल मन्त्र से आचमनीय देकर तत्त्वमुद्रा से ताम्बूल प्रदान करे। नमस्कार करके मूल मन्त्र का अष्टोत्तर शत या अष्टोत्तर सहस्र जप करे। फिर 'गुह्यातिगुह्य' आदि से जप का समर्पण करे। इसके बाद देय मन्त्र का पूर्वोक्त प्रकार से दश संस्कार करके गुरु शिष्य को अपने सामने बैठाकर उसकी दोनों आँखों को फट् मन्त्र से वस्त्र द्वारा आच्छादित करे। उसकी अञ्जलि को फूलों से भर दे। फिर गुरु देय मन्त्र का उच्चारण करते हुए देवता की प्रीति के उद्देश्य से शिष्य द्वारा उन फूलों को कलश में डलवा दे। तब शिष्य की आँखें खोलकर उसे कुशासन पर बैठाकर भूतशुद्धिपूर्वक उसके शरीर में उस मन्त्र के विहित न्यास को करे। तदनन्तर कुम्भस्थ देवता का पुनः पञ्चोपचारपूजन करे। अलंकृत शिष्य को दूसरे स्थान पर बैठावे। मंगलाचरण करके कलश के मुख पर रक्खे कुछ कल्पवृक्षरूपी पल्लवों को शिष्य के मस्तक पर रक्खे। मातृका मन्त्र का मन ही मन स्मरण करे। मूल मन्त्र से अभिमन्त्रित जल द्वारा वसिष्ठसंहितोक्त मन्त्रपाठ करते हुए शिष्य को अभिषिक्त करे।

बचे हुए जल से शिष्य आचमन करे और वस्त्र पहन कर गुरु के समीप बैठे। गुरु यह ध्यान करे कि वह और देवता शिष्य में संक्रान्त हैं। वह, देवता और शिष्य एक हैं। तब गन्धादि द्वारा देवता की पूजा करके 'ॐ सहस्रारे हुं फट्' से शिखाबन्धन करे। तीन कुशपत्रों से शिष्य के शरीर में निम्नवत् कलान्यास करे—

चरणतल से जानुपर्यन्त	ॐ निवृत्त्यै नमः।
जानु से नाभि तक	ॐ प्रतिष्ठायै नमः।
नाभि से कण्ठ तक	ॐ विद्यायै नमः।
कण्ठ से ललाट तक	ॐ शान्त्यै नमः।
ललाट से ब्रह्मरन्ध्र तक	ॐ शान्त्यतीतायै नमः।
ब्रह्मरन्ध्र से ललाट तक	ॐ शान्त्यतीतायै नमः।
ललाट से कण्ठ तक	ॐ शान्त्यै नमः।
कण्ठ से नाभि तक	ॐ विद्यायै नमः।
नाभि से जानु तक	ॐ प्रतिष्ठायै नमः।
जानु से चरणतल तक	ॐ निवृत्त्यै नमः।

ततः शिष्यस्य शिरसि हस्तं दत्त्वा, देयमन्त्रमष्टोत्तरशतं जप्त्वा, अमुकमन्त्रं तेऽहं ददामीति शिष्यहस्ते जलं दद्यात्। ततो ददस्वेति शिष्यो ब्रूयात्। तथा च वासिष्ठे—

ततस्तच्छिरसि स्वहस्तं दत्त्वा शतं जपेत्।
अष्टोत्तरं ततो मन्त्रं दद्यादुदकपूर्वकम्।
आवयोस्तुल्यफलदो भवत्वेवमुदीरयेत्॥

ततः ऋष्यादिसंयुक्तं मन्त्रं गुरुर्दक्षिणकर्णे त्रिः श्रावयित्वा वामकर्णे सकृत् श्रावयेत्। तथा च गौतमीये—

न्यासजलं तस्य देहे गुरुः सन्न्यस्य यत्नतः।
दक्षकर्णे वदेन्मन्त्रं त्रिवारं पूर्णमानसः।

दक्षकर्ण इति द्विजातिविषयम्। तथा च तन्त्रे—

दक्षकर्णे त्रिशो विद्यां एकोच्चारेण चोच्चरेत्।
एष विधिर्द्विजातीनां स्त्रीशूद्राणाञ्च वामतः॥

रुद्रयामले—

गुरुस्तु प्राङ्मुखो भूत्वा शिष्यं प्रत्यङ्मुखस्थितम्।
त्रिवारं दक्षिणे कर्णे वामे चैव तथा सकृत्।
विपरीतं ततो ज्ञेयं स्त्रीशूद्राणाञ्च वामतः॥

ततो गुरुचरणे पतित एव तिष्ठेत्।

त्वत्प्रसादादहं देव कृतकृत्योऽस्मि सर्वतः ।
मायामृत्युमहापाशाद्विमुक्तोऽस्मि शिवोऽस्मि च ।

इति वदेत्। ततो गुरुः—

उत्तिष्ठ वत्स ! मुक्तोऽसि सम्यगाचारवान् भव ।
कीर्त्तिश्रीकान्तिपुत्रायुर्बलारोग्यं सदाऽस्तु ते ।।

इति उत्थापयेत्। विश्वसारे—

दक्षकर्णे वदेन्मन्त्रं ऋष्यादिकसमन्वितम् ।
तथा तस्मिन्क्षणे देवि जपेन्मन्त्रं शताष्टकम् ।।

शारदायाम्—

गुरोर्लब्ध्वां परां विद्यामष्टकृत्वो जपेत्सुधीः ।
गुरुमन्त्रदेवतानामैक्यं सम्भावयन् धिया ।

एतद्वचनं तत्तद्भावनापरजपविषयं भावनाशून्ये तु सहस्रम्। गुरुः स्वशक्तिरक्षार्थं सहस्रं शतं वा जपेत्। तन्त्रान्तरे—

शतं जपेत्तदग्रे तु निकटे त्रिदिनं वसेत् ।
नो चेत्सञ्चारिणी शक्तिर्गुरुमेति न संशयः ।।

विश्वसारे—

अष्टाधिकसाहस्रं शतं वाऽपि विधानतः ।
स्वशक्तिरक्षणार्थाय गुरुर्मन्त्रं तदा जपेत् ।।

यामले—

दत्त्वा मन्त्रं जपेद्देवि शतमष्टोत्तरं ततः ।

इसके बाद शिष्य के मस्तक पर हाथ रखकर देय मन्त्र का अष्टोतरशत जप करके गुरु कहे—'अमुकमन्त्रं ते अहं ददामि'। तब उसके हाथ में जल दे। शिष्य कहे—'ददस्व'।

वसिष्ठसंहिता में लिखा है कि मन्त्रजप कर गुरु कहे—'आवयोस्तुल्यफलदो भवतु'। इसके बाद ऋष्यादिसंयुक्त मन्त्र शिष्य के दाहिने कान में तीन बार और बाँयें कान में एक बार सुनावे।

गौतमीयतन्त्र के अनुसार यह विधान द्विजों के लिये है। स्त्री और शूद्र को बाँयें कान में तीन बार और दाँयें कान के एक बार सुनाना चाहिये।

रुद्रयामल में लिखा है कि गुरु पूर्वमुख होकर पश्चिमाभिमुखी शिष्य के कान में मन्त्र सुनावे। फिर शिष्य गुरु के चरणों में गिर कर कहे—

ॐ त्वत् प्रसादादहं देव! कृतकृत्योऽस्मि सर्वतः।
मायामृत्युमहापाशाद् विमुक्तोऽस्मि शिवोऽस्मि च।।

गुरु शिष्य को उठाते हुये कहे—

उत्तिष्ठ वत्स! मुक्तोऽसि सम्यगाचारवान् भव।
कीर्तिश्रीकान्तिप्रज्ञायुर्बलारोग्यं सदाऽस्तु ते।।

विश्वसारतन्त्र में लिखा है कि गुरु से मन्त्र पाते ही शिष्य एक सौ आठ बार उसका जप करे।

शारदातिलक में लिखा है कि गुरु से मन्त्र प्राप्त करके गुरुमन्त्र और देवता में ऐक्य-भावना करके एक सौ आठ बार जप करे। यह वचन देवता के ध्यानपूर्वक जप करने से सम्बन्धित है। ध्यानपूर्वक जप न कर सकने पर एक हजार जप करने का विधान है। तन्त्रसार में वर्णन है कि मन्त्र प्राप्त करके शिष्य १०८ बार जप करे। तीन दिनों तक गुरु के निकट रहे। इससे गुरु की सञ्चारिणी शक्ति शिष्य में प्रविष्ट करती है।

विश्वसारतन्त्र के अनुसार गुरु अपनी शक्ति की रक्षा के लिये उक्त मन्त्र का अष्टाधिक सहस्र या एक सौ आठ बार जप करे।

यामल का भी ऐसा ही वचन है। शिष्य १०८ मन्त्र जपे।

ततः शिष्यः कुशतिलजलान्यादाय ॐ अद्य कृतैतत् अमुकदेवताया अमुक-मन्त्रग्रहणप्रतिष्ठार्थं दक्षिणामिदं सुवर्णं काञ्चनं वा वह्निदैवतं अमुकगोत्राया-मुकदेवशर्मणे गुरवे तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

शरीरमर्थं प्राणांश्च सर्वं तस्मै निवेदयेत् ।
ततः प्रभृति कुर्वीत गुरोः प्रियमनन्यधीः ।
यद्यदिष्टतमं लोके मुखे तत्तन्निवेदयेत् ।

स्वतन्त्रतन्त्रे दक्षिणानियमो यथा—

गुरवे दक्षिणां दद्यात्प्रत्यक्षाय शिवात्मने ।
सर्वस्वं वा तदर्धं वा तदर्धं वा तदाज्ञया ।
नो चेत्सञ्चारिणी शक्तिः कथमस्य भविष्यति ।।

कुलामृते—

वित्तशाठ्यं परित्यज्य सर्वकर्माणि साधयेत् ।
वित्तशाठ्यं निहन्त्याशु पुत्रानायुर्यशोधनम् ।।
गुरुदेवं वञ्चयित्वा यः कुर्याद्धनसञ्चयम् ।
तेन तद्भुज्यते नैव ह्रीयते राजतस्करैः ।।
आसनं गुरवे दद्याद्रक्तकम्बलमेव च ।

हाराद्याभरणं दद्याद्गाञ्च दद्यात् पयस्विनीम् ॥
भूमिं वृत्तिकरीं दद्यात् पुत्रपौत्रानुगामिनीम् ॥

तथा—

गुरवे दक्षिणां दद्यात् स्वर्णवस्त्रसमन्वितम् ।
गुरुसन्तोषमात्रेण दुष्टमन्त्रोऽपि सिध्यति ॥
अन्यथा नैव सिद्धिः स्यादभिचाराय कल्पते ।
दीक्षाग्रहणसामग्रीं गुरवेऽथ निवेदयेत् ।
अन्यांश्च ब्राह्मणांस्तत्र यत्नतः परितोषयेत् ॥

ततो मिष्टान्नपानादिना ब्राह्मणान् परितोष्य स्वयं भुञ्जीत । तथा च निबन्धे—

ब्राह्मणान् भोजयेत् पश्चाद्विधिवद्दीक्षितो नरः ।
विप्रेभ्यो दक्षिणां दद्यात्स्वयं भुञ्जीत वाग्यतः ॥

दीक्षादिवसे गुरुशिष्योरुपवासे दोषमाह योगिनीतन्त्रे—

मन्त्रं दत्त्वा गुरुश्चैवमुपवासं यदाचरेत् ।
महान्धकारे नरके कृमिर्भवति नान्यथा ॥
दीक्षां कृत्वा यदा मन्त्री चोपवासं समाचरेत् ।
तस्य देवः सदा रुष्टः शापं दत्त्वा व्रजेत्पुरम् ॥

यद्यत्र होमः क्रियते तदा तद्विधानं वक्ष्यामः।

इति कलावतीदीक्षाप्रयोग:

●

अन्त में शिष्य कुश, तिल और जल लेकर निम्न संकल्प करके गुरु को सोना या चाँदी प्रदान करे। जैसे—ॐ अद्य कृतैतदमुकदेवताया: अमुकमन्त्रग्रहणप्रतिष्ठार्थं दक्षिणामिदं सुवर्णं काञ्चनं वा वह्निदैवतं अमुकगोत्राय अमुकगुरवे तुभ्यमहं सम्प्रददे। शरीर, अर्थ और प्राण सभी गुरु को निवेदित करे। मन्त्रग्रहण के दिन में गुरु को प्रिय लगने वाले कार्य अनन्य मन से करना चाहिये। संसार की सर्वाधिक प्रिय वस्तुयें गुरु को प्रदान करे।

स्वतन्त्रतन्त्र में लिखा है कि गुरु की आज्ञानुसार सर्वस्व या उसका आधा या उसकी चौथाई साक्षात् शिवस्वरूप गुरु को दक्षिणा में प्रदान करे। अन्यथा गुरु से शक्ति सञ्चारित होकर शिष्य में किस प्रकार संक्रान्त होगी?

कुलामृत में लिखा है कि वित्तशाठ्य छोड़कर सभी कार्य करे। धन रहने पर भी दक्षिणा नहीं देने से पुत्र, आयु, यश और धन का नाश होता है। जो व्यक्ति गुरुदेव को धोखा देकर धनसञ्चय करता है, वह उस धन का भोग नहीं कर पाता। राजा और चोर उसका हरण कर लेते हैं। आसन के लिये लाल कम्बल, हारादि आभूषण, दूधारु गाय,

पौत्रादि के उपयोगयोग्य भूमि गुरु को प्रदान करे। गुरु को वस्त्रसहित सोना दक्षिणा दे। गुरु के सन्तुष्ट होने पर इष्ट मन्त्र सिद्ध होता है। गुरु के सन्तुष्ट हुए विना मन्त्र सिद्ध नहीं होता। उनके असन्तुष्ट होने पर मन्त्र अनिष्टकर होता है। दीक्षा-ग्रहण की सारी उपकरण सामग्री गुरुदेव को निवेदित करे।

इसके बाद अन्य ब्राह्मणों को मिष्टान्नपान आदि और दक्षिणा आदि देकर सन्तुष्ट करके स्वयं भोजन करे।

दीक्षा के दिन गुरु और शिष्य दोनों को उपवास नहीं करना चाहिये।

योगिनीतन्त्र में लिखा है कि यदि मन्त्र देने के बाद उस दिन गुरु उपवासी रहे तो महा अन्धकार नरक में कृमि होकर जन्म लेता है। शिष्य दीक्षित होकर उपवास करे तो देवता उससे रुष्ट होकर उसे शाप देकर अपने स्थान में लौट जाते हैं।

होमविधि आगे दी जायगी। यहाँ हवन करना हो तो वहाँ देख लें।

पञ्चायतनी दीक्षा

यामले—

भवानीन्तु यदा मध्ये ऐशान्यामच्युतं यजेत्।
आग्नेय्यां पार्वतीनाथं नैर्ऋत्यां गणनायकम्।
वायव्यां तपनञ्चैव पूजाक्रम उदाहतः॥
यदा तु मध्ये गोविन्दमैशान्यां शङ्करं यजेत्।
आग्नेय्यां गणनाथञ्च नैर्ऋत्यां तपनन्तथा॥
वायव्यामम्बिकाञ्चैव भोगमोक्षैकभूमिकाम्।
शङ्करञ्च यदा मध्ये ऐशान्यामच्युतं यजेत्॥
आग्नेय्यां तपनञ्चैव नैर्ऋत्यां गणनायकम्।
वायव्यां पार्वतीञ्चैव स्वर्गमोक्षप्रदायिनीम्॥
आदित्याञ्च यदा मध्ये ऐशान्यां शङ्करं यजेत्।
आग्नेय्यां गणनाथञ्च नैर्ऋत्यां केशवं तथा॥
वायव्यमबिकां देवीं स्वर्गसाधनभूमिकाम्।
गणनाथं यदा मध्ये ऐशान्यां केशवं यजेत्॥
आग्नेय्यामीश्वरञ्चैव नैर्ऋत्यां तपनन्तथा।
वायव्यां पार्वतीञ्चैव पूजयेन्मोक्षसाधिनीम्।
स्वस्थानवर्जिता देवा दुःखशोकभयप्रदाः॥

पञ्चायतनी दीक्षा—यामल में लिखा है कि पञ्चायतनी दीक्षा में शक्ति, विष्णु, शिव, सूर्य और गणेश के पाँच यन्त्र अंकित करके उनमें पाँचों देवताओं का पूजन करना

चाहिये। इसमें विशेष नियम यह है कि यदि गुरु पञ्च देवताओं में शक्तिभावना प्रधान रूप से करे तो उसका यन्त्र मध्य में स्थापित करके पूजन करे।

इस यन्त्र के ईशानकोण में विष्णु, अग्निकोण में शिव, नैर्ऋत्यकोण में गणेश और वायुकोण में सूर्ययन्त्र स्थापित कर पूजन करे।

यदि मध्य में विष्णु की पूजा करे तो ईशान में शिव, आग्नेय में गणेश, नैर्ऋत्य में सूर्य और वायव्य में भोग-मोक्षदात्री अम्बिका का यन्त्र स्थापित करे और पूजन करे।

यदि मध्य में शिव का पूजन करे तो ईशान में विष्णु, आग्नेय में सूर्य, नैर्ऋत्य में गणेश और वायव्य में स्वर्ग-मोक्षप्रदात्री पार्वती का पूजन करे।

मध्य में सूर्यदेव की पूजा करे तो ईशान में शिव, आग्नेय में गणेश, नैर्ऋत्य में विष्णु और वायव्य में स्वर्गसाधिका भवानी के यन्त्र का पूजन करे।

यदि मध्य में गणेश की पूजा करे तो ईशान में विष्णु, आग्नेय में शिव, नैर्ऋत्य में सूर्य और वायव्य में पार्वती की पूजा करे।

उक्त स्थानों में उलटफेर होने से देवतागण दुःख-शोक और भय प्रदान करते हैं।

तथा च गणेशविमर्शिण्याम्—

शम्भौ मध्यगते हरीनहरभूदेव्यो हरौ शङ्करे
भास्ये नागसुता रवौ हरगणेशाजम्बिकाः स्थापिताः ।
देव्यां विष्णुहरैकदन्तरवयो लम्बोदरेऽजेश्वरे
नार्याः शङ्करभागतोऽतिसुखदा व्यास्तास्तु ते हानिदाः ॥

रामार्चनचन्द्रिकायां गौतमीये च—

यदा तु मध्दे गोविन्दमाग्नेय्यां गणनायकम् ।
नैर्ऋत्यां हंसमभ्यर्च्य वायव्यामर्चयेच्छिवाम् ॥
ऐशान्यां शङ्करञ्चैव भोगमोक्षफलाप्तये ।

इति यदङ्गदेवतायाः पूजने आग्नेयादौ गणेशादिपूजनमुक्तं तद्रामगोपाल-विषयमिति केचित्। वस्तुतो वैकल्पिकमिति साम्प्रदायिकाः। एतेषां पूजनन्तु गौतमीये—

गन्धादिभिरथाभ्यर्च्य षडङ्गार्चनमेव च ।
विंशकृत्वो जपेन्मन्त्रं नमस्कृत्य समापयेत् ॥

अङ्गदेवतापूजाकालस्तु पीठदेवतापूजानन्तरम्। तथा च सनत्कुमारतन्त्रे—

पीठस्यार्चनमङ्गदेवयजनं प्राणप्रतिष्ठां ततः ।
आह्वानं निजमुद्रिकाविरचनं ध्यानं प्रभोः पूजनम् ॥

यत्तु—

देवे पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा अङ्गदेवान् समर्चयेत् ।

तत्तु प्रतिष्ठितप्रतिमादियन्त्रादिविषयम्। यन्त्रातिरिक्ताधारे पूजने तु कुलावल्याम्—

एकपीठे पृथक्पूजां विना यन्त्रं करोति यः ।
अङ्गाङ्गित्वं परित्यज्य देवताशापमाप्नुयात् ॥

एवञ्च—

आवाह्य देवतामन्यामर्चयंस्त्वन्यदेवताम् ।
उभाभ्यां लभते शापं मन्त्री भवति दुर्मतिः ॥

इति त्वङ्गातिरिक्तपरम्। सर्वेषामङ्गमन्त्राणां सिद्धादिविचारो नास्ति। तथा च—

सिद्धादिशोधनं नैषामङ्गत्वे सति राजवत् ।

श्यामादौ तु पञ्चायतनाभावः। तथा च रुद्रयामले—

श्यामायां भैरवीताराच्छिन्नमस्ता तु भैरवि ।
मञ्जुघोषे तथा रौद्रे पञ्चाङ्गं नेष्यते बुधैः ॥
उपविद्यासु सर्वासु षट्कर्मादिषु साधने ।
नात्र दीक्षाद्यपेक्षास्ति नात्राङ्गाङ्गिप्रपूजनम् ॥

तत्त्वसारे—

उपविद्यासु सर्वासु तथा प्रयोगसाधने ।
दीक्षां विनैव कर्त्तव्य उपदेशः सदैव हि ॥

गणेशविमर्शिनी के अनुसार भी पञ्चायतन पूजा का यही क्रम है।

रामार्चनचन्द्रिका में भी पञ्चायतन पूजन का क्रम इसी के समान है। अंगदेवता-पूजन में आग्नेयादि कोण में गणेशादि देवताओं की पूजा का विधान है। वह राम और गोपालविषयक है।

साम्प्रदायिकों के मत से ईशानादि कोण-विधान वस्तुतः वैकल्पिक है।

गौतमतन्त्र में उक्त देवताओं का पूजनक्रम यही बताया गया है। विशेष यह है कि इसके अनुसार गन्धादि द्वारा पूजन के बाद षडंग पूजा करनी चाहिये। फिर बीस बार मन्त्र जप कर नमस्कारपूर्वक जपसमर्पण किया जाता है।

सनत्कुमारतन्त्र में वर्णन है कि पीठपूजा के बाद अंगदेवताओं की पूजा करे। तब प्राणप्रतिष्ठा, आवाहन, मुद्राप्रदर्शन, ध्यान और देवता का पूजन करे।

प्रतिष्ठित प्रतिमादि यन्त्रस्थल के लिये यह विधि है कि देवता को पुष्पाञ्जलि देने के

बाद अंगदेवताओं की पूजा करे।

कुलावली तन्त्र में लिखा है कि यन्त्र के अतिरिक्त अन्य आधार पर पूजा करे। एक पीठ पर अंगदेवताओं को छोड़कर अन्य देवताओं की पूजा करने से देवता का शाप मिलता है।

एक देवता का आवाहन करके दूसरे देवता का पूजन करने से साधक दोनों देवताओं से शापित होकर दुर्बुद्धि वाला कहा जाता है। यहाँ अन्य देवता से अंगदेवता से भिन्न देवता से तात्पर्य है।

अंगदेवता के मन्त्रों के सम्बन्ध में सिद्धादि विचार की आवश्यकता नहीं होती। श्यामादि देवताओं की मन्त्रदीक्षा में पञ्चायतनी दीक्षा नहीं की जाती।

रुद्रयामल में लिखा है कि श्यामा, भैरवी, तारा, छिन्नमस्ता मञ्जुघोष और रुद्रमन्त्र की पूजा में पञ्चायतन-पूजन नहीं होता।

तत्त्वसार में लिखा है कि सभी प्रकार की उपविद्याओं और षट्कर्मों की साधना में दीक्षादि तथा अंगादि पूजा की आवश्यकता नहीं होती।

इन कार्यों को दीक्षा के विना केवल उपदेश लेकर ही करना चाहिये।

संक्षेपदीक्षा

मुहूर्त्ते सर्वतोभद्रे नवं कुम्भं निधाय च।
सोदकं गन्धपुष्पाभ्यामर्चितं वस्त्रसंयुतम्॥
सर्वौषधिनवरत्नपञ्चपल्लवसंयुतम्।
ततो देवार्चनं कृत्वा हुनेदष्टोत्तरं शतम्॥

पञ्चपल्लवमिति पनसाम्राश्वत्थवटवकुलानि। तथा च वासिष्ठे—

पनसाम्रं तथाश्वत्थं वटं वकुलमेव च।
पञ्चपल्लवमित्युक्तं मुनिभिस्तन्त्रवेदिभिः॥

नवरत्नानि—

मुक्तामाणिक्यवैदूर्यगोमेदान् वज्रविद्रुमौ।
पद्मरागं मरकतं नीलञ्चेति यथाक्रमात्॥

निबन्धे—

शिष्यं स्वलंकृतं वेद्यामुपाग्निमुपवेशयेत्।
मन्त्रितः प्रोक्षणीतोयैः शान्तिकुम्भजलैस्तथा॥

मूलमन्त्रेणाष्टशतैर्मन्त्रितैरभिषेचयेत्। अष्टशतैः अष्टोत्तरशतैः।

अथ सम्पादयेन्मन्त्रं हस्तं शिरसि धारयन् ।
नमोऽस्त्वित्यक्षतान् दद्यात्ततः शिष्योऽर्चयेद् गुरुम् ॥

यद्वा दीक्षान्तरं शङ्खमभ्यर्च्य साक्षतं तदम्बुनाभिषिच्याष्टवारं मूलेन शिरसि करं निधायाष्टौ वारान् कर्णे जपेत्। तथा च—

तत्राप्यशक्तः कश्चिच्चेदब्जमभ्यर्च्य साक्षतम् ।
तदम्बुनाभिषिच्याष्टवारं मूलेन केवलम् ।
निधायाष्टौ जपेत्कर्णे उपदेशे त्वयं विधिः ॥

उपदेशान्तरमाह विश्वसारे—

चन्द्रसूर्यग्रहे तीर्थे सिद्धक्षेत्रे शिवालये ।
मन्त्रमात्रप्रकथनमुपदेशः स उच्यते ॥

विश्वसारे—

महादीक्षा तथा दीक्षा उपदेशस्ततः परम् ।
युगे युगे च कर्त्तव्य उपदेशः कलौ युगे ॥

इति संक्षेपदीक्षा

●

संक्षिप्त दीक्षापद्धति—सर्वतोभद्र मण्डल के ऊपर नया कलश स्थापित करके उसे जल से पूर्ण करे। गन्ध-पुष्प से इस कलश का पूजन करके वस्त्र से आवेष्टित करे। इसके अन्दर सर्वौषधि और नवरत्न डाले। फिर कलश के मुख पर पञ्चपल्लव रखकर देवता का यथाशक्ति पूजन करे और विधिपूर्वक एक सौ आठ हवन करे।

वशिष्ठसंहिता के अनुसार पञ्चपल्लव में ये पाँच होते हैं—कटहल, आम, पीपल, वट और बकुल = मौलसिरी।

नवरत्न में मोती, माणिक, नीलक्रान्त, गोमेद, हीरा, मूंगा, पुखराज, पन्ना और नीलम होते हैं।

'निबन्ध' में लिखा है कि अलंकृत शिष्य को वेदी के ऊपर अग्नि के समीप बैठाकर प्रोक्षणीपात्रस्थ जल और शान्तिकुम्भ के जल पर एक सौ आठ मन्त्र जप कर इसी जल से उसका अभिषेक करे।

इसके बाद शिष्य के मस्तक पर हाथ रखकर मूल मन्त्र प्रदान करे। तब शिष्य 'नमोऽस्तु' से अक्षत द्वारा गुरु का पूजन करे।

प्रकारान्तर—अक्षतयुक्त शंख को जल में भरकर उससे देवता का पूजन करे। शंखजल से मूल मन्त्र का उच्चारण आठ बार करके शिष्य का अभिषेक करे।

इसके बाद गुरु शिष्य के मस्तक पर हाथ रख कर उसके कान में आठ बार मन्त्र को सुनावे।

विश्वसारतन्त्र में लिखा है कि चन्द्र या सूर्यग्रहण के समय, तीर्थस्थान में, काशी आदि तीर्थक्षेत्र में या शिवालय में शिष्य को गुरु केवल मन्त्र बता दे तो यह दीक्षा होती है। इन स्थानों में और कालों में पूजादि की आवश्यकता नहीं होती।

यह भी लिखा है कि अन्यान्य युगों में महादीक्षा, दीक्षा और उपदेश—ये तीनों विहित थे; किन्तु कलियुग में केवल उपदेश करने से ही कार्य सम्पन्न हो जाता है।

सर्वतोभद्रमण्डलम्

शारदायाम्—

चतुरस्रे चतुष्कोष्ठे कर्णसूत्रसमन्विते ।
चतुर्ष्वपि च कोष्ठेषु कोणसूत्रचतुष्टयम् ॥
मध्ये मध्ये यथा मत्स्या भवेयुः पातयेत्तथा ।
पूर्वापरायते द्वे द्वे मन्त्री याम्योत्तरायते ॥
पातयेत्तेषु मत्स्येषु समं सूत्रचतुष्टयम् ।
पूर्ववत्कोणकोष्ठेषु कर्णसूत्राणि पातयेत् ॥
तदुद्भूतेषु मत्स्येषु दद्यात्सूत्रचतुष्टयम् ।
ततः कोष्ठेषु मत्स्याः स्युस्तेषु सूत्राणि पातयेत् ॥
यावच्छतद्वयं मन्त्री षट्पञ्चाशत्पदान्यपि ।
तावत्तेनैव विधिना तत्र सूत्राणि पातयेत् ॥
षट्त्रिंशता पदैर्मध्ये लिखेत्पद्मं सलक्षणम् ।
बहिः पंक्त्या भवेत्पीठं पंक्तियुग्मेन वीथिकाम् ॥
द्वारशोभोपशोभास्त्रां शिष्टाभ्यां परिकल्पयेत् ।
शास्त्रोक्तविधिना मन्त्री ततः पद्मं समालिखेत् ॥
पद्मक्षेत्रस्य सन्त्यज्य द्वादशांशं बहिः सुधीः ।
तन्मध्यं विभजेद् वृत्तैस्त्रिभिः समविभागतः ॥
आद्यं स्याकर्णिकास्थानं केशराणां द्वितीयकम् ।
तृतीयं पद्मपत्राणां मुक्तांशेन दलाग्रकम् ॥
वाह्यवृत्तान्तरा लस्य मानेन विधिना सुधीः ।
निधाय केशराग्रेषु परितोऽर्द्धनिशाकरान् ॥
लिखित्वा सन्धिसंस्थानि तत्र सूत्राणि पातयेत् ।
दलाग्राणाञ्च यन्मानं तन्मानं वृत्तमालिखेत् ॥

तदन्तराले तन्मध्यसूत्रस्योभयतः सुधीः ।
आलिखेद्बाह्यहस्तेन दलाग्राणि समन्ततः ॥
दलमूलेषु युगशः केशराणि प्रकल्पयेत् ।
एतत्साधारणं प्रोक्तं पङ्कजं तन्त्रवेदिभिः ॥
पदानि त्रीणि पादार्थं पीठकोणेषु मार्जयेत् ।
अवशिष्टैः पदैर्विद्वान् पीठगात्राणि कल्पयेत् ॥
पदानि वीथिसंस्थानि मार्जयेत्पंक्त्यभेदतः ।
दिक्षु द्वाराणि रचयेद् द्विचतुष्कोष्ठकैस्ततः ॥
पदैस्त्रिभिरथैकेन शोभाः स्युर्द्वारपार्श्वयोः ।
उपशोभाः स्युरेकेन त्रिभिः कोष्ठैरनन्तरम् ॥
अवशिष्टैः पदैः षड्भिः कोणानां स्याच्चतुष्टयम् ।
रञ्जयेत्पञ्चभिर्वर्णैर्मण्डलं तन्मनोहरम् ॥
पीतं हरिद्राचूर्णं स्यात्सितं तण्डुलसम्भवम् ।
कुसुम्भचूर्णमरुणं कृष्णं दग्धपुलाकजम् ।
बिल्वादिपत्रजं श्याममित्युक्तं वर्णपञ्चकम् ॥
अंगुलोत्सेधविस्ताराः सीमारेखाः सिताः शुभाः ।
कर्णिकां पीतवर्णेन केशराण्यरुणेन च ॥
शुक्लवर्णानि पत्राणि तत्सन्धिः श्यामलेन च ।
रजसा रञ्जयेन्मन्त्री यद्वा पीतैव कर्णिका ॥
केशराः पीतवर्णाक्ताः अरुणानि दलानि च ।
सन्धयः कृष्णवर्णाः स्युः पीतेनाप्यसितेन वा ॥
रञ्जयेत्पीठगर्भाणि पादाः स्युररुणप्रभाः ।
गात्राणि तस्य शुक्लानि वीथीषु च चतसृषु ॥
आलिखेत्कल्पलतिकां दल-पुष्प-समन्विताः ।
वर्णैर्नानाविधैश्चित्राः सर्वदृष्टिमनोहराः ॥
द्वाराणि श्वेतवर्णानि शोभा रक्ताः समीरिताः ।
उपशोभाः पीतवर्णाः कोणान्यसितभांसि च ॥
तिस्रो रेखा बहिः कार्याः सितरक्तासिताः क्रमात् ।
मण्डलं सर्वतोभद्रमेतत्साधारणं मतम् ॥

सर्वतोभद्रमण्डल—इन श्लोकों के अनुसार जो सर्वतोभद्रमण्डल बनता है, उसके लिये निम्नांकित चित्र का अवलोकन उपयुक्त होगा—

सर्वतोभद्रमण्डल

स्वल्पसर्वतोभद्रमण्डलम्

चतुरस्त्रां भुवं भित्त्वा दिग्भ्यो द्वादशधी सुधीः ।
पातयेत्तत्र सूत्राणि कोष्ठानां दृश्यते शतम् ।।
चतुश्चत्वारिंशदाढ्यं पश्चात्षट्त्रिशताम्बुजम् ।
कोष्ठैः प्रकल्पयेत्पीठं पंक्त्या नैवात्र वीथिका ।।
द्वारशोभे यथापूर्वमुपशोभा न दृश्यते ।
अवशिष्टैः पदैः कुर्यात्षड्भिः कोणानि तन्त्रवित् ।
विदध्यात्पूर्ववच्छेषं एवं वा मण्डलं स्मृतम् ।।

मूलोक्त श्लोक के अनुसार जो स्वल्पसर्वतोभद्रमण्डल बनता है, उसके लिये ांकित चित्र का अवलोकन करना चाहिए—

स्वल्पसर्वतोभद्रमण्डल

नवनाभमण्डलम्

चतुरस्त्रे चतुःषष्टिपदान्यारचयेत् सुधीः ।
पादैश्चतुर्भिः पद्मं स्यान्मध्ये तत्परितः पुनः ॥
वीथीश्चतस्त्रः कुर्वीत मण्डलान्तावसानिकाः ।
दिग्गतेषु चतुष्केषु पद्मजानि समालिखेत् ॥
विदिग्गतचतुष्कानि भित्वा षोडशधा सुधीः ।
मार्जयेत्स्वस्तिकाकारं श्वेतपीतारुणासितैः ॥
राजीभिः पूरयेत्तानि स्वस्तिकानि शिवादितः ।
प्राक्प्रोक्तेनैव मार्गेण शेषमन्यत्समापयेत् ।
नवनाभमिदं प्रोक्तं मण्डलं सर्वसिद्धिदम् ॥

नवनाभमण्डल—इन श्लोकों के अनुसार जिस प्रकार का नवनाभमण्डल निम्न चित्र में प्रदर्शित किया गया है। यह सर्वसिद्धिप्रद है।

नवनाभमण्डल

पञ्चाब्जमण्डलम्

पञ्चाब्जमण्डलं प्रोक्तमेतत्स्वस्तिकवर्जितम् ।
दीक्षायां देवपूजार्थं मण्डलानां चतुष्टयम् ।
सर्वतन्त्रानुसारेण प्रोक्तं सर्वसमृद्धिदम् ॥

पञ्चाब्जमण्डल—इस श्लोक के अनुसार जो पञ्चाब्जमण्डल बनता है, उसे ि
के माध्यम से ज्ञात किया जा सकता है। सभी तन्त्रों के अनुसार यह सभी प्रकार
द्धिप्रदायक है।

पूर्व में अंकित सर्वतोभद्रमण्डल, स्वल्प सर्वतोभद्रमण्डल, नवनाभमण्डल ं
धानुसार किसी एक को बनाकर उन्हें पाँच रंगों के चूर्ण से भरे। पाँच रंगों के
ल्दीचूर्ण, चावलचूर्ण, कुसुम्भचूर्ण, दग्ध धान्यचूर्ण और बेलपत्रचूर्ण आते हैं। इ
क्रमशः पीला, उजला, लाल, काला और हरा होता है।

पञ्चाब्जमण्डल

,भ्र वर्ण से एक अंगुली ऊँची सकल सीमा रेखा चित्रित करके पीले
।, लालरंग से केशर, उजले रंग से सभी पत्र और हरे रंग से सभी सन्
।

कारान्तर यह है कि कर्णिका पीले रंग से, केशर पीले और लाल रंग से, प
सन्धि काले रंग से, पीठगर्भ उजले या काले रंग से, पीठपद लाल रंग से,
ंग से बनाकर वीथियों में पत्र-पुष्पों सहित कल्पलता को सभी रंगों के
सभी द्वार उजले रंग, शोभा लालरंग, उपशोभा पीले रंग और चारो को
बनावे। मण्डल के बाहर लाल और उजले रंग की तीन रेखायें चित्रित

त्रिलौहीमुद्रा

थ मन्त्रिणां हितार्थाय त्रिलौहीमुद्रा निरूप्यते—

सोमसूर्याग्निरूपा: स्युर्वर्णा लौहत्रयं तथा।

रौप्यमिन्दुः स्मृतो हेम सूर्यस्ताम्रो हुताशनः ॥
लौहभागाः समुद्दिष्टाः स्वराद्यक्षरसंख्यया ।
तैर्लोहैः कारयेन्मुद्रामसङ्कलितसङ्गताम् ॥
एषु स्वराः स्मृताः सौम्याः स्पर्शाः सौराः शुभोदयाः ।
आग्नेया व्यापकाः सर्वे सोमसूर्याग्निदेवताः ॥
स्वराः षोडश विख्याताः स्पर्शास्ते पञ्चविंशतिः ।
व्यापका दश ते कामधनधर्मप्रदायिनः ॥
साष्टं सहस्रं सञ्जप्य स्पृष्ट्वा तां जुहुयात्ततः ।
तस्यां सम्पातयेन्मन्त्री सर्पिषा पूर्वसंख्यया ॥
निक्षिप्य कुम्भे तां मुद्रामभिषेकोक्तवर्त्मना ।
आवाह्य पूजयेद्देवीमुपचारैर्विधानतः ॥
अभिषिच्य विनीताय दद्यात्तां मुद्रिकां गुरुः ।
इयं मुद्रा क्षुद्ररोगविषज्वरविनाशिनी ॥
व्यालचौरमृगादिभ्यो रक्षां कुर्याद्विशेषतः ।
युद्धे विजयमाप्नोति धारयेन्मनुजेश्वरः ॥
मन्त्रसिद्धिकरीं पुंसां चतुवर्गफलप्रदाम् ।
धारयेन्मनुजो नित्यं देवतुल्यो भवेद्भुवि ॥

अभिषिच्येति पूर्वोक्तदीक्षापद्धत्युक्तक्रमेण घटं संस्थाप्य तत्तत्कल्पोक्तदेवतामावाह्य यथोपचारतः सम्पूज्य साध्यमभिषिच्य तस्मै दद्यादित्यर्थः। ततो गुरवे दक्षिणां दत्त्वा महान्तमुत्सवं कुर्यात्।

इति महामहोपाध्यायश्रीकृष्णानन्दागमवागीशविरचिते
तन्त्रसारे प्रथमः परिच्छेदः

त्रिलौही मुद्रा (अंगूठी)—मन्त्रसाधकों के कल्याण के लिये त्रिलौही मुद्रा का निरूपण किया जाता है। सोना, चाँदी, ताँबा—त्रिलौह सूर्य, चन्द्र, अग्निस्वरूप हैं। चाँदी चन्द्र है। सोना सूर्य है। ताम्बा अग्नि है। अंगूठी बनाने में सोना, चाँदी और ताम्बे का अनुपात अपने नाम के पहले अक्षर के अनुसार होता है। इस अनुपात से अंगूठी बनवावे। इनके लिये स्वरों को सौम्य अर्थात् चन्द्र माना जाता है। सभी २५ स्पर्शवर्णों को सूर्य माना जाता है। सभी वर्णों को अग्निस्वरूप माना जाता है। इन सभी वर्णों के देवता सूर्य, सोम और अग्नि हैं। स्वरों की संख्या १६ हैं। स्पर्शवर्ण २५ हैं। व्यापक अन्तःस्थ की

संख्या १० है। सभी काम-धनप्रदायक हैं। अर्थात् १६ भाग सोना, २५ भाग चाँदी और १० भाग ताँबा मिलाकर जो अंगूठी बनती है, उसे हाथ में लेकर एक हजार आठ मन्त्र जप करे और हवन करे। हवन घी से करे। १००८ सम्पात घी के बूँदों को अंगूठी पर गिरावे। इसके बाद अभिषेकोक्त मार्ग से मुद्रा को कुम्भ में डाल दे। उस कुम्भ में देवी का आवाहन करके विधिवत् उपचारों से पूजन करे।

इससे अभिषेक करके नम्रतापूर्वक गुरु को वह अंगूठी प्रदान करे। इस मुद्रिका से क्षुद्र रोग, विषज्वर का विनाश होता है। साँपों, चोरों और मृगों से रक्षा होती है। जो राजा इस अँगूठी को धारण करता है, उसे युद्ध में विजय मिलती है। मनुष्यों को मन्त्रसिद्धि मिलती है और चतुर्वर्गफल प्राप्त होते हैं। जो मनुष्य इसे नित्य धारण करता है, वह देवतुल्य हो जाता है। पूर्वोक्त दीक्षा-पद्धति से अभिषेक करे। कलश स्थापित करके मन्त्र के कल्प के अनुसार देवता का आवाहन करके यथोपचार से पूजन करे। साध्य का अभिषेक करके अंगूठी देनी चाहिये। इसके बाद गुरु को दक्षिणा देकर महान् उत्सव करे।

प्रथम परिच्छेद सम्पूर्ण

द्वितीयः परिच्छेदः

सामान्यपूजापद्धतिः

तत्र ब्राह्मे मुहूर्त्ते उत्थाय मुक्तस्वापः रात्रिवासस्त्यक्त्वा शिरसि सहस्रदल-कमलकर्णिकास्थितं श्वेतवर्णं गुरुं द्विभुजं वराभयकरं श्वेतमाल्यानुलेपनं स्वप्रकाश-रूपं स्ववामस्थितसुरक्तशक्त्या स्वप्रकाशरूपया सहितं विभाव्य मानसोपचारैराराध्य नमस्कुर्यात्। यथा—

अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम् ।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥
अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया ।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥

ततो मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं मूलविद्यां विभावयेत्। मूलविद्यां कुण्डलिनीम्। तथा च योगिनीहृदये—

विद्या कुण्डलिनीरूपा मण्डलत्रयभेदिनी ।

अन्यत्रापि—

ध्यायेत्कुण्डलिनीं सूक्ष्मां मूलाधारनिवासिनीम् ।
तामिष्टदेवतारूपां सार्द्धत्रिवलयान्विताम् ॥
कोटिसौदामिनीभासां स्वयम्भूलिङ्गवेष्टिताम् ।
तामुत्थाय महादेवीं प्राणमन्त्रेण साधकः ॥
उद्यद्दिनकरद्योतां यावच्छ्वासं दृढासनः ।
अशेषाशुभशान्त्यर्थं समाहितमनाः शिवम् ।
तत्प्रभापटलव्याप्तं शरीरमपि चिन्तयेत् ॥

एतस्य नित्यत्वमाह गौतमीये—

इदानीं पूर्वकृत्यञ्च प्रसङ्गात्कथयामि ते ।
यत्कृत्वाधिकारितां याति मन्त्रयन्त्रार्चनादिषु ।
येन विना न सिद्धिः स्यान्नरकञ्च प्रपद्यते ॥

यामले च—

प्रातःकृत्यमकृत्वा तु यो देवीं भक्तितोऽर्चयेत् ।
निष्फला तस्य पूजा स्याच्छौचहीना यथा क्रिया ॥

लक्ष्मीकुलार्णवेऽपि—

सन्ध्यया तु विहीनो यो न दीक्षाफलमाप्नुयात् ।

इति वचनात्तस्यावश्यकत्वम्। वैदिकसन्ध्यानन्तरं तान्त्रिकसन्ध्या कर्त्तव्या। तदुक्तम्—

वैदिकी तान्त्रिकी सन्ध्या यथानुक्रमयोगतः ।

सामान्य पूजापद्धति—ब्राह्ममुहूर्त में निद्रा त्याग कर उठे। रात्रिवास का त्याग करे। शिरोदेश में स्थित सहस्रदलकर्णिकामध्य-स्थित, श्वेत वर्ण, दो भुजाओं वाले, एक हाथ में वर और दूसरे हाथ में अभय मुद्रा वाले, श्वेत माल्य-अनुलेप वाले, स्वप्रकाशरूप, अपने वाम भाग में स्थित सुन्दर लाल वर्ण की शक्ति के सहित स्वप्रकाशस्वरूप गुरुदेव का ध्यान करे। फिर मानसोपचार से उनकी पूजा करे। इसके बाद ध्यान करे। जैसे—

अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।।
अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।।

१. लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि।
२. हं आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि।
३. यं वाय्वात्मकं धूपं आघ्रापयामि।
४. रं वह्न्यात्मक दीपं दर्शयामि।
५. वं अमृतात्मकं नैवेद्यं निवेदयामि।
६. सं सर्वात्मकं ताम्बूलादिसर्वोपचारान् समर्पयामि।

इसके बाद मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक मूल विद्या कुलकुण्डलिनी की भावना करे। योगिनीहृदय में कुण्डलिनीरूपा विद्या मण्डलत्रयभेदिनी बतायी गयी है।

तन्त्रान्तर में कुण्डलिनी के स्वरूप का वर्णन इस प्रकार का है। वह अति सूक्ष्म शरीर वाली, मूलाधारवासिनी, इष्टदेवतारूपा है। जो स्वयम्भू शिवलिंग को साढ़े तीन लपेटों में वेष्टित किए हुए है। उसकी देह की कान्ति करोड़ों बिजली की चमक के समान है। ऐसी कुलकुण्डलिनी को साधक 'हंसः' मन्त्र से प्रबोधित करे। श्वास का संयमन करते हुए उसका ध्यान करे। यह भावना करे कि उदयकालीन सूर्य के समान प्रभा वाली कुल-कुण्डलिनी की देहकान्ति से अपना शरीर व्याप्त हो गया है।

गौतमीय तन्त्र में महादेव श्रीदेवी से कहते हैं कि इस समय प्रसंगानुसार मैं तुमसे पूर्व कृत्य बताता हूँ। जो व्यक्ति प्रातःकृत्य करके साधना करता है, उसे मन्त्र-यन्त्र की अर्चना का अधिकार मिल जाता है। प्रातःकृत्य न करने से देवार्चनादि कार्यों में सिद्धि नहीं मिलती है। उलटे नरकगामी होना पड़ता है।

यामल में लिखा है कि प्रातःकृत्य न करके जो व्यक्ति भक्तिपूर्वक देवी की अर्चना करता है, उसकी वह पूजा शौचहीन क्रिया के समान निष्फल होती है।

लक्ष्मीकुलार्णव में लिखा है कि जो व्यक्ति सन्ध्याविहीन है, उसे दीक्षा से कोई फल नहीं मिलता। अत: सन्ध्या आवश्यक कर्तव्य है। वैदिकी सन्ध्या के बाद तान्त्रिकी सन्ध्या करनी चाहिये।

सन्ध्याप्रयोग:

तत्र शक्तिविषये—ॐ आत्मतत्त्वाय स्वाहा, ॐ विद्यातत्त्वाय स्वाहा, ॐ शिवतत्त्वाय स्वाहा इत्याचामेत्। अन्यत्राचमनमात्रम्। तथा च स्वतन्त्रतन्त्रे—

आत्मविद्याशिवैस्तत्त्वैराचामेत्साधकाग्रणी: ।
वह्निजायां ततो दत्त्वा शुद्धेन पायसा प्रिये ।।

मालिनीतन्त्रे—

आचामेदात्मतत्त्वाद्यै: प्रणवाद्यैर्द्विठान्तकै: । इति ।

ततो जले गङ्गे चेत्यादिना तीर्थमावाह्य मूलेन कुशेन त्रिवारं भूमौ जलं क्षिपेत्। तज्जलेन सप्तधा मूर्द्धानमभिषिञ्चेत्। तत: प्राणायामषडङ्गन्यासौ कृत्वा वामहस्ततले जलं निधाय दक्षिणहस्तेन जलमाच्छाद्य हं यं वं लं रं इति त्रिवारमभिमन्त्र्य, मूलमुच्चरन् गलितोदकविन्दुभिस्तत्त्वमुद्रया मूर्द्धनि सप्तधाभ्युक्षणं कृत्वा, शेषजलं दक्षिणहस्ते समादाय, तेजोरूपं ध्यात्वा, इडयाकृष्य, देहान्त: पापं प्रक्षाल्य, कृष्णवर्णं तज्जलं पापरूपं ध्यात्वा, पिङ्गलया विरेच्य, पुर: कल्पितवज्रशिलायां फडिति मन्त्रेण पापपुरुषस्वरूपं तज्जलं क्षिपेदित्यघमर्षणम्। गङ्गे चेत्यादिमन्त्रं तीर्थेऽपि पठेत्, तीर्थे तद् द्विगुणफलमिति स्मृते:। तथा च गौतमीये—

आचम्य विधिवन्मन्त्री शुचौ देशे च संविशेत् ।
जले संयोज्य तीर्थानि त्रिवारं मूलमन्त्रत: ।
क्षिपेद्भूमौ कुशाग्रेण सप्तधा मूर्ध्नि सेचयत् ।।

तन्त्रान्तरे—

पुनराचम्य विन्यस्य षडङ्गमपि धर्मवित् ।
वामहस्ते जलं गृह्य गलितोदकविन्दुभि: ।।
सप्तधा प्रोक्षणं कृत्वा मूर्ध्नि मन्त्रं समुच्चरन् ।
अवशिष्टोदकं दक्षहस्ते संगृह्य बुद्धिमान् ।।
इडयाकृष्य देहान्त:क्षालितं पापसञ्चयम् ।
कृष्णवर्णं तदुदकं दक्षनाड्या विरेचयेत् ।।
दक्षहस्ते तु तन्मन्त्री पापरूपं विचिन्त्य च ।
पुरतो वज्रपाषाणे निक्षिपेदस्त्रमुच्चरन् ।।

अन्यत्रापि—

षडङ्गन्यासमाचर्य वामहस्ते जलं ततः ।
गृहीत्वा दक्षिणेनैव सम्पुटं कारयेद्बुधः ।।
शिववायुजलपृथ्वीवह्निबीजैस्त्रिधा पुनः ।
अभिमन्त्र्य च मूलेन सप्तधा तत्त्वमुद्रया ।।
निक्षिप्य तज्जलं मूर्ध्नि शेषं दक्षे निधाय च ।
शरीरान्तःस्थितं पापं क्षालयेत्साधकाग्रणीः ।।

ततो हस्तं प्रक्षाल्याचम्य ह्रीं हं सः ॐ घृणिः सूर्य आदित्य इति मन्त्रेण वा सूर्यायार्घ्यं दद्यात्। तथा सम्मोहनतन्त्रे—

शिवबीजं वह्निसंस्थं वामनेत्रविभूषितम् ।
विन्दुनादात्मकं देवि हंसः पदमथो लिखेत् ।
अनेन मनुना मन्त्री भास्करस्य प्रियेण तु ।।

अर्घ्यं दद्यादिति शेषः। विशेषस्तु स्नानप्रकरणे वक्तव्यः। ततः ॐ सूर्यमण्डलस्थायै अमुकदेवतायै नमः इत्यनेन तद्गायत्र्या वा त्रिवारं जलं निक्षिप्य तत्तद्देवताया गायत्रीं जपेत्। तथा चार्घ्यानन्तरं ज्ञानार्णवे—

ततश्च प्रजपेद्धीमान् गायत्रीं परमाक्षरीम् ।

गायत्री तु स्नानप्रकरणे वक्तव्या। नन्दिकेश्वरसंहितायाम्—

यावन्न दीयते चार्घ्यं भास्कराय महात्मने ।
तावन्न पूजयेद्विष्णुं शङ्करं वा महेश्वरीम् ।।

गौतमीये—

एवं ते कथिता मन्त्रसन्ध्या मन्त्रफलाप्तये ।
न कुर्याद्यदि मोहेन न दीक्षाफलमाप्नुयात् ।।
सन्ध्यात्रयं तथा कुर्याद् ब्राह्मणो विधिपूर्वकम् ।
तन्त्रोक्तविधिपूर्वन्तु शूद्रः सन्ध्यां समाचरेत् ।।
संक्षेपसन्ध्यामथवा कुर्यान्मन्त्री ह्यशक्तितः ।
सायं प्रातश्च मध्याह्ने देवं ध्यात्वा मनुं जपेत् ।
सन्ध्यायां पतितायान्तु गायत्रीं दशधा जपेत् ।।

सन्ध्या—स्वतन्त्रतन्त्र और मालिनीतन्त्र में लिखा है शक्तिसन्ध्या में ॐ आत्मतत्त्वाय स्वाहा, ॐ विद्यातत्त्वाय स्वाहा, ॐ शिवतत्त्वाय स्वाहा से आचमन करे। अन्य देवताओं के सम्बन्ध में केवल वैदिक आचमन यथाविधि करे। तब 'ॐ गंगे च यमुने चैव'

इत्यादि मन्त्र से जल में तीर्थों का आवाहन करे। तीन कुशपत्रों से भूमि पर तीन बार और मस्तक पर सात बार जल छिड़के। तब प्राणायाम और षडंगन्यास करे। बाँयें हाथ में जल लेकर उसे दाँयें हाथ से ढँके और 'हं यं वं लं रं' का तीन बार जप करे। मूल मन्त्र का उच्चारण करके तत्त्वमुद्रा द्वारा टपकते हुए जलविन्दु से मस्तक का अभ्युक्षण सात बार करे। शेष जल दाँयें हाथ में ले ले। उस जल को तेजोरूप मानकर इडानाड़ा = बाँयीं नासा से भीतर खींचते हुए देहमध्यगत पाप का प्रक्षालन करे। इसके बाद उस जल को काले पापपुरुष समझते हुए दाँयीं नासा द्वारा निकालते हुए कल्पित वज्रशिला पर 'फट्' बोलते हुए पटक दे। इसे अघमर्षण कहते हैं। गंगादि तीर्थजल में भी 'ॐ गंगे च' से तीर्थावाहन करे। 'स्मृति' के मत से तीर्थजल में तीर्थावाहन से दुगुना फल होता है।

गौतमतन्त्र में लिखा है कि साधक विधिवत् आचमन करके पवित्र स्थान और आसन पर बैठे। जल में तीर्थों का आवाहन करके मूल मन्त्र से तीन बार पृथ्वी पर और सात बार सिर पर कुशाग्र द्वारा सिञ्चन करे।

तन्त्रान्तर में लिखित है कि पुन: आचमन करके षडंगन्यास करे। हाथ में जल लेकर गिरते हुए जलबिन्दुओं के द्वारा मन्त्रोच्चारण करते हुए शिर पर सात बार प्रोक्षण करे। शेष जल द्वारा पूर्वोक्त प्रकार से अघमर्षण करे। जैसे अवशिष्ट जल को दाँयें हाथ में लेकर बाँयीं नासा से भीतर खींचकर सञ्चित पाप का प्रक्षालन करे। उस पापपुरुषरूपी जल को दाँयीं नासा द्वारा निकाल कर दाँयें हाथ में लेकर अपने सामने कल्पित वज्रपत्थर पर 'फट्' बोलते हुए पटक दे।

अन्यत्र भी लिखा है कि षडंगन्यास करके बाँयें हाथ में जल लेकर दाँयें हाथ से ढँक दे। शिव, वायु, जल, पृथ्वी, वह्निबीज = ' हं यं वं लं रं' के तीन जप से अभिमन्त्रित करे। मूल मन्त्र के सात बार जप से अभिमन्त्रित करे। तत्त्वमुद्रा से कुछ अपने मस्तक पर छोड़े। अवशिष्ट जल दाँयें हाथ में लेकर अपने शरीरस्थ पाप का प्रक्षालन करे। इसके बाद हाथ धोकर आचमन करके 'ह्रीं हंस:' या 'घृणि: सूर्य:' आदित्य मन्त्र से सूर्य को जल से अर्घ्य प्रदान करे।

सम्मोहनतन्त्र के अनुसार भास्कर के प्रिय 'हंस' मन्त्र से अर्घ्य प्रदान करने के बाद 'ॐ सूर्यमण्डलस्थायै अमुकदेवतायै नम:' मन्त्र का उच्चारण करे और उस देवता के गायत्री मन्त्र का जप करे। ज्ञानार्णव के अनुसार अर्घ्य देने बाद गायत्री मन्त्र का जप करे।

नन्दिकेश्वरसंहिता में वर्णन है कि जब तक सूर्यदेव को अर्घ्य न दिया जाय तब तक विष्णु, शिव या शक्ति देवता के पूजन का अधिकार नहीं होता। गौतमतन्त्र में लिखा है कि इसी प्रकार तान्त्रिक मन्त्र की फलप्राप्ति के लिये तान्त्रिक सन्ध्या करनी चाहिये, जिसके न करने से दीक्षा का फल नहीं मिलता। ब्राह्मण विधिपूर्वक प्रात:, मध्याह्न और सायं— तीनों कालों में वैदिक सन्ध्या के साथ तान्त्रिक सन्ध्या भी करे। सम्पूर्ण मन्त्रानुष्ठान में

असमर्थ होने पर साधक सन्ध्या संक्षेप में करे। जैसे प्रातः, मध्याह्न और सायंकाल देवता का ध्यान करके केवल मूल मन्त्र का जप करे। यथासमय सन्ध्या न कर सकने पर दूसरे समय दस बार गायत्री का जप करने के वाद सन्ध्या करे।

स्नानविधिः

नद्यादौ गत्वा वैदिकस्नानं कृत्वा तान्त्रिकस्नानमाचरेत्। तथा च गौतमीयतन्त्रे—

अथ स्नानं तथा कुर्याद्यथाशास्त्रविधानतः ।
मलप्रक्षालनं स्नानं स्वशाखोक्तं समाचरेत् ।
मन्त्रस्नानं ततः कुर्यात्कर्मणां सिद्धिहेतवे ॥

तद्यथा—ॐ अद्येत्यादि अमुकदेवताप्रीतये स्नानमहं करिष्ये इति सङ्कल्पं कुर्यात्। तथा च कुलचूडामणौ—

ताम्रपात्रं सदूर्वञ्च सतिलं सजलं तथा ।
गृहीत्वामुकदेवस्य प्रीतये स्नानामाचरेत् ॥

ततः षडङ्गन्यासः प्राणायामौ कृत्वा—

ॐ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति ।
नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु ॥

इत्यनेनाङ्कुशमुद्रया सूर्यमण्डलात्तीर्थमावाह्य, वमिति धेनुमुद्रया अमृतीकृत्य, कवचेनावगुण्ठ्य, अस्त्रेण संरक्ष्य, मूलेनैकादशधाभिमन्त्र्य, सूर्याभिमुखं द्वादशवारिधारां निक्षिप्य, तस्मिन्निष्टदेवताचरणारविन्दनिःसृते जले त्रिर्निर्मज्य, देवतां ध्यायन् मूलमन्त्रं यथाशक्ति जपन् उदकेन त्रिवारजप्तेन कलशमुद्रया त्रिवारमात्मानमभिषिच्य, वैदिकसन्ध्यातर्पणं कृत्वा, सूर्यायार्घ्यं दत्त्वा, तान्त्रिकाघमर्षणादि वारिधारान्तं कर्म कुर्यात्। तथा च यामले—

ध्यात्वा जलाञ्जलीन् क्षिप्त्वा तर्पयेदिष्टदेवताम् ।

तत्र क्रममाह—ॐ देवांस्तर्पयामि, ॐ ऋषींस्तर्पयामि, ॐ पितृंस्तर्पयामि, इति सन्तर्प्य गुरुं परापरगुरुं परमेष्ठिगुरुञ्च तर्पयेत्। तथा च—

देवान् ऋषीन् पितृंश्चैव तं कल्पोक्तविधानतः ।
गुरुपंक्तिं पुरा तर्प्य तर्पयेदिष्टदेवताम् ॥

वैष्णवे तु विशेषः—

नारदं पर्वतं जिष्णुं निशठोद्धवदारुकम् ।
विष्वक्सेनञ्च शैनेयं गुरुञ्च तर्पयेत्त्रिशः ॥

वाक्यन्तु—ॐ नारदं तर्पयामि इत्यादिक्रमेण प्रयोगः। ततो मूलमुच्चार्य

अमुकदेवतां तर्पयामि नमः इति विष्णुविषयम्। तथा च गौतमीये—

आदौ मन्त्रं समुच्चार्य श्रीपूर्वं कृष्णमित्यपि ।
तर्पयामि पदञ्चोक्त्वा नमोऽन्तं तर्पयेत्ततः ॥

अन्यत्र मूलमुच्चार्य अमुकदेवतां तर्पयामि। तथा च तन्त्रान्तरे—

तर्पयामिपदं योज्यं मन्त्रान्तेष्वेषु नामसु ।
द्वितीयान्तेषु चेत्येवं तर्पणस्य मनुः स्मृतः ॥

शक्तिविषये पुनः मूलमुच्चार्य अमुकदेवीं तर्पयामि स्वाहा। होमतर्पणयोः स्वाहेति तत्तन्मन्त्रवचनात्। तथा च नीलतन्त्रे—

मन्त्रान्ते नाम उच्चार्य तर्पयामि ततः परम् ।
स्वाहान्तं तर्पयन्त्वेवम्…………॥ इत्यादि।

विशुद्धेश्वरे—

विद्यां पूर्वं समुच्चार्य तदन्ते देवताभिधाम् ।
तर्पयामीति सम्प्रोक्त्वा स्वाहान्तस्तर्पणे मतः ॥
पञ्चविंशतिसंख्या वा दशधा वा त्रिधापि वा ।
मूलमन्त्रं समुच्चार्य श्रीकृष्णं तर्पयेत्सुधीः ॥

इति गौतमीयवचनात्पञ्चविंशतिवारं दशधा त्रिधा वा सन्तर्पयेत्। अत्र श्रीकृष्ण-मित्युपलक्षाम्। शक्तिविषये त्रिधा तर्पणम्।

स्नानकर्मणि सम्प्राप्ते मूर्ध्नि मन्त्री जलाञ्जलिम् ।
विद्ययाथ त्रिशः कुर्यात्पूतास्तु त्रिः पयः पिबेत् ।
तर्पणञ्च त्रिधा भूयस्त्रिधा च प्रोक्षणं तनोः ॥

इति कुलामृतवचनात्। ततश्च तदावरणदेवतानां प्रत्येकेन सकृत्तर्पयेत्। तथा च कुलार्णवे—

एकैकमञ्जलिं तोयं परिवारान् प्रतर्पयेत् ।

तत्राशक्तश्चेन्मूलमन्त्रमुच्चार्य इष्टदेवतामात्रं तर्पयेत्। तथा च—

अशक्तौ मूलमुच्चार्य देवीमात्रं प्रतर्पयेत् ।

ततो जलादुत्थाय धौते वाससी परिधायाचम्य ह्रीं हंसः इदमर्घ्यं सूर्याय स्वाहा। तारादौ तु ह्रीं हंसः मार्त्तण्डभैरवाय प्रकाशशक्तिसहिताय इदमर्घ्यं स्वाहा। तन्त्रान्तरे—

सूर्यमन्त्रं समुच्चार्य मार्त्तण्डभैरवाय च ।
प्रकाशशक्तिसहिताय इदमर्घ्यं ततः पठेत् ।
स्वाहान्तं मन्त्रमुच्चार्य अर्घ्यं दत्त्वा जपेन्मनुम् ॥

स्नानविधि—नदी आदि जलाशय में वैदिक नियमानुसार स्नान करके तान्त्रिक स्नान करे। गौतमतन्त्र में वर्णन है कि पहले शरीर को धोने के लिये अपनी शाखा के विधान से स्नान करे। तब सर्व-धर्मसिद्ध्यर्थ मन्त्रस्नान करे। मन्त्रस्नान के लिये पहले संकल्प करे। जैसे—ॐ अद्येत्यादि अमुकदेवताप्रीतये स्नानमहं करिष्ये।

कुलचूड़ामणि में लिखा है कि जल, तिल और दूबसहित ताम्रपात्र ग्रहण करके देवता की प्रीति की कामना से स्नान करे। तब षड़ंगन्यास और प्राणायाम करके निम्नलिखित मन्त्र से अंकुशमुद्रा के द्वारा सूर्यमण्डल से तीर्थों का आवाहन करे—

ॐ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।।

इसके बाद 'वं' मन्त्र से धेनुमुद्रा बनाकर अमृतीकरण करे। 'हुं' से कवचमुद्रा द्वारा अवगुण्ठन करे। 'फट्' मन्त्र से संरक्षण करे। तब ग्यारह बार मूल मन्त्र का जप करके स्नानीय जल को अभिमन्त्रित करे। तब सूर्याभिमुख होकर बारह बार जलधारा छोड़ते हुए यह भावना करे कि यह जल इष्टदेवता के चरणारविन्द से निकला है। तीन बार उसमें डुबकी लगाकर देवता का ध्यान करते हुए यथाशक्ति मूल मन्त्र का जप करे। इसके बाद कलशमुद्रा से अपने मस्तक पर तीन बार अभिषेक करे। इसके बाद वैदिक सन्ध्या और तर्पण करके सूर्य को अर्घ्य प्रदान करे। तान्त्रिक अघमर्षणादि से जलधारा-दान तक सभी कर्म करे।

यामल में लिखा है कि ध्यान करके जलाञ्जलि देते हुए इष्टदेवता का तर्पण करना चाहिये। तर्पण का क्रम इस प्रकार का है—

ॐ देवांस्तर्पयामि। ॐ ऋषींस्तर्पयामि। ॐ पितृंस्तर्पयामि। ॐ गुरुं, परमगुरुं, परापरगुरुं, परमेष्ठिगुरुं तर्पयामि।

विष्णुमन्त्र के विषय में नारद, पर्वत, विष्णु, निशठ, उद्धव, दारुक, विष्वक्सेन, शैनेय और गुरु में से प्रत्येक को तीन-तीन बार तर्पण करे। जैसे—ॐ नारदं तर्पयामि, ॐ पर्वतं तर्पयामि इत्यादि। इसके बाद 'मूलं अमुकदेवतां तर्पयामि नमः' से इष्टदेवता का तर्पण करे। यह विधान विष्णुमन्त्र के लिये है। अन्य देवता के सम्बन्ध में 'मूलं अमुकीं देवीं तर्पयामि स्वाहा' कहकर तर्पण करे। हवन के समय भी इसी प्रकार किया जाता है।

विशुद्धेश्वरतन्त्र में वर्णन है कि उक्त क्रम से पच्चीस, दस या तीन बार श्रीकृष्ण का तर्पण करे अर्थात् यह नियम विष्णुविषयक है। शक्ति के बारे में भी तीन बार तर्पण करने का नियम है। ऐसा ही मत नीलतन्त्र का भी है। गौतमतन्त्र के अनुसार भी पच्चीस बार, दश बार या तीन बार तर्पण करना चाहिये। कुलामृत के अनुसार स्नान करके मस्तक पर जलाञ्जलि देकर तीन बार आचमन करने के बाद तीन बार तर्पण करे और तीन बार शरीर

का प्रोक्षण करे। इसके बाद आवरणदेवताओं में से प्रत्येक का तर्पण करे।

कुलार्णव में लिखा है कि प्रत्येक का एक-एक बार तर्पण करे और यदि इसमें समर्थ न हो तो मूल मन्त्र का उच्चारण करके केवल इष्टदेवता का तर्पण करे।

इसके बाद जल से बाहर निकल कर दो धौतवस्त्र धारण करे। तब 'ह्रीं हंसः इदमर्घ्यं सूर्याय स्वाहा' से अर्घ्य प्रदान करे। तारादि देवता से सम्बन्धित स्नान में 'ह्रीं हंसः मार्तण्डभैरवाय प्रकाशशक्तिसहिताय इदमर्घ्यं स्वाहा' से अर्घ्य देना चाहिये। तन्त्रान्तर के अनुसार भी सूर्य को इसी प्रकार अर्घ्य देना चाहिये।

श्रीविद्याविषये तु—ऐं ह्रीं श्रीं ह्रां ह्रीं सः मार्त्तण्डभैरवाय प्रकाशशक्तिसहिताय ग्रहराशिनक्षत्रतिथियोगकरणपरिवारसहिताय इदमर्घ्यं स्वाहा इदमर्घ्यं दत्त्वा, तत्तद्देवतागायत्रीं शतधा वा जपेत्। तथा च तन्त्रान्तरे—

अष्टोत्तरशतावृत्त्या गायत्रीं प्रजपेत्सुधीः ।
महापातकयुक्तोऽपि प्रजपेद्दशधा यदि ।
सत्यं सत्यं महादेवि मुक्तो भवति तत्क्षणात् ॥

इति दशधा शक्ताशक्तभेदेन। गायत्रीजपानन्तरं तर्पणं वा। तथा च—

सूर्यमण्डलवासिन्यै देवतायै ततः परम् ।
अर्घ्यमञ्जलिमादाय गायत्र्या वा त्रिरुत्क्षिपेत् ॥
यथाशक्ति जपेद्देवीं गायत्रीं तदनन्तरम् ।
तर्पणार्थं समाचम्य प्राणानायम्य साधकः ।
ध्यात्वा जलाञ्जलिं क्षिप्त्वा तर्पयेदिष्टदेवताम् ॥

इति यामलवचनात्। गायत्री तु—त्रैलोक्यमोहनाय विद्महे कामदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्—इति विष्णुगायत्री। नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्—इति नारायणगायत्री। वज्रनखाय विद्महे तीक्ष्णदंष्ट्राय धीमहि तन्नो नरसिंहः प्रचोदयात्—इति नृसिंहगायत्री। वागीश्वराय विद्महे हयग्रीवाय धीमहि तन्नो हंसः प्रचोदयात्—इति हयग्रीवगायत्री।

गोपालगायत्री तु—कृष्णाय विद्महे दामोदराय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयादिति। दशरथाय विद्महे सीतावल्लभाय धीमहि तन्नो रामः प्रचोदयात्—इति रामगायत्री। तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्—इति शिवगायत्री। तत्पुरुषाय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि तन्नो दन्ती प्रचोदयात्—इति गणेशगायत्री। दक्षिणामूर्त्तये विद्महे ध्यानस्थाय धीमहि तन्नो धीशः प्रचोदयात्—इति दक्षिणामूर्त्तिगायत्री। आदित्याय विद्महे मार्त्तण्डाय धीमहि तन्नः सूर्यः प्रचोदयात्—इति सूर्यगायत्री। कामदेवाय विद्महे पुष्पवाणाय धीमहि तनोऽनङ्गः

प्रचोदयात्—इति कामदेवगायत्री। सर्वसम्मोहिन्यै विद्महे विश्वजनन्यै धीमहि तन्नः शक्तिः प्रचोदयात्—इति शक्तिगायत्री। त्वरितायै विद्महे महानित्यायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्—इति त्वरितागायत्री। ऐं वागीश्वर्ये विद्महे क्लीं कामेश्वर्यै धीमहि सौस्तनः शक्तिः प्रचोदयात्—इति बालाभैरवीगायत्री। ऐं त्रिपुरादेव्यै विद्महे क्लीं कामेश्वर्यै धीमहि सौस्तनः क्लिन्ने प्रचोदयात्—इति त्रिपुरासुन्दरीगायत्री। त्रिपुरायै विद्महे भैरव्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्—इति भैरवीगायत्री। महादेव्यै विद्महे दुर्गायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्। इति दुर्गागायत्री। नारायण्यै विद्महे दुर्गायै धीमहि तन्नो गौरी प्रचोदयात्—इति जयदुर्गागायत्री। महालक्ष्म्यै विद्महे महाश्रियै धीमहि तन्नः श्रीः प्रचोदयात्—इति लक्ष्मीगायत्री। वाग्देव्यै विद्महे कामराजाय धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्—इति सरस्वतीगायत्री। नारायण्यै विद्महे भुवनेश्वर्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्—इति भुवनेश्वरीगायत्री। भगवत्यै विद्महे माहेश्वर्यै धीमहि तन्नोऽन्नपूर्णे प्रचोदयात्—इति अन्नपूर्णागायत्री। महिषमर्दिन्यै विद्महे दुर्गायै धीमहि तन्नो घोरे प्रचोदयात्—इति महिषमर्दिनीगायत्री। वैरोचिन्यै विद्महे छिन्नमस्तायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्—इति छिन्नमस्तागायत्री। कलिकायै विद्महे श्मशानवासिन्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्—इति कालिकागायत्री। तारायै विद्महे महोग्रायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात् इति तारागायत्री। गरुडाय विद्महे सुपर्णाय धीमहि तन्नो गरुडः प्रचोदयात्—इति गरुडगायत्री।

श्रीविद्या के बारे में अर्घ्य प्रदान करने का मन्त्र यह है—'ऐं ह्रीं श्रीं ह्रां ह्रीं सः मार्तण्डभैरवाय प्रकाशशक्तिसहिताय इदमर्घ्यं स्वाहा'। इस प्रकार अर्घ्य देकर इष्ट की गायत्री का सौ या दस बार जप करे।

तन्त्रान्तर में वर्णन है कि एक सौ आठ या दस बार गायत्री-जप करने से महापातकी व्यक्ति भी मोक्ष पाता है। यहाँ जपसंख्या एक सौ आठ या दस, जो निर्दिष्ट है, वह शक्ताशक्त के लिये है। शक्त १०८ बार जप करे और अशक्त १० बार ही जप करे।

मतान्तर से गायत्री-जप के बाद तर्पण करना चाहिये। इसके सम्बन्ध में यामल में लिखा है कि सूर्यमण्डलस्थ देवता के उद्देश्य से गायत्रीपाठपूर्वक तीन बार अर्घ्य प्रदान करे। फिर यथाशक्ति गायत्री-जप के बाद आचमन, प्राणायाम, ध्यानसहित जलाञ्जलि देकर इष्ट का तर्पण करे। विभिन्न गायत्री मन्त्र इस प्रकार के हैं—

१. विष्णुगायत्री—त्रैलोक्यमोहनाय विद्महे कामदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्।
२. नारायणगायत्री—नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्।
३. नृसिंहगायत्री—वज्रनखाय विद्महे तीक्ष्णदंष्ट्राय धीमहि तन्नो नृसिंहः प्रचोदयात्।
४. हयग्रीवगायत्री—वागीश्वराय विद्महे हयग्रीवाय धीमहि तन्नो हंसः प्रचोदयात्।

५. गोपालगायत्री—कृष्णाय विद्महे दामोदराय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्।
६. रामगायत्री— दशरथाय विद्महे सीतावल्लभाय धीमहि तन्नो रामः प्रचोदयात्।
७. शिवगायत्री—तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।
८. गणेशगायत्री—तत्पुरुषाय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि तन्नो दन्ती प्रचोदयात्।
९. दक्षिणामूर्तिगायत्री—दक्षिणामूर्तये विद्महे ध्यानस्थाय धीमहि तन्नो धीशः प्रचोदयात्।
१०. सूर्यगायत्री—आदित्याय विद्महे मार्तण्डाय धीमहि तन्नः सूर्यः प्रचोदयात्।
११. कामदेवगायत्री—कामदेवाय विद्महे पुष्पवाणाय धीमहि तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्।
१२. शक्तिगायत्री—सर्वसम्मोहिन्यै विद्महे विश्वजनन्यै धीमहि तन्नः शक्तिः प्रचोदयात्।
१३. त्वरितागायत्री—त्वरितायै विद्महे महानित्यायै धीमहि तन्नः देवी प्रचोदयात्।
१४. बालाभैरवीगायत्री—ऐं वागीश्वर्यै विद्महे क्लीं कामेश्वर्यै धीमहि सौंस्तनः शक्तिः प्रचोदयात्।
१५. त्रिपुरसुन्दरीगायत्री—ऐं त्रिपुरादेव्यै विद्महे क्लीं कामेश्वर्यै धीमहि सौंस्तनः क्लित्रः प्रचोदयात्।
१६. भैरवीगायत्री—त्रिपुरायै विद्महे भैरव्यै धीमहि तन्नो गौरी प्रचोदयात्।
१७. दुर्गागायत्री—दुर्गादेव्यै विद्महे दुर्गायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।
१८. जयदुर्गागायत्री—नारायण्यै विद्महे दुर्गायै धीमहि तन्नो गौरी प्रचोदयात्।
१९. लक्ष्मीगायत्री—महालक्ष्म्यै विद्महे महाश्रियै धीमहि तन्नः श्रीः प्रचोदयात्।
२०. सरस्वतीगायत्री—वाग्देव्यै विद्महे कामराजाय धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।
२१. भुवनेश्वरी गायत्री—नारायण्यै विद्महे भुवनेश्वर्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।
२२. अन्नपूर्णागायत्री—भगवत्यै विद्महे माहेश्वर्यै धीमहि तन्नोऽन्नपूर्णे प्रचोदयात्।
२३. महिषमर्दिनीगायत्री—महिषमर्दिन्यै विद्महे दुर्गायै धीमहि तन्नो घोरे प्रचोदयात्।
२४. छिन्नमस्तागायत्री—वैरोचिन्यै विद्महे छिन्नमस्तायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात् ।
२५. कालिकागायत्री—कालिकायै विद्महे श्मशानवासिन्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।
२६. तारागायत्री—तारायै विद्महे महोग्रायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।
२७. गरुडगायत्री—गरुडाय विद्महे सुपर्णाय धीमहि तन्नो गरुडः प्रचोदयात्।

ध्यानन्तु प्रातः—

उद्यदादित्यसङ्काशां पुस्तकाक्षकरां स्मरेत् ।
कृष्णाजिनधरां ब्राह्मीं ध्यायेत्तारकितेऽम्बरे ॥

मध्याह्ने—

श्यामवर्णां चतुर्बाहुं शङ्खचक्रलसत्कराम् ।
गदापद्मधरां देवीं सूर्यासनकृताश्रयाम् ॥
सायाह्ने वरदां देवीं गायत्रीं संस्मरेद्यतिः ।

शुक्लां शुक्लाम्बरधरां वृषासनकृताश्रयाम् ॥
त्रिनेत्रां वरदां पाशं शूलञ्च नृकरोटिकाम् ।
सूर्यमण्डलमध्यस्थां ध्यायन् देवीं समभ्यसेत् ॥

त्रिपुरादौ ध्यानविशेषो यथा—

प्रातराधारकमले हुतभुङ्मण्डलोपरि ।
वाग्बीजरूपां विद्याया विद्युत्पटलभास्वराम् ॥
पुष्पबाणेक्षुकोदण्डपाशांकुशलसत्कराम् ।
स्वेच्छागृहीतवपुषीं गुरुविद्याक्षरात्मिकाम् ॥
मध्याह्ने हृदयाम्भोजकर्णिके सूर्यमण्डले ।
कामबीजात्मिकां देवीमलक्तकरसारुणाम् ॥
प्रसूनवाणपुण्ड्रेक्षुचापपाशांकुशान्विताम् ।
परितः स्वात्ममुख्याभिः षट्त्रिंशत्तत्त्वशक्तिभिः ॥
सायमाज्ञासरोजस्थे चन्द्रे चन्द्रसमद्युतिम् ।
शक्तिबीजत्मिकां चापबाणपाशांकुशान्विताम् ॥
युगनित्याक्षराकारां स्फटिकाभरणान्विताम् ।
चिन्तयित्वा भगवतीं नित्याभिः परिवारिताम् ॥

ध्यान—अपने देवता की गायत्री का जप करके देवता का ध्यान करे। प्रात:काल उदीयमान सूर्य के समान वर्ण वाली, दोनों हाथों में पुस्तक और जपमाला वाली, कृष्ण-चर्म पहनने वाली ब्राह्मी शक्ति का ध्यान करे। अत्यन्त सबेरे आकाश में जब तारे विद्यमान हों तब प्रात:सन्ध्या करे। मध्याह्न में श्याम वर्ण, चार हाथों में शंख, चक्र, गदा, पद्म धारण करने वाली, सूर्यमण्डलस्था देवी का ध्यान करे। सायंकाल वरदायिनी गायत्रीरूपा, शुक्लवर्णा, श्वेत वस्त्रा, वृषारूढ़ा, त्रिनेत्रा, पाश-शूल-नरकपाल वाली, सूर्यमण्डलमध्य-स्थिता देवी का ध्यान करे।

इस प्रकार तीन सन्ध्याओं में अलग-अलग रूप से देवता का ध्यान करे। काली-तारादि सभी देवताओं के सम्बन्ध में उपर्युक्त प्रकार का ही ध्यान करे; परन्तु त्रिपुरसुन्दरी की सन्ध्या में ध्यान कुछ दूसरे प्रकार का है।

प्रात:काल मूलाधार कमल अग्निमण्डल के ऊपर संस्थित, वायुबीजरूपिणी, विद्युत्-पुञ्ज-जैसी उज्ज्वल कान्ति वाली, हाथों में पुष्पबाण, ईख का धनुष, पाश और अंकुश धारण की हुई, इच्छामय प्रतिमा, गुरु एवं विद्याक्षररूपिणी त्रिपुरसुन्दरी का ध्यान करे। दोपहर में हृदयकमल की कर्णिका के मध्य में सूर्यमण्डलवासिनी, कामबीजात्मिका, अलता के समान लाल वर्ण वाली, पुष्पबाण, श्वेत ईखदण्डनिर्मित धनुष, पाश,

अंकुशयुक्त हाथ, प्रधान छत्तीस तत्त्वशक्तियों से परिवेष्टित त्रिपुरसुन्दरी का ध्यान करे। सायंकाल आज्ञाचक्र में चन्द्रमण्डलवासिनी, चन्द्रमा के समान कान्ति वाली, शक्तिबीजरूपिणी, हाथों में धनुष-बाण-पाश-अंकुश धारण की हुई, ह-क्ष अक्षरमयी, स्फटिक के आभूषणों से अलंकृत, नित्यादेवी गण से घिरी हुई भगवती का ध्यान करे।

तारादौ तु—ह्रीं हंसः इति सूर्यार्घ्यं दत्त्वा, ताम्रादिपात्रे चन्दनार्ककुसुमापराजितापुष्पाणि निक्षिप्य, उद्यदादित्यमण्डलवर्त्तिन्यै नित्यचैतन्योदितायै श्रीमदेकजटायै स्वाहा इत्यर्घ्यं दत्त्वा, गायत्रीं जपेदिति विशेषः। तदुक्तं नीलतन्त्रे—

उद्यदादित्यमण्डलवर्त्तिन्यै च समुद्धरेत्।
नित्यचैतन्योदितायै स्वाहेति च मनुः स्मृतः ॥

अन्यत्र कालिकामन्त्रे एकजटापदस्थाने कालिकापदप्रयोगः। ततः सूर्यमण्डले देवतां विभाव्य मूलमन्त्रं यथाशक्ति जप्त्वा, संहारमुद्रया देवतां स्वहृदयमानीय, तीर्थं नमस्कृत्य, यागस्थानमाविशेदिति स्नानविधिः।

ततः सामान्यार्घ्यस्थापनाद्यासनोपवेशनान्तं दीक्षापद्धत्युक्तं कर्म समाप्य वामे ॐ गुरुभ्यो नमः, ॐ परमगुरुभ्यो नमः, ॐ परापरगुरुभ्यो नमः। दक्षिणे ॐ गणेशाय नमः। मूर्ध्नि मूलमुच्चार्य अमुकदेवतायै नमः। तथा च गौतमीये—

कृताञ्जलिपुटो भूत्वा वामे गुरुत्रयं यजेत्।
गुरुञ्च परमादिञ्च परापरगुरून् तथा।
दक्षपार्श्वे गणेशञ्च मूर्ध्नि देवं विभावयेत् ॥

ततः फडिति मन्त्रेण गन्धपुष्पाभ्यां करौ संशोध्य ऊर्ध्वोर्ध्वं तालत्रयं दत्त्वा, छोटिकाभिर्दशदिग्बन्धनं कृत्वा, रमिति जलधारया वह्निप्राकारं विचिन्त्य भूतशुद्धिं कुर्यात्।

तारा आदि देवता की सन्ध्या में एक विशेष बात यह है कि 'ह्रीं हंसः' से सूर्य को अर्घ्य देकर ताम्बे आदि के पात्र में लाल चन्दन, अपराजिता-फूल और अकवन-फूल डालकर अर्घ्य इस मन्त्र से दे—'उद्यदादित्यमण्डलमध्यवर्त्तिन्यै नित्यचैतन्योदितायै श्रीमदेकजटायै स्वाहा'। इसके बाद गायत्री का जप करे। काली के सम्बन्ध में 'एकजटा' के स्थान पर 'कालिका' शब्द का प्रयोग करे। इसके बाद सूर्यमण्डल में इष्टदेवता का ध्यान करते हुए मूल मन्त्र का जप यथाशक्ति करे। फिर संहारमुद्रा से अपने हृदय में देवता को लाकर तीर्थनमस्कारपूर्वक पूजास्थान में जाय।

इसके बाद दीक्षा-पद्धति के क्रमानुसार सामान्यार्घ्य-स्थापना से आसनोपवेशन तक का कार्य करे। इसके बाद हाथ जोड़कर बाँयें भाग में ॐ गुरुभ्यो नमः, ॐ परमगुरुभ्यो नमः, ॐ परापरगुरुभ्यो नमः से प्रणाम करे। दाहिनी ओर ॐ गणेशाय नमः से और

मस्तक पर मूल मन्त्र का उच्चारण करके अमुकदेवतायै नमः से आराध्य देवता को नमस्कार करे। तब फट् मन्त्र द्वारा करशुद्धि करके ऊपर की ओर तीन बार ताली बजावे। छोटिक मुद्रा से दशों दिशाओं का दिग्बन्ध करे। इसके बाद 'रं' मन्त्र से जलधारा द्वारा अपने शरीर को वेष्टित करके ऐसी भावना करे कि मैं अग्नि की चहारदीवारी के बीच में बैठा हूँ। तब भूतशुद्धि करे।

तद्यथा—स्वाङ्के उत्तानौ करौ कृत्वा सोऽहमिति हृदयस्थं जीवात्मानं दीपकलिकाकारं मूलाधारस्थितकुलकुण्डलिन्या सह सुषुम्नावर्त्मना मूलाधार-स्वाधिष्ठान-मणिपूरकानाहत-विशुद्धाज्ञाख्यषट्चक्राणि भित्त्वा, शिरोऽवस्थिताधोमुखसहस्रदलकमलकर्णिकान्तर्गतपरमात्मानि संयोज्य, तत्रैव पृथिव्यप्तेजो-वाय्वाकाश-गन्ध-रस-स्पर्श-शब्द-नासिका-जिह्वा-चक्षुस्त्वक्-श्रोत्र-वाक्-पाणि-पाद-पायूपस्थ-प्रकृतिमनोबुद्ध्यहंकाररूपचतुर्विंशतितत्त्वानि विलीनानि विभाव्य, यमिति वायुबीजं धूम्रवर्णं वामनासापुटे विचिन्त्य, तस्य षोडशवारजपेन वायुना देहमापूर्य, नासापुटौ धृत्वा, तस्य चतुःषष्टिवारजपेन कुम्भकं कृत्वा, वामकुक्षिस्थकृष्णवर्णपापपुरुषेण सह देहं संशोष्य तस्य द्वात्रिंशद्वारजपेन दक्षिणनासया वायुः रेचयेत्। ततो दक्षिणनासापुटे रमिति वह्निबीजं रक्तवर्णं ध्यात्वा, तस्य षोडशवारजपेन वायुना देहमापूर्य, नासापुटौ धृत्वा, तस्य चतुःषष्टिवारजपेन कुम्भकं कृत्वा, वामकुक्षिस्थकृणवर्णपापपुरुषेण सह देहं मूलाधारस्थितवह्निना दग्ध्वा, तस्य द्वात्रिंशद्वारजपेन वामनासया भस्मना सह वायुं रेचयेत्।

ठमिति चन्द्रबीजं शुक्लवर्णं वामनासिकायां ध्यात्वा, तस्य षोडशवारजपेन ललाटे चन्द्रं नीत्वा नासापुटौ धृत्वा, वमिति वरुणबीजस्य चतुःषष्टिवारजपेन तस्माल्ललाटचन्द्राद् गलितसुधया मातृकावर्णात्मिकया समस्तदेहं विरच्य, लमिति पृथ्विबीजस्य द्वात्रिंशद्वारजपेन देहं सुदृढं विचिन्त्य, दक्षिणेन वायुं रेचयेत्। मात्रासंख्यया वा। तदुक्तं गौतमीये—

**सुषुम्नावर्त्मना सोऽहमिति मन्त्रेण योजयेत्।
सहस्रारे शिवस्थाने परमात्मनि देशिकः॥
धूम्रवर्णं ततो वायुबीजं षड्विन्दुलाञ्छितम्।
पूरयेदिडया वायुं सुधीः षोडशमात्रया॥
मात्रया तु चतुःषष्ट्या कुम्भयेच्च सुषुम्नया।
द्वात्रिंशन्मात्रया मन्त्री रेचयेत्पिङ्गलाख्यया॥
पूरयेदनया चैव सञ्चिन्त्य नीलमारुतम्।
रक्तवर्णं वह्निबीजं त्रिकोणं स्वस्तिकान्वितम्॥**

तेन पूरकयोगेन मात्रया षोडशाख्यया ।
चतुःषष्ट्या मात्रया च निर्दहेत्कुम्भकेन तु ॥
वामपार्श्वस्थितं पापपुरुषं कज्जलप्रभम् ।
ब्रह्महत्याशिरस्कञ्च स्वर्णस्तेयं भुजद्वयम् ॥
सुरापानहृदा युक्तं गुरुतल्पकटिद्वयम् ।
तत्संसर्गिपदद्वन्द्वमङ्गप्रत्यङ्गपातकम् ॥
उपपातकरोमाणं रक्तश्मश्रुविलोचनम् ।
खड्गचर्मधरं क्रुद्धमेवं कुक्षौ विचिन्तयेत् ॥
मूलाधारोत्थितेनैव वह्निना निर्दहेच्च तम् ।
एवं सन्दह्य परितो द्वात्रिंशन्मात्रया ततः ॥
भस्मना सहितं मन्त्री रेचयदिडया पुनः ।
वामनाड्यां चन्द्रबीजं कुन्देन्द्वयुतसप्रभम् ॥
भालेन्दुराजे संयोज्य ततः षोडशमात्रया ।
सुषुम्नया चतुःषष्टिमात्रया तोयबीजकम् ॥
ध्यात्वामृतमयीं सृष्टिं पञ्चाशद्वर्णरूपिणीम् ।
तया देहं विचिन्त्यैवं मनसा पिङ्गलाध्वना ॥
द्वात्रिंशन्मात्रया मन्त्री लंबीजेन दृढं नयेत् ।
स्वस्थाने हंसमन्त्रेण पुनस्तेनैव वर्त्मना ॥
जीवं तत्त्वानि चानीय स्वस्थाने स्थापयेत्ततः ।
इति कृत्वा भूतशूद्धिं मातृकान्यासमाचरेत् ॥

ततः हंस इति बीजं स्वहृदयमानीय कुलकुण्डलिनीं पृथिव्यादीनि यथास्थाने स्थापयेत्। विशेषस्तु शक्तिविषये—हंस इति जीवादिकं परमशिवे संयोज्य सोऽहमिति मन्त्रेण स्वस्थानमानयेत्। तथा च तन्त्रान्तरे—

सोऽहमेवं समाभास्य जीवं हृदि समानयेत् ।

शूद्रे तु विशेषो वाराहीतन्त्रे—

हंसाख्यं न स्मरेच्छूद्रो भूतशुद्धौ कदाचन ।
स्मरणान्नरकं याति दीक्षा च विफला भवेत् ॥

शारदायाम्—

जीवं तेजोमयं ध्यात्वा नमोमन्त्रेण योजयेत् ।

भूतशुद्धिपदव्युत्पत्तिमाह विशुद्धेश्वरे—

शरीराकारभूतानां भूतानां यद्विशोधनम् ।
अव्ययब्रह्मसंयोगाद्भूतशुद्धिरियं मता ।।इति।

वाराहीये—

मूलाधारात्ततो जीवं ब्रह्ममार्गेण देशिकः ।
हंसेन पुष्करस्थाने परमात्मनि योजयेत् ।।

ब्रह्ममार्गः सुषुम्ना। त्रिपुरासारसमुच्चये—

संयोज्य जीवमथ दुर्गममध्यनाडीमार्गेण पुष्करनिविष्टशिवे सुसूक्ष्मे।

तत आं सोऽहं इति पठित्वा हृदि हस्तं दत्त्वा प्राणप्रतिष्ठां कुर्यात्। ज्ञानार्णवे—

प्राणप्रतिष्ठया पश्चाज्जीवं देहे नियोजयेत् ।
मुखवृत्तं समुच्चार्य हंसस्तु विपरीतकम् ।
उद्धरेत्परमेशानि विद्येयं त्र्यक्षरी मता ।।
प्राणप्रतिष्ठामन्त्रोऽयं सर्वकर्माणि साधयेत् ।
तेनैव विधिना देवि स्थिरीकुर्यान्निजां तनुम् ।।

पुरश्चरणचन्द्रिकायाम्—

अथवान्यप्रकारेण भूतशुद्धिर्विधीयते ।
धर्मकन्दसमुद्भूतं ज्ञाननालसुशोभनम् ।।
ऐश्वर्याष्टदलोपेतं परं वैराग्यकर्णिकम् ।
स्वीयहृत्कमलं ध्यायेत्प्रणवेन प्रकाशितम् ।।
कृत्वा तत्कर्णिकासंस्थं प्रदीपकलिकानिभम् ।
जीवात्मानं हृदि ध्यात्वा मूले सञ्चिन्त्य कुण्डलीम् ।
सुषुम्नावर्त्मनात्मानं परमात्मनि योजयेत् ।।

भूतशुद्धि—अपनी गोद में दोनों हाथों को उत्तान रखकर, हृदयस्थ प्रदीपकलिकाकार जीवात्मा को मूलाधार-स्थित कुण्डलिनी 'सोहं' मन्त्र से संयुक्त करे। जीवात्मा से संयुक्त कुण्डलिनी को सुषुम्णा मार्ग से मूलाधार से उठाकर स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्धि और आज्ञाचक्रों का भेदन करते हुए शिरःस्थ अधोमुख सहस्रदल कमल की कर्णिका में परमशिव से संयोजित करे। तब यह भावना करे कि पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, पञ्चभूत, गन्ध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द, पञ्चतन्मात्राएँ; नासिका, जीभ, नेत्र, त्वचा, कर्ण—पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ; वाक्, हस्त, पाद, गुह्य, मेढ्र—पाँच कर्मेन्द्रियाँ; प्रकृति, मन, बुद्धि, अहंकार सभी चौबीसों तत्त्व उसमें विलीन हो गये। उक्त भावना के साथ धूम्रवर्ण वायुबीज 'यं' का वाम नासापुट में ध्यान करके 'यं' का सोलह बार जप करते हुए वायु से देह को परिपूर्ण करे, फिर दोनों नासापुटों को बन्द करके उक्त बीज

'यं' का चौंसठ बार जप करते हुए कुम्भक करे। बाँई कोख में स्थित कृष्णवर्ण के पापपुरुषसहित देह का शोषण करके 'यं' का बत्तीस बार जप करते हुए दाँई नासा में उस वायु का रेचन कर दे। इसके बाद दाँयें नासापुट में रक्तवर्ण अग्निबीज 'रं' का ध्यान करके उस बीज 'रं' का सोलह बार जप करते हुए वायु से देह को परिपूर्ण करे। तब दोनों नासापुटों को बन्द करके उक्त बीज का चौंसठ बार जप करते हुए कुम्भक करे। तब मूलाधार-स्थित अग्नि के द्वारा कृष्ण वर्ण के पापपुरुषसहित देह को भस्मीभूत करते हुए उक्त बीज का बत्तीस बार जप करते हुए बाँयीं नासा से भस्मसहित वायु का रेचन करे।

इसके बाद शुक्ल वर्ण के चन्द्रबीज 'ठं' का वाम नासिका में ध्यान करके इस बीज का सोलह बार के जप से ललाट में चन्द्रमा को लाकर दोनों नासिकाछिद्रों को बन्द करे। तब वरुणबीज 'वं' के चौंसठ जप से ललाटस्थ चन्द्रमा से टपकने वाले मातृका-वर्णमय अमृत द्वारा पूरे नये देह की रचना करे। पृथ्वीबीज 'लं' के बत्तीस जप से देह के सुदृढ़ होने की भावना करके दाँई नासा से वायु का रेचन करे। यह सभी गौतमतन्त्र के अनुसार कहा गया है। इसके बाद 'सोऽहं' मन्त्र से सुषुम्ना नाड़ी द्वारा जीवात्मा को सहस्त्रदल पद्म में परमात्मा से संयोजित करे। तब छ: बिन्दुओं से चिह्नित धूम्रवर्ण वायुबीज 'यं' का सोलह बार जप इड़ा बाँयीं नासा से पूरक करे। इसी बीज को चौंसठ बार जप करके सुषुम्ना से वायुनिरोध और बत्तीस बार जप कर पिंगला से रेचन करे। रक्तवर्ण, त्रिकोणाकार, स्वस्तिकयुक्त अग्निबीज 'रं' का सोलह बार जप करते हुए पूरक करे। इसी बीज को चौंसठ बार जप कर वायुनिरोध द्वारा बाँईं बगल में स्थित पापपुरुष को दग्ध करे। पाप-पुरुष का ध्यान इस प्रकार का है—

वामपार्श्वस्थितं पापं पुरुषं कज्जलप्रभम्।
ब्रह्महत्याशिरस्कं च स्वर्णस्तेयं भुजद्वयम्।।
सुरापानहृदा युक्तं गुरुतल्पकटिद्वयम्।
तत्संसर्गिपदद्वन्द्वं अङ्गप्रत्यङ्गपातकम्।।
उपपातकरोमाणं रक्तश्मश्रुविलोचनम्।
खड्गचर्मधरं क्रुद्धमेवं कुक्षौ विचिन्तयेत्।।

मूलाधार से उठने वाली अग्नि से इस पापपुरुष को दग्ध करे। 'यं' बीज का बत्तीस बार जप करते हुए भस्मसहित वायु का रेचन करे। फिर वाम नाड़ी से कुन्देन्दु-कान्तियुक्त चन्द्रबीज 'ठं' को ललाट-चन्द्र से संयोजित करते हुए उसका सोलह बार जप करे। वरुणबीज 'वं' के चौंसठ जप से मातृका वर्णमय अमृतवृष्टि द्वारा नूतन देह का निर्माण करे। 'लं' बीज के बत्तीस जप से देह को सुदृढ़ करे। तब हंस मन्त्र से जीवात्मा को हृदय में लाकर कुण्डलिनी और पृथ्वी आदि चौबीस तत्त्वों को पुन: यशास्थान स्थापित करे। शक्तिविषयक मन्त्र में 'हंस:' मन्त्र से जीवात्मादि को परमशिव में संयोजित करे। सोऽहं मन्त्र से उन्हें यथास्थान स्थापित करे।

वाराही तन्त्र में लिखा है कि भूतशुद्धि क्रिया में शूद्र 'हंस:' मन्त्र का कदापि स्मरण न करे; अन्यथा वह नरकगामी होगा और उसकी दीक्षा निष्फल होगी। शारदातिलक में लिखा है कि शूद्र 'हंस:' के बदले 'नम:' मन्त्र उच्चारण करके कार्य करे।

विशुद्धेश्वरतन्त्र में भूतशुद्धि शब्द की व्युत्पत्ति के बारे में लिखा है कि शरीराकार में परिणत पृथ्वी आदि पञ्चभूत जिस क्रिया से शुद्ध होकर अव्यय ब्रह्म से संयुक्त होते हैं, उसी का नाम भूतशुद्धि है।

वाराहीतन्त्र में लिखा है कि साधक मूलाधार से ब्रह्ममार्ग द्वारा जीव को ले जाकर 'हंस:' मन्त्र से पुष्करस्थान में परमात्मा से संयुक्त करे। ब्रह्ममार्ग सुषुम्ना है। इसके बाद त्रिपुरासारसमुच्चय के अनुसार अपने हृदय पर हाथ रखकर 'आं सोऽहं' मन्त्र से प्राणप्रतिष्ठा करे।

ज्ञानार्णव में लिखा है कि प्राणप्रतिष्ठा द्वारा देह में जीवात्मा को संयोजित करे। मुख-वृत्त और हंस का विपरीत क्रम से उच्चारण करके त्र्यक्षरी विद्या का उद्धार करे। यह प्राणप्रतिष्ठा मन्त्र है। इससे सभी कर्मों का साधन करे। इस प्रकार अपने देह को स्थिर करे।

पुरश्चरणचन्द्रिका में भूतशुद्धि की दूसरी विधि का वर्णन है। धर्मरूप कन्द से उद्भूत, ज्ञानरूप नाल में शोभित, अणिमादि ऐश्वर्यरूप अष्ट दलों से युक्त, वैराग्यरूप कर्णिकाविशिष्ट अपने हृदयपद्म को प्रणव द्वारा प्रकाशित रूप में ध्यान करते हुए उसी हृत्पद्म की कर्णिका के ऊपर जीवात्मा का और मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान करके सुषुम्ना मार्ग से परमात्मा के साथ जीवात्मा का योग करे।

मातृकान्यास:

तत्र मातृकाया ऋष्यादिन्यासः। अस्य मातृकामन्त्रस्य ब्रह्मऋषिर्गायत्रीच्छन्दो मातृकासरस्वती देवता हलो बीजानि स्वराः शक्तयो मातृकान्यासे विनियोगः। शिरसि ॐ ब्रह्मणे ऋषये नमः, मुखे ॐ गायत्रीच्छन्दसे नमः, हृदि ॐ मातृकासरस्वत्यै देवतायै नमः, गुह्ये ॐ व्यञ्जनेभ्यो बीजेभ्यो नमः, पादयोः ॐ स्वरेभ्यः शक्तिभ्यो नमः। तथा च ज्ञानार्णवे—

मातृकां शृणु देवेशि न्यसेत्पापनिकृन्तनीम्।
ऋषिर्ब्रह्मास्य मन्त्रस्य गायत्रीच्छन्द उच्यते॥
देवता मातृका देवी बीजं व्यञ्जनमुच्यते।
शक्तयस्तु स्वरा देवि षडङ्गन्यासमाचरेत्॥

ततः कराङ्गन्यासः—अं कं खं गं घं ङं आं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। इं चं छं जं झं ञं ईं तर्जनीभ्यां स्वाहा। उं टं ठं डं ढं णं ऊं मध्यमाभ्यां वषट्। एं तं थं दं

धं नं ऐं अनामिकाभ्यां हुं। ओं पं फं बं भं मं औं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। अं यं रं लं वं शं षं सं हं लं क्षं अः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु अं कं खं गं घं ङं आं हृदयाय नमः इत्यादि क्रमेण न्यसेत्। तथा च ज्ञानार्णवे---

अं आं मध्ये कवर्गन्तु इं ईं मध्ये चवर्गकम् ।
उं ऊं मध्ये टवर्गन्तु एं ऐं मध्ये तवर्गकम् ।।
ओं औं मध्ये पवर्गन्तु विन्दुयुक्तं न्यसेत्प्रिये ।
अनुस्वार-विसर्गान्तौ यशवर्गौ सलक्षकौ ।।
हृदयञ्च शिरो देवि शिखा कवचकं तथा ।
नेत्रमन्त्रं न्यसेत् ङेऽन्तं नमः स्वाहा क्रमेण तु ।।
वषट् हुं वौषडन्तञ्च फडन्तं योजयेत्प्रिये ।
षडङ्गोऽयं मातृकायाः सर्वपापहरः स्मृतः ।।

अथान्तर्मातृका अगस्त्यसंहितायाम्---

एकैकवर्णानेकैकपत्रान्ते विन्यसेत्प्रिये ।

अकारादिषोडशस्वरान् सविन्दून् षोडशदलकमले कण्ठमूले न्यसेत्। ककारादिद्वादशवर्णान् सविन्दून् द्वादशदलकमले हृदये न्यसेत्। डकारादिदशवर्णान् सविन्दून् दशदलकमले नाभौ न्यसेत्। वकारादिषड्वर्णान् सविन्दून् षड्दलकमले लिङ्गमूले न्यसेत्। वकारादि चतुरो वर्णान् सान्ताञ्चतुर्दलकमले मूलाधारे न्यसेत्। हक्षवर्णद्वयं द्विदलकमले भ्रूमध्ये न्यसेत्।

तथा च ज्ञानार्णवे—

द्व्यष्टपत्राम्बुजे कण्ठे स्वरान् षोडश विन्यसेत् ।
द्वादशच्छदहृत्पद्मे कादीन्द्वादश विन्यसेत् ।।
दशपत्राम्बुजे नाभौ डकारादीन्न्यसेद्दश ।
षट्पत्रमध्ये लिङ्गस्थे वकारादीन्न्यसेच्च षट् ।।
आधारे चतुरो वर्णान्न्यसेद्वादींश्चतुर्दले ।
हक्षौ भ्रूमध्यगे पद्मे द्विदले विन्यसेत्प्रिये ।
इत्यन्तर्मातृकां न्यस्य सर्वाङ्गन्यासमाचरेत् ।।

अगस्त्यसंहितायाम्—

एकैकवर्णमेकैकपत्रान्ते विन्यसेत्प्रिये ।
एवमन्तःप्रविन्यस्य मनसातो बहिर्न्यसेत् ।।

वैष्णवे तु विशेषः—

एकैकं वर्णमुच्चार्य मूलाधाराच्छिरोऽन्तकम् ।

नमोऽन्त इति विन्यास आन्तरः परिकीर्त्तितः ॥

तथा—

अथान्तर्मातृकान्यासो मूलाधारे चतुर्दले ।
सुवर्णाभे व श ष स चतुर्वर्णविभूषिते ॥
षड्दले वैद्युतनिभे स्वाधिष्ठानेऽनलत्विषि ।
ब भ मैर्यरलैर्युक्ते वर्णैः षड्भिश्च सुव्रते ॥
मणिपूरे दशदले नीलजीमूतसन्निभे ।
डादिफान्तैर्दलैर्युक्ते विन्दूद्भासितमस्तकैः ॥
अनाहते द्वादशारे प्रवालरुचिसन्निभे ।
कादिठान्तदलैर्युक्ते योगिनां हृदयङ्गमे ॥
विशुद्धे षोडशदले धूम्राभे स्वरभूषिते ।
आज्ञाचक्रे तु चन्द्राभे द्विदले हक्षलाञ्छिते ॥
सहस्रारे हिमनिभे सर्ववर्णविभूषिते ।
अकथादित्रिरेखात्महलक्षत्रयभूषिते ॥
तन्मध्ये परविन्दुञ्च सृष्टिस्थितिलयात्मकम् ।
एवं समाहितमना ध्यायेन्न्यासोऽयमान्तरः ॥

मातृकान्यास—मातृकान्यास के दो प्रकार हैं—अन्तर्मातृका एवं बहिर्मातृका।

अन्तर्मातृकान्यास—पहले विनियोग करे—'अस्य मातृकामन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः गायत्री छन्दः मातृका सरस्वती देवता हलो बीजानि स्वराः शक्तयोः मातृकान्यासे विनियोगः'।

ऋष्यादिन्यास—ॐ ब्रह्मणे नमः शिरसि। ॐ गायत्री छन्दसे नमः मुखे। ॐ मातृकासरस्वत्यै देवतायै नमः हृदये। ॐ व्यञ्जनेभ्यो बीजेभ्यो नमः गुह्ये। ॐ स्वरेभ्यो शक्तिभ्यो नमः पादयोः।

करन्यास— अं कं खं गं घं ङं आं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।
इं चं छं जं झ ञं ईं तर्जनीभ्यां स्वाहा।
उं टं ठं डं ढं णं ऊं मध्यमाभ्यां वषट्।
एं तं थं दं धं नं ऐं अनामिकाभ्यां नमः।
ओ पं फं बं भं मं औं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।
अं यं रं लं वं शं षं सं हं लं क्षं अः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

षडंगन्यास— अं कं खं गं घं ङं आं हृदयाय नमः।
इं चं छं जं झं ञं ईं शिरसे स्वाहा।
उं टं ठं डं ढं णं ऊं शिखायै वषट्।

एं तं थं दं धं नं ऐं कवचाय हुम्।

ओं पं फं बं भं मं औं नेत्रत्रयाय वौषट।

अं यं रं लं वं शं षं सं हं लं क्षं अः अस्त्राय फट्।

ज्ञानार्णव के अनुसार षडंग मातृकान्यास सभी पापों का विनाशक है। इसके अनुरूप भी षडंग न्यास इसी प्रकार का होता है। अगस्त्यसंहिता और ज्ञानार्णव में अन्तर्मातृका न्यास की विधि निम्न प्रकार उल्लिखित है—

कण्ठस्थ षोड़शदल पद्म विशुद्धिचक्र के १६ दलों में अं नमः, आं नमः, इं नमः, ईं नमः, उं नमः, ऊं नमः, ऋं नमः, ॠं नमः, ऌं नमः, ॡं नमः, एं नमः, ऐं नमः, ओं नमः, औं नमः, अं नमः, अः नमः—इस प्रकार सोलह स्वरों से न्यास करे।

हृदय के द्वादशदल पद्म अनाहत चक्र में कं से ठं तक के व्यञ्जनों का इस प्रकार न्यास करे—कं नमः, खं नमः, गं नमः, घं नमः, ङं नमः, चं नमः , छं नमः, जं नमः, झं नमः, ञं नमः, टं नमः, ठं नमः।

नाभिमूल के दशदल पद्म मणिपूर चक्र में डं से फं तक के दश व्यञ्जनों का न्यास इस प्रकार करे—डं नमः, ढं नमः, णं नमः, तं नमः, थं नमः, दं नमः, धं नमः, नं नमः, पं नमः, फं नमः।

लिंगमूल के षड्दल पद्म याने स्वाधिष्ठान में बं से लं तक के छः वर्णों का न्यास इस प्रकार करे—बं नमः, भं नमः, मं नमः, यं नमः, रं नमः, लं नमः।

मूलाधार के चतुर्दल में न्यास इस प्रकार करे—वं नमः, शं नमः, षं नमः, सं नमः।

भ्रूमध्य के द्विदल पद्म आज्ञाचक्र में हं नमः, क्षं नमः से न्यास करे।

अगस्त्यसंहिता में विधान है कि प्रत्येक पद्म के प्रत्येक दल में एक-एक वर्ण का न्यास करे। विष्णु उपासना में मूलाधार से मस्तक तक के षट्चक्रों में निम्न प्रकार का न्यास करे—

मूलाधार के स्वर्णिम चारो दलों में—वं शं षं सं का न्यास करे।

स्वाधिष्ठान के विद्युत्प्रभ छः दलों में—बं भं मं यं रं लं का न्यास करे।

नीलमेघाभ दशदल मणिपूरचक्र में—डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं का न्यास करे।

मूंगे की-सी आभा वाले द्वादशदल अनाहत में—कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं का न्यास करे।

धुयें के समान आभा वाले षोडशदल विशुद्धिचक्र में—अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं ऌं ॡं एं ऐं ओं औं अं अः का न्यास करे।

भ्रूमध्यस्थित चन्द्रप्रभ द्विदल आज्ञा में हं, क्षं का न्यास करे।

मस्तक में शिखा के नीचे वर्फ के समान श्वेतवर्णाभ सहस्रार के हजार दलों में अ से क्ष तक के पचास वर्णों को बीस आवृत्ति से न्यस्त करे। सहस्रार के मध्य में अकथ

त्रिकोण, जो हलक्ष से विभूषित है, उसके मध्य में सृष्टि-स्थिति-लयात्मक परबिन्दु को न्यस्त करे। समाहित मन से इस अन्तर्मातृका न्यास का चिन्तन करे।

बाह्यमातृकाध्यानम्

पञ्चाशल्लिपिभिर्विभक्तमुखदो: तन्मध्यवक्ष:स्थलाम्
भास्वन्मौलिनिबद्धचन्द्रशकलामापीनतुङ्गस्तनीम् ।
मुद्रामक्षगुणं सुधाढ्यकलशं विद्याञ्च हस्ताम्बुजै-
र्विभ्राणां विशदप्रभां त्रिनयनां वाग्देवतामाश्रये ॥

एवं ध्यात्वा न्यसेत्। तत्र अंगुलिनियमतन्त्रे—

ललाटेऽनामिकामध्ये विन्यसेन्मुखपङ्कजे ।
तर्जनीमध्यमानामा वृद्धानामे च नेत्रयो: ॥
अंगुष्ठं कर्णयोर्न्यस्य कनिष्ठांगुष्ठकौ नसो: ।
मध्यास्तिस्रो गण्डयोस्तु मध्यमाञ्चोष्ठयोर्न्यसेत् ॥
अनामां दन्तयोर्न्यस्य मध्यमामुत्तमाङ्गके ।
मुखेऽनामां मध्यमाञ्च हस्ते पादे च पार्श्वयो: ॥
कनिष्ठानामिकामध्यास्तास्तु पृष्ठे च विन्यसेत् ।
ता: सांगुष्ठा नाभिदेशे सर्वा: कुक्षौ च विन्यसेत् ॥
हृदये च तलं सर्वमंसयोश्च ककुत्स्थले ।
हृत्पूर्वहस्तपत्कुक्षिमुखेषु तलमेव च ।
एताश्च मातृकामुद्रा: क्रमेण परिकीर्त्तिता: ॥

नित्यत्वमाह तत्रैव—

अज्ञात्वा विन्यसेद्यस्तु न्यास: स्यात्तस्य निष्फल: । इति।

स्थानमाह गौतमीये—

ललाटमुखवृत्ताक्षिश्रुतिघ्राणेषु गण्डयो: ।
ओष्ठदन्तोत्तमाङ्गास्यदो:पत्सन्ध्यग्रकेषु च ॥
पार्श्वयो: पृष्ठतौ नाभौ जठरे हृदयेंऽसके ।
ककुद्यंसे च हृत्पूर्वपाणिपादयुगे तथा ॥
जठराननयोर्न्यस्येन्मातृकावर्णान्यथाक्रमम् ।

तद्यथा—अं नमो ललाटे, आं नमो मुखवृत्ते, इं ईं चक्षुषो:, उं ऊं कर्णयो:, ऋं ॠं नसो:, ऌं ॡं गण्डयो:, एं ओष्ठे, ऐं अधरे, ओं ऊर्ध्वदन्ते, औं अधोदन्ते, अं ब्रह्मरन्ध्रे, अ: मुखे। कं दक्षबाहुमूले, खं कूर्परे, गं मणिबन्धे, घं अंगुलिमूले, ङं अंगुल्यग्रे। एवं चं छं जं झं ञं वामबाहुमूलसन्ध्यग्रकेषु। एवं टं ठं डं ढं णं

दक्षपादमूलसन्ध्यग्रकेषु। एवं तं थं दं धं नं वामपादमूलसन्ध्यग्रकेषु। पं दक्षपार्श्वे, फं वामपार्श्वे, बं पृष्ठे, भं नाभौ, मं उदरे, यं हृदि, रं दक्षबाहुमूले, लं ककुदि, वं वामबाहुमूले, शं हृदादिदक्षकरे, यं हृदादिवामकरे, सं हृदादिदक्षपादे, हं हृदादिवामपादे, लं हृदाद्युदरे, क्षं हृदादिमुखे, सर्वत्र नमोऽन्तेन न्यसेत्। तथा च

ओमाद्यन्तो नमोऽन्तो वा सविन्दुर्विन्दुवर्जितः ।
पञ्चाशद्वर्णविन्यासः क्रमादुक्तो मनीषिभिः ॥

इति राघवभट्टः।

बहिर्मातृकान्यास—उपरोक्त प्रकार से अन्तर्मातृका न्यास करने के बाद बाह्य मातृका न्यास करे। न्यास के पहले मातृका देवी का ध्यान इस प्रकार करे—

पञ्चाशल्लिपिभिर्विभक्तमुखदोः तन्मध्यवक्षस्थलां
भास्वन्मौलिनिबद्धचन्द्रशकलामापीनतुङ्गस्तनीम् ।
मुद्रामक्षगुणं सुधाढ्यकलशं विद्यां च हस्ताम्बुजै-
र्विभ्राणां विषदप्रभां त्रिनयनां वाग्देवतामाश्रये।।

वाग्देवी का सारा शरीर—मुख, बाहु, मध्य, वक्षःस्थल आदि पचास वर्णों से संघटित है। उनका केशपाश चन्द्रकला से प्रकाशमान है और उरोज ऊँचे हैं। करकमलों में मुद्रा, अक्षमाला, अमृतपूर्ण कलश और पुस्तक सुशोभित है। तीन नेत्रों वाली देवी की प्रभा चारो ओर व्याप्त है। ऐसी वाग्देवता का आश्रय मैं ग्रहण करता हूँ।

अंगुलिनियमतन्त्र के अनुसार निम्नलिखित रूप में अंगुलियों से मातृकान्यास करे—
ललाट में अनामिका और मध्यमा से।
मुख में तर्जनी, मध्यमा और अनामिका से।
नेत्रों में मध्यमा और अनामिका से।
कानों में अंगूठों से।
गालों में तर्जनी, मध्यमा और अनामिका से।
ओठों में मध्यमा से।
दन्तपंक्तियों में अनामिका से।
मस्तक में मध्यमा से।
मुख में अनामिका-मध्यमा से।
नाभि में कनिष्ठा, अनामिका, मध्यमा और अंगुष्ठ से।
उदर में सभी अंगुलियों से।

वक्ष, दोनों कन्धों, ककुदस्थल, हृदय से हाथ तक, हृदय से पैर तक, हृदय से उदर तक और हृदय से मुख तक के स्थानों में हथेली से न्यास करे। इसी को मातृका मुद्रायें कहते हैं। इन्हें जाने विना जो न्यास करता है, उसका न्यास व्यर्थ है।

गौतमतन्त्र के अनुसार न्यासस्थान और क्रम इस प्रकार के हैं। सर्वत्र आदि में ॐ और वाद में नम: लगाकर न्यास करे। जैसे—

अं नम: ललाटे
आं नम: मुखवृत्ते
इं ई नम: चक्षुषो:
उं ऊं नम: कर्णयो:
ऋं ॠं नम: नसो:
ऌं ॡं नम: गण्डयो:
एं नम: ओष्ठे
ऐं नम: अधरे
ओं नग: ऊर्ध्वदन्ते
औं नम: अधोदन्ते
अं नम: ब्रह्मरन्ध्रे
अ: नम: मुखे
कं नम: दक्षबाहुमूले
खं नम: कूर्परे
गं नम: मणिबन्धे
घं नम: अङ्गुलिमूले
ङं नम: अङ्गुल्यग्रे
चं नम: वामबाहुमूले
छं नम: कूर्परे
जं नम: मणिबन्धे
झं नम: अंगुलिमूले
ञं नम: अंगुल्यग्रे
टं नम: दक्षपादमूले
ठं नम: दक्षोरौ
डं नम: दक्षजानुनि
ढं नम: गुल्फे
णं नम: पादांगुल्यग्रे
तं नम: वामपादमूले
थं नम: वामोरौ
दं नम: वामजानुनि
धं नम: दक्षगुल्फे
नं नम: दक्षपादांगुल्यग्रे
पं नम: दक्षपार्श्वे
फं नम: वामपार्श्वे
बं नम: पृष्ठ
भं नम: नाभौ
मं नम: उदरे
यं नम: हृदि
रं नम: दक्षबाहुमूले
लं नम: ककुदि
वं नम: वामबाहुमूले
शं नम: हृदादिदक्षकरे
सं नम: हृदादिदक्षपादे
हं नम: हृदादिवामपादे
लं नम: हृदादि उदरे
क्षं नम: हृदादिमुखे।

राघवभट्ट के अनुसार आदि में ॐ और अन्त में नम: एवं ऊपर बिन्दु लगाकर पचास वर्णों का न्यास करना चाहिये।

संहारमातृकान्यास:

अस्या: ध्यानं यथा—

अक्षस्रजं हरिणपोतमुदग्रटङ्कं विद्यां करैरविरतं दधतीं त्रिनेत्राम्।
अर्द्धेन्दुमौलिमरुणामरविन्दरामां वर्णेश्वरीं प्रणमत: स्तनभारनम्राम्॥

न्यासस्तु क्षकारादि अकारान्त:। यथा—क्षं नमो हृदादिमुखे इत्यादि। अपरञ्च—

चतुर्द्धा मातृका प्रोक्ता केवला विन्दुसंयुता ।
सविसर्गा सोभया च रहस्यं शृणु कथ्यते ॥
विद्याकरी केवला च सोभया भुक्तिदायिनी ।
पुत्रदा सविसर्गा तु सविन्दुर्वित्तदायिनी ॥

विशुद्धेश्वरे—

वाग्भवाद्या च वाक्सिद्ध्यै रमाद्या श्रीप्रवृद्धये ।
हृल्लेखाद्या सर्वसिद्ध्यै कामाद्या लोकवश्यदा ।
श्रीकण्ठाद्यानिमान्यस्येत्सर्वमन्त्रः प्रसीदति ॥

श्रीविद्याविषये नवरत्नेश्वरे—

वाग्भवाद्या नमोऽन्ताश्च न्यस्तव्या मातृकाक्षराः ।
श्रीविद्याविषये मन्त्री वाग्भवाद्यष्टसिद्धये ॥

नित्यतामाह यामले—

भूतशुद्धिलिपिन्यासौ विना यस्तु प्रपूजयेत् ।
विपरीतफलं दद्यादभक्त्या पूजनं यथा ॥

सामान्यन्यासे अंगुलिनियमस्तु गौतमीये—

मनसा वा न्यसेन्न्यासान् पुष्पेणैवाथ वा मुने ।
अंगुष्ठानामिकाभ्यां वा चान्यथा विफलं भवेत् ॥

विशेषन्यासे तु नायं नियमः। श्यामादिविद्यायां विशेषमातृकान्यासो वक्तव्यः।

संहारमातृकान्यास—न्यास के पहले ध्यान करे—

अक्षस्रजं हरिणपोतमुदग्रटंकं विद्यां करैरविरतं दधतीं त्रिनेत्राम्।
अर्द्धेन्दुमौलिमरुणामरविन्दरामां वर्णेश्वरीं प्रणमतः स्तनभारनम्राम्।।

जिनके चारो हाथों में अक्षमाला, हिरणशिशु, मृदंग और पुस्तक हैं, तीन नयन हैं, ललाट पर अर्द्धचन्द्र है, लाल कमलासीन हैं, पयोधरों के भार से जो झुकी हुई हैं, उन देवी को मैं प्रणाम करता हूँ।

ध्यान करके 'क्ष' से 'अ' तक के वर्णों का न्यास हृदादि मुख में करे। पूर्वोक्त गौतमतन्त्र में वर्णित न्यासक्रम को विपरीतक्रम से करने पर संहारन्यास होता है।

मातृका वर्ण चार प्रकार के होते हैं—केवल, विन्दुयुक्त, विसर्गयुक्त और बिन्दु एवं विसर्ग दोनों से युक्त। केवल न्यास से विद्या, विन्दु-विसर्गयुक्त न्यास से भोग, विसर्गयुक्त न्यास से पुत्र और बिन्दुयुक्त न्यास से धन का लाभ होता है।

विशुद्धेश्वरतन्त्र में वर्णन है कि वाक्सिद्धि के लिए वाग्बीज ऐं, श्रीवृद्धि के लिये

श्रीबीज श्रीं, सर्वसिद्धि के लिये नमः और लोकवशीकरण के लिये कामबीज क्लीं आदि में लगाकर न्यास करे। श्रीकण्ठबीज अः आदि में लगाकर न्यास करने से सभी मन्त्र प्रसन्न होते हैं।

नवरत्नेश्वर में श्रीविद्या के बारे में लिखा है कि आदि में वाग्बीज ऐं और अन्त में नमः लगाकार अर्थात् ऐं अं नमः इत्यादि रूप से पचास वर्णों के द्वारा न्यास करे। इससे अणिमादि अष्ट सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

यामल में लिखा है कि भूतशुद्धि और मातृकान्यास का त्याग करके जो व्यक्ति पूजा करता है, उसकी वह पूजा भक्तिहीन पूजा के समान निष्फल होती है।

गौतमतन्त्र में सामान्य न्यास के सम्बन्ध में अंगुलि-नियम इस प्रकार का है। मन ही मन पुष्प द्वारा या अंगुष्ठ और अनामिका से न्यास करे; अन्यथा न्यास विफल होता है। साधारण न्यास में ही इस नियम का पालन करे; विशेष न्यास में नहीं। श्यामादि विद्या के विषय के मातृकान्यास में जो कुछ विशेष क्रम है, वह उनके निरूपण-क्रम में दिया जायेगा।

प्राणायामः

प्राणायामे अंगुलिनियमस्तु ज्ञानार्णवे–
भूतशुद्धिं ततः कुर्यात्प्राणायामक्रमेण च।
कनिष्ठानामिकाङ्गुष्ठैर्यन्नासापुटधारणम् ।
प्राणायामः स विज्ञेयस्तर्जनीमध्यमे विना ॥

प्राणायामो द्विविधः—सगर्भो निर्गर्भश्च। तथा च—

सगर्भो मन्त्रजापेन निर्गर्भो मात्रया भवेत् ॥

मात्रा च—

वामजानुनि तद्धस्तभ्रामणं यावता भवेत् ।
कालेन मात्रा सा ज्ञेया मुनिभिर्वेदपारगैः ॥

मूलमन्त्रस्य बीजस्य प्रणवस्य वा षोडशवारजपेन वामनासापुटेन वायुं पूरयेत्। तथा च कालीहृदये—

प्राणायामत्रयं कुर्यान्मूलेन प्रणवेन वा ।
अथवा मन्त्रबीजेन यथोक्तविधिना सुधीः ।

तस्य चतुःषष्टिवारजपेन वायुं कुम्भयेत्। तस्य द्वात्रिंशद्वारजपेन वायुं रेचयेत्। पुनर्दक्षिणेनापूर्य उभाभ्यां कुम्भयित्वा वामेन रेचयेत्। पुनर्वामेनापूर्य उभाभ्यां कुम्भयित्वा दक्षिणेन रेचयेत्।

यथा सारसमुच्चये—विपरीतमतो विदधीत बुधः पुनरेव तु तद्विपरीतकमिति। यौगिके पुनर्मात्रानियमः। तथा च गौतमीये—

मन्त्रप्राणायामः प्रोक्तो यौगिकं कथयामि ते ।
पूरयेद्वामया विद्वान् मात्राषोडशसंख्यया ।। इत्यादि ।

यद्वा—चतुःषोडशाष्टवारजपे पूरकादिकं कुर्यात्। अथवा एकचतुर्द्विवारेण। तथा च तन्त्रान्तरे—

पूजयेत्षोडशभिर्वायुं धारयेच्च चतुर्गुणैः ।
रेचयेत्कुम्भकार्द्धेन अशक्त्या तत्तुरीयकैः ।
तदशक्तौ तच्चतुर्थमेवं प्राणस्य संयमः ।।

अस्य नित्यत्वमाह स एव—

प्राणायामं विना मन्त्रपूजने न हि योग्यता ।

निबन्धे—

आदावन्ते च यत्नेन प्राणायामं समाचरेत् ।
कर्मस्वपि समस्तेषु शुभेष्वप्यशुभेषु च ।।

गोपाले तु विशेषो वक्तव्यः।

प्राणायाम—ज्ञानार्णव में प्राणायाम के लिये यह अंगुलिनियम बताया गया है कि प्राणायाम के नियम मे भूतशुद्धि करे। कनिष्ठा, अनामिका और अंगूठे से वाम और दक्षिण नासापुट को धारण करने का नाम प्राणायाम है। प्राणायाम में तर्जनी और मध्यमा अंगुलियों को व्यवहृत न करे।

प्राणायाम के दो प्रकार हैं—सगर्भ और निगर्भ। मन्त्रजपपूर्वक प्राणायाम करना सगर्भ और मात्रा द्वारा किया जाने वाला प्राणायाम निगर्भ कहलाता है। बाँईं जानु पर हाथ फेरने में जितना समय लगता है, उसी समय का नाम मात्रा है। वर्ण के उच्चारण में इसी मात्रा का उपयोग होता है।

देवता के मूल मन्त्र या ऋष्यादि न्यासोक्त बीजमन्त्र अथवा 'ॐ' का सोलह बार जप करता हुआ बाँईं नासापुट से श्वास खींचे। तब चौंसठ बार जप करता हुआ कुम्भक करे। बत्तीस बार जप करता हुआ दाँईं नासा से वायु का रेचन करे। फिर सोलह मात्रा से दाँईं नासा से पूरक करे। चौंसठ जप से कुम्भक करे और बत्तीस जप से रेचक करे। पुनः सोलह जप से बाँईं नासा से पूरक, चौंसठ जप से कुम्भक और बत्तीस जप से रेचक करे।

गौतमतन्त्र के अष्टांग योग स्थल पर लिखित नियमों के अनुसार चार बार जप से पूरक, सोलह जप से कुम्भक और आठ जप से रेचक प्राणायाम होता है अथवा एक बार जप से पूरक, चार जप से कुम्भक और दो जप से रेचक करे।

पूजनादि कर्मों में प्राणायाम अवश्य करना चाहिये। प्राणायाम के विना मन्त्र-जप और पूजनादि करने का अधिकार नहीं होता। शुभाशुभ सभी कार्यों के आदि और अन्त में प्राणायाम करना चाहिये। सारसमुच्चय, गौतम, निबन्धतन्त्रों का यही मत है।

पीठन्यासः

ॐ आधारशक्तये नमः, प्रकृतये, कूर्माय, अनन्ताय, पृथिव्यै, क्षीरसमुद्राय, श्वेतद्वीपाय, मणिमण्डपाय, कल्पवृक्षाय, मणिवेदिकायै, रत्नसिंहासनाय—एतत्सर्वं हृदि। ततो दक्षिणस्कन्धे धर्माय, वामस्कन्धे ज्ञानाय, वामोरौ वैराग्याय, दक्षिणोरौ ऐश्वर्याय, मुखे अधर्माय, वामपार्श्वे अज्ञानाय, नाभौ अवैराग्याय, दक्षिणपार्श्वे अनैश्वर्याय—सर्वत्र प्रणवादिनमोऽन्तेन न्यसेत्। तथा च शारदायाम्—

अंसोरुयुग्मयोर्विद्वान् प्रादक्षिण्येन साधकः ।
धर्मं ज्ञानञ्च वैराग्यमैश्वर्यं क्रमशः सुधीः ।
मुखपार्श्वनाभिपार्श्वेष्वधर्मादीन् प्रकल्पयेत् ॥ इति।

पुनश्च हृदि—ॐ अनन्ताय नमः। एवं पद्माय, अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः, उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः, मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः, सं सत्त्वाय, रं रजसे, तं तमसे, आं आत्मने, अं अन्तरात्मने, पं परमात्मने, ह्रीं ज्ञानात्मने। सर्वत्र नमः, इत्यन्तं विन्यस्य हृत्पद्मस्य पूर्वादिकेशरेषु तत्तत्कल्पोक्तपीठशक्तीर्मध्ये पीठमनुञ्च न्यसेत्। शारदायाम्—

अनन्तं हृदये पद्मं तस्मिन् सूर्येन्दुपावकान् ।
एषु स्वस्वकलां न्यस्य नामाद्यक्षरपूर्वकम् ॥
सत्त्वादीन्त्रिगुणान्न्यस्य तथैवात्र गुरूत्तमः ।
आत्मानमन्तरात्मानं परमात्मानमेव च ।
ज्ञानात्मानं प्रविन्यस्य न्यसेत्पीठमनुं ततः ॥

पीठन्यास—नीचे निर्दिष्ट अंगों पर हाथ रखकर उनके आगे लिखे मन्त्रों से न्यास करे। सभी मन्त्रों के आदि में ॐ और अन्त में नमः जोड़े।

हृदय में ॐ आधारशक्तये नमः। ॐ प्रकृतये नमः। ॐ कूर्माय नमः। ॐ अनन्ताय नमः। ॐ पृथिव्यै नमः। ॐ क्षीरसमुद्राय नमः। ॐ श्वेतद्वीपाय नमः। ॐ मणिमण्डपाय नमः। ॐ कल्पवृक्षाय नमः। ॐ मणिवेदिकायै नमः। ॐ रत्नसिंहासनाय नमः।

१. दक्षिण कन्धे में—ॐ धर्माय मनः
२. वाम कन्धे में—ॐ अधर्माय नमः
३. बाँयीं जांघ में—ॐ वैराग्याय नमः
४. दाँयीं जांघ में—ॐ ऐश्वर्याय नमः
५. मुख में—ॐ अधर्माय नमः
६. बाँयें पार्श्व में—ॐ अज्ञानाय नमः
७. नाभि में—ॐ वैराग्याय नमः
८. दक्षिणपार्श्व में—ॐ अनैश्वर्याय नमः

फिर हृदय में—ॐ अनन्ताय नम:। ॐ पद्माय नम:। ॐ सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नम:। ॐ उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नम:। रं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नम:। सं सत्त्वाय नम:। रं रजसे नम:। तं तमसे नम:। आं आत्मने नम:। अं अन्तरात्मने नम:। पं परमात्मने नम:। ह्रीं ज्ञानात्मने नम:।

फिर पूर्वादि केशरों में कल्पोक्त पीठशक्तियों का पूजन करके मध्य में पीठमन्त्र की पूजा करे।

पूर्वादि दिशाओं का नियम यामल के अनुसार यह है कि पूज्य और पूजक का मध्य स्थान पूर्व, उसका दक्षिण दक्षिण, उसका उत्तर उत्तर और उसके पीछे का भाग पश्चिम होता है।

ऋष्यादिन्यास:

ऋषिस्तु—

महेश्वरमुखाज्ज्ञात्वा यः साक्षात्तपसा मनुम्।
संसाधयति शुद्धात्मा स तस्य ऋषिरीरितः।
गुरुत्वान्मस्तके चास्य न्यासस्तु परिकीर्त्तितः॥
सर्वेषां मन्त्रतत्त्वानां छादनाच्छन्द उच्यते।
अक्षरत्वात्पदत्वाच्च मुखे छन्दः समीरितम्॥
सर्वेषामेव जन्तूनां भाषणात्प्रेरणात्तथा।
हृदयाम्भोजमध्यस्था देवता तत्र तां न्यसेत्॥
ऋषिच्छन्दोऽपरिज्ञानान्न मन्त्रफलभाग्भवेत्।
दौर्बल्यं याति मन्त्राणां विनियोगमजानताम्॥

तन्त्रान्तरे—

ऋषिं न्यसेन्मूर्ध्निदेशे छन्दस्तु मुखपङ्कजे।
देवतां हृदये चैव बीजन्तु गुह्यदेशके।
शक्तिञ्च पादयोश्चैव सर्वाङ्गे कीलकं न्यसेत्॥

ततस्तु तत्तन्मन्त्रोक्तन्यासान् कुर्यात्। तदुक्तं कुलार्णवे—

आगमोक्तेन विधिना नित्यं न्यासं करोति यः।
देवताभावमाप्नोति मन्त्रसिद्धिः प्रजायते॥
यो न्यासकवचच्छन्नो मन्त्रं जपति तं प्रिये।
दृष्ट्वा विघ्नाः पलायन्ते सिंहं दृष्ट्वा यथा गजाः॥
अकृत्वा न्यासजालं यो मूढत्वात्प्रजपेन्मनुम्।
सर्वविघ्नैः स वध्यः स्याद्व्याघ्रैर्मृगशिशुर्यथा॥

ऋष्यादि न्यास—ऋषि उसे कहते हैं, जो महादेव के मुख से सुनकर मन्त्र की साधना करता है। जो शुद्ध आत्मा है। इसका न्यास मस्तक पर किया जाता है। सभी मन्त्रतत्त्वों को आच्छादित करने से छन्द कहते हैं। अक्षर से पद से छन्द का न्यास मुख में किया जाता है। सभी जीवों में बोली से ही प्रेरणा होती है। इसलिये इसका न्यास हृदयकमल में होता है। ऋषि-छन्द के ज्ञान से मन्त्रफल प्राप्त होता है। विनियोग की अज्ञानता से मन्त्र में दुर्बलता आती है।

तन्त्रान्तर के अनुसार ऋषि का न्यास मूर्धा पर, छन्द का मुख में, देवता का हृदय में, बीज का गुह्यदेश में, शक्ति का पाँवों में एवं कीलक न्यास सर्वाङ्ग में करना चाहिये।

कुलार्णव की उक्ति है कि आगमोक्त विधि से जो नित्य न्यास करता है, उसे देवताभाव प्राप्त होता है और मन्त्रसिद्धि मिलती है। जो न्यास-कवच से युक्त होकर मन्त्र-जप करता है, उसे देखकर विघ्न वैसे ही भाग जाते हैं, जैसे सिंह को देखकर हाथी भाग जाते हैं। न्यासजाल के विना जो मूढ़तावश मन्त्रजप करता है, उसे सभी विघ्नों की बाधा का सामना करना पड़ता है।

षडङ्गन्यासे अङ्गुलिनियमस्तु—

त्रिद्व्येकदशकत्रिद्विसंख्यया शैलसम्भवे।

अंगुलीनामिति वचनादिति सर्वत्र साधारणम्। यामले—

हृदयं मध्यमानामातर्जनीभिः स्मृतं शिरः ।
मध्यमातर्जनीभ्यां स्यादङ्गुष्ठेन शिखा तथा ॥
दशभिः कवचं प्रोक्तं तिसृभिर्नेत्रमीरितम् ।
प्रोक्तांगुलीभ्यामन्त्रं स्यादङ्गक्लृप्तिरियं मता ॥ इति।

तिसृभिस्तर्जनीमध्यमानामाभिः।

तर्जनीमध्यमानामा प्रोक्ता नेत्रत्रये क्रमात् ।
यदि नेत्रद्वयं प्रोक्तं तदा तर्जनीमध्यमे ॥

इति राघवभट्टधृतवचनात्।

हृदयादिषु विन्यस्येदङ्गमन्त्रांस्ततः सुधीः ।
हृदयाय नमः पूर्वं शिरसे वह्निवल्लभा ।
शिखायै वषडित्युक्तं कवचाय हुमीरितम् ॥
नेत्रत्रयाय वौषट् स्यादस्त्राय फडिति क्रमात् ।
षडङ्गमन्त्रानित्युक्तान् षडङ्गेषु नियोजयेत् ॥
पञ्चाङ्गानि मनोर्यत्र तत्र नेत्रमनुं त्यजेत् ।

इति शारदावचनम्। वैष्णवे तु—

अनङ्गुष्ठा ऋजवो हस्तशाखा भवेन्मुदा हृदये शीर्षकेऽपि च
अधोऽङ्गुष्ठा खलु मुष्टिः शिखायां करद्वन्द्वाङ्गुलयो वर्मणि स्युः ।
नाराचमुष्ट्युद्धृतबाहुयुग्मकांगुष्ठतर्जन्युदितो ध्वनिस्तु
विश्वग्विषक्तः कथितास्त्रमुद्रा यत्राक्षिणी तर्जनीमध्यमे च ॥
नेत्रत्रयं यत्र भवेदनामा षडङ्गमुद्रा कथिता यथावत् ॥
अङ्गहीनस्य मन्त्रस्य स्वेनेवाङ्गानि कल्पयेत् ।

तथा च ब्रह्मयामले—

स्वनामाद्यक्षरं बीजं सर्वेषामभिधीयते ॥

ततस्तत्तत्कल्पोक्तमुद्रां प्रदर्श्य ध्यानं कृत्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कुर्यात्। तथा च सनत्कुमारतन्त्रे—

अकृत्वा मानसं यागं न कुर्याद्बहिरर्चनम् ।

शङ्खस्थापनन्तु दीक्षाप्रकरणे उक्तम्।

षडंगन्यास-अंगुलिनियम—साधारण नियमानुसार तीन, दो, एक, दश, तीन, दो अंगुलियों से न्यास होता है। यामल के अनुसार हृदय में मध्यमा, अनामिका एवं तर्जनी से न्यास करे। मध्यमा और तर्जनी से मस्तक में, अंगूठे द्वारा शिखा में, सभी अंगुलियों से कवच-न्यास, तर्जनी, मध्यमा और अनामिका से नेत्र में तथा तर्जनी और मध्यमा से करतल में न्यास करे। यदि देवता त्रिनेत्र हो तो तर्जनी, मध्यमा, अनामिका द्वारा और यदि द्विनेत्र हो तो तर्जनी, मध्यमा द्वारा उस स्थान में न्यास करे। हृदयाय नमः, शिरसे स्वाहा, शिखायै वषट्, कवचाय हुम्, नेत्रत्रयाय वौषट्, अस्त्राय फट् से न्यास करे। शारदातिलक के अनुसार जहाँ पञ्चाङ्ग न्यास का विधान हो, वहाँ नेत्र को छोड़कर शेष स्थानों में न्यास करे। विष्णु की साधना में अंगुष्ठहीन सारे करतल से हृदय और मस्तक में न्यास करे। अंगुष्ठमध्यगत मुट्ठी से शिखा में, दोनों हाथों की सभी अंगुलियों से कवच में और तर्जनी एवं मध्यमा द्वारा नेत्र में न्यास करे। नाराचमुद्रा द्वारा दोनों बाहु मुष्टि ऊपर उठाकर अंगुष्ठ और तर्जनी से मस्तक के चारो ओर करतल से ध्वनि करे। ब्रह्मयामल का कथन है कि जहाँ अंगन्यास के मन्त्र का निर्देश न हो, वहाँ देवता के नाम के पहले अक्षर से न्यास करे।

इस प्रकार न्यासादि करने के बाद देवता के कल्प के अनुसार मुद्रायें दिखाकर ध्यान करे। तत्पश्चात् मानस पूजन करके शंखस्थापन करे।

सनकुमारतन्त्र के वचनानुसार मानस-पूजन के विना बाह्य पूजन न करे। शंख-स्थापन की विधि दीक्षा प्रकरण में अंकित है। सूर्य और शिव की पूजा में शंख में विशेषार्घ्यस्थापन निषिद्ध है।

ततः शरीरे धर्मादिपूजा। तथा च शारदायाम्—

न्यासक्रमेण देहेषु धर्मादीन् पूजयेत्ततः ।
पुष्पाद्यैः पीठमन्वन्तं तस्मिंश्च परदेवताम् ॥

इति दर्शनाच्छरीरे पीठपूजा। ततः पीठपूजा। पीठस्योत्तरे गुरुपंक्तीः पूजयेत्। यथा—वायव्यादीशपर्यन्तं ॐ गुरुभ्यो नमः, ॐ परमगुरुभ्यो नमः, ॐ परापरगुरुभ्यो नमः, ॐ परमेष्ठिगुरुभ्यो नमः। त्रिपुरादौ तु विशेषगुरुपूजा वक्तव्या। ततः पीठमध्ये ॐ आधारशक्तये नमः। एवं प्रकृतये, कूर्माय, शेषाय, पृथिव्यै, क्षीरसमुद्राय, श्वेतद्वीपाय, मणिमण्डपाय, कल्पवृक्षाय, मणिवेदिकायै, रत्नसिंहासनाय। अग्निकोणे धर्माय। निर्ऋतिवाय्वीशानेषु ज्ञानं वैराग्यं ऐश्वर्यञ्च पूजयेत्। ततः पूर्वादिचर्तुदिक्षु अधर्माज्ञानावैराग्यानैश्वर्यान् पूजयेत्। मध्ये अनन्तादि ह्रीं ज्ञानात्मने नमः। इत्यन्तं सम्पूज्य पूर्वादिकेशरेषु मध्ये तत्तत्कल्पोक्तपीठशक्तीः सम्पूज्य मध्ये पीठमनुं प्रपूजयेत्। क्रमदीपिकायाम्—

वायव्यादीशपर्यन्तं अर्च्या पीठस्योत्तरे गौरवी पंक्तिरादौ ।
पूज्योऽन्यत्राप्याम्बिकेयः कराब्जैः पाशं दण्डं सृण्यभीती दधानः ॥
आरभ्याधारशक्त्याद्यमरचरणपावध्यतो मध्यभागे
धर्मादीन् वह्निरक्षःपरमशिवगतान्दिक्ष्वधर्मादिकांश्च ।
मध्ये शेषाब्जविम्बत्रितयगुणगुणात्मस्त्रजं केशराणां
मध्ये मध्ये च शक्तीर्नव समभियजेत्पीठमन्त्रेण भूयः ॥

तारादिविद्यादौ तु विशेषो वक्तव्यः। पूर्वादिदिङ्नियमस्तु यामले—

पूज्यपूजकयोर्मध्यं प्राचीति कीर्त्त्यते बुधैः ।
तद्दक्षिणं दक्षिणं स्यादुत्तरं चोत्तरं स्मृतम् ।
पृष्ठन्तु पश्चिमं ज्ञेयं सर्वत्रैवं प्रयोजयेत् ।

स्पष्टमाह शाम्भवीये—

स्वसम्मुखं भवेत्प्राची देवीपृष्ठन्तु पश्चिमम् ।
सव्यञ्च दक्षिणं विद्याद्दक्षिणञ्चोत्तरं मतम् ॥

भावचूडामणौ—

साधकेच्छावशाद्देवि सर्वदिङ्मुखदेवता ।
रात्रावुदङ्मुखः कुर्याद्देवकार्यं सदैव हि ।
शिवार्चनं सदाप्येवं शुचिः कुर्यादुदङ्मुखः ॥

विष्णुविषये वाराहीये—

स्नातः शुक्लाम्बरधरः स्वाचान्तः पूर्वदिङ्मुखः ।
अनेन विधिना मन्त्री पूर्वादौ पूजनं चरेत् ॥

पीठपूजा—तदनन्तर अपने शरीर में धर्मादि की पूजा करे। शारदातिलक में लिखा है कि पीठन्यास क्रम से फूलों से देवता-शरीर में धर्म से उस देवता की पीठशक्ति तक की पूजा करे। तब उसके ऊपर देवता का पूजन करे। क्रमदीपिका में वर्णन है कि पीठ के उत्तर भाग में वायुकोण से ईशानकोण तक गुरुपंक्ति की पूजा करे—ॐ गुरुभ्यो नमः, ॐ परमगुरुभ्यो नमः। ॐ परापरगुरुभ्यो नमः। ॐ परमेष्ठिगुरुभ्यो नमः। त्रिपुरा आदि से सम्बन्धित विशेष गुरुपूजा का वर्णन आगे किया जायगा।

अब पीठपूजा करे। सभी मन्त्रों के आदि में ॐ और अन्त में नमः जोड़कर पूजा करे। पीठमध्य में—ॐ आधारशक्तये नमः। ॐ प्रकृतये नमः। ॐ कूर्माय नमः। ॐ शेषाय नमः। ॐ पृथिव्यै नमः। ॐ क्षीरसागराय नमः। ॐ श्वेतद्वीपाय नमः। ॐ मणिमण्डपाय नमः। ॐ कल्पवृक्षाय नमः। ॐ मणिवेदिकायै नमः। ॐ रत्नसिंहासनाय नमः। अग्निकोण में ॐ धर्माय नमः। नैर्ऋत्य कोण में ॐ ज्ञानाय नमः। वायव्य कोण में ॐ वैराग्याय नमः। ईशान कोण में ॐ ऐश्वर्याय नमः। पूर्व में ॐ अधर्माय नमः। दक्षिण में ॐ अज्ञानाय नमः। पश्चिम में ॐ अवैराग्याय नमः। उत्तर में ॐ अनैश्वर्याय नमः। मध्य में ॐ अनन्ताय नमः। ॐ पद्माय नमः। अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः। उं सोममण्डलाय षोड़शकलात्मने नमः। रं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः। सं सत्त्वाय नमः। तं तमसे नमः। रं रजसे नमः। आं आत्मने नमः। अं अन्तरात्मने नमः। पं परमात्मने नमः। ह्रीं अज्ञानात्मने नमः। तत्पश्चात् केशर की पूर्वादि दिशाओं में कल्पोक्त पीठशक्तियों की पूजा करके मध्य में पीठमन्त्र की पूजा करे।

क्रमदीपिकातन्त्र में लिखा है कि वायव्य से ईशान तक पीठ के उत्तर भाग में गुरुपंक्ति का पूजन करे। अन्य पूज्यों में अम्बिका के हाथों में कमल, पाश, दण्ड, माला और अभयमुद्रा का पूजन करे। मध्य भाग में आधारशक्ति से पूजन प्रारम्भ करे। अग्निकोण में धर्मादि, नैर्ऋत्य में परमशिव अधर्मादि का पूजन करे। मध्य में शेष अब्ज बिम्बत्रितय गुणागुण। बीच में नव शक्तियों का पीठमन्त्र से पूजन करे। तारा आदि विद्याओं के बारे में आगे बतलाया जायगा।

यामल के अनुसार पूर्वादि दिशाओं का नियम है कि पूज्य और पूजक के मध्य में पूर्व, उसका दक्षिण दक्षिण, उसका उत्तर उत्तर तथा उसके पीछे का भाग पश्चिम होता है। शाम्भवतन्त्र के अनुसार अपने सम्मुख भाग को पूर्व, देवता के पृष्ठ भाग को पश्चिम, वाम भाग को दक्षिण और दक्षिण भाग को उत्तर माने। भावचूड़ामणि के अनुसार साधक की इच्छानुसार देवता सभी दिशाओं में मुख कर स्थिर रहता है। रात में साधक उत्तरमुख होकर देवकार्य कर सकता है। शिवपूजन सदैव उत्तरमुख होकर करे।

विष्णु से सम्बन्धित पूजा में वाराही तन्त्र का मत है कि स्नान करके श्वेत वस्त्र पहन कर आचमन करके पूर्वमुख होकर देवकार्य करे।

अविशेषे यन्त्रनियमस्तु मत्स्यसूक्ते—

अनुक्तकल्पे यन्त्रन्तु लिखेत्पद्मं दलाष्टकम् ।
षट्कोणकर्णिकं तत्र वेदद्वारोपशोभितम् ।।

ततः पुनर्ध्यात्वा दीक्षापद्धत्युक्तक्रमेण आवाहनादि प्राणप्रतिष्ठान्तं कर्म कुर्यात्।

यन्त्राङ्कन—मत्स्यसूक्त में वर्णन है कि जहाँ यन्त्र का उल्लेख न हो, वहाँ षट्कोणविशिष्ट कर्णिका अंकित करके उसके बाहर अष्टदल पद्म और चतुर्द्वारयुक्त भूपर से यन्त्र बना ले। तब ध्यान करके दीक्षा-पद्धति में लिखी विधि के अनुसार आवाहन से लेकर प्राण-प्रतिष्ठापर्यन्त सभी कार्य करे।

आवाहने तु विशेषो यथा आगमकल्पद्रुमे—

मूलमन्त्रं समुच्चार्य सुषुम्नावर्त्मना सुधीः ।
आनीय तेजः स्वस्थानान्नासिकारन्ध्रनिर्गतम् ।।
करस्थमातृकाम्भोजे चैतन्यं पुष्पसञ्चये ।
संयोज्य यन्त्रमध्ये तत्संस्थाप्यावाहयेत्ततः ।।

ततः षोडशोपचारैः पञ्चोपचारैर्वा पूजयेत्। षोडशोपचारनियमस्तु—

आसनं स्वागतं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयकम् ।
मधुपर्काचमनस्नानवसनाभरणानि च ।।
सुगन्धसुमनोधूपदीपनैवेद्यवन्दनम् ।
प्रयोजयेदर्चनायामुपचारस्तु षोडशः ।।

अथवा एषामप्यभावे पञ्चोपचारान् कल्पयेत्—

गन्धादयो नैवेद्यान्ता पूजा पञ्चोपचारिका । इति।

विष्णुविषये तु—

अर्घ्याद्याः पञ्चपञ्चैव गन्धाद्या इति भेदतः ।
प्रयोजयेदर्चनायामुपचारान् दश क्रमात् ।।

ततः पुष्पपर्यन्तमुपचारं तत्तन्मन्त्रेण दत्त्वा षडङ्गेन पूजयेत्। पुष्पदाने तु विशेषः—

पुष्पं वा यदि वा पत्रं फलं नेष्टमधोमुखम् ।
दुःखदं तत्समाख्यातं यथोत्पन्नं तथार्पणम् ।
अधोमुखं फलं नेष्टं पुष्पाञ्जलिविधौ न च ।।

सर्वस्वद्रव्यदानेऽयं क्रमः—

आदौ मूलं ततो द्रव्यं देवतायै ततः पदम् ।

श्रीतत्त्वचिन्तामणौ—

हृद्वह्निवल्लभातोयमन्त्रं पाद्यादिषु क्रमात् ।
नमो वौषट् गन्धपुष्पे हृदान्यानि निवेदयेत् ।।

मूलमुच्चार्य एतत्पाद्यं अमुकदेतायै नमः इत्यादिना दद्यात्। ततो मूर्द्धहृद्गुह्य-पादसर्वाङ्गकेषु मूलेन पञ्चपुष्पाञ्जलीन् दत्त्वा तत्तत्कल्पोक्तावरणपूजां कुर्यात्। तथा च—

पञ्चपुष्पाञ्जलीन् दत्त्वा परिवारार्चनं चरेत् ।

इति भट्टः। ततो धूपदीपौ दद्यात्।

इष्टदेव का आवाहन-पूजन—आवाहन के सम्बन्ध में आगमकल्पद्रुम का मन्तव्य है कि साधक मूल मन्त्र का उच्चारण करके सुषुम्ना मार्ग से चैतन्यरूप तेज को स्वस्थान से लाकर नासिकारन्ध्र द्वारा निकाले। अपने करस्थित मातृकापद्म में पुष्पपुञ्ज के ऊपर संयोजित करे। फिर यन्त्र के मध्य में इस तेजयुक्त पुष्प की स्थापना करके आवाहन करे।

इसके बाद षोड़शोपचार या पञ्चोपचार से पूजन करे। षोडश उपचारों में ये हैं— आसन, स्वागत, पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, मधुपर्क, आचमनीय, स्नानीय, वस्त्र, अलंकार, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य और नमस्कार।

सोलह उपचारों के उपलब्ध न होने पर पाँच उपचारों से पूजा करे। पाँच उपचारों में—गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य माने जाते हैं। विष्णुपूजन में अर्घ्य, पाद्य, आचमनीय, मधुपर्क, स्नानीय, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य—ये दश उपचार होते हैं।

देवता के मूल मन्त्र से पुष्पपर्यन्त उपचारों को प्रदान करके षडंगपूजन षडंग मन्त्रों से करे। पुष्प प्रदान करने में विशेष नियम यह है कि पुष्प-पत्र-फल अधोमुख प्रदान न करे। ऐसा करने से साधक दुःख का भागी होता है; किन्तु पुष्पाञ्जलि देने में इस नियम का पालन आवश्यक नहीं है।

श्रीतत्त्वचिन्तामणि के अनुसार मूल मन्त्र का उच्चारण करके द्रव्यनाम ले, तब अमुकदेवतायै बोले। पाद्य में नमः, अर्घ्य में स्वाहा, गन्ध में नमः, पुष्प में वौषट् और अन्य उपचारों में नमः लगाकर समर्पण करे। यथा—मूलं एतत् पाद्यं अमुकदेवतायै नमः।

इसके बाद देवता के मस्तक, हृदय, गुह्य, पाद और सर्वांग में मूल मन्त्र से एक-एक पुष्पाञ्जलि प्रदान करे। तब पद्धति के अनुसार आवरण-पूजन करे। पाँच पुष्पाञ्जलि देकर परिवार-अर्चन करे, तब धूप-दीपादि से पूजन करे।

तद्यथा—जयध्वनि-मन्त्रमातः स्वाहेति पुष्पाक्षतैर्घण्टां सम्पूज्य, वामहस्तेन तां वादयन्, तत्तन्मन्त्रेण नीचैर्धूपं एवं दृष्टिपर्यन्तं दीपं दद्यात्। ततो मूलेन पुष्पाञ्जलित्रयं दत्त्वा, नैवेद्यमानीय, फडिति सम्प्रोक्ष्य, चक्रमुद्रया अभिरक्ष्य, तदुपरि मूलमष्टधा

जप्त्वा धेनुमुद्रया अमृतीकृत्य, मूलमुच्चार्य नैवेद्यं दद्यात्।

यत्तोयमर्घ्यपात्रस्य तदादाय निवेदयेत् ।
अन्यतोयैर्यदुत्सृष्टमर्घ्यपात्रस्थितेतरैः ।
न गृह्णाति महादेवो दत्तं विधिशतैरपि ॥

इति वचनादुपचारानर्घ्यपात्रस्थजलेनोत्सृज्य दद्यात्। ततः पुनराचमनीयं दत्त्वा ताम्बूलादीन् दद्यात्। वैष्णवे तु नैवेद्ये विशेषो वक्तव्यः। ततः सपरिवारां देवतां गन्धादिभिरभ्यर्च्य, नृत्यगीतैर्देवं सन्तोष्य, जयजयेत्युक्त्वा, विशेषार्घ्यं दत्त्वा पुष्पाञ्जलिं दद्यात्। दाने तु—आदौ मूलं ततो द्रव्योल्लेखः ततः सम्प्रदानं ततस्त्यागार्थकं पदमिति सर्वत्र। तथा च कुलार्णवे—

आदौ मूलं समुच्चार्य पश्चाद्देयं समुच्चरेत् ।
सम्प्रदानं तदन्ते तु त्यागार्थकपदन्ततः ।
एवं क्रमेण देवेशि उपचारान् प्रकल्पयेत् ॥

मन्त्रान्ते कर्मसन्निपात इति न्यायात्। ततश्चुल्लुकोदकमादाय ॐ इतः पूर्वं प्राणबुद्धिदेहधर्माधिकारतो जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थासु मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्ना यत्स्मृतं यदुक्तं यत्कृतं तत्सर्वं ब्रह्मार्पणं भवतु स्वाहा, मां मदीयं सकलं सम्यगमुकदेवतायै समर्पयेत् ॐ तत्सत्। नमस्कारानन्तरं वा। ततोऽष्टोत्तरसहस्रं शतं वा जप्त्वा—

ॐ गुह्यातिगुह्यगोप्ता त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम् ।
सिद्धिर्भवतु मे देव त्वत्प्रसादात्त्वयि स्थिते ॥

अन्यत्र गोप्त्री देवीति विशेषः। इति जपं समर्प्य स्तुत्वा नत्वाऽष्टाङ्गप्रमाणं कुर्यात्। अष्टाङ्गप्रणामो यथा—

पद्भ्यां कराभ्यां जानुभ्यामुरसा शिरसा दृशा ।
वचसा मनसा चैव प्रणामोऽष्टाङ्ग ईरितः ॥
बाहुभ्याञ्चैव जानुभ्यां शिरसा वचसा दृशा ।
पञ्चाङ्गोऽयं प्रणामः स्यात्पूजासु प्रवराविमौ ॥
भूमौ निपत्य यः कुर्यात्कृष्णेऽष्टाङ्गनतिं सुधीः ।
सहस्रजन्मजं पापं त्यक्त्वा वैकुण्ठमाप्नुयात् ॥

तथा च—

वेदविद्भ्यो धरां दत्त्वा यत्फलं लभते नरः ।
तत्फलं लभते भक्त्या कृष्णे कृत्वा प्रदक्षिणम् ॥

कृष्ण इत्युपलक्षणम्। विश्वसारे—

शङ्खहस्तेन सर्वत्र प्रदक्षिणं प्रकीर्त्तितम् ।

नतिविशेषस्तु यामले—

त्रिकोणकारा सर्वत्र नतिः शक्तेः प्रकीर्त्तिता ।
दक्षिणद्वारवीं गत्वा दिशस्तस्माच्च शाम्भवीम् ।
ततश्च दक्षिणं गत्वा नमस्कारस्त्रिकोणवत् ।।
अर्द्धचन्द्रं महेशस्य पृष्ठतश्च समीरिता ।
शिवप्रदक्षिणे मन्त्री अर्द्धचन्द्रक्रमेण तु ।
सव्यासव्यक्रमेणैव सोमसूत्रं न लङ्घयेत् ।।

सोमसूत्रं जलनिःसरणस्थानम्।

प्रसार्य दक्षिणं हस्तं स्वयं नम्रशिराः पुनः ।
दर्शयेद्दक्षिणं पार्श्वं मनसाऽपि विचक्षणः ।
त्रिधा च वेष्टयेत्सम्यग्देवतायाः प्रदक्षिणे ।।
एकहस्तप्रणामश्च एकं वाऽपि प्रदक्षिणम् ।
अकाले दर्शनं विष्णोर्हन्ति पुण्यं पुराकृतम् ।।

ततो देवताङ्गे आवरणदेवता विलाप्य, क्षमस्वेति विसर्जनं कृत्वा, संहारमुद्रया तत्तेजःपुष्पैः सार्द्धमाघ्राय स्वहृदयमानयेत्। पुरश्चरणचन्द्रिकायाम् 'क्षमस्वे'ति वदन् मूलमन्त्रेण व्यापकं त्रिश इति वचनाद्विसर्जनान्तरं व्यापकं कुर्यात्। तथा च—

निधाय देवतां पश्चात्स्वीयहृत्सरसीरुहे ।
सुषुम्नावर्त्मना पुष्पमाघ्रायोद्वासयेत्ततः ।।

जैसे कि 'ॐ जयध्वनिमन्त्रमातः स्वाहा' मन्त्र से घण्टा का पूजन करके बाँयें हाथ से घण्टे को बजाते हुए धूप-पात्र को अधोमुख करके धूप प्रदान करे। दीपक को ऊर्ध्वमुख करके मन्त्र से दीपदान करे। इसके बाद मूल मन्त्र से तीन पुष्पाञ्जलियाँ देकर नैवेद्य लाकर 'फट्' से जल के द्वारा अभ्युक्षण करे। चक्रमुद्रा से संरक्षण करे। नैवेद्य के ऊपर मूल मन्त्र का आठ जप करके धेनुमुद्रा से अमृतीकरण करे। तब मूल मन्त्र से नैवेद्य निवेदित करे। निवेदनीय सभी द्रव्यों को अर्घ्य जल से प्रोक्षित करने के बाद प्रदान करे। सभी द्रव्य अर्घ्य जल से उत्सर्ग करते हुए प्रदान करे। अन्य जल से उत्सर्गकृत द्रव्य को महादेवी ग्रहण नहीं करतीं।

इसके बाद पुनराचमनीय देकर पीने का जल और ताम्बूल आदि प्रदान करे। विष्णु के सम्बन्ध में नैवेद्य का जो विशेष नियम है, वह उनके प्रकरण में लिखा जायगा।

तदनन्तर परिवारसहित देवता का फिर गन्धादि से पूजन करे। नाच-गान के द्वारा

देवता को सन्तुष्ट करते हुए 'जय-जय' बोलकर विशेषार्घ्य और पुष्पाञ्जलि प्रदान करे। द्रव्य-समर्पण में पहले मूल मन्त्र, तब द्रव्य, तब त्याग पद बोले। इसके बाद आत्मसमर्पण करे। इसकी विधि यह है कि हाथ में गण्डूष-परिमित जल लेकर निम्न मन्त्र से समर्पित करे— ॐ इत: पूर्वं प्राणबुद्धिदेहधर्माधिकारतो मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिरसा यत् स्मृतं यदुक्तं यत् कृतं तत् सर्वं ब्रह्मार्पणं भवतु स्वाहा, मां मदीयसकलं सम्यगमुकदेवतायै समर्पये ॐ तत्सत्।

एक मत यह भी है कि नमस्कार के बाद आत्मसमर्पण करे। इसके बाद एक हजार आठ या एक सौ आठ बार मूल मन्त्र का जप करके निम्न मन्त्र से जप को समर्पित करे—

ॐ गुह्यातिगुह्यगोप्ता त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देव त्वत्प्रसादात् त्वयि स्थिते।।

देवी-मन्त्र के जपसमर्पण में 'गोप्ता' के स्थान पर गोप्त्री' और 'देव' के स्थान पर 'देवी' का प्रयोग करे। इसके बाद स्तोत्रपाठ करके साष्टांग-प्रणाम करे। पैरों, हाथों, घुटनों, वक्ष, मस्तक, नेत्र, वाक् तथा मन—इन आठ अंगों से किये जाने वाले प्रणाम को अष्टांग कहते हैं। घुटनों, भुजाओं, मस्तक, वाक् और नेत्र से पञ्चाङ्ग प्रणाम होता है। पूजनादि में यही दोनों प्रशस्त हैं। इन अंगों को भूमि से सटाकर प्रणाम करना होता है। इन प्रणामों द्वारा सहस्र जन्म के पापों से मुक्त होकर साधक वैकुण्ठ प्राप्त करता है।

वेदवेत्ता ब्राह्मण को भूमिदान करने से जो फल होता है, भक्तिपूर्वक प्रदक्षिणा करके देवता को प्रणाम करने से वही फल प्राप्त होता है।

विश्वसार में लिखा है कि हाथ में शंख लेकर सर्वत्र देवता की प्रदक्षिणा करे। यामल में लिखा है कि शक्तिदेवता को त्रिकोणाकार नमस्कार करे अर्थात् देवता की दक्षिण दिशा में वायुकोणपर्यन्त जाकर फिर दक्षिण में वापस आ जाय। शिव को अर्द्धचन्द्राकार प्रदक्षिणा करके प्रणाम करे। सोमसूत्र अर्थात् जलहरी का उल्लंघन न करे।

अन्यान्य देवताओं के सम्बन्ध में यह नियम है कि दाँयाँ हाथ फैलाकर नत शिर होकर दक्षिण पार्श्व को दिखाते हुए तीन बार देवता का वेष्टन करके प्रदक्षिणा करे।

जो व्यक्ति देवता को एक हाथ से प्रणाम करता है अथवा एक बार प्रदक्षिणा करता है या असमय में देवता का दर्शन करता है, उसका पूर्व सञ्चित पुण्य नष्ट हो जाता है।

इसके बाद यह भावना करे कि देवता के शरीर में आवरण देवता विलीन हो गये हैं। फिर 'क्षमस्व' कहकर विसर्जन करे। इसके लिये संहारमुद्रा से एक फूल लेकर उसे सूंघते हुए उस पुष्पसहित देवता के तेज को अपने हृदय में ले आवे।

पुरश्चरणचन्द्रिका में वर्णन है कि 'क्षमस्व' कहकर तीन बार व्यापक न्यास करे। इसका अर्थ यह समझना चाहिये कि विसर्जन के बाद व्यापक न्यास करे। फूल को सूंघते

हुए सुषुम्ना नाड़ी से देवता को ले जाकर अपने हृदयकमल में स्थापित करे।

ततः ऐशान्यां त्रिकोणमण्डलं कृत्वा निर्माल्यशेषं दद्यात्। विष्णौ तु—ॐ विष्वक्सेनाय नमः। शक्तौ—ॐ शेषिकायै नमः। शिवे—ॐ चण्डेश्वराय नमः। सूर्ये—ॐ तेजश्चण्डाय नमः। गणेशे—ॐ उच्छिष्टगणेशाय नमः। कालिकादौ—ॐ उच्छिष्टचाण्डालिन्यै नमः। तथा च—

विष्वक्सेनः स्मृतो विष्णोस्तेजश्चण्डो विवस्वतः। इत्यादि।

तथा च निबन्धे—

सूर्ये गणपतावुग्रे शाक्ते शैवेऽथ वैष्णवे।
तेजश्चण्डमखोच्छिष्टसोजमुच्छिष्टपूर्विकाम्।
चाण्डालीं शेषिकां चण्डं विष्वक्सेनं क्रमाद्यजेत्।।

सोज इति उमा शम्भुना सह वर्त्तते इति सो—दुर्गा तज्जो गणेशः। ततः पादोदकं पीत्वा नैवेद्यं किञ्चित्स्वीकृत्य अन्यद्यथायोग्याय दत्त्वा यथासुखं विहरेदिति। मत्स्यसूक्ते—

अनिवेद्यं न भुञ्जीत मत्स्य-मांसादिकञ्च यत्।
अन्नं विष्ठा पयो मूत्रं यद्विष्णोरनिवेदितम्।।

विष्णोरिति तत्तद्देवतापरम्। तथा च भैरवतन्त्रे—

हृदये च बहिर्देवीं समर्प्य विधिवत्ततः।
निर्माल्यञ्च शुचौ देशे नैवेद्यं भक्षयेत्सुधीः।।

तन्त्रान्तरे—

निर्माल्यं शिरसा धार्यं सर्वाङ्गे चानुलेपनम्।
नैवेद्यं चोपभुञ्जीत दत्त्वा तद्भक्तिशालिने।।
देवतार्चावशिष्टं यत्सलिलं शङ्खमध्यगम्।
अङ्गलग्नं मनुष्याणां ब्रह्महत्यां व्यपोहति।।

तत्पश्चात् ईशानकोण में त्रिकोण मण्डल बनाकर उसमें निर्माल्य अर्पण करे। विष्णुमन्त्र के सम्बन्ध में ॐ विष्वक्सेनाय नमः से, शक्तिविषयक मन्त्र में ॐ शेषिकायै नमः से, शिव से सम्बन्धित पूजन में ॐ चन्द्रेश्वराय नमः से, सूर्य से सम्बन्धित पूजन में ॐ तेजश्चण्डाय नमः से, गणेशविषयक पूजन में ॐ उच्छिष्टगणेशाय नमः से, कालकादि-विषयक पूजन में ॐ उच्छिष्टचाण्डालिन्यै नमः से निर्माल्य-पुष्पों से पूजन करे। इसके बाद चरणोदक का पान करे। कुछ नैवेद्य ग्रहण करे। योग्य व्यक्ति को कुछ नैवेद्य देकर सुखपूर्वक विहार करे।

सामान्य पूजन यन्त्र

मत्स्यसूक्त में लिखा है कि मत्स्य, मांस आदि कोई भी वस्तु देवता को निवेदन किए विना नहीं खाना चाहिये। इष्टदेवता को निवेदन के विना अन्न को विष्टा को समान और जलादि पानीय द्रव्य को मूत्र के समान समझना चाहिए। भैरवतन्त्र में लिखा है कि पूजास्थान से बाहर साधक के होने पर यथाविधान देवता को हृदय में समर्पण कर उसके निर्माल्य को ग्रहण करे। पवित्र स्थान में बैठकर नैवेद्य का भोजन करे।

तन्त्रान्तर में लिखा है कि निर्माल्य-पुष्पादि को मस्तक पर धारण करे। निवेदित चन्दन का सर्वांग में विलेपन करे। देवभक्त ब्राह्मणों को नैवेद्य प्रदान करे। तब स्वयं नैवेद्य-भोजन करे। देवता की पूजा से बचा शंखजल शरीर में लगाने से सभी पापों का विनाश हो जाता है।

इति सामान्यपूजापद्धतिः

●

यामाहुराद्यां प्रकृतिं मुनीन्द्राः पद्मां त्रिशक्तिं गिरमन्नपूर्णाम् ।
नित्याञ्च दुर्गां त्वरितां तथान्यां भजामि नित्यं भुवनेश्वरीं ताम् ।।
अथ वक्ष्ये जगद्धात्रीमधुना भुवनेश्वरीम् ।
ब्रह्मादयोपि तां ज्ञात्वा लेभिरे परमां श्रियम् ।।

तथा भुवनेश्वरीमन्त्राः—

नकुलीशोऽग्निमारूढो वामनेत्रार्द्धचन्द्रवान् ।
बीजन्तस्याः समाख्यातं सेवितं सिद्धिकांक्षिभिः ।।

नकुलीशो हकारः, अग्नी रेफः, वामनेत्रमीकारः, अर्द्धचन्द्रोऽनुस्वारः। भुवनेश्वरी पदार्थमाह दक्षिणामूर्त्तिसंहितायाम्—

व्योमबीजे महेशानि कैलासाद्रिप्रतिष्ठितम् ।
वह्निबीजात्सुवर्णादि निष्पन्नं बहुधा प्रिये ।।
तेनायं वर्त्तते लोको भूमिमण्डलसंस्थितः ।
तूर्यस्वरेण पाताले शेषरूपेण धार्यते ।।
महाभूमण्डलन्तस्मात्पातालस्यापि नायिका।
अतएव महेशानि भुवनाधीश्वरि प्रिये ।।

मतान्तरमाह—

हकारो व्योम तूर्येण स्वरेणानिलसम्भवः ।
विकारे सति रेफेण साक्षाद्वह्निस्वरूपिणी।।
वह्निबीजं वसुधेयं तस्माद्रेफञ्च सुन्दरि ।
अतएव महेशानि सवायोः समता भवेत् ।।
विन्दुचक्रामृताद्देवि प्लावयन्ती जगत्त्रयम् ।
द्रवरूपी भवेत्तस्मात्प्लवन्ती चार्द्धमात्रया ।
अतएव महेशानि भुवनेशीति कथ्यते ।।

विविध देवी मन्त्र—मुनीन्द्रों ने जिसे कमला, त्रिशक्ति, अन्नपूर्णा, सरस्वती, नित्या, त्वरिता, दुर्गा एवं अन्य महाविद्या कहा है, मैं उसी आद्या प्रकृति भुवनेश्वरी की वन्दना करता हूँ। ब्रह्मादि देवताओं ने भी जिसके मन्त्र को जानकर परमश्री को प्राप्त किया था, उसी भुवनेश्वरी के मन्त्र का वर्णन मैं करता हूँ।

नकुलीश (ह), अग्नि (र), वाम नेत्र (ई), अर्द्धचन्द (ं) के एकत्र होने से 'ह्रीं' बीज बनता है। यही भुवनेश्वरी का मन्त्र है।

दक्षिणामूर्त्तिसंहिता में लिखा है कि आकाशवीज हकार में कैलासादि प्रतिष्ठित हैं। वह्निवीज 'रं' से पृथ्वी-स्थित सुवर्णादि निष्पन्न हैं। चतुर्थ स्वर ईकार अनन्त रूप से पाताल में रहकर सारे भूमण्डल को धारण किए हुए हैं। अतएव स्वर्ग, मर्त्य और पाताल भुवनों की इन्हें नायिका मानकर इनको भुवनेश्वरी कहा गया है। मतान्तर से भुवनेश्वरी मन्त्र 'ह्रीं' का अर्थ होता है कि 'ह' से आकाश की और 'ई' से वायु की उत्पत्ति होती है। हकार और ईकार का रकार से सम्मिश्रण होने से यह साक्षात् अग्निरूपा है। अग्निबीज रं से पृथ्वी की उत्पति होती है। बिन्दुचक्र से झरने वाले अमृत से त्रिलोक प्लावित होता है। अत: इसे द्रवरूपिणी कहा गया है। अत: इसी से इसे भुवनेश्वरी कहा जाता है।

भुवनेशीपूजाप्रयोग:

सामान्यपूजापद्धत्युक्तक्रमेण प्रात:कृत्यादिपीठन्यासान्तं कर्म विधाय हृत्पद्मस्य पूर्वादिकेशरेषु मध्ये च पीठशक्तीर्न्यसेत्। तद्यथा—जया विजया अजिता अपराजिता नित्या विलासिनी दोग्ध्री अघोरा मङ्गला। वाक्यन्तु—ॐ जयायै नमः इत्यादि। कर्णिकायां ह्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः।

ततः ऋष्यादिन्यासः—अस्य भुवनेश्वरीमन्त्रस्य शक्तिर्ऋषिर्गायत्रीच्छन्दो भुवनेश्वरी देवता हकारो बीजम् ईकारः शक्तिः रेफः कीलकं चतुर्वर्गसिद्ध्यर्थे विनियोगः। शिरसि ॐ शक्तये ऋषये नमः। मुखे ॐ गायत्र्यै छन्दसे नमः, हृदि ॐ भुवनेश्वर्यै देवतायै नमः, गुह्ये ॐ हं बीजाय नमः, पादयोः ईं शक्तये नमः, सर्वाङ्गे रं कीलकाय नमः। तथा च शारदायाम्—

ऋषिः शक्तिर्भवेच्छन्दो गायत्री देवता मनोः ।
कथिता सुरसंघेन सेविता भुवनेश्वरी ।
हतूर्यबीजशक्ती च कीलकं रेफ उच्यते ॥

ततो मन्त्रन्यासं कुर्यात्। शिरसि ॐ हृल्लेखायै नमः। एवं वदने एं गगनायै नमः, हृदि उं रक्तायै नमः, गुह्ये इं करालिकायै नमः, पादयोः अं महोच्छुष्मायै नमः। एवमूर्ध्वप्राग्याम्योदीच्यपश्चिमेषु मुखेषु तां न्यसेत्। एतासां बीजानि निबन्धे—

हृल्लेखां मूर्ध्नि वदने गगनां हृदयाम्बुजे ।
रक्तां करालिकां गुह्ये महोच्छुष्मां पदद्वये ॥
ऊर्ध्वप्राग्दक्षिणोदीच्यपश्चिमेषु मुखेषु ताः ।
सत्यादि पञ्चह्रस्वाढ्या न्यस्तव्या भूतसम्प्रभाः ॥

भुवनेश्वरी का पूजन—पूर्वोक्त सामान्य पूजा-पद्धति में प्रात:कृत्य से लेकर पीठन्यास तक सभी क्रिया करे। फिर हृदयकमलकेशर में पूर्वादि दिशाओं और मध्य में

पीठशक्तियों का न्यास करे। जैसे—ॐ जयायै नमः। ॐ विजयायै नमः। ॐ अजितायै नमः। ॐ विलासिन्यै नमः। ॐ दोग्ध्र्यै नमः। ॐ अघोरायै नमः। ॐ मंगलायै नमः।

इसके बाद कमल की कर्णिका में 'ह्रीं शक्तिकमलासनाय नमः' से आसन प्रदान करे। इसके बाद विनियोग करे—अस्य भुवनेश्वरीमन्त्रस्य शक्ति ऋषिः गायत्री छन्दः भुवनेश्वरी देवता हकारो बीजं ईकारः शक्तिः रेफः कीलकं चतुर्वर्गसिद्ध्यर्थे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास—शिरसि ॐ शक्तये ऋषये नमः। मुखे ॐ गायत्र्यै छन्दसे नमः। हृदि ॐ भुवनेश्वर्यै देवतायै नमः। गुह्ये ॐ हं बीजाय नमः। पादयोः ॐ ईं शक्तये नमः। सर्वांगे रं कीलकाय नमः।

मन्त्र न्यास—शिरसि ॐ हृल्लेखायै नमः। मुखे ॐ गगनायै नमः। हृदये उं रक्तायै नमः। गुह्ये इं करालिकायै नमः। पादयोः अं महोच्छुष्मायै नमः।

पञ्चभूततुल्य इन्हीं हृल्लेखादि पञ्च देवताओं के आदि में मन्त्रन्यास की विधि से ओं आदि पञ्च ह्रस्व वर्ण (ओं एं उं इं अं) लगाकर सदाशिव के ऊर्ध्व, पूर्व, दक्षिण, उत्तर और पश्चिम मुखों में न्यास करे। ओं ईशानाय नमः। एं सद्योजाताय नमः। उं वामदेवाय नमः। इं तत्पुरुषाय नमः। अं अघोराय नमः।

ततः कराङ्गन्यासौ कुर्यात्—ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः, ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा, ह्रूं मध्यमाभ्यां वषट्, ह्रैं अनामिकाभ्यां हुं, ह्रौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्, ह्रः करतल-करपृष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु ह्रां हृदयाय नमः इत्यादि। तथा च—

षड्दीर्घभाजा बीजेन कुर्यादङ्गक्रियां मनोः ।

स्वच्छन्दसंग्रहे—

स्वरं विहाय बीज तं दीर्घषट्केन योजयेत् ।
षडङ्गानि विधेयानि सर्वत्रायं विधिः स्मृतः ॥

अंगुलिनियमस्तु पूर्वमेवोक्तः। सर्वत्र कराङ्गन्यासे एवं क्रमः।

ततो भाले ॐ गायत्रीसहितब्रह्मणे नमः। दक्षिणकपोले ॐ सावित्रीसहित-विष्णवे नमः। वामकपोले ॐ वागीश्वरीसहितमहेश्वराय नमः। वामकर्णोपरि ॐ श्रीसहितधनपतये नमः। मुखे ॐ रतिसहितस्मराय नमः। सव्यकर्णोपरि ॐ पुष्टिसहितगणपतये नमः। दक्षिणगण्डकर्णान्तराले ॐ शङ्खनिधये नमः। वाम-गण्डकर्णान्तराले ॐ पद्मनिधये नमः। मुखे ॐ भुवनेश्वर्यै देवतायै नमः। एवं कण्ठमूल-दक्षिणस्तन-वामस्तन-वामांस-हृदय-दक्षिणांस-नाभिषु एतान्न्यसेत्। तथा च—

ब्रह्माणं विन्यसेद्भाले गायत्र्या सह संयुतम् ।
सावित्र्या सहितं विष्णुं कपोले दक्षिणे न्यसेत् ॥

वागीश्वर्या समायुक्तं वामगण्डे महेश्वरम् ।
न्यसेच्छ्रिया धनपतिं वामकर्णाग्रके पुनः ॥
रत्या स्मरं मुखे न्यस्य पुष्ट्या गणपतिं न्यसेत् ।
सव्यकर्णोपरि निधी कर्णगण्डान्तरालयोः ।
न्यस्तव्यं वदने मूलं भूयश्चैतां स्तनौ न्यसेत् ॥

तथा च शारदायाम्—

कण्ठमूले स्तनद्वन्द्वे वामांसे हृदयाम्बुजे ।
सव्यांसे पार्श्वयुगले नाभिदेशे च देशिकः ॥

तथा च वर्णभिन्नन्यासे तु विश्वसारे—

ॐकाराद्यं ङेयुतञ्च नमोऽन्तञ्च यथा स्थितिः ।
विधिना विन्यसेत्सर्वं शङ्करस्य मतेन च ॥

एवं सर्वत्र। ततो भाले ॐ ब्राह्म्यै नमः, वामांसे ॐ माहेश्वर्यै नमः, वामपार्श्वे ॐ कौमार्यै नमः, जठरे ॐ वैष्णव्यै नमः, दक्षिणपार्श्वे ॐ वाराह्यै नमः, दक्षिणांसे ॐ इन्द्राण्यै नमः, गले ॐ चामुण्डायै नमः, हृदि ॐ महालक्ष्म्यै नमः, इति न्यस्य मूलेन व्यापकत्रयं सप्तमं वा कुर्यात्। तथा च—

भालेंऽसे पार्श्वे जठरे पार्श्वेऽसे च गले हृदि ।
ब्राह्मण्याद्यास्ततो न्यस्य विधिना प्रोक्तलक्षणा ।
मूलेन व्यापकं देहे न्यस्य देवीं विभावयेत् ॥ इति।

कराङ्गादि न्यास—करन्यास—ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः। ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। ह्रूं मध्यमाभ्यां वषट्। ह्रैं अनामिकाभ्यां हुं। ह्रौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

षडंग न्यास—ह्रां हृदयाय नमः। ह्रीं शिरसे स्वाहा। ह्रूं शिखायै वषट्। ह्रैं कवचाय हुं। ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्। ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

स्वच्छन्दसंग्रह में वर्णन है कि बीजमन्त्र से स्वरों को हटाकर उसमें छः दीर्घ स्वरों का योग करके षडंग न्यास करे। तब निम्न न्यास करे। अंगुलिनियम का वर्णन पहले किया जा चुका है। अंगन्यास में सर्वत्र यही क्रम होता है—

भाले—ॐ गायत्रीसहितब्रह्मणे नमः।

दक्षकपोले—ॐ सावित्रीसहितविष्णवे नमः।

वामकपोले—ॐ वागीश्वरीसहितमहेश्वराय नमः।

वामकर्णोपरि—ॐ श्रीसहितधनपतये नमः।

मुखे—रतिसहितस्मराय नमः।

दक्षकर्णोपरि—ॐ पुष्टिसहितगणपतये नमः।

दक्षगण्डकर्णान्तराले—ॐ शंखनिधये नमः।

वामगण्डकर्णान्तराले—ॐ पद्मनिधये नमः।

मुखे—ॐ भुवनेश्वर्यै नमः।

इसी प्रकार कण्ठमूल, दक्षिण स्तन, वाम स्तन, वामांस, हृदय, दक्षिणांस एवं नाभि में न्यास करे।

शारदातिलक के अनुसार इसी प्रकार कण्ठमूल, दक्ष स्तन, वाम स्तन, बाँयाँ कन्धा, हृदय, दाँयाँ कन्धा, दक्ष पार्श्व, वाम पार्श्व और नाभि में न्यास करे।

विश्वसार में लिखा है कि वर्णन्यास के अतिरिक्त न्यासों में पहले ॐ, तब देवता का चतुर्थ्यन्त नाम और तब नमः शब्द लगाकर न्यास करे। जैसे—

भाले—ॐ ब्राह्म्यै नमः।
वामांसे—ॐ माहेश्वर्यै नमः।
वामपार्श्वे—ॐ कौमार्यै नमः।
जठरे—ॐ वैष्णव्यै नमः।
दक्षिणपार्श्वे—ॐ वाराह्यै नमः।
दक्षांसे—ॐ इन्द्राण्यै नमः।
गले—ॐ चामुण्डायै नमः।
हृदये—ॐ महालक्ष्म्यै नमः।

मूल मन्त्र से तीन या सात बार व्यापक न्यास करे। तब ध्यान करे।

ततो ध्यानम्—

उद्यद्दिनकरद्युतिमिन्दुकिरीटां तुङ्गकुचां नयनत्रययुक्ताम्।
स्मेरमुखीं च वरांकुशपाशाभीतिकरां प्रजपेद्भुवनेशीम्॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य बहिःपूजामारभेत्।

ध्यान— उद्यद्दिनकरद्युतिमिन्दुकिरीटां तुङ्गकुचां नयनत्रययुक्ताम्।
स्मेरमुखीं च वराङ्कुशपाशाभीतिकरां प्रजपेद् भुवनेशीम्।।

उदीयमान सूर्य की आभा वाली, चन्द्रमा से शोभित किरीटधारिणी, उन्नत पयोधरा, त्रिलोचना, स्मितमुखी, हाथों में वर, अंकुश, पाश और अभय मुद्राधारिणी भुवनेश्वरी का भजन करना चाहिये।

इस प्रकार के ध्यान के बाद भगवती का पूजन मानसोपचारों से करे। तब वाह्य पूजन प्रारम्भ करे।

पूजायन्त्रम्

पद्ममष्टदलं वाह्ये वृत्तं षोडशभिर्दलैः।
विलिखेत्कर्णिकामध्ये षट्कोणमतिसुन्दरम्।
चतुरस्रं चतुर्द्वारमेवं मण्डलमालिखेत्॥

ततो दीक्षापद्धत्युक्तक्रमेण शङ्खस्थापनं कुर्यात्। ततः सामान्यपूजापद्धत्युक्त-

क्रमेण पीठपूजां विधाय पीठशक्तिः पूजयेत्। तद्यथा—पूर्वादिकेशरेषु ॐ जयायै नमः। एवं विजयायै, अजितायै, अपराजितायै, नित्यायै, विलासिन्यै, दोग्ध्र्यै, अघोरायै, मध्ये मङ्गलायै। तथा च निबन्धे—

ततः सम्पूजयेत्पीठं नवशक्तिसमन्वितम् ।
जयाख्या विजया पश्चात् अजिता चापराजिता ॥
नित्या विलासिनी दोग्ध्री त्वघोरा मङ्गलाऽपि च।
बीजाढ्यमासनं दत्त्वा मूर्त्तिं मूलेन कल्पयेत् ॥

सर्वत्र प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजयेत्। तदुपरि ह्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः। ततः पूर्ववद् ध्यानावाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधाय आवरणपूजामारभेत्।

तद्यथा—ह्रां हृदयाय नमः इत्यादिना षडङ्गानि सम्पूज्य, कर्णिकामध्ये ॐ हृल्लेखायै नमः, पूर्वे एं गगनायै नमः, दक्षिणे उं रक्तायै, उत्तरे इं करालिकायै, पश्चिमे अं महोच्छुष्मायै, षट्कोणेषु पूर्वादिक्रमेण ॐ गायत्र्यै नमः, एवं ब्रह्मणे नमः, नैर्ऋते सावित्र्यै, विष्णवे, वायव्ये सरस्वत्यै, रुद्राय। वह्निकोणे श्रियै, धनपतये, पश्चिमे रत्यै, स्मराय, ऐशान्यां पुष्ट्यै, गणपतये, षट्कोणस्थोभयपार्श्वयोः ॐ शङ्खनिधये, ॐ पद्मनिधये, सर्वत्र प्रणवादिनमोऽन्तम्। केशरेषु अग्निनिर्ऋति-वायव्यीशानेषु मध्ये चतुर्दिक्षु च ह्रां हृदयाय नमः इत्यादिना षडङ्गानि पूजयेत्। तथा च निबन्धे—

केशरेष्वग्निकोणादौ हृदयादीनि पूजयेत् ।
नेत्रमग्रे दिशास्वस्त्रं ध्यातव्याश्चाङ्गदेवताः ॥

एवं सर्वत्र। भैरव्यादौ विशेषो वक्तव्यः। पूर्वाद्यष्टदलेषु ॐ अनङ्गकुसुमायै नमः। एवं अनङ्गकुसुमातुरायै, अनङ्गमदनायै, अनङ्गमदनातुरायै, भुवनपालायै, अनङ्गवेद्यायै, शशिरेखायै, गगनरेखायै। पूर्वादि षोडशदलेषु कराल्यै, विकराल्यै, उमायै, सरस्वत्यै, श्रियै, दुर्गायै, उषायै, लक्ष्म्यै, श्रुत्यै, स्मृत्यै, धृत्यै, श्रद्धायै, मेधायै, मत्यै, कान्त्यै, अर्घ्यायै। तद्बहिः भूभागे पूर्वादितः अनङ्गरूपायै, अनङ्ग-मदनायै, अनङ्गमदनातुरायै, भुवनवेगायै, भुवनपालिकायै, सर्वशिशिरायै, अनङ्ग-वेदनायै, अनङ्गमेखलायै। प्रणवादिनमोऽन्तेनैताः पूजयेत्। तद्बहिश्चतुरस्रे पूर्वादौ ॐ लां इन्द्राय देवाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः। ॐ रां अग्नये तेजोधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः। ॐ यां यमाय प्रेताधिपतये सायुधेत्यादि। ॐ क्षां निर्ऋतये रक्षोधिपतये सायुधेत्यादि। ॐ वां वरुणाय जलाधिपतये सायुधेत्यादि। ॐ यां वायवे प्राणाधिपतये सायुधेत्यादि। ॐ सां सोमाय ताराधिपतये सायुधेत्यादि। ॐ हां ईशानाय गणाधिपतये सायु-

धेत्यादि। इन्द्रेशानयोर्मध्ये ॐ आं ब्रह्मणे प्रजाधिपतये सायुधेत्यादि। निर्ऋति-वरुणयोर्मध्ये ॐ ह्रीं अनन्ताय नागाधिपतये सायुधेत्यादि। तथा च—

लोकपाला बहिः पूज्याः समस्ताश्चतुरस्रके ।
पुरुहुतेशयोर्मध्ये रक्षोवरुणयोस्तथा ॥
ब्रह्मविष्णू सदा पूज्यौ दिगीशार्चा विदुर्बुधाः ।
इन्द्रादिलोकपालानां ये मन्त्रास्ते ध्रुवादिकाः ।
स्वस्वबीजान्विताः सर्वे सचतुर्थीनमोऽन्तिकाः ॥

इति वचनात्सर्वत्र प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजनम्। स्व-स्वबीजमाह मन्त्रदर्शने—

पृथिव्याग्निपवनाद्यन्तवरुणानिलसेश्वरैः ।
अनन्तविन्दुसंयुक्तैरर्च्याः पाशेन मायया ॥

तथा—

अन्ते यजेल्लोकपालान् मूलपारिषदान्वितान् ।
हेतिजात्यधियोपेतान्दिक्षु पूर्वादितो यजेत् ॥

सवाहनायेति क्रमदीपिका। तद्बहिः पूर्वादौ वज्राय शक्तये दण्डाय खड्गाय पाशाय अंकुशाय गदायै शूलाय पद्माय चक्राय प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजयेत्। ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणं द्वात्रिंशल्लक्षजपः। तथा च—

प्रजपेन्मन्त्रविन्मन्त्रं द्वात्रिंशल्लक्षमानतः ।
त्रिस्वादुयुक्तैर्जुहुयादष्टद्रव्यैर्दशांशतः ॥

अष्टद्रव्याणि यथा—

अश्वत्थोडुम्बरप्लक्षन्यग्रोधसमिधस्तिलाः ।
सिद्धार्थपायसाज्यानि द्रव्याण्यष्टौ विदुर्बुधाः ॥

त्रिस्वाद्विति घृतमधुशर्करा इति।

पूजन—भुवनेश्वरी पूजन-यन्त्र बनाने की विधि यह है कि पहले अष्टदल पद्म बनावे। उसके बाहर वृत्त और उसके बाहर षोडशदल कमल बनावे। तब अष्टदल कमल के मध्य में षट्कोण बनावे। पद्म के बाहर चतुरस्र बनावे, जिसमें चार द्वार हों। दीक्षापद्धति के क्रम से शंख-स्थापन करके सामान्य पूजापद्धति से पीटपूजा के बाद पीठशक्तियों की पृजा करे। केशर के पूर्वादि आठ दिशाओं में ॐ जयायै नमः। ॐ विजयायै नमः। ॐ अजितायै नमः। ॐ अपराजितायै नमः। ॐ नित्यायै नमः। ॐ विलासिन्यै नमः। ॐ दोग्ध्र्यै नमः। ॐ अघोरायै नमः। मध्य बिन्दु में ॐ मङ्गलायै नमः।

भुवनेश्वरी पूजन-यन्त्र

इसके बाद बीजमन्त्रसहित आवाहनादि करके मूल से मूर्ति की कल्पना करे। 'ह्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः' से आसन देकर, ध्यान करके सामान्य पूजा-पद्धति-क्रम से आवाहनादि से पञ्चपुष्पाञ्जलि दान तक सभी कार्य करके आवरण-पूजन प्रारम्भ करे।

पहले षडंग पूजा करे—ह्रां हृदयाय नमः हृदये। ह्रीं शिरसे स्वाहा शिरसि। ह्रूं शिखायै वषट् शिखायै। ह्रैं कवचाय हुं कवचे। ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् त्रिनेत्रे। ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः। कर्णिकामध्य में—ॐ हल्लेखायै नमः। पूर्व में—एं गगनायै नमः। दक्षिण में—उं रक्तायै नमः। उत्तर में—इं करालिकायै नमः। पश्चिम में—अं महोच्छुष्मायै नमः।

षट्कोणों में—पूर्व में ॐ गायत्र्यै नमः ब्रह्मणे नमः। नैर्ऋत्य में ॐ सावित्र्यै नमः विष्णवे नमः। वायव्य में ॐ सरस्वत्यै नमः ॐ रुद्राय नमः। आग्नेय में ॐ श्रियै नमः, ॐ धनपतये नमः। पश्चिम में ॐ रत्यै नमः, ॐ स्मराय नमः। ईशान में ॐ पुष्ट्यै नमः, ॐ गणपतये नमः।

षट्कोण के दोनों पार्श्वों में ॐ शंखनिधये नमः, ॐ पद्मनिधये नमः से पूजन करे। इसके बाद अष्टदल पद्म में पूर्वादि क्रम से—

१. ॐ अनङ्गकुसुमायै नमः।
२. ॐ अनङ्गकुसुमातुरायै नमः।
३. ॐ अनङ्गमदनायै नमः।
४. ॐ अनङ्गमदनातुरायै नमः।
५. ॐ भुवनपालायै नमः।
६. ॐ अनङ्गवेद्यायै नमः।
७. ॐ शशिरेखायै नमः।
८. ॐ गगनरेखायै नमः।

इन आठ देवताओं का पूजन करे। षोडशदल पद्म में पूर्वादि क्रम से सोलह देवियों का पूजन करे—

१. ॐ करात्यै नमः।
२. ॐ विकरात्यै नमः।
३. ॐ उमायै नमः।
४. ॐ सरस्वत्यै नमः।
५. ॐ श्रियै नमः।
६. ॐ दुर्गायै नमः।
७. ॐ उषायै नमः।
८. ॐ लक्ष्म्यै नमः।
९. ॐ श्रुत्यै नमः।
१०. ॐ स्मृत्यै नमः।
११. ॐ धृत्यै नमः।
१२. ॐ श्रद्धायै नमः।
१३. ॐ मेधायै नमः।
१४. ॐ मत्यै नमः।
१५. ॐ कान्त्यै नमः।
१६. ॐ आर्यायै नमः।

पद्मदलों के बाहरी भाग में पूर्वादि क्रम से इन आठ देवियाँ का पूजन करे—

१. ॐ अनङ्गरूपायै नमः।
२. ॐ अनङ्गमदनायै नमः।
३. ॐ अनङ्गमदनातुरायै नमः।
४. ॐ भुवनवेगायै नमः।
५. ॐ भुवनपालिकायै नमः।
६. ॐ सर्वशिशिरायै नमः।
७. ॐ अनङ्गवेदनायै नमः।
८. ॐ अनङ्गमेखलायै नमः।

भूपुर में पूर्वादि क्रम से दश दिक्पालों का पूजन करे—

१. ॐ लां इन्द्राय देवाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः।
२. ॐ रां अग्नये तेजोधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः।
३. ॐ यां यमाय प्रेताधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः।
४. ॐ क्षां निर्ऋतये रक्षोधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः।
५. ॐ वां वरुणाय जलाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः।
६. ॐ यां वायवे प्राणाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः।
७. ॐ सां सोमाय ताराधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः।
८. ॐ हां ईशानाय गणाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः।
९. ॐ आं ब्रह्मणे प्रजाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः।

(पूर्व-ईशानमध्य)

१०. ॐ ह्रीं अनन्ताय नागाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नमः।

(नैर्ऋत्य-पश्चिममध्य)

इसके सम्बन्ध में लिखा है कि पद्म के वाहर भूपुर के ऊपर चारो दिशाओं और चारो विदिशाओं में इन्द्रादि लोकपालों का पूजन करे। पूर्व-ईशान के मध्य में ब्रह्मा की तथा नैर्ऋत्य और पश्चिम के मध्य में अनन्त की पूजा करे। चतुरस्र = भूपुर के बाहर दश लोकपालों के आयुधों का पूजन करे—

१. ॐ वज्राय नमः।
२. ॐ शक्तये नमः।
३. ॐ दण्डाय नमः।
४. ॐ खड्गाय नमः।
५. ॐ पाशाय नमः।
६. ॐ अङ्कुशाय नमः।
७. ॐ गदाय नमः।
८. ॐ शूलाय नमः।
९. ॐ पद्माय नमः।
१०. ॐ चक्राय नमः।

यहाँ तक गन्धाक्षत-पुष्प से पूजा करने के बाद सामान्य पूजापद्धति के क्रम से धूपादि-विसर्जनान्त कर्म करके पूजा समाप्त करे। भुवनेश्वरी के उक्त मन्त्र 'ह्रीं' के पुरश्चरण में बत्तीस लाख जप करे। उसका दशांश तीन लाख बीस हजार त्रिमधुर-मिश्रित अष्ट द्रव्य से हवन करे। अष्टद्रव्य में अश्वत्थ, गूलर, पाँकड़, वट की समिधा, तिल, श्वेतसरसो, पायस एवं घी आते हैं। इन्हें घी-मधु-शक्कर में मिश्रित करके हवन करना चाहिये।

मन्त्रान्तरम्

वाग्भवं शम्भुवनितारमाबीजत्रयात्मकम् ।
मन्त्रं समुद्धरेन्मन्त्री त्रिवर्गफलसाधनम् ।
न्यासपूजादिकं सर्वं पूर्ववच्च समाचरेत् ॥

षडङ्गन्यासे तु विशेषः—ऐं ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः इत्यादि। तथा च निबन्धे—

षड्दीर्घभाजा बीजेन वाग्भवाद्येन कल्पयेत् ।
षडङ्गानि मनोरस्य जातियुक्तेन देशिकः ॥

ध्यानन्तु—

सिन्दूरारुणविग्रहां त्रिनयनां माणिक्यमौलिस्फुरत्
तारानायकशेखरां स्मितमुखीमापीनवक्षोरुहाम् ।
पाणिभ्यां मणिपूर्णरत्नचषकं रक्तोत्पलं बिभ्रतीं
सौम्यां रत्नघटस्थसव्यचरणां ध्यायेत्परामम्बिकाम् ॥

अस्य पुरश्चरणं द्वादशलक्षजपः; तथा च शारदायाम्—

रविलक्षं जपेन्मन्त्रं पायसैर्मधुरान्वितैः ।
दशांशं जुहुयान्मन्त्री पीठे प्रागीरिते यजेत् ॥

इति वचनात्।

द्वितीय मन्त्र—इनका दूसरा मन्त्र इस प्रकार है—वाग्भव ऐं, शम्भुवनिता ह्रीं, रमा-

बीज श्रीं अर्थात् ऐं ह्रीं श्रीं से युक्त मन्त्र से देवी की आराधना करने से अर्थ-धर्म-काम—त्रिवर्ग का लाभ होता है।

इसके षडंग न्यास में कुछ अन्तर है। जैसे—ऐं ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः। ऐं ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः। ऐं ह्रूं मध्यमाभ्यां नमः। ऐं ह्रैं अनामिकाभ्यां नमः। ऐं ह्रौं कनिष्ठाभ्यां नमः। ऐं ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

ऐं ह्रां हृदयाय नमः। ऐं ह्रीं शिरसे स्वाहा। ऐं ह्रूं शिखायै वषट्। ऐं ह्रैं कवचाय हुं। ऐं ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्। ऐं ह्रः नेत्रत्रयाय अस्त्राय फट्। इसका ध्यान इस प्रकार है—

सिन्दूरारुणविग्रहां त्रिनयनां माणिक्यमौलिस्फुरत्
तारानायकशेखरां स्मितमुखीमापीनवक्षोरुहाम्।
पाणिभ्यां मणिपूर्णरत्नचषकं रक्तोत्पलं बिभ्रतीं
सौम्यां रत्नघटस्थसव्यचरणां ध्यायेत् परामम्बिकाम्।।

भगवती भुवनेश्वरी का शरीर सिन्दूर के समान लाल रंग का है। तीन नेत्र हैं। माणिक्ययुक्त चन्द्रकला मस्तक पर है। अधर मुस्कानयुक्त हैं। दोनों स्तन अति स्थूल हैं। दो हाथों में भारी रत्नजटित पानपात्र और लाल कमल हैं। शान्त स्वरूप है। बाँयाँ पैर रत्नजटित घट के ऊपर स्थित है। इस प्रकार का ध्यान पराम्बिका का करना चाहिये।

शारदातिलक के अनुसार इनके मन्त्र 'ऐं ह्रीं श्रीं' का पुरश्चरण बारह लाख जप से होता है। जप का दशांश एक लाख बीस हजार हवन घी-मधु-शक्कर—त्रिमधुरयुक्त पायस से करना चाहिये।

मन्त्रान्तरम्

वाग्बीजपुटिता माया विद्येयं त्र्यक्षरी मता।

अस्य मन्त्रस्य पूर्ववन्न्यासः। कराङ्गन्यासौ—ऐं ह्रां ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः इत्यादि। ऐं ह्रां ऐं हृदयाय नमः इत्यादि। तथा च—

मध्येन दीर्घयुक्तेन वाक्पुटेन प्रकल्पयेत्।
षडङ्गानि·································।। इत्यादि।

ध्यानन्तु—

श्यामाङ्गीं शशिशेखरां निजकरैर्दानञ्च रक्तोत्पलं
रत्नाढ्यं चषकं परं भयहरं संबिभ्रतीं शाश्वतीम्।
मुक्ताहारलसत्पयोधरनतां नेत्रत्रयोल्लासिनीं
वन्देऽहं सुरपूजितां हरवधूं रक्तारविन्दस्थिताम्।।

एवं ध्यात्वा पूर्ववद्यजेत्।

अष्टपत्रेषु विशेषः—आं ब्राह्म्यै, ईं माहेश्वर्यै, ऊं कौमार्यै, ॠं वैष्णव्यै, लॄं वाराह्यै, ऐं इन्द्राण्यै, औं चामुण्डायै, अः महालक्ष्म्यै। पुनरष्टदले—अं असिताङ्गाय, इं रुरवे, उं चण्डाय, ऋं क्रोधाय, लृं उन्मत्ताय। एवं कपालिने ओं भीषणाय, अं संहाराय। नमः सर्वत्र। यद्वा—अं आं असिताङ्गब्राह्मीभ्यां नमः इत्यादि। तथा च—

दीर्घाद्या मातरः प्रोक्ता ह्रस्वाद्या भैरवाः स्मृता ।

अन्यत् सर्वं पूर्ववद्बोध्यम्। अस्य पुरश्चरणजपो दशलक्षः। त्रिमधुरान्वितैः पलाशपुष्पैर्दशांशहोमः। तथा च—

तत्त्वलक्षं जपेन्मन्त्रं जुहुयात्तद्दशांशतः ।
पलाशपुष्पैः स्वाद्वक्तैः पुष्पैर्वा राजवृक्षजैः ।

तत्त्वलक्षं दशलक्षम्—अन्तरङ्गत्वाच्छक्तेर्दशतत्त्वमिति वचनाच्च इति गुरवः। चतुर्विंशतिलक्षमिति केचित्।

तृतीय मन्त्र—श्री भुवनेश्वरी का तीसरा मन्त्र वाग्बीजपुटिता माया = ऐं ह्रीं ऐं तीन वर्णों का है। इस मन्त्र के न्यास पूर्ववत् हैं। इसका करांगन्यास इस प्रकार करे—

करन्यास	षडंगन्यास
१. ऐं ह्रां ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः।	१. ऐं ह्रां ऐं हृदयाय नमः।
२. ऐं ह्रीं ऐं तर्जनीभ्यां नमः।	२. ऐं ह्रीं ऐं शिरसे स्वाहा।
३. ऐं ह्रूं ऐं मध्यमाभ्यां नमः।	३. ऐं ह्रूं ऐं शिखायै वषट्।
४. ऐं ह्रैं ऐं अनामिकाभ्यां नमः।	४. ऐं ह्रैं ऐं कवचाय हुं।
५. ऐं ह्रौं ऐं कनिष्ठाभ्यां नमः।	५. ऐं ह्रौं ऐं नेत्रत्रयाय वौषट्।
६. ऐं ह्रः ऐं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।	६. ऐं ह्रः ऐं अस्त्राय फट्।

इसका ध्यान इस प्रकार है—

श्यामाङ्गीं शशिशेखरां निजकरैर्दानं च रक्तोत्पलं
रत्नाढ्यं चषकं परं भयहरं संविभ्रतीं शाश्वतीम्।
मुक्ताहारलसत्पयोधरनतां नेत्रत्रयोल्लासिनीम्
वन्देऽहं सुरपूजितां हरवधूं रक्तारविन्दस्थिताम्।।

भगवती भुवनेश्वरी का शरीर श्याम वर्ण का है। मस्तक पर चन्द्रमा शोभित है। अपने चार हाथों में क्रमशः वरमुद्रा, लाल कमल, रत्नजटित पात्र और अभय मुद्रा धारण किए सनातन स्वरूपा हैं। मोतियों के हार से अलंकृत हैं। पयोधरों के भार से झुकी हुई हैं। तीनों नेत्रों में उल्लास है। देवों द्वारा पूजित शिवपत्नी भगवती लाल कमल पर बैठी हुई हैं। मैं उनकी वन्दना करता हूँ। इस प्रकार ध्यान करके पूर्ववत् पूजन करे।

पद्म के अष्टदलों में आठ देवियों और आठ भैरवों का पूजन इस प्रकार करें—

१. आं ब्राह्म्यै नमः।	१. आं असिताङ्गाय नमः।
२. ईं माहेश्वर्यै नमः।	२. ईं रुरवे नमः।
३. ऊं कौमार्यै नमः।	३. ऊं चण्डाय नमः।
४. ॠं वैष्णव्यै नमः।	४. ॠं क्रोधाय नमः।
५. ॡं वाराह्यै नमः।	५. ॡं उन्मत्ताय नमः।
६. ऐं इन्द्राण्यै नमः।	६. ऐं कपालिन्यै नमः।
७. औं चामुण्डायै नमः।	७. औं भीषणाय नमः।
८. अः महालक्ष्म्यै नमः।	८. अः संहाराय नमः।

अथवा इस क्रम से अष्टदलों में पूजा करे—

१. अं आं असिताङ्गब्राह्मीभ्यां नमः।	५. ऌं ॡं उन्मत्तवराहीभ्यां नमः।
२. इं ईं रुरुमाहेश्वरीभ्यां नमः।	६. एं ऐं कपाली-इन्द्राणीभ्यां नमः।
३. उं ऊं चण्डकौमारीभ्यां नमः।	७. ओं औं भीषणचामुण्डाभ्यां नमः।
४. ऋं ॠं क्रोधवैष्णवीभ्यां नमः।	८. अं अः संहारमहालक्ष्मीभ्यां नमः।

आदि में षड् दीर्घ स्वरों को मातृकाओं में लगाया जाता है। जिसके आदि में ह्रस्व स्वर हों, उन्हें भैरव कहते हैं। अन्य सभी पूजनकर्म पूर्ववत् करे। दस लाख जप से इसका पुरश्चरण होता है। त्रिमधुराक्त पलाश के फूलों से दशांश एक लाख हवन होता है।

किसी मत से इसका जप दश लाख और किसी मत से चौबीस लाख मन्त्र-जप से इसका पुरश्चरण होता है।

मन्त्रान्तरम्

अनन्तो विन्दुसंयुक्तो मायाब्रह्माग्नितारवान् ।
पाशादिस्त्र्यक्षरो मन्त्रः सर्वकामफलप्रदः ॥

अस्यैकाक्षरीवत् ऋषिच्छन्दोदेवतान्यासः। अङ्गमन्त्रस्तु—ह्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः, ह्रीं हृदयाय नमः इत्यादि। सर्वत्र ह्रींबीजेन कराङ्गन्यासौ कुर्यात्। तथा च निबन्धे—

ऋष्याद्याः पूर्वमुक्ताः स्युर्बीजेनाङ्गक्रिया मता ।

ध्यानम्—

वरांकुशौ पाशमभीतिमुद्रां करैर्वहन्तीं कमलासनस्थाम् ।
बालार्ककोटिप्रतिमां त्रिनेत्रां भजेऽहमाद्यां भुवनेश्वरीं ताम् ॥

अस्याः पूजा तु एकाक्षरीवत्। अष्टदलेषु ब्राह्म्यादियुगलं पूर्ववत्पूजयेत्। षोडशदले पूजाया अनुक्तत्वात्षोडशदलाभावः। अस्य पुरश्चरणजपो दशलक्षः। दधिमधुघृताक्ताभिरश्वत्थोदुम्बरप्लक्षाणां समिद्भिस्तिलैर्दुग्धाक्तैर्दशसहस्रहोमः। तथाच

हविष्यभुग्जपेन्मन्त्रं तत्त्वलक्षं जितेन्द्रियः ।
तत्सहस्रं जुहुयाच्च जपान्ते मन्त्रवित्तमः ॥
दधिक्षौद्रघृताक्ताभिः समिद्भिः क्षीरिभूरुहाम् ।
तत्संख्यया तिलैः शुद्धैः पयोऽक्तैर्जुहुयात्ततः ॥

अत्र तत्त्वशब्देन दश उच्यन्ते शक्तेर्दश तत्त्वानीति वचनात्। अन्ये तु भुवनेश्वरीमन्त्रा न निबद्धा अप्रसिद्धत्वात्।

चतुर्थ मन्त्र—अनुस्वारयुक्त अनन्त = आं, मायाबीज = ह्रीं, ब्रह्मा = क्, अग्नि = रं तार = ऊं = क्रों—इन तीन अक्षरों—आं ह्रीं क्रों से जो मन्त्र बनता है, उससे सभी कामनाएँ पूर्ण होती हैं। इस मन्त्र के ऋषि, छन्द, देवता और न्यासादि पूर्वोक्त एकाक्षर मन्त्र ह्रीं के समान ही होते हैं।

इसका करांग न्यास निम्न प्रकार से करे—ह्रीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। ह्रीं मध्यमाभ्यां वषट्। ह्रीं अनामिकाभ्यां हुं। ह्रीं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। ह्रीं करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

षडंग न्यास इस प्रकार करे—ह्रीं हृदयाय नमः। ह्रीं शिरसे स्वाहा। ह्रीं शिखायै वषट्। ह्रीं कवचाय हुं। ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्। ह्रीं अस्त्राय फट्।

इसका ध्यान निम्न प्रकार का है—

वरांकुशौ पाशमभीतिमुद्रां करैर्वहन्तीं कमलासनस्थाम्।
बालार्ककोटिप्रतिमां त्रिनेत्रां भजेऽहमाद्यां भुवनेश्वरीं ताम्।।

भगवती भुवनेश्वरी अपने चारो हाथों में क्रमशः वरमुद्रा, अंकुश, पाश और अभय मुद्रा धारण की हुई हैं। कमल के आसन पर शोभित हैं। करोड़ों बालसूर्य के समान उनकी आभा है। तीन नेत्र हैं। ऐसी आद्या भुवनेश्वरी का भजन मैं करता हूँ।

ध्यान के बाद एकाक्षर मन्त्र 'ह्रीं' के समान पूजन करे। अष्टदलों में ब्राह्मी आदि युगल देवताओं की पूर्वोक्त क्रम से पूजा करे। इस मन्त्र में षोड़शदल में पूजन करने का उल्लेख नहीं है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि इसमें षोड़शदल पद्म नहीं है।

इस मन्त्र का पुरश्चरण दश लाख जप से होता है। दही-मधु-घी से युक्त पीपल, गूलर या पाकड़ वृक्ष की समिधा के साथ तिल-दूध मिलाकर दस हजार हवन करे।

मतान्तर से हविष्यान्न भोजन करते हुए जितेन्द्रिय होकर दश लाख जप करे। जप के अन्त में दश हजार हवन करे। दही-मधु-घृताक्त दुधारु वृक्षों की समिधा में तिल और दूध मिलाकर हवन करे।

यहाँ पर तत्त्व शब्द से दश संख्या शक्ति के दश तत्त्वों के वचनानुसार समझना चाहिये। भुवनेश्वरी के अन्य मन्त्रों का वर्णन अप्रसिद्धि के कारण नहीं किया गया है।

अन्नपूर्णामन्त्राः

मायाहृद्भगवत्यन्ते माहेश्वरिपदं ततः ।
अन्नपूर्णे ठयुगलं मनुः सप्तदशाक्षरः ॥

कल्पे च—

प्रणवाद्या यदा देवि तदा सप्तदशाक्षरी ।
अन्नप्रदा मोक्षदा च सदा विभवदायिनी ॥
मायाद्या च यदा देवि तदा सा सकलेष्टदा ।
श्रीबीजाद्या यदा देवि तदा सुखविवर्द्धिनी ॥
वाग्बीजाद्या यदा देवि वागीशत्वप्रदायिनी ।
कामाद्या च यदा विद्या सर्वकामप्रदायिनी ॥
तारमायादिका विद्या भोगमोक्षप्रदायिनी ।
मायाश्रीबीजयुग्माद्या सदा विभवदायिनी ।
श्रीमायायुग्मबीजाद्या सर्वसम्पत्तिपूरणी ॥

अस्याः पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादि पीठन्यासान्तं कर्म विधाय हृत्पद्मस्य केशरेषु मध्ये च भुवनेश्वरीपीठमन्त्रोक्तपीठशक्तीर्विन्यस्य ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। तद्यथा—शिरसि ॐ ब्रह्मणे ऋषये नमः, मुखे पंक्तये छन्दसे नमः, हृदि अन्नपूर्णायै देवतायै नमः। तत्रैव—

एतेषां मन्त्रराशीनां ऋषिर्ब्रह्मा उदाहृतः ।
पंक्तिश्छन्दः समाख्यातं देवता चान्नपूर्णिका ॥

ततः कराङ्गन्यासौ—ह्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः, ह्रीं हृदयाय नमः इत्यादि। सर्वत्र मायाबीजेन कुर्यात्। तथा च निबन्धे—

अङ्गानि मायया कुर्यात्ततो देवीं विचिन्तयेत् ।

कल्पे च—

यद्वीजाद्या भवेद्विद्या तद्वीजेनाङ्गकल्पना ।

ततो ध्यानम्—

रक्तां विचित्रवसनां नवचन्द्रचूडामन्नप्रदाननिरतां स्तनभारनम्राम् ।
नृत्यन्तमिन्दुसकलाभरणां विलोक्य हृष्टां भजे भगवतीं भवदुःखन्त्रीम् ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कुर्यात्। ततः सामान्योक्तपीठपूजां विधाय भुवनेश्वरीमन्त्रोक्तजयादिपीठमन्वन्तां पीठपूजां विधाय पुनर्ध्यात्वा आवाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं कर्म विधाय आवरणपूजामारभेत्।

तद्यथा—केशरेषु अग्निकोणे ह्रीं हृदयाय नमः, नैर्ऋते ह्रीं शिरसे स्वाहा, वायव्ये ह्रीं शिखायै वषट्, ऐशान्यां ह्रीं कवचाय हुं, मध्ये ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्, चतुर्दिक्षु ह्रीं अस्त्राय फट्।

अष्टदलेषु—पूर्वादिक्रमेण ब्राह्म्यै माहेश्वर्यै कौमार्यै वैष्णव्यै वाराह्यै इन्द्राण्यै चामुण्डायै महालक्ष्म्यै प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजयेत्। तत्रैव—

दलेषु पूजयेदेताः ब्राह्म्याद्याः क्रमतः सुधीः ।

शूद्रस्य प्रणवस्थले चतुर्दशस्वरो विन्दुसंयुक्तः। कालिकापुराणे—मन्त्रस्य सेतुकरणे उक्तत्वात्। तथा च—

चतुर्दशस्वरेणाढ्यं विन्दुभूषितमस्तकम् ।
शूद्रस्य प्रणवं देवि कथितं तन्त्रवेदिभिः ॥

अतः पूर्वादौ इन्द्रादीन् वज्रादींश्च पूर्ववत्सम्पूज्य धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणजपः षोडशसहस्रसंख्यः। तथा च—

यथाविधि जपेन्मन्त्रं वसुयुग्मसहस्रकम् ।
साज्येनान्नेन जुहुयात्तद्दशांशमनन्तरम् ॥

अयं मन्त्रः प्रणवादिरष्टादशाक्षरः। मायादिः श्रीबीजादिश्च। तथा मायां विना प्रणवादिः कामादिः श्रीबीजादिर्वाग्भवादिश्च सप्तदशाक्षरः कवचे तथा प्रतिपादनात्। विशेषस्तु—

यद्यद्बीजादिको मन्त्रस्तेनैवाङ्गप्रकल्पना ।

अन्नपूर्णा मन्त्र—'ह्रीं नमे भगवति महेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा' यह सत्रह अक्षरों का मन्त्र है। इस मन्त्र के आरम्भ में ॐ लगाकर साधना करने से भगवती साधक को अन्न, मुक्ति और वैभव देती हैं। आरम्भ में 'ह्रीं' लगाकर जप करने से यह सभी अभीष्ट-प्रदायक होता है। श्रीबीज 'श्रीं' लगाने से सुख की वृद्धि होती है। वाग्बीज 'ऐं' लगाने से वागीशता मिलती है। कामबीज 'क्लीं' से सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। प्रणव और माया 'ॐ ह्रीं' लगाकर मन्त्र-साधना से भोग और मोक्ष दोनों प्राप्त होते हैं। माया और श्रीबीज लगाने से वैभव मिलता है। श्रीं-ह्रीं के योग से सर्वसम्पत्ति का लाभ होता है।

भगवती अन्नपूर्णा की पूजा-पद्धति यह है कि पहले सामान्य पूजा-पद्धति के क्रम से प्रातःकृत्यादि से पीठन्यासपर्यन्त कर्म समाप्त करके भगवती भुवनेश्वरी के पूजाक्रम में कथित विधि से हृदयकमल के केशर के मध्य में भुवनेश्वरी पीठमन्त्रोक्त पीठशक्तियों का न्यास करके इस प्रकार ऋष्यादि न्यास करे—शिरसि ॐ ब्रह्मणो नमः। मुखे पंक्तये छन्दसे नमः। हृदये अन्नपूर्णायै देवतायै नमः।

करन्यास—ह्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः। ह्रीं मध्यमाभ्यां नमः। ह्रीं अनामिकाभ्यां नमः। ह्रीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ह्रीं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

षडंगन्यास—ह्रीं हृदयाय नमः। ह्रीं शिरसे स्वाहा। ह्रीं शिखायै वषट्। ह्रीं कवचाय हुं। ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्। ह्रीं अस्त्राय फट्। तत्पश्चात् निम्नवत् ध्यान करे—

रक्तां विचित्रवसनां नवचन्द्रचूड़ामन्नप्रदाननिरतां स्तनभारनम्राम्।
नृत्यन्तमिन्दुशकलाभरणं विलोक्य हृष्टां भजे भगवतीं भवदुःखहन्त्रीम्।।

लाल आभा वाली, अनुपम सुन्दर वस्त्राभूषित नव चन्द्र से सुशोभित केशपाश वाली भगवती अन्नपूर्णा स्तनों के भार से झुकी हुई हैं। चन्द्रादि आभूषणों से युक्त भगवान् शिव को नृत्य करते हुए देखते प्रसन्न होकर अन्नदान करती रहती हैं। ऐसी आनन्ददायिनी भगवती का मैं भजन करता हूँ।

इस प्रकार ध्यान करके मानसोपचार से पूजा करके शंखस्थापन करे। तब सामान्य पूजा-पद्धति के क्रम से पीठपूजा करे। भगवती भुवनेश्वरी की पूजा-पद्धति-क्रम से पीठदेवता और पीठशक्तियों की पूजा करे। तब ध्यान-आवाहनादि करके पञ्च पुष्पाञ्जलि दान करे। इसके बाद आवरण पूजन आरम्भ करे। जैसे—

केशर में षडंग पूजन करे—अग्निकोणे ह्रीं हृदयाय नमः। नैर्ऋते ह्रीं शिरसे स्वाहा। वायव्ये ह्रीं शिखायै वषट्। ऐशान्यां ह्रीं कवचाय हुं। मध्ये ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्। चतुर्दिक्षु ह्रीं अस्त्राय फट्।

अष्टदलों में पूर्वादि क्रम से—ॐ ब्राह्म्यै नमः। ॐ माहेश्वर्यै नमः। ॐ कौमार्यै नमः। ॐ वाराह्यै नमः। ॐ इन्द्राण्यै नमः। ॐ चामुण्डायै नमः। ॐ महालक्ष्म्यै नमः। शूद्र साधक के लिये चौदहवाँ स्वर 'औं' ही प्रणव होता है।

इसके बाद पूर्वादि दिशाओं में भुवनेश्वरी मन्त्रोक्त इन्द्रादि दश दिक्पालों और उनके वज्रादि अस्त्रों की पूजा करके धूपादि से विसर्जन तक के सभी कर्म समाप्त करके पूजन समाप्त करे।

इस मन्त्र का पुरश्चरण सोलह हजार जप का होता है। जप का दशांश सोलह सौ हवन घृताक्त अन्न से करे।

इस मन्त्र के प्रारम्भ में प्रणव 'ॐ' का योग करने से यह अट्ठारह अक्षरों का मन्त्र हो जाता है। इसी प्रकार ह्रीं-श्रीं के योग से भी यह अट्ठारह अक्षरों का मन्त्र होता है; किन्तु मायाहीन प्रणवादि, श्रीबीजादि और वाग्बीजादि के संयोग होने पर यह सप्तदशाक्षर ही माना जाता है।

इसके सम्बन्ध मे यह विशेष कर ज्ञातव्य है कि जिस बीज को मन्त्र के पहले लगाकर साधना करे, उसी बीज के द्वारा करांगन्यास करे।

त्रिपुटामन्त्रा:

श्रीमायामदनैः प्रोक्तो मन्त्रो बीजत्रयात्मकः ।

तत्र पूजायन्त्रम्; तदुक्तं दशपटल्याम्—

षट्कोणं पूर्वमालिख्य मध्ये विद्यां लिखेत्सुधीः ।
वीप्सया तान्तु षट्कोणकोणेषु क्रमतो लिखेत् ॥
वाह्ये वसुदलं कुर्याद्दीर्घस्वरविभूषितम् ।
चतुरस्रं चतुर्द्वारभूषितं मण्डलं लिखेत् ।
मध्ये देवीं समावाह्य ध्यायेत्सर्वसमृद्धिदाम् ॥

अस्याः पूजाप्रयोगः—ततः प्रातःकृत्यादि पीठन्यासान्तं कर्म विधाय भुवनेश्वरीमन्त्रोक्तजयादिपीठमन्वन्तं विन्यस्य ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। तद्यथा—शिरसि सम्मोहनाय ऋषये नमः, मुखे गायत्र्यै छन्दसे नमः, हृदि त्रिपुटायै देवतायै नमः।

ततः कराङ्गन्यासौ—श्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा, क्लीं मध्यमाभ्यां वषट्, श्रीं अनामिकाभ्यां हुं, ह्रीं कनिष्ठाभ्यां वौषट्, क्लीं करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्। एवं श्रीं हृदयाय नमः इत्यादि। तथा च निबन्धे—

ऋषिः सम्मोहनश्छन्दो गायत्री देवता पुनः ।
त्रिपुटाख्या द्विरुक्तैस्तद्बीजैरङ्गानि षट्क्रमात् ॥

ततो ध्यानम्—

पारिजातवने रम्ये मण्डपे मणिकुट्टिमे ।
रत्नसिंहासने रम्ये पद्मे षट्कोणशोभिते ।
अधस्तात्कल्पवृक्षस्य निषण्णां देवतां स्मरेत् ॥
चापं पाशाम्बुजसरसिजान्यंकुशं पुष्पबाणान्
संविभ्राणां करसरसिजैः रत्नमौलिं त्रिनेत्राम् ।
हेमाब्जाभां कुचभरनतां रत्नमञ्जीरकाञ्चीं
ग्रैवेयाद्यैर्विलसिततनुं भावयेच्छक्तिमाद्याम् ॥
चामरादर्शताम्बूलकरण्डकसमुद्गकान् ।
वहन्तीभिः कुचार्त्ताभिर्दूतीभिः परिवारिताम् ।
करुणामृतवर्षिण्या पश्यन्तीं साधकं दृशा ॥

अम्बुजं पद्मं न तु शङ्खं, दधतीं पद्मयुगलमिति दक्षिणामूर्तिवचनात्। एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कुर्यात्। ततः सामान्यपूजापद्धत्युक्तपीठपूजां विधाय केशरेषु भुवनेश्वरीमन्त्रोक्तजयादिपीठमन्वन्तं सम्पूज्य पुनर्ध्यात्वा आवाहना-

दिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधाय आवरणपूजां कुर्यात्। तद्यथा—

अग्न्यादिषट्कोणेषु ॐ लक्ष्म्यै नमः, ॐ हरये नमः। एवं गौर्यै, शिवाय, रत्यै, कामाय, षट्कोणस्योभयतः पार्श्वयोः ॐ शङ्खनिधये नमः, ॐ पद्मनिधये नमः। ततः केशरेषु अग्न्यादिकोणचतुष्टयेषु मध्ये दिक्षु च श्रीं हृदयाय नमः इत्यादिना षडङ्गानि पूजयेत्। ततः पत्रेषु ब्राह्म्याद्या मातरः पूज्याः। तथा च निबन्धे—

हृल्लेखाविहिते पीठे पूजयेत्तां समाहितः ।
अग्न्यादिषट्सु कोणेषु लक्ष्म्याद्याः पूजयेद्ध्रुवम् ।।
लक्ष्मीं हेमप्रभां तन्वीं सवराब्जयुगाभयाम् ।
शङ्खचक्रगदाम्भोजधरं हेमनिभं हरिम् ।।
पाशांकुशाभयाभीष्टधरां गौरीं जवारुणाम् ।
मृगटङ्काभयाभीष्टधरं हेमनिभं हरम् ।।
नीलोत्पलकरां सौम्यां रतिं काञ्चनसन्निभाम् ।
धृतपाशांकुशेष्वासं पुष्पेक्षुमरुणं स्मरन् ।।
पूर्ववन्निधियुग्मन्तु यजेदुभयपार्श्वयोः ।
बहिरङ्गानि सम्पूज्य पूज्याः पत्रेषु मातरः ।। इति।

तद्बहिरिन्द्रादीन् वनितारूपान् पूजयेत्। निबन्धे—

लोकेशान् वनितारूपानर्चयेत्सौम्यविग्रहान् ।

ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणजपो द्वादशलक्षः। तथा च—

भानुलक्षं जपेदेनं मनुं तावत्सहस्रकम् ।
विल्वारग्वधसम्भूतैर्मधुराक्तैः समिद्वरैः ।
जवापुष्पैश्च जुहुयात्तोषयेद्वसुना गुरुम् ।।

आरग्वधः शोणालुः। अयं मन्त्रस्त्रिधा भवति—

परादिर्वा भवेद्देवि कामादिर्वा भवेदियम् ।

इति दक्षिणामूर्त्तिवचनात्।

त्रिपुटा-मन्त्र—श्रीं ह्रीं क्लीं—यह तीन अक्षर का त्रिपुटा का मन्त्र है। त्रिपुटा यन्त्र के मध्य में सर्वसमृद्धिदायिनी त्रिपुटा देवी का आवाहन करके ध्यान करे।

सामान्य पूजा पद्धति के क्रम से प्रातःकृत्यादि पीठन्यासान्त कर्म समाप्त करके भगवती भुवनेश्वरी की पूजा-पद्धति के अनुसार पीठशक्तियों का न्यास करे—ॐ जयायै

नम:। ॐ विजयायै नम:। ॐ अजितायै नम:। ॐ अपराजितायै नम:। ॐ नित्यायै नम:। ॐ विलासिन्यै नम:। ॐ दोग्ध्र्यै नम:। ॐ अघोरायै नम:।

ऋष्यादिन्यास—सम्मोहनऋषये नम: शिरसि। गायत्रीछन्दसे नम: मुखे। त्रिपुटायै देवतायै नम: हृदि।

करन्यास—श्रीं अंगुष्ठाभ्यां नम:। ह्रीं तर्जनीभ्यां नम:। क्लीं मध्यमाभ्यां वषट्। श्रीं अनामिकाभ्यां हुं। ह्रीं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। क्लीं करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

षडंगन्यास—श्रीं हृदयाय नम:। ह्रीं शिरसे स्वाहा। क्लीं शिखायै वषट्। श्रीं कवचाय हुं। ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्। क्लीं अस्त्राय फट्। इसके बाद निम्नवत् ध्यान करे—

पारिजातवने रम्ये मण्डपे मणिकुट्टिमे।
रत्नसिंहासने रम्ये पद्मे षट्कोणशोभिते।
अधस्तात्कल्पवृक्षस्य निषण्णां देवतां स्मरेत्।।
चापं पाशाम्बुजसरसिजान्यंकुशं पुष्पवाणान्
संविभ्राणां करसरसिजै रत्नमौलिं त्रिनेत्राम्।
हेमाब्जाभां कुचभरनतां रत्नमञ्जीरकाञ्चीम्
ग्रैवेयाद्यैर्विलसिततनुं भावयेच्छक्तिमाद्याम्।।
चामरादर्शताम्बूलकरण्डकसमुद्गकान् ।
वहन्तीभि: कुचार्त्ताभिर्दूतीभि: परिवारिताम्।
करुणामृतवर्षिन्यां पश्यन्तीं साधकं दृशा।।

सुन्दर पारिजात-वन के मध्य में मणिजटित मण्डप में मनोहर रत्नसिंहासन पर षट्कोण चक्र के ऊपर सुशोभित कमल में कल्पवृक्ष के नीचे बैठी हुई देवी त्रिपुटा का स्मरण करना चाहिये। वे अपने चार कर-कमलों में धनुष-पाश-दो कमल-अंकुश और पुष्प-वाण ग्रहण की हुई हैं। मस्तक पर रत्नमुकुट है, तीन नेत्र हैं, शरीर की आभा स्वर्ण-कमल के समान है। स्तनों के भार से झुकी हुई हैं। रत्नों के बने नूपुर और चन्द्रहार धारण की हुई हैं। कण्ठहार आदि आभूषणों से शरीर सुशोभित है। स्तनों के भार से झुकी हुई हैं। दूतियाँ चारो ओर से चँवर, दर्पण, ताम्बूल और सिन्दूर की डिब्बी ली हुई देवी त्रिपुटा को घेर कर खड़ी हैं। दयारूपी अमृत की वर्षा करने वाली दृष्टि से भगवती साधक को देख रही हैं।

उक्त ध्यान में 'अब्ज' शब्द का अर्थ कमल है, शंख नहीं; क्योंकि दक्षिणा-मूर्तिवचन से यह स्पष्ट है कि भगवती त्रिपुटा दो कमल धारण की हुई हैं। इस प्रकार ध्यान करके मानसोपचार से पूजा करे। शंख-स्थापन करे। फिर सामान्य पूजा पद्धति के क्रम से पीठपूजापर्यन्त कर्म करके केशर में भगवती का पूजन पद्धति के अनुसार करे। जया आदि

पीठशक्तियों की पूजा करे। तब ध्यान-आवाहन से पञ्च पुष्पाञ्जलि दानपर्यन्त सभी कार्य करे। इसके बाद आवरण-पूजन करे।

आग्नेयादि षट् कोणों में—ॐ लक्ष्म्यै नमः। ॐ हरये नमः। ॐ गौर्यै नमः। ॐ शिवायै नमः। ॐ रत्यै नमः। ॐ कामायै नमः। षट्कोण के दोनों बगलों में ॐ शंख-निधये नमः, ॐ पद्मनिधये नमः।

इसके बाद केशर में अग्नि आदि चारो कोनों, मध्य और दिशाओं में षडंग पूजा करे—श्रीं हृदयाय नमः। श्रीं शिरसे स्वाहा। श्रीं शिखायै वषट्। श्रीं कवचाय हुं। श्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्। श्रीं अस्त्राय फट्।

इसके बाद आठ दलों में—ॐ ब्राह्मयै नमः। ॐ माहेश्वर्यै नमः। ॐ नारायण्यै नमः। ॐ कौमार्यै नमः। ॐ अपराजितायै नमः। ॐ चामुण्डायै नमः। ॐ वाराह्यै नमः। ॐ नारसिंह्यै नमः से आठ देवियों का पूजन करे।

निबन्धग्रन्थ में षट्कोणों की पूज्य देवियों का ध्यान इस प्रकार का दिया है—

१. लक्ष्मी—लक्ष्मीं हेमप्रभां तन्वीं सवराब्जयुगाभयाम्।
२. हरि—शंखचक्रगदाम्भोजधरे हेमनिभं हरिम्।
३. गौरी—पाशांकुशभयाभीष्टधरां गौरीं जवारुणाम्।
४. हर—मृगटंकाभयाभीष्टधरं हेमनिभं हरिम्।
५. रति—नीलोत्पलकरां सौम्यां रतिं काञ्चनसन्निभाम्।
६. स्मर—धृतपाशांकुशेष्वासं पुष्पेक्षुमरुणं स्मरम्।

१. लक्ष्मी—स्वर्णवर्णा, इकहरे शरीर वाली, वरमुद्रा, दो कमल तथा अभय मुद्रायुक्त हैं।
२. हरि (विष्णु)—शंख-चक्र-गदा-पद्म से युक्त स्वर्णवर्ण के हैं।
३. गौरी—जवापुष्प के समान लाल वर्णा हैं। पाश, अंकुश, अभय और वर मुद्रा से युक्त हैं।
४. हर (शिव)—स्वर्णवर्ण हैं। मृगटंक, अभय और वरमुद्रा से युक्त हैं।
५. रति—स्वर्णवर्णा, सौम्यरूपा, नीलकमल हाथ में है।
६. कामदेव—अरुणवर्ण, पाश, अंकुश, धनुष और पुष्पबाण से युक्त हैं।

उक्त प्रकार से ध्यान करके पूजन करे। दोनों पार्श्वों में दोनों निधियों का पूजन करे। पद्म के बाहर अंगदेवताओं का पूजन करे। पद्मदलों में अष्ट मातृकाओं का पूजन करे। तब भूपुर में स्त्रीमूर्तिधारी इन्द्रादि लोकपालों का पूजन करे। इसके बाद धूपादि से विसर्जन तक का कर्म सम्पूर्ण करे।

इस मन्त्र का पुरश्चरण बारह लाख जप से होता है। त्रिमधुराक्त वेल या आरग्वध

समिधा या जवापुष्प द्वारा हवन होता है। धन देकर गुरु को सन्तुष्ट करे।

यह त्रिपुटा मन्त्र तीन प्रकार का है—१. परादि ह्रीं श्रीं क्लीं, २. कामादि क्लीं श्रीं ह्रीं एवं ३. श्रीबीजादि श्रीं ह्रीं क्लीं।

त्रिपुटा यन्त्र

त्वरितामन्त्राः

अथाभिधास्ये त्वरितां त्वरितं फलदायिनीम् ।
तारो माया वर्मबीजम् ऋद्धिरीशस्वरान्विता ।।
कूर्मस्तदन्त्यो भगवान् क्षस्त्री दीर्घतनुच्छदम् ।
संवर्त्तो भगवान् माया फडन्तो द्वादशाक्षरः ।।

माया भुवनेशी, वर्म हुं, ऋद्धिः खकारः, ईश्वरः एकारः, कूर्मश्चकारः, तदन्त्यश्छकारः, भग एकारस्तद्युक्तः क्षः, स्त्री स्वरूपं, दीर्घतनुच्छदं हुं, संवर्त्तः क्षकारः भग एकारस्तद्युक्तः क्षः, पुनर्भुवनेश्वरी फट्। अस्यार्जुनऋषिर्विराट् छन्दः त्वरिता देवता पुरुषार्थचतुष्टयसिद्ध्यर्थे विनियोगः। तथा च निबन्धे—

मुनिरर्जुन आख्यातो विराट् छन्द उदाहृतम् ।
त्वरिता देवता प्रोक्ता पुरुषार्थफलप्रदा ।।

अस्याः पूजापद्धतिः; तत्र पूजायन्त्रं दक्षिणामूर्त्तौ—

अष्टपत्रं लिखेत्पद्मं बहिर्भूविन्द्वमालिखेत् ।
प्रत्येकं वसुकोणेषु कवचञ्चाष्टधा लिखेत् ।।
मध्ये तु भुवनेशानीं वेष्टयेन्मातृकाक्षरैः ।
सर्वरक्षाकरं नाम यन्त्रमेतदुदाहृतम् ।
यत्रावाह्य महेशानीमुपचारैः समर्चयेत् ।।

ततः प्रातःकृत्यः पीठादि न्यासान्तं कर्म समाप्य केशरेषु भुवनेश्वरीमन्त्रोक्त-जयादिपीठशक्तीर्विन्यस्य मध्ये क्षं हुं हं वज्रदेह घुरु घुरु हिंगुलु हिंगुलु गर्ज गर्ज हं हूं क्षां पञ्चाननाय नमः—इति मन्त्रं न्यसेत्। तथा च निबन्धे—

संवर्त्तको विन्दुयुतः कवचं सकलं वियत्।
वज्रदेह घुरुद्वन्द्वमाभाष्य हिंगुलुद्वयम्॥
गर्ज गर्ज वियत्सेन्दु वर्मान्त्यो दीर्घविन्दुवान्।
पञ्चाननाय हृदयं पीठमन्त्रः प्रकीर्त्तितः॥

ततः ऋष्यादिन्यासः—शिरसि अर्जुनऋषये नमः, मुखे विराट् छन्दसे नमः, हृदि त्वरितायै देवतायै नमः।

ततो मन्त्रन्यासः—मूर्ध्नि ॐ नमः, भाले हुं नमः, गले खे नमः, हृदि च नमः, नाभौ छे नमः, गुह्ये क्ष नमः, ऊर्वो स्त्री नमः, जानुनोः हूं नमः, जङ्घयोः क्षे नमः, पादद्वन्द्वे फट् नमः। मूलेन व्यापकं कुर्यात्। तथा च निबन्धे—

मायाविवर्जितान् वर्णान् मूर्ध्नि भाले गले हृदि।
नाभिगुह्योरुयुगे च जानुजङ्घापदेषु च।
विन्यस्य व्यापकं कुर्यात्समस्तेनैव साधकः॥

ततः कराङ्गन्यासौ—चछे अंगुष्ठाभ्यां नमः, छेक्ष तर्जनीभ्यां स्वाहा, क्षस्त्री मध्यमाभ्यां वषट्, स्त्रीहुं अनामिकाभ्यां हुं, हूंक्षे कनिष्ठाभ्यां वौषट्, क्षेफट् करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्। एवं चक्षे हृदयाय नमः इत्यादिना हृदयादिषु। तथा च निबन्धे—

कूर्माद्यैः सप्तभिर्वर्णैः पूर्वपूर्वविवर्जितैः।
द्वाभ्यां द्वाभ्यां षडङ्गानि कुर्यात्साधकसत्तमः॥

ततो ध्यानम्—

श्यामां बर्हिकलापशेखरयुतामाबद्धपर्णांशुकां
गुञ्जाहारलसत्पयोधरनतामष्टाहिपान् बिभ्रतीम्।
ताटङ्काङ्गदमेखलागुणरणन् मञ्जीरतां प्रापितान्
कैरातीं वरदाभयोद्यतकरां देवीं त्रिनेत्रां भजे॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कुर्यात्। ततः सामान्योक्तपीठपूजां विधाय पद्मस्य केशरेषु पूर्वादिक्रमेण जया-विजया-अजिता-अपराजिता-नित्या-विलासिनी-दोग्ध्री-अघोरा-मङ्गलाः प्रणवादिनमोऽन्तेन पूज्याः। मध्ये क्षं हुं हं वज्रदेह घुरु घुरु हिंगुलु हिंगुलु गर्ज गर्ज हं हूं क्षां पञ्चाननाय नमः। ततः पूर्ववद्

ध्यात्वा आवाहनादि पञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधाय आवरणपूजामारभेत्। अग्न्या-दिकोणेषु चछे गायत्र्यै हृदयाय नमः, छेक्ष गायत्र्यै शिरसे स्वाहा, क्षस्त्री गायत्र्यै शिखायै वषट्, स्त्रीहूं गायत्र्यै कवचाय हुं, हूंक्षे गायत्र्यै नेत्रत्रयाय वौषट्। दिक्षु क्षे फट् गायत्र्यै अस्त्राय फट् इति सम्पूज्य उत्तरेशानयोः प्रणीतां गायत्रीञ्च पूजयेत्। तथा च निबन्धे—

अङ्गैः प्रणीतां गायत्रीं केशरेष्वर्चयेत्क्रमात् ।
दलेषु पूजयेदेताः श्रीबीजाद्याः सुभूषिताः ॥
हुंकारीं खेचरीं चण्डां छेदिनीं क्षेपिणीं स्त्रियम् ।
हूंकारीं क्षेमकारीञ्च लोके सायुधभूषणाम् ।
फट्कारीमग्रतो वाह्ये कोदण्डशरधारिणीम् ॥

वाक्यन्तु—श्रीं हुंकार्यै नमः, वाह्ये अग्रतः ॐ फट्कारिण्यै नमः इत्यादि। द्वारस्योभयपार्श्वयो—ॐ जयायै नमः, ॐ विजयायै नमः। तद्बाह्ये—किङ्कराय रक्ष रक्ष त्वरिताज्ञास्थिरो भव हुं फट् इति मन्त्रेण किङ्करां पूजयेत्। तथा च निबन्धे—

द्वारस्य पार्श्वयोः पूज्ये हेमवेत्रकराम्बुजे ।
जयाख्या विजयाख्या च किङ्कराय पदं ततः ॥
रक्ष रक्ष पदस्यान्ते त्वरिताज्ञास्थिरो भव ।
वर्मास्त्रान्तेन मनुना किङ्करं तद्बहिर्यजेत् ।
लगुडं विभ्रतं कृष्णं कृष्णचर्चरमूर्द्धजम् ॥
आरण्यैररुणैः पुष्पैरतिरम्यैः सुगन्धिभिः ।
पूजयेद्धूपदीपाद्यैर्नृत्यगीतैर्महोत्सवैः ॥ इति।

अत्र न इन्द्रादिपूजा अनुक्तत्वात्। ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणजपो लक्षसंख्यकः। तद्दशांशं बिल्वस्य समिद्वरैस्त्रिमध्वक्तैर्होम-येत्। तथा च—

लक्षं सञ्जप्य मन्त्रज्ञो मन्त्रमेनं जितेन्द्रियः ।
दशांशं जुहुयाद्बिल्वैस्त्रिमध्वक्तैः समिद्वरैः ॥

त्वरिता—ॐ ह्रीं हुं खेचछे क्ष स्त्रीं हूँ क्ष एं ह्रीं फट्—यह त्वरिता का द्वादशाक्षर मन्त्र है । त्वरिता देवी का यह द्वादशाक्षर मन्त्र शीघ्र फलदायी है। तार = ॐ, माया = ह्रीं, वर्मबीजं = हूं, ईश्वर = ए युक्त ऋद्धि = खे, कूर्म = च, छ, भग = ए से युक्त छे, क्ष स्त्री दीर्घ वर्म = हूँ, सेवते = क्ष, भग = ए, माया = ह्रीं और फट् के संयोग से यह मन्त्र उद्धृत होकर—ॐ ह्रीं हुं खे च छे क्ष स्त्रीं हूं क्ष ए ह्रीं फट् बनता है। इसमें बारह अक्षर होते हैं।

विनियोग—इस मन्त्र के ऋषि अर्जुन, छन्द विराट्, देवता त्वरिता, चतुर्वर्ग पुरुषार्थ-सिद्धि के लिये विनियोग।

इसका पूजन यन्त्रसाधकों का सर्वरक्षाकारक है। इसमें देवी त्वरिता का आवाहन करके यथाशक्ति उपचारों से पूजन करे। पहले सामान्य पूजा पद्धति के क्रम से प्रातःकृत्यादि पीठन्यासान्त तक के कर्मों को करे।

केशर में भगवती भुवनेश्वरी मन्त्रोक्त जयादि पीठशक्तियों का न्यास करके मध्य में निम्न पीठमन्त्र का न्यास करे—

क्षं हुं हं वज्रदेहे घुर घुर हिंगुल हिंगुल गर्ज गर्ज हूं हूं क्षां पञ्चाननाय नमः।

ऋष्यादि न्यास—अर्जुनऋषये नमः शिरसि। विराट् छन्दसे नमः मुखे। त्वरितादेवतायै नमः हृदि।

मन्त्रन्यास—ॐ नमः मूर्ध्नि, हुं नमः भाले। खें नमः गले। चं नमः हृदि। छं नमः नाभौ। क्षं नमः गुह्ये। स्त्रीं नमः ऊर्वोः। हूं नमः जानुनी। क्षे नमः जंघयो। फट् नमः पादद्वन्द्वे।

इसके बाद मूल मन्त्र से व्यापक न्यास करके करांगन्यास करे।

करन्यास—चछे अंगुष्ठाभ्यां नमः। छे क्ष तर्जनीभ्यां स्वाहा। क्षस्त्रीं मध्यमाभ्यां वषट्। स्त्री हुं अनामिकाभ्यां हुं। हुं क्षें कनिष्ठाभ्यां वौषट्। क्षें फट् करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

षडंग न्यास—चछे हृदयाय नमः। छेक्ष शिरसे स्वाहा। क्षस्त्रीं शिखायै वषट्। स्त्री हुं कवचाय हुं। हुं क्ष नेत्रत्रयाय वौषट्। क्षं फट् अस्त्राय फट्। इसके बाद ध्यान करे —

श्यामां बर्हिकलापशेखरयुतामाबद्धपर्णांशुकाम्
गुञ्जाहारलसत्पयोधरनतामष्टाहिपान् बिभ्रतीम्।
ताटंकांगदमेखलागुणरणन् मञ्जीरतां प्रापितान्
कैरातीं वरदाभयोद्यतकरां देवीं त्रिनेत्रां भजे।।

भगवती त्वरिता श्यामवर्णा हैं। मस्तक पर मयूरपुच्छ का मुकुट और पत्तों का बना वस्त्र है। गुंजों की माला से सुशोभित स्तनों के भार से झुकी हुई हैं। आठ नागों को ताटंक, वलय, चन्द्रहार, करधनी, नूपुर के रूप में धारण की हुई हैं। किरातवंश की देवी त्रिनयना हैं। वर एवं अभय देने को उद्यत हाथों वाली देवी का मैं भजन करता हूँ।

इस प्रकार से देवी त्वरिता का ध्यान करके मानस पूजन करे। तब शंखस्थापन करे। सामान्य पूजा पद्धति के अनुसार पीठपूजा करे। केशर में पूर्वादि क्रम से पीठशक्तियों का पूजन करे। ॐ जयायै नमः। ॐ विजयायै नमः। ॐ अजितायै नमः। ॐ नित्यायै नमः। ॐ विलासिन्यै नमः। ॐ दोग्ध्र्यै नमः। ॐ अघोरायै नमः। ॐ मंगलायै नमः।

केशर के मध्य में क्षं हुं हं वज्रदेहे घुर घुर हिंगुल हिंगुल गर्ज गर्ज हं हूं क्षां पञ्चाननाय नम: से पूजा करे। पूर्ववत् ध्यान-आवाहन करके पुष्पाञ्जलि तक सभी कार्य करके आवरणपूजन करे।

षडंगपूजन—आग्नेयादि कोणों में—चछे गायत्र्यै हृदयाय नमः। छेक्ष गायत्र्यै शिरसे स्वाहा। क्षस्त्री गायत्र्यै शिखायै वषट्। स्त्री हूँ गायत्र्यै कवचाय हुं। हुं क्षे गायत्र्यै नेत्रत्रयाय वौषट्। दिशाओं में—क्षे फट् गायत्र्यै अस्त्राय फट्। इसके बाद उत्तर दिशा में प्रणीता तथा गायत्री की पूजा करे। पद्मदलों में श्रीबीज आगे लगाकर इन देवियों का पूजन करे। जैसे—

१. श्री हुंकार्यै नमः। २ श्रीं खेचर्यै नमः। ३ श्रीं चण्डायै नमः। ४ श्रीं छेदिन्यै नमः। ५ श्रीं क्षेपिण्यै नमः। ६. श्रीं स्त्रियै नमः। ७. श्रीं हुंकार्यै नमः। ८. सायुधभूषणाय नमः। इसके बाद पद्मदल के बाहर धनुर्वाणधारिणी फट्कारिणी का पूजन करे। इसका पूजन श्रीं फट्कारिण्यै नम: से करे।

द्वार के दोनों पार्श्वों में ॐ जयायै नम:, ॐ विजयायै नम: से पूजा करे। उसके बाद 'किंकराय रक्ष-रक्ष त्वरिताऽऽज्ञा स्थिरो भव हुं फट्' से किंकर की पूजा करे।

त्वरिता यन्त्र

निबन्ध में लिखा है कि पद्महस्ता, स्वर्णवस्त्रधारिणी जया-विजया की पूजा करे। किंकर लगुडधारी, कृष्णवर्ण और कृष्णकेश है। सुगन्धित लाल वनपुष्प, धूप, दीप द्वारा पूजन करके गीतवाद्य से महोत्सव मनावे।

प्रमाण में उल्लिखित होने से इस देवता की पूजा में इन्द्रादि लोकपालों और उनके अस्त्रों का पूजन नहीं होता है। इसके बाद धूपादि विसर्जनपर्यन्त कर्म समाप्त करके पूजा पूर्ण करे।

इस मन्त्र का पुरश्चरण एक लाख जप और त्रिमधुराक्त बेल की समिधा से दश हजार हवन से होता है।

नित्यामन्त्र:

वाग्भवं कामबीजञ्च नित्यक्लिन्ने मदौ पुनः ।
द्रवे वह्निवधूर्मन्त्रो द्वादशार्णोऽयमीरितः ॥

अस्याः पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादिपीठन्यासान्तं विधाय केशरेषु पूर्वादिक्रमेण जयादि ह्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः इत्यन्तं विन्यस्य ऋष्यादिन्यासं समाचरेत्। तद्यथा—शिरसि सम्मोहनऋषये नमः, मुखे निवृच्छन्दसे नमः, हृदि नित्यायै देवतायै नमः। तथा च निबन्धे—

ऋषिः सम्मोहनश्छन्दो निवृन्नित्या च देवता । इति ।

ततः कराङ्गन्यासौ—ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः, ऐं तर्जनीभ्यां स्वाहा, ऐं मध्यमाभ्यां वषट्, ऐं अनामिकाभ्यां हुं, ऐं कनिष्ठाभ्यां वौषट्, ऐं करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु ऐं हृदयाय नमः इत्यादिना षडङ्गेषु न्यसेत्। तथा च निबन्धे—

वाचा कृत्वा षडङ्गानि नित्यां ध्यायेद्यथाविधि।

ततो ध्यानम्—

अर्द्धेन्दुमौलिमरुणाममराभिवन्द्यामम्भोजपाशसृणिपूर्णकपालहस्ताम् ।
रक्ताङ्गरागवसनाभरणां त्रिनेत्रां ध्यायेच्छिवस्य वनितां मदविह्वलाङ्गीम् ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कुर्यात्। ततः पीठपूजां विधाय केशरेषु जयादिपीठशक्तीः सम्पूज्य मध्ये ह्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः इत्यन्तं सम्पूज्य पुनर्ध्यात्वा आवाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधाय आवरणपूजा-मारभेत्।

तद्यथा—अग्न्यादिकोणचतुष्टये मध्ये दिक्षु च ऐं हृदयाय नमः, ऐं शिरसे स्वाहा, ऐं शिखायै वषट्, ऐं कवचाय हुं, मध्ये ऐं नेत्रत्रयाय वौषट्, चतुर्दिक्षु ऐं अस्त्राय फट्। अष्टदलेषु ॐ नित्यायै, निरञ्जनायै, क्लिन्नायै, क्लेदिन्यै, मदनातुरायै, मदद्रवायै, द्राविण्यै, द्रविण्यै सर्वत्र प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजयेत्। तथा च निबन्धे—
नित्या निरञ्जना क्लिन्ना क्लेदिनी मदनातुरा ।
मदद्रवा द्राविणी च द्रविणीत्यष्टशक्तयः ।

नीलोत्पलकपालाढ्यकरा रक्ताम्बुजप्रभा ।। इति।

तद्बाह्ये इन्द्रादीन् वज्रादींश्च पूजयेत्। ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणजपश्चतुर्लक्षः। तथा च—

चतुर्लक्षं जपित्वा च मधुराक्तैर्मधूकजैः ।
कुसुमैरयुतं हुत्वा तोषयेद् गुरुमात्मनः ।।

नित्या—मन्त्र है—ऐं क्लीं नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा। यह द्वादशाक्षर है।

सामान्य पूजा पद्धति क्रम से प्रात:कृत्यादि से पीठन्यास तक कर्म करे। केशर में जया आदि पीठशक्तियों का न्यास करने के पश्चात् ऋष्यादि न्यास करे।

ऋष्यादि न्यास—ॐ सम्मोहनऋषये नम: शिरसि। निवृच्छन्दसे नम: मुखे। नित्यायै देवतायै नम: हृदि।

करन्यास—ऐं अंगुष्ठाभ्यां नम:। ऐं तर्जनीभ्यां स्वाहा। ऐं मध्यमाभ्यां वषट्। ऐं अनामिकाभ्यां हुं। ऐं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। ऐं करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

षडंगन्यास—ऐं हृदयाय नम:। ऐं शिरसे स्वाहा। ऐं शिखायै वषट्। ऐं कवचाय हुं। ऐं नेत्रत्रयाय वौषट्। ऐं अस्त्राय फट्।

नित्यायन्त्र

नित्या का ध्यान निम्नवत् करे—

अर्द्धेन्दुमौलिमरुणाममराभिवन्द्यामम्भोजपाशसृणिपूर्णकपालहस्ताम् ।
रक्ताङ्गरागवसनाभरणां त्रिनेत्रां ध्यायेच्छिवस्य वनितां मदविह्वलाङ्गीम्।।

नित्या देवी के मस्तक पर अर्द्धचन्द्र है। उनका रंग लाल है। देवों द्वारा वन्दित है। दाँयें ऊपरी हाथ में पद्म, दाँयें निचले हाथ में माला, बाँयें ऊपरी हाथ में पाश, बाँयें निचले हाथ में सुरापूर्ण नरकपाल है। लाल चन्दन, लाल वस्त्राभूषण से विभूषित है। त्रिलोचन भगवान् शिव की पत्नी हैं। सुरापान से मदमत्त हैं।

इस प्रकार ध्यान करके मानस पूजन करे। तब शंख स्थापित करे। तब पीठपूजन करे। केशर में जयादि पीठशक्तियों का पूजन करे। मध्य में 'ह्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः' से आसन देकर देवी नित्या का पूजन करे। तब पुनः पूर्ववत् ध्यान-आवाहन-पुष्पाञ्जलि-दानादि कर्म करके आवरण-पूजन करे।

षट्कोण के अग्न्यादि कोणचतुष्टय में ऐं हृदयाय नमः। ऐं शिरसे स्वाहा। ऐं शिखायै वषट्। ऐं कवचाय हुं से पूजन करे। मध्य में ऐं नेत्रत्रयाय वौषट् से पूजा करे। चारो दिशाओं में ऐं अस्त्राय फट् से पूजन करे।

अष्टदल में इन आठ का पूजन करे—ॐ नित्यायै नमः। ॐ निरञ्जनायै नमः। ॐ क्लिन्नायै नमः। ॐ क्लेदिन्यै नमः। ॐ मदनातुरायै नमः। ॐ मदद्रवायै नमः। ॐ द्राविण्यै नमः। ॐ द्राविण्यै नमः। निबन्ध के अनुसार नित्या आदि आठ शक्तियाँ नीलोत्पल कपालाढ्यकरा रक्ताम्बुजप्रभा हैं।

भूपुर चतुरस्त्र में इन्द्रादि दश लोकपालों और वज्रादि अस्त्रों की पूजा करे। धूप, दीप, नैवेद्य से पूजन करके विसर्जन करे।

चार लाख जप से इसका पुरश्चरण होता है। जप का दशांश चालीस हजार त्रिमधुराक्त महुआ के फूलों से हवन करे। गुरुदेव को दान-दक्षिणा देकर सन्तुष्ट करे।

वज्रप्रस्तारिणीमन्त्रा:

वाङ्मयानन्तरं भूयो नित्यक्लिन्ने मदद्रवे ।
स्वाहान्तो रविसंख्यार्णो मन्त्रो वश्यप्रदायकः ॥

अस्याः पूजायन्त्रम्—षट्कोणं द्वादशदलं चतुर्द्वारं चतुरस्त्रञ्च। ततः पूजा—प्रातःकृत्यादिपीठन्यासान्तं विधाय केशरेषु जयादिपीठमन्वन्तं विन्यस्य ऋष्यादि-न्यासं कुर्यात्। शिरसि अङ्गिरसे ऋषये नमः, मुखे त्रिष्टुप्छन्दसे नमः, हृदि वज्र-प्रस्तारिण्यै देवतायै नमः। तथा च निबन्धे—

अङ्गिराः स्यादृषिस्त्रिष्टुप्छन्दो मुनिभिरीरितम् ।
वज्रप्रस्तारिणी प्रोक्ता देवताभीष्टदायिनी ॥ इति।

ततः कराङ्गन्यासौ—ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः इत्यादि, ऐं हृदयाय नमः इत्यादिना हृदयादिषु। तथा च निबन्धे—

वाग्भवेन षडङ्गानि विदध्यान् मन्त्रवित्तमः।

ततो ध्यानम्—

रक्ताब्धौ रक्तपोते रविदलकमलाभ्यन्तरे सन्निषण्णां
रक्ताक्षीं रक्तमौलिस्फुरितशशिकलां स्मेरवक्त्रां त्रिनेत्राम् ।
बीजापूरेषुपाशांकुशमदनधनुःसत्कपालानि हस्तैः
बिभ्राणामानताङ्गीं स्तनभरनमितामम्बिकामाश्रयामः ॥

गौतमीय तन्त्र में दशाक्षर और अष्टाक्षर मन्त्रों के सम्बन्ध में दो प्रकार के यन्त्रों का वर्णन है। दशाक्षर के पूजन के लिये जो यन्त्र पहले दिया जा चुका है, उसमें अष्टदल के बाहर चतुरस्र भूपुर है और कर्णिका में क्लीं बीज अंकित है। यह इसी प्रकार का बताया गया है। अष्टादशाक्षर मन्त्र के पूजन यन्त्र में चतुरस्र चतुर्द्वार बनाकर उसके मध्य में अष्टदल पद्म और पद्म के मध्य में षट्कोण बनावे। षट्कोण के मध्य में क्लीं बीज लिखकर 'कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा'—इस सप्तदशाक्षर मन्त्र से उसे वेष्टित करे। षट्कोणों में क्लीं, कृ, ष्णा, य, न, मः—इन छः वर्णों को लिखे। श्रीकृष्ण की पूजा में उक्त विविध यन्त्रों में से कोई एक यन्त्र बनाकर पूजा करे। बाद के दो यन्त्र असमर्थ साधक के लिये और प्रथम यन्त्र समर्थ साधक के लिये विहित है। अन्यथा तापिन्यादि शक्तियों के विरोध का सामना करना पड़ता है। ऊपर वर्णित चार प्रकार के यन्त्रों में दो तो एक समान हैं, जिनमें अष्टदल और भूपुर हैं। एक यन्त्र दशाक्षर में दिया गया है। दूसरा यन्त्र इस अष्टाक्षर मन्त्र में अंकित है। तीसरा यन्त्र पिछले पृष्ठ पर अंकित है।

पूजन—विष्णुमन्त्रोक्त पीठपूजा करके फिर ध्यान-आवाहनादि से पञ्च पुष्पाञ्जलि तक सभी कर्म करे। तब सृष्टि-स्थिति और षडंग पूजा करके इस प्रकार से पूजन करे—ॐ किरीटाय नमः। ॐ कुण्डलाय नमः। ॐ शंखाय नमः। ॐ चक्राय नमः। ॐ गदाय नमः। ॐ पद्माय नमः। ॐ वनमालायै नमः। ॐ श्रीवत्साय नमः। ॐ कौस्तुभाय नमः। तब पाँच पुष्पाञ्जलि देकर आवरण पूजा करे।

षट्कोण में अग्न्यादि क्रम से षडंग पूजन करे—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं हृदयाय नमः। ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं कृष्णाय शिरसे स्वाहा। ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं गोविन्दाय शिखायै वषट्। ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं गोपीजन कवचाय हुं। ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं वल्लभाय नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं स्वाहा अस्त्राय फट्।

अष्टदल में पूर्वादि चारो दिशाओं के चारो पत्रमूलों में—ॐ वासुदेवाय नमः। ॐ सङ्कर्षणाय नमः। ॐ प्रद्युम्नाय नमः। ॐ अनिरुद्धाय नमः से पूजन करे।

आग्नेयादि चार कोणों के चार पत्रों के मूल में—ॐ शान्त्यै नमः। ॐ श्रियै नमः। ॐ सरस्वत्यै नमः। ॐ रत्यै नमः से पूजा करे।

आठो दलों के मध्य में पूर्वादि क्रम से आठ पटरानियों का पूजन करे—ॐ रुक्मिण्यै नमः। ॐ सत्यभामायै नमः। ॐ नाग्नजित्यै नमः। ॐ सुनन्दायै नमः। ॐ मित्रविन्दायै नमः। ॐ सुलक्षणायै नमः। ॐ जाम्बवत्यै नमः। ॐ सुशीलायै नमः।

आठो दलाग्रों में 'ॐ षोड़शसहस्रमहिषीभ्यो नमः' से दो-दो हजार महिषियों का पूजन करे। अष्टदल और भूपुर के मध्य भागों में पूर्वादि क्रम से इनकी पूजा करे—ॐ इन्द्रनिधये नमः। ॐ नीलनिधये नमः। ॐ मुकुन्दनिधये नमः। ॐ आनन्दनिधये नमः। ॐ कच्छपनिधये नमः। ॐ पद्मनिधये नमः। ॐ शंखनिधये नमः।

भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों और वज्रादि दश आयुधों की पूजा करे। इसके बाद धूपादि विसर्जनान्त सभी कर्म करके पूजा पूर्ण करे।

इस मन्त्र के पुरश्चरण में चार लाख जप और घी द्वारा चालीस हजार हवन करे।

मन्त्रान्तरम्

वाग्भवं कामबीजञ्च कृष्णाय भुवनेश्वरी।
गोविन्दाय रमा गोपीजनवल्लभङेशिरः॥
चतुर्दशस्वरोपेतो भृगुः सर्गी तदूर्ध्वतः।
द्वाविंशत्यक्षरो मन्त्रो वागीशत्वप्रदायकः॥

अस्य पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादिवैष्णवोक्तपीठमन्वन्तं पीठन्यासं विधाय अष्टादशाक्षरवदृष्यादिन्यासं कराङ्गन्यासौ विधाय मुद्रादिदिग्बन्धनञ्च कृत्वा ध्यायेत्। यथा—

वामोर्ध्वहस्ते दधतं विद्यासर्वस्वपुस्तकम्।
अक्षमालाञ्च दक्षोर्ध्वे स्फाटिकीं मातृकामयीम्॥
शब्दब्रह्ममयं वेणुमधःपाणिद्वयेरितम्।
गायन्तं पीतवसनं श्यामलं कोमलच्छविम्॥
बर्हिबर्हकृतोत्तसं सर्वज्ञं सर्ववेदिभिः।
उपासितं मुनिगणैरुपतिष्ठेद्धरिः सदा॥

एवं ध्यात्वा विंशत्यर्णवत् पूजयेत्। विशेषस्तु—सृष्टिस्थिति तत्पूजनं नास्ति तद्वर्णाभावात्। अस्य पुरश्चरणं चतुर्लक्षजपः। तथा च—

चतुर्लक्षं जपेन्मन्त्रमिमं मन्त्री सुसंयतः।
पलाशपुष्पैः स्वादुक्तैश्चत्वारिंशत्सहस्रकम्।
जुहुयात्कर्मणानेन मन्त्रसिद्धिर्भवेद्ध्रुवम्॥

श्रीकृष्ण का द्वाविंशाक्षर मन्त्र—ऐं क्लीं कृष्णाय ह्रीं गोविन्दाय श्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा सौः। श्रीकृष्ण का यह बाईस अक्षरों का मन्त्र साधक को वागीशत्व प्रदान करता है।

यन्त्र—पूर्वोक्त तीनों यन्त्रों में से किसी यन्त्र में इसका पूजन करे।

पूजा—पहले सामान्य पूजा पद्धति से प्रातःकृत्यादि करके वैष्णवोक्त पीठमन्त्र के समान न्यास करके ऋष्यादि न्यास करे। यथाविधि मुद्राप्रदर्शन करके दिग्बन्ध करके निम्नवत् ध्यान करे—

वामोर्ध्वहस्ते दधतं विद्यासर्वस्वपुस्तकम्।
अक्षमालाञ्च दक्षोर्ध्वे स्फाटिकीं मातृकामयीम्।।

शब्दब्रह्ममयं वेणुमध:पाणिद्वयेरितम्।
गायन्तं पीतवसनं श्यामलं कोमलच्छविम्।।
बर्हिबर्हकृतोत्तसं सर्वज्ञं सर्ववेदिभि:।
जपासितं मुनिगणैरुपतिष्ठद्धरिं सदा।।

श्रीकृष्ण अपने बाँयें ऊपरी हाथ में विद्यासर्वस्व पुस्तक धारण किए हुए हैं। दाँयें ऊपरी हाथ में मातृकावर्णमयी स्फटिक की अक्षमाला है। निचले दोनों हाथों में शब्दब्रह्ममयी वंशी बजा रहे हैं। वे पीताम्बरधारी, श्याम वर्ण, कोमल शरीर वाले हैं। शिर पर मोरपंख किरीट है। सभी वेदों को जानने वाले मुनियों के द्वारा उनकी उपासना की जाती है। ऐसे भगवान् श्रीहरि कृष्ण का ध्यान सदैव करना चाहिये।

ध्यान के बाद बीस वर्णात्मक मन्त्रोक्त पूजा प्रणाली से सभी पूजा कर्म करे। केवल सृष्टि-स्थितिन्यास और मातृकास्थान में पूजा न करे।

इस मन्त्र के पुरश्चरण में चार लाख जप और चालीस हजार हवन त्रिमधुराक्त पलाशपुष्पों से करे। इससे निश्चित ही मन्त्रसिद्धि मिलती है।

मन्त्रान्तरम्

वाग्भवं कामबीजञ्च मायालक्ष्मीमनन्तरम् ।
दशार्णो मनुवर्यश्च भवेच्छक्राक्षरो मनुः ॥

ब्रह्मसंहितायाम्—

वाग्भवं भुवनेशानीं श्रीबीजं कामबीजकम् ।
दशार्णो मनुवर्यश्च भवेच्छक्राक्षरोऽपरः ॥

अस्य पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादिवैष्णवोक्तपीठन्यासं कृत्वा ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। शिरसि ब्रह्मणे ऋषये नमः, मुखे गायत्रीछन्दसे नमः, हृदि श्रीकृष्णाय देवतायै नमः। अस्य न्यासपूजाजपहोमादि सर्वं दशाक्षरवत्कार्यम्। ध्याने तु विशेषः—

ध्यायेद् वृन्दावने रम्ये काञ्चनीभूमिमध्यगे ।
नानापुष्पलताकीर्णे वृक्षषण्डैश्च मण्डिते ॥
कल्पाटवीतले सम्यक् श्रीमन्माणिक्यमण्डपे ।
नारदाद्यैर्मुनिश्रेष्ठैः स्तवद्भिः परिवारिते ॥
रत्नसिंहासने ध्यायेदुपविष्टं कुजोपरि ।
सजलजलदश्यामं रक्तपद्मायतेक्षणम् ॥
रक्तपद्मस्फुरत्पादपाणिभ्यां परिमण्डितम् ।

नानारत्नसमारब्धभूषणैः परिभूषितम् ॥
श्रीयुक्तवक्षसि भ्राजत्कौस्तुभोद्भासिताम्बरम् ।
तारहारावलीरम्यं श्रीवत्साङ्कितवक्षसम् ॥
रोचनातिलकप्रान्तकुन्तलभ्रमरायितम् ।
कन्दर्पचापसदृशचिल्लिमालाविराजितम् ॥
अनेकरत्नसंयुक्तं स्फुरन्मकरकुण्डलम् ।
बर्हिबर्हकृतोत्तंसं सर्वज्ञं सर्ववेदिभिः ।
उपासितं मुनिगणैरुपतिष्ठेद्धरिं सदा ॥ इति ।

श्रीकृष्ण का चतुर्दशाक्षर मन्त्र—ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा। ब्रह्मसंहिता में श्रीकृष्ण के इस चतुर्दशाक्षर मन्त्र का वर्णन है।

यन्त्र—पूर्ववर्णित तीन यन्त्रों में से कोई।

पूजा—सामान्य पूजा पद्धति के क्रम से प्रात:कृत्यादि करे। विष्णुमन्त्रोक्त पीठन्यास करे। तब निम्नवत् ऋष्यादि न्यास करे—ब्रह्मणे ऋषये नम: शिरसि। गायत्री छन्दसे नम: मुखे। श्रीकृष्णाय देवतायै नम: हृदये।

इस मन्त्र के न्यास-पूजा-जप होमादि सभी कार्य दशाक्षर मन्त्रोक्त पूजा पद्धति से करे। केवल ध्यान भिन्न है—

ध्यायेद् वृन्दावने रम्ये काञ्चनीभूमिमध्यगे।
नानापुष्पलताकीर्णे वृक्षषण्डैश्च मण्डिते।।
कल्पाटवीतले सम्यक् श्रीमन्माणिक्यमण्डपे।
नारदाद्यैर्मुनिश्रेष्ठै: स्तवद्भि: परिवारिते।।
रत्नसिंहासने ध्यायेदुपविष्टं कुजोपरि।
सजलजलदश्यामं रक्तपद्मायतेक्षणम्।।
रक्तपद्मस्फुरत्पादपाणिभ्यां परिमण्डितम्।
नानारत्नसमाबद्धभूषणै: परिभूषितम्।।
श्रीयुक्तवक्षसि भ्राजत्कौस्तुभोद्भासिताम्बरम्।
तारहारावलीरम्यं श्रीवत्सांकितवक्षसम्।।
रोचनातिलकप्रान्तकुन्तलभ्रमरायितम् ।
कन्दर्पचापसदृशचिल्लिमालाविराजितम् ।।
अनेकरत्नसंयुक्तं स्फुरन्मकरकुण्डलम्।
बर्हिबर्हकृतोत्तंसं सर्वज्ञं सर्ववेदिभि:।।
उपासितैर्मुनिगणैरुपतिष्ठेद्धरिं सदा।।

सुन्दर वृन्दावन में स्वर्णाभ भूमि के मध्य विविध पुष्पलताओं से युक्त एवं विशाल वृक्षों से सुशोभित कल्पवृक्ष के नीचे माणिक्य से निर्मित मण्डप है। उस मण्डप में रत्नसिंहासन में कमल पर बैठे हुए श्रीकृष्ण हैं। उनका वर्ण जलपूर्ण मेघ के समान श्याम है। लाल कमल की पंखुड़ियों के समान विस्तृत नेत्रों वाले हरि का ध्यान करना चाहिये। उनके हाथों और पैरों की शोभा लाल कमल के समान है। विविध रत्नों से जटित आभूषणों से वे युक्त हैं। श्रीयुक्त वक्ष पर कौस्तुभमणि से प्रकाशित वस्त्र है। तारों के समान सुन्दर हार गले में है। वक्ष पर श्रीवत्सचिह्न सुशोभित है। गोरोचन के तिलक के इर्द-गिर्द घुंघराले केश भौंरों के समान दिखाई देते हैं। कामदेव के धनुष के समान दोनों भौंहें हैं। कानों में मकराकृत अनेक रत्नों वाले कुण्डल शोभित हैं। मोरपंख का किरीट शिर पर है। सर्वज्ञ मुनिगण इस प्रकार के सर्वज्ञ भगवान् कृष्ण की सदा उपासना करते हैं। नारदादि श्रेष्ठ मुनि भगवान् का स्तवन चारो दिशाओं में खड़े होकर करते हैं।

मन्त्रान्तरम् (एकाक्षरी)

कामाक्षरं धरासंस्थं शान्तिविन्दुविभूषितम् ।
त्रैलोक्यमोहनो विष्णुः कथितस्तव यत्नतः ॥

अस्य पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादि-वैष्णवोक्तपीठशक्तिपर्यन्तं विन्यस्य तदुपरि पक्षिराजाय स्वाहेति पीठमनुं न्यसेत्। ततः ऋष्यादिन्यासः। तद्यथा—शिरसि सम्मोहनऋषये नमः, मुखे गायत्रीच्छन्दसे नमः, हृदि त्रैलोक्यसम्मोहनाय विष्णवे नमः। तदुक्तम्—

ऋषिः सम्मोहनच्छन्दो गायत्री परिकीर्त्तिता ।
त्रैलोक्यमोहनो विष्णुर्देवता समुदीरिता ॥

ततः कराङ्गन्यासौ—क्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः इत्यादि। क्लां हृदयाय नमः इत्यादि। तथा च निबन्धे—

दीर्घषट्कयुजानेन कामबीजेन कल्पयेत् ।

ततो बाणन्यासः—अंगुष्ठे द्रां शोषणबाणाय नमः। तर्जन्योः द्रीं मोहनबाणाय नमः। मध्यमयोः क्लीं सन्दीपनबाणाय नमः। अनामिकयोः ब्लूं तापनबाणाय नमः। कनिष्ठयोः सः मादनबाणाय नमः। तथा—मस्तकमुखहृदयगुह्यपादेषु न्यसेत्। तथा च निबन्धे—

द्रामाद्यं शोषणं पूर्वं द्रीमाद्यं मोहनं ततः ।
सन्दीपनाख्यं क्लीमाद्यं ब्लूमाद्यं तापनं पुनः ।
सर्गान्तभृगुणा भूयो मादनं पञ्चमं न्यसेत् ॥

ततो ध्यायेत्—

भग्नविद्रुमसङ्काशं सर्वतेजोमयं वपुः ।
किरीटिनं कुण्डलिनं केयूरवलयान्वितम् ।।
मुक्तासद्रत्नसन्नद्धतुलाकोटिसमुज्ज्वलम् ।
नानालङ्कारसुभगं पीताम्बरयुगावृतम् ।।
गरुडोपरिसन्नद्धं रक्तपङ्कजमध्यगम् ।
उत्तप्तहेमसङ्काशां लक्ष्मीं वामोरुसंस्थिताम् ।।
सर्वालङ्कारसुभगां शुक्लवासोयुगावृताम् ।
सकामां लीलया देवं मोहयन्तं पुनः पुनः ।।
शङ्खचक्रगदापद्मपाशांकुशधनुःशरान् ।
धारयन्तं जगन्नाथं रक्तपद्मारुणेक्षणम् ।।

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं विधाय न्यासक्रमेण दशाक्षर-वत्पीठपूजां कृत्वा पुनर्ध्यानावाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधाय षडङ्गानि सम्पूज्य न्यासक्रमेण देवशरीरे पञ्चबाणान् सम्पूज्य ॐ किरीटाय नमः; एवं कुण्डलाय शङ्खाय चक्राय गदायै पद्माय पाशाय अंकुशाय धनुषे शराय इति हस्तेषु पूजयेत्। स्तनोद्र्ध्वे श्रीवत्साय कौस्तुभाय, गले वनमालायै, नितम्बे पीत-वसनाय, वामाङ्गे श्रीं लक्ष्म्यै नमः। सर्वत्र प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजयेत्। ततः केशरेषु अग्न्यादिकोणेषु मध्ये दिक्षु च क्लीं हृदयाय नमः, क्लीं शिरसे स्वाहा इत्यादि षडङ्गानि पूजयेत्। ततः पूर्वादिदिक्षु चतुरो बाणान् सम्पूज्य कोणेषु पञ्चमं बाणं पूजयेत्। पत्रेषु ॐ लक्ष्म्यै नमः। एवं सरस्वत्यै रत्यै प्रीत्यै कीर्त्त्यै कान्त्यै तुष्ट्यै पुष्ट्यै तद्बहिर्लोकपालान् पूजयेत्। अत्र वज्रादिपूज्यं नास्ति अनुक्तत्वात्। ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणं द्वादशलक्षजपः। तथा च—

रविलक्षं जपेन्मन्त्रं जुहुयात्तद्दशांशतः ।
अमृतत्रयसिक्तेन पायसेन विधानवित् ।
अथवा रविसाहस्त्र्यं हुनेत्तावच्च तर्पयेत् ।।

श्रीकृष्ण का एकाक्षर मन्त्र—श्रीकृष्ण के एकाक्षर मन्त्र 'क्लीं' का जप करके साधक तीनों लोकों को मुग्ध कर सकता है। इसका यन्त्र पूर्ववत् होता है।

पूजा—सामान्य पूजा पद्धति से प्रातःकृत्यादि करके विष्णुमन्त्रोक्त पीठन्यास करे। उसके ऊपर 'पक्षिराजाय स्वाहा' पीठमन्त्र का न्यास करे। तब इस प्रकार ऋष्यादि न्यास करे—सम्मोहनऋषये नमः शिरसि। गायत्री छन्दसे नमः मुखे। त्रैलोक्यसम्मोहनाय विष्णवे नमः हृदये।

करन्यास—क्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः। क्लीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। क्लूं मध्यमाभ्यां वषट्।

क्लैं अनामिकाभ्यां हुं। क्लौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। क्ल: करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

अंगन्यास—क्लां हृदयाय नम:। क्लीं शिरसे स्वाहा। क्लूं शिखायै वषट्। क्लैं कवचाय हुं। क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट्। क्ल: अस्त्राय फट्।

वाणन्यास—अंगुष्ठे द्रां शोषणवाणाय नम:। तर्जन्यो: द्रीं मोहनवाणाय नम:। मध्यमयो: क्लीं सन्दीपनवाणाय नम:। ब्लूं तापनवाणाय नम: अनामिकयो:। कनिष्ठयो: स: मादनवाणाय नम:। तब निम्नवत् ध्यान करे—

भग्नविद्रुमसङ्काशं सर्वतेजोमयं वपु:।
किरीटिनं कुण्डलिनं केयूरवलयान्वितम्।।
मुक्तासद्ररत्नसन्नद्धतुलाकोटिसमुज्ज्वलम् ।
नानालङ्कारसुभगं पीताम्बरयुगान्वितम्।।
गरुड़ोपरि सन्नद्धं रक्तपङ्कजमध्यगम्।
उत्तप्तहेमसङ्काशां लक्ष्मीं वामोरुसंस्थिताम्।।
सर्वालङ्कारसुभगां शुक्लवासो युगावृताम्।
सकामां लीलया देवं मोहयन्तं पुन: पुन:।।
शंखचक्रगदापद्मपाशाङ्कुशधनु:शरान् ।
धारयन्त्रं जगन्नाथं रक्तपद्मारुणेक्षणम्।।

भगवान् जगन्नाथ का शरीर सभी प्रकार के तेजों से युक्त है। टूटे हुए मूंगे के समान उसकी कान्ति है। मस्तक पर मुकुट, कानों में कुण्डल, भुजाओं में केयूर और कंगन हैं। दोनों पैर मोतियों और विविध रत्नों वाले नूपुर से शोभित हैं। विविध आभूषणों से सुशोभित दो पीले वस्त्र धारण किए हुए हैं। गरुड़ के ऊपर लाल कमल पर विराजमान हैं। तपे हुए सोने जैसी आभावाली लक्ष्मी देवी उनकी बाँयी जंघा पर आसीन हैं। लक्ष्मी सभी आभूषणों और दो श्वेत वस्त्रों से भूषित हैं। वे सकामा देवी अपनी लीला से भगवान् को निरन्तर मुग्ध किए रहती हैं। भगवान् अपने हाथों में शंख, चक्र, गदा, पद्म, पाश, अंकुश, धनुष और वाण लिए हुए हैं। उनके नेत्र लाल कमल के समान रक्ताभ हैं।

ध्यान के बाद मानसोपचारों से पूजा करके शंखस्थापन करे। तब पीठन्यास के क्रम से पीठपूजा करे। तब ध्यान-आवाहनादि से पञ्च पुष्पाञ्जलिदान तक की सभी क्रियायें करे।

षडंग पूजन करे—ॐ क्लां हृदयाय नम:। ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा। क्लूं शिखायै वषट्। क्लैं कवचाय हुं। क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट्। क्ल: अस्त्राय फट्।

इसके बाद देवशरीर में पञ्च वाणों की पूजा करे। मस्तके द्रां शोषणवाणाय नम:। मुखे द्रीं मोहनवाणाय नम:। हृदि क्लीं सन्दीपनवाणाय नम:। गुह्ये ब्लूँ तापनवाणाय नम:। पादे स: मादनवाणाय नम:। इसके बाद आवरण पूजन करे।

यन्त्र के मध्य बिन्दु में स्थित देव के शरीर में निम्न मन्त्रों से पूजन करे—ॐ किरीटाय नम:। ॐ कुण्डलाय नम:। ॐ शंखाय नम:। ॐ चक्राय नम:। ॐ गदाय नम:। ॐ पद्माय नम:। ॐ पाशाय नम:। ॐ अंकुशाय नम:। ॐ धनुषाय नम:। ॐ शराय नम:। स्तन के उर्ध्वभाग में—ॐ श्रीवत्साय नम:। ॐ श्रीकौस्तुभाय नम:। गले में—ॐ वनमालायै नम:। नितम्ब में—ॐ पीतवसनाय नम:। वामांग में—श्रीं लक्ष्म्यै नम:।

केशरों में अग्न्यादि कोणों, मध्य और चारो दिशाओं में क्लां हृदयाय नम: इत्यादि से षडंग पूजन करे। तब पूर्वादि चारो दिशाओं में द्रां शोषणवाणाय नम: इत्यादि से चार वाणों का पूजन चार कोणों में करे। स: मादनवाणाय नम: से पञ्चम वाण की पूजा करे।

अष्टदल में पूर्वादि क्रम से—ॐ लक्ष्म्यै नम:। ॐ सरस्वत्यै नम:। ॐ रत्यै नम:। ॐ प्रीत्यै नम:। ॐ कीर्त्यै नम:। ॐ कान्त्यै नम:। ॐ तुष्ट्यै नम:। ॐ पुष्ट्यै नम:।

भूपुर में इन्द्रादि दश लोकपालों का पूजन करे। वज्रादि के पूजन का विधान यहाँ नहीं है। धूपादि से विसर्जन तक के सारे कर्म करके पूजन का समापन करे।

इस यन्त्र के पुरश्चरण में बारह लाख जप और त्रिमधुराक्त खीर से एक लाख बीस हजार हवन करे। यदि अशक्त हो तो बारह हजार हवन और बारह हजार तर्पण करे।

मन्त्रान्तरम्

कामबीजं हृषीकेशाय हृन्मन्त्रोऽष्टाक्षरः परः ।

तथा च—

हृषीकेशपदं ङेऽन्तं नमोऽन्तः कामपूर्वकः ।

अस्य न्यासपूजादिकं सर्वं पूर्ववत्।

लक्ष्मीर्माया कामबीजं ङेऽन्तं कृष्णपदं तथा ।
स्वाहेति मन्त्रराजोऽयं भजतां सुरपादपः ।।

अस्य पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादिवैष्णवोक्तपीठमन्वन्तं विन्यस्य ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। यथा—शिरसि नारदऋषये नमः। मुखे अनुष्टुप्छन्दसे नमः। हृदि श्रीकृष्णाय देवतायै नमः। ततः कराङ्गन्यासौ—क्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः इत्यादि। एवं क्लां हृदयाय नमः इत्यादि। ततो ध्यानम्—

कलापकुसुमश्यामं वृन्दावनगतं हरिम् ।
गोपगोपीगवावीतं पीतवस्त्रयुगावृतम् ।।
नानालङ्कारसुभगं कौस्तुभोद्भासिवक्षसम् ।
सनकादिमुनिश्रेष्ठैः संस्तुतः परया मुदा ।
शङ्खचक्रलसद्बाहुं वेणुहस्तद्वयेरितम् ।।

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कुर्यात्। ततो वैष्णवोक्तपीठमन्वन्तं पीठं सम्पूज्य पुनर्ध्यात्वा आवाहनादि-पञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधाय आवरणपूजा-मारभेत्। यथा—केशरेषु अग्न्यादिकोणेषु मध्ये दिक्षु च क्लां हृदयाय नमः इत्यादिना पूजयेत्। तद्बहिरिन्द्रादीन् व्रजादींश्च सम्पूज्य धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणं चतुर्लक्षजपः। तथा च—

ध्यात्वेवं परमात्मानं चतुर्लक्षं मनुं जपेत्।
दशांशं जुहुयान्मन्त्री कुसुमैर्ब्रह्मवृक्षजैः ॥

श्रीकृष्ण का अष्टाक्षर मन्त्र—क्लीं हृषीकेशाय नमः। श्रीकृष्ण का यह अष्टाक्षर मन्त्र सभी मन्त्रों में प्रधान है।

यन्त्र—पूर्ववत् तीन यन्त्रों में से किसी यन्त्र में पूजन करे।

इस मन्त्र का न्यास और पूजन पूर्ववत् है। श्रीकृष्ण का अन्य अष्टाक्षर मन्त्र है—श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय स्वाहा। यह मन्त्र कल्पवृक्ष के समान है। इस मन्त्र की साधना से साधक की सभी कामनायें पूरी होती हैं।

सामान्य पूजा पद्धति से प्रातःकृत्यादि करके विष्णुमन्त्रोक्त पीठन्यास करे। तब इस प्रकार ऋष्यादि न्यास करे—शिरसि नारदऋषये नमः। मुखे अनुष्टुप्छन्दसे नमः। हृदि कृष्णाय देवतायै नमः।

करन्यास—क्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः। क्लीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। क्लूं मध्यमाभ्यां वषट्। क्लैं अनामिकाभ्यां हुं। क्लौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। क्लः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

षडंगन्यास—क्लां हृदयाय नमः। क्लीं शिरसे स्वाहा। क्लूं शिखायै वषट्। क्लैं कवचाय हुं। क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट्। क्लः अस्त्राय फट्। इस प्रकार न्यास करने के पश्चात् निम्नवत् ध्यान करे—

कलापकुसुमश्यामं वृन्दावनगतं हरिम्।
गोपगोपीगवावीतं पीतवस्त्रयुगावृतम्॥
नानालङ्कारसुभगं कौस्तुभोद्भासिवक्षसम्।
सनकादिमुनिश्रेष्ठैः संस्तुतं परया मुदा।
शंखचक्रलसद् बाहुं वेणुहस्तद्वयेरितम्॥

कलापपुष्प के समान श्याम वर्ण हैं। वृन्दावनवासी गोप, गोपी और बछड़ों से वेष्टित हैं। दो पीताम्बर धारण किए हुए हैं। विविध आभूषणों से अलंकृत भगवान् का ध्यान करे। वक्षःस्थल कौस्तुभ मणि से प्रकाशित है। सनकादि श्रेष्ठ मुनि अतीव आनन्द से उनकी स्तुति कर रहे हैं। उनके एक हाथ में शंख, दूसरे हाथ में चक्र और अन्य दो हाथों से वे मुरली बजा रहे हैं।

ध्यान के बाद मानसोपचारों से पूजा करके शंखस्थापन करे। तब विष्णुमन्त्रोक्त पीठपूजा करके पुनः ध्यान-आवाहनादि से पञ्च पुष्पाञ्जलिदान तक की सारी क्रिया करके आवरण पूजन करे।

केशर में अग्नि, नैर्ऋत्य, वायव्य, ईशान कोनों और मध्य में पूर्वादि चारों दिशाओं में क्लां हृदयाय नमः इत्यादि षडंग न्यासमन्त्रों से षडंग पूजन करे। भूपुर में इन्द्रादि दश लोकपालों और वज्रादि आयुधों का पूजन करके धूपादि से विसर्जन तक के कर्म करके पूजन का समापन करे।

इस मन्त्र के पुरश्चरण में चार लाख जप और चालीस हजार हवन पलाशपुष्पों से करे।

मन्त्रान्तरम्

श्रीशक्तिस्मरकृष्णाय गोविन्दाय शिरो मनुः ।

अस्य पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादि-पूर्वोक्तपीठमन्वन्तं पीठन्यासं विधाय रत्नाभिषेकवदृष्यादिन्यासं कुर्यात्।

ततः कराङ्गन्यासौ यथा—श्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। क्लीं मध्यमाभ्यां वषट्। कृष्णाय अनामिकाभ्यां हुं। गोविन्दाय कनिष्ठाभ्यां वौषट्। स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु श्रीं हृदयाय नमः इत्यादि।

ततो मूर्तिपञ्जरन्यासं विधाय मुद्रादिदिग्बन्धनं कृत्वा विंशत्यर्णोक्तं ध्यात्वा तद्विधानेन पूजयेत्; विशेषस्तु सृष्टिस्थितिक्रमेण न पूजयेत् तत्तद्वर्णाभावात्। अस्य पुरश्चरणं जपहोमश्च तथा।

श्रीकृष्ण का द्वादशाक्षर मन्त्र—श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय स्वाहा। यन्त्र पूर्ववत्। सामान्य पूजा पद्धति से प्रातःकृत्यादि करके विष्णुमन्त्रोक्त पीठन्यास करे। तब रत्नाभिषेक में वर्णित ऋष्यादि न्यास एवं करांग न्यास करे।

करन्यास—श्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। क्लीं मध्यमाभ्यां वषट्। कृष्णाय अनामिकाभ्यां हुं। गोविन्दाय कनिष्ठाभ्यां वौषट्। स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

हृदयादि न्यास—श्रीं हृदयाय नमः। ह्रीं शिरसे स्वाहा। क्लीं शिखायै वषट्। कृष्णाय कवचाय हुं। गोविन्दाय अस्त्राय फट्। मूर्तिपञ्जर न्यास करे। मुद्राप्रदर्शन करके दिग्बन्ध करे। विंशाक्षर मन्त्र में लिखित ध्यान करे। उसी विधि से पूजन करे। इसमें सृष्टि-स्थितिक्रम से पूजन नहीं होता।

पुरश्चरण में चार लाख जप और चालीस हजार हवन घी से होता है।

मन्त्रान्तरम्

तारं हृद्भगवते रुक्मिणीवल्लभाय स्वाहा ।

तथा च—

तारो हृद्भगवान् ङेऽन्तो रुक्मिणी वल्लभस्तथा ।
शिरोऽन्तः षोडशार्णोऽयं रुक्मिणी वल्लभाह्वयः ॥

अस्य पूजा—प्रातःकृत्यादिवैष्णवोक्तं पीठमन्वन्तं पीठन्यासं विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। शिरसि नारदऋषये नमः। मुखे अनुष्टुप्छन्दसे नमः। हृदि रुक्मिणीवल्लभाय देवतायै नमः।

ततः कराङ्गन्यासौ—ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः। नमस्तर्जनीभ्यां स्वाहा। भगवते मध्यमाभ्यां वषट्। रुक्मिणीवल्लभाय अनामिकाभ्यां हुं। स्वाहा कनिष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु। ततो ध्यानम्—

तापिञ्छच्छविरङ्कगां प्रियतमां स्वर्णप्रभामम्बुज-
प्रोद्यद्वामभुजां स्ववामभुजयाश्लिष्यन् सचित्तस्मयाम् ।
श्लिष्यन्तीं स्वयमन्यहस्तविलसत्सौवर्णवेत्रश्चिरं
पायान्नं शणसूनपीतवसनो नानाविभूषो हरिः ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कृत्वा वैष्णवोक्तपीठमन्वन्तां पीठपूजां विधाय पुनर्ध्यात्वा आवाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधायावरण-पूजामारभेत्। यथा—केशरेषु अग्निनिर्ऋतिवायव्यीशानकोणेषु मध्ये दिक्षु च ॐ हृदयाय नमः। नमः शिरसे स्वाहा। भगवते शिखायै वषट्। रुक्मिणीवल्लभाय कवचाय हुं। स्वाहा अस्त्राय फट्। ततोऽष्टदलेषु पूर्वादि ॐ नारदाय नमः। एवं पर्वतं जिष्णुं निशठं उद्धवं दारुकं विष्वक्सेनं शौनेयञ्च पूजयेत्। तद्बहिरिन्द्रादीन् वज्रादींश्च सम्पूज्य धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणं लक्षजपः। तथा च—

ध्यात्वैवं रुक्मिणीकान्तं जपेल्लक्षममुं मनुन् ।
अयुतं जुहुयात् पद्मैररुणैर्मधुराप्लुतैः ॥

श्रीकृष्ण का षोड़शाक्षर मन्त्र—ॐ नमो भगवते रुक्मिणीवल्लभाय स्वाहा। यन्त्र पूर्ववत्। सामान्य पूजापद्धति से प्रातःकृत्यादि करके विष्णुमन्त्रोक्त पीठन्यास करे। तब इस प्रकार ऋष्यादि न्यास करे—शिरसि नारदऋषये नमः। मुखे अनुष्टुप्छन्दसे नमः। हृदि रुक्मिणीवल्लभाय देवतायै नमः।

करन्यास—ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः। नमः तर्जनीभ्यां स्वाहा। भगवते मध्यमाभ्यां वषट्। रुक्मिणीवल्लभाय अनामिकाभ्यां हुं। स्वाहा कनिष्ठाभ्यां फट्।

हृदयादि न्यास—ॐ हृदयाय नमः। नमः शिरसे स्वाहा। भगवते शिखायै वषट्। रुक्मिणीवल्लभाय कवचाय हुं। स्वाहा अस्त्राय फट्।

न्यासोपरान्त निम्नवत् ध्यान करे—

तापिञ्जच्छविरङ्कगां प्रियतमां स्वर्णप्रभामम्बुज-
प्रोद्यद्वामभुजां स्ववामभुजयाश्लिष्यन् सचित्तस्मयाम्।
श्लिष्यन्तीं स्वयमन्यहस्तविलसत्सौवर्णवेत्रश्चिरं
पायात्रं शणसूनपीतवसनो नानाविभूषो हरिः।।

श्रीकृष्ण तमालवृक्ष के समान श्याम वर्ण के हैं। उनकी गोद में स्वर्णाभ प्रिया अपने बाँयें हाथ में कमल लिए और दाँयें हाथ से उनका आलिङ्गन करती हुई विराजमान हैं। श्रीकृष्ण भी अपने बाँयें हाथ से रुक्मिणी का आलिंगन किए हुए हैं। उनके दाँयें हाथ में स्वर्ण वेत हैं। शणकुसुम के समान पीला वस्त्र है। विविध आभूषणों से अलंकृत हैं। ऐसे श्रीकृष्ण हमारी रक्षा करें।

मानसोपचारों से पूजा करके शंखस्थापन करे। विष्णुमन्त्रोक्त पीठपूजा करके पुनः ध्यान करे। आवाहनादि से पञ्च पुष्पाञ्जलि तक की क्रिया करे। तब आवरण पूजा करे।

केशरों में अग्न्यादि चारो कोणों, मध्य और चतुर्दिक् पञ्चाङ्ग पूजा करे—ॐ हृदयाय नमः। ॐ शिरसे स्वाहा। ॐ भगवते शिखायै वषट्। ॐ रुक्मिणीवल्लभाय कवचाय हुं। ॐ अस्त्राय फट्। अष्टदल में पूर्वादि क्रम से ॐ नारदाय नमः। ॐ पर्वताय नमः। ॐ जिष्णवे नमः। ॐ निशठाय नमः। ॐ उद्धवाय नमः। ॐ विष्वक्सेनाय नमः। ॐ शौनेयाय नमः से पूजा करे। भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों और उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करे। पुरश्चरण में एक लाख जप और त्रिमधुराक्त लाल कमल से दश हजार हवन करे।

मन्त्रान्तराणि

श्रीशक्तिकामपूर्वोऽङ्गजन्मशक्तिरमान्तिकः ।
दशाक्षर एवासौ स्यात् शक्तिरमान्वितः ।
मन्त्रो विकृतिरव्यर्णावाचक्राद्याङ्गनाविमौ ॥

अनयोर्ऋष्यादिपञ्चाङ्गानि दशाक्षरवन्न्यस्त्वा विंशत्यर्णोक्तपूजां कुर्यात्। ध्यानस्तु—

वरदाभयहस्ताभ्यां श्लिष्यन्तं स्वाङ्कगे प्रिये ।
पद्मोत्पलकरे ताभ्यां श्लिष्टं चक्रगदोज्ज्वलम् ॥

अनयोः पुरश्चरणं दशलक्षजपः। आज्यैस्तावत्सहस्रहोमः। तथा च—

दशलक्षं जपेदाज्यैर्हुनेत्तावत्सहस्रकम् ।

श्रीकृष्ण का षोड़शाक्षर एवं द्वादशाक्षर मन्त्र—श्रीं ह्रीं क्लीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा क्लीं ह्रीं श्रीं—षोड़शाक्षर। ह्रीं श्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा—द्वादशाक्षर।

यन्त्र—पूर्ववत् तीनों यन्त्रों में से किसी एक में पूजन करे।

इन मन्त्रों की पूजा में दशाक्षर मन्त्रोक्त ऋष्यादि न्यास और आचक्राय स्वाहा हृदयाय नम: इत्यादि से पञ्चाङ्ग न्यास करे। विंशत्यक्षर मन्त्रोक्त विधि से पूजन करके ध्यान करे—

वरदाभयहस्ताभ्यां शिलष्यन्तं स्वाङ्कगे प्रिये।
पद्मोत्पलकरे ताभ्यां शिलष्टं चक्रगदोज्ज्वलम्।।

वर और अभय मुद्रायुक्त दो हाथों से गोद में बैठी प्रिया का आलिंगन किए हुए हैं। अन्य दो हाथों में चक्र और गदा हैं। गोद में बैठी रुक्मिणी अपने दोनों हाथों में कमल ली हुई हैं। ऐसे श्रीकृष्ण का ध्यान करे।

ऋष्यादि न्यास—नारद ऋषये नम: शिरसि। अनुष्टुप्छन्दसे नम: मुखे। श्रीकृष्णदेवतायै नम: हृदि। श्री बीज शक्ति।

करन्यास—आचक्राय स्वाहा अंगुष्ठाभ्यां नम:। विचक्राय स्वाहा तर्जनीभ्यां स्वाहा। सुचक्राय स्वाहा मध्यमाभ्यां वषट्। त्रैलोक्यरक्षणचक्राय स्वाहा अनामिकाभ्यां हुं। असुरान्तकचक्राय स्वाहा कनिष्ठाभ्यां फट्।

पञ्चाङ्ग न्यास—आचक्राय स्वाहा हृदयाय नम:। विचक्राय स्वाहा शिरसे स्वाहा। सुचक्राय स्वाहा शिखायै वषट्। त्रैलोक्यरक्षणचक्राय स्वाहा कवचाय हुं। असुरान्तकचक्राय स्वाहा अस्त्राय फट्।

विंशत्यक्षर मन्त्रोक्त विधि से पूजा करे। इन दोनों मन्त्रों के पुरश्चरण में दस-दस लाख जप और घी से दश हजार हवन करे।

प्रणवं नमसा युक्तं कृष्णगोविन्दकौ तथा ।
श्रीपूर्वौ ङेऽन्तावुच्चार्य हुं फट् स्वाहेति कीर्त्यते ॥

अस्य नारदऋषिरनुष्टुप्छन्दः परमात्मा हरिर्देवता। आचक्राद्यैरङ्गकल्पना। दशाक्षरवदस्य पूजापजहोमादयः। बीजशक्ती च तत्समे।

श्रीकृष्ण का पञ्चदशाक्षर मन्त्र—ॐ गोविन्दाय हुं फट् स्वाहा ॐ नम: कृष्णाय। यन्त्र पूर्ववत्।

ऋष्यादि न्यास—नारद ऋषये नम: शिरसि। अनुष्टुप्छन्दसे नम: मुखे। परमात्माहरिदेवतायै नम: हृदि। श्री बीजाय नम: गुह्ये। आचक्र आदि से करांगन्यास करे। दशाक्षर मन्त्र के समान पूजा-जप-होम आदि करे। दस लाख जप और घी से दश हजार हवन करके पुरश्चरण करे।

बालगोपालमन्त्राः

चक्री वसुस्वरान्वितः सर्गी। कृः। कृष्णेति द्व्यक्षरः कामकृष्ण। कामकृष्णाय। कृष्णाय नमः। कामः कृष्णाय नमोऽन्तकः। कामकृष्णाय कामः। गोपालाय ठद्वयम्। कामः कृष्णाय स्वाहा। कृष्णगोविन्दौ ङेऽन्तौ। कामः कृष्णाय गोविन्दाय। कामः कृष्णगोविन्दौ ङेऽन्तौ कामः। दधिभक्षणाय ठद्वयम्। सुप्रसन्नात्मने हृत्। कामः ग्लौं कामः श्यामलाङ्गाय हृत्। वालवपुषे कृष्णाय वह्निजाया। रमा माया कामः कृष्णाय कामः। वालवपुषे क्लीं कृष्णाय वह्निजाया। तथा च निबन्धे—

चक्री वसुस्वरयुतः सर्ग्येकार्णो मनुर्मतः ।
कृष्णेति द्व्यक्षरः कामपूर्वस्त्र्यर्णः स एव च ॥
स एव चतुर्वर्णः स्यात् ङेऽन्तोऽन्यश्चतुरक्षरः ।
वक्ष्यते पञ्चवर्णः स्यात् कृष्णाय नम इत्यपि ॥
स एव कामपूर्वश्चेत् षडक्षरमनुर्मतः ।
कृष्णायेति स्मरद्वन्द्वमध्ये पञ्चाक्षरोऽपरः ॥
गोपालायाग्निजायान्तः षडक्षरमनुर्मतः ।
कृष्णाय कामबीजाद्यो वह्निजायान्तिकोऽपरः ॥
कृष्णगोविन्दकौ ङेऽन्तौ सप्तार्णो मनुरुत्तमः ।
कृष्णगोविन्दकौ ङेऽन्तौ कामाद्यश्चाष्टवर्णकः ॥
आद्यन्तकामबीजश्चेत् नवाक्षर उदाहृतः ।
दधिभक्षणाय वह्निवल्लमान्तोऽष्टवर्णकः ॥
सुप्रसन्नात्मने प्रोक्तो नमः इत्यपरोऽष्टकः ।
कामबीजं धराबीजं पुनः कामं समुद्धरेत् ॥
श्यामलाङ्गपदं ङेऽन्तं नमोऽन्तोऽयं दशाक्षरः ।
शिरोऽन्तो बालवपुषे कृष्णायान्यो मनुर्मतः ॥
श्रीशक्तिकामकृष्णाय मारः सप्ताक्षरो मनुः ।
शिरोऽन्तो बालवपुषे क्लीं कृष्णाय स्मृतो बुधैः ॥

एतेषां पूजायन्त्रम्—वृत्तमष्टदलं पद्मं भूगृहं चतुर्द्वारं वृत्तमध्यस्थं कामबीजम्। तथा च गौतमीये—

पद्ममष्टपलाशन्तु चतुरस्रं सुलक्षणम् ।
चतुर्द्वारसमायुक्तं कामगर्भितकर्णिकम् ॥

एतेषां पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादिवैष्णवोक्तपीठन्यासं विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। यथा—शिरसि नारदऋषये नमः। मुखे गायत्रीच्छन्दसे नमः। हृदि श्रीकृष्णाय देवतायै नमः।

ततः कराङ्गन्यासौ—क्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः। क्लीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। क्लूं मध्यमाभ्यां वषट्। क्लैं अनामिकाभ्यां हुं। क्लौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। क्लः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु क्लां हृदयाय नमः इत्यादि। ततः पूर्ववन्मुद्रादिकं प्रदर्श्य ध्यायेत्। ध्यानम्—

अव्याद्व्याकोषनीलाम्बुजरुचिररुणाम्भोजनेत्रोऽम्बुजस्थो
बालो जङ्घाकटीरस्थलकलितरणत्किङ्किणीको मुकुन्दः ।
दोर्भ्यां हैयङ्गवीनं दधदतिविमलं पायसं विश्ववन्द्यो
गोगोपीगोपवीतोरुरुनखविलसत्कण्ठभूषश्चिरं वः ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कुर्यात्। ततो वैष्णवोक्तपीठमन्वन्तां पीठपूजां विधाय पुनर्ध्यात्वा आवाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधायावरण-पूजामारभेत्। यथा—केशरेषु अग्न्यादिकोणेषु मध्ये दिक्षु च क्लां हृदयाय नमः इत्यादिना षडङ्गं सम्पूज्य पत्रेषु नारदादीन् तद्बहिरिन्द्रादीन् वज्रादींश्च पूजयेत्। ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। एतेषां पुरश्चरणं लक्षजपः। तथा च—

ध्यात्वैवमेकमेतेषां लक्षं जप्यान्मनुं ततः ।
सर्पिःसितोपलोपेतैः पायसैरयुतं हुनेत् ॥

तथा— तर्पयेत्तावदेतेषां मनूनां हुतसंख्यया ।

बालगोपाल मन्त्र—गोपालमन्त्र अनेक प्रकार के हैं। निबन्ध आदि ग्रन्थों के अनुसार इनकी संख्या अट्ठारह है; जैसे—१. कृः, २. कृष्ण, ३. क्लीं कृष्ण, ४. क्लीं कृष्णाय, ५. कृष्णाय नमः, ६. क्लीं कृष्णाय नमः, ७. क्लीं कृष्णाय क्लीं, ८. गोपालाय स्वाहा, ९. क्लीं कृष्णाय स्वाहा, १०. कृष्णाय गोविन्दाय, ११. क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय, १२. क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय क्लीं, १३. दधिभक्षणाय स्वाहा, १४. सुप्रसन्नात्मने नमः, १५. क्लीं ग्लौं श्यामलाङ्गाय नमः, १६. बालवपुषे कृष्णाय स्वाहा, १७. श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय क्लीं, १८. बालवपुषे क्लीं कृष्णाय स्वाहा। इन अट्ठारह मन्त्रों में से किसी एक से गोपाल की उपासना की जा सकती है। इन सभी मन्त्रों का पूजन यन्त्र अष्टदल कमल और चतुरस्र चार द्वारयुक्त भूपुर है। कर्णिका में क्लीं अंकित होता है। यन्त्र अगले पृष्ठ पर अंकित है।

पूजा—सामान्य पूजापद्धति से प्रातःकृत्यादि करके विष्णुमन्त्रोक्त पीठन्यास करे। तब ऋष्यादि न्यास करे—शिरसि नारदऋषये नमः। मुखे गायत्रीछन्दसे नमः। हृदि गोपालदेवतायै नमः।

करन्यास—क्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः। क्लीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। क्लूं मध्यमाभ्यां वषट्। क्लैं अनामिकाभ्यां हुं। क्लौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। क्लः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

हृदयादि षडंग न्यास—क्लां हृदयाय नमः। क्लीं शिरसे स्वाहा। क्लूं शिखायै वषट्।

क्लैं कवचाय हुं। क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट्। क्ल: अस्त्राय फट्। पूर्ववत् मुद्रादि प्रदर्शन करके निम्नवत् ध्यान करे—

अव्याद्व्याकोषनीलाम्बुजरुचिररुणाम्भोजनेत्रोऽम्बुजस्थो
बालो जङ्घाकटीरस्थलकलितरणत्किङ्किणीको मुकुन्द:।
दोर्भ्यां हैयङ्गवीनं दधदतिविमलं पायसं विश्ववन्द्यो
गोगोपीगोपवीतोरुरुनखविलसत्कण्ठभूषश्चिरं व:।।

गोपाल के शरीर की आभा विकसित नीलकमल के समान है। दोनों आँखें लाल कमल के समान सुन्दर हैं। वे बाल वेष में कमल के ऊपर नर्तनरत हैं। पैरों और कमर में नूपुर और करधनी गूंजनरत हैं। एक हाथ में मक्खन और दूसरे हाथ में खीर लिए हुए हैं। जगत् पूज्य बाल गोपाल गायों, ग्वालों और गोपियों से घिरे हुए हैं। गले में बघनखा है। ऐसे बाल गोपाल हमारी रक्षा सदैव करें। इसके बाद मानस पूजन करे। शंखस्थापन करे। विष्णुमन्त्रोक्त पीठन्यास, पीठपूजा करके पुन: ध्यान करे। आवाहनादि से पञ्च पुष्पाञ्जलिदान तक की सभी क्रियायें करे। तब आवरण पूजा करे। पद्मकेशर के अग्नि, नैर्ऋत्य, वायव्य और ईशान कोणों में, मध्य में और चतुर्दिक उपर्युक्त षडंग न्यास मन्त्रों से षडंग पूजन करे। अष्टदल में नारदादि का पूजन करे—ॐ नारदाय नम:। ॐ पर्वताय नम:। ॐ जिष्णवे नम:। ॐ निशठाय नम:। ॐ उद्धवाय नम:। ॐ विष्वक्सेनाय नम:। ॐ शौनेयाय नम:। भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों और वज्रादि आयुधों का पूजन करे। तब धूपादि विसर्जन तक की क्रिया करे। पुरश्चरण में एक लाख जप और घी-मिश्रीयुक्त खीर से दश हजार हवन करे।

बालगोपाल यन्त्र

ऊर्ध्वदन्तयुतः शार्ङ्गी चक्री दक्षिणकर्णयुक् ।
मांसं नाथाय नत्यन्तो मूलमन्त्रोऽष्टवर्णकः ॥
ऋषिर्ब्रह्मास्य गायत्रीच्छन्दः कृष्णस्तु देवता ।
वर्णयुग्मैः समस्तेन प्रोक्तं स्यादङ्गपञ्चकम् ॥

ध्यानस्तु—

पञ्चवर्षमतिदृप्तमङ्गने धावमानमतिचञ्चलेक्षणम् ।
किङ्किणीवलयहारनूपुरैरञ्चितं नमत गोपबालकम् ॥
ध्यात्वैवं प्रजपेदष्टलक्षं तावत्सहस्रकम् ।
जुहुयाद्ब्रह्मवृक्षोत्थसमिद्भिः पायसेन वा ॥
प्रासादे स्थापितं कृष्णमनुना नित्यमर्चयेत् ।
द्वारपूजादिपीठान्तं कुर्यात् पूर्वोक्तमार्गतः ॥
मध्येऽर्चयेद्धरिं दिक्षु विदिक्ष्वङ्गानि वै क्रमात् ।
वासुदेवः सङ्कर्षणः प्रद्युम्नश्चानिरुद्धकः ॥
रुक्मिणी सत्यभामा च लक्ष्मणा जाम्बवत्यपि ।
दिग्विदिक्ष्वर्चयेदेतान् इन्द्रवज्रादिकान् बहिः ॥
योऽमूं मनुं जपेन्नित्यं विधिनाभ्यर्चयन् हरिम् ।
स सर्वसम्पत्सम्पूर्णो नित्यं शुद्धं व्रजेत्पदम् ॥

अष्टाक्षर बालगोपालमन्त्र—गोकुलनाथाय नमः—यह अष्टाक्षर मन्त्र है। इसका यन्त्र पूर्ववत् है।

ऋष्यादि न्यास—ब्रह्मणे ऋषये नमः शिरसि। गायत्रीछन्दसे नमः मुखे। कृष्णाय देवतायै नमः हृदये।

करन्यास—गोकु अंगुष्ठाभ्यां नमः। लना तर्जनीभ्यां स्वाहा। थाय मध्यमाभ्यां वषट्। नमः अनामिकाभ्यां हुं। गोकुलनाथाय नमः कनिष्ठाभ्यां फट्।

पञ्चाङ्ग न्यास—गोकु हृदयाय नमः। लना शिरसे स्वाहा। थाय शिखायै वषट्। नमः कवचाय हुं। गोकुलनाथाय नमः अस्त्राय फट्। इसके बाद निम्नवत् ध्यान करें—

पञ्चवर्षमतिदृप्तमङ्गने धावमानमतिचञ्चलेक्षणम्।
किङ्किणीवलयहारनूपुरैरञ्चितं नमत गोपबालकम्।।

बाल गोपाल पाँच वर्ष के बालक हैं। चञ्चल स्वभाव हैं। आंगन में दौड़ रहे हैं। आँखें चंचल हैं। करधनी, कंगन, हार, नूपुर आदि आभूषणों से विभूषित हैं। ऐसे बाल गोपाल भगवान् को नमस्कार है।

उक्त प्रकार से ध्यान करके पूजन करे। पुरश्चरण में आठ लाख जप कर पलाश की समिधा या खीर से आठ हजार हवन करे।

घर में उक्त मूर्ति की स्थापना करके इस मन्त्र से नित्य पूजा करे। पूर्वोक्त विधि से सभी क्रिया करे। आवरण पूजा इस प्रकार का है—

यन्त्र के मध्य बिन्दु में ॐ हरये नमः से पूजा करे। चारो दिशाओं और मध्य में पञ्चाङ्ग न्यास के मन्त्रों से पञ्चाङ्गों का पूजन करे।

अष्टदल में पूर्वादि क्रम से ॐ वासुदेवाय नमः। ॐ सङ्कर्षणाय नमः। ॐ प्रद्युम्नाय नमः। ॐ अनिरुद्धाय नमः। ॐ रुक्मिण्यै नमः। ॐ सत्यभामाय नमः। ॐ लक्ष्मणायै नमः। ॐ जाम्बवत्यै नमः से पूजन करे।

भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों और वज्रादि आयुधों की पूजा करे। प्रतिदिन इस मन्त्र के जप से सभी सम्पत्ति का लाभ होता है और अन्त में ब्रह्मपद की प्राप्ति होती है।

मन्त्रान्तरम्

कामयोरन्तःकृष्णपदं मन्त्रः सद्यः फलप्रदः ।

तथा च—

सद्यः फलप्रदं मन्त्रं वक्ष्येऽन्यं चतुरक्षरम् ।
सम्प्रोक्तो मारयुग्मान्तःसंस्थकृष्णपदेन तु ॥

अस्य पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादिवैष्णवोक्तपीठमन्वन्तं पीठन्यासं विधाय पूर्ववदृष्यादिन्यासकराङ्गन्यासौ च कृत्वा ध्यायेत्।

श्रीमत्कल्पद्रुमूलोद्गतकमललसत्कर्णिकासंस्थितो य-
स्तच्छाखालम्बिपद्मोदरविसरदसंख्यातरत्नाभिषिक्तः ।
हेमाभः स्वप्रभाभिस्त्रिभुवनमखिलं भासयन् वासुदेवः
पायाद्वः पायसादोऽनवरतनवनीतामृताशीरसीमः ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं विधाय वैष्णवोक्तपीठमन्वन्तं पीठं सम्पूज्य पुनर्ध्यात्वा आवाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधायावरणपूजामारभेत्। पूर्ववदग्न्यादिकोणे मध्ये दिक्षु च क्लां हृदयाय नमः इत्यादिना षडङ्गानि सम्पूज्य पत्रेषु पूर्वादि अष्टनिधीन् तद्बहिरिन्द्रादीन् वज्रादींश्च सम्पूज्य धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत् । अस्य पुरश्चरणं चतुर्लक्षजपः। तथा च—

ध्यात्वैवं प्रजपेल्लक्षचतुष्कं जुहुयात्ततः ।
त्रिमध्वक्तैर्बिल्वफलैश्चत्वारिंशत्सहस्रकम् ॥

चतुरक्षर बालगोपालमन्त्र—क्लीं कृष्णाय क्लीं—यह चतुरक्षर मन्त्र है। यन्त्र

पूर्ववत् हैं। इस चतुरक्षर मन्त्र के जप-अर्चन से शीघ्र फल मिलता है।

सामान्य पूजा पद्धति से प्रात:कृत्यादि करके विष्णुमन्त्रोक्त पीठ पर न्यास करे। पूर्वोक्त ऋष्यादि न्यास करे। करांग न्यास और ध्यान करे—

श्रीमत्कल्पद्रुमूलोद्गतकमललसत्कर्णिकासंस्थितो य:
तच्छाखालम्बिपद्मोदरविसरदसंख्यातरत्नाभिषिक्त: ।
हेमाभ: स्वप्रभाभिस्त्रिभुवनमखिलं भासयन् वासुदेव:
पायाद् व: पायसादोऽनवरतनवनीतामृताशीरसोम:।।

कल्पवृक्ष के मूल से निकले हुए कमल की कर्णिका के मध्य भाग में गोपाल विराजमान हैं। कल्पवृक्ष की शाखा से लम्बमान पद्म के मध्य से निकलते हुए असंख्य रत्नों द्वारा उनका अभिषेक हो रहा है। शरीर से नि:सृत स्वर्णाभा से गोपाल वासुदेव तीनों लोकों को प्रकाशित कर रहे हैं। निरन्तर खीर, मक्खन और अमृत खाने वाले गोपाल हमारी रक्षा करें।

ध्यान के बाद मानसोपचारों से पूजा करके शंखस्थापन करे। उसमें विशेषार्घ्य स्थापित करे। विष्णुमन्त्रोक्त पीठपूजा करके पुन: ध्यान-आवाहन आदि से पञ्च पुष्पाञ्जलिदान तक की सभी क्रियायें करे। तब आवरण पूजा करे।

कर्णिकाकेशर में अग्न्यादि चार कोनों, मध्य और पूर्वादि चतुर्दिक में क्लां हृदयाय नम:। क्लीं शिरसे स्वाहा। क्लूं शिखायै वषट्। क्लैं कवचाय हुं। क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट् और क्ल: अस्त्राय फट् से षडंग पूजन करे।

अष्टदल के दलों में पूर्वादि क्रम से अष्टनिधियों का पूजन करे। ॐ इन्द्रनिधये नम:। ॐ नीलनिधये नम:। ॐ मुकुन्दनिधये नम:। ॐ मकरनिधये नम:। ॐ आनन्दनिधये नम:। ॐ कच्छपनिधये नम:। ॐ पद्मनिधये नम:। ॐ शंखनिधये नम:।

भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों और वज्रादि दश आयुधों का पूजन करे। धूपादि से विसर्जन तक के सभी कर्मों से पूजन का समापन करे।

पुरश्चरण में चार लाख जप एवं त्रिमधुरोपेत बेलफलों से चालीस हजार हवन करे।

अस्य मन्त्रस्य कामबीजयोर्लकारयोरन्ते रेफश्चेत्तदा मन्त्रचूडामणि:। तथा च निबन्धे—

मारयोरस्य मांसाधो रक्तश्चेदपरो मनु: ।

कामबीजस्य मांसाधो लकारस्याधोभागे रक्तो रेफश्चेत्तदा अयं मनुरित्यर्थ:।

अस्य पूजा—पूर्ववदृष्यादिन्यासं कृत्वा कराङ्गन्यासौ कुर्यात्। यथा—क्लीं अंगुष्ठाभ्यां नम: इत्यादि। क्लीं हृदयाय नम: इत्यादि। अस्य पूजादिकं सर्वं

पूर्ववत्। ध्याने तु विशेषः—

आरक्तोद्यानकल्पद्रुमतलविलसत्स्वर्णदोलाधिरूढं
गोपीभ्यां प्रेक्ष्यमाणं विकसितनवबन्धूकसिन्दूरभासम् ।
बालं लोलालकान्तं कटितटविलसत्क्षुद्रघण्टाघटाढ्यं
वन्दे शार्दूलकामांकुशललितगणाकल्पदीप्तं मुकुन्दम् ॥
ध्यात्वैवं पूर्वरीत्यैनं जप्त्वा रक्तोत्पलैर्नवैः ।
मधुत्रययुतैर्हुत्वा चार्चयेत् पूर्ववद्धरिम् ॥

अन्य चतुरक्षर बालगोपाल मन्त्र—क्लीं कृष्ण क्लीं। यह सर्वश्रेष्ठ मन्त्र है। पूजन यन्त्र पूर्ववत् है। पूर्वोक्त प्रकार से ऋष्यादि न्यास और करांग न्यास करे।

ऋष्यादि न्यास—ब्रह्मणे ऋषये नमः शिरसि। गायत्रीछन्दसे नमः मुखे। कृष्णाय देवतायै नमः हृदि।

करन्यास—क्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः। क्लीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। क्लूं मध्यमाभ्यां वषट्। क्लैं अनामिकाभ्यां हुं। क्लौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। क्लः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

हृदयादि न्यास—क्लां हृदयाय नमः। क्लीं शिरसे स्वाहा। क्लूं शिखायै वषट्। क्लैं कवचाय हुं। क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट्। क्लः अस्त्राय फट्। तदनन्तर ध्यान करे—

आरक्तोद्यानकल्पद्रुमतलविलसत्स्वर्णदोलाधिरूढं
गोपीभ्यां प्रेक्ष्यमाणं विकसितनवबन्धूकसिन्दूरभासम् ।
बालं लोलालकान्तं कटितटविलसत्क्षुद्रघण्टाघटाढ्यं
वन्दे शार्दूलकामांकुशललितगणाकल्पदीप्तं मुकुन्दम् ॥

रक्त वर्ण के पुष्पों के उपवन के मध्य में कल्पवृक्ष के मूल में सोने के झूले पर गोपाल विराजित हैं। दो गोपियाँ उन्हें देख रही हैं। गोपाल की अंगकान्ति विकसित नवबन्धूक पुष्प के समान सिन्दूरी है। बालरूप में चञ्चल एवं अति सुन्दर हैं। कमर में छोटी घंटियों की माला से युक्त करधनी शोभित है। गले में सुन्दर बघनखा है। ऐसे गोपाल की मैं वन्दना करता हूँ।

ध्यान के बाद पूर्वोक्त प्रकार से पूजा करे। इस मन्त्र के पुरश्चरण में पूर्ववत् चार लाख जप करे। घी-मधु-शर्करा त्रिमधुराक्त लाल कमल से चालीस हजार हवन करे।

वासुदेवमन्त्रः

प्रणवो हृद्भगवते वासुदेवाय कीर्त्तितः ।
प्रधानं वैष्णवे तन्त्रे मन्त्रोऽयं सुरपादपः ॥

अस्य पूजा—प्रातःकृत्यादिपूर्वोक्तं पीठमन्वन्तं विन्यस्य ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्।

यथा—शिरसि प्रजापतये ऋषये नमः, मुखे गायत्रीच्छन्दसे नमः, हृदि वासुदेवाय देवतायै नमः।

ततः कराङ्गन्यासौ—ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः। नमस्तर्जनीभ्यां स्वाहा। भगवते मध्यमाभ्यां वषट्। वासुदेवाय अनामिकाभ्यां हुं। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कनिष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु। तथा च निबन्धे—

तारेण हृदयं प्रोक्तं नमसा शिर ईरितम्।
चतुर्वर्णैः शिखा प्रोक्ता पञ्चार्णैः कवचं मतम्।
समस्तेन भवेदस्त्रमङ्गकल्पनमीरितम्॥

ततो मन्त्रन्यासः—

मूर्ध्नि भाले दृशोरास्ये गले दोर्हृदयाम्बुजे।
कुक्षौ नाभौ ध्वजे जानुद्वये पादद्वये तथा॥

द्वादशाक्षराणि विन्यसेत्। ततो मूर्त्तिपञ्जरं विन्यस्य किरीटमन्त्रेण व्यापकं विधाय ध्यायेत्।

विष्णुं शारदचन्द्रकोटिसदृशं शङ्खं रथाङ्गं गदा-
मम्भोजं दधतं सिताजनिलयं कान्त्या जगन्मोहनम्।
आबद्धाङ्गदहारकुण्डलमहामौलिं स्फुरत्कङ्कणं
श्रीवत्साङ्कमुदारकौस्तुभधरं वन्दे मुनीन्द्रैः स्तुतम्॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कुर्यात्। ततो वैष्णवोक्तपीठपूजां विधाय पुनर्ध्यात्वा आवाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधाय आवरण-पूजामारभेत्। अग्निनिर्ऋतिवायव्यीशानकोणेषु मध्ये दिक्षु च ॐ हृदयाय नमः इत्यादिना पञ्चाङ्गानि पूजयेत्। ततः पूर्वादिदलेषु शान्त्यादिशक्तिसहिताम् वासुदेवादीन् केशवादीनिद्रादीन् वज्रादींश्च सम्पूज्य धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणं द्वादशलक्षजपः। तथा च—

वर्णलक्षं जपेन्मन्त्रं दीक्षितो विजितेन्दियः।
तत्सहस्रं प्रजुहुयात्तिलैराज्यपरिप्लुतैः॥

वासुदेवमन्त्र—ॐ नमो भगवते वासुदेवाय—वासुदेव का यह द्वादशाक्षर मन्त्र है। यन्त्र पूर्ववत् है। पूर्वोक्त नियम से प्रातःकृत्यादि से पीठन्यास तक की क्रिया करके ऋष्यादि न्यास करे। प्रजापतये ऋषये नमः शिरसि। गायत्रीछन्दसे नमः मुखे। वासुदेवाय देवतायै नमः हृदि।

करन्यास—ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः। नमस्तर्जनीभ्यां स्वाहा। भगवते मध्यमाभ्यां वषट्।

वासुदेवाय अनामिकाभ्यां हुं। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कनिष्ठाभ्यां फट्।

हृदयादि न्यास—ॐ हृदयाय नम:। नम: शिरसे स्वाहा। भगवते शिखायै वषट्। वासुदेवाय कवचाय हुं। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय अस्त्राय फट्।

मन्त्रवर्णन्यास—

मस्तके—ॐ नम:	गले—गं नम:	नाभौ—सुं नम:
कपाले—नं नम:	बाहुद्वये—वं नम:	लिंगे—दें नम:
चक्षुर्द्वये—मं नम:	हृदि—तें नम:	जानुद्वये—वां नम:
मुखे—भं नम:	उदरे—वां नम:	पादद्वये—यं नम:

तब विष्णुमन्त्रोक्त मूर्तिपञ्जर न्यास करके किरीटमन्त्र से व्यापक न्यास करे। तब निम्नवत् ध्यान करे—

विष्णुं शारदचन्द्रकोटिसदृशं शङ्खं रथाङ्गं गदा-
मम्भोजं दधतं सिताजनिलयं कान्त्या जगन्मोहनम् ।
आबद्धाङ्गदहारकुण्डलमहामौलिं स्फुरत्कङ्कणं
श्रीवत्साङ्कमुदारकौस्तुभधरं वन्दे मुनीन्द्रै: स्तुतम् ।।

शरत्कालीन कोटि चन्द्रों के समान उज्ज्वल और मधुर कान्ति है। चारो भुजाओं में शंख-चक्र-गदा-पद्म है। श्वेत पद्म पर विराजमान हैं। अपनी कान्ति से सारे संसार को मुग्ध करने वाले भगवान् वासुदेव की मैं वन्दना करता हूँ। अंगद-हार-कुण्डल-मुकुट और कंगन आदि आभूषणों से विभूषित हैं। वक्ष में श्रीवत्स और गले में कौस्तुभमणि है। श्रेष्ठ मुनिगण उनकी स्तुति करते हैं।

इसके बाद मानसोपचारों से पूजा करे। शंखपात्र में अर्घ्य स्थापित करे। विष्णु-मन्त्रोक्त पीठपूजन करे। तब ध्यान-आवाहनादि से पञ्च पुष्पाञ्जलिदान तक के सभी कर्म करे। आवरण पूजन करे।

यन्त्र के मध्य बिन्दु के अग्नि, नैर्ऋत्य, वायव्य, ईशान कोणों, मध्य और पूर्वादि चार दिशाओं में पञ्चाङ्ग पूजन करे—ॐ हृदयाय नम:। ॐ नम: शिरसे स्वाहा। ॐ भगवते शिखायै वषट्। ॐ वासुदेवाय कवचाय हुं। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय अस्त्राय फट्।

अष्टदल में पूर्वादि दल के क्रम से शान्ति आदि शक्तियों के साथ वासुदेवादि की पूजा करे। जैसे—

पूर्वादि दिशाओं के दलों में—ॐ वासुदेवाय नम:। ॐ सङ्कर्षणाय नम:। ॐ प्रद्युम्नाय नम:। ॐ अनिरुद्धाय नम।

आग्नेयादि दलों में—ॐ शान्त्यै नम:। ॐ श्रियै नम:। ॐ सरस्वत्यै नम:। ॐ रत्यै नम:।

यन्त्रमध्यबिन्दु में— ॐ केशवाय नम:। ॐ नारायणाय नम:। ॐ माधवाय नम:। ॐ गोविन्दाय नम:। ॐ विष्णवे नम:। ॐ मधुसूदनाय नम:। ॐ त्रिविक्रमाय नम:। ॐ वामनाय नम:। ॐ श्रीधराय नम:। ॐ हृषीकेशाय नम:। ॐ पद्मनाभाय नम:। ॐ दामोदराय नम:।

भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों और वज्रादि दश आयुधों की पूजा करके धूपादि से विसर्जन तक की क्रियायें सम्पन्न करके पूजा समाप्त करे। इस मन्त्र के पुरश्चरण में बारह लाख जप के बाद घृताक्त तिल से बारह हजार हवन करे।

लक्ष्मीनारायणमन्त्रा:

मायाद्वयं रमाद्वयं लक्ष्मीवासुदेवाय नमः। प्रणवादिरयं मन्त्रः। तथा च निबन्धे—

हृल्लेखाबीजयुगलं रमाबीजयुगं पुनः ।
लक्ष्म्यन्ते वासुदेवाय हृदन्तः प्रणवादिकः ।
चतुर्दशाक्षरः प्रोक्तो मन्त्रोऽयं सुरपादपः ॥

अस्य पूजादिकं वासुदेवमन्त्रवत्। ऋष्यादिन्यासे तु लक्ष्मीवासुदेवो देवता। कराङ्गन्यासमन्त्रस्तु—ॐ ह्रीं ह्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ श्रीं श्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। ॐ लक्ष्मी मध्यमाभ्यां वषट्। ॐ वासुदेवाय अनामिकाभ्यां हुं। ॐ नमः कनिष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु। तथा च—

हृदयं शक्तिबीजाभ्यां रमाभ्यां शिर ईरितम् ।
लक्ष्म्या प्रोक्ता शिखा वर्म वासुदेवाय कीर्त्तितम् ।
नमसास्त्रं समुद्दिष्टं सर्वं तारादि विन्यसेत् ॥

ततो ध्यानम्—

विद्युच्चन्द्रनिभं वपुः कमलजा वैकुण्ठयोरेकतां
प्राप्तं स्नेहरसेन रत्नविलद्भूषाभरालंकृतम् ।
विद्यापङ्कजदर्पणान्मणिमयं कुम्भं सरोजं गदां
शङ्खं चक्रममूनि विभ्रदमितां दिश्याच्छ्रियं वः सदा ॥

अस्य पूजादिकं सर्वं पूर्ववत्। अस्य पुरश्चरणं चतुर्दशलक्षजपः। तथा च—

वर्णलक्षं जपेन्मन्त्रं तत्सहस्त्रं सरोरुहैः ।
होमं कुर्याद्विकसितैर्मधुरत्रयसंयुतैः ॥

वर्णलक्षं मन्त्रवर्णसमसंख्यलक्षम् ।

लक्ष्मीनारायणमन्त्र— ॐ ह्रीं ह्रीं श्रीं श्रीं लक्ष्मीवासुदेवाय नम:। यह चतुर्दशाक्षर मन्त्र है। यह मन्त्र कल्पवृक्ष के समान है। वासुदेव की पूजापद्धति से इसका भी

पूजनादि करे।

ऋष्यादि न्यास—नारदऋषये नमः शिरसि। गायत्रीछन्दसे नमः मुखे। लक्ष्मीवासुदेवाय नमः शिरसि।

करन्यास—ॐ ह्रीं ह्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ श्रीं श्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। ॐ लक्ष्मी मध्यमाभ्यां वषट्। ॐ वासुदेवाय अनामिकाभ्यां हुं। ॐ नमः कनिष्ठाभ्यां फट्।

हृदयादि पञ्चाङ्ग न्यास—ॐ ह्रीं ह्रीं हृदयाय नमः। ॐ श्रीं श्रीं शिरसे स्वाहा। ॐ लक्ष्मी शिखायै वषट्। ॐ वासुदेवाय कवचाय हुं। ॐ नमः अस्त्राय फट्। तत्पश्चात् ध्यान करे—

विद्युच्चन्द्रनिभं वपुः कमलजा वैकुण्ठयोरेकताम्
प्राप्तं स्नेहरसेन रत्नविलसद् भूषाभरालंकृतम्।
विद्यापंकजदर्पणान् मणिमयं कुम्भं सरोजं गदाम्
शंखं चक्रममूनि विभ्रदमितां दिश्याच्छ्रियं वः सदा।।

विद्युत् जैसी शोभित लक्ष्मी और चन्द्रमा से मनोहर वासुदेव परस्पर स्नेह के रस से ऐक्यभाव को प्राप्त हैं। विविध रत्नजटित आभूषणों द्वारा अलंकृत हैं। लक्ष्मी के हाथों में विद्या, पद्म, दर्पण और मणिमय कलश है। वासुदेव के हाथों में पद्म, गदा, शंख और चक्र है। ये लक्ष्मी-नारायण हमें सदैव अतुल्य श्री प्रदान करें।

ध्यान के बाद अन्य सभी कर्म वासुदेव-पूजा के समान करे। पुरश्चरण में जप चौदह लाख और एक लाख चालीस हजार त्रिमधुराक्त विकसित पद्मों से हवन होता है।

दधिवामनमन्त्र:

ॐ नमो विष्णवे सुरपतये महाबलाय ठद्वयम्। तथा च निबन्धे—

तारो हृद्विष्णवे पश्चात् ङेऽन्तः सुरपतिर्भवेत्।
महाबलाय ठद्वन्द्वं मनुरष्टादशाक्षरः ॥

अस्य पूजा—प्रातःकृत्यादि उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः इत्यन्तं विन्यस्य ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। शिरसि इन्दवे ऋषये नमः, मुखे विराट्छन्दसे नमः, हृदि दधिवामनाय देवातायै नमः। तथा च निबन्धे—

चन्द्रान्तकल्पिते पीठे प्रागुक्तेन समर्चयेत्।

ततः कराङ्गन्यासौ—ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः। नमस्तर्जनीभ्यां स्वाहा। विष्णवे मध्यमाभ्यां वषट्। सुरपतये अनामिकाभ्यां हुं। महाबलाय कनिष्ठाभ्यां वौषट्। स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु। तथा च—

हृदेकेन शिरो द्वाभ्यां शिखा त्रिभिरुदाहृता।
कवचं पञ्चभिः प्रोक्तं नेत्रं तावद्भिरक्षरैः।

द्वाभ्यामस्त्रमिति प्रोक्तं प्रकारोऽङ्गस्य सूरिभिः ॥

ततो मन्त्रन्यासः—शिरसि भाले चक्षुषोः कर्णयोरोष्ठे तालुके कण्ठे बाहुद्वये उदरे नाभौ गुह्ये ऊरुद्वये जानुद्वये जङ्घाद्वये पादद्वये मन्त्रवर्णान्नमोऽन्तान्न्यसेत्। जङ्घाद्वयादौ द्वयं द्वयं वर्णं ततो मूर्त्तिपञ्जरादिकं विधाय ध्यायेत्।

मुक्तागौरं नवमणिलसद्भूषणं चन्द्रसंस्थं
भृङ्गाकारैरलकनिवहैः शोभिवक्त्रारविन्दम् ।
हस्ताब्जाभ्यां कनककलसं शुद्धतोयाभिपूर्णं
दध्यन्नाढ्यं कनकचषकं धारयन्तं भजामः ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कुर्यात्। ततश्चन्द्रमण्डलान्तं पीठं सम्पूज्य पुनर्ध्यात्वा आवाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधायावरणपूजां कुर्यात्। तथा च—

चन्द्रान्तं कल्पिते पीठे प्रान्तरे तं समर्चयेत् ।

यथा—अग्न्यादिकोणे मध्ये दिक्षु च ॐ हृदयाय नमः इत्यादिना पूजयेत्। ततो दिग्दलेषु वासुदेवादीन् शक्तिसहितान् ध्वजादीन् तदग्रे केशवादीन् सम्पूज्य इन्द्रवज्रादीन् ऐरावतादीन् दिग्गजांश्च पूजयेत्। ॐ ऐरावताय दिग्गजाय नमः इत्यादिक्रमेण पूजयेत्। एवं पुण्डरीकादीन्। ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणं लक्षत्रयजपः। तथा च—

गुणलक्षं जपेन्मन्त्रं तद्दशांशं घृतप्लुतम् ।
पायसान्नं प्रजुहुयाद्दध्यन्नं वा यथाविधि ॥

दधिवामनमन्त्र— ॐ नमो विष्णवे सुरपतये महाबलाय स्वाहा। यह अष्टादशाक्षर मन्त्र है। इसका यन्त्र पूर्ववत् है।

प्रात:कृत्यादि से उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नम: तक पीठन्यास करके ऋष्यादि न्यास करे। इन्दवे ऋषये नम: शिरसि। विराट् छन्दसे नम: मुखे दधिवामनाय देवताय नम: हृदि।

करन्यास— ॐ अंगुष्ठाभ्यां नम:। नम: तर्जनीभ्यां स्वाहा। विष्णवे मध्यमाभ्यां वषट्। सुरपतये अनामिकाभ्यां हुं। महाबलाय कनिष्ठाभ्यां वौषट्। स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

षडंग न्यास— ॐ हृदयाय नम:। नम: शिरसे स्वाहा। विष्णवे शिखायै वषट्। सुरपतये कवचाय हुं। महाबलाय नेत्रत्रयाय वौषट्। स्वाहा अस्त्राय फट्।

मन्त्रवर्णन्यास—

शिरसि—ॐ नमः	कण्ठे—सुं नमः	ऊरुद्वये—हां नमः
भाले—नं नमः	बाहुद्वये—रं नमः	जानुद्वये—वं नमः
चक्षुर्द्वयोः—मों नमः	हृदि—पं नमः	जंघाद्वये—लां नमः यं नमः
कर्णद्वयोः—विं नमः	उदरे—तं नमः	पादद्वये—स्वां नमः हां नमः
ओष्ठे—ष्णं नमः	नाभौ—यें नमः	
तालुनि—वें नमः	गुह्ये—मं नमः	

तदनन्तर कृष्णमन्त्रोक्त मूर्तिपञ्जर न्यास करके ध्यान करे—

मुक्तागौरं नवमणिलसद्भूषणं चन्द्रसंस्थं
भृङ्गाकारैरलकनिवहैः शोभिवक्त्रारविन्दम् ।
हस्ताब्जाभ्यां कनककलसं शुद्धतोयाभिपूर्णं
दध्यन्नाढ्यं कनकचषकं धारयन्तं भजामः ।।

भगवान् दधिवामन का वर्ण मोती के समान उज्ज्वल है। नूतन मणियों से जटित अलंकार धारण किए हुए हैं। चन्द्रमण्डल में विराजमान हैं। मुखकमल भौंरों के आकार वाले केशों की लटों से सुशोभित है। एक करकञ्ज में शुद्ध जल से पूर्ण स्वर्णकलश है। दूसरे करकञ्ज में दही और अन्न से पूर्ण स्वर्णपात्र है। ऐसे दधिवामन भगवान् को मैं वन्दना करता हूँ।

इसके बाद मानसोपचारों से पूजा करके शंख स्थापित करे। 'ॐ सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः' इत्यादि तक पीठपूजा करके फिर ध्यान-आवाहनादि से पञ्च पुष्पाञ्जलिदान तक के कर्मों को करके आवरणा पूजा करे।

कर्णिकाकेशर में अग्न्यादि चार कोणों में, मध्य में और चतुर्दिक षडंग पूजन करे— ॐ हृदयाय नमः। नमः शिरसे स्वाहा। विष्णवे शिखायै वषट्। सुरपतये कवचाय हुं। महाबलाय नेत्रत्रयाय वौषट्। स्वाहा अस्त्राय फट्।

अष्टदल के पूर्वादि दलों में—ॐ वासुदेवाय नमः। ॐ सङ्कर्षणाय नमः। ॐ प्रद्युम्नाय नमः। ॐ अनिरुद्धाय नमः। आग्नेयादि कोनों के दलों में—ॐ शान्त्यै नमः। ॐ श्रियै नमः। ॐ सरस्वत्यै नमः। ॐ रत्यै नमः से पूजन करे।

देव के आगे ध्वजाय नमः से ध्वजा का पूजन करे। बिन्दु में केशवादि की पूजा करे—ॐ केशवाय नमः। ॐ नारायणाय नमः। ॐ माधवाय नमः। ॐ गोविन्दाय नमः। ॐ विष्णवे नमः। ॐ मधुसूदनाय नमः। ॐ त्रिविक्रमाय नमः। ॐ वामनाय नमः। ॐ श्रीधराय नमः। ॐ हृषीकेशाय नमः। ॐ पद्मनाभाय नमः। ॐ दामोदराय नमः।

भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों और उनके आयुधों का पूजन करे। भूपुर के बाहर

पूर्वादि क्रम से दिग्गजों की पूजा करे—ॐ ऐरावताय नमः। ॐ पुण्डरीकाय नमः। ॐ वामनाय नमः। ॐ कुमुदाय नमः। ॐ अञ्जनाय नमः। ॐ पुष्पदन्ताय नमः। ॐ सार्वभौमाय नमः। ॐ सुप्रतीकाय नमः। तब धूपादि विसर्जन तक की क्रिया करे। तीन लाख जप से इस मन्त्र का पुरश्चरण करे। जप के पश्चात् घृताक्त पायसान्न या दहीमिश्रित अन्न से तीस हजार हवन करे।

हयग्रीवमन्त्राः

ॐ उद्गिरत्प्रणवोद्गीथ सर्ववागीश्वरेश्वर ।
सर्ववेदमयाचिन्त्य सर्वं बोधय बोधय ॥

तथा च निबन्धे—

उद्गिरत्पदमाभाष्य प्रणवोद्गीथ शब्दतः ।
सर्ववागीश्वरेत्यन्ते प्रवदेदीश्वरेत्यथ ॥
सर्ववेदमयाचिन्त्य शब्दान्ते सर्वमुच्चरेत् ।
बोधयद्वितयान्तोऽयं मन्त्रस्तारादिरीरितः ॥

अस्य पूजा—प्रातःकृत्यादि-वैष्णवोक्तं पीठमन्वन्तं विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। यथा—शिरसि ब्रह्मणे ऋषये नमः। मुखेऽनुष्टुप्छन्दसे नमः। हृदि श्रीहयग्रीवाय देवतायै नमः।

ततः कराङ्गन्यासौ—ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः। उद्गिगरत्प्रणवोद्गीथ तर्जनीभ्यां स्वाहा। सर्ववागीश्वरेश्वर मध्यमाभ्यां वषट्। सर्ववेदमयाचिन्त्य अनामिकाभ्यां हुं। सर्वं बोधय बोधय कनिष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु। ततो ध्यानम्—

शरच्छशाङ्कप्रभमश्ववक्त्रं मुक्तामयैराभरणैः प्रदीप्तम् ।
रथाङ्गशङ्खार्चितबाहुयुग्मं जानुद्वयं न्यस्तकरं भजामः ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कृत्वा वैष्णवोक्तपीठपूजां विधाय पुनर्ध्यात्वा हसूमित्यसेन मूर्त्तिं सङ्कल्पयेत्। तथा च—

बीजेन मूर्त्तिं सङ्कल्प्य बीजमुद्धरेत् यथा ।
वियद्भृगुस्थमर्घीशबिन्दुमद्बीजमीरितम् ॥

ततः पुनर्ध्यात्वा आवाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधायावरणपूजा-मारभेत्। यथा—

केशरेषु चतुर्दिक्षु चतुर्वेदान् ऋग्यजुःसामाथर्वान्, विदिक्षु अङ्गस्मृतिन्यायसर्व-शास्त्राणि पूजयेत्।

अर्चयेत्पत्रमध्येषु विधानेनाङ्गदेवताः ।

तद्बहिरिन्द्रादीन् वज्रादींश्च पूजयेत्। ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणं त्रयस्त्रिंशल्लक्षजपः। तथा च—

वर्णलक्षं जपेन्मन्त्रं कुन्दपुष्पैर्मधुप्लुतैः ।
दशांशं वैष्णवे वह्नौ जुहुयान्मन्त्रवित्तमः ।।

हयग्रीवमन्त्र—मूलोक्त कूटों का उद्धार करने पर हयग्रीव का इस प्रकार का मन्त्र होता है—ॐ उद्गिरद् प्रणवोद्गीथ सर्ववागीश्वरेश्वर सर्ववेदमयाचिन्त्य सर्वं बोधय बोधय। निबन्ध के अनुसार भी मन्त्र इसी प्रकार का बनता है। इसमें चौंतीस अक्षर होते हैं। यन्त्र पूर्ववत् है।

सामान्य पूजा पद्धति से प्रातःकृत्यादि करके विष्णुमन्त्रोक्त पीठन्यास तक के कर्मों को करे। तब ऋष्यादि न्यास करे।

ऋष्यादि न्यास—ब्रह्मणे ऋषये नमः शिरसि। अनुष्टुप्छन्दसे नमः मुखे। श्रीहयग्रीवदेवतायै नमः हृदि।

करन्यास—ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः। उद्गिरद् प्रणवोद्गीथ तर्जनीभ्यां स्वाहा। सर्ववागीश्वरेश्वर मध्यमाभ्यां वषट्। सर्ववेदमयाचिन्त्य अनामिकाभ्यां हुं। सर्वं बोधय बोधय कनिष्ठाभ्यां फट्।

पञ्चाङ्गन्यास—ॐ हृदयाय नमः। उद्गिरद् प्रणवोद्गीथ शिरसे स्वाहा। सर्ववागीश्वरेश्वर शिखायै वषट्। सर्ववेदमयाचिन्त्य कवचाय हुं। सर्वं बोधय बोधय अस्त्राय फट्। इसके बाद ध्यान करे—

शरच्छशाङ्कप्रभमश्ववक्त्रं मुक्तामयैराभरणैः प्रदीप्तम्।
रथाङ्गशंखार्चितबाहुयुग्मं जानुद्वये न्यस्तकरं भजामः।।

भगवान् हयग्रीव की कान्ति शरत्कालीन चन्द्रमा जैसी है। मुख अश्व का है। मोतियों से युक्त आभूषणों से सुशोभित हैं। एक हाथ में चक्र और दूसरे में शंख है। अन्य दोनों हाथ दोनों घुटनों पर हैं। ऐसे भगवान् हयग्रीव की मैं वन्दना करता हूँ।

इसके बाद मानसोपचारों से पूजा करके शंखस्थापन करे। विष्णुमन्त्रोक्त विधि से पीठपूजा करके ध्यान करे। 'हंस' मन्त्र से मूर्ति कल्पित करे। तब पुनः ध्यान-आवाहनादि से पञ्च पुष्पाञ्जलि-दानपर्यन्त कार्य करके आवरण पूजा करे। यन्त्र के अष्टदल पद्म के केशर की चारो दिशाओं में चारो वेदों की पूजा करे—ॐ ऋग्वेदाय नमः। ॐ यजुर्वेदाय नमः। ॐ सामवेदाय नमः। ॐ अथर्ववेदाय नमः। चारो कोणों में अग्न्यादि क्रम से शास्त्रों की पूजा करे—ॐ अङ्गशास्त्राय नमः। ॐ स्मृतिशास्त्राय नमः। ॐ न्याय-शास्त्राय नमः। ॐ सर्वशास्त्राय नमः।

दलों के अग्रभाग में अग्न्यादि चारो कोणों में, चारो दिशाओं में अंगदेवताओं का

पूजन करे। पञ्चाङ्गन्यास में वर्णित मन्त्रों से पञ्चाङ्ग पूजन करे। भूपुर में इन्द्रादि और वज्रादि का पूजन करे। तब धूपादि से विसर्जन तक की क्रियाओं को करे।

पुरश्चरण में तैंतीस लाख जप करे। तीन लाख तीस हजार मधु से अक्त कुन्द-पुष्पों से हवन करे।

हयग्रीवैकाक्षरमन्त्रः

स च हकारसकारषष्ठस्वरविन्द्वात्मकः। तथा च कल्पे—

वियद्भृगुस्थमर्घीशविन्दुमद्बीजमीरितम् ।
एकाक्षरो मनुः प्रोक्तश्चतुर्वर्गफलप्रदः ॥

अस्य ब्रह्मा ऋषिरनुष्टुप्छन्दः हयग्रीवरूपी विष्णुर्देवता हकारो बीजं ऊकारः कीलकं सकारः शक्तिः। ह्सां ह्सीं ह्सूं ह्सैं ह्सौं ह्सः इति षडङ्गकल्पना। ध्यानम्—

धवलनलिननिष्ठं क्षीरगौरं कराब्जै-
र्जपवलयसरोजे पुस्तकाभीष्टदाने ।
दधतममलवस्त्राकल्पजालाभिरामं
तुरगवदनजिष्णुं नौमि विद्याग्रविष्णुम् ॥

अन्यच्च—

शरच्छशाङ्कप्रभमश्ववक्त्रं मुक्तामयैराभरणैरुपेतम् ।
रथाङ्गशङ्खोर्ध्वकरञ्च विद्याव्याख्यानमुद्राढ्यकरं नमामि ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य शङ्खस्थापनं कृत्वा पीठपूजां विधाय पुनर्ध्यात्वा आवाहनादिपञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं विधायावरणपूजामारभेत्। तत्राङ्गैः प्रथममावरणम्। प्रज्ञाहय-मेधाहय-स्मृतिहय-विद्याहय-लक्ष्मीहय-वागीशीहय-विद्याविलासहय-नादविमर्दनहयैरष्टाभिर्द्वितीयम्। लक्ष्मी-सरस्वती-रति-प्रीति-कीर्त्ति-तुष्टि-पुष्टिस्तृतीयम्। कुमुदादिभिर्गजैश्चतुर्थम्। इन्द्रादिभिः पञ्चमम्। ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणं चतुर्लक्षजपः। तथा च—

वेदलक्षं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्ततः ।

आज्येन दशांशहोमः।

हयग्रीव का एकाक्षर मन्त्र—'कल्प' के अनुसार हयग्रीव का चतुर्वर्गप्रदायक एकाक्षर मन्त्र 'ह्सूं' है। इसका यन्त्र विष्णुमन्त्रोक्त है।

सामान्य पूजापद्धति से प्रातःकृत्यादि करके विष्णुमन्त्रोक्त पीठन्यास करे। तब ऋष्यादि न्यास करे।

अस्यार्थः—सकारहकारादिकामराजविद्याया वाग्भवं कूटम् अस्या वाग्भवम्। आदौ सकारस्ततो हकारस्ततो मादनं ततः शिवस्तत एकारस्तत ईकारस्तत लकारस्ततो महामाया इति कामराजकूटम्। अस्या वाग्भवकूटमेव शक्तिकूटं विद्येयं चन्द्राराधिता।

चन्द्रपूजिता श्रीविद्या—कामराजोपासित पञ्चदशी के वाग्भव कूट के पहले सह लगाने से सहकएईलह्रीं बनता है। कामकूट के पहले स और दो हकारों के बीच में क लगाने से सहकहईलह्रीं दूसरा कूट बनता है। वाग्भव कूट के आदि में सह लगाने से तीसरा कूट बनता है—सहकएईलह्रीं। इस प्रकार चन्द्रोपासित मन्त्र होता है—सहकएईलह्रीं, सहकहईलह्रीं एवं सहकएईलह्रीं।

हसाननं वाग्भवन्तु शिवाद्यं सहमध्यगम् ।
मादनं कामराजे तु तार्त्तीयं शृणु पार्वति ।
हसाद्यं शक्तिबीजन्तु कुवेरेण प्रपूजिता ।।

अस्यार्थः—कामराजाख्यविद्याया वाग्भवं हसाद्यं चेत्तदा अस्य वाग्भवम्। शिवचन्द्रौ ततः कामस्ततः शिवस्तत एकारस्तत ईकारस्ततो लकारस्ततो महामाया इति कामराजकूटम्। अस्य वाग्भवकूटमेव शक्तिकूटम्। इयं कुबेरपूजिता।

कुवेरोपासिता श्रीविद्या—कामराज विद्या के वाग्भव कूट के पहले हस लगावे। कामकूट के पहले ह, तब स, तब क, तब एईलह्रीं लगावे। शक्तिकूट में पहले ह और स के बाद क लगावे। इससे जो मन्त्र बनता है, वह है—हसकएईलह्रीं हसकएईलह्रीं हसकहएईलह्रीं।

कामराजाख्यविद्यायास्तार्तीयं सुरवन्दिते ।
सहाद्यं शक्तिबीजं स्याद्विद्यागस्त्यप्रपूजिता ॥

अस्यार्थः—कामराजाख्यविद्याया यदेव वाग्भवं कूटं कामराजकूटञ्चात्रापि तदेव। शक्तिकूटन्तु सहाद्यमिति शेषः। इयन्तु द्वितीया लोपामुद्रा।

अगस्त्यपूजिता श्रीविद्या—कएईलह्रीं, हसकहलह्रीं एवं सहसकलह्रीं यह अगस्त्य-पूजिता श्रीविद्या-मन्त्र है। यह कामराज विद्या के समान ही है। केवल तीसरे शक्तिकूट के पहले 'सह' लगाया जाता है। यह विद्या देवताओं के द्वारा वन्दित है। यह दूसरी लोपामुद्रा विद्या है।

कामराजाख्यविद्याया वाग्भवे मादनं त्यज ।
चन्द्रं तत्रैव संयोज्य कामराजे ततः परम् ।
हित्वा चन्द्रं मुखे कुर्यात् विद्येयं नन्दिपूजिता ॥

अस्यार्थः—कामराजाख्यविद्यायां वाग्भवे कामं त्यक्त्वा चन्द्रं दद्यात्, कामराजे पुनः शिवान्ते चन्द्रं त्यक्त्वा चन्द्राद्यं कुर्यात्। अन्यत् समानम्।

नन्दीपूजिता श्रीविद्या—सएईलह्रीं, सहकहलह्रीं, सकलह्रीं यह नन्दीपूजिता श्रीविद्या का मन्त्र है। कामराज विद्या के वाग्भव कूट में 'क' के स्थान पर 'स' और कामराजकूट के 'ह' के स्थान पर 'स' और 'स' के स्थान पर 'ह' करके शक्तिकूट ज्यों का त्यों करने से यह मन्त्र बनता है।

कामराजाख्यविद्याया हित्वा भूमिं तृतीयके ।
शक्तिबीजे स्थितां देविं चन्द्राधः कुरु तत्र च ॥

तेन शक्तिकूटं चन्द्रेन्द्रकाममहामायात्मकम्। विद्येयमिन्द्रोपासिता। अन्यत् समानम्।

इन्द्रपूजिता श्रीविद्या—कएईलह्रीं, हसकहलह्रीं, सकलह्रीं यह इन्द्रपूजिता श्रीविद्या का मन्त्र है। कामराज विद्या के शक्तिकूट के स को ह के स्थान पर और ह को स के स्थान पर रखने से यह मन्त्र बनता है।

लोपामुद्राख्यविद्याया द्वितीयाया महेश्वरि ।
कामराजे भृगुं हित्वा मुखे कुर्यात्तमेव हि ।

शिवं विना चतुर्थन्तु तार्तीये सकलः शिवः ॥

दक्षिणामूर्तिसंहितायाञ्च—

सहाद्यमन्त्यसहयोर्मध्ये कः सूर्यपूजितः ।

अस्यार्थः—द्वितीयलोपामुद्रायाः कामराजकूटे हकारादधः सकारं त्यक्त्वा तमादौ कृत्वा द्वितीयहकारं त्यजेत्। तृतीयकूटे अन्त्यसकारोपरि ककारं दद्यात्। विद्येयं सूर्यपूजिता।

सूर्यपूजिता श्रीविद्या—कएईलह्रीं, सहकलह्रीं, सहकसकलह्रीं—यह सूर्यपूजिता श्रीविद्या का मन्त्र है। कामोपासित विद्या के प्रथम कूट को ज्यों का त्यों रहने दे। द्वितीय कूट में ह के स्थान पर स और स के स्थान पर ह रक्खे। क के बाद वाले ह को छोड़ दे। तृतीय कूट के पहले हसक लगावे। तब सूर्यपूजिता मन्त्र बनता है।

लोपामुद्रां द्वितीयान्तु विलिख्य सुरसुन्दरि ।
पुनर्विलिख्य तामेव चतुर्थपञ्चमे स्थिताम् ॥
हित्वा तु भुवनेशानीमेकोच्चारेण चोच्चरेत् ।
चतुःकूटा महाविद्या शङ्करेण प्रपूजिता ॥

अस्यार्थः—द्वितीयां लोपामुद्रां विलिख्य, पुनरपि तामेव विलिख्य, चतुर्थकूटे पञ्चमकूटे च स्थितां भुवनेशीं त्यक्त्वा एकोच्चारणे चोच्चरेत्। उच्चारणन्तु पूर्वं त्रिकूटमुच्चार्य कामैकारतूर्येन्द्र-शम्भु-शशाङ्क-कन्दर्प-शिवेन्द्र-चन्द्र-शिवचन्द्र-कन्दर्पेन्द्र-महामाया चोच्चरेत्।

शंकरपूजिता चतुष्कूटा श्रीविद्या—कएईलह्रीं, हसकलह्रीं, सहसकलह्रीं, कएईल-हसकहलसकसकलह्रीं—यह शंकरपूजिता चतुष्कूटा श्रीविद्या-मन्त्र है। द्वितीय लोपामुद्रा विद्या के कामराज कूट में से ह्रीं निकाल दे और तीसरा कूट ज्यों का त्यों रहने दे। इससे शंकरोपासित विद्या बनती है।

लोपामुद्रां पुनर्देवि विलिखेत्तदनन्तरम् ।
नन्दिकेश्वरविद्याञ्च षट्कूटा वैष्णवी भवेत् ॥

अस्यार्थः—पुनः शब्दस्वरसाद्द्वितीयां लोपामुद्रामित्यर्थः। प्रक्रमादिति तन्त्र-कौमुदीकारः। वस्तुतस्तु अगस्त्यस्य द्विधां विद्यां विलिख्य नन्दिपूजितामिति दक्षिणामूर्तिवचनात्।

विष्णुपूजिता षट्कूटा विद्या—कएईलह्रीं, हसकहलह्रीं, सहसकलह्रीं, सएईलह्रीं, सहकहलह्रीं, सकलह्रीं—यह षट्कूटा श्रीविद्या-मन्त्र है। लोपामुद्रा विद्या और नन्दीपूजिता विद्या को मिलाने से यह षट्कूटा विष्णुपूजिता विद्या बनती है।

कामराजाख्यविद्यायास्त्रिकूटेषु वरानने ।
या स्थिता भुवनेशानी द्विधा कुरु महेश्वरि ।
विन्दुहीना नादहीना दुर्वासःपूजिता भवेत् ॥

दक्षिणामूर्तौ च—

मायास्थाने हरी वर्णयुगलं च क्रमाल्लिखेत् ।

अस्यार्थः—त्रिकूटस्थभुवनेश्वरीं द्विधा कृत्वा नादविन्दुहीनां कृत्वोच्चरेत्। इति द्वादशभेदाः।

दूर्वासापूजिता श्रीविद्या—कामराज मन्त्र के तीनों कूटों में भुवनेश्वरी बीज 'ह्रीं' है। उसको दो भागों में बाँट कर लिखे। उसमें से नाद-बिन्दु हटा दे। ह्रीं में ह+र+ई+नाद+बिन्दु— पाँच हैं। इसमें नाद बिन्दु छोड़ना है। तब दो भाग ह और री, 'हरी' होता है। इस प्रकार जो मन्त्र बनता है वह है— कएईलहरी, हसकहलहरी, सकलहरी।

दक्षिणामूर्तिसंहिता में स्पष्ट लिखित है कि 'ह्रीं' के स्थान पर 'हरी' लिखा जाय।

बीजानां पञ्चदशीमाह नवरत्नेश्वरे—

माया (ह्रीं) श्री (श्रीं) मदनै (क्लीं)-र्देवि श्रीमायामदनैरपि ।
मदनो मायया श्रीश्च श्रीश्च मदनमायया ॥
मायया मदनः श्रीस्तु कथिता परमेश्वरि ।
त्रिपुरा बीजसंरूपा गदिता मृत्युनाशिनी ॥

इति पञ्चदशी।

पञ्चदशी—नवरत्नेश्वर के अनुसार पन्द्रह अक्षरों का मन्त्र निम्न प्रकार का बनता है—ह्रीं श्रीं क्लीं श्रीं ह्रीं क्लीं, क्लीं ह्रीं श्रीं, श्रीं क्लीं ह्रीं ह्रीं, क्लीं श्रीं। यह त्रिपुरा बीजरूपा विद्या मृत्युविनाशिनी है।

पारिभाषिकी षोडशी

ज्ञानार्णवे—

चन्द्रान्तं वरुणान्तञ्च शक्रादिसहितं पृथक् ।
वामाक्षिविन्दुनादाढ्यं विश्वमातृकलात्मकम् ।
विद्यादौ योजयेद्देवि साक्षाद्ब्रह्मस्वरूपिणी ॥
त्रिकूटाः सकला भेदाः पञ्चकूटा भवन्ति हि ।
वैष्णवी वसुकूटा स्यात् षट्कूटा शाङ्करी भवेत् ॥

अस्यार्थः—चन्द्रान्तं हकारः, वरुणान्तं शकारः, शक्रादी रेफः, वामाक्षि ईकारः। विद्यादौ पूर्वोक्तद्वादशविद्यादौ।

वेदादिमण्डिता देवि शिवशक्तिमयी यदा ।
तस्या भेदास्तु सकलाः षट्कूटा परमेश्वरि ।
वैष्णवो नवकूटा स्यात् सप्तकूटा तु शाङ्करी ॥

अस्यार्थः—शिवशक्तिमयी पूर्वोक्तबीजद्वयवती। वेदादिः प्रणवः, मण्डिता आदौ भूषिता।

पारिभाषिकी षोड़शी—ज्ञानार्णव में वर्णन है कि स = चन्द्र के अन्त्य वर्ण ह, व=वरुण के बाद का वर्ण 'श' इन दोनों 'ह-श' में शुक्र = ल का आदि वर्ण 'र' जोड़कर उसमें 'ई' और बिन्दु लगावे। इस प्रकार ह्रीं और श्रीं दो बीज बनते हैं।

पूर्वोक्त बारह मन्त्रों में से प्रत्येक के आदि में ह्रीं-श्रीं बीजद्वय लगाने से जो मन्त्र बनते हैं, वे पारिभाषिकी षोड़शी मन्त्र कहलाते है। सभी मन्त्र साक्षात् ब्रह्मस्वरूप हैं। इन दो बीजों के योग से भी त्रिकूट, पञ्चकूट, सभी वैष्णवमन्त्र, अष्टकूट और चतुष्कूट शंकरमन्त्र षट्कूट बनते हैं।

पूर्वोक्त सभी मन्त्रों के प्रारम्भ में ॐ ह्रीं श्रीं तीन बीजों को लगाने से भी षोडशी मन्त्र बनते हैं। इन तीनों के योग से त्रिकूट षट्कूट बनते हैं। षट्कूट मन्त्र नवकूट हो जाते हैं। चतुष्कूट शिवमन्त्र षट्कूट हो जाते हैं। ये सभी मन्त्र शिव-शक्तिस्वरूप हैं।

महाषोडशी

भेदत्रयस्तु कथितं महाविद्यां शृणु प्रिये ।
आद्यबीजद्वयं भद्रे विपरीतक्रमेण हि ॥
विलिख्य परमेशानि ततोऽन्यानि समुद्धरेत् ।
अन्तर्मुखी वरारोहे कुमारी त्रिपुरेश्वरी ॥
एभिस्तु पञ्चसंख्याकैर्बीजैः सम्पुटिता यजेत् ।
षट्कूटां परमेशानि विद्येयं षोडशाक्षरी ॥
त्रिकूटाः सकला भद्रे षोडशार्णा भवन्ति हि ।
वैष्णव्येकोनविंशार्णा शैवी सप्तदशाक्षरी ॥

अस्यार्थः—आद्यबीजद्वयं माया रमात्मकं तस्य विपरीतक्रमः आदौ रमा पश्चान्माया अन्तर्मध्ये स्थितं कामबीजं मुखे आदौ यस्याः कुमार्याः। एतैः पञ्च-संख्यकैर्बीजैः षट्कूटां सप्तकूटां नवकूटां वा सम्पुटितां सम्पुटवत् कृतां तेनानु-लोमविलोमतः पुटितामित्यर्थः।

केचित्तु अनुलोमतः सम्पुटितामाहुः। तन्न, सर्वतन्त्रविरोधात्। तथा च योगिनी-तन्त्रे—

श्रीबीजमायास्मरयोनिशक्तिस्तारञ्च माया कमलाथ विद्या ।
शक्त्यादिबीजैश्च विलोमतः सा श्रीषोडशीयञ्च शिवप्रदिष्टा ।।

तथा च रुद्रयामले—

श्रीर्माया मदनो वाणी परा तारं शिवप्रिया ।
हरिप्रिया त्रिकूटा सा परा वाणी मनोभवः ।
माया लक्ष्मीर्महाविद्या श्रीविद्या षोडशी परा ।।

दक्षिणामूर्तौ च—

द्वितीयस्यादियुग्मन्तु विपरीतं लिखेत् सुधीः ।
बालाञ्चान्तर्मुखीं कृत्वा विलिखेत्तदनन्तरम् ।।
तारं मायां ततो लक्ष्मीं तथा कूटत्रयं लिखेत् ।
कलया सम्पुटां कुर्याद्रमाख्यां परमेश्वरि ।।

कलया पूर्वोक्तशक्त्यादिपञ्चकलया। रमाख्यां पूर्वोक्तप्रणवादिषट्कूटाम्। उमाख्यामिति पाठेऽप्ययमेवार्थः।

केचित्तु कलयास्थाने बालयेति पाठं कुर्वन्तस्तत्र परमेश्वरीमिति च बालया अर्न्तमुख्या सम्पुटां वदन्ति। रमाख्यां श्रीं परमेश्वरीं ह्रीमिति च। तेनोत्तरदले क्लीं ऐं सौः श्रीं ह्रीमिति वदन्ति, तन्न, सम्पुटशब्दार्थापरिज्ञानात्। नवरत्नेश्वरे—

मन्त्रमादौ वदेत् सर्वं साध्यसंज्ञमनन्तरम् ।
विपरीतं पुनश्चान्ते मन्त्रं तत् सम्पुटं स्मृतम् ।।

इति सम्पुटलक्षणात् अनन्वयापत्तेः सर्वतन्त्रविरोधाच्च। तथा च श्रीक्रम-संहितायाम्—

श्रीर्माया मदनो वाणी परैतानि मुखे कुरु ।
वेदादिर्भुवनेशानीं श्रीबीजञ्च त्रिकूटकम् ।
षट्कूटां सम्पुटीकुर्यादाद्यैः पञ्चभिरक्षरैः ।।

मायातन्त्रे च—

लक्ष्मीः परा मदनयोनियुता च शक्ति-
स्तारं परा च कमलाप्यथ मूलविद्या ।
शक्त्यादिभिश्च विपरीततया प्रदिष्टं
श्रीमन्त्रराजमुदितं परदेवतायाः ।।

एतेनानुलोमतः पञ्चबीजैः सम्पुटितामिति मतं हेयम्।

महाषोडशी मन्त्र—शिवजी कहते हैं कि हे प्रिये! विद्या के तीन भेदों को बतलाया

जा चुका है। अब महाविद्या का वर्णन सुनो। 'ह्रीं एवं श्रीं' दो बीजों को विपरीतक्रम में लिखे; यथा—श्रीं ह्रीं, तब बालाबीज ऐं क्लीं सौ: के मध्य बीज क्लीं को पहले लिखने से क्लीं ऐं सौ: बनता है। इन दोनों को एकत्र करने पर श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौ: पञ्चबीज बनते हैं। पञ्चबीजों द्वारा अनुलोम-विलोमक्रम से षट्कूट मन्त्र को पुटित करने से षोडशाक्षर मन्त्र बनता है। इसी प्रकार सारे त्रिकूट मन्त्र इन बीजों के योग से षट्कूट बनते हैं। अत: उनके साथ अनुलोम-विलोम से उक्त पञ्चबीजों का योग करने से षोडशाक्षर मन्त्र होता है। उक्त पञ्चबीज से सप्तकूट को पुटित करे तो सप्तदशाक्षर और नवकूट को पुटित करे तो ऊनविंशाक्षर मन्त्र बनते हैं। इस प्रकार षट्कूट षोडशाक्षर, वैष्णव मन्त्र ऊनविंशाक्षर और शैवमन्त्र सप्तदशाक्षर होता है।

कुछ मन्त्रवित् केवल अनुलोम से ही पुटित करने को कहते हैं; विलोम में पुटित नहीं करने को कहते हैं; किन्तु यह ठीक नहीं है; क्योंकि इससे सभी तन्त्रों में विरोध उठ खड़ा होगा। योगिनीतन्त्र में वर्णन है कि श्रीबीज श्रीं, मायाबीज ह्रीं, स्मरबीज क्लीं, योनिबीज ऐं, शक्तिबीज ह्रीं, तार ॐ और ह्रीं, श्रीशक्त्यादि बीजों को विलोम लगाना चाहिये। इसी से षोडशी बनती है और यह शिवप्रद इष्ट है।

रुद्रयामल में वर्णन है कि श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौ: ॐ—सभी शिवप्रिया हैं। ये सभी हरिप्रिया भी हैं। त्रिकूटा परा वाणी मनोभव है, ह्रीं लक्ष्मी महाविद्या है। श्रीविद्या परा षोडशी है।

दक्षिणामूर्तिसंहिता में वर्णन है कि ह्रीं श्रीं को विपरीतक्रम से श्रीं ह्रीं लिखे। बाला ऐं क्लीं सौ: को क्लीं ऐं सौ: लिखे। इसके बाद ॐ ह्रीं श्रीं और कूटत्रय लिखे। शक्त्यादि पञ्चकला ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौ: से पुटित करे। रमाख्या ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौ: को कहते हैं। यही षट्कूटा विद्या है।

कुछ लोग 'कलया सम्पुटं कुर्यात्' के स्थान पर 'बालया' का पाठ मानकर मध्यमादि बाला बीज क्लीं ऐं सौ: से पुटित करते हैं, किन्तु ऐसा करने से सम्पुट शब्द की अर्थसंगति नहीं बैठती।

नवरत्नेश्वर में लिखा है कि पहले सभी सम्पुटमन्त्र को कहे तब सम्पुटित होने वाले मन्त्र को कहे, तब सम्पुट मन्त्र का उच्चारण विपरीतक्रम से करे। इसी को सम्पुट कहते हैं।

श्रीक्रमसंहिता में भी महाषोडशी के मन्त्रोद्धार के बारे में इस प्रकार वर्णन किया गया है—श्रीबीज, मायाबीज, कामबीज, वाग्भवबीज और पराबीज श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौ: को मन्त्र के पहले रक्खे। प्रणव ॐ, भुवनेश्वरी ह्रीं, लक्ष्मी श्रीं और त्रिकूट क्लीं ऐं सौ: अर्थात् 'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं सौ:' षट्कूट को प्रथम पाँच अक्षरों से पुटित करे।

मायातन्त्र में वर्णन है कि लक्ष्मीबीज श्रीं, मायाबीज ह्रीं, कामबीज क्लीं, वाग्भवबीज ऐं, शक्तिबीज सौ:, प्रणव ॐ, मायाबीज ह्रीं और श्रीबीज श्रीं के बाद कामराज विद्या लिखे। तब इन्हीं पञ्च बीजों को विपरीतक्रम से पुटित करे अर्थात् श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौ: ॐ ह्रीं श्रीं कएईलह्रीं, हसकहलह्रीं, सकलह्रीं सौ: ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं—यह महाषोडशी मन्त्र बनता है।

श्रुतौ तु—रमा माया तारः परा लक्ष्मीः कुमारिका विद्या व्यस्ता बाला श्रीपरा तथा। व्यस्ता विपरीता तथेति व्यस्तेत्यर्थः। कुमारी चान्तर्मुखी बोध्या। अत्र कुमारिकानन्तरं तारादित्रिबीजसम्बन्धः तन्त्रैकवाक्यताबलात्, त्रैपुरीश्रुति-बलाच्च। तथा च—श्रीमाये मध्यादिबालिका । तारो माया श्रीविद्या परादिपञ्च-बीजान्यन्ते चेति। श्रीपरा चेति पाठे न केवलं बाला व्यस्ता श्रीपरा चेति। विद्यायाः षोडशबीजानां स्वरूपकथनं वा। क्रमोक्तत्वाभावात्। एतेन श्रीर्माया तारं माया श्रीबाला त्रिकूटं व्यस्ता बाला रमा मायेति मतञ्च हेयम्। कुलामृते—

श्रीबीजं शक्तिबीजञ्च कामबीजञ्च वाग्भवम् ।
बालान्तसंस्थितं बीजं प्रणवञ्च ततः परम् ॥
शक्तिबीजं रमाञ्चैव विद्याञ्च परमेश्वरि ।
लोपाम्बा कामराजं वा त्रिकूटामथवा पराम् ॥
विन्यस्य पुनराद्यानि पञ्च बीजानि सुन्दरि ।
विपरीतक्रमेणैव विन्यस्य षोडशी परा ॥

यामले च—

लक्ष्मी परा मदनवाग्भवशक्तिबीजं
तारञ्च भूतिकमलेऽप्यथ मूलविद्या ।
कूटत्रयञ्च विपरीततया नियुक्तं
श्रीषोडशाक्षरमिहागमसुप्रसिद्धम् ॥

कूटत्रयं कामादिबालायाः। चकारात् रमां मायाञ्च। निबन्धे—

सान्तान्तं शिवपूर्वसप्तमयुतं सूक्ष्मान्तमस्तान्वितं
देवीं दक्षिणबाहुशक्रनयनं कामं कलालाञ्छितम् ।
दन्तास्तोर्ध्वमुखं सशेषदशनं जीवं मुखेनान्वितं
बीजं पञ्चकमित्थमेवमुदितं सर्वार्थसिद्धिप्रदम् ॥
वेदाद्यं त्रिगुणां रमामथ वदेत्कामेन संसेवितां
लोपाम्बा पुनरेव पञ्चकमथो पूर्वं विलोमक्रमैः ।
एषा श्रीः परात्परतरा सर्वार्थसिद्धिप्रदा

सारात्सारतमा समस्तजगतामुत्पत्तिभूतापरा ।।
सेयं ब्रह्मस्वरूपा सकलगुणमयी निर्गुणा निष्प्रपञ्चा
साक्षात्कामदुघा सुरासुरगणैर्वन्दितानन्दरूपा ।।

अस्यार्थः—स एव अन्तो यस्य तेन सान्तः षकारः स एवान्तो यस्य तेन सान्तान्तः शकारः शिवो हकारः तस्य पूर्वं सप्तमो रेफः सूक्ष्मान्तमीकारः मस्तमनुस्वारः, तेन रमाबीजम्। देवीं मायाम्। दक्षिणबाहुः ककारः, शक्रो लकारः, नयनं मेलनम्। कामः विन्दुः, कला कामकला ईकारः, तेन कामबीजम्। दन्तान्त ऐकारः ऊर्ध्वमुखं मुखस्योर्ध्वं विन्दुः, तेन वाग्बीजम्। जीवः सकारः शेषदशनमौकारः, मुखं विसर्गः तेन पराबीजम्। वेदाद्यं प्रणवः। त्रिगुणा माया।

श्रुति में वर्णन है कि श्रीबीज, मायाबीज, प्रणव, मायाबीज, श्रीबीज, बालाबीज (ऐं क्लीं सौः) विपरीतक्रम से अर्थात् सौः क्लीं ऐं के बाद मूल विद्या, तब बालाबीज, श्रीबीज तथा मायाबीज लिखे। इस वचन में बालाबीज के बाद प्रणव, माया और श्रीबीज के रखने के बारे में अन्य तन्त्रों के साथ ऐक्यभाव का ध्यान रखते हुए विचार करना चाहिये।

त्रैपुरी श्रुति में भी इसी प्रकार का वर्णन है। श्रीबीज, मायाबीज, बालाबीज के मध्य बीज को पहले और पहले बीज को मध्य में करके, प्रणवबीज, मायाबीज, श्रीबीज के बाद मूल विद्या और मूल विद्या के बाद आदि पञ्चबीज लेने से महाषोडशी बनती है। वस्तुतः बालाबीज को ही विपरीतक्रम में नहीं ग्रहण करना है; श्रीबीज और मायाबीज को भी विपरीतक्रम में ग्रहण करना है। उक्त वचन से विद्या का स्वरूपमात्र बतलाया गया है। इससे बीजों का क्रम निश्चित नहीं होता है। इस प्रकार श्रुतिकथित यह क्रम ठीक नहीं है। श्रीबीज, मायाबीज, प्रणव, मायाबीज, श्रीबीज, बालाबीज, त्रिकूट विपरीत वाला श्रीबीज, मायाबीज का क्रम ठीक है।

कुलामृत में वर्णन है कि श्रीबीज, मायाबीज, कामबीज, वाग्भवबीज, बाला का अन्तिम बीज, प्रणव, मायाबीज, श्रीबीज, लोपामुद्रा, कामराज, त्रिकूट अथवा परा; इसके बाद प्रथम पाँच बीज विपरीत क्रम में लेने से षोडशी मन्त्र होता है।

यामल में कथन है कि श्रीबीज, मायाबीज, कामबीज, वाग्भवबीज, शक्तिबीज (सौः) प्रणव, मायाबीज, श्रीबीज, कामराजादि विद्या विपरीत क्रम से बाला के कूटत्रय और विपरीतक्रम से श्रीबीज और मायाबीज से ही आगमशास्त्र का सुप्रसिद्ध षोडशाक्षर मन्त्र बनता है।

रमादि पञ्च बीज से षट्कूट मन्त्र को पुटित करके मन्त्रोद्धार करना होता है। षट्कूट शब्द का अर्थ है—ॐ ह्रीं श्रीं त्रिकूट, क ए ई ल ह्रीं इत्यादि त्रिकूट। इन्हीं षट्कूटों को छः अक्षर मानकर षोडशाक्षर कहा जाता है।

निबन्ध ग्रन्थ में अन्य प्रकार का षोडशी मन्त्र बतलाया गया है। शान्तान्त (श) शिव (ह) का पूर्ववर्त्ती सप्तम वर्ण 'र' सूक्ष्मान्त ई मान्त अनुस्वार—इससे रमाबीज हुआ। देवी ह्रीं, दक्षिण बाहु क और शक्र ल—दो वर्णों के संयोग से क्ल उसमें कला ई का योग कर उसमें कामबिन्दु लगाने से क्लीं बनता है। दन्तान्त ए, उसमें मुख का ऊर्ध्व वर्ण बिन्दु मिलाने से वाग्बीज ऐं बनता है। जीव (स) में शेष दन्त औ का योग कर उसमें मुख (विसर्ग) लगाने से परा बीज सौः बनता है। ये पाँच बीज—श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौः सर्वार्थसिद्धिप्रदायक हैं। पहले इन पाँचो बीजों का उल्लेख करके प्रणव, माया, श्रीबीज, कामबीज, प्रथम लोपामुद्रा विपरीतक्रम से उपर्युक्त पाँच बीज एकत्र करने से जो श्रीविद्या बनती है, वह अत्यन्त श्रेष्ठ, परात्परतरा, सर्वार्थसिद्धिदात्री, सारभूता और सारे संसार को उत्पन्न करंने वाली है। यह विद्या ब्रह्मस्वरूपा है। सगुणा, निर्गुणा और प्रपञ्च से अतीत है। सभी सुरासुरों ने इसकी सेवा की है। यह साधक की कामना पूर्ण करने वाली है।

भेदान्तरमाह कुब्जिकातन्त्रे—

परा च कमला कामो वाग्भवं शक्तिरेव च ।
तारशक्ती च कमला त्रिकूटां योजयेत्ततः ॥
शक्त्याद्यं व्युत्क्रमान्यस्येत् स्यान्महाषोडशी परा ।
इमां विद्यां महादेवि योगी भूपोऽथवा जपेत् ।
भुक्तिमुक्तिप्रदा विद्या अन्ते कैवल्यदायिनी ॥
पराद्या भुवनेशानि ज्ञेया भुवनसुन्दरी ।
कमलाद्या महाविद्याः ज्ञेया कमलसुन्दरी ॥
कामाद्या च महाविद्या विज्ञेया कामसुन्दरी ।
वाग्भवाद्या महाविद्या परा वाक्सुन्दरीमता ॥
शक्त्याद्या च महाविद्या विज्ञेया शक्तिसुन्दरी ।
ताराद्या च महाविद्या विज्ञेया तारसुन्दरी ॥
आनन्दसुन्दरी विद्या प्रथमा गुप्तरूपिणी ।
कामराजेन देवेशि लोपया च विशेषतः ।
स्यान्महाषोडशीमन्त्रश्चतुराद्यविपर्ययात् ॥

योगिनीतन्त्रे—

श्रीबीजं शक्तिबीजञ्च कामबीजञ्च वाग्भवम् ।
बालान्तसंस्थितं बीजं प्रणवञ्च ततः परम् ॥
शक्तिबीजं रमाञ्चैव विन्यसेत्परमेश्वरि ।
लोपाम्बा कामराजाम्बा भैरवीमथवा पराम् ॥
विन्यस्य पुनराद्यानि बीजानि पञ्च सुन्दरि ।

व्युत्क्रमेण समेतानि षोडशी भुवि दुर्लभा ।
तुरीयाया मनुं लक्षं जप्त्वा सिद्धीश्वरो भवेत् ॥

व्युक्रमेणेति पञ्चबीजानि विन्यस्य इत्यन्वयः। ज्ञानार्णवे—

वक्त्रकोटिसहस्रैस्तु जिह्वाकोटिशतैरपि ।
वर्णितुं नैव शक्येयं श्रीविद्या षोडशाक्षरी ॥
वैखरी वाच्यभावत्वादशक्ता गुणवर्णने ।
यतो निरक्षरं वस्तु परा तत्रैव कारणम् ॥
मूकीभूता हि पश्यन्ति मध्यमा मध्यमाभवत् ।
ब्रह्मविद्यास्वरूपा हि भुक्तिमुक्तिफलप्रदा ॥
एकोच्चारेण देवेशि वाजपेयस्य कोटयः ।
अश्वमेधसहस्राणि प्रादक्षिण्यं भुवस्तथा ॥
काश्यादितीर्थयात्राः स्युः सार्द्धकोटित्रयान्विताः ।
तुलां नार्हन्ति देवेशि नात्र कार्या विचारणा ॥
एकोच्चारेण गिरिजे किं पुनर्ब्रह्म केवलम् ।
षोडशार्णा महाविद्या न प्रकाश्या कदाचन ।
गोपनीया त्वया भद्रे स्वयोनिरिव पार्वति ॥

कुब्जिका तन्त्र में षोड़शी मन्त्र के उद्धार का वर्णन इस प्रकार का है—परा (ह्रीं), श्रीबीज, कामबीज, वाग्भवबीज, शक्ति (सौः), प्रणव, माया, श्रीबीज के बाद त्रिकूटा तब सौः आदि पाँच बीजों को विलोमक्रम से रक्खे। इसी को महाषोडशी और भुवनसुन्दरी मन्त्र कहते हैं। योगियों और राजाओं ने इसी मन्त्र का जप किया है। यह विद्या भोग और मोक्ष दोनों को देने वाली है। अन्त में कैवल्य प्रदान करती है। आदि में ह्रीं बीज लगाने से 'भुवनसुन्दरी' श्रीबीज लगाने से 'कमलसुन्दरी' के नाम से जाना जाता है। आदि में कामबीज लगाने से इसका नाम 'कामसुन्दरी' हो जाता है। आदि में 'ऐं' लगाने से 'वाक्सुन्दरी' हो जाता है। शक्तिबीज सौः के योग से 'शक्तिसुन्दरी' मन्त्र कहा जाता है। आदि में प्रणव लगाने से 'तारसुन्दरी' मन्त्र कहलाता है। प्रथमोक्त षोडशी मन्त्र में कामराज या लोपामुद्रा के कूट के सन्निवेश से प्रथम चतुष्टय मन्त्र के विपर्यय में इसका नाम 'आनन्दसुन्दरी' विद्या होता है।

योगिनीतन्त्र में वर्णन है कि श्रीबीज, मायाबीज, कामबीज, वाग्बीज, बाला का सौः, प्रणव के बाद लोपा, कामराज या भैरवी विद्या तब प्रथमोक्त पाँच बीज का विपरीत-क्रम से विन्यास करने से षोडशी विद्या होती है। इस मन्त्र का एक लाख जप करने से साधक सिद्धीश्वर हो जाता है। यह मन्त्र इस प्रकार का कामराज के साथ होता है—श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौं ॐ कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं ॐ सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं।

ज्ञानार्णव में वर्णन है कि सहस्र कोटि मुखों और शतकोटि जिह्वाओं से भी षोडशाक्षरी श्रीविद्या का माहात्म्य कहा नहीं जा सकता है। कण्ठ में स्थित रहने वाली शब्दों की जननी वैखरी शक्ति भी इस मन्त्र का गुण वर्णन करने में असमर्थ है; क्योंकि वैखरी द्वारा केवल इन्द्रियग्राह्य वस्तुओं के गुण का ही वर्णन किया जा सकता है। षोड़शी विद्या इन्द्रियग्राह्य नहीं है। इस मन्त्र का प्रतिपाद्य तो निरक्षर तत्त्व है। अतः केवल परा शक्ति ही इसके गुणों को बताने में समर्थ है। पश्यन्ती शक्ति इसके गुणगान में मूक रह जाती है। मध्यमा शक्ति भी गुणवर्णन में प्रवृत्त होकर असमर्थतावश उदासीन हो जाती है। यह मन्त्र तो साक्षात् ब्रह्मविद्यास्वरूप है। इससे भोग और मोक्ष-जैसे फल प्राप्त होते हैं। इस मन्त्र का एक बार उच्चारण करने से जो फल मिलता है, वह कोटि वाजपेय यज्ञ, सहस्त्र अश्वमेध यज्ञ, सारे भूमण्डल की प्रदक्षिणा और साढ़े तीन करोड़ बार काशी आदि तीर्थयात्रा से भी प्राप्त नहीं होता। इस षोडशाक्षरी विद्या को कभी प्रकट नहीं करना चाहिये; अपितु सदैव गुप्त ही रखना चाहिये।

बीजावली षोडशी

रुद्रयामले—

श्रीबीजमाये संलिख्य तथैव च कुमारिकाम् ।
श्रीबीजमाये कामञ्च वाङ्माया कमलान्तथा ।
परां कामञ्च वाग्बीजं मायां श्रीबीजमेव च ॥
बीजावली षोडशीयं सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।
राज्यं देयं शिरो देयं न देया बीजषोडशी ॥

ब्रह्मयामले—

आदौ लक्ष्मीं पराञ्चैवं तथैव च कुमारिकाम् ।
श्रीबीजञ्च पराबीजं कामं वाग्भवमेव च ।
पराश्रीबालिकाञ्चैव लिखेद्व्युत्क्रमयोगतः ॥
अन्ते दद्यात्परां श्रीञ्च सम्पूर्णा कथिता त्वयि ।
बाला प्रधाना विद्या च सर्वशास्त्रे च गोपिता ॥

तन्त्रान्तरे मन्त्रान्तरमाह—

आद्या कुण्डलिनी शक्तिः शक्तिराद्या ततः पराः ।
निवेशयेत्तयोर्मध्ये देवि गोविन्दवल्लभाम् ॥
ततस्तु मन्मथं बीजं बालाद्यं तदनन्तरम् ।
हृल्लेखारमयोर्वक्त्रे वेदवक्त्रं विनिक्षिपेत् ॥
ततो लोपां न्यसेद्देवि त्रिकूटामथवा पराम् ।

आद्यानि पञ्चबीजानि पश्चाद्विन्यस्य सुन्दरि ।
षोडशीयं सुगोप्या हि स्नेहाद्देवि प्रकाशिता ।।
अस्या माहात्म्यमतुलं जिह्वाकोटिशतैरपि ।
वक्तुं न शक्यते देवि किं पुनः पञ्चभिर्मुखैः ।।
अपि प्रियतमं देयं सुतदारधनादिकम् ।
राज्यं देयं शिरो देयं न देया षोडशाक्षरी ।।

बीजावली षोडशी—रुद्रयामल में वर्णन है कि क्रमश: श्री, माया, बाला, श्री, माया, काम, वाग, माया, श्री, परा, काम, वाग, माया और श्री को एकत्र करने से जो मन्त्र बनता है, वह इस प्रकार का है—श्रीं ह्रीं ऐं क्लीं सौ: श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं ह्रीं सौ: क्लीं ऐं ह्रीं श्रीं। इसे बीजावली षोड़शी मन्त्र कहते हैं। इसे सभी तन्त्रों में गोपनीय बतलाया गया है। राज्य और अपना मस्तक भले ही दे दे; किन्तु इसे किसी को नहीं देना चाहिये।

ब्रह्मयामल के अनुसार श्री, माया, बाला, श्री, माया, काम, वाग्, विलोम बाला, श्री, माया; फिर माया और श्री को मिलाकर जो मन्त्र बनता है, वह है—श्रीं ह्रीं ऐं क्लीं सौ: श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौ: क्लीं ऐं श्रीं ह्रीं ह्रीं श्रीं। यह पूरा षोड़शी मन्त्र है। यह विद्या सभी शास्त्रों में गोपनीय है। शिवजी कहते हैं कि हे देवि! आपके स्नेह से विवश होकर मैंने यह मन्त्र प्रकाशित किया है। सौ करोड़ जिह्वाओं से भी इसके माहात्म्य का वर्णन नहीं किया जा सकता। तब मैं अपने पाँच मुखों से क्या कह सकता हूँ। अपना प्रिय, सुत, दारा, धनादि दे देवे; राज्य और शिर भी दे दे; पर इस मन्त्र को किसी को न दे।

प्रकारान्तरेण षोडशीमाह सिद्धयामले—

कामो माया रमा बाला त्रिकूटा स्त्री भगाङ्कुशौ ।
काली कामकला कूर्चं सर्वादौ प्रणवः प्रिये ।।
श्रीमहाषोडशीयञ्च या ख्याता भुवनत्रये ।
ज्ञानेन मृत्युहा विद्या सर्वाम्नायैर्नमस्कृता ।।
सप्तलक्षमहाविद्यास्तन्त्रादौ कथिताः प्रिये ।
सारात्सारतराभूता या या विद्याः सुगोपिताः ।।
बहुना किमिहोक्तेन तासां सारा तु षोडशी ।
प्रकाशिता महादेवि या पृष्टा ते पुनः पुनः ।।

रुद्रयामले—

लोपामुद्रावाग्भवं तु पृथ्वान्ते शिवयोजनात् ।
सकारं कामराजादौ लोपा तु षोडशाक्षरी ।
अनया सदृशी विद्या न विद्यार्णवगोचरे ।।

तत्रैव—

विद्याराज्ञी वाग्भवे तु कान्तेऽनन्तनियोजनात् ।
षोडशार्णा महाविद्या चिद्‌ब्रह्मैक्यमयी शुभा ॥
लोपावाग्भवशक्रान्ते शिवबीजं नियोजयेत् ।
तथैव शक्तिबीजे तु लोपा सप्तदशाक्षरी ॥
लोपायाः शक्तिकूटान्ते हंसबीजयुता यदि ।
तदा सप्तदशी विद्या साक्षाज्ज्ञानस्वरूपिणी ॥
अस्याः स्मरणमात्रेण शिवो भवति नान्यथा ।
अणिमाद्यष्टसिद्धीशः साक्षाद्भूमिपुरन्दरः ॥

तत्रैवाष्टादशाक्षरी यथा लोपामुद्रामधिकृत्य—

अधरं विन्दुना युक्तं वाग्भवाद्ये नियोजयेत् ।
मादनं कामराजाद्ये तार्तीयाद्ये महेश्वरि ।
भृगुः सर्गान्वितो देवि मनुना च समन्वितः ॥
अष्टादशाक्षरी ह्येषा श्रीविद्या भुवि दुर्लभा ।
श्रीगुरोः कृपया देवि नित्यसिद्धिप्रदायिनि ॥
नवलक्षं जपित्वा तु लोपामुद्रां महेश्वरीम् ।
अष्टदशाक्षरी विद्या पश्चाद्राध्या वरानने ।
अन्यथा शापमाप्नोति कुलं तस्य विनश्यति ॥
सर्वकल्याणदा विद्या सर्वविघ्नविनाशिनी ।
सर्वसौभाग्यदा देवि सर्वमङ्गलकारिणी ।
अनया सदृशी विद्या त्रैलोक्ये चातिदुर्लभा ॥

तत्रैव—

कामराजाख्यविद्याया वाग्भवादौ तु वाग्भवम् ।
भुवनेशीं कामराजे श्रीबीजं शक्तिपूर्वतः ॥
एषाप्यष्टादशी प्रोक्ता सर्वसिद्धिप्रदायिका ।
भोगमोक्षप्रदा साक्षात् पुरुषार्थप्रदायिका ॥
अनया सदृशी विद्या त्रैलोक्ये चातिदुर्लभा ।
नास्ति नास्ति पुनर्नास्ति सत्यं सत्यं वदामि ते ॥

मन्त्रान्तरम्—

प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य ततो वै कुलसुन्दरीम् ।
कामाक्षरं शक्तिवर्णं पुरन्दरहरौ ततः ॥

भुवनेशीं समुद्धृत्य विलोमां बालिकां ततः ।
प्रणवं सविसर्गन्तु ततो वै कुलसुन्दरीम् ॥
लोपावाग्भवमुद्धृत्य विलोमं बालिकां ततः ।
प्रणवं सविसर्गन्तु ततो वै कुलसुन्दरीम् ॥
शक्तिकूटमध्यभागे हकारं योजयेच्छिवे ।
विलोमां बालिकां तत्र ब्रह्मार्णः सविसर्गकः ॥
इति श्रीपरमा विद्या केवला मोक्षदायिनी ।
अस्या लक्षजपेनैव किं न सिध्यति भूतले ।
अस्याः स्मरणमात्रेण शिवो भवति नान्यथा ॥

कुलसुन्दरी बाला। ब्रह्मार्णः प्रणवः। योगिनीजालन्धरे कामराज विद्यामधिकृत्य—

वाङ्मारशक्तिबीजाद्यत्रिकूटाक्रमयोगतः ।
त्रिपुरामालिनी नाम्ना भवेदष्टादशाक्षरी ।
वर्णसंख्यार्द्धलक्षेण पुरश्चरणमिष्यते ॥

सिद्धयामल में मन्त्रकूटोक्तियों के उद्धार करने पर मन्त्र होता है—ॐ क्लीं ह्रीं श्रीं ऐं क्लीं सौः कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलहीं स्त्रीं ऐं क्रों क्रीं ईं हुं। इस मन्त्र के ज्ञान से मृत्यु पराजित होती है। यह विद्या सभी आम्नायों में पूजित है। इसके मन्त्रोद्धार से ये बीज बनते हैं—प्रणव = ॐ, काम = क्लीं, माया = ह्रीं, बाला = ऐं क्लीं सौः, त्रिकूटा, पञ्चदशी, स्त्री, भग = ए, अंकुश = क्रों, काली = क्रीं, कामकला = ई और कूर्च = हुं। शिवजी कहते हैं कि हे देवि ! मैंने पहले आपको सात लाख विद्याओं को बतला दिया है। यह विद्या सारों का सार है और अत्यन्त ही गोपनीय है। अधिक कहने की क्या जरूरत है, उन सबों का सार यह षोड़शी विद्या है। तुम्हारे बार-बार पूछने पर मैंने इसे प्रकाशित किया है।

रुद्रयामल का मन्त्रोद्धार इस प्रकार का है। लोपामुद्रा के वागभव कूट के धराबीज ल के बाद शिवबीज ह जोड़े और कामकूट के पहले स लगावे। इससे यह मन्त्र बनता है—हसकलहह्रीं सहकहलह्रीं सकलह्रीं। विद्यासागर में इसके समान दूसरी कोई विद्या नहीं है।

रुद्रयामल के अनुसार ही इस प्रकार के तीन मन्त्र बनते हैं। उनमें पहला है—कअएईलह्रीं हसकलहह्रीं सकलह्रीं। इसे चिद्ब्रह्मैकमयी विद्या कहते हैं। दूसरा है—हसकलहह्रीं हसकहलह्रीं सकलहह्रीं। यह सप्तदशाक्षर मन्त्र है। यह साक्षात् ज्ञानस्वरूप है। तीसरा मन्त्र भी सप्तदशाक्षर है—हसकलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं हंसः। इस मन्त्र

के स्मरणमात्र से साधक शिवतुल्य हो जाता है। उसे अणिमादि अष्ट सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं।

रुद्रयामल के अनुसार ही अष्टादशाक्षर मन्त्र इस प्रकार का है—ऐं हसकलह्रीं क्लीं हसकहलह्रीं सौः सकलह्रीं। यह तीनों लोकों में दुर्लभ है। यह गुरुकृपा से नित्य सिद्धि-दायिनी होती है। पहले लोपामुद्रा मन्त्र का नौ लाख जप करे। तब इस अष्टादशाक्षर मन्त्र का जप करे। ऐसा न करने से देवी शाप देती हैं और साधक के कुल का नाश हो जाता है। यह विद्या सभी प्रकार से कल्याण करने वाली है। सब विघ्नों को दूर करने वाली है। सभी सौभाग्यों को देने वाली है। सर्वमंगलमयी है। इसके समान विद्या तीनों लोकों में दुष्प्राप्य है।

रुद्रयामल के अनुसार ही एक और अष्टादशाक्षरी विद्या होती है, जो सर्वसिद्धिदायिनी है। वह विद्या है—ऐं कएईलह्रीं ह्रीं हसकहलह्रीं श्रीं सकलह्रीं। इसकी उपासना से भोग और मोक्ष दोनों की प्राप्ति होती है। यह पुरुषार्थ को सफल करती है। इसके समान दूसरी कोई विद्या नहीं है। नहीं है, नहीं है, नहीं है; मैं सच-सच कहता हूँ।

रुद्रयामल के अनुसार ही एक और विद्या है; वह है—ॐ ऐं क्लीं सौः कएलहह्रीं सौः क्लीं ऐं सौः ऐं क्लीं सौः हसकलह्रीं सौः क्लीं ऐं औः ऐं क्लीं सौः सकलहलह्रीं हसौः क्लीं ऐं औः। यह परमा विद्या मोक्षदायिनी है। इस मन्त्र का एक लाख जप करने से साधक के सभी कार्य सिद्ध होते हैं। वह शिव के समान हो जाता है।

योगिनीजालन्धर में वर्णन है कि कामराज विद्या के कूटत्रय के पहले वाग्बीज, कामबीज और शक्तिबीज लगाने से जो अष्टादशाक्षर मन्त्र बनता है, उसका नाम त्रिपुरमालिनी मन्त्र है। वह मन्त्र है—ऐं कएईलह्रीं क्लीं हसकहलह्रीं सौः सकलह्रीं। इसका पुरश्चरण नौ लाख जप से होता है।

श्रीक्रमे—

तां विद्यां शृणु देवेशि काममिन्द्रसमन्वितम् ।
नादविन्दुकलाभेदात्तुरीयस्वरसंयुतम् ।
महाश्रीसुन्दरी विद्या महात्रिपुरसुन्दरी ॥
ककारे सर्वमुत्पन्नं कामकैवल्यदायकम् ।
लकारे सकलैश्वर्यमीकारे सर्वसिद्धिदम् ।
एवं बीजत्रयं भद्रे विद्यानां सारसंग्रहम् ॥
वाग्भवं कामराजञ्च शक्तित्वे न नियोजयेत् ।
एकाक्षरेण कथिता ब्रह्मविद्यैव केवला ॥

कामराजलोपामुद्रयोर्विशेषमाह कुलोड्डीशे—

श्रीपरावाग्भवाख्यैश्च ईश्वरीतारमन्मथैः ।
आद्यभूतैर्भिद्यमाना सुन्दरी षड्विधा भवेत् ॥

तथा अनयोराद्ये कामो माया श्रीबीजं, मायाश्रीकामबीजं तथा त्रिविधा चाष्टादशाक्षरी। तथा च कुलोड्डीशे—

काममायारमापूर्वो माया लक्ष्मीः स्मरस्तथा ।
रमा माया तथा कामो वसुचन्द्राक्षरी त्रिधा ॥

'स्मरं योनिं लक्ष्मीं त्रितयमिदमाद्ये तव मनो'रिति भगवदाचार्येण प्रतिपादितम्। शक्तिकामराजन्तु श्रीक्रमे—

मायाबीजं ततो झिण्टी कामं शक्रं वियत्क्रमात् ।
जातवेदो मृगाङ्केन लाञ्छितं परमेश्वरी ॥
एतद्वाग्भवकूटञ्च पूर्वकं कामराजकम् ।
तत्रैव शक्तिबीजञ्च सुन्दर्येषा प्रकीर्तिता ॥

अत्रापि पूर्ववद्बीजसंयोगः। माया ईकारः। झिण्टी एकारः। पुनः शक्तिमाह—

एतद्भगं ततो माया ब्रह्मा शक्रो हरोऽग्निना ।
वामनेत्रेण संयुक्तो नादविन्दुविभूषितः ।
एतद्वाग्भवमुद्दिष्टं पूर्ववत् कामशक्तिकम् ॥

भग एकारः। अत्रापि पूर्ववद्बीजसंयोगः। अत्र विशेषः—

ब्रह्मबीजं यदा दद्यात्त्रिकूटेषु वरानने ।
प्रथमा सुन्दरी देवि द्वितीया ब्रह्मसुन्दरी ॥
शक्तिकूटे महेशानि अनन्तसुन्दरी मता ।
एषा तु षोडशी विद्या मतभेदेन दर्शिता ॥

श्रीक्रम में वर्णन है कि एकाक्षर मन्त्र 'क्लीं' महाश्रीसुन्दरी विद्या है। इसके ककार से सभी की उत्पत्ति होती है। यह भोग और मोक्ष को देने वाली है। लकार से सभी ऐश्वर्यो का उद्भव होता है। ईकार से सभी सिद्धियाँ मिलती हैं। यही बीजत्रय विद्या का सारसंग्रह है। इसका प्रथम वर्ण वाग्भवकूट, द्वितीय कामराजकूट और तृतीय शक्तिकूट है। अत: क्लीं मन्त्र से ही त्रिकूटात्मिका विद्या का कथन हुआ है।

कुलोड्डीश में वर्णन है कि श्रीबीज, बाला का अन्तिम बीज, वाग्बीज, मायाबीज, प्रणव और कामबीज—कुल छ: बीजों में से एक-एक को पूर्वोक्त मन्त्र के पहले लगाने से छ: प्रकार के सुन्दरी मन्त्र बनते हैं। कामराजमन्त्र और लोपामुद्रामन्त्र के पहले क्रमशः क्लीं ह्रीं श्रीं—तीन बीज, ह्रीं श्रीं क्लीं—तीन बीज और श्रीं ह्रीं क्लीं—ये तीन बीज लगाने

से तीन प्रकार के अष्टादशाक्षर मन्त्र बनते हैं। आचार्य ने इस बात की पुष्टि की है कि क्लीं ऐं श्रीं—ये तीन बीज कामराज और लोपामुद्रा मन्त्र के पहले लगाकर मन्त्रोद्धार करे।

श्रीक्रम में शक्ति कामराज मन्त्र इस प्रकार का है—माया = ई, झिंटी = ए, काम = क, इन्द्र = ल, वियत् = ह, अग्नि = र, मृगांक = ई—इन सबों को मिलाने से ई ए क ल ह्रीं बनता है। इसे वाग्भव कूट कहते हैं। तब पूर्वोक्त कामराज मन्त्र के कामकूट और शक्तिकूट लगाने से सुन्दरी मन्त्र बनता है। इसमें भी श्रीं सौ: ऐं ह्रीं ॐ क्लीं—इन बीजों को अलग-अलग लगाने से छ: प्रकार के मन्त्र बनते हैं। क्लीं ह्रीं श्रीं, ह्रीं श्रीं क्लीं, श्रीं ह्रीं क्लीं का योग करने से तीन प्रकार के मन्त्र बनते हैं।

पुन: शक्ति कामराज मन्त्र का वर्णन इस प्रकार का है—भग = ए, माया = ई, ब्रह्म = क, शक्र = ल, हर = ह में अग्नि = र और वाम नेत्र = ई लगाकर अन्त में बिन्दु लगाने से वाग्भव कूट होता है; जो है—एईकलह्रीं। इसके साथ कामराज मन्त्र के कामकूट और शक्तिकूट पूर्ववत् लगाने से मन्त्र बनता है—एईकलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं। इसमें भी पूर्वोक्त बीजों का योग करने से छ: प्रकार के और तीन प्रकार के मन्त्र बनते हैं। कूटत्रय के प्रथम कूट में ब्रह्मबीज ॐ लगाने से सुन्दरी, द्वितीय कूट के पहले ॐ लगाने से ब्रह्मसुन्दरी और तीसरे कूट के पहले ॐ लगाने से अनन्तसुन्दरी मन्त्र होता है।

मन्त्रान्तरम्

त्रिकूटान्ते हंसबीजं विन्दुसर्गविभूषितम् ।
एषा श्रीप्राणसंयुक्ता दारिद्र्यदु:खमोचनी ॥

शक्तिलोपामुद्रा तु—

शक्तिर्महेश: कामश्च इन्द्रबीजं तत: परम् ।
महामाया तत: पश्चात्तव स्नेहाद्वदाम्यहम् ॥
पूर्ववत् कामशक्ताख्यौ वर्णौ निष्कीलितात्मकौ ।
इति शाक्ता महाविद्या पश्चिमाम्नाययोजिता ॥

शक्ति: सकार:, पूर्ववत् कामराजविद्यावत्। अत्रापि पूर्ववद्बीजसंयोग:।

त्रिकूट के अन्त में 'हंस' बीज जोड़ने से कएईलह्रीं हसकलहह्रीं सकलह्रीं हंस: मन्त्र बनता है। इसकी उपासना से साधक दरिद्रता के दु:ख से मुक्त हो जाता है।

पश्चिमाम्नाय में शक्ति लोपामुद्रा इस प्रकार का है—सहकलह्रीं हसकलह्रीं सकलह्रीं। इस मन्त्र के पहले पूर्ववत् बीजों को लगाने से अन्य मन्त्र बनते हैं।

अन्य प्रकार के लोपामुद्रा मन्त्र का प्रथम कूट हससकलह्रीं है। कामकूट और शक्तिकूट पूर्ववत् होते हैं। इस प्रकार मन्त्र है—हससकलह्रीं हसकलह्रीं सकलह्रीं । इसमें भी पूर्ववत् बीजों के संयोग से मन्त्र बनते हैं।

मन्त्रान्तर १—पूर्वाम्नाय में वाग्भव कूट शिवशक्ति माया हसह्रीं है। कामकूट कहह्रीं है और शक्तिकूट में सहह्रीं है। इस प्रकार मन्त्र है—हसह्रीं कहह्रीं सहह्रीं। यह नवाक्षर है।

मन्त्रान्तरम्

शिवबीजं शक्तिसोमं मादनञ्च पुरन्दरम् ।
व्योमवह्निसमायुक्तं तुरीयस्वरविन्दुकम् ।।
पूर्ववत् कामराजन्तु शक्तिबीजं समुद्धरेत् ।
एषा विद्या महेशानि वर्णितुं नैव शक्यते ।।

शक्ति सकार:, सोम: सकार:। पूर्ववत् कामराजविद्यावत्। अत्रापि पूर्ववद्बीजसंयोग:।

शिवशक्तिर्भुवनेशी वाग्भवं बीजमुत्तमम् ।
कामं व्योमं च देवेशि महामाया तत: परम् ।।
सोमं व्योम महामाया नवार्णा परिकीर्तिता ।
रुद्रशक्तिरियं देवि पूर्वाम्नाये हि नायिका ।।

मन्त्रान्तर २—इसके वाग्भव कूट में कलह्रीं, कामकूट में कहलह्रीं और शक्तिकूट में सकलह्रीं है। इसमें मन्त्र बनता है—कलह्रीं कहलह्रीं सकलह्रीं। यह एकादशाक्षरी विद्या अभीष्टसिद्धि प्रदान करती है।

मन्त्रान्तरम्

मादनं गोत्रभित् सास्तो रेफवामाक्षिचन्द्रवान् ।
नादविन्दुसमायुक्त: कथित: परमेश्वरि ।।
ब्रह्मा च गगनं शक्रो नकुलीशोऽनलस्तथा ।
मायाविन्दुसनादेन कामराजं समुद्धरेत् ।।
शक्तिर्मादनशक्रश्च हरो वह्निश्च मायया ।
नादविन्दुसमाक्रान्त: कथित: कामदो मनु: ।।
एषा विद्या महेशानि कथितैकादशाक्षरी ।।

मन्त्रान्तर ३—इस मन्त्र के वाग्भवकूट में कहक्षमलह्रीं है। शेष कामकूट और शक्तिकूट कामोपासिता विद्या के ही होते हैं। इससे मन्त्र होता है—कहक्षमलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं।

मन्त्रान्तरम्

मादनं पञ्चवक्त्रञ्च लोहिता रुद्रयोगिनी ।
पुरन्दरो महामाया वाग्भवं बीजमुत्तमम् ।

पूर्ववत् कामशक्त्याख्यमुद्धरेद्देवि सुन्दरीम् ॥

लोहिता क्षकारः, रुद्रयोगिनी मकारः। पूर्ववत् कामराजविद्यावत्।

भृग्वीशं गगनं हान्तं कालमिन्द्रं महेश्वरम् ।
वामाक्षिवह्निविन्द्वाढ्यं वाग्भवं परमेश्वरि ।
कामराजं शक्तिकूटं पूर्ववत्तु समुद्धरेत् ॥

भृग्वीशः सकारः, हान्तः क्षकारः, कालो मकारः। पूर्ववत् कामराजविद्यावत्। सर्वत्र एवं क्रमः।

मन्त्रान्तर ४—इस मन्त्र के वाग्भव कूट में सहक्षमह्रीं होता है। शेष दो कूट पूर्ववत् होते हैं। मन्त्र है—सहक्षमह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं।

मन्त्रान्तरम्

विष्णुरीशस्ततो हान्तः कालेशः पृथिवी ततः ।
भुवनेशी ततः पश्चाद्वाग्भवं कथितं त्वयि ।
कामराजं शक्तिकूटं पूर्ववत् कथितं प्रिये ॥

विष्णुरीशः अकारयुक्तहकारः कालेशो मकारः ।

सुभगोदयां विद्यामाह श्रीक्रमे—

शक्तिः स्वयम्भूः शम्भुश्च शक्रश्च भुवनेश्वरी ।
शिवो मादनरुद्रेन्द्रमहामायास्ततः परम् ।
कामः शिवस्ततो ब्रह्मा इन्द्रश्च भुवनेश्वरी ॥
एषा तु परमेशानि सुन्दरी सुभगोदया ।
त्रिकूटान्ते हंसबीजं तदा सप्तदशी भवेत् ॥
वाग्बीजं विजया माया ब्रह्मा शक्रश्च पार्वती ।
मान्मथं शिवशक्तिं च मादनं हर इन्द्रकः ॥
महामाया ततः पश्चाच्छक्तिर्मनुः ससर्गकः ।
चन्द्रः प्रजापतिः शक्रो महामाया ततः परा ॥
अष्टादशाक्षरी विद्या महात्रिपुरसुन्दरी ।
सर्वान्ते हंससंयुक्ता विंशाक्षरी भवेत्तदा ॥

मन्त्रान्तर ५—इस मन्त्र के वाग्भव कूट में हक्षमलह्रीं होते हैं। शेष दो कूट पूर्ववत् होते हैं। मन्त्र है—हक्षमलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं।

श्रीक्रम में सुभगोदय मन्त्र इस प्रकार का है—सहकलह्रीं हकहलह्रीं कहकलह्रीं। सुन्दरी का यह मन्त्र सौभाग्यदायक है। इस मन्त्र के अन्त में हंसः लगाने से यह सप्तदशाक्षर हो जाता है।

षोडशी का अष्टादशाक्षर मन्त्र इस प्रकार का है—ऐं एईकलह्रीं क्लीं हसकहलह्रीं, सौः सकलह्रीं। इसके अन्त में हंसः लगाने से यह विंशाक्षर हो जाता है।

श्रीदेव्युवाच—

भाषा सृष्टिः स्थितिहृती निराख्या पञ्चसुन्दरीः ।
कथयस्व प्रभो देव यदि ते रोचते मतिः ॥

ईश्वर उवाच—

शिवो मादन इन्द्रश्च शक्तिश्च भुवनेश्वरी ।
ब्रह्मा शिवेन्द्रौ शक्तिश्च महामाया ततः परा ।
मादनेन्दौ शक्तिशिवो महामाया तदन्तके ॥

शक्तिः सकारः। एषा भाषा।

शिवश्चन्द्रस्तथा कामः शक्रश्च भुवनेश्वरी ।
शिवेन्द्रौ कामरुद्रौ च चन्द्रश्च परमेश्वरी ।
शक्तिः कामश्च शक्रश्च महामाया ततः परा ॥

इयं सृष्टिः।

शिवेन्द्रौ कामशक्ती च महामाया ततः परम् ।
कामश्चन्द्रौ महेशश्च इन्द्रः शक्तिश्च पार्वती ।
ब्रह्मा महेश्वरः शक्तिः शक्रश्च भुवनेश्वरी ॥

स्थितिरेषा।

शिवेन्द्रौ कामशक्ती च तत्परा परमेश्वरी ।
शिवशक्तौ मादनेन्द्रौ शिवो वह्नीन्दुमायया ।
शिवः शक्तिश्च क-ल-हा वह्निमायेन्दुभूषिताः ॥

एषा संहृतिः।

शक्रो ब्रह्मा चन्द्रबीजं महामाया ततः परम् ।
वाग्भवं कथितञ्चैव कामराजं ततः शृणु ॥
शक्तिः शिवो मादनेन्द्रौ तत्परा परमेश्वरी ।
शिवः शक्तिश्च सोमश्च शून्यो ब्रह्मा महेश्वरी ॥

एषा निराख्या। शून्यो हकारः।

देव्युवाच—

स्वप्नावतीं मधुमतीं कथयस्व मयि प्रभो ।
इदानीं श्रोतुमिच्छामि यदि तेऽस्ति कृपा मयि ॥

ईश्वर उवाच—

शिवो मादनशक्रौ च शक्तिस्तु भुवनेश्वरी ।
महेशो ब्रह्मा हंसश्च इन्द्रोऽपि भुवनेश्वरी ॥
महेशः शक्तिः कामश्च पुरन्दरो वियत्तथा ।
अग्निमायाकलायुक्तं नादविन्दुविभूषितम् ॥

हंसो हकारः। मायाकला ईकारः।

एषा स्वप्नावती ख्याता कला पञ्चदशी च या ।

एषा स्वप्नावती।

ब्रह्मा महेश इन्द्रश्च शक्तिश्च भुवनेश्वरी ।
ब्रह्मा वियन्मरुच्छक्रस्तत्परा परमेश्वरी ।
मादनं सोमचन्द्रौ च शक्रश्च परमेश्वरी ॥

मरुत् यकारः।

एषा मधुमती ख्याता सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।

एषा मधुमती।

श्रीक्रमे—

कामकेश्वरीविद्यैव त्रिकूटक्रमपाठिता ।
सौभाग्यायास्त्रिकूटेन पञ्चम्याः पञ्चकूटकम् ॥
त्रिपुरा या महाविद्या कूटैकादशनिर्मिता ।
सारात्सारतरा विद्या कथितैकादशाक्षरी ॥

पार्वती ने शिव से कहा कि हे प्रभो! मुझे भाषा, सृष्टि, स्थिति, संहार और निराख्या—पाँच प्रकार के सुन्दरी मन्त्र बताइये। शिव ने क्रमशः कहा—

भाषासुन्दरी मन्त्र में ह, क, ल, स, ह्रीं, क, ह, ल, स, ह्रीं, क, ल, स, ह, ह्रीं वर्ण होते हैं। इन्हें एकत्र करने पर मन्त्र होता है—हकलसह्रीं कहलसह्रीं कलसहह्रीं।

शिवो मादन इन्द्रश्च शक्तिश्च भुवनेश्वरी ।
ब्रह्मा शिवेन्द्रौ शक्तिश्च महामाया ततः परा ।
मादनेन्दौ शक्तिशिवो महामाया तदन्तके ।।

श्लोक के प्रतीकों का उद्धार करने पर यह मन्त्र बना है।

सृष्टिसुन्दरी—

शिवश्चन्द्रस्तथा कामः शक्रश्च भुवनेश्वरी ।
शिवेन्द्रौ कामरुद्रौ च चन्द्रश्च परमेश्वरी ।
शक्तिः कामश्च शक्रश्च महामाया ततः परा ।।

श्लोक के प्रतीकों का उद्धार करने पर इस मन्त्र में ह, स, क, ल, ह्रीं, ह, ल, क, ह, स, ह्रीं, स, क, ल, ह्रीं पन्द्रह वर्ण होते हैं। सभी को एकत्र करने पर मन्त्र होता है—हसकलह्रीं हलकहसह्रीं सकलह्रीं।

स्थितिसुन्दरी—

शिवेन्द्रौ कामशक्ती च तत्परा परमेश्वरी ।
शिवशक्तौ मादनेन्द्रौ शिवो वह्नीन्दुमायया ।
शिव: शक्तिश्च क-ल-हा वह्निमायेन्दुभूषिता: ।।

श्लोक के अनुसार इसमें प्रतीक है—शिव, इन्द्र, काम, शक्ति, माया। इनका उद्धार करने पर वाग्भव कूट में ह, ल, क, स, ह्रीं पाँच वर्ण होते हैं। इससे वाग्भव कूट हलकसह्रीं होता है। कामकूट में प्रतीक हैं—काम, चन्द्र, महेश, इन्द्र, शक्ति, माया। इनका उद्धार करने पर इस कूट में क स ह ल स ह्रीं वर्ण होते हैं। इससे कामकूट इस प्रकार का बनता है—कसलहसह्रीं। शक्तिकूट में प्रतीक हैं—ब्रह्मा, महेश, शक्ति, शक्र, माया। उद्धार करने पर इनमें क ह स ल ह्रीं वर्ण होते हैं। एकत्र करने पर कूट मन्त्र होता है—कहसलह्रीं। इन तीनों कूटों को एकत्र करने पर स्थितिसुन्दरी-मन्त्र होता है—हलकसह्रीं कसहलह्रीं कहसलह्रीं। यह पञ्चदशाक्षर है।

संहृतिसुन्दरी के वाग्भव कूट में शिव = ह, इन्द्र = ल, काम = क, शक्ति = स, माया = ह्रीं हैं। कूट हुआ—हलकसह्रीं। कामकूट में हैं—शिव = ह, शक्ति = स, मादन = क, इन्द्र = ल, शिव = ह, वह्नि = र, माया = ह्रीं। इससे कामकूट हुआ—हसकलहरह्रीं। शक्तिकूट में शिव = ह, शक्ति = स क ल ह र, माया = ह्रीं। इससे शक्तिकूट बनता है—हसकलहरह्रीं। तीनों कूटों को मिलाने पर मन्त्र बनता है—हलकसह्रीं हसकलहरह्रीं हसकलहरह्रीं।

निराख्या सुन्दरी—

शक्रो ब्रह्मा चन्द्रबीजं महामाया तत: परम् ।
वाग्भवं कथितञ्चैव कामराजं तत: शृणु ।।
शक्ति: शिवो मादनेन्द्रौ तत्परा परमेश्वरी ।
शिव: शक्तिश्च सोमश्च शून्यो ब्रह्मा महेश्वरी ।।

श्लोक के प्रतीकों का उद्धार करने पर निराख्या सुन्दरी मन्त्र बनता है। मन्त्र होता है—लकसह्रीं ऐं सहकलह्रीं हससहकह्रीं।

पार्वती ने कहा कि हे प्रभो ! स्वप्नावती और मधुमती मन्त्र मुझे बतलाने की कृपा करें। महादेव जी ने कहा कि **स्वप्नावती** मन्त्र में शिव, मादन, शक्र, शक्ति, माया, महेश, ब्रह्मा, हंस, पुरन्दर, माया, महेश, शक्ति, काम, इन्द्र, अग्नि, माया ई से युक्त ह है। प्रतीकों के उद्धार करने पर मन्त्र होता है—हकलसह्रीं हकहलह्रीं हसकलह्रीं।

मधुमती मन्त्र में हैं—ब्रह्मा-महेश-इन्द्र-शक्ति-माया, ब्रह्मा-वियत-मरुत-शक्र-परा, मादन-सोम-चन्द्र-शक्र-माया। इन प्रतीकों के उद्धार करने पर मन्त्र होता है—कहलसह्रीं कहयलह्रीं कससलह्रीं।

एकादश कूट मन्त्र—कामराज विद्या के तीन कूट के बाद सुभगा के तीन कूट, इसके बाद पञ्चमी विद्या के पाँच कूट को मिलाने से एकादश कूटा महाविद्या बनती है। यह इस प्रकार की है—कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं हसकलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं कएईलह्रीं हसकलह्रीं हसहलह्रीं कहसलह्रीं हकलसह्रीं।

पञ्चमी

कामं विष्णुयुतं देवि शक्तिर्मायेन्द्र एव च।
महामाया ततः पश्चाद्वाग्भवं बीजमुद्धरेत्॥

विष्णुयुतमकारयुतमित्यर्थः। शक्तिरेकारः, माया ईकारः।

वियच्चन्द्रस्तथा पश्चात्कलौ नकुलि-वह्नि च।
मायास्वरेण संयुक्तं नादविन्दुकलान्वितम्।
प्रथमं कामराजस्य कूटं परमदुर्लभम्॥
वियद्विष्णुयुतं कामो हंसः शक्रस्ततः परम्।
महामाया ततः पश्चात् स्वप्नावतीति कथ्यते॥

एतद् द्वितीयकामराजकूटम्। हंसो हकारः।

मादनं शिवबीजञ्च वायुबीजं ततः परम्।
इन्द्रबीजं ततः पश्चान्महामायां समुद्धरेत्॥

इति तृतीयकूटम्। इयं मधुमती।

शिवबीजं ततः कामं इन्द्रं देवीं नियोजयेत्।
महामायां ततः पश्चाच्छक्तिकूटं समुद्धरेत्॥

देवी सकारः। कुलोड्डीशे—

वाग्भवं प्रथमं कूटं शक्तिकूटञ्च पञ्चमम्।
मध्यकूटत्रयं देवि कामराजं मनोहरम्।
कथिता पञ्चमी विद्या त्रैलोक्यसुभगोदया॥

ईश्वर उवाच—

शृणु देवि महाभागे शक्तिकूटं सुदुर्लभम्।
वाग्भवं प्रथमं कूटं कामराजं त्रिकूटकम्॥
शक्तिकूटं प्रवक्ष्यामि तव स्नेहाद्विशेषतः।

जीवप्राणौ महेशानि मादनं तदनन्तरम् ।
इन्द्रबीजं ततः पश्चाद् भुवनेशी तु पञ्चमम् ॥

इति वा शक्तिकूटम्। जीवः सकारः, प्राणो हकारः।

अथवा देवदेवेशि सौभाग्यायाश्च वाग्भवम् ।
कूटत्रयं कामराजं शक्तिबीजञ्च पूर्ववत् ॥
वामनेत्रादिकूटं वा भगादिकूटमेव वा ।
अरिहा सिद्धिदा विद्या सर्वदोषविवर्जिता ॥

भग एकारः। एतेनाष्टधा पञ्चमी वाग्भवशक्तिकूटभेदेन।

यामले—

द्विविधा पञ्चमी विद्या पञ्चपञ्चाक्षरी परा ।
मध्ये षडक्षरी चैव शक्तिश्च चतुरक्षरी ॥

षडिति कामराजविद्यामध्यकूटमित्यर्थः। शक्तिकूटमिति कामराजस्य शक्ति-कूटमित्यर्थः। एषा चतुर्द्धा वाग्भवकूटभेदात्। एतयोरष्टधा-चतुर्द्धा-व्यवस्थितयोः। कामराजस्य तृतीयकूटन्तु तत्रैव—

कामराजं महेशानि शिवबीजं ततः परम् ।
तदधो हंसबीजन्तु इन्द्रबीजं विचिन्तयेत् ।
महामाया ततः पश्चात्कूटं परमदुर्लभम् ॥

एषापि पूर्ववदष्टधा अन्या चतुर्द्धा। तथाच तत्त्वबोधे—

कामाकाशपराशक्रः संस्थानकृतरूपिणी ।

परा सकारः। संस्थानकृतरूपिणी महामाया। तथा च तन्त्रे—

कामबीजं महेशानि शम्भुबीजं ततः परम् ।
तदधश्चन्द्रबीजन्तु पृथ्वीबीजं ततो लिखेत् ।
तदन्ते च महामाया कूटं परमदुर्लभम् ॥

एषा पूर्ववदष्टधा, अन्या चतुर्द्धा, तेन षट्त्रिंशद्रूपिणी पञ्चमी। श्रीक्रमे—

एतासाञ्चैव विद्यानां प्राणं शृणु वरानने ।
रमां मायां हंसबीजं वाग्भवाद्ये नियोजयेत् ॥
शक्त्यन्ते महादेवि हंसं मायां रमान्तथा ।
एभिर्युक्तेन देवेशि विद्याजपनमाचरेत् ॥

जपश्च सप्तवारमेव दीपन्यां तथा दर्शनात्। एतासामिति पूर्वोक्तश्रीक्रमोक्त-विद्यानाम्। पञ्चम्यान्तु विशेषो यथा—

रमां मायां हंसबीजं वाग्भवाद्ये नियोजयेत् ।
शक्त्यन्ते तु महेशानि हंसं मायां रमान्तथा ॥
कामराजत्रये देवि ककारं शक्रसंयुतम् ।
मायाविन्द्वीश्वरयुतं सूर्यकोटिसमप्रभम् ॥
प्रथमं कामकूटस्य चाद्ये नियोजयेदिदम् ।
वान्तं वह्निसमायुक्तं वामनेत्रविभूषितम् ॥
नादविन्दुसमायुक्तं श्रियो बीजमुदाहृतम् ।
द्वितीयं कामराजन्तु जपेदुक्त्वा च सुन्दरि ॥
गगनं वह्निसंयुक्तं वामनेत्रविभूषितम् ।
नादविन्दुसमायुक्तं मायाबीजं प्रकीर्तितम् ।
मधुमतीं जपेच्चापि सर्वकामफलप्रदाम् ॥

पञ्चमी मन्त्र—१. विष्णुयुक्त काम = क, शक्ति = ए, माया = ई, इन्द्र = ल, माया = ह्रीं—इनको मिलाने से 'कएईलह्रीं' वाग्भव कूट बनता है।

२. वियत् = ह, चन्द्र, स, क, ल, नकुली = ह ई चन्द्रविन्दु से युक्त = ह्रीं। इनको एकत्र करने पर हसकलह्रीं कामराज कूट प्रथम होता है।

३. विष्णुयुक्त वियत् = ह, काम = क, हंस = ह, शक्र = ल, माया = ह्रीं। इनको एकत्र करने पर हकहलह्रीं दूसरा कामकूट बनता है। इसे स्वप्नावती भी कहते हैं।

४. मादन = क शिव = ह, वायु = य, इन्द्र = ल, माया = ह्रीं। इन सबों को मिलाकर कहयलह्रीं बनता है, जो तीसरा कामराज कूट है। यह मधुमती मन्त्र का मध्य कूट है।

५. शिव = ह, इन्द्र = ल, देवी = स, माया = ह्रीं को मिलाने से हलसह्रीं बनता है, जिसे शक्तिकूट कहते हैं।

उपर्युक्त पाँचों कूटों से पञ्चमी विद्या होती है। कुलोड्डीश में वर्णन हैं कि पहले वाग्भव कूट रक्खे, मध्य में तीनों कूटों को रक्खे, तब अन्त में पाँचवाँ कूट रक्खे, तब पञ्चमी विद्या बनती है। इसे 'सुभगोदया' मन्त्र भी कहते हैं। पाँचों कूटों के मिलाने पर मन्त्र का स्वरूप होता है—कएईलह्रीं हसकलह्रीं हकहलह्रीं कहयलह्रीं हलसह्रीं। यह पञ्चमी विद्या तीनो लोकों में सौभाग्यदायिनी है।

श्री महादेव ने कहा कि देवि! अब दुर्लभ शक्तिकूट का वर्णन सुनिये। पहले वाग्भव कूट, तब तीन कामराजकूट, तब शक्तिकूट होता है। शक्तिकूट में जीव = स, प्राण = ई, मादन = क, इन्द्र = ल, माया = ह्रीं होते हैं। इससे शक्तिकूट बनता है—सईकलह्रीं। इसके लगाने से दूसरे प्रकार की पञ्चमी विद्या बनती है। वह है—कएईलह्रीं हसकलह्रीं हकहलह्रीं कहयलह्रीं सईकलह्रीं।

शक्तिकूट दो प्रकार के हैं। अत: पूर्वोक्त क्रम के पञ्चमी विद्या के दो रूप होते हैं। इस पञ्चमी के वाग्भव के स्थान पर प्रथम लोपामुद्रा के वाग्भव कूट को रक्खे, तब पूर्ववत् कामराज विद्या के तीन कूट और तब शक्तिकूट रक्खे। ऐसा करने से द्विविध पञ्चमी के दो-दो करके चार रूप होते हैं। पहले के पञ्चमी के दो रूपों के वाग्भव कूट के स्थान पर में यदि शक्ति, कामराज कूट के ईकारादि कूट रक्खे तो दो और रूप होकर पञ्चमी के आठ रूप होते हैं। यह विद्या शत्रुनाशिनी, सिद्धिदायिनी और सभी दोषों से रहित है।

यामल में वर्णन है कि पञ्चमी विद्या के दो रूप हैं। पाँच कूटों में पाँच-पाँच अक्षर लेकर एक प्रकार की पञ्चकूटा होती है। उसके मध्य में तृतीय कूट के साथ स्वप्नावती के षडक्षर कूट हसकहलह्रीं को रक्खे। ऐसा करने से पञ्चमी विद्या पच्चीस अक्षरों की होती है। वह है—कएईलह्रीं हसकलह्रीं हसकहलह्रीं कहयलह्रीं सकलह्रीं। इसके वाग्भव कूट के स्थान पर प्रथम लोपामुद्रा का वाग्भव कूट ईकारादि या एकारादि कूट को जोड़े तब यह पञ्चमी चार रूपों वाली हो जाती है।

पूर्वोक्त आठ और इन चार रूपों के त्रिकूटात्मक कामराज कूट के तृतीय कूट में 'कहहलह्रीं' इन पाँच वर्णों की योजना करे तो आठ रूपों में आठ प्रकार और चार प्रकार होकर पञ्चमी चौबीस रूपों वाली होती है।

तत्त्वबोध के अनुसार कहसलह्रीं मन्त्र है। काम = क, आकाश = ह, परा = स, इन्द्र = ल, संस्थानकृत माया = ह्रीं को मिलाने से यह मन्त्र बना है।

तन्त्र में वर्णन है कि काम = क, शम्भु = ह, चन्द्र = स, पृथ्वी = ल, माया = ह्रीं से जो कूट—कहसलह्रीं बनता है, यह कूट दुर्लभ है। यह विद्या भी पूर्ववत् आठ रूपों की है। पञ्चमी चार रूपों की है। अत: पञ्चमी विद्या के छत्तीस रूप होते हैं।

श्रीक्रम में वर्णन है कि हे देवि ! सभी विद्याओं का जो मन्त्र प्राण है, उसे सुनो। श्रीं ह्रीं हंस: को वाग्भव कूट के पहले और हंस: ह्रीं श्रीं के शक्तिकूट के अन्त में लगाकर सात बार जप करे। ऐसा निर्देश दीपनी में है।

पञ्चमी विद्या के वाग्भव कूट के पहले श्रीबीज, मायाबीज और हंसबीज लगावे, शक्तिकूट के अन्त में हंसबीज, मायाबीज और श्रीबीज जोड़े तथा कामराज के कूटत्रय में कामबीज लगावे। अर्थात् पञ्चमी विद्या के वाग्भव कूट के पहले श्रीं ह्रीं हंस: लगाकर वाग्भव कूट का जप करे। फिर कामबीज क्लीं का जप कर कामराज के प्रथम कूट का जप करे। श्रीबीज 'श्रीं' का जप करके कामराज के द्वितीय कूट का जप करे। मायाबीज ह्रीं का जप कर कामराज के तृतीय कूट का जप करे। तब शक्तिकूट का जप करके हंस: ह्रीं श्रीं का जप करे। जप के पूर्व सात बार जप करे। आदि में ह्रीं लगाकर मधुमती मन्त्र का जप करने से सर्वाभीष्ट सिद्ध होते हैं।

दीपनी

तारं लक्ष्मीञ्च वाग्बीजं मन्मथं भुवनेश्वरीम् ।
एतज्जप्त्वा ततः पश्चाद्वाग्भवाख्यं समुच्चरेत् ॥
प्रणवं भुवनेशानीं रमां कामञ्च वाग्भवम् ।
कामराजं ततो जप्त्वा त्रैलोक्यक्षोभकारकः ॥
ॐकारञ्चैव वाग्बीजं रमां मन्मथमायया ।
स्वप्नावतीं महादेवि जपेत्तत्र समाहितः ॥
प्रणवं चाधरं कामं रमाञ्च भुवनेश्वरीम् ।
मधुमतीं ततो जप्त्वा मायां श्रीं कूर्चबीजकम् ॥
प्रणवाद्यञ्च देवेशि हंसबीजपुटीकृतम् ।
एतद्बीजं समुच्चार्य शक्तिकूटं ततो जपेत् ।
एषा तु दीपनी विद्या अजपा प्राणरूपिणी ॥

जपनियमस्तु—

जपेदादौ जपेत् पश्चात् सप्तवारमनुक्रमात् ।
कामराजादिविद्यानां दीपनीञ्चैव कारयेत् ।
वाग्भवे कामराजे तु शक्तिकूटे सुरेश्वरि ॥

अत्र पञ्चमीवद्बोध्या वाग्भवशक्तिकूटयोर्दीपनी। कामकूटे पुनः—

प्रणवं भुवनेशानीं रमां कामञ्च वाग्भवम् ।

दीपनीमिति। सर्वत्र कूटे स्वरसम्बन्धः। तथा च सौभाग्यादिविद्यामधिकृत्य योगिनीहृदये—

स्वरव्यञ्जनभेदेन सप्तत्रिंशत्प्रभेदिनी ।
सप्तत्रिंशत्प्रभेदेन षट्त्रिंशत्तत्त्वरूपिणी ।
तत्त्वातीतस्वभावा च विद्येषा भाव्यते सदा ॥
श्रीकण्ठदशकं तद्वदव्यक्तस्य हि वाचकम् ।
प्राणभूतस्थितो देवि तत्तदेकादशः परः ॥

दीपनी मन्त्र—प्रणव, श्रीबीज, वाग्बीज, कामबीज, मायाबीज अर्थात् ॐ श्रीं ऐं क्लीं ह्रीं—इस पञ्चाक्षर मन्त्र का जप करके वाग्भव कूट का उच्चारण करे।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं का जप करके कामराज कूट का जप करने से तीनों लोकों को क्षुब्ध किया जा सकता है। स्वप्नावती मन्त्र के पहले प्रणव, वाग्बीज, श्रीबीज, कामबीज, मायाबीज अर्थात् ॐ ऐं श्रीं क्लीं ह्रीं का जप करके तब स्वप्नावती का जप करे।

ॐ ऐं क्लीं श्रीं ह्रीं का जप करके मधुमती मन्त्र का जप करे। हंस: ॐ ह्रीं श्रीं हूं हंस: का जप करके शक्तिकूट का जप करे। इन सारे मन्त्रों को दीपनी विद्या कहते हैं। यही मन्त्र सभी विद्याओं का प्राणस्वरूप है। इस मन्त्र का जप अलग से न करे। उक्त सभी मन्त्रों के साथ जोड़कर इसका जप करे।

उक्त मन्त्र के जप के पहले सात बार और अन्त में सात बार जप करे। कामराजकूट, वाग्भवकूट और शक्तिकूट के दीपनी मन्त्रों का भी जप करे।

वाग्भव और शक्तिकूट का दीपनी मन्त्र उक्त पञ्चमी मन्त्र के दीपनी मन्त्र के समान ही है। कामराजकूट का दीपनी मन्त्र है—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं।

इसके विषय में योगिनीहृदय तन्त्र में वर्णन है कि स्वर-व्यञ्जनभेद से उक्त विद्यासमूह सैंतीस प्रकार का है। इनमें छत्तीस प्रकार और छत्तीस स्वरूप हैं।

इस विद्या का ध्यान निरन्तर छत्तीस तत्त्वों के परे करे। क्लीब स्वर को छोड़कर अकारादि स्वर व्यंजन वर्ण के बोधक दस हैं। एकादश स्वर अनुस्वार मावनीय विद्याओं के प्राण के समान है।

श्रीयन्त्रम्

यथा—विन्दुमष्टास्रमष्टकोणं एतत्त्रितयं संहारचक्रम्। द्विदशारं चतुर्दशारम्। स्थितिचक्रमेतत्त्रयम्। अष्टपद्मं षोडशदलं वृत्तत्रयं भूसदनत्रयम् चतुर्द्वारसंयुक्तमेतत्सृष्ट्यात्मकम्। तदुक्तं यामले—

विन्दुत्रिकोण-वसुकोण-दशारयुग्म-
मन्वस्र-नागदलसङ्गतषोडशारम् ।
वृत्तत्रयञ्च धरणीसदनत्रयञ्च
श्रीचक्रराजमुदितं परदेवतायाः ॥

चक्रराजं सिन्दूरकुङ्कुमादिना लिखितम्। सुवर्णरजतपञ्चरत्नस्फटिकताम्राद्युत्कीर्णं वा कुर्यात्। श्रीक्रमे—

अकृत्वा सुसमां रेखां नालिख्यसुसमं मुखम् ।
योऽत्र यन्त्रे प्रवर्त्तेत तस्य सर्वं हराम्यहम् ॥
यस्या यत्र स्थितिर्देवि तत्र तां नार्चयेद्यदि ।
तन्मांसरुधिरेणैव पारणा तस्य जायते ॥
पशोरालोकनं न स्यात्तथा कुरुत यत्नतः ।
यदि दैवात् पशोरग्रे लिखितं विद्यते क्वचित् ।
ममाङ्गक्षतिरेवात्र क्रियते पापबुद्धिना ॥

तथा भूतभैरवे—

> **योऽस्मिन्यन्त्रे महेशानि केशराणि प्रकल्पयेत् ।**
> **योगिनीसहितास्तेषां हिंसां कुर्वन्ति भैरवाः ॥**

इति वचनान्नात्र केशराणि।

> **न रात्रावङ्कयेद्यन्त्रं साधकश्च कदाचन ।**
> **प्रमादादङ्किते यन्त्रे शापो भवति तत्क्षणात् ॥**
> **तत्रापराजितापुष्पे करवीरे जवासु च ।**
> **तत्र देवि वसेन्नित्यं तद्यन्त्रे पूजनं मम ॥**

श्रीयन्त्र—एक त्रिकोण बनाकर उसके मध्य में बिन्दु बनावे। उसके बाहर अष्टकोण बनावे। इन तीनों का नाम संहारचक्र है। इसके बाहर दो दशकोण और उसके बाहर चर्तुदश कोण बनावे। इन तीनों का नाम स्थितिचक्र है। इसके बाहर अष्टदल पद्म, उसके बाहर षोडश दल पद्म बनाकर उसके बाहर तीन वृत्त बनावे। उसके बाहर चार द्वारों से युक्त तीन भूपुर बनावे। इनका नाम है—सृष्टिक्रम।

श्रीयन्त्र

सिन्दूर या कुंकुम से इस यन्त्र को लिखे अथवा स्वर्ण, रौप्य, पञ्चरत्न, स्फटिक या ताम्रादि पर उत्कीर्ण कराकर यन्त्र बनबाए।

श्रीक्रम में महादेव ने कहा है कि जो साधक समरेखा न बनाकर समान मुख न बनाकर इस यन्त्र का निर्माण करता है, उसका सर्वस्व मैं हर लेता हूँ।

जिस स्थान पर जिस देवता की स्थिति निर्दिष्ट की गई है, वहाँ उस देवता की पूजा न करने से साधक के मांस और रक्त द्वारा उस देवता की पारणा होती है।

इस यन्त्र पर पशुभाव वालों की दृष्टि नहीं पड़नी चाहिये। ऐसी सतर्कता रखकर इसे अंकित करे। यदि दैवात् कोई पशुभाव के आगे इस यन्त्र को अंकित करता है तो वह मन्द बुद्धि साधक मेरे अंगक्षय से होने वाले पाप का भागी होता है।

भूतभैरव में वर्णन है कि इस यन्त्र को बनाते समय पद्म में केशर न बनावे। यदि कोई पद्म में केशर की कल्पना करता है, तब भैरवगण योगिनियों की सहायता से उसका नाश कर देते हैं। इस यन्त्र को रात के समय न लिखे। रात में लिखने से देवी तत्काल शाप देती हैं।

अपराजिता, कनैल और अड़हुल के फूलों में देवी का निवास होता है। अत: इन तीनों में से किसी एक में पुष्पयन्त्र के रूप में पूजन किया जा सकता है।

तथा स्वच्छन्दभैरवे—

कुर्याच्च स्थण्डिले यन्त्रं हस्तमात्रं सुसुन्दरम् ।
रत्नादिषु विनिर्मायमानमिच्छावशाद्भवेत् ॥
एकतोलं द्वितोलं वा त्रितोलं वेदतोलकम् ।
इतोऽधिकं नरः कृत्वा प्रायश्चित्ती भवेद्ध्रुवम् ॥
रक्तेन रजसापूर्य श्रीचक्रं भुवि पूजयेत् ।
नश्यन्ति सर्वविघ्नानि प्राप्यते च यथेप्सितम् ॥
दशभागं सुवर्णस्य ताम्रस्य द्वादशन्तथा ।
षड्दशं रजतस्यार्थं चैतल्लोहत्रयं भवेत् ॥
चक्रेऽस्मिन् पूजयेद्यो हि स सौभाग्यमवाप्नुयात् ।
अणिमाद्यष्टसिद्धीनामधिपो जायतेऽचिरात् ॥
विद्रुमै रचिते यन्त्रे पद्मरागेऽथवा प्रिये ।
इन्द्रनीलेऽथ वैदूर्ये स्फाटिके मरकतेऽपि वा ।
धनं पुत्रं तथा दारान् यशांसि लभते ध्रुवम् ॥
ताम्रन्तु कान्तिदं प्रोक्तं सुवर्णं शत्रुनाशनम् ।
राजतं क्षेमदञ्चैव स्फाटिकं सर्वसिद्धिदम् ॥

एतद्यन्त्रमात्रे ज्ञेयम्।

स्वच्छन्दभैरव में वर्णन है कि स्थण्डिल के ऊपर एक हाथ के मान में इस यन्त्र को बनावे। रत्नादि के द्वारा बनवाना हो तो इच्छानुसार १० ग्राम, २० ग्राम, ३० ग्राम या ४० ग्राम का रत्न लेकर यन्त्र बनवाया जा सकता है। इससे अधिक तौल में रत्न द्वारा यन्त्र बनवाने से साधक प्रायश्चित्त का भागी होता है।

भूमि में यन्त्र बनाकर लाल मिट्टी से उसे पूर्ण करे। पूजा करे। इससे साधक के सभी विघ्न दूर होते हैं एवं वांछितार्थ प्राप्त होता है।

सोना, चाँदी, ताम्बा को त्रिलोह कहते हैं। दस भाग सोना, बारह भाग ताम्बा और सोलह भाग चाँदी को मिलाकर उससे यन्त्र बनवावे। इस प्रकार के यन्त्र में पूजा करने से साधक सौभाग्यशाली होता है एवं शीघ्र ही वह अणिमादि अष्ट सिद्धियों का स्वामी होता है।

मूँगा, पुखराज, इन्द्रनीलमणि, नीलकान्तमणि, स्फटिक या मरकतमणि में यन्त्र बनवाकर पूजा करने से धन, पुत्र, पत्नी के साथ यश मिलता है। ताम्रयन्त्र में पूजा करने से कान्ति, सोने के यन्त्र में पूजन से शत्रुनाश एवं चाँदी के यन्त्र में कल्याण होता है। स्फटिक के यन्त्र में पूजा करने से सभी कार्यों में सफलता मिलती है। यह व्यवस्था सभी देव-देवियों के यन्त्र के बारे में है। यह नियम सबों के लिये हैं।

अथ श्रीचक्रनाशे प्रायश्चित्तम्—

दग्धञ्च स्फुटितं यन्त्रं हृतं चौरेण वा प्रिये।
उपवासं प्रकुर्वीत दिनमेकमतन्द्रितः॥
लक्षमात्रं जपेद्विद्यां होमतर्पणपूर्वकम्।
सद्भक्त्या च गुरुं तोष्य ब्राह्मणानपि भोजयेत्॥

लक्षं जप्त्वा दशांशतो होमं तद्दशांशं तर्पणञ्च कुर्यात्। लक्षमयुतमित्येके।

कदाचिल्लुप्तचिह्नं वा स्फुटितादिविदूषणम्।
भग्नं करोति यो मर्त्यो मृत्युस्तस्य ध्रुवं भवेत्॥
तस्माच्च तीर्थराजे वा गङ्गादिसरितां वरे।
समुद्रे वा क्षिपेद्देवि चान्यथा दुःखमाप्नुयात्॥

इदन्तु यन्त्रमात्रविषयम्।

अथ श्रीचक्रपादोदकमाहात्म्यम्—

गङ्गापुष्करनर्मदासु यमुना-गोदावरी-गोमती-
गङ्गाद्वार-गया-प्रयाग-बदरी-वाराणसी-सिन्धुषु।
रेवा-सेतु-सरस्वतीप्रभृतिषु ब्रह्माण्डभाण्डोदरे
तीर्थस्नान-सहस्रकोटिफलदं श्रीचक्रपादोदकम्॥

अथ श्रीचक्रदर्शनफलम्—

सम्यक् शतक्रतून् कृत्वा यत्फलं समवाप्नुयात् ।
तत्फलं लभते भक्त्या कृत्वा श्रीचक्रदर्शनम् ।।
षोडशं वा महादानं कृत्वा यल्लभते फलम् ।
तत्फलं समवाप्नोति कृत्वा श्रीचक्रदर्शनम् ।।
सार्द्धत्रिकोटितीर्थेषु स्नात्वा यल्लभते फलम् ।
तत्फलं लभते भक्त्या कृत्वा श्रीचक्रदर्शनम् ।।

श्रीचक्र यदि नष्ट हो जाय तब प्रायश्चित्त करना चाहिये। यन्त्र दग्ध हो जाय, टूट-फूट जाय या चोर द्वारा चुरा लिया जाय तो साधक एक दिन उपवास रहकर एक लाख जप करे। जप का दशांश हवन और हवन का दशांश तर्पण करे। तब भक्तिपूर्वक गुरुदेव को सन्तुष्ट करके ब्राह्मणभोजन करावे। कुछ लोग एक लाख के बदले दश हजार जप ही मानते हैं। किसी यन्त्र के लुप्त चिह्न, फूट जाने या भग्न होने पर उस यन्त्र को गंगादि नदियों के जल में, तीर्थ या सागर में विसर्जित कर दे। ऐसा न करने से साधक की मृत्यु हो जाती है। उसे विविध दुःख उठाने पड़ते हैं। सभी यन्त्रों के सम्बन्ध में यही नियम लागू है।

श्रीयन्त्रपादोदकमाहात्म्य—गंगा, पुष्कर, नर्मदा, यमुना, गोदावरी, गोमती, हरिद्वार, प्रयाग, वदरिकाश्रम, वाराणसी, सिन्धु, रेवा, सेतुबन्ध, सरस्वती आदि जितने भी तीर्थ पृथ्वी पर हैं, उन सबके स्नान से सहस्र कोटि गुना फल श्रीचक्रपादोदक के सेवन से मिलता है।

श्रीयन्त्र के दर्शन का फल—विधिवत् एक सौ यज्ञ करने पर जो फल होता है, वह श्रीयन्त्र के एक बार दर्शन करने से मिलता है। सोलह महादानों को करने से जो फल होता है, पुण्य मिलता है, वह श्रीचक्र के केवल एक बार के दर्शन से मिलता है। साढ़े तीन करोड़ तीर्थों में स्नान करने से जो फल होता है, वह श्रीचक्र का भक्तिपूर्वक केवल एक बार दर्शन करने से प्राप्त हो जाता है। यह व्यवस्था सभी यन्त्रों के बारे में समझनी चाहिये।

संक्षेपश्रीविद्यापद्धति:

प्रातःकृत्यादिप्राणायामान्तं कर्म विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। यथा— अस्य त्रिपुरसुन्दरीमन्त्रस्य दक्षिणामूर्त्तिर्ऋषिः पंक्तिच्छन्दः त्रिपुरसुन्दरी देवता वाग्भवं बीजं कामराजं कीलकं तार्तीयं शक्तिः पुरुषार्थचतुष्टयसिद्ध्यर्थे विनियोगः। तथा च ज्ञानार्णवे—

बीजञ्च वाग्भवं शक्तिस्तार्तीयं कीलकं ततः ।
कामराजं महेशानि बीजन्यासस्ततः परम् ।।

तद्यथा—शिरसि दक्षिणामूर्तये ऋषये नमः। मुखे पंक्तिच्छन्दसे नमः। हृदि त्रिपुरसुन्दर्यै देवतायै नमः। गुह्ये वाग्भवाय बीजाय नमः। पादयोस्तार्तीयाय शक्तये नमः। सर्वाङ्गे कामराजाय कीलकाय नमः।

तथा समयाङ्के—

त्रिपुरसुन्दरीमन्त्रस्य दक्षिणामूर्तये तथा ।
ऋषये नमः शिरसि पंक्तये छन्दसे नमः ।
मुखे त्रिपुरसुन्दर्यै देवायै नमो हृदि ॥

वाग्भवादिस्वरूपं दक्षिणामूर्तौ—

निःसरन्ति महामन्त्रा महाग्नेश्च स्फुलिङ्गवत् ।
तथैव मातृकावर्णा निःसृता वाग्भवात्प्रिये ।
अतएव तदेवास्या वाग्भवं बीजमुच्यते ॥
योषिं पुरुषरूपेण स्फुरन्ती विश्वमातृका ।
महामोहेन देवेशि कीलयन्ति जगत्त्रयम् ॥
अतस्तत्कीलकं देवि तेन सौभाग्यगर्विता ।
पालयन्ती जगत्सर्वं तेनेयं शक्तिरुच्यते ॥

संक्षिप्त श्रीविद्या-पूजापद्धति—इस ग्रन्थ के द्वितीय परिच्छेद में अंकित सामान्य पूजा पद्धति के अनुसार प्रातःकृत्य से प्राणायाम तक की सभी कियायें करके न्यास करे।

ऋष्यादि न्यास—अस्य त्रिपुरसुन्दरीमन्त्रस्य दक्षिणामूर्ति ऋषिः पंक्तिच्छन्दः त्रिपुरसुन्दरी देवता वाग्भव बीजं, कामराज कीलकं, तार्तीया शक्तिः, पुरुषार्थचतुष्टयसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

ज्ञानार्णव में लिखा है कि हे महेशि! वाग्भव इसका बीज है, तृतीय कूट शक्ति और कामराज कीलक है। तब ऋष्यादि न्यास करे। जैसे—शिरसि दक्षिणामूर्तिऋषये नमः। मुखे पंक्तिच्छन्दसे नमः। हृदि त्रिपुरसुन्दर्यै नमः। गुह्ये वाग्भवाय बीजाय नमः। पादयोस्तार्तीयाय शक्तये नमः। सर्वांगे कामराजाय कीलकाय नमः।

समयांक में वर्णन है कि त्रिपुरसुन्दरी के न्यासकाल में 'दक्षिणामूर्तये ऋषये नमः' कह कर मस्तक में, 'पंक्तये छन्दसे नमः' कहकर मुख में और 'त्रिपुरसुन्दर्यै नमः' कहकर हृदय में न्यास करे।

दक्षिणामूर्तिसंहिता में वाग्भव का स्वरूप बताया गया है कि महाग्नि से जैसे क्षुद्र चिनगारियाँ निकलती हैं, वैसे ही वाग्भव बीज से सभी मातृकाओं का अविर्भाव होता है। अतः वाग्भव ही बीज कहा गया है। विश्वमातृका देवी स्त्री-पुरुष रूपों में आविर्भूत होकर

काम के मोह में तीनों जगत् को सम्बद्ध करती है। अत: कामराज कीलक कहा गया है। यह देवी तीनों जगत् का पालन करती है, इससे इसे शक्ति कहते हैं। तब वशिन्यादि का न्यास करे।

अथ वशिन्यादिन्यासः; यथा—अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अः रवलुं वशिनी-वाग्देवतायै नमः ब्रह्मरन्ध्रे। कं खं गं घं ङं कलह्रीं कामेश्वरीवाग्देवतायै नमो ललाटे। चं छं जं झं ञं नवलीं मोदिनीवाग्देवतायै नमो भ्रूमध्ये। टं ठं डं ढं णं यलूं विमलावाग्देवतायै नमः कण्ठे। तं थं दं धं नं जमलीं अरुणावाग्देवतायै नमो हृदि। पं फं बं भं मं हसलवयूं जयिनी वाग्देवतायै नमो नाभौ। यं रं लं वं झमरयूं सर्वेश्वरीवाग्देवतायै नमो मूलाधारे। शं षं सं हं लं क्षं क्षमरीं कौलिनीवाग्देवतायै नमः सर्वाङ्गे। तथा च ज्ञानार्णवे—

अवर्गान्ते लिखेद्बीजं वह्निफान्तक्षमान्वितम् ।
वामकर्ण-विभूषाढ्यं विन्दुनादान्तिकं प्रिये ।
वशिनीं पूजयेद्वाचां देवतां देवि सुव्रते ॥
कवर्गान्ते महेशानि कलह्रीं बीजमुत्तमम् ।
कामेश्वरीं समुच्चार्य वाग्देवीं पूजयेत्ततः ॥
चवर्गान्ते धान्तफान्तक्षमातूर्यस्वरान्वितम् ।
मोदिनीं पूजयेद्वाचां नादविन्दुविभूषिताम् ॥
टवर्गान्ते वायुबीजं भूमिपूर्वं महेश्वरि ।
वामकर्णेन्दुविन्द्वाढ्यं विमलां वागधीश्वरीम् ॥
तवर्गान्ते जमक्ष्मान्तं वामनेत्रविभूषितम् ।
विन्दुनादान्वितं बीजं वाग्देवीमरुणां यजेत् ॥
पवर्गान्ते व्योमचन्द्रक्ष्मातोयानिलसंयुतम् ।
ऊकारस्वरसंयुक्तं विन्दुनादकलान्वितम् ॥
जयिनीं पूजयेद्वाचां देवतां वीरवन्दिते ।
यवर्गान्ते जान्तकालरेफवायुसमन्वितम् ॥
वामकर्णेन्दुशोभाढ्यं सर्वेशीं परिपूजयेत् ।
क्षमवह्निगतं तूर्यस्वरेण परिवेष्टितम् ॥
नादविन्दुकलाक्रान्तं कौलिनीं वाचमर्चयेत् ।
शवर्गान्ते महेशानि न्यसेत्सर्वार्थसिद्धये ॥
शिरोललाटभ्रूमध्यकण्ठहृन्नाभिदेशके ।
आधारे व्यूहके न्यासान्वर्गैरष्टभिराचरेत् ॥

ततः कराङ्गन्यासौ—अं मध्यमाभ्यां नमः। आं अनामिकाभ्यां नमः। सौः कनिष्ठाभ्यां नमः। अः अंगुष्ठाभ्यां नमः। आं तर्जनीभ्यां नमः। सौः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः। एवं ऐं हृदयाय नमः। क्लीं शिरसे स्वाहा। सौः शिखायै वषट्। ऐं कवचाय हुं। क्लीं नेत्रत्रयाय वौषट्। सौः अस्त्राय फट्। ततो मूलेन व्यापकं कृत्वा ध्यायेत्।।

बालार्कमण्डलाभासां चतुर्बाहुं त्रिलोचनाम् ।
पाशांकुशशरांश्चापं धारयन्तीं शिवां श्रये ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य आनन्दोऽहमिति विभाव्य शङ्खस्थापनं कुर्यात्।

वाग्देवतान्यास—अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं ॡं एं ऐं ओं औं अं अ: वशिनी वाग्देवतायै नम: ब्रह्मरन्ध्रे। कं खं गं घं ङं कलह्रीं कामेश्वरी वाग्देवतायै नमो ललाटे। चं छं जं झं ञं नवलीं मोदिनी वाग्देवतायै नमो भ्रूमध्ये। टं ठं डं ढं णं यलूं विमला वाग्देवतायै नम: कण्ठे। तं थं दं धं नं जमलीं अरुणावाग्देवतायै नमो हृदि। पं फं बं भं मं हसलवयूं जयिनी वाग्देवतायै नमो नाभौ। यं रं लं वं झमरयूं सर्वेश्वरी वाग्देवतायै नमो मूलाधारे। शं षं सं हं ळं क्षं क्षमरीं कौलिनी वाग्देवतायै नम: सर्वांगे।

ज्ञानार्णव में वर्णन है कि इस न्यास के करने से साधक के सभी कार्य सिद्ध होते हैं। तब करन्यास और षडंग न्यास करे।

करन्यास—अं मध्यमाभ्यां नम:। आं अनामिकाभ्यां नम:। सौ: कनिष्ठाभ्यां नम:। अ: अंगुष्ठाभ्यां नम:। आं तर्जनीभ्यां नम:। सौ: करतलकरपृष्ठाभ्यां नम:।

हृदयादि न्यास—ऐं हृदयाय नम:। क्लीं शिरसे स्वाहा। सौ: शिखायै वषट्। ऐं कवचाय हुं। क्लीं नेत्रत्रयाय वौषट्। सौ: अस्त्राय फट्।

इसके बाद मूल मन्त्र से व्यापक न्यास करके ध्यान करे—

बालार्कमण्डलाभासां चतुर्बाहुं त्रिलोचनाम्।
पाशांकुशशरांश्चापं धारयन्तीं शिवां श्रये।।

श्रीविद्या देवी के शरीर की कान्ति लाल सूर्यमण्डल की कान्ति के समान है। वे चतुर्भुजा और त्रिनेत्रा हैं। हाथों में पाश, अंकुश, शर और चाप हैं। ऐसी शिवा का मैं भजन करता हूँ।

इस प्रकार का ध्यान करके मानसोपचारों से पूजा करे। तब आनन्दोऽहम् की भावना करके शंखस्थापन करे।

यथा—श्रीचक्रपुरतः स्ववामे षट्कोणमध्ये त्रिकोणं विलिख्य, तत्र त्रिपदिकां संस्थाप्य मूलेन षट्कोणं पूजयेत्। ततः फडिति शङ्खं प्रक्षाल्य, तत्र गन्धपुष्पादिकं

निक्षिप्य, मूलेन जलेनापूर्य, मण्डलादिकं पूजयेत्। मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः, इति त्रिपदिकायाम्, अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः इति शङ्खे, उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः इति जले। तथा च निबन्धे—

प्रणवस्य त्रिभिर्भागैर्वह्निसूर्येन्दुमण्डलान् ।

ततः—

गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति ।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु ॥

इति सूर्यमण्डलात्तीर्थमावाह्य हुमित्यवगुण्ठ्य षडङ्गेन पूजयेत्। ततो धेनुमुद्रां प्रदर्श्य मूलमष्टधा जप्त्वा तज्जलं किञ्चित्प्रोक्षणीतोये निक्षिप्य, तेनोदकेनात्मानं पूजोपकरणञ्चाभ्युक्षयेत्। तद्दक्षिणे पाद्यादिपात्रं संस्थाप्यासनपूजामारभेत्। यथा— उपर्युपरि यन्त्रस्थ ॐ आधारशक्तये नमः।

एवं प्रकृतये, कूर्माय, अनन्ताय, पृथिव्यै, रसाम्बुधये, रत्नद्वीपाय, नन्दनोद्यानाय, रत्नमण्डपाय, कल्पवृक्षाय, मणिवेदिकायै, रत्नसिंहासनाय। सर्वत्र ओङ्कारादि-नमोऽन्तेन पूजयेत्। पीठोपरि वैन्दवे चक्रे हसोः सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नमः।

ततो वैन्दवे ह् स् रैं, ह् स् क् ल् रीं, हसौं इति मन्त्रेण मूर्त्तिं सङ्कल्प्य, त्रिखण्डां मुद्रां बद्ध्वा पुनर्ध्यात्वा, प्रवहन्नासापुटेन तेजोमयं पुष्पाञ्जलावानीय—

ॐ महापद्मवनान्तःस्थे कारणानन्दविग्रहे ।
सर्वभूतहिते मातरेह्येहि परमेश्वरि ॥

इति मूर्त्तौ संस्थाप्य, आवाहनादि यथाशक्त्युपचारेण पूजां विधाय षडङ्गानि पूजयेत्।

श्रीचक्र के सामने अपने वाम भाग में षट्कोण के मध्य में त्रिकोण बनावे। उसमें त्रिपद स्थापित करे। मूल मन्त्र से षट्कोण की पूजा करे। फट् से शंख को धोकर उसमें गन्ध-पुष्पादि छोड़े। मूल मन्त्र से उसमें जल भरे। मण्डलादि की पूजा करे। मं वह्नि-मण्डलाय दशकलात्मने नमः से त्रिपद पर, अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः से शंख में, उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः से जल में पूजा करे। फिर जल में सूर्य-मण्डल से अंकुशमुद्रा द्वारा तीर्थों का आवाहन करे—

गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।।

हुं से उसका अवगुण्ठन करके षडंग पूजन करे। धेनुमुद्रा दिखाकर मूल मन्त्र का आठ बार जप करके उस जल में से कुछ जल प्रोक्षणी पात्र के जल में छोड़े। उसका जल अपने

शरीर पर और पूजासामग्री पर छोड़े। तब उसके दाँयें भाग में पाद्यादि पात्रों की स्थापना करे। आसन पूजा प्रारम्भ करे।

आसन पूजा—ॐ आधारशक्तये नम:। ॐ प्रकृतये नम:। ॐ कूर्माय नम:। ॐ अनन्ताय नम:। ॐ पृथिव्यै नम:। ॐ रसाम्बुधये नम:। ॐ रत्नद्वीपाय नम:। ॐ नन्द-नोद्यानाय नम:। ॐ रत्नमण्डलाय नम:। ॐ कल्पवृक्षाय नम:। ॐ मणिवेदिकायै नम:। ॐ रत्नसिंहासनाय नम:। पीठ के ऊपर वैन्दव चक्र में हसौ: सदाशिवमहाप्रेत-पद्मासनाय नम: से पूजा करे।

इसके बाद वैन्दव चक्र में हस्रैं हसकलरीं हसौ: मन्त्र से देवी की मूर्ति कल्पित करके त्रिखण्डा मुद्रा दिखावे और ध्यान करके प्रवाहित नासाछिद्र से पुष्पाञ्जलि में देवी के तेज का आवाहन करे। तब यह मन्त्र बोलकर यन्त्रमूर्ति पर पुष्पाञ्जलि के साथ उक्त तेज को स्थापित करे। मन्त्र है—

ॐ महापद्मवनान्त:स्थे कारणानन्दविग्रहे।
सर्वभूतहिते मात एह्येहि परमेश्वरि।।

इसके बाद आवाहन आदि करके यथाशक्ति उपचारों से पूजा करे।

अग्नीशासुरवायव्यमध्ये दिक्षु च वाग्भवकूटमुच्चार्य हृदयाय नमः, कामराज-मुच्चार्य शिरसे स्वाहा, शक्तिकूटमुच्चार्य शिखायै वषट्, पुनर्वाग्भवमुच्चार्य कवचाय हुं, कामराजमुच्चार्य नेत्रत्रयाय वौषट्, शक्तिकूटमुच्चार्य अस्त्राय फट्। तथा च ज्ञानार्णवे—

अथाङ्गावरणं कुर्यात् श्रीविद्यामन्त्रसम्भवम् ।
ततो मध्यप्राक्त्र्यस्रमध्ये गुरुपंक्तिः प्रपूजयेत् ॥

यथा—ऐं ह्रीं श्रीं गुरुभ्यो नमः। एवं ऐं ह्रीं श्रीं गुरुपादुकाभ्यो नमः, ऐं ह्रीं श्रीं परमगुरुभ्यो नमः, ऐं ह्रीं श्रीं परमगुरुपादुकाभ्यो नमः, ऐं ह्रीं श्रीं परापरगुरुभ्यो नमः, ऐं ह्रीं श्रीं परापरगुरुपादुकाभ्यो नमः, ऐं ह्रीं श्रीं परमेष्ठिगुरुभ्यो नमः, ऐं ह्रीं श्रीं परमेष्ठिगुरुपादुकाभ्यो नमः, ऐं ह्रीं श्रीं आचार्येभ्यो नमः, ऐं ह्रीं श्रीं आचार्यपादुकाभ्यो नमः। सर्वत्र ऐं ह्रीं श्रीमिति बीजत्रयपूर्वकं पूजयेत्।

इसके बाद अग्नि, ईशान, नैर्ऋत्य, वायुकोणों में, मध्य में और चारो दिशाओं में षडंग पूजन करे।

प्रथम आवरण—षडंग पूजा—कएईलह्रीं हृदयाय नम:। हसकहलह्रीं शिरसे स्वाहा। सकलह्रीं शिखायै वषट्। कएईलह्रीं कवचाय हुं। हसकहलह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्। सकलह्रीं अस्त्राय फट्।

मध्य त्रिकोण और पूर्वत्रिकोण के मध्य में गुरुमण्डलार्चन करे—ऐं ह्रीं श्रीं गुरुभ्यो नमः। ऐं ह्रीं श्रीं गुरुपादुकाभ्यो नमः। ऐं ह्रीं श्रीं परमगुरुभ्यो नमः। ऐं ह्रीं श्रीं परमगुरु-पादुकाभ्यो नमः। ऐं ह्रीं श्रीं परापरगुरुभ्यो नमः। ऐं ह्रीं श्रीं परापरगुरुपादुकाभ्यो नमः। ऐं ह्रीं श्रीं परमेष्ठिगुरुभ्यो नमः। ऐं ह्रीं श्रीं परमेष्ठिगुरुपादुकाभ्यो नमः। ऐं ह्रीं श्रीं आचार्येभ्यो नमः। ऐं ह्रीं श्रीं आचार्यपादुकाभ्यो नमः।

ततश्चतुरस्रस्य प्रथमरेखायां ऐं ह्रीं श्रीं अणिमाद्यष्टसिद्धिश्रीपादुकां पूजयामि नमः। एवं मध्यरेखायां ऐं ह्रीं श्रीं ब्रह्माण्याद्यष्टदेवीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। अन्तरेखायां ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसंक्षोभिण्यादिमुद्राश्रीपादुकां पूजयामि नमः। सर्वत्रा-वरणपूजायां श्रीपादुकापदप्रयोगः। तथा च ज्ञानार्णवे—

श्रीपदं पूर्वमुच्चार्य पादुकापदमुद्धरेत् ।
पूजयामि नमः पश्चात्पूजयेदङ्गदेवताः ॥

चक्राग्रे ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुराचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। अत्र त्रैलोक्य-मोहनचतुरस्रचक्रे त्रिपुराचक्रनायिकाधिष्ठिते एता अणिमाद्याः प्रकटयोगिन्यः समुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजितास्तर्पिताः सन्तु, इत्यर्घ्यजलेन मूलदेव्यै समर्पयेत् । त्रिपुरापदव्युत्पत्तिस्तु वाराहीये—

ब्रह्मविष्णुमहेशाद्यैस्त्रिदशैरर्चिता पुरा ।
त्रिपुरेति तदा नाम कथितं दैवतैरपि ॥

तर्पणन्तु वामहस्तकृततत्त्वमुद्रया। तथा च स्वतन्त्रे—

अंगुष्ठानामिकायोगाद्वामहस्तेन पार्वति ।
तर्पयेत्सुन्दरीं देवीं समुद्राञ्च सवाहनाम् ॥

द्वितीय आवरण—भूपुर की प्रथम रेखा में ऐं ह्रीं श्रीं अणिमाद्यष्टसिद्धिश्रीपादुकां पूजयामि नमः, मध्य रेखा में ऐं ह्रीं श्रीं ब्रह्माण्याद्यष्टदेवीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। तीसरी रेखा में ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसंक्षोभण्यादिमुद्राश्रीपादुकां पूजयामि नमः।

ज्ञानार्णव में लिखा है कि श्रीपादुकां पूजयामि नमः कहकर अंगदेवताओं की पूजा करे। चक्र के अग्रभाग में त्रिपुराचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः से पूजा करे। यहाँ त्रैलोक्यमोहन चक्र में त्रिपुरचक्रनायिकाऽधिष्ठिते एताः अणिमाद्याः प्रकटयोगिनिभ्यः समुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजितास्तर्पिताः सन्तु नमः—इस मन्त्र से अर्घ्य जल छोड़ कर मूल देवी को समर्पित करे।

वाराही तन्त्र में त्रिपुरा शब्द की व्युत्पत्ति बतलायी गयी है कि प्राचीन काल में ब्रह्मा, विष्णु और महेश आदि देवताओं ने इनका पूजन किया था। इसी से इनका नाम त्रिपुरा पड़ा। देवताओं का एक नाम त्रिदश है। इसमें भी त्रि लगा है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश देवत्रय

ने त्रिदशगणों के साथ पूजन किया। अत: पूज्य का नाम त्रिपुरा हो गया।

बाँयें हाथ में तत्त्वमुद्रा बाँधकर तर्पण किया जाता है। स्वतन्त्रतन्त्र में लिखा है कि बाँयें हाथ के अँगूठे और अनामिका को मिलाने से तत्त्वमुद्रा होती है। इसी तत्त्वमुद्रा से सवाहना देवी की पूजा होती है।

ततः षोडशपत्रेषु ऐं ह्रीं श्रीं अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अः कामाकर्षिण्यादिषोडशनित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्राग्रे ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरेशीश्रीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। अथ सर्वाशापरिपूरके षोडशदलचक्रे त्रिपुरेशीचक्रनायिकाधिष्ठिते एताः कामाकर्षिण्याद्याः गुप्तयोगिन्यः समुद्रा इत्यादि पुनर्मूलदेव्यै समर्पयेत्।

तृतीय आवरण—षोडशपत्र में ऐं ह्रीं श्रीं अं आं इं ई उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अ: कामाकर्षिण्यादिषोडशनित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजन करे। अग्र-भाग में ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरेशीश्रीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजा करे। तब सर्वाशापरिपूरके षोडशदलचक्रत्रिपुरेशीचक्रनायिकाऽधिष्ठिते एता: कामाकर्षिण्याद्या: गुप्त-योगिन्य: समुद्रा:, सायुधा: सपरिवारा: सवाहना: पूजितास्तर्पिता: सन्तु नम: इस मन्त्र से अर्घ्य जल छोड़कर पूर्ववत् पूजा मूलदेवी को समर्पित करे।

ततोऽष्टदले ऐं ह्रीं श्रीं अनङ्गकुसुमाद्यष्टदेवी-श्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्राग्रे ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरसुन्दरीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। अत्र सर्वसंक्षोभकरे अष्टदलचक्रे त्रिपुरसुन्दरीचक्रनायिकाधिष्ठिते एता अनङ्गकुसुमाद्या गुप्ततरयोगिन्यः समुद्रा इत्यादि मूलदेव्यै समर्पयेत्।

चतुर्थ आवरण—अष्टदल में ऐं ह्रीं श्रीं अनंगकुसुमाद्यष्टदेवीश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजा करे। चक्र के अग्रभाग में ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरसुन्दरीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजा करे। तब सर्वसंक्षोभकरे अष्टदलचक्रे त्रिपुरसुन्दरीचक्रनायिकाऽधिष्ठिते एता: अनंगकुसुमाद्या: गुप्ततरयोगिन्य: समुद्रा: सायुधा: सपरिवारा: सवाहना: पूजितास्तर्पिता: सन्तु से अर्घ्यजल देकर पूजा मूलदेवी को समर्पित करे।

ततश्चतुर्दशारचक्रे ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसंक्षोभिण्यादिचतुर्दशदेवीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्राग्रे ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरवासिनीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। अत्र सर्वसौभाग्यदायके चतुर्दशारचक्रे त्रिपुरवासिनीचक्रनायिकाधिष्ठिते एताः सर्व-संक्षोभिण्यादिशक्तयः सम्प्रदाययोगिन्यः समुद्रा इत्यादि मूलदेव्यै समर्पयेत्।

पञ्चम आवरण—चतुदर्शार चक्र में ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसंक्षोभिण्यादिचतुर्दशदेवीश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजा करे। चक्र के अग्रभाग में ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरवासिनीचक्रनायिकाश्रीपादुकां

पूजयामि नम: से पूजा करे। तब इस मन्त्र से अर्घ्यजल देकर पूजा देवी को समर्पित करे। सर्वसौभाग्यदायिके चतुर्दशारचक्रे त्रिपुरवासिनीचक्रनायिकाऽधिष्ठिते एता: सर्वसंक्षोभिण्यादि-शक्तय: सम्प्रदाययोगिन्य: समुद्रा: सायुधा: सपरिवारा: सवाहना: पूजितास्तर्पिता: सन्तु नम:।

बहिर्दशारचक्रे ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसिद्धिप्रदादेवीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्राग्रे ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुराश्रीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। अत्र सर्वार्थसाधके बहिर्दशारचक्रे त्रिपुराचक्रनायिकाधिष्ठिते एताः सर्वसिद्धिप्रदादिदेव्यः कुलकौलिनी-योगिन्यः समुद्रा इत्यादि मूलदेव्यै समर्पयेत्।

षष्ठ आवरण—बहिर्दशार चक्र में ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसिद्धिप्रदादेवीश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजा करे। चक्र के अग्रभाग में ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुराश्रीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजा करे। तब इस मन्त्र से अर्घ्य जल देकर पूजा देवी को समर्पित करे—सर्वार्थ-साधिके बहिर्दशारचक्रे त्रिपुरानायिकाऽधिष्ठिते एता: सर्वसिद्धिप्रदादिदेव्य: कुलकौलिनीयोगिन्य: समुद्रा: सायुधा: सपरिवारा: सवाहना: पूजितास्तर्पिता: सन्तु।

अन्तर्दशारचक्रे ऐं ह्रीं श्रीं सर्वज्ञादिदेवीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्राग्रे ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरमालिनीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। अत्र सर्वरक्षाकरा-न्तर्दशारचक्रे त्रिपुरमालिनीचक्रनायिकाधिष्ठिते एताः सर्वज्ञाद्या देव्यो निगर्वयोगिन्यः समुद्रा इत्यादि मूलदेव्यै समर्पयेत्।

सप्तम आवरण—अन्तर्दशार चक्र में ऐं ह्रीं श्रीं सर्वज्ञादिदेवीश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजा करे। चक्र के अग्रभाग में ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरमालिनीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजा करे। तब यह मन्त्र पढ़कर अर्घ्यजल छोड़े—सर्वरक्षाकरे अन्तर्दशारचक्रे त्रिपुरमालिनीचक्रनायिका अधिष्ठिते एता: सर्वज्ञाद्या: देव्यो निगर्भयोगिन्य: समुद्रा: सायुधा: सपरिवारा: सवाहना: पूजितास्तर्पिता: सन्तु नम:। पूजा मूल देवी को समर्पित करे।

अष्टारचक्रे ऐं ह्रीं श्रीं वशिन्याद्यष्टवाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्राग्रे ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरसिद्धाचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। अत्र सर्वरोगहराष्टारचक्रे त्रिपुरसिद्धाचक्रनायिकाधिष्ठिते एता वशिन्याद्या रहस्ययोगिन्यः समुद्रा इत्यादि मूलदेव्यै समर्पयेत्।

अष्टम आवरण—अष्टार चक्र में ऐं ह्रीं श्रीं वशिन्यादि अष्टवाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजा करे। चक्र के अग्रभाग में ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरसिद्धाचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नम: से पूजा करे। तब यह मन्त्र पढ़कर अर्घ्यजल देवे—सर्वरोगहरे अष्टारचक्रे त्रिपुरसिद्धाचक्रनायिका अधिष्ठिते एता: वशिन्यादिरहस्ययोगिन्य: समुद्रा: सायुधा: सपरिवारा: सवाहना: पूजितास्तर्पिता: सन्तु। पूजा मूल देवी को समर्पित करे।

तत्रान्तरालत्र्यस्रे मूलषडङ्गानि पूजयेत्। ततोऽग्रकोणे ऐं ह्रीं श्रीं कामेश्वरी-नित्याश्रीपादुकां पूजयामि नमः। दक्षिणकोणे ऐं ह्रीं श्रीं वज्रेश्वरीनित्याश्रीपादुकां पूजयामि नमः। वामकोणे ऐं ह्रीं श्रीं भगमालिनीनित्याश्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्राग्रे ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुराम्बिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः।

अत्र सर्वसिद्धिप्रदे त्र्यस्रचक्रे वाणचापपाशाङ्कुशविभूषितान्तराले त्रिपुराम्बिका-चक्रनायिकाधिष्ठिते एताः कामेश्वर्याद्याः रहस्यातिरहस्ययोगिन्यः समुद्रा इत्यादि मूलदेव्यै समर्पयेत्।

नवम आवरण—त्र्यस्र के अन्तराल में मूल षडंगों की पूजा करे। तब अग्रकोण में ऐं ह्रीं श्रीं कामेश्वरी नित्याश्रीपादुकां पूजयामि नमः से पूजा करे। दक्षिण कोण में ऐं ह्रीं श्रीं वज्रेश्वरी नित्याश्रीपादुकां पूजयामि नमः से पूजा करे। वामकोण में ऐं ह्रीं श्रीं भगमालिनी नित्याश्रीपादुकां पूजयामि नमः से पूजा करे। तब अग्रभाग में त्रिपुराम्बिकाश्रीपादुकां पूज-यामि नमः से पूजा करे। तब सर्वसिद्धिप्रदे त्र्यस्रचक्रे वाणचापपाशांकुशविभूषितान्तराले त्रिपुराम्बिकाचक्रनायिका अधिष्ठिते एताः कामेश्वर्यादिरहस्यातिरहस्ययोगिन्यः समुद्राः सायुधाः सपरिवाराः सवाहनाः पूजितास्तर्पिताः सन्तु से अर्घ्यजल देकर मूल देवी को पूजा समर्पित करे।

ततो विन्दुमध्ये ऐं ह्रीं श्रीं श्रीमहात्रिपुरसुन्दरीनित्याश्रीपादुकां पूजयामि नमः। इति त्रिवारं पूजयेत्। वामे ऐं ह्रीं श्रीं योनिमुद्राश्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्राग्रे ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरभैरवीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। अत्र सर्वानन्दमये परब्रह्मस्वरूपिणी वैन्दवे चक्रे त्रिपुरभैरवीचक्रनायिकाधिष्ठिते एताः सर्वचक्रेश्वरी-योगिन्यः समुद्राः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः पूजितास्तर्पिताः सन्तु इति मूल-देव्यै समर्पयेत्।

ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणं लक्षजपः। तथा च वामकेश्वरतन्त्रे—

तत्र स्थित्वा जपेल्लक्षं साक्षाद्देवीस्वरूपधृक् ।
किंशुकैर्हवनं कुर्याद्दशांशञ्च वरानने ।
कुसुम्भकुसुमैर्वापि मधुरत्रयमिश्रितैः ॥

दशम आवरण —बिन्दु में ऐं ह्रीं श्रीं महात्रिपुरसुन्दरी नित्याश्रीपादुकां पूजयामि नमः से तीन बार पूजन करके वाम भाग में ऐं ह्रीं श्रीं योनिमुद्राश्रीपादुकां पूजयामि नमः से पूजा करे। चक्र के अग्रभाग में ऐं ह्रीं श्रीं त्रिपुरभैरवीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः से पूजा करे।

सर्वानन्दमये परब्रह्मस्वरूपिणी वैन्दवचक्रे त्रिपुरभैरवीचक्रनायिका अधिष्ठिते एताः

सर्वचक्रेश्वरीयोगिन्यः समुद्राः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः पूजितास्तर्पिताः सन्तु से अर्घ्यजल देकर मूलदेवी को पूजा समर्पित करे।

इसके बाद धूपादि से विसर्जन तक के कर्म करे। वामकेश्वर तन्त्र में लिखा है कि एक लाख जप से इस मन्त्र का पुरश्चरण होता है। जप के बाद त्रिमधुर समन्वित पलाशपुष्प या कुसुम्भपुष्प से जप का दशांश दश हजार हवन करे।

श्रीविद्याविशेषपद्धतिः

यथा—ब्राह्मे मुहूर्ते उत्थाय मुक्तस्वापो रात्रिवासः परित्यज्य, गुरुं यथोक्तरूपं ध्यात्वा, ऐं ह्रीं श्रीं हसखफ्रें हसक्षमलवरयूं सहक्षलवरयीं ह्सौः श्री अमुकानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि स्त्री चेद् गुरुः अमुकशक्त्यम्बाश्रीपादुकां पूजयामीति स्मृत्वा, मानसैर्गन्धादिभिः पूजयेत्। यथा—

ऐं ह्रीं श्रीं लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि नमः—इति कनिष्ठाभ्याम्। एवं ऐं ह्रीं श्री हं आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि नमः—इति अंगुष्ठाभ्याम्। ऐं ह्रीं श्रीं यं वाय्वात्मकं धूपं समर्पयामि नमः—इति तर्जनीभ्याम्। ऐं ह्रीं श्रीं रं वह्न्यात्मकं दीपं समर्पयामि नमः—इति मध्यमाभ्याम्। ऐं ह्रीं श्रीं वं अमृतात्मकं नैवेद्यं समर्पयामि नमः—इति अनामिकाभ्याम्। ऐं ह्रीं श्रीं ऐं ताम्बूलं समर्पयामि नमः—इत्यञ्जलिना ताम्बूलम्। यथा विशुद्धेश्वरे—

**एवं ध्यात्वा पुनश्चैवं पञ्चभूतात्मकैर्यजेत् ।
गन्धतत्त्वं पार्थिवञ्च कनिष्ठांगुलियोगतः ॥
शब्दमयं महापुष्पं प्रथमांगुलियोगतः ।
वाय्वात्मकं महाधूपं तर्जनीभ्यां नियोजयेत् ॥
तेजोरूपं महादीपं मध्यमाद्वययोगतः ।
नमस्कारेणाञ्जलिना ताम्बूले वाग्भवं स्मृतम् ।
सर्वत्र स्वस्वबीजान्ते नमस्कारेण योजयेत् ॥**

प्रथमांगुलिर्वृद्धा। स्वस्वबीजान्ते तत्तद्भूतबीजान्ते।

ततो योन्यञ्जलिमुद्रे प्रदर्श्य नमस्कृत्य स्तुतिं कुर्यात्—अखण्डमण्डलाकारमित्यादि। शेषं सामान्यपूजापद्धत्युक्तक्रमेण कुर्यात्।

श्रीविद्या विशेष पद्धति—ब्राह्म मुहूर्त में उठकर रात में पहने सोने वाले वस्त्र को बदल कर यथोक्त रूप में गुरु का ध्यान करे—ऐं ह्रीं श्रीं ह्स्ख्फ्रें हसक्षमलवरयूं सहक्षलवरयीं हसौं: श्री अमुकानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि। यदि स्त्री गुरु हो तो अमुकशक्त्यम्बाश्रीपादुकां पूजयामि। इस ध्यान के बाद मानसोपचारों से पूजन करे। जैसे—

ऐं ह्रीं श्रीं लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि नमः—कनिष्ठा से।
ऐं ह्रीं श्रीं हं आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि नमः—अंगुष्ठ से।
ऐं ह्रीं श्रीं यं वाय्वात्मकं धूपं समर्पयामि नमः—तर्जनी से।
ऐं ह्रीं श्रीं रं वह्न्यात्मकं दीपं समर्पयामि नमः—मध्यमा से।
ऐं ह्रीं श्रीं वं अमृतात्मकं नैवेद्यं समर्पयामि नमः—अनामिका से।
ऐं ह्रीं श्रीं ऐं ताम्बूलं समर्पयामि नमः—अञ्जलि से।

विशुद्धेश्वर तन्त्र में वर्णन है कि इस प्रकार ध्यान करके पञ्चभूतात्मक तत्त्वों से पूजन करे। गन्धतत्त्व पार्थिव होता है, इसे कनिष्ठा अंगुलि से देना चाहिये। शब्दमय महापुष्प अंगूठे से समर्पित करे। वाय्वात्मक महाधूप तर्जनी से समर्पित करे। तेजोरूप महादीप दोनों मध्यमाओं के योग से समर्पित करे। अञ्जलि बद्ध करके वाग्भव कूट से नमस्कारपूर्वक ताम्बूल समर्पित करे। इन सभी तत्त्वात्मक उपचारों से तत्त्व के बीजमन्त्र पहले लगावे और बाद में नमः लगावे। सभी अंगुलियों के साथ अंगूठा लगावे। योनिमुद्रा से प्रणाम कर स्तुति करे। इसके अनुसार पूजामन्त्र निम्न प्रकार का होता है—

लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि। (कनिष्ठा-अंगुष्ठयोग से)
हं आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि। (अंगूठा-तर्जनीयोग से)
यं वाय्वात्मकं धूपं आघ्रापयामि। (तर्जनी-अंगूठे के योग से)
रं वह्न्यात्मकं दीपं दर्शयामि। (अंगुष्ठ-मध्यमायोग से)
वं अमृतात्मकं नैवेद्यं निवेदयामि। (अंगुष्ठ-अनामिकायोग से)
सं सर्वात्मकं ताम्बूलादिसर्वोपचारान् समर्पयामि (अंगुष्ठ-सर्वांगुलियोग से)

अखण्डमण्डलाकारं से स्तुति करे। शेष क्रिया इस ग्रन्थ में पूर्वोक्त परिच्छेद दो की सामान्य पूजा पद्धति से सम्पादित करे।

श्रीविद्यायां विशेषस्नानम्

वैदिकस्नानं विधाय, आचमनं कृत्वा, षडङ्गानि विधाय, क्रोमित्यङ्कुशमुद्रया सवितृमण्डलात्तीर्थमावाह्य, मूलविद्याशक्तिबीजमुच्चार्य, योनिमुद्रां तज्जले निक्षिप्य, धेनुयोनिमुद्रे प्रदर्श्य, मूलवाग्भवबीजेन दशवारमभिमन्त्र्य आनन्दामृतवारिमध्यस्थां देवीं विचिन्त्य, मूलविद्यया सप्तवारमभिमन्त्र्य, तन्मुखारविन्दनिर्गतामृतधाराबुद्ध्या मूलेन सप्तवारमात्मानमभिषिच्य, पुनरेकविंशतिवारं मूलविद्यामुच्चरन् तज्जले देवीपादारविन्दाधोगलदमृतधारया त्रिवारं निमज्ज्य, उत्थाय पुनर्योनिमुद्रया सप्तवारं त्रिवारं वा शिरस्यभिषेकं विधाय, तथैवाचम्य तीरमागत्य अनुपहते वाससी परिधाय, मूलमन्त्राभिमन्त्रितशुद्धयज्ञीयभस्मना त्रिपुण्ड्रं त्रिरेखात्मकमर्द्धचन्द्ररूपं विधाय, पूर्ववत् श्रीगुरुं स्मृत्वा, तान्त्रिकाघमर्षणान्तं कर्म कृत्वा तर्पणं कुर्यात्। तद्यथा—

षडङ्गान्यपि विन्यस्य तीर्थमङ्कुशमुद्रया ।
क्रों मन्त्रेण समाकृष्य ततः सवितृमण्डलात् ॥
शक्तिबीजं समुच्चार्य निक्षिपेद्योनिमुद्रया ।
धेनुमुद्रां योनिमुद्रां ततस्तत्र प्रदर्शयेत् ॥
मूलवाग्भवबीजेन मन्त्रयित्वाथ देवताम् ।
आनन्दामृतवारीणां मध्यस्थां परिचिन्तयेत् ॥
मूलेन विद्यया देवि सप्तवाराभिमन्त्रणम् ।
देवीमुखारविन्दाच्च निर्गतामृतधारया ।
सप्तकृत्वो जपेद्विद्यामभिषिञ्चेत् स्वकां तनूम् ॥
एकविंशतिवाराणि जपेद्विद्यामनन्तरम् ।
देवीपादारविन्दाधो निमज्ज्योत्तीर्य साधकः ॥
योनिना च तथा देवि मूर्ध्निसेकं समाचरेत् ।
त्रिःसप्त वा तथा वारान् सेचयेत्साधकाग्रणी ॥
ततस्तीरं समासाद्य कर्म कुर्याद्यथेप्सितम् ।
उचिते वाससी पश्चात्परिदध्यादनन्तरम् ॥
आचम्य प्राङ्मुखो भूत्वा मूलमन्त्राभिमन्त्रितम् ।
धृत्वा भालतले भस्म पूर्ववत् श्रीगुरुं स्मरेत् ॥
सूर्यमण्डलवासिन्यै देवतायै नमः परम् ।
अर्घ्यमञ्जलिमादाय गायत्र्या च त्रिरुत्क्षिपेत् ।
यथाशक्ति जपेद्देवीं गायत्रीं तदनन्तरम् ॥
तर्पणार्थं समाचम्य प्राणानायम्य साधकः ।
वसून् रुद्रांस्तथादित्यांस्तथैवाङ्गिरसं ततः ॥
देवान् गाश्च ततो ब्रह्मविष्णुरुद्रान् ग्रहानपि ।
लोपामुद्रामहल्याञ्चानसूयामृषितीर्थकैः ॥
नक्षत्रराशियोगांश्च करणानि यथाक्रमम् ।
चतुर्थीवह्निजायान्तं देवतीर्थेन तर्पयेत् ॥
मरीचिमत्रिं पुलहं पुलस्त्यं क्रतुमेव च ।
वसिष्ठञ्च भरद्वाजं गौतमागस्त्यनामकौ ॥
अग्निष्वात्ता बर्हिषदः स्वपितॄंश्च पितृक्रमात् ।
त्रिधा ङेऽन्तान् हृदन्तांश्च पितृतीर्थेन तर्पयेत् ॥
भैरवान् क्षेत्रपालांश्च कुमारीयोगिनीगणम् ।

भूतानि सर्वसत्त्वानि तृप्यन्त्वेतानि तर्पयेत् ॥

ततो देवीं तर्पयेत्।

श्रीविद्या विशेष स्नान—वैदिक स्नान करके, षडंग न्यास करके 'क्रों' मन्त्र से अंकुशमुद्रा द्वारा सूर्यमण्डल से तीर्थों का आवाहन करे।

मूल विद्या के शक्तिबीज का उच्चारण करके उस जल में योनिमुद्रा का निक्षेप करे। धेनुमुद्रा और योनिमुद्रा दिखावे। मूल मन्त्र के वाग्भव बीज का दश बार जप करके जल को अभिमन्त्रित करे। आनन्दामृत जल के मध्य में देवी का चिन्तन करे। मूल विद्या दश बार जप कर अभिमन्त्रित करे।

तब भावना करे कि देवी के मुख से अमृतधारा निकल रही है। उसे मूल मन्त्र के सात जप से अभिमन्त्रित करके अपने शरीर को अभिषिक्त करे। तब इक्कीस बार मूल विद्या का उच्चारण करके भावना करे कि उस जल में देवी के पदकमल से अमृत निकल कर मिल गया है। ऐसे जल से तीन बार स्नान करे।

स्नान के बाद उठकर योनिमुद्रा से सात बार या तीन बार अपने शिर पर मार्जन करे। तब आचमन करके तट पर आकर शुद्ध वस्त्र पहन कर मूल मन्त्र से अभिमन्त्रित शुद्ध यज्ञीय भस्म से त्रिरेखात्मक त्रिपुण्ड्र अर्द्धचन्द्र के समान ललाट में लगावे। पूर्ववत् गुरु को स्मरण करके तान्त्रिक अघमर्षण कर्म करके तर्पण करे। यथा—

षडंग न्यास करके 'क्रों' मन्त्रोच्चारणपूर्वक अंकुशमुद्रा से सूर्यमण्डल से तीर्थों का आवाहन करे। शक्तिबीजोच्चारणपूर्वक योनिमुद्रा का जल में निक्षेप करे। तब योनिमुद्रा और धेनुमुद्रा दिखावे। उस जल को मूल वाग्भव बीज से अभिमन्त्रित करे। उस आनन्दा-मृत जल के मध्य में देवता का चिन्तन करे।

मूल विद्या का सात बार जप करके अभिमन्त्रित करे। देवी-मुखारविन्द से निर्गत अमृतधारा को विद्या के सात जप से अभिमन्त्रित करके अपने शरीर को अभिषिञ्चित करे। तब विद्या का जप इक्कीस बार करे। देवीपादारविन्द के नीचे उस तीर्थजल में स्नान करके साधक ऊपर उठे। योनिमुद्रा से देवी के मूर्धा पर अभिषेक करे। यह अभिषेक तीन बार या सात बार करे।

इसके बाद जल से बाहर तट पर आकर अपेक्षित कर्म करे। तब शुद्ध वस्त्र पहन कर आगे की क्रिया करे। पूर्वाभिमुख होकर मूल मन्त्र से अभिमन्त्रित जल से आचमन करे। ललाट में भस्म लगावे और श्रीगुरु का स्मरण करे। तब सूर्यमण्डलवासिन्यै देवतायै नम: बोलकर अञ्जलि में अर्घ्यजल लेकर तीन बार गायत्री-जपपूर्वक अर्घ्य प्रदान करे।

इसके बाद गायत्री का जप यथाशक्ति करे। तर्पण के लिये आचमन करके प्राणायाम करे। तब इन मन्त्रों से इन देवताओं का तर्पण करे—

ॐ वसुभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ रुद्रेभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ आदित्येभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ आंगिरसेभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ देवेभ्यः स्वाहा तपर्यामि
ॐ गोभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ ब्रह्मणे स्वाहा तर्पयामि
ॐ विष्णवे स्वाहा तर्पयामि
ॐ रुद्रेभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ ग्रहेभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ लोपामुद्रायै स्वाहा तर्पयामि
ॐ अहल्यायै स्वाहा तर्पयामि
ॐ अनुसूयायै स्वाहा तर्पयामि
ॐ नक्षत्रेभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ राशिभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ योगेभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ करणेभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ मरीचये स्वाहा तर्पयामि
ॐ अत्रये स्वाहा तर्पयामि
ॐ पुलहाय स्वाहा तर्पयामि
ॐ पुलस्त्याय स्वाहा तर्पयामि
ॐ क्रतवे स्वाहा तर्पयामि
ॐ वसिष्ठाय स्वाहा तर्पयामि
ॐ भारद्वाजाय स्वाहा तर्पयामि
ॐ गौतमाय स्वाहा तर्पयामि
ॐ अगस्त्याय स्वाहा तर्पयामि
ॐ अग्निष्वात्ताय स्वाहा तर्पयामि
ॐ बर्हिषदे स्वाहा तर्पयामि

अमुक गोत्र अस्मत्पिता अमुक शर्मा तृप्यन्ताम्।
अमुक गोत्र अस्मत्पितामह अमुकशर्मा तृप्यन्ताम्।
अमुक गोत्र अस्मत्प्रपितामह अमुक शर्मा तृप्यन्ताम्।
अमुक गोत्रास्मन्माता अमुकीदेवी तृप्यन्ताम्।
अमुक गोत्रास्मत्पितामही अमुकी देवी तृप्यन्ताम्।
अमुक गोत्रास्मत्प्रपितामही अमुकी देवी तृप्यन्ताम्।
इनका तर्पण पितृतीर्थ से करे। इसके पश्चात् देवी का तर्पण निम्नवत् करे—

ॐ भैरवाय स्वाहा तर्पयामि
ॐ क्षेत्रपालाय स्वाहा तर्पयामि
ॐ कुमारीभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ योगिनिभ्यः स्वाहा तर्पयामि
ॐ भूतेभ्यः स्वाहा तर्पयामे
ॐ सर्वसत्त्वाय स्वाहा तर्पयामि

दक्षिणामूर्त्तिसंहितायाम्—

तर्पणन्तु शुचिः कुर्याद्देवर्षिपितृपूर्वकम् ।

तस्मिन् जले त्रिकोणवृत्तं चतुरस्त्रं विभाव्य गणेशवटुकौ चक्रवामदक्षिणतः सन्तर्प्य, त्रिकोणे वृत्तचतुरस्रान्तराले ईशानादिवायव्यान्तां वक्ष्यमाणं गुरुपंक्तिं तर्पयेत्। ततस्त्रिकोणमध्ये साध्यसिद्धासनमन्त्रैर्वक्ष्यमाणैः सन्तर्प्य, जले भगवती-

मावाह्य, परमामृतधारया त्रिवारं पूर्वोक्तक्रमेण सन्तर्प्य त्रिकोणेषु कामेश्वर्यादिदेवीत्रयं वक्ष्यमाणसमयविद्यया सन्तर्प्य चतुरस्रकोणेष्वङ्गदेवतास्तर्पयेत्। तत आवरणदेवतानां तर्पणम्। ततः सूर्यायार्घ्यं दत्त्वा हंसः सोऽहमित्युपस्थानं कृत्वा, सवितृमण्डले तीर्थं विसृज्य नियतवचनो यागस्थानमागच्छेदिति। यागस्थानन्तु कालीकुलसद्भावे—

अरण्यं स्वल्पकामानां सिद्ध्यर्थं पूजने हितम्।
निष्कामानां मुमुक्षूणां गृहे शस्तं सदार्चनम्॥
ऋषीणां मुनिमुख्यानां दीक्षितानां द्विजन्मनाम्।
गृहेऽपि यजनं शस्तं रसैर्वार्क्षेक्षुसम्भवैः॥

कुलार्णवे—

एकान्ते निर्जने रम्ये देशे बाधाविवर्जिते।
सुखासनसमासीनः प्राङ्मुखो वाप्युदङ्मुखः॥

तत्रादौ सूर्यपूजा; तदुक्तं रुद्रयामले—

आदित्यं पूजयेदादौ प्रत्यक्षं लोकसाक्षिणम्।
अन्यथा नैव सिद्धिः स्यात् कल्पकोटिशतैरपि॥

बृहत्स्तवराजेऽपि—

स्नानन्तु विधिवत् सन्ध्यां तर्पणं सूर्यपूजनम्।
कृत्वा पूजालये चात्र पञ्चमीं पूजयाम्यहम्॥ इति।

ततो गृहद्वारि गत्वा ॐ आत्मतत्त्वाय स्वाहा। ॐ विद्यातत्त्वाय स्वाहा। ॐ शिवतत्त्वाय स्वाहा। इत्याचम्य सामान्यार्घ्यं विधाय द्वारपूजां कुर्यात्। तद्यथा—

बालया द्वारमभ्युक्ष्य, दक्षिणवामपार्श्वयोरुपर्यधः ऐं ह्रीं श्रीं गां गणपतये नमः। ऐं ह्रीं श्रीं दुं दुर्गायै नमः। एवं ऐं ह्रीं श्रीं वां वटुकाय नमः। ऐं ह्रीं श्रीं क्षां क्षेत्रपालाय नमः। ऐं ह्रीं श्रीं द्वारश्रियै नमः। ऐं ह्रीं श्रीं देहल्यै नमः। ततो वामपदपुरःसरं गृहं प्रविश्याग्न्यादिकोणेषु ऐं ह्रीं श्रीं गां गणपतये नमः। एवं ऐं ह्रीं श्रीं दुं दुर्गायै नमः। ऐं ह्रीं श्रीं वां वटुकाय नमः। ऐं ह्रीं श्रीं क्षां क्षेत्रपालाय नमः। मध्ये ऐं ह्रीं श्रीं रत्नमण्डपाय नमः। दिक्षु ऐं ह्रीं श्रीं कामदेवाय रत्यै नमः। ऐं ह्रीं श्रीं वसन्ताय प्रीत्यै नमः। ऐं ह्रीं श्रीं सां सरस्वत्यै नमः। ऐं ह्रीं श्रीं श्रियै नमः।

सोमभुजगावल्याम्—

सरस्वतीं श्रियं मायां दुर्गाञ्च तदनन्तरम्।
भद्रकालीं ततः स्वस्तिं स्वाहाञ्चैव शुभङ्करीम्।
गौरीञ्च लोकधात्रीञ्च तथा वागीश्वरीमपि।

एताः पूजयेत्। ततः ऐं ह्रीं श्रीं रक्तद्वादशशक्तियुक्ताय दीपनाथाय नमः इति पुष्पाञ्जलित्रयं मुञ्चेत्। विश्वसारे—

समुद्रमेखले देवि पर्वतस्तनमण्डले ।
विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे ॥

इति प्रसाद्य,

पृथिवी त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता ।
त्वञ्च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरु चासनम् ॥

इति आसनं संस्थाप्य ततोऽस्त्रेण वामपार्ष्णिघातत्रयेण भौमान् विघ्नानुत्सार्या-स्त्रेण जलेनान्तरीक्षगान् श्रीबालान्यस्ततीक्ष्णदृष्ट्या अवलोकनेन दिव्यान् विघ्नानु-त्सार्य सिद्धार्थाक्षतकुसुमान्यादाय ऐं ह्रीं श्रीं अपसर्पन्तु ते भूता इत्यादिना क्षिप्त्वा विघ्नानुत्सारयेत्। ततो नैर्ऋत्यां ऐं ह्रीं श्रीं ब्रह्मणे नमः, ऐं ह्रीं श्रीं वास्त्वधिपतये नमः, ऐं ह्रीं श्रीं आधारशक्तिकमलासनाय नमः इत्यासनं सम्पूज्य, तत्रोपविश्य भूतशुद्धिं कुर्यात्।

यद्यपि कल्पसूत्रे 'वायव्यग्निसलिलात्मकप्राणायामैः, शोषणदहनप्लावनञ्च भूतशुद्धिं विधाय त्रिः प्राणानायम्ये'ति तथापि मातृकान्यासानन्तरं प्राणायामो बोद्धव्यः। तथा च तन्त्रान्तरे—

भूतशुद्धिं विधायेत्थं मातृकान्यासमाचरेत् ।
प्राणायामत्रयं कृत्वा न्यासानन्यान् समाचरेत् ॥

ततो मातृकान्यासं प्राणायामान्तं विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। तद्यथा— शिरसि दक्षिणामूर्तये ऋषये नमः। मुखे पंक्तिच्छन्दसे नमः। हृदि श्रीत्रिपुरसुन्दर्यै देवतायै नमः। गुह्ये वाग्बीजाय नमः। पादयोः शक्तिकूटाय शक्तये नमः। सर्वाङ्गे कामराजाय कीलकाय नमः। तन्त्रान्तरे—

ऋषिं न्यसेन्मूर्ध्निदेशे छन्दस्तु मुखपङ्कजे ।
देवता हृदये चैव बीजन्तु गुह्यदेशके ।
शक्तिञ्च पादयोश्चैव सर्वाङ्गे कीलकं न्यसेत् ॥

ततः कराङ्गन्यासौ यथा—अं मध्यमाभ्यां नमः। आं अनामिकाभ्यां नमः। सौः कनिष्ठाभ्यां नमः। अं अंगुष्ठाभ्यां नमः। आं तर्जनीभ्यां नमः। सौः करतल-करपृष्ठाभ्यां नमः। तथा च—

एतद्बीजं द्विरुच्चार्य मध्यमाद्यङ्गुलीषु च ।
शुद्धिं करस्य कुर्वीत तलयोः पृष्ठयोरपि ।
चतुर्थीमितिसंयुक्तनाममन्त्रैः पृथक् पृथक् ॥

दक्षिणामूर्तिसंहिता के अनुसार तर्पण से पवित्रता प्राप्त होती है। देवर्षि और पितरों के तर्पणपूर्वक यह तर्पण करना चाहिये। तालाब या नदी के जल में त्रिकोण के बाहर वृत्त और उसके बाहर चतुरस्र कल्पित करके चक्र के वाम भाग में गणेश का और दक्षिण भाग में बटुक का तर्पण करे। त्रिकोण, वृत्त और चतुरस्र के अन्तराल में ईशान से वायव्य तक वक्ष्यमाण गुरुपंक्तियों का तर्पण करे। तब त्रिकोण के मध्य में साध्य सिद्धासन मन्त्र के द्वारा वक्ष्यमाण क्रम से तर्पण करे। जल में भगवती का आवाहन करके परमातृका धारा से पूर्वोक्त क्रम से तीन बार तर्पण करे। तीनों कोणों में कामेश्वरी आदि तीन देवियों का तर्पण करे। यह तर्पण वक्ष्यमाण समय विद्या से करे। चतुरस्र के कोणों में षडंग देवताओं का तर्पण करे। तब आवरण देवताओं का तर्पण करे। इसके बाद सूर्य को अर्घ्य देकर हंस: सोऽहं मन्त्र से उपस्थान करे। तब सूर्यमण्डल में तीर्थ का विसर्जन नियत वचनों से करके यागस्थान में प्रवेश करे।

यागस्थान में कालीकुलसद्भाव के अनुसार क्षुद्र कामनाओं की सिद्धि के लिये जंगल में पूजा करना श्रेयस्कर होता है। निष्काम कर्मियों और मुमुक्षुओं के लिये गृह में अर्चन सदैव प्रशस्त होता है। ऋषियों, मुख्य मुनियों, दीक्षितों और द्विजातियों के लिये गृह में पूजन उत्तम होता है। ईख के रस से तर्पण अति प्रशस्त होता है।

कुलार्णव में वचन है कि एकान्त, निर्जन, बाधाविमुक्त, रम्य देश में सुखासन पर पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख बैठे। तब पहले सूर्य की पूजा करे। रुद्रयामल में लिखा है कि सबसे पहले सूर्य का पूजन करे, जो प्रत्यक्ष लोकसाक्षी हैं। अन्य की एक सौ करोड़ कल्पों तक साधना करने पर भी सिद्धि नहीं मिलती।

वृहत्स्तवराज में लिखा है कि विधिवत् स्नान करके सन्ध्या, तर्पण और सूर्य-पूजन करे। यहाँ पर 'पञ्चमीं पूजयाम्यहम्' कह कर पूजा करे। तब गृहद्वार पर जाकर 'ॐ आत्मतत्त्वाय स्वाहा, ॐ विद्यातत्त्वाय स्वाहा, ॐ शिवतत्त्वाय स्वाहा' से आचमन करके सामान्यार्घ्य स्थापित करके द्वारपूजा करे। यह इस प्रकार करे—

ऐं क्लीं सौ: से द्वार का अभ्युक्षण करे। तब द्वार के दक्षिण-वाम पार्श्वों, ऊपर और नीचे इन मन्त्रों से पूजन करे—ऐं ह्रीं श्रीं गं गणपतये नम:। ऐं ह्रीं श्रीं दुं दुर्गायै नम:। ऐं ह्रीं श्रीं वं वटुकाय नम:। ऐं ह्रीं श्रीं क्षं क्षेत्रपालाय नम:। ऐं ह्रीं श्रीं द्वारश्रियै नम:। ऐं ह्रीं श्रीं देहल्यै नम:। इसके पश्चात् बाँयाँ पाँव आगे करके गृह में प्रवेश करे। अग्न्यादि कोण के क्रम से ऐं ह्रीं श्री गं गणपतये नम:। ऐं ह्रीं श्रीं दुं दुर्गायै नम:। ऐं ह्रीं श्रीं व वटुकाय नम:। ऐं ह्रीं श्रीं क्षं क्षेत्रपालाय नम:। मध्ये ऐं ह्रीं श्रीं रत्नमण्डलाय नम:। पूर्वादि दिशाओं में ऐं ह्रीं श्रीं कामदेवाय रत्यै नम:। ऐं ह्रीं श्रीं वसन्ताय प्रीत्यै नम:। ऐं ह्रीं श्रीं सां सरस्वत्यै नम:। ऐं ह्रीं श्रीं श्रियै नम: से पूजा करे।

सोमभुजगावली में लिखा है कि इसके बाद सरस्वती, श्री, माया, दुर्गा, भद्रकाली, स्वस्ति, स्वाहा, शुभंकरी, गौरी, लोकधात्री, वागीश्वरी देवियों का पूजन करे। तब ऐं ह्रीं श्रीं रक्तद्वादशशक्तियुक्ताय दीपनाथाय नमः से दीपनाथ को पुष्पाञ्जलि प्रदान करे।

विश्वसारतन्त्र में वर्णन है कि इसके बाद पृथ्वी की प्रार्थना निम्न श्लोक से करे—

समुद्रमेखले देवि पर्वतस्तनमण्डले।
विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे।।

इस प्रकार प्रार्थना करके आसन का स्थापन निम्न मन्त्र पढ़कर करे—

पृथिवी त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरु चासनम्।।

इस प्रकार आसन स्थापित करके अस्त्रमन्त्र बोल कर बाँयीं ऐंड़ी से पृथ्वी पर तीन बार आघात करके भौम विघ्नों का उत्सारण करे। अस्त्रमन्त्र से अन्तरिक्ष में जल निक्षिप्त का विघ्नोत्सारण करे। ऐं क्लीं सौः बोलकर तीक्ष्ण दृष्टि से दिशाओं का अवलोकन करके दिव्य विघ्नों का उत्सारण करे। इसके बाद सरसो, अक्षत और फूल हाथ में लेकर चारों ओर छींटते हुए ऐं ह्रीं श्रीं अपसर्पन्तु ते भूता इत्यादि मन्त्रों से विघ्नोत्सारण करे। तब नैर्ऋत्य में ऐं ह्रीं श्रीं ब्रह्मणे नमः। ऐं ह्रीं श्रीं वास्त्वधिपतये नमः। ऐं ह्रीं श्री आधारशक्ति-कमलासनाय नमः से आसन का पूजन करे। तब उस आसन पर बैठकर भूतशुद्धि करे। कल्पसूत्र में वर्णन है कि वायु-अग्नि-सलिलात्मक प्राणायाम करे। शोषण-दहन-प्लावन से भूतशुद्धि करके तीन प्राणायाम करे। तथापि मातृकान्यास के बाद प्राणायाम करना चाहिये। तन्त्रान्तर में कथन है कि इस प्रकार भूतशुद्धि करके मातृकान्यास करे। तब तीन प्राणायाम करके अन्य न्यासों को करे। न्यास के बाद प्राणायाम करके ऋष्यादि न्यास करे। यथा—

ऋष्यादि न्यास—शिरसि दक्षिणामूर्ति ऋषये नमः। मुखे पंक्तिछन्दसे नमः। हृदि त्रिपुरसुन्दर्यै देवतायै नमः। गुह्ये वाग्बीजाय नमः। पादयोः शक्तिकूटाय शक्तये नमः। सर्वांगे कामराजाय कीलकाय नमः।

तन्त्रान्तर में कथन है कि ऋषि का न्यास मूर्धा में करे। छन्द का न्यास मुखपंकज में एवं देवता का न्यास हृदय में करे। बीज का न्यास गुह्य देश में करे। शक्ति का न्यास पावों में करे। सर्वांग में कीलक का न्यास करे।

करन्यास—अं मध्यमाभ्यां नमः। आं अनामिकाभ्यां नमः। सौः कनिष्ठाभ्यां नमः। अं अंगुष्ठाभ्यां नमः। आं तर्जनीभ्यां नमः। सौः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

करशुद्धि न्यास—अं अं मध्यमाभ्यां नमः। आं आं अनामिकाभ्यां नमः। सौः सौः कनिष्ठाभ्यां नमः। अं अं अंगुष्ठाभ्यां नमः। आं आं कनिष्ठाभ्यां नमः। सौ सौः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

ततो निवृत्त्यादिन्यासः—गुह्ये क्रां निवृत्त्यै नमः। हृदये क्रीं प्रतिष्ठायै नमः। कण्ठे ऐं विद्यायै नमः। भ्रूमध्ये हौं शान्त्यै नमः। ब्रह्मरन्ध्रे ह्रौं अमृतायै नमः। तथा च कुलामृते भूतशुद्धिमभिधाय—

ततो दिव्यशरीरोऽसौ साधकः शीघ्रसिद्धिभाक् ।
जायते नात्र सन्देहो न्यासांस्तान् प्रवदाम्यहम् ॥
निवृत्तिश्च प्रतिष्ठा च विद्या शान्तिस्तथामृता ।
गुह्यहृत्कण्ठभ्रूमध्यब्रह्मरन्ध्रेषु विन्यसेत् ॥
कामाग्निसंयुतौ द्वौ द्वौ आस्यवामदृगन्वितौ ।
वाणी मनुविसर्गाभ्यां युतं व्योमद्वयं पुनः ॥
द्वितीयाधो भवेदग्निरेवं पञ्च महेश्वरि ।
अर्द्धचन्द्रेन्दुसर्गानि सर्वाण्येव क्रमेण हि ॥
बीजन्यासं नियोज्यानि पूर्वतः परमेश्वरि ।
ततो बालां समुच्चार्य महात्रिपुरसुन्दरि ॥

आत्मानं रक्ष रक्ष इति हृदये अञ्जलिं दद्यात्। पुनः ऐं क्लौं सौः अस्त्राय फडिति दिग्बन्धनं कुर्यात्। तथा च—

बालाबीजत्रयं पूर्वं महात्रिपुरसुन्दरी ।
आत्मानं रक्ष रक्षेति कुर्याद्रक्षां हृदि स्पृशन् ।
तथैवास्त्रेण मुद्रया कुर्याद्दिग्बन्धनं ततः ॥

ततो बालान्ते अमृतार्णवासनाय नमः इति पादयोः। बालान्ते त्रिपुरेश्वरीपीताम्बुजासनाय नमः इति जानुद्वये। तथा च यामले—

अमृतार्णवशब्दपूर्व आसनाय महामनुः ।
पादयोर्विन्यसेत् पश्चाद्बालान्ते त्रिपुरेश्वरि ।
पीताम्बुजासनायान्ते नमो जानुनि विन्यसेत् ॥

ह्रीं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरीदेव्यासनाय नमः इत्यूरुद्वये। तथा च—

ह्रीं क्लीं सौः त्रिपुरेत्युक्त्वा सुन्दरीति पदन्ततः ।
ङेऽन्तं देव्यासनञ्चान्ते नम ऊरुद्वये न्यसेत् ॥

ततो हैं हक्लीं हसौः त्रिपुरवासिनीचक्रासनाय नमः इति स्फिग्द्वये। हसैं हसक्लीं हसौः त्रिपुराश्रीसर्वमन्त्रासनाय नमः इति गुह्ये। ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लें त्रिपुरमालिनीसाध्यसिद्धासनाय नमः इति नाभिदेशे। हस्रैं हसक्लीं हस्रौः त्रिपुराम्बापर्यङ्कशक्तिपीठासनाय नमः इति स्ववक्षसि। त्रिकूटविद्यानां बीजान्ते श्रीमहात्रिपुरभैरवीसदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नमः ब्रह्मरन्ध्रे। तथा च यामले—

हैं हक्लीं हसौरन्ते त्रिपुरवासिनीति च ।
चक्रासनाय नमः इत्यमुना स्फिग्द्वये न्यसेत् ।।
हसैं हसक्लीं हसौश्चेति त्रिपुराश्रीपदन्ततः ।
सर्वमन्त्रासनायान्ते नमो गुह्ये प्रविन्यसेत् ।।
ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लें ततो दद्यात्त्रिपुरमालिनीति च ।
साध्यसिद्धासनं ङेऽन्तं नाभिदेशे प्रविन्यसेत् ।।
हसैं ह स क्लीं हस्रौरन्ते त्रिपुराम्बापदन्ततः ।
पर्यङ्कशक्तिपीठासनाय नमो वक्षसि विन्यसेत् ।।
त्रिकूटविद्याबीजान्ते महात्रिपुरभैरवी ।
सदाशिवमहाप्रेतपदात्पद्मासनाय च ।।

नम इत्यमुना ब्रह्मरन्ध्रस्थाने प्रविन्यसेत्।

अथ षडङ्गन्यासः—ऐं सर्वज्ञाशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी हृदयाय नमः। क्लीं नित्यसुतृप्तिशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी शिरसे स्वाहा। सौः अनादिबोधशक्तिश्रीमहा-त्रिपुरसुन्दरी शिखायै वषट्। ऐं स्वतन्त्रशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी कवचाय हुं। क्लीं अलुप्तशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी नेत्रत्रयाय वौषट्। सौः अनन्तशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी अस्त्राय फट्। तथा नवरत्नेश्वरे—

सर्वज्ञता नित्यसुतृप्तता च अनादिबोधश्च स्वतन्त्रता च ।
अलुप्तशक्तित्वमनन्तता च षडाहुरङ्गानि शिवयोः शिवाद्याः ।।
बीजान्ते नाम संयोज्य जातियुक्तं षडङ्गकम् ।।

ततो वशिन्यादिन्यासः; स च संक्षेपप्रयोग उक्तः। ततो नवयोन्यात्मकन्यासः। तथा च—

बालायास्त्रिपुरेशान्या नवयोन्यात्मकं न्यसेत् ।

प्रयोगस्तु भैरवीप्रकरणे उक्तः।

पुनर्बालां समुच्चार्य गोलकत्वेन चिन्तयेत् ।
पुनर्बालां समुच्चार्य चतुरस्रं विचिन्तयेत् ।।

निवृत्त्यादि न्यास—गुह्ये क्रां निवृत्त्यै नमः। हृदये क्रीं प्रतिष्ठायै नमः। कण्ठे ऐं विद्यायै नमः। भ्रूमध्ये हौं शान्त्यै नमः। ब्रह्मरन्ध्रे ह्रौं अमृतायै नमः। 'कुलामृत' के अनुसार भूतशुद्धि से साधक का शरीर दिव्य हो जाता है और शीघ्र सिद्धि मिलती है। इसमें कोई सन्देह नहीं है। इसलिये उन न्यासों का वर्णन किया जाता है। निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ति, अमृता का न्यास गुह्य, हृदय, कण्ठ, भ्रूमध्य और ब्रह्मरन्ध्र में करे। इनके पहले क्रां क्रीं ऐं हौं ह्रौं पाँचो बीज लगा ले। इसी प्रकार से निवृत्त्यादि न्यास उपर्युक्त है। इसके

बाद आत्मरक्षान्यास करे। जैसे—ऐं ह्रीं श्रीं ऐं क्लीं सौं श्रीमहात्रिपुरसुन्दरि आत्मानं रक्ष रक्ष कह कर पुष्पाञ्जलि अपने हृदय पर दे। फिर ऐं क्लीं सौः अस्त्राय फट् से दिग्बन्ध करना चाहिए।

पहले बालाबीज बोलकर तब महात्रिपुरसुन्दरी, तब आत्मानं रक्ष रक्ष बोलकर हृदय का स्पर्श करे। तब अस्त्रमुद्रा से दिग्बन्ध करे। तब 'ऐं क्लीं सौं अमृतार्णवासनाय नमः से पावों का स्पर्श करे। तब ऐं क्लीं सौः त्रिपुरेश्वरी पीताम्बुजासनाय नमः से दोनों जानुओं का स्पर्श करे।

'यामल' के अनुसार अमृतार्णव आसनाय नमः से पैरों में न्यास करे। इसके बाद ऐं क्लीं सौं त्रिपुरेश्वरी पीताम्बुजासनाय नमः से घुटनों में न्यास करे। ह्रीं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरी देव्यासनाय नमः से दोनों जाँघों में न्यास करे।

एक और मत से ह्रीं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरी देव्यासनाय नमः से जंघों में न्यास करे। तब ह्क्लीं ह्सौः त्रिपुरवासिनी चक्रासनाय नमः से दोनों टखनों में न्यास करे। ह्सैं: ह्स्क्लीं ह्सौः त्रिपुराश्री सर्वमन्त्रासनाय नमः से गुह्य में न्यास करे। ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लें त्रिपुरमालिनी साध्यसिद्धासनाय नमः से नाभि में न्यास करे। ह्स्रैं ह्स्क्लीं ह्स्रौः त्रिपुराम्बापर्यंकशक्तिपीठासनाय नमः से अपने वक्ष में न्यास करे। ह्स्रैं ह्स्क्रीं ह्स्रौं महात्रिपुरभैरवी सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नमः से ब्रह्मरन्ध्र में न्यास करे।

यामल के अनुसार हैं ह्क्लीं हसौः त्रिपुरवासिनी चक्राय नमः से स्फिकद्वय में न्यास करना चाहिये।

ह्सैं ह्सक्लीं ह्सौः त्रिपुराश्रीसर्वमन्त्रासनाय नमः से गुह्य में न्यास करे। ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लें त्रिपुरमालिनी साध्यसिद्धासनाय नमः से नाभि में न्यास करे। ह्सैं ह्सक्लीं ह्स्रौः त्रिपुराम्बापर्यंकशक्तिपीठासनाय नमः से वक्ष में न्यास करे। ह्स्रैं ह्स्करीं ह्स्रौं महात्रिपुरभैरवी सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नमः से ब्रह्मरन्ध्र में न्यास करे।

षडंग न्यास—ऐं सर्वज्ञा शक्ति महात्रिपुरसुन्दरी हृदयाय नमः। क्लीं नित्यसुतृप्तिशक्ति-श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी शिरसे स्वाहा। सौः अनादिबोधशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी शिखायै वषट्। ऐं स्वतन्त्रशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी कवचाय हुं। क्लीं अलुप्तशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी नेत्र-त्रयाय वौषट्। सौः अनन्तशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी अस्त्राय फट्।

नवरत्नेश्वर में वर्णन है कि सर्वज्ञा, नित्यसुतृप्ता, अनादिबोध, स्वतन्त्र, अलुप्तशक्ति, अनन्त शक्ति से षडंग न्यास करे।

आदि में शिव और शिवा का बीज, तब नाम जोड़कर जातियुक्त षडंग न्यास करे। तब वशिनी आदि का न्यास करे। यह प्रयोग संक्षेप में है। बाला मन्त्र ऐं क्लीं सौः से नवयोन्यात्मक न्यास करे। जैसे—

दक्षकर्णे—ऐं नम:
वामकर्णे—क्लीं नम:
चिबुके—सौ: नम:
दक्षगण्डे—ऐं नम:
वामगण्डे—क्लीं नम:
मुखे—सौ: नम:
दक्षनेत्रे—ऐं नम:
वामनेत्रे—क्लीं नम:
नासिकायां—सौ: नम:
दक्षस्कन्धे—ऐं नम:
वामस्कन्धे—क्लीं नम:
उदरे—सौ: नम:
दक्षकूर्परे—ऐं नम:
वामकूर्परे—क्लीं नम:
जठरे—सौ: नम:
दक्षजानुनि—ऐं नम:
वामजानुनि—क्लीं नम:
लिङ्गे—सौ: नम:
दक्षपादे—ऐं नम:
वामपादे—क्लीं नम:
गुह्ये—सौ: नम:
दक्षपार्श्वे—ऐं नम:
वामपार्श्वे—क्लीं नम:
हृदये—सौ: नम:
दक्षस्तने—ऐं नम:
वामस्तने—क्लीं नम:
कण्ठे—सौ नम:

तब बालामन्त्र का उच्चारण करके गोलक का चिन्तन करे। फिर बालामन्त्र उच्चारण करके चतुरस्र का चिन्तन करे।

अथ पीठतत्त्वन्यासौ; यथा—मूलवाग्भवमुच्चार्य अग्निचक्रे कामगिर्यालये मित्रीशनाथात्मके रुद्रात्मशक्तिश्रीकामेश्वरीदेवीश्रीपादुकायै नमः इति आधारे। द्वितीयकूटमुच्चार्य सूर्यचक्रे जालन्धरपीठे षष्ठीशनाथात्मके विष्ण्वात्मशक्ति-श्रीवज्रेश्वरीदेवीश्रीपादुकायै नमो हृदये। तृतीयकूटमुच्चार्य सोमचक्रे पूर्णागिरिपीठे उड्डीशनाथात्मके ब्रह्मात्मशक्तिश्रीभगमालिनीदेवीश्रीपादुकायै नमो ललाटे। त्रिकूट-मुच्चार्य परब्रह्मचक्रे उड्डीयानपीठे श्रीचर्यानाथात्मके ब्रह्मात्मशक्तिश्रीमहात्रिपुर-सुन्दरीदेवीश्रीपादुकायै नमो ब्रह्मरन्ध्रे। कलामृते—

**पीठान् सिद्धिप्रदान् मूले प्रथमं बीजमुच्चरन्।
अग्निचक्रे योजयेच्च कामगिर्यालये पुनः ॥
मित्रीशेति ततो नाथात्मके कामेश्वरी पुनः।
देवी रुद्रात्मशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि च ॥
नमः पदं द्वितीयञ्च बीजमुच्चार्य पार्वति।
सूर्यचक्रे योजयेच्च जालन्धरपदं ततः ॥
पीठे च षष्ठीशनाथात्मके वज्रेश्वरीपदम्।
देवी विष्ण्वात्मशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि च ॥
नमः पदं तृतीयञ्च बीजमुच्चार्य पार्वति।**

सोमचक्रे योजयेच्च पूर्णागिरपदं ततः ॥
पीठे उड्डीशनाथात्मके भगमालिनीपदम् ।
देवी ब्रह्मात्मशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि च ॥
नमःपदं समस्तञ्च मन्त्रमुच्चार्य पार्वति ।
परं ब्रह्मपदं चक्रे उड्डीयानपदं ततः ॥
पीठे पदं योजयित्वा चर्यानाथात्मके पदम् ।
महात्रिपुरशब्दान्ते सुन्दरीति पदन्ततः ॥
देवीब्रह्मपदात्मान्ते शक्तिश्रीपादुकां ततः ।
पूजयामि नमश्चान्ते पर्यायः प्रथमं शिवे ॥

स्थानानि च—

मूलाधारे च हृदये ललाटे ब्रह्मरन्ध्रके ।

ततस्तत्त्वन्यासः यथा—वाग्भवकूटमुच्चार्य आत्मतत्त्वव्यापिकायै श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमः आधारे। द्वितीयकूटमुच्चार्य विद्यातत्त्वव्यापिकायै श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमः हृदये। तृतीयकूटमुच्चार्य शिवतत्त्वव्यापिकायै श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमः भ्रूमध्ये। त्रिकूटमुच्चार्य सर्वतत्त्वव्यापिकायै श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमो ब्रह्मरन्ध्रे।

ततः पञ्चदशीन्यासः; तद्यथा—मूलाधारे हृदि चक्षुषोः कर्णयोर्नसोः मुखभुजयुगपृष्ठजानुयुगलनाभिषु प्रत्येकं नमोऽन्तं मूलमन्त्रवर्णं न्यसेत्।

पीठतत्त्वन्यास—कएईलह्रीं अग्निचक्रे कामगिर्यालये मित्रीशनाथात्मके रुद्रात्मशक्तिश्रीकामेश्वरीदेवी श्रीपादुकायै नमः से मूलाधार में न्यास करे। हसकहलह्रीं सूर्यचक्रे जालन्धरपीठे षष्ठीशनाथात्मके विष्ण्वात्मशक्तिश्रीवज्रेश्वरीपादुकायै नमः से हृदय में न्यास करे। सकलह्रीं सोमचक्रे पूर्णगिरिपीठे उड्डीशनाथात्मके ब्रह्मात्मशक्तिश्रीभगमालिनीदेवीश्रीपादुकायै नमः से ललाट में न्यास करे। कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं परब्रह्मचक्रे उड्डीयानपीठे श्रीचर्यानाथात्मके ब्रह्मात्मशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरीदेवीश्रीपादुकायै नमः से ब्रह्मरन्ध्र में न्यास करे।

कुलामृत में कथन है कि पीठसिद्धिप्रदायक हों, इसलिये न्यास में पहले बीज, तब अग्निचक्र, तब कामगिर्यालय, तब मित्रीश, तब नाथात्मक, तब कामेश्वरी, पुनः देवीरुद्रात्मशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि नमः से मन्त्र बनता है—मूलाधारे—कएईलह्रीं अग्निचक्रे कामगिर्यालये मित्रीशनाथात्मके कामेश्वरी देवी रुद्रात्मशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि नमः। इसी प्रकार दूसरा मन्त्र है—(हृदये) हसकहलह्रीं सूर्यचक्रे जालन्धरपीठे षष्ठीशनाथात्मके वज्रेश्वरी देवी विष्ण्वात्मकशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि नमः। इसी प्रकार तीसरा मन्त्र है—(ललाटे) सकलह्रीं सोमचक्रे पूर्णगिरिपीठे उड्डीशनाथात्मके भगमालिनीदेवीब्रह्मात्मशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि नमः। चौथा मन्त्र होता है—ब्रह्मरन्ध्रे—कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं परब्रह्मचक्रे उड्डीयानपीठे

चर्यानाथात्मके शक्तिमहात्रिपुरसुन्दरीदेवीब्रह्मात्मशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि नमः। इनके पूजन का स्थान मूलाधार, हृदय, ललाट और ब्रह्मरन्ध्र है। इसके बाद तत्त्व न्यास करे—

कएईलह्रीं आत्मतत्त्वव्यापिकायै श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमः मूलाधारे।
हसकहलह्रीं विद्यातत्त्वव्यापिकायै श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमः हृदये।
सकलह्रीं शिवतत्त्वव्यापिकायै श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमः भ्रूमध्ये।

कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं सर्वतत्त्वव्यापिकायै महात्रिपुरसुन्दर्यै नमः ब्रह्मरन्ध्रे।

इसके बाद पञ्चदशी मन्त्रवर्णन्यास करे—

ऐं ह्रीं श्रीं कं नमः शिरसि।
ऐं ह्रीं श्रीं एं नमः मूलाधारे।
ऐं ह्रीं श्रीं ईं नमः हृदि।
ऐं ह्रीं श्रीं लं नमः दक्षनेत्रे।
ऐं ह्रीं श्रीं ह्रीं नमः वामनेत्रे।
ऐं ह्रीं श्रीं हं नमः भ्रूमध्ये।
ऐं ह्रीं श्रीं सं नमः दक्षश्रोत्रे।
ऐं ह्रीं श्रीं कं नमः वामश्रोत्रे।
ऐं ह्रीं श्रीं हं नमः मुखे।
ऐं ह्रीं श्रीं लं नमः दक्षभुजे।
ऐं ह्रीं श्रीं ह्रीं नमः वामभुजे।
ऐं ह्रीं श्रीं सं नमः पृष्ठे।
ऐं ह्रीं श्रीं कं नमः दक्षजानुनि।
ऐं ह्रीं श्रीं लं नमः वामजानुनि।
ऐं ह्रीं श्रीं ह्रीं नमः नाभौ।

षोडशीन्यासः

निबन्धे—

ब्रह्मरन्ध्रे पूर्णविद्यां रक्तवर्णां विचिन्तयेत्।
सौभाग्यदण्डिनीं मुद्रां वामांसे भ्रामयेत्सुधीः ॥
रिपुजिह्वाग्रहां मुद्रा वामपादतले न्यसेत्।
व्यापकान्ते योनिमुद्रां मुखे क्षिप्त्वाभिवन्द्य च ॥

पुनर्ब्रह्मरन्ध्रे मणिबन्धे ललाटे मालिकां तां षोडशवर्णान्न्यसेत्।

अथ संहारन्यासः ततः—

पादयोर्जङ्घयोर्जान्वोः कट्यामंगुलिपृष्ठके।
नाभौ पार्श्वद्वये चापि स्तनयोरंसयोस्तथा ॥
करयोर्ब्रह्मरन्ध्रे च वदने भ्रुवि पार्वति।
ततः कर्णप्रदेशे च करवेष्टनयोः क्रमात् ॥

इति संहारन्यासः।

अथ स्थितिक्रमः—करयोरङ्गुलीषु पञ्च ब्रह्मरन्ध्रे मुखे हृदि त्रयम्। नाभ्यादि-पादपर्यन्तमेकम्। कण्ठान्नाभिपर्यन्तमेकम्। ब्रह्मरन्ध्रात्कण्ठपर्यन्तमेकम्। पादयोरङ्गुलीषु पञ्च इति स्थितिन्यासः।

अथ सृष्टिन्यासः—ब्रह्मरन्ध्रे ललाटे नेत्रे श्रवणे घ्राणे मस्तके ओष्ठे दन्ताध-ऊर्ध्वे जिह्वायां चिबुके पृष्ठे सर्वाङ्गे हृदि स्तनयोः कुक्षौ लिङ्गे च षोडशवर्णान् प्रविन्यसेत्।

अथ नादन्यासः—शिरसि अविकृन्नादाय नमः, ललाटे शून्यनादाय नमः, भ्रूमध्ये स्पर्शनादाय नमः, नासायां नादनादाय नमः, वदने ध्वनिनादाय नमः, कण्ठे विन्दुनादाय नमः, हृदये शक्तिनादाय नमः, नाभौ जीवनादाय नमः, मूलाधारे अक्षरात्मकनादाय नमः। तथा च कुलामृते—

प्रथमञ्चाविकृन्नादं शून्यनादमतः परम् ।
स्पर्शनादं नादनादं ध्वनिनादमतः परम् ॥
विन्दुनादं शक्तिनादं जीवनादं ततः शिवे ।
अक्षरात्मकनादञ्च नमोऽन्तञ्च क्रमेण हि ॥
शिरोललाटभ्रूमध्यनासावदनकण्ठके ।
दक्षिणकालिका देवी का मुख कराल है। उनकी आकृति भयंकर है। केश खुले हुए हैं। चार भुजायें हैं। गले में मुण्डमाला है। बाँयें निचले हाथ में तत्क्षण कटा हुआ मुण्ड है और ऊपरी हाथ में खड्ग है। दाँयें निचले हाथ में अभयमुद्रा है और ऊपरी हाथ में वरमुद्रा है। देवी का वर्ण घने मेघ के समान श्याम है। वे निर्वस्त्र नग्न हैं। उनके गले की मुण्डमाला से निकलती हुई रक्तधारा से उनका सारा शरीर रंजित हो रहा है। कानों में दो शिशु-शव आभूषण के रूप में लटक रहे है। इससे देवी की आकृति बड़ी भयावनी हो गयी है। दाँतों की पंक्तियाँ अति भीषण हैं। दोनों स्तन स्थूल और उठे हुए हैं। कमर शवहस्तनिर्मित करधनी से सुशोभित है। कालिका देवी के मुख पर हँसी है। उनके दोनों ओठों के किनारे से चूती हुई रक्तधार से उनका मुखमण्डल चमक रहा है। देवी का स्वर बहुत गम्भीर है। वे सदा श्मशान में रहती हैं। उनके तीन नेत्र नवोदित सूर्यमण्डल के समान समुज्ज्वल हैं। दाँतों की पंक्ति ऊँची और बाहर निकली हुई है। केशराशि दाहिनी ओर बिखरी हुई है। वे शवरूपी शिव पर विराजमान हैं। उनके चारो ओर शिवागणभयंकर शब्द कर रहे हैं। वे महाकाल के साथ विपरीत रत्यासक्त हैं। देवी का मुखकमल प्रसन्न है। हास्ययुक्त है। यह ध्यान सभी मनोरथों को पूरा करने वाला और वैभव देने वाला है।

अथवा दूसरे प्रकार का ध्यान करे। यह ध्यान स्वतन्त्रतन्त्र के अनुसार है, जिसका भाव इस प्रकार है—

कालिका देवी काजल के पहाड़ के समान काले वर्ण की हैं। विस्फारित मुख और गले में मुण्डमाला है। केश मुक्त हैं। मुखमण्डल मुस्कानयुक्त है। दोनों स्तन स्थूल और उच्च हैं। महाकाल के हृदय पर विपरीत रत्यासक्त हैं। यज्ञोपवीत साँप का है, दाँत बड़े भयावह हैं। ललाट पर अर्द्धचन्द्र है। देवी सभी प्रकार के आभूषणों और मुण्डमाला से शोभित हैं। सहस्त्र शवों के हाथों से बनी करधनी कमर में है। करोड़ों शिवायें और सहस्त्रों योगिनियाँ इनकी सेवा में लगी हुई हैं। देवी निर्वस्त्र नग्न हैं। इनका मुखमण्डल रक्तधार से परिपूर्ण है। ये सुरापान से मतवाली हैं। सूर्य-चन्द्र-अग्नि ही देवी के तीन नेत्र हैं।

मुखमण्डल रक्त वर्ण का है। कानों में दो मृत शिशुओं के कुण्डल हैं। गले की मुण्डमाला से निकलती रक्तधारा से इनका सारा शरीर रंगा हुआ है। ये सदैव श्मशान की अग्नि के मध्य में रहती हैं। ब्रह्मा और विष्णु इनकी उपासना करते हैं। इनके चार हाथों में तत्क्षण कटा मुण्ड, खड्ग, वर और अभय विद्यमान है। इस प्रकार ध्यान करके मानस पूजा करे। तब अर्घ्य का स्थापन करे।

तद्यथा—स्ववामे भूमौ हूंकारगर्भं त्रिकोणं विलिख्यार्घ्यपात्रं संस्थाप्य मूलेन शुद्धजलादिना शङ्खादिपात्रमापूर्य, गन्धादिकं दत्त्वा, ॐ गङ्गे चेत्यादिना तीर्थमावाह्य, मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः इत्याधारं, अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः इति शङ्खम्, उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः इति जलं सम्पूज्य, ॐ ह्रां हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा, ॐ ह्रूं शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं कवचाय हुं—इत्यग्नीशासुरवायुषु। अग्रे ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, चतुर्दिक्षु ॐ ह्रः अस्त्राय फट् इत्यभ्यर्च्य तदुपरि मत्स्यमुद्रयाच्छाद्य मूलं दशधा जप्त्वा धेनुमुद्रयामृतीकृत्यास्त्रेण संरक्ष्य, भूतिनीयोनिमुद्रे प्रदर्श्य, तज्जलं किञ्चित्प्रोक्षणीपात्रे निक्षिप्य, मूलेन तेनोदकेनात्मानं पूजोपकरणञ्चाभ्युक्ष्य, पीठपूजामारभेत्।

अस्याः पूजायन्त्रम्—आदौ विन्दुं स्वबीजं भुवनेशीञ्च विलिख्य ततस्त्रिकोणं तद्बाह्ये त्रिकोणचतुष्टयं वृत्तमष्टदलं पद्मं पुनर्वृत्तं चतुर्द्वारात्मकं भूगृहं लिखेत्। तदुक्तं कालीतन्त्रे—

आदौ त्रिकोणमालिख्य त्रिकोणं तद्बहिर्लिखेत्।
ततो वै विलिखेन्मन्त्री त्रिकोणत्रयमुत्तमम्॥
ततो वृत्तं समालिख्य लिखेदष्टदलं ततः।
वृत्तं विलिख्य विधिवल्लिखेद्भूपुरमेककम्॥

तथा कुमारीकल्पे—

मध्ये तु वैन्दवं चक्रं बीजमायाविभूषितम्। इति।

अथ विशेषाधारो मुण्डमालायाम्—

ताम्रपात्रे कपाले वा श्मशानकाष्ठनिर्मिते।
शनिभौमदिने वापि शरीरे मृतसम्भवे।
स्वर्णे रौप्येऽथ लौहे वा चक्रं कार्यं विधानतः॥

यन्त्रान्तरमाह तन्त्रे—

शक्त्यग्निभ्याञ्च षट्कोणं शक्तिभिश्च नवात्मकम्।
पद्मे वसुदले भूमिपूश्चतुर्द्वारसंयुते॥ इति।

पूजन-विधि—अपने वाम भाग में भूतल पर हूंकार गर्भित त्रिकोण बनावे। उस पर आधारसहित अर्घ्यपात्र रखकर उसे शुद्ध जल से पूर्ण करे। जल में गन्धादि डालकर 'ॐ गंगे च०' इत्यादि मन्त्र से उसमें तीर्थों का आवाहन करे। जल की पूजा में वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः से आधार की पूजा करे। अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः से शंख की पूजा करे। उं सोममण्डलाय षोड़शकलात्मने नमः से जल की पूजा करे।

अग्नि-ईशान-नैर्ऋत्य-वायव्य कोणों में क्रमशः ह्रां ह्रदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा, ॐ ह्रूं शिखायै वषट्, ह्रैं कवचाय हुं से पूजा करे। मध्य में ह्रां नेत्रत्रयाय वौषट् से और चारो दिशाओं में ॐ ह्रः अस्त्राय फट् से पूजा करे। तब मत्स्यमुद्रा से अर्घ्यपात्र को ढंककर दश बार मूल मन्त्र का जप करे। धेनुमुद्रा से अमृतीकरण और अस्त्रमुद्रा से संरक्षण करे। भूतिनी और योनिमुद्रा दिखावे। इसके बाद उस जल में से थोड़ा जल प्रोक्षणी पात्र में डालकर मूल मन्त्र से जल को अपने ऊपर और पूजन सामग्री पर छिड़के, तब पीठपूजा करे।

श्यामापूजन यन्त्र (१)

पूजन यन्त्र—पहले बिन्दु, तब 'क्री' 'ह्रीं' लिखे। इनके बाहर त्रिकोण बनावे।

त्रिकोण के बाहर और चार त्रिकोण बनावे। तब वृत्त अष्टदल पद्म और पुन: वृत्त बनावे। अन्त में चार द्वारों से युक्त भूपुर बनावे।

मुण्डमालातन्त्र में वर्णन है कि यन्त्र को ताम्रपात्र में, कपाल में, श्मशान के काष्ठ से बने पात्र में, शनि और मंगलवार में मरे मनुष्य के शरीर में, सोने-चाँदी या लोहे के पात्र में यथाविधि बनावे।

तन्त्रान्तर में दूसरे प्रकार के यन्त्र का वर्णन है। पहले अधोमुख त्रिकोण बनावे। उस पर ऊर्ध्वमुख त्रिकोण बनावे अर्थात् षट्कोण बनाकर उसके बाहर अधोमुख तीन त्रिकोण बनावे। उसके बाहर अष्टदल पद्म और चार द्वारों वाला भूपुर बनावे।

मुण्डमालातन्त्र में वर्णन है कि ताम्रपात्र में, मानवकपालास्थि में, श्मशानकाष्ठ में, शनि और भौमवार में मृत मनुष्य के शरीर में, सोना-चाँदी और लौहपात्र में यथाविधि मन्त्र बनावे। भगवती श्यामा के दूसरे प्रकार के यन्त्र में अधोमुख त्रिकोण पर ऊर्ध्वमुख त्रिकोण अंकित कर षट्कोण बनावे। इसके बाहर तीन अधोमुख त्रिकोण, अष्टदल पद्म और चार द्वार वाला भूपुर बनावे।

श्यामापूजन यन्त्र (२)

ततः पीठपूजा; कुमारीकल्पे—

पीठपूजां ततः कुर्यादाधारशक्तिपूर्वकम् ।
प्रकृतिं कमठं चैव शेषं पृथ्वीं तथैव च ॥
सुधाम्बुधिं मणिद्वीपं चिन्तामणिगृहं तथा ।
श्मशानं पारिजातञ्च तन्मूले रत्नवेदिकाम् ॥
तस्योपरि मणेः पीठं न्यसेत् साधकसत्तमः ।
चतुर्दिक्षु मुनीन् देवान् शिवांश्चैव समुण्डकाः ॥

धर्माद्यधर्मादींश्चेत्यादि ह्रीं ज्ञानात्मने नमः इत्यन्तं सम्पूज्य, केशरेषु पूर्वादिक्रमेण पूजयेत्।

इच्छा ज्ञाना क्रिया चैव कामिनी कामदायिनी ।
रती रतिप्रिया नन्दा मध्ये चैव मनोन्मनी ॥

सर्वत्र प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजयेत्। तदुपरि ह्सौः सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नमः। पीठस्योत्तरे गुरुपंक्तिपूजा।

ततः पुनर्ध्यात्वा, पुष्पाञ्जलावानीय, मूलमन्त्रकल्पितमूर्त्तावावाहयेत्—

ॐ देवेशि भक्तिसुलभे परिवारसमन्विते ।
यावत्त्वां पूजयिष्यामि तावत्त्वं सुस्थिरा भव ॥

ततो मूलमुच्चार्यामुकि देवि इहावह इहावह इह तिष्ठ तिष्ठ इह सन्निरुध्यस्व इह सन्निहिता भव। ततो हुमित्यवगुण्ठ्याङ्गमन्त्रैः सकलीकृत्य, धेनुमुद्रया अमृतीकृत्य, परमीकरणमुद्रया परमीकृत्य, भूतिन्याकर्षिणीयोनिमुद्राः प्रदर्श्य, प्राणप्रतिष्ठां विधाय, मूलेन पाद्यादिभिः पूजयेत्। तत्र क्रमः—

आदौ मूलमुच्चार्य एतत्पाद्यं अमुकदेवतायै नमः। एवमर्घ्यं स्वाहा। इदमाचमनीयं स्वधा। स्नानीयं निवेदयामि। पुनराचमनीयं स्वधा। एष गन्धो नमः। एतानि पुष्पाणि वौषट्। ततो मूलेन पञ्चपुष्पाञ्जलिं दत्त्वा धूपदीपौ दद्यात्। वनस्पतीत्यादि पठन् मूलमुच्चार्य एष धूपो नमः। दीपमन्त्रस्तु—

सुप्रकाशो महादीपः सर्वतस्तिमिरापहः ।
सवाह्याभ्यन्तरं ज्योतिर्दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥

मूलमुच्चार्य एष दीपो नमः। तत ॐ जयध्वनि मन्त्रमातः स्वाहेति घण्टां सम्पूज्य, वामहस्तेन वादयन्, नीचैर्धूपं दत्त्वा दृष्टिपर्यन्तं दीपं दद्यात्। ततो मूलेन पुष्पाञ्जलित्रयं दत्त्वा यथोपपन्नं नैवेद्यं दद्यात्।

तत आवरणपूजां कुर्यात्। श्रीअमुकि देवि आवरणं ते पूजयामि इत्याज्ञां

गृहीत्वा, केशरेषु अग्न्यादिकोणेषु ॐ ह्रां हृदयाय नमः। ईशाने ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा। नैर्ऋते ॐ ह्रूं शिखायै वषट्। वायौ ॐ ह्रैं कवचाय हुं। अग्रे ॐ ह्रौं नेत्र-त्रयाय वौषट्। चतुर्दिक्षु ॐ ह्रः अस्त्राय फट्। ततः बहिः षट्कोणे ॐ काल्यै नमः। सर्वत्र प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजयेत्। एवं कपालिन्यै कुल्वायै कुरुकुल्वायै विरोधिन्यै विप्रचित्तायै। प्रथमत्र्यस्रे उग्रायै, उग्रप्रभायै, दीप्तायै; द्वितीयत्र्यस्रे ॐ नीलायै, एवं घनायै वलाकायै। तृतीयत्र्यस्रे एवं मात्रायै, मुद्रायै, मितायै। तथा च—

कालीं कपालिनीं कुल्वां कुरुकुल्वां विरोधिनीम् ।
विप्रचित्तां पूजयेच्च बहिःषट्कोणके बुधैः ॥
उग्रामुग्रप्रभां दीप्तां तन्मध्ये च त्रिकोणके ।
नीलां घनां बलाकाञ्च मध्ये त्रिकोणके यजेत् ।
मात्रां मुद्रां मिताञ्चैव पूजयेदपरे त्रिके ॥ इति।
सर्वाः श्यामा असिकरा मुण्डमालाविभूषिताः ।
तर्जनीं वामहस्तेन धारयन्त्यः शुचिस्मिताः ।
दिगम्बरा हसन्मुख्यं स्वस्ववाहनभूषिताः ॥

एवं ध्यात्वा अर्चयेत्। ततोऽष्टपत्रेषु पूर्वादिक्रमेण ॐ ब्राह्म्यै नमः। एवं नारायण्यै, माहेश्वर्यै, चामुण्डायै, कौमार्यै, अपराजितायै, वाराह्यै, नारसिंह्यै। एता गन्धादिभिः पूजयेत्। पत्राग्रे असिताङ्गादिभैवरान् पूजयेत्। ततो मूलेन पुष्पाञ्जलित्रयं दत्वा पाद्यादिना देव्या दक्षिणे महाकालं पूजयेत्। तस्य ध्यानम्—

महाकालं यजेद्देव्या दक्षिणे धूम्रवर्णकम् ।
विभ्रतं दण्डखट्वाङ्गौ दंष्ट्राभीममुखं शिशुम् ॥
व्याघ्रचर्मावृतकटिं तुन्दिलं रक्तवाससम् ।
त्रिनेत्रमूर्ध्वकेशञ्च मुण्डमालाविभूषितम् ।
जटाभारलसच्चन्द्रखण्डमुग्रं ज्वलन्निभम् ॥

पीठपूजा—कर्णिका में—ॐ आधारशक्तये नमः। ॐ प्रकृत्यै नमः। ॐ कमठाय नमः। ॐ शेषाय नमः। ॐ पृथिव्यै नमः। ॐ सुधाम्बुधये नमः। ॐ मणिद्वीपाय नमः। ॐ चिन्तामणिग्रहाय नमः। ॐ श्मशानाय नमः। ॐ पारिजाताय नमः।

कर्णिका के मूल में—ॐ रत्नवेदिकायै नमः। कर्णिका के ऊपर—ॐ मणिपीठाय नमः। चारो दिशाओं में—ॐ मुनिभ्यो नमः। ॐ देवेभ्यो नमः। ॐ शिवाभ्यो नमः। ॐ शिवमुण्डेभ्यो नमः। ॐ धर्माय नमः। ॐ ज्ञानाय नमः। ॐ वैराग्याय नमः। ॐ ऐश्वर्याय नमः। ॐ अधर्माय नमः। ॐ अज्ञानाय नमः। ॐ अवैराग्याय नमः। ॐ अनैश्वर्याय नमः। ह्रीं ज्ञानात्मने नमः।

केशर में पूर्वादि क्रम से—ॐ इच्छायै नम:। ॐ ज्ञानायै नम:। ॐ क्रियायै नम:। ॐ कामिन्यै नम:। ॐ कामदायिन्यै नम:। ॐ रत्यै नम:। ॐ रतिप्रियायै नम:। ॐ नन्दायै नम:। मध्य में—ॐ मनोन्मन्यै नम:। उसके ऊपर ह्सौ: सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नम:।

पीठ के उत्तर—ॐ गुरुभ्यो नम:। ॐ परमगुरुभ्यो नम:। ॐ परापरगुरुभ्यो नम:। ॐ परमेष्ठिगुरुभ्यो नम: से पूजन करे। पुन: ध्यान कर पुष्पाञ्जलि लेकर मूल मन्त्र से कल्पित मूर्ति में इस मन्त्र से आवाहन करे—

ॐ देवेशि भक्तसुलभे परिवारसमन्विते।
यावत्त्वां पूजयिष्यामि तावत्त्वं सुस्थिर भव।।

मूल मन्त्र अमुक देवि इहावह इहावह इह तिष्ठ इह तिष्ठ इह सन्निरुद्धस्व इह सन्निहिता भव। तब 'हुं' से अवगुण्ठन, अंगन्यासमन्त्र से सकलीकरण, धेनुमुद्रा से परमीकरण करे। भूतिनी, आकर्षिणी, योनिमुद्रायें दिखाकर प्राणप्रतिष्ठा करके मूल मन्त्र से पाद्यादि उपचारों से पूजन करे। यथा—मूलमन्त्र एतत्पाद्यं अमुकदेवतायै नम:। इसी प्रकार अर्घ्यं स्वाहा, इदमाचमनीयं स्वधा। स्नानीयं निवेदयामि। पुनराचमनीयं स्वधा। एष गन्धो नम:। एतानि पुष्पाणि वौषट्।

मूल मन्त्र से पाँच पुष्पाञ्जलियाँ प्रदान करे। 'वनस्पति' इत्यादि मन्त्र पढ़ कर मूलं एष धूपो नम: से धूप देवे। दीप इस मन्त्र से दिखावे—

सुप्रकाशो महादीप: सर्वतस्तिमिरापह:।
सवाह्याभ्यन्तरं ज्योतिर्दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम्।।

मूल एष दीपो नम:।

ॐ जय ध्वनि मन्त्र मात: स्वाहा से घण्टा-पूजन करके उसे बाँयें हाथ से बजाता रहे। धूप नीचे मुख करके और दीपक नेत्र तक ऊपर उठाकर प्रदान करे; तब मूल मन्त्र से तीन पुष्पाञ्जलियाँ देकर नैवेद्य निवेदन करे।

यन्त्र-पूजन—श्री अमुकि देवी आवरणं ते पूजयामि नम: से आज्ञा लेकर पद्मकेशर में षडंग पूजा करे। आग्नेय में ॐ ह्रां हृदयाय नम:। ईशान में ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा। नैर्ऋत्य में ॐ ह्रूं शिखायै वषट्। वायव्य में ॐ ह्रैं कवचाय हुं। आगे ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्। चारो दिशाओं में ॐ ह्रः अस्त्राय फट्।

षट्कोण में ॐ काल्यै नम:। ॐ कपालिन्यै नम:। ॐ कुल्लायै नम:। ॐ कुरुकुल्लायै नम:। ॐ विरोधिन्यै नम:। ॐ विप्रचित्तायै नम: से पूजन करे। प्रथम त्रिकोण में ॐ उग्रायै नम:, ॐ उग्रप्रभायै नम:, ॐ दीप्तायै नम:। द्वितीय त्रिकोण में ॐ नीलायै नम:, ॐ घनायै नम:, ॐ बलाकायै नम:। तृतीय त्रिकोण में ॐ मात्रायै नम:, ॐ मितायै नम:, ॐ मुद्रायै नम:।

सभी श्याम वर्ण की हैं। सबों के हाथों में तलवार, गले में मुण्डमाला, बाँयें हाथ में तर्जनी और मुख में मुस्कान है। सभी नग्न वेश में अपने वाहन पर विराजमान हैं।

अष्टदल पद्म में पूर्वादि क्रम से ॐ ब्राह्म्यै नमः। ॐ नारायण्यै नमः। ॐ माहेश्वर्यै नमः। ॐ चामुण्डायै नमः। ॐ कौमार्यै नमः। ॐ अपराजितायै नमः। ॐ वाराह्यै नमः। ॐ नारसिंह्यै नमः से पञ्चोपचार पूजन करे।

पद्मदलों के अग्रभाग में—ॐ असितांगभैरवाय नमः। ॐ रुरुभैरवाय नमः। ॐ चण्डभैरवाय नमः। ॐ क्रोधभैरवाय नमः। ॐ उन्मत्तभैरवाय नमः। ॐ कपालीभैरवाय नमः। ॐ भीषणभैरवाय नमः। ॐ संहारभैरवाय नमः से पूजा करके मूल मन्त्र से तीन पुष्पाञ्जलियाँ देकर देवी के दाँयें महाकाल भैरव का निम्नवत् ध्यान करे—

महाकालं यजेद्देव्या दक्षिणे धूम्रवर्णकम्।
विभ्रतं दण्डखट्वाङ्गौ दंष्ट्राभीममुखं शिशुम्।।
व्याघ्रचर्मावृतकटिं तुन्दिलं रक्तवाससम्।
त्रिनेत्रमूर्ध्वकेशञ्च मुण्डमालाविभूषितम्।
जटाभारलसच्चन्द्रखण्डमुग्रं ज्वलन्निभम्।।

देवी के दाँयें भाग में धूम्रवर्ण महाकाल की पूजा करे। इनके हाथों में दण्ड और खट्वांग है। भयानक दाँतों के कारण इनका मुख भयंकर है। कमर में व्याघ्रचर्म है। उदर अतिस्थूल है। वस्त्र लाल है। तीन नेत्र हैं। इनका केश ऊर्ध्वमुख है। गले में मुण्डमाला है। मस्तक पर जटायें हैं। वे चारो ओर बिखरी हुई हैं। कपाल अर्द्धचन्द्र से प्रकाशित है। स्वरूप उग्र है। देहकान्ति अग्नि के समान उज्ज्वल है।

तथा च कुमारीकल्पे—

देव्यास्तु दक्षिणे भागे महाकालं प्रपूजयेत्।

हूं क्ष्रौं यां रां लां वां आं क्रों महाकालभैरवं सर्वविघ्नान्नाशय नाशय ह्रीं श्रीं फट् स्वाहा। इत्यनेन पाद्यादिभिराराध्य त्रिस्तर्पयित्वा मूलेन देवीं पञ्चोपचारैः पूजयेत्। तथा च कालीतन्त्रे—

महाकालं यजेद्यत्नात्पश्चाद्देवीं प्रपूजयेत्।

कालीकल्पे—

कवचं क्ष्रौं समुद्धृत्य यां रां लां वां आं क्रोन्ततः।
महाकालभैरवेति सर्वविघ्नान्नाशयेति च॥
नाशयेति पुनः प्रोच्य मायां लक्ष्मीं समुद्धरेत्।
फट्स्वाहया समायुक्तो मन्त्रः सर्वार्थसाधकः॥

ततो देव्या अस्त्रं पूजयेत्। तथा च कालीहृदये—

देवीवामोर्ध्वाधोहस्ते खड्गं मुण्डञ्च पूजयेत् ।
देव्या दक्षहस्तोर्ध्वाधः पूजयेदभयं वरम् ॥

ततो देवीं ध्यात्वा यथाशक्ति जप्त्वा गुह्यातीत्यादिना देव्या वामहस्ते जपं समर्प्य आत्मसमर्पणं कुर्यात्। तथा च स्वतन्त्रे—

ततः पुनर्मूलदेवीं मुद्रातर्पणपूजनैः ।
अर्चयित्वा जपं कृत्वा नत्वा विसर्जयेद्हृदि ॥

ततः स्तुत्वा, प्रदक्षिणीकृत्याष्टाङ्गप्रणामं कृत्वा, श्रीजगन्मङ्गलं नाम कवचं पठेत्। तत आवरणदेवता देव्या अङ्गे विलाप्य, संहारमुद्रया अमुकि देवि क्षमस्व इति विसृज्य, तत्तेजःपुष्पेण समं स्वहृद्यारोपयेत्।

ॐ उत्तरे शिखरे देवि भूम्यां पर्वतवासिनि ।
ब्रह्मयोनिसमुत्पन्ने गच्छ देवि ममान्तरम् ॥

इति मन्त्रेण। ततस्तन्नैवेद्यं किञ्चिदुच्छिष्टचाण्डालिन्यै नमः इत्यैशान्यां दिशि दत्त्वा, शेषमिष्टेभ्यो दत्त्वा, किञ्चित् स्वीकृत्य, पादोदकं पीत्वा, निर्माल्यं शिरसि विधृत्य, यथेच्छं विहरेदिति। ततो यन्त्रलेपं वामहस्ते कृत्वा सव्यहस्त-कनिष्ठया मायाबीजं विलिख्य तया तिलकं कुर्यात्। तथा च—

वामे कृत्वा यन्त्रेलपं मायां सव्यकनिष्ठया ।
विलिख्य तिलकं कुर्यान्मन्त्रेणानेन साधकः ॥
यंयं स्पृशामि पादाभ्यां यो मां पश्यति चक्षुषा।
स एव दासतां यातु राजानो दुष्टदस्यवः ॥

जपकाले च कर्पूरयुक्ता जिह्वा कार्या। तथा च—

कर्पूराढ्या सदा जिह्वा कर्त्तव्या जपकर्मणि ।

इति विश्वसारवचनात्। इदं काम्यजप एवेति।

ततो मूलेनाष्टोत्तरशताभिमन्त्रितं पुष्पं चन्दनञ्च धृत्वा त्रैलोक्यं वशमानयेत्। सर्वसिद्धियुतो भूत्वा भैरवो वत्सराद्भवेत्। अस्य पुरश्चरणं लक्षद्वयजपः। तथा च कालीतन्त्रे—

लक्षमेकं जपेन्मन्त्री हविष्याशी दिवा शुचिः ।
रात्रौ ताम्बूलपूरास्यः शय्यायां लक्षमानतः ॥

व्यवस्थामाह स्वतन्त्रे—

दिवा लक्षं शुचिर्भूत्वा हविष्याशी जपेन्नरः ।
ततस्तत्तद्दशांशेन होमयेद्धविषा प्रिये ॥

अत्राङ्गस्य कालान्तरमाह नीलसारस्वते—

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं हविष्याशी दिवा शुचिः ।
अशुचिश्च तथा रात्रौ लक्षमेकं तथैव च ।
दशांशं होमयेन्मन्त्री तर्पयेदभिषेचयेत् ।।

इति साम्प्रदायिकाः। वस्तुतस्तु कुमारीकल्पे—

लक्षमेकं जपेद्विद्यां हविष्याशी दिवा शुचिः ।
रात्रौ ताम्बूलपूरास्यः शय्यायां लक्षमानतः ।।
एवं लक्षद्वयं जप्त्वा तद्दशांशेन मन्त्रवित् ।
अयुतं होमयेद्देवि दिवारात्रिविभेदतः ।।

तेन दिवा लक्षं जप्त्वा तद्दशाशं होमं कुर्यात्। रात्रौ लक्षं जप्त्वा रात्रौ तद्दशांशं होमं कुर्यादिति रहस्यार्थः।

रात्रिजपे तु कालो मुण्डमालायाम्—

गते तु प्रथमे यामे तृतीयप्रहरावधि ।
निशायान्तु प्रजप्तव्यं रात्रिशेषे जपेन्न हि ।।

ध्यान के बाद देवी के दाँयें भाग में महाकाल की इस मन्त्र से पूजा करे—हूं क्ष्रौं यां रां लां वां आं क्रों महाकालभैरव सर्वविघ्नान् नाशय नाशय ह्रीं श्रीं फट् स्वाहा। इस मन्त्र से पाद्यादि उपचारों द्वारा यथाविधि पूजन करे। तीन बार तर्पण करे। इसके बाद मूल मन्त्र से गन्धादि उपचारों से देवी की पूजा करे। तब देवी का ध्यान करते हुए मूल मन्त्र का यथाशक्ति जप करे। जप का समर्पण देवी के बाँयें हाथ में ॐ गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं इत्यादि मन्त्र से करे। जप के समय मुख में कपूर का टुकड़ा रख ले। विशेष कर काम्य जप में ऐसा करना आवश्यक है। तब आत्मसमर्पण करके कर्पूरादि स्तोत्र का पाठ करे। फिर प्रदक्षिणा करके अष्टांग प्रणाम करे। जगन्मंगल नामक कवचे पढ़े। तब देवी के अंगों में आवरण-देवताओं को विलीन होने की भावना करे। संहारमुद्रा से 'ॐ अमुकि देवि क्षमस्व' कहकर विसर्जन करे। देवी के तेज को पुष्प के साथ निम्न मन्त्र से अपने हृदय में आरोपित करे—

ॐ उत्तरे शिखरे देवि भूम्यां पर्वतवासिनि।
ब्रह्मयोनिसमुत्पन्ने गच्छ देवि ममान्तरम्।।

इसके बाद निवेदित नैवेद्य का कुछ अंश लेकर 'ॐ उच्छिष्टचाण्डालिन्यै नमः' से ईशान कोण में बलि प्रदान करे। निर्माल्य को मस्तक पर धारण करके विहार करे। इसके बाद यन्त्र पर लगे हुए चन्दन को बाँयें हाथ में लेकर उसमें दाहिने हाथ की कनिष्ठा अंगुलि से ह्रीं लिखकर उस चन्दन से निम्न मन्त्र पढ़ता हुआ ललाट पर तिलक लगावे—

ॐ यं यं स्पृशामि पादाभ्यां यो मां पश्यति चक्षुषा।
स एव दासतां यातु राजानो दुष्टदस्यवः।।

तब १०८ बार जप से अभिमन्त्रित पुष्प और चन्दन धारण करे। इस प्रकार एक वर्ष तक देवी की उपासना करने से साधक सर्वसिद्धियों से समन्वित होकर भैरव के समान हो जाता है और तीनों लोकों को अपने वश में करने में समर्थ हो जाता है। इस मन्त्र का पुरश्चरण दो लाख जप से होता है। दिन में हविष्याशी रहकर एक लाख जप करे। रात में पान मुख में रखकर शय्या पर बैठकर एक लाख जप करे। दिन में जपसंख्या पूर्ण होने पर उसका दशांश घी से हवन करे। रात्रिजप के बाद दश हजार हवन करे। रात्रिजप के बारे में विशेष नियम यह है कि दूसरे प्रहर से लेकर तीसरे प्रहर तक जप करे। रात्रि के अन्त काल में जप न करे।

अस्य पुरश्चरणं लक्षजपश्च पूर्णानन्दमतेन। अत्रेदं बोध्यं विप्राणान्तु दिवा लक्ष-जपमात्रेणैव पुरश्चरणम्। तथा च फेत्कारीये—

द्विजातीनाञ्च सर्वेषां दिवाविधिरिहोच्यते ।
शूद्राणाञ्च तथा प्रोक्तं रात्राविष्टं महाफलम् ।।

कालीरहस्येऽपि—

दिवैव प्रजपेन्मन्त्रं लक्षमेकं शुचिर्द्विजः ।

पूर्णानन्दमतेन लक्षजपे पुरश्चरणं तत् सन्दिग्धमतं, नानातन्त्रे लक्षद्वयदर्शनात् लक्षद्वयेनैव पुरश्चरणं सिद्धमिति। अन्यत्र च—

दिवैव प्रजपेन्मन्त्रं न तु रात्रौ कदाचन ।

श्यामायाः पुरश्चरणाङ्गब्राह्मणभोजनं हविष्यान्नेन कारयितव्यम् ।

तथा च विश्वसारे—

लक्षमेकं जपेद्विद्यां हविष्याशी दिवाशुचिः ।
ततस्तु तद्दशांशेन होमयेद्धविषा प्रिये ।।
तर्पयेत्तद्दशांशेन तीर्थतोयेन पार्वतीम् ।
मधुना वा सितामिश्रतोयेन परमेश्वरि ।।
देवीञ्चाभिषिञ्चेत्तोयैस्तर्पणस्य दशांशतः ।
तद्दशांशं हविष्यान्नैर्भक्तितो भोजयेद् द्विजान् ।।
कालीमन्त्रविदो मन्त्री दक्षिणां गुरवे दिशेत् ।
पाशवं कथितं कल्पं शृणु वीरं ततः प्रिये ।।
रात्रौ ताम्बूलपूरास्यः शय्यायां लक्षमानतः ।
जप्त्वा समाहितो मन्त्री होमयेत् कल्पितानले ।।

कालीकुलार्णवे—

पाशवेन तु कल्पेन लक्षं जप्यात् समाहितः ।
दिव्यगुरुमुखाल्लब्ध्वा कालिकां दिव्यरूपिणीम् ।
लक्षं जप्यात्सदा मन्त्री वीरकल्पेन साधकः ॥

विश्वसारे—

प्रजपेत् परया भक्त्या लक्षमेकं दिवानिशम् ।

यत्तु कुमारीकल्पे—

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं हविष्याशी दिवा शुचिः ।
रात्रौ ताम्बूलपूरास्यः शय्यायां लक्षमानतः ।
एवं लक्षद्वयं जप्त्वा तद्दशांशेन मन्त्रवित् ॥

इति वचनात् लक्षद्वयस्य विशिष्टस्य पुरश्चरणमिति। तन्न, पूर्वोक्तवचनविरोधात्। एतद्वचनस्य पुरश्चरणद्वये तात्पर्यम्।

पूर्णानन्द के मत से इस मन्त्र का पुरश्चरण एक लाख जप से ही हो जाता है। फेत्कारीतन्त्र में वर्णन है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के लिये दिन में एवं शूद्र के लिये रात में हवन करना प्रशस्त है। अन्य देवताओं के पुरश्चरण में दिन में ही जप करे; रात में कदापि जप न करे। इन देवताओं के पुरश्चरण के अंग ब्राह्मणभोजन में हविष्यान्न खिलावे।

विश्वसारतन्त्र में लिखा है कि जप का दशांश हवन, हवन का दशांश तर्पण, तर्पण का दशांश मार्जन करे। अभिषेक और तर्पण तीर्थजल, मधु अथवा शर्करामिश्रित जल से करे। मार्जन का दशांश ब्राह्मणभोजन करावे। अन्त में गुरुदेव को दक्षिणा देकर अपने पुरश्चरण को पूर्ण करे।

अब तक का वर्णन पशुकल्प में हुआ है। अब वीरकल्प का वर्णन करता हूँ। रात में ताम्बूलपूरित मुख से शय्या पर एक लाख जप करे। समाहित चित्त से कल्पित अग्नि में हवन करे।

कालीकुलार्णव के अनुसार पशुकल्प में समाहित चित्त से एक लाख जप करे। दिव्य गुरु के मुख से प्राप्त कालिका दिव्यरूपिणी होती है। वीर कल्प से एक लाख जप ही प्रशस्त है।

विश्वसार के अनुसार परम भक्ति से दिन-रात में एक लाख जप करे। कुमारीकल्प के अनुसार दिन में एक लाख जप करे।

कुमारीकल्प के अनुसार पवित्र और हविष्याशी रहकर दिन में एक लाख जप करके

रात में ताम्बूलपूरित मुख से शय्या पर बैठ कर एक लाख जप करे। दशांश हवन करे। इस प्रकार के मतवैभिन्न्य में दो लाख जप ही विशिष्ट माना जाता है।

मन्त्रभेदा:

वर्गाद्यं वह्निसंयुक्तं रतिविन्दुविभूषितम् ।
एकाक्षरो महामन्त्रः सर्वकामफलप्रदः ।
त्रिगुणा तु विशेषेण सर्वशास्त्रप्रबोधिनी ॥

अनयोः पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादिप्राणायामान्तं विधाय, पूर्वोक्तऋषि-च्छन्दोदेवता विन्यस्य, वर्णन्यासं कृत्वा, कराङ्गन्यासौ कुर्यात्। यथा—

ॐ क्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ क्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा इत्यादि। एवं ॐ क्रां हृदयाय नमः इत्यादि। तथा च वीरतन्त्रे—

दीर्घषट्कयुताद्येन प्रणवाद्येन कल्पयेत् ।
षडङ्गानि मनोरस्य जातियुक्तेन देशिकः ॥

अन्यत् सर्वं पूर्ववत् कार्यम्। एकाक्षरस्य ध्यानं सिद्धेश्वरतन्त्रे—

शवारूढां महाभीमां घोरदंष्ट्रां वरप्रदाम् ।
हास्ययुक्तां त्रिनेत्राञ्च कपालकर्तृकाकराम् ॥
मुक्तकेशीं ललज्जिह्वां पिबन्तीं रुधिरं मुहुः ।
चतुर्बाहुयुतां देवीं वराभयकरां स्मरेत् ॥

अनयोः पुरश्चरणं लक्षजपः। तथा च सिद्धेश्वरतन्त्रे—

एवं ध्यात्वा जपेन्मन्त्रं लक्षमेकं विधानतः ।
तद्दशांशविधानेन होमयेत् साधकोत्तमः ॥

कुलचूडामणौ—

एवं ध्यात्वा जपेन्मन्त्रं हविष्याशी दिवा शुचिः ।
लक्षं रात्रौ तथा लक्षं महाशौचपरायणः ।
रात्रौ जपैकमात्रेण दक्षिणा सिद्धिदा भवेत् ॥

अन्य मन्त्र—'क्रीं'—इस एकाक्षर महामन्त्र से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। 'क्रीं क्रीं क्रीं'—इस त्र्यक्षर मन्त्र का उपासक सभी शास्त्रों का ज्ञाता हो जाता है।

दोनों मन्त्रों की पूजा-पद्धति इस प्रकार की है। प्रातःकृत्य से प्राणायाम तक की क्रिया करके पूर्वोक्त ऋष्यादि न्यास और वर्णन्यास करे। ॐ क्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः इत्यादि एवं ॐ क्रां हृदयाय नमः इत्यादि से क्रमश करांगन्यास करे। अन्य सभी पूजन कर्म पूर्व-लिखित विधि से करे। वीरतन्त्र के अनुसार दीर्घ षट्कयुक्त आद्य बीज के पहले ॐ

लगाकर षडंग न्यास करे। अन्य सभी पूर्ववत् हैं।

विशुद्धेश्वर तन्त्र के अनुसार एकाक्षर मन्त्र का ध्यान है—

शवारूढां महाभीमां घोरदंष्ट्रां वरप्रदाम् ।
हास्ययुक्तां त्रिनेत्राञ्च कपालकर्तृकाकराम् ।।
मुक्तकेशीं ललज्जिह्वां पिबन्तीं रुधिरं मुहुः ।
चतुर्बाहुयुतां देवीं वराभयकरां स्मरेत् ।।

देवी शवारूढ़ा हैं। आकृति बड़ी भयंकर है। भयानक दाँत हैं। वरदान दे रही हैं। हास्यमुखी और त्रिनयना हैं। हाथों में कपाल और कैंची है। केश बिखरे हुए हैं। जीभ चञ्चल है। ये बार-बार रक्त का पान कर रही हैं। चार हाथों में नरमुंड, खड्ग, वर और अभयमुद्रा है।

इन दोनों मन्त्रों का पुरश्चरण एक लाख जप से होता है। सिद्धेश्वरतन्त्र के अनुसार ध्यान करके एक लाख जप विधिवत् करे। उसका दशांश दस हजार हवन करे। 'कुलचूड़ामणि' के अनुसार ऐसा ध्यान करके हविष्याशी रहकर दिन में एक लाख और रात में एक लाख जप करे। रात के जप से ही दक्षिणा काली सिद्धिदा होती है।

मन्त्रान्तरम्

कालीतन्त्रे—

विद्यारत्नं प्रवक्ष्यामि शृणुष्व कमलानने ।
मायाद्वयं कूर्चयुग्ममैन्द्रान्तं मादनत्रयम् ।
मायाविन्द्वीश्वरयुतं दक्षिणे कालिके पदम् ।।
संहारक्रमयोगेन बीजसप्तकमुद्धरेत् ।
एकविंशाक्षरो ज्ञेयस्ताराद्यः कालिकामनुः ।।

इन्द्रस्य समीपं ऐन्द्रं रेफः। तथा च तन्त्रे—

माये क्रोधौ त्रयः कामा वह्न्यन्ते रतिसंयुताः ।
विन्दुयुक्ता महेशानि सम्बोधनपदद्वयम् ।
सप्तबीजानि संहारैः स्वाहान्तः प्रणवादिकः ।।

इत्यत्र स्फुटमाह। तथा च—

प्रणवं मायाद्वयं कूर्चद्वयं निजबीजत्रयं दक्षिणे कालिके निजबीजत्रयम्। कूर्चद्वयं मायाद्वयम् इत्येकविंशाक्षरः। अस्याः पूजादिकं दक्षिणावत् कार्यम्। पुरश्चरणन्तु लक्षजपः तन्त्रोक्तत्वात्। होमस्तु तद्दशांशतः। विश्वसारे—

स्वाहान्तश्च त्रयोविंशत्यक्षरो मन्त्रराजकः ।
विना प्रणवं देवेशि द्वाविंशत्यक्षरी भवेत् ।।

स्वाहा विना चैकविंशत्यक्षरः कामदो मनुः ।
विंशत्यर्णा महाविद्या स्वाहाप्रणववर्जिता ।
ध्यानपूजादिकं सर्वं दक्षिणावदुपाचरेत् ॥

भैरवतन्त्रे—

कामबीजद्वयं देवि दीर्घहूङ्कारमेव च ।
त्र्यक्षरी सा महाविद्या चामुण्डा कालिका स्मृता ॥

तन्त्रे—

अथ वक्ष्ये महाविद्यां सिद्धविद्यां महोदयाम् ।
भैरवेण पुरा प्रोक्ता कालीहृदयसंज्ञिता ।
अस्या ज्ञानप्रभावेण कलयामि जगत्त्रयम् ॥
प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य हृल्लेखाबीजमुद्धरेत् ।
रतिबीजं समुद्धृत्य पञ्चमभगान्वितम् ।
ठद्वयेन समायुक्ता विद्याराज्ञी प्रकीर्तिता ॥

रतिबीजं निजबीजम्। तथा च चामुण्डातन्त्रे—

रत्याद्या कालिका पातु द्वाविंशाक्षररूपिणी ।

इति चामुण्डातन्त्रस्थकवचप्रतिपादनात्। तेन प्रणवो मायाबीजं निजबीजं पञ्चमो मकारः भग एकारः वह्निवल्लभा।

मन्त्रान्तर—विद्यारत्न अर्थात् सर्वश्रेष्ठ मन्त्र इक्कीस अक्षरों का है। यह सर्वकाम-फलप्रदायक है। मन्त्र है—ॐ ह्रीं ह्रीं हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं दक्षिणकालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं। इसका पुरश्चरण एक लाख जप से होता है। तन्त्रान्तरों में भी मन्त्र इसी प्रकार का वर्णित है।

विश्वसारतन्त्र के अनुसार तेईस अक्षरों का मन्त्र है—ॐ ह्रीं ह्रीं हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

बाईस अक्षरों का मन्त्र है—ह्रीं ह्रीं हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा। इसके पहले ॐ नहीं है।

बीस अक्षरों का मन्त्र है—ह्रीं ह्रीं हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं।

उपर्युक्त चारो मन्त्रों के ध्यान-पूजनादि दक्षिणकालिका की पद्धति के अनुसार होते हैं।

क्री क्रीं हूँ—त्र्यक्षर मन्त्र चामुण्डा काली की साधना में प्रशस्त है।

भैरवतन्त्र और मुण्डमाला के अनुसार कालीहृदय नामक सिद्धविद्या के बल से ही

भगवान् शिव ने तीनों लोकों की सृष्टि की है। मन्त्र है—ॐ ह्रीं क्रीं मे स्वाहा। इसे विद्या-राज्ञी कहते हैं।

अस्य पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादि प्राणायामान्तं कर्म विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। यथा—

अस्य मन्त्रस्य भैरवऋषिर्विराट्छन्दः सिद्धकाली ब्रह्मरूपा भुवनेश्वरी देवता निजबीजं बीजं लज्जाबीजं शक्तिः। वर्णन्यासकराङ्गन्यासौ च दक्षिणावत्। ध्यानन्तु—

खड्गोद्भिन्नेन्दुखण्डस्रवदमृतरसाप्लाविताङ्गी त्रिनेत्रा,
सव्ये पाणौ कपालाद् गलदसृजमथो मुक्तकेशी पिबन्ती।
दिग्वस्त्रा बद्धकाञ्ची मणिमयमुकुटाद्यैर्युता दीप्तजिह्वा,
पायान्नीलोत्पलाभा रविशशिविलसत्कुण्डलालीढपादा॥

एवं ध्यात्वा दक्षिणावत् सर्वं कार्यम्। पुरश्चरणन्तु एकविंशतिसहस्रजपः। तदुक्तं कालीतन्त्रे—

जपेद्विंशतिसाहस्र्यं सहस्रैकेन संयुतम्।
होमयेत्तद्दशांशेन मृदुपुष्पेण मन्त्रवित्॥

मन्त्रान्तरं विश्वसारे—

मूलबीजं ततो माया लज्जाबीजं ततः परम्।
महाविद्या महाकाल्या महाकालेन भाषिता॥
वर्गाद्यं वह्निसंयुक्तं रतिबिन्दुसमन्वितम्।

एतत्त्रयं वह्निवल्लभा। निजबीजत्रयं फट् वह्निवल्लभा। निजबीजत्रयं कूर्चं लज्जा पुनस्तान्येव वह्निवल्लभा। वाग्भवं नमो मूलबीजं पुनस्तदेव कालिकायै वह्निवल्लभा।

एतासां पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादिप्राणायामान्तं विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। यथा—दक्षिणामूर्त्तिर्ऋषिः पंक्तिश्छन्दः कालिका देवता। शिरसि दक्षिणामूर्त्तिऋषये नमः। मुखे पंक्तिच्छन्दसे नमः। हृदि कालिकायै देवतायै नमः। ततो ध्यानम्—

चतुर्भुजा कृष्णवर्णा मुण्डमालाविभूषिता।
खड्गञ्च दक्षिणे पाणौ विभ्रतीन्दीवरद्वयम्॥
कर्त्रीञ्च खर्परञ्चैव क्रमाद्वामेन विभ्रती।
द्यां लिखन्तीं जटामेकां विभ्रती शिरसा स्वयम्॥
मुण्डमालाधरा शीर्षे ग्रीवायामथ चापरम्।
वक्षसा नागहारञ्च विभ्रती रक्तलोचना॥

कृष्णवस्त्रधरा कट्यां व्याघ्राजिनसमन्विता ।
वामपादं शवहृदि संस्थाप्य दक्षिणं पदम् ॥
विलाप्य सिंहपृष्ठे तु लेलिहाना शवं स्वयम् ।
साट्टहासा महाघोररावयुक्ता सुभीषणा ॥

एवं ध्यात्वा अन्यत् सर्वं दक्षिणावत् कुर्यात्। पूर्वोक्तानां मन्त्राणां सर्वं दक्षिणावत् कार्यम्। अस्य पुरश्चरणं लक्षद्वयजपः। अन्यासां मन्त्रवर्णसंख्यलक्षजपः।

इस मन्त्र की पूजाविधि इस प्रकार है। सामान्य पूजापद्धति से प्रातःकृत्य से प्राणायाम तक की क्रिया करके ऋष्यादि न्यास करे।

ऋष्यादि न्यास—शिरसि दक्षिणामूर्तिऋषये नमः। मुखे पंक्तिच्छन्दसे नमः। हृदये सिद्धकाली ब्रह्मरूपायै भुवनेश्वरी देवतायै नमः। गुह्ये क्रीं बीजाय नमः। पादयोः ह्रीं शक्तये नमः। तब दक्षिणकालिका की पद्धति से वर्णन्यास और करांगन्यास करके निम्नवत् ध्यान करे—

खड्गोद्भिन्नेन्दुखण्डस्त्रवदमृतरसाप्लाविताङ्गी त्रिनेत्रा,
सव्ये पाणौ कपालाद् गलदसृजमथो गुक्तकेशी पिबन्ती ।
दिग्वस्त्रा बद्धकाञ्ची मणिमयमुकुटाद्यैर्युता दीप्तजिह्वा,
पायान्नीलोत्पलाभा रविशशिविलसत्कुण्डलालीढपादा ।।

खड्गोद्भिन्न चन्द्रमण्डल से झरते हुए सुधारस से शरीर तर है। तीन नेत्र हैं। बाँयें हाथ में नरकपाल है। उससे गिरते हुए रक्त का पान देवी कर रही हैं। केश बिखरे हुए हैं। नंगे वदन हैं। कमर में कांजीवरम् की रेशमी साड़ी है। शिर पर मणियों का मुकुट है। जीभ उज्ज्वल है। शरीर का वर्ण नीलकमल के समान नीला है। दोनों कानों में कुण्डल चन्द्र-सूर्य के समान शोभित हैं। देवी आलीढ़ पद पर खड़ी हैं; ऐसी देवी हमारी रक्षा करें। इसके बाद दक्षिणकालिका की पद्धति से सारी पूजा करे। इस मन्त्र का पुरश्चरण इक्कीस सहस्र जप से होता है। जप का दशांश २१०० हवन शिरीष के फूलों से करे।

विश्वसारतन्त्र में महाकाल के द्वारा कथित त्र्यक्षर मन्त्र है—क्रीं हूं ह्रीं।

क्रीं क्रीं क्रीं स्वाहा—यह पञ्चाक्षर मन्त्र है।

क्रीं क्रीं क्रीं फट् स्वाहा—यह षडक्षर मन्त्र त्रैलोक्यमोहक है।

क्रीं हूं ह्रीं क्रीं हूं ह्रीं स्वाहा—यह अष्टाक्षर मन्त्र चतुर्वर्गफलदायक है।

ऐं नमः क्रीं क्रीं कालिकायै स्वाहा।

उपर्युक्त पाँचों मन्त्रों की विधि है कि पहले प्रातःकृत्य से प्राणायाम तक की क्रिया करके ऋष्यादि न्यास करे। मस्तके दक्षिणामूर्ति ऋषये नमः। मुखे पंक्तिछन्दसे नमः। हृदये कालिकायै देवतायै नमः। इसके बाद निम्नवत् ध्यान करे—

चतुर्भुजा कृष्णवर्णा मुण्डमालाविभूषिता ।
खड्गञ्च दक्षिणे पाणौ विभ्रतीन्दीवरद्वयम् ।।
कर्त्रीञ्च खर्परञ्चैव क्रमाद्वामेन विभ्रती ।
द्यां लिखन्तीं जटामेकां विभ्रती शिरसा स्वयम् ।।
मुण्डमालाधरा शीर्षे ग्रीवायामथ चापरम् ।
वक्षसा नागहारञ्च विभ्रती रक्तलोचना ।।
कृष्णवस्त्रधरा कट्यां व्याघ्राजिनसमन्विता ।
वामपादं शवहृदि संस्थाप्य दक्षिणं पदम् ।।
विलाप्य सिंहपृष्ठे तु लेलिहाना शवं स्वयम् ।
साट्टहासा महाघोररावयुक्ता सुभीषणा ।।

देवी चतुर्भुजा, कृष्णवर्णा और मुण्डमालाधारिणी हैं। दोनों दाँयें हाथों में खड्ग और दो नीलकमल है। दोनों बाँयें हाथों में कैंची और खर्पर है। देवी की दो जटाओं में से एक गगनस्पर्शी है। शिर और गले में दो मुण्डमालायें हैं। वक्ष पर नागहार है। आँखें लाल हैं। कमर में काला वस्त्र और व्याघ्रचर्म है। शव के हृदय पर बाँयाँ पैर और सिंह की पीठ पर दाँयाँ पैर रखकर ये विराजमान हैं। मद्यपान, अट्टहास और भीषण शब्द कर रही हैं। इनकी आकृति भयानक है।

इसके बाद दक्षिणकालिका की पद्धति से पूजा करे। इसका पुरश्चरण दो लाख जप से होता है। ग्यारह अक्षरों वाले मन्त्र को छोड़कर अन्य मन्त्रों में जितने वर्ण हैं, उतने लाख जप से उनका पुरश्चरण होता है।

निजबीजद्वयं मायाद्वयं दक्षिणकालिके वह्निवल्लभा। निजं कूर्चं लज्जा दक्षिणे कालिके फट्। मूलबीजद्वयं कूर्चद्वयं लज्जाद्वयं दक्षिणे कालिके पूर्वषड्बीजानि वह्निवल्लभा।

एतासां पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादिप्राणायामान्तं विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। एतासां दक्षिणामूर्त्तिऋषिः पंक्तिश्छन्दः दक्षिणकालिका देवता। अन्यत् सर्वं दक्षिणावत्।

क्रीं ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके स्वाहा—यह ग्यारह अक्षर का मन्त्र चतुर्वर्गफलदायक है।

क्रीं हूं ह्रीं दक्षिणे कालिके फट्—यह दशाक्षर मन्त्र भी चतुर्वर्गफलप्रद है।

क्रीं क्रीं हूं हूं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

इन तीनों मन्त्रों की पूजाविधि इस प्रकार की है—प्रातःकृत्य से प्राणायाम तक के कर्म करके ऋष्यादि न्यास करे—शिरसि दक्षिणामूर्तिऋषये नमः। मुखे पंक्तिछन्दसे नमः। हृदये दक्षिणे कालिके देवतायै नमः। अन्य पूजन कर्म दक्षिणकालिका के समान करे।

निजबीजं वह्निवल्लभा। भैरवोऽस्य ऋषिः। निजबीजद्वयं कूर्चद्वयं लज्जायुगं वह्निवल्लभा। निजबीजं कूर्चं लज्जा वह्निवल्लभा। अस्य पञ्चवक्त्र ऋषिः। मूल-त्रयं कूर्चद्वयं लज्जाद्वयं वह्निवल्लभा। मूलबीजं दक्षिणे कालिके वह्निवल्लभा। निज-बीजं कूर्चद्वयं मायां पुनस्तानि वह्निवल्लभा। मूलद्वयं कूर्चद्वयं लज्जाद्वयं पुनस्तान्येव वह्निवल्लभा। निजबीजत्रयं लज्जाद्वयं कूर्चद्वयं पुनस्तान्येव वह्निवल्लभा। हृदयं वाग्भवं मूलद्वयं कालिकायै ठद्वयम्। हृदयं पाशद्वयं अंकुशद्वयं फट् स्वाहा कालिके कूर्चम्। एतासां ऋष्यादिकं पूजादिकञ्च दक्षिणावत्। पुरश्चरणं लक्षजपः।

एतासां विद्यानां प्रमाणं विश्वसारे—

अथ पञ्चाक्षरीं वक्ष्ये शृणुष्व कमलानने।
प्रजापतिं समुद्धृत्य वह्न्यारूढं ततः प्रिये॥
चतुर्थस्वरसंयुक्तं नादविन्दुविभूषितम्।
बीजत्रयं क्रमेणैव तदन्ते वह्निसुन्दरी॥
पञ्चाक्षरी महाविद्या कथिता पद्मयोनिना।
षडक्षरीं महाकालीं वक्ष्यामि शृणु पार्वति॥
बीजत्रयं समुद्धृत्य अस्त्रमन्त्रं समुद्धरेत्।
वह्निजायावधिः प्रोक्ता विद्या त्रैलोक्यमोहिनी॥
अष्टाक्षरी महाविद्या कथ्यते परमेश्वरि।
बीजत्रयं क्रमेणैव पुनर्बीजत्रयं सुधीः॥
स्वाहान्ता कथिता विद्या चतुर्वर्गफलप्रदा।
एकादशाक्षरी विद्या कथ्यते परमेश्वरि॥
वाग्भवं हृदयं पश्चाद्वह्न्यारूढं प्रजापतिम्।
चतुर्थस्वरसंयुक्तं विन्दुनादविभूषितम्॥
द्विगुणञ्च ततः कृत्वा ङेऽन्तञ्च कालिकापदम्।
स्वाहान्ता कथिता विद्या प्रिये एकादशाक्षरी॥
ऋषिः स्याद्दक्षिणामूर्त्तिश्छन्दः पंक्तिरुदाहृतम्।
परात्परतरा शक्तिः कालिका देवता स्मृता॥
एकादशाक्षरी विद्या कालिकायाः सुदुर्लभा।
लक्षद्वयं जपेद्विद्यां पुरश्चरणकर्मणि।
अन्यासां वर्णलक्षं स्यात्कथितं पद्मयोनिना॥

अन्यासामुक्तपञ्चाक्षरीप्रभृतीनाम्। अस्याः ध्यानम्—चतुर्भुजां कृष्णवर्णा-मित्यादि।

क्रीं स्वाहा।

क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

क्रीं हूं ह्रीं स्वाहा।

क्रीं क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

क्रीं दक्षिणे कालिके स्वाहा।

ह्रीं हूं ह्रीं क्रीं हूं ह्रीं स्वाहा।

क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

क्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं हूं हूं स्वाहा।

नमः ऐं क्रीं क्रीं कालिकायै स्वाहा।

नमः आं क्रों आं फट् स्वाहा कालि कालिके हूं।

विश्वसारतन्त्र में भी इन मन्त्रों का वर्णन है। इन सभी मन्त्रों का ऋष्यादि न्यास और पूजन दक्षिणकालिका की पद्धति से करे। एक लाख जप से इनका पुरश्चरण होता है।

मूलबीजं ततो मायां लज्जाबीजं ततः परम् ।
दक्षिणे कालिके चेति तदन्ते वह्निसुन्दरी ।
एकादशाक्षरी काली चतुर्वर्गफलप्रदा ॥
दशाक्षरी महाविद्या चतुवर्गफलप्रदा ।
कवचं मूलबीजाद्यं तदन्ते भुवनेश्वरी ।
दक्षिणे कालिके चेति अस्त्रान्ता समुदीरिता ॥
अथापरां प्रवक्ष्यामि विद्यां विंशतिवर्णिकाम् ।
यस्याः प्रसादमात्रेण भवेद्भूमिपुरन्दरः ।
मूलबीजद्वयं ब्रूयात्ततः कूर्चद्वयं ददेत् ।
लज्जाद्वयं समुद्धृत्य सम्बुद्ध्यन्तपदद्वयम् ।
पूर्ववत्षट् तथा बीजान्यन्ते च वह्निसुन्दरी ॥
ऋषिः स्याद्दक्षिणामूर्त्तिः पंक्तिश्छन्द उदाहृतम् ।
देवता कथिता सद्भिः काली दक्षिणपूर्विका ॥
अथापरां प्रवक्ष्यामि विद्यां त्रिभुवनेश्वरीम् ।
निजबीजं समुद्धृत्य तदन्ते वह्निसुन्दरी ।
भैरवोऽस्य ऋषिः प्रोक्तः सर्वतन्त्रसमन्वितः ॥
अष्टाक्षरी तु या प्रोक्ता सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।
निजबीजद्वयं कूर्चद्वयं लज्जाद्वयं ततः ।
स्वाहान्ता कथिता विद्या सर्वकामफलप्रदा ॥

निजं कूर्चं तथा लज्जा तदन्ते वह्निसुन्दरी ।
पञ्चाक्षरी महाविद्या पञ्चवक्त्रऋषिः स्मृतः ॥
नवाक्षरीं महाविद्यां शृणुष्व कमलानने ।
निजबीजत्रयं कूर्चयुग्मं लज्जायुगं ततः ।
स्वाहान्ता कथिता विद्या सर्वसम्पत्करी मता ॥
अथापरां प्रवक्ष्यामि विद्यां ताञ्च नवाक्षरीम् ।
मूलबीजं समुद्धृत्य सम्बुद्ध्यन्तपदद्वयम् ।
स्वाहान्ता कथिता विद्या सर्वशत्रुक्षयङ्करी ॥
अथ चाष्टाक्षरीं विद्यां शृणुष्व कमलानने ।
निजबीजं ततः कूर्चं ततो मायां समुद्धरेत् ।
पुनस्तानि समुद्धृत्य स्वाहान्ता मोक्षदायिनी ॥
अथापरां प्रवक्ष्यामि दशतत्त्वसमन्विताम् ।
मूलद्वयं कूर्चयुग्मं तथा लज्जाद्वयं ततः ॥
पुनस्तान्येव बीजानि तदन्ते वह्निसुन्दरी ।
चतुर्दशाक्षरी विद्या चतुर्वर्गफलप्रदा ॥
ब्रह्मत्रयं समुद्धृत्य रतिवह्निसमन्वितम् ।
नादविन्दुसमायुक्तं लज्जाकूर्चद्वयं ततः ॥
पुनः क्रमेण चोद्धृत्य वह्निजायावधिर्मनुः ।
षोडशीयं समाख्याता विद्या कल्पद्रुमोपमा ॥

मायातन्त्रे—

हृदयं वाग्भवं देवि निजबीजयुगं ततः ।
कालिकायै पदं चोक्त्वा तदन्ते वह्निसुन्दरी ॥

तन्त्रान्तरे—

नमः पाशाङ्कुशौ द्वेधा फट् स्वाहा कालि कालिके ।
दीर्घतनुच्छदं कालीमनुः पञ्चदशाक्षरः ॥
एतासां पूजनं देवि दक्षिणावत्सुरेश्वरि ।
लक्षसंख्यं जपं कुर्यात्पुरश्चरणसिद्धये ॥

इन मूलोक्त श्लोकों में उपर्युक्त मन्त्रों को ही विस्तारपूर्वक बतलाया गया है एवं उन्हें विभिन्न ग्रन्थों का उद्धरण देकर प्रमाणित किया गया है।

एतासां पूजायन्त्रं कालीतन्त्रे—

आदौ त्रिकोणं विन्यस्य त्रिकोणं तद्बहिर्न्यसेत् ।
ततो वै विलिखेन्मन्त्री त्रिकोणत्रयमुत्तमम् ॥

ततो वृत्तं समालिख्य लिखेदष्टदलं ततः ।
वृत्तं विलिख्य विधिवल्लिखेद्भूपुरमेककम् ॥

कुमारीकल्पे—

मध्ये तु वैन्दवं चक्रं बीजमायाविभूषितम् ।

इन सभी मन्त्रों का पूजायन्त्र इस प्रकार का होता है। पहले एक त्रिकोण बनावे। उसके बाहर एक और त्रिकोण बनावे। तब तीन त्रिकोण बनावे। पाँच त्रिकोणों के बाहर एक वृत्त, उसके बाहर अष्टदल पद्म, तब भूपुर बनावे। मध्य में बिन्दु अंकित कर उसमें क्रीं और ह्रीं अंकित करे। यन्त्र ऊपर अंकित है।

गुह्यकाली

विश्वसारे—

अथ वक्ष्ये महेशानि विद्यां सर्वफलप्रदाम् ।
चतुर्वर्गप्रदां साक्षान्महापातकनाशिनीम् ॥

सर्वसिद्धिप्रदां नित्यां भुक्तिमुक्तिप्रदायिनीम् ।
गुह्यकालीं महाविद्यां त्रैलोक्ये चातिदुर्लभाम् ॥
इन्द्रादिरूढं वर्गाद्यं रतिविन्दुसमन्वितम् ।
त्रिगुणञ्च ततः कृत्वा ईशानञ्च समुद्धरेत् ॥
षष्ठस्वरसमायुक्तं नादविन्दुकलान्वितम् ।
द्विगुणञ्च ततः कृत्वा ईशानद्वयमुद्धरेत् ॥
वामाक्षिवह्निसंयुक्तं नादविन्दुकलायुतम् ।
तद्गुह्ये कालिके प्रोक्त्वा चाथवा दक्षिणे वदेत् ॥
सप्तबीजं ततः पूर्वं क्रमेण योजयेत्ततः ।
वह्निजायावधिः प्रोक्ता विद्या त्रैलोक्यमोहिनी ॥

अथवेति गुह्ये कालिके बीजद्वयं दक्षिणे कालिके वा मन्त्रः ।

कामबीजं ततः कूर्चं तदन्ते भुवनेश्वरी ।
गुह्ये च कालिके चेति तथा बीजद्वयं भवेत् ॥
स्वाहान्ता कथिता विद्या सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।
एषा तु षोडशी प्रोक्ता चतुर्वर्गफलप्रदा ॥

अस्यार्थः—आदौ निजबीजं ततः कूर्चं माया ततः सम्बोधनपदद्वयम्। ततो निजबीजद्वयं कूर्चद्वयं मायाद्वयं वह्निवल्लभा।

कामबीजद्वयं हित्वा भवेद्विद्या चतुर्दशी ।

अस्य मन्त्रस्येति शेषः।

सप्तबीजं पुरा प्रोक्तं गुह्येऽन्ते कालिके पुनः ।
स्वाहान्ता कथिता विद्या सर्वतन्त्रेषु गोपिता ॥

एषापि चतुर्दशाक्षरी। अस्या नामादिपदं हित्वा चेत्तदा दक्षिणे पञ्चदशाक्षरी। तथा च—

दक्षिणे पदमाभाष्य भवेत् पञ्चदशाक्षरी ।

तथा—

कामबीजं परित्यज्य अथवा षोडशाक्षरी ।

एतेन षोडशाक्षरी विद्यायाः कामबीजाभावेन पञ्चदशाक्षरी भवति।

कामबीजं समुद्धृत्य सम्बुद्ध्यन्तपदद्वयम् ।
पुनः कामं तदन्ते च दद्याद्वह्नेश्च सुन्दरीम् ॥
एषा नवाक्षरी विद्या गुह्यकाल्याः समीरिता ।

दक्षिणे पदमाभाष्य भवेद्विद्या दशाक्षरी ॥

एतासां पूजनन्तु तत्रैव।

पूर्ववन्न्यासवर्गन्तु पूर्ववत्पूजयेच्छिवाम् ।
पूर्ववच्च जपेद्विद्यां सर्वं पूर्ववदेव हि ॥

बलिदानं पूर्ववत्परिकल्पयेत्। बलिमन्त्रस्तु—एह्येहि जगन्मातर्जगतां जननि गृह्ण गृह्ण मम बलिं सिद्धिं देहि देहि शत्रुक्षयं कुरु कुरु हूं हूं ह्रीं ह्रीं फट् फट् ॐ कालिकायै नमः फट स्वाहा। यद्वा गुह्यकाल्या अयं बलिमन्त्रः—एह्येहि गुह्यकालि मम बलिं गृह्ण गृह्ण मम शत्रून् नाशय नाशय खादय खादय स्फुर स्फुर छिन्दि छिन्दि सिद्धिं देहि हूं फट् स्वाहा। तथायं वा आसनमन्त्रः—ॐ सदाशिवमहाप्रेताय गुह्यकाल्यासनाय नमः।

गुह्यकाली—सर्वफलप्रदा, चतुर्वर्गप्रदायिनी, महापातकनाशिनी, सर्वसिद्धिदात्री, सनातनी, भुक्ति-मुक्तिदायिनी महाविद्या गुह्य काली त्रिलोक में दुर्लभ हैं। इनके मन्त्र इस प्रकार के हैं—

क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं गुह्ये कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।
क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।
क्लीं हूं ह्रीं गुह्ये कालिके क्लीं क्लीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा—षोडशाक्षर है।
क्लीं हूं ह्रीं गुह्ये कालिके हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा—चतुर्दशाक्षर है।
क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं गुह्ये कालिके स्वाहा—चतुर्दशाक्षर है।
क्लीं हूं ह्रीं दक्षिणकालिके हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा—पञ्चदशाक्षर है।
हूं ह्रीं गुह्ये कालिके क्लीं क्लीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा—पञ्चदशाक्षर है।
क्लीं गुह्ये कालिके क्लीं स्वाहा—नवाक्षर है।
क्लीं दक्षिणे कालिके क्लीं स्वाहा—दशाक्षर है।

दक्षिण काली के समान पूजा करके बलि प्रदान करे। बलिमन्त्र है—एह्येहि जगन्मा-तर्जगतां जननि गृह्ण गृह्ण मम बलिं सिद्धि देहि शत्रुक्षयं कुरु कुरु हूं हूं ह्रीं ह्रीं फट् फट् कालिकायै नमः फट् स्वाहा। गुह्यकाली का बलिमन्त्र है—एह्येहि गुह्यकालि मम बलिं गृह्ण गृह्ण मम शत्रून् नाशन नाशय खादय खादय स्फुर स्फुर छिन्दि छिन्दि सिद्धिं देहि हूं फट् स्वाहा। आसनमन्त्र है—ॐ सदाशिवमहाप्रेताय गुह्यकाल्यासनाय नमः।

भद्रकालीमन्त्रा:

भद्रकाल्यादयो विद्याः कथ्यन्ते शृणु पार्वति ।
कामबीजादिकं बीजं सर्वं पूर्वापरे यजेत् ॥
भद्रकालीं तथा ङेऽन्तां बीजमध्ये नियोजयेत् ।

स्वाहान्ता कथिता विद्या विंशद्वर्णात्मिका परा।
चतुर्वर्गप्रदा विद्या भद्रकाली शुभावहा॥
सप्तबीजं समुद्धृत्य श्मशानकालि चेत्तथा।
पुनर्बीजं क्रमेणैव स्वाहान्ता सर्वसिद्धिदा।
विंशत्येकाधिका विद्या श्मशानकालिका मता॥
बीजानि चोच्चरेत्पूर्वं महाकालिपदं ततः।
तदन्ते सप्तबीजानि स्वाहान्ता सर्वसिद्धिदा।
विंशत्यर्णा महाविद्या महाकाल्याः प्रकीर्तिता॥

एतासां पूजनं जपञ्च दक्षिणावत्। विशेषस्तु भूपुरे इन्द्रादीन् वज्रादींश्च पूजयेत्। भूपुरस्य पूर्वादि चतुर्द्वारि ॐ विष्णवे नमः, ॐ शिवाय नमः, ॐ सूर्याय नमः, ॐ गणेशाय नमः इति पूजयेत्। तद्यथा—

भूगृहे लोकपालांश्च तदस्त्राणि च तद्बहिः।
भूपुरे च चतुर्दिक्षु पूजयेत् क्रमतः सुधीः।
विष्णुं शिवं तथा सूर्यं गणेशं पूजयेत्ततः॥

पूजायन्त्रम्—

त्रिकोणञ्चैव षट्कोणं नवकोणं मनोहरम्।
त्रिवृत्तं साष्टपत्रञ्च सकिञ्जल्कसमन्वितम्॥
भूपुरत्रितयारूढं योनिमण्डलमण्डितम्।
त्रिपञ्चारमिदं प्रोक्तं सर्वतन्त्रे प्रकीर्तितम्॥

त्रिकोणं त्रिकोणाकारमित्यर्थः। ध्यानन्तु—

महामेघप्रभां देवीं कृष्णवस्त्रपिधायिनीम्।
लोलजिह्वां घोरदंष्ट्रां कोटराक्षीं हसन्मुखीम्॥
नागहारलतोपेतां चन्द्रार्द्धकृतशेखराम्।
द्यां लिखन्तीं जटामेकां लेलिहानासवं स्वयम्॥
नागयज्ञोपवीताङ्गीं नागशय्यानिषेदुषीम्।
पञ्चाशन्मुण्डसंयुक्तवनमालां महोदरीम्॥
सहस्त्रफणसंयुक्तमनन्तं शिरसोपरि।
चतुर्दिक्षु नागफणावेष्टितां गुह्यकालिकाम्॥
तक्षकसर्पराजेन वामकङ्कणभूषिताम्।
अनन्तनागराजेन कृतदक्षिणकङ्कणाम्॥
रागेन रशनाहारकल्पितां रत्ननूपुराम्।

वामे शिवस्वरूपन्तत्कल्पितं वत्सरूपकम् ॥
द्विभुजां चिन्तयेद्देवीं नागज्ञोपवीतिनीम् ।
नरदेहसमाबद्धकुण्डलश्रुतिमण्डिताम् ।
प्रसन्नवदनां सौम्यां नवरत्नविभूषिताम् ॥
नारदाद्यैर्मुनिगणैः सेवितां शिवमोहिनीम् ।
अट्टहासां महाभीमां साधकाभीष्टदायिनीम् ॥

द्यां लिखन्तीं जटामेकां इति धारयन्तीमिति शेषः। अनन्तं शिरसोपरि दधतीमिति शेषः। गुह्येत्युपलक्षणम्।

इति श्यामाप्रकरणम्

●

श्मशानकाली/ भद्रकाली मन्त्र—क्लीं क्लीं क्लीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं भद्रकाल्यै क्लीं क्लीं क्लीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा। इस बीस अक्षरों के मन्त्र की उपासना से चतुर्वर्ग का फल प्राप्त होता है।

हौं कालि महाकालि किलि किलि फट् स्वाहा। इस मन्त्र से भद्रकाली की पूजा करके १०८ बार मन्त्रजप करे। भद्रकाली देवी का ध्यान करने से सभी भय दूर होते हैं।

सामान्य पूजापद्धति से भूतशुद्धि से प्राणायाम तक के कर्म करके शिवलिंग पर गन्ध-पुष्प-धूप-दीप और नैवेद्य से पूजा करके मूलोक्त ध्यान करे; जिसका भाव यह है—

देवी की प्रभा महामेघ के समान है। वस्त्र काले हैं। लपलपाती जीभ और दाँत भयंकर हैं। आँखें कुछ धँसी हुई हैं। मुख पर हास्य है। गले में नागहार है। ललाट में चन्द्रमा है। एक जटा आकाशस्पर्शी है। नाग का जनेऊ है। नागों की शय्या पर विराजती हैं। गले में पचास मुण्डों की वनमाला है। हजार फणों वाले अनन्त नाग शिर पर हैं। चारो दिशाओं में महाकाली नागफणों से वेष्टित हैं। बाँयें हाथ में कंगन तक्षक नाग का है। अनन्त नागराज का दक्षहस्त का कंगन है। नागों से ही कल्पित रत्ननूपुर है। उनके वाम भाग में वत्सरूप में शिव जी हैं। देवी की दो भुजायें है और नागों का यज्ञोपवीत है। कानों में नरदेह का कुण्डल है। प्रसन्नमुखी सौम्य नवरत्नों से विभूषित हैं। शिवमोहिनी नारदादि मुनिगणों से सेवित हैं। भयंकर अट्टहास करती हैं। साधकों के मनोरथ पूर्ण करती हैं।

भूपुर में इन्द्रादि और वज्रादि का पूजन करे। चारो द्वारों पर ॐ विष्णवे नमः, ॐ शिवाय नमः, ॐ सूर्याय नमः, ॐ गणेशाय नमः से पूजन करे।

श्मशान काली का मन्त्र—क्लीं क्लीं क्लीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं श्मशानकालि क्लीं क्लीं क्लीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा। यह मन्त्र इक्कीस अक्षरों का है।

महाकाली का मन्त्र—क्लीं क्लीं क्लीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं महाकालि क्लीं क्लीं क्लीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा—यह बीस अक्षरों का मन्त्र है।

गुह्यकाली-भद्रकाली-श्मशानकाली-महाकाली-पूजायन्त्र

तारामन्त्राः

अथ मन्त्रान् प्रवक्ष्यामि तारिण्याः सर्वसिद्धिदान्।
येषां विज्ञानमात्रेण जीवन्मुक्तस्तु साधकः॥
कवितां लभते शुद्धामनर्गलविजृम्भिणीम्।
पाण्डित्यं सर्वशास्त्रेषु धनैर्धनपतिर्भवेत्॥
राजद्वारे सभायाञ्च विवादे व्यवहारके।
सर्वत्र जयमाप्नोति बृहस्पतिरिवापरः॥
मायाबीजं समुद्धृत्य तकारं वह्निसंयुतम्।
मायाविन्द्वीश्वरयुतं द्वितीयं बीजमुद्धृतम्॥
कूर्चबीजं तृतीयं स्यात् फट्कारस्तदनन्तरम्।

सम्पूर्णसिद्धमन्त्रस्तु　　रश्मिपञ्चकसंयुतः ॥

रश्मिपञ्चकं वर्णपञ्चकमित्यर्थः। तथा—

लीलया वाक्प्रदा चेति तेन नीलसरस्वती ।
तारकत्वात् सदा तारा सुखमोक्षप्रदायिनी ।
उग्रापत्तारिणी यस्मादुग्रतारा प्रकीर्तिता ॥

तारार्णवे—

वसिष्ठाराधिता विद्या न तु शीघ्रफला यतः ।
अतस्तेनापि मुनिना शापो दत्तः सुदारुणः ।
ततः प्रभृति विद्येयं फलदात्री न कस्यचित् ॥

शापोद्धारमाह—

चन्द्रबीजं त्रपान्तस्थबीजोपरि नियोजितम् ।
ततः प्रभृति विद्येयं वधूरिव यशस्विनी ।
फलिनी सर्वविद्यानां जयिनी जयकांक्षिणाम् ॥
विषक्षयकरी विद्या अमृतत्वप्रदायिनी ।
मन्त्रस्य ज्ञानमात्रेण विजयी भुवि जायते ॥

एकवीराकल्पे—

लज्जाबीजं वधूबीजं कूर्चबीजं तथा हि फट् ।
एवं पञ्चाक्षरी विद्या पञ्चभूतप्रकाशिनी ॥

वधूबीजं स्त्रींकारः। तथा च विश्वसारे—

सतरीञ्च महेशानि वधूबीजं प्रकीर्तितम् ।

तथा एकवीराकल्पे—

षोडशं व्यञ्जनं वह्निवामाक्षिविन्दुभूषितम् ।
चन्द्रबीजसमारूढं वधूबीजमिदं स्मृतम् ॥

चन्द्रः सकारः। नीलतन्त्रे—

ताराद्या पञ्चवर्णेयं तथा नीलसरस्वती ।
सर्वभाषामयी शुद्धा सर्वाम्नायैर्नमस्कृता ॥

तारार्णवे—

अणूत्तरं समुद्धृत्य मायोत्तरमतः परम् ।
पञ्चमसमारूढं　　पञ्चरश्मिप्रकीर्तितम् ॥
जीवनीमध्यगा पश्चादेकाक्षी तदनन्तरम् ।

उग्रदर्पं ततो दद्यादस्त्रं देवि प्रकाशितम् ॥

एकाक्षी स्त्रीं तेन सर्वत्र शापोद्धारः। पञ्चाक्षरीमधिकृत्य तन्त्रे—

श्रीबीजाद्या यदा विद्या तदा श्रीः सर्वतोमुखी ।
एषैव हि महाविद्या मायाद्या सकलेष्टदा ॥
वाग्भवाद्या यदा विद्या वागीशत्वप्रदायिनी ।
वितारैकजटा चैषा महामुक्तिकरी सताम् ॥
तारास्त्ररहिता त्र्यर्णा महानीलसरस्वती ।
कुल्लुकेयं समाख्याता सर्वतन्त्रेषु गोपिता ॥

जीवनीमध्यगा माया।

तारामन्त्र—अब सर्वसिद्धिदायक तारा के मन्त्र का वर्णन किया जाता है, जिसके ज्ञानमात्र से ही साधक जीवन्मुक्त हो जाता है। कविता करने की शक्ति प्राप्त होती है। अनर्गल वक्ताओं का जृम्भण होता है। सभी शास्त्रों में पांडित्य प्राप्त होता है। धन में कुबेर के समान होता है। राजदरबार में, सभा में, विवाद में, व्यवहार में सर्वत्र जीत होती है और वह बृहस्पति के समान हो जाता है।

एकवीराकल्प के अनुसार मायाबीज, वधू-बीज, कूर्चबीज और फट् से यह मन्त्र बनता है; जो 'ह्रीं स्त्रीं हूं फट्' पञ्चवर्णात्मक है।

लीला से ही वाक्प्रदा होने के कारण इसका नाम नीलसरस्वती है। संसार-सागर से पार करके मोक्षानन्द देने के कारण यह तारा है। उग्र आपत्तियों से बचाती है, इसलिये यह उग्रतारा है।

तारार्णव के अनुसार वसिष्ठ के द्वारा आराधित विद्या शीघ्र सिद्ध नहीं हुई तब वसिष्ठ ने दारुण शाप दिया। इसलिये यह विद्या फलदात्री नहीं होती। बाद में ऋषिवर ने इसका शापोद्धार किया। उन्होंने 'ह्रीं त्रीं हूं फट्' से देवी की आराधना की थी। शापोद्धार करते समय त्रीं में स जोड़कर 'ह्रीं स्त्रीं हूं फट्' से साधना करने का निर्देश दिया। तब से यह देवी वधू के समान यशस्विनी हो गयी। यह विद्या सब विद्याओं का फल देने वाली, जयार्थी को जयदात्री एवं विषपीड़ित का विषहरण करने वाली मृत्युहारिणी हो गई। इस मन्त्र को जानने-मात्र से विजय प्राप्त होती है।

एकवीराकल्प में वर्णन है कि मायाबीज, वधूबीज, कूर्चबीज और फट् से मन्त्र बनता है—ह्रीं स्त्री हूं फट्। यह विद्या पञ्चभूतप्रकाशिनी है। वधूबीज अर्थात् स्त्रीं। विश्वसार तन्त्र में वर्णन है कि वधूबीज 'स्त्रीं' है।

एकवीराकल्प के अनुसार षोडश व्यंजन = त के साथ वह्नि वामाक्षि बिन्दुभूषितम् चन्द्रबीज = स समारूढ वधूबीज स्त्रीं होता है। नीलतन्त्र के मत से ॐ ह्रीं स्त्रीं हूं फट्—

यह नीलसरस्वती का अति पवित्र पञ्चाक्षर मन्त्र है। इस मन्त्र की उपासना से साधक सभी शास्त्रों का अधिकारी होता है। यह सभी वेदों में प्रशंसित है। तारार्णव के अनुसार इसका शापोद्धार 'स्त्रीं' बीज से होता है।

पञ्चाक्षर मन्त्र ॐ ह्रीं स्त्रीं हूं फट् में ॐ के स्थान पर श्रीं लगाने से सर्वतोमुखी श्री की प्राप्ति होती है। इसके पहले ह्रीं लगाने से सर्वविध अभीष्ट प्राप्त होते हैं। प्रारम्भ में वाग्बीज ऐं लगाने से वागीशत्व का लाभ होता है। प्रणवशून्य होने पर यह मुक्तिदायक एकजटामन्त्र बनता है। प्रणव और फट् का त्याग करने पर यह त्र्यक्षर महानील सरस्वती का मन्त्र बनता है, इसे कुल्लुका भी कहते हैं। इस प्रकार जो मन्त्र बनते हैं, वे हैं—१. ॐ ह्रीं स्त्रीं हूं फट्। २. श्रीं ह्रीं स्त्रीं हूं फट्। ३. ह्रीं ह्रीं स्त्रीं हूं फट्। ४. ऐं ह्रीं स्त्रीं हूं फट्। ५. ह्रीं स्त्रीं हूं फट्। ६. ह्रीं स्त्रीं हूं।

यथा सङ्केतचन्द्रोदये—

हृल्लेखा भुवनेश्वरी च भुवना देवीश्वरी ह्रीं महा
माया जीवनमध्यगा त्रिजगतां धात्री परेशी परा । इति।
एषा क्रमागता प्राप्ता मतभेदादनेकधा ।

एषा पञ्चाक्षरी। तदेवाह—

पञ्चाक्षरी एकजटा ताराभावे महेश्वरी ।
ताराद्या तु भवेद्देवि श्रीमन्नीलसरस्वती ।
उग्रतारा त्र्यक्षरी च महानीलसरस्वती ॥

अन्यासां विद्यानां एकजटैव देवता प्रकृतित्वात्। एतासां विद्यानां साधनस्थानं नीलतन्त्रे महाफेत्कारीये च—

एकलिङ्गे श्मशाने वा शून्यागारे चतुष्पथे ।
शवस्योपरि मुण्डे वा जले वा कण्ठपूरिते ॥
संग्रामभूमौ यानौ वा स्थले वा विजने वने ।
तत्रस्थः साधयेद्योगी विद्यां त्रिभुवनेश्वरीम् ॥

तत्रैव—

पञ्चक्रोशान्तरे यत्र न लिङ्गान्तरमीक्षते ।
तदेव लिङ्गमाख्यातं तत्र सिद्धिरनुत्तमा ॥

अन्यत्रापि—

उज्जटे पर्वते वापि निर्जने वा चतुष्पथे ।
देवागारे च शून्ये च निर्जनैकान्तवेश्मनि ॥

वीरतन्त्रेऽपि—

शून्यागारे श्मशाने यदि जपति जडस्त्वेकलिङ्गे तडागे,
गङ्गागर्भे गिरौ वा शुचिरमलमतिः सर्वदा भक्तियुतः ।
विद्यां श्रीनीलवाण्या भुवनजनपतिः सर्वशास्त्रार्थवेत्ता,
देहान्ते योगमुख्यः परमसुखपदं ब्रह्मनिर्वाणमेति ।।

संकेतचन्द्रोदय में वर्णन है कि यही हृल्लेखा, भुवनेश्वरी, भुवनादेवी, ईश्वरी, ह्रीं, महामाया, जीवनमध्यगा, जगत्त्रयधारणकर्त्री और परापरेशी हैं। यह पञ्चाक्षरी विद्या मतभेदानुसार नाना प्रकार की है।

यह महेश्वरी पञ्चाक्षरी ॐकारविहीन एकजटा हो जाती है। ॐकारसहित उग्रतारा और त्र्यक्षरा होकर महानीलसरस्वती नाम से प्रसिद्ध होती है। अन्य सभी विद्याओं का नाम एकजटा है। कहा भी है कि एकजटा ही इस देवता की प्रकृति है।

नीलतन्त्र और महाफेत्कारिणी तन्त्र में इन मन्त्रों के साधनास्थलों का वर्णन है। एकलिंग शिवमन्दिर, श्मशान, सूना घर, चौराहा, शवासन, मुंडासन, आकंठ जल, रणभूमि, योनिमण्डल और निर्जन वन में बैठकर साधक त्रिलोकेश्वरी तारादेवी के मन्त्र की साधना करे। उन तन्त्रों में यह भी लिखा है कि जिस शिवलिंग से पाँच कोस की सीमा के अन्दर कोई दूसरा शिवलिंग न हो, उसी लिंग को एकलिंग कहते हैं। उस स्थान में साधना करने से सहज ही मन्त्रसिद्धि मिलती है।

तन्त्रान्तर के अनुसार जनशून्य गृह, पर्वत, निर्जन स्थान, चौराहा, जनशून्य, देव-मन्दिर एवं सूना घर साधना के लिये प्रशस्त है। वीरतन्त्र में लिखा है कि शुद्ध बुद्धि, भक्तिमान और शुद्ध मन होकर शून्य गृह, श्मशान, एकलिंग शिवमन्दिर, जलाशय, गंगागर्भ अथवा पर्वत में रहते हुए श्रीनीलसरस्वती के महामन्त्र का जप करने से साधक त्रिलोककर्ता एवं सर्वशास्त्रज्ञ होकर मरणोपरान्त परमसुख मोक्ष पद को प्राप्त करता है।

अथ ताराचमनम्। भैरवतन्त्रे—

ताराभेदैस्त्रिभिः पीत्वा मायया क्षालयेत्करम् ।
स्त्रीं हूमोष्ठौ द्विरुन्मृज्य फट्कारैः क्षालयेत्करम् ।।
आस्यनासेक्षण-श्रोत्र-नाभिवक्षःशिरोभुजान् ।
वैरोचनादिभिः स्पृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते ।
आचम्य भैरवो भूत्वा वत्सरात्तां प्रपश्यति ।।

ताराभेदैरिति उग्रतारैकजटानीलसरस्वतीभेदैः। वैरोचनादयस्तु—वैरोचन-शङ्ख-पाण्डव-पद्मनाभासिताभ-नामक-मामक-तावक-(पाण्डर-असिताभ)-पद्मान्तक-यमान्तक-विघ्नान्तक-नरान्तकाः। सचतुर्थीप्रणवादिनमोऽन्तकाः।

तारा उपासना में आचमन—उग्रतारा मन्त्र ह्रीं श्रीं हूं, एकजटा मन्त्र ह्रीं श्रीं हूं फट्, नीलसरस्वती मन्त्र ह्रीं श्रीं हूं के द्वारा आचमन करे। अथवा ॐ उग्रतारायै नम:, ॐ एकजटायै नम:, ॐ नीलसरस्वत्यै नम: से तीन वार जल पीकर 'ह्रीं' से हाथ धोये। स्त्रीं हूं से ओठ पोंछे और फट् से फिर हाथ धोकर निम्न मन्त्रों से निर्दिष्ट स्थानों का स्पर्श करे—

ॐ वैरोचनाय नम: मुखे। ॐ शंखाय नम: दक्षनासायाम्। ॐ पांडवाय नम: वामनासायाम्। ॐ पद्मनाभाय नम: दक्षनेत्रे। ॐ असिताभाय नम: वामनेत्रे। ॐ नामकाय नम: दक्षकर्णे। ॐ मामकाय नम: वामकर्णे। ॐ तावकाय नम: नाभौ। ॐ पद्मान्तकाय नम: वक्षे। ॐ यमान्तकाय नम: शिरसि। ॐ विघ्नान्तकाय नम: दक्षस्कन्धे। ॐ नरान्तकाय नम: वामस्कन्धे। इस प्रकार के आचमन से सभी पापों का नाश होता है। एक वर्ष तक इस आचमन को करने से साधक स्वयं भैरवतुल्य होकर देवी का दर्शन प्राप्त करता है।

अथास्या: पूजाप्रयोग:—प्रात:कृत्यादिस्नानान्तं समाप्य यागस्थानं गत्वा, ॐ वज्रोदके हूं फट् स्वाहेति मन्त्रेण जलमधिष्ठाय, तज्जलं पूजार्थं विधाय, विकिञ्चदन्यजले नि:क्षिप्य, तेनैव वारिणा ॐ ह्रीं विशुद्धसर्वपापानि शमयाशेषविकल्पमपनय हूं फट् स्वाहेति हस्तौ पादौ च प्रक्षाल्य कुलकुशान् सुवर्णरजतरूपान् यथाक्रमं तर्जन्यनामासु दत्त्वा ॐ ह्रीं स्वाहेत्याचम्य पीठं चिन्तयेत्। विशेष: कुमारीतन्त्रे—

स्नानाच्च तीर उत्थाय वस्त्रे द्वे परिधाय च ।
तिलकं कुलवत्कृत्वा आचम्यैवं सुरेश्वरि ।।

तथा—

जलशङ्खं करे कृत्वा गत्वा द्वारि महेश्वरि ।
क्षालयेद्धस्तपादौ च वक्ष्यमाणेन वर्त्मना ।।

मत्स्यसूक्ते—

तारं वज्रोदके हूं फट् स्वाहा जलमधिष्ठितम् ।

तथा—

तारं लज्जाविशुद्धान्ते सर्वपापानि चैव हि ।
शमयान्ते स्वशेषान्ते विकल्पपदमुच्चरेत् ।।
अपनयान्ते धर्मं फट् स्वाहा पदविशुद्धये ।
तारं माया च वह्निजाया स्मृतमाचमने मनु: ।।

कुलकुशास्तु—

सुवर्णं रजतञ्चैव जपपूजादिकर्मसु ।
कुशकार्यकरं प्रोक्तं न तु वन्या: कुशा: कुशा: ।

तर्जन्या रजतं धार्यं स्वर्णं धार्यमनामया ॥

पीठं यथा—

श्मशानं तत्र सञ्चिन्त्य तत्र कल्पद्रुमं स्मरेत् ।
तन्मूले मणिपीठञ्च नानामणिविभूषितम् ॥
नानालङ्कारभूषाढ्यं मुनिदेवैश्च भूषितम् ।
शिवाभिर्बहुमांसास्थिमोदमानाभिरन्ततः ॥
चतुर्दिक्षु शवमुण्डचिताङ्गारास्थिभूषितम् ।
तन्मध्ये भावयेद्देवं यथोक्तध्यानयोगतः ॥

महाशङ्खाभावे स्फाटिकी माला कर्त्तव्या। तथा च—

महाशङ्खेऽप्यशक्तश्चेत् स्फाटिकी मालया जपेत् ।

महाशङ्खस्तु तन्त्रान्तरे—

नृललाटास्थिखण्डेन रचिता जपमालिका ।
महाशङ्खमयी माला ताराविद्याजपे प्रिया ।
कर्णनेत्रान्तरस्थास्थि महाशङ्ख: प्रकीर्तित: ॥
तुलसीगोमयस्पृष्टं तथा गङ्गोदकेन च ।
अस्पृश्यं तच्च जानीयात् शालग्रामशिलादिभि: ॥

तारामन्त्रेषु कुल्लुकाज्ञानमावश्यकम्। तथा च मत्स्यसूक्ते—

कुल्लुकां यो न जानाति महामन्त्रं जपेन्नरः !
पञ्चत्वं जायते तस्य अथवा वातुलो भवेत् ॥

तारा देवी के मन्त्रजप की विधि—मूलाधार, स्वाधिष्ठान और मणिपूर तीन चक्रों में ह्रीं स्त्रीं हूं का जप करे। जप करते समय बीजत्रय का ध्यान करे। ये करोड़ों बिजलियों के समान उज्ज्वल परस्पर ग्रथित रूप में व्याप्त हैं। फिर भावना करे कि हृदय में सर्वतेजोमय विश्रान्तिस्वरूप 'फट्' विद्यमान है।

नीलतन्त्र में वर्णन है कि ध्यानपूर्वक मन्त्रजप करने से सर्वज्ञता प्राप्त होती है। साधक ब्रह्महत्या जैसे पापों से मुक्त हो जाता है। मूलाधार में कोटिसूर्यवत् प्रभा वाली ह्रीं बीज, स्वाधिष्ठान में पीत वर्ण स्त्रीं बीज, नाभिदेश में मेघवर्ण हूं बीज और हृदय में कालाग्नि के समान ज्योतिष्मती तथा केवल योगियों द्वारा दर्शनीय मूल देवता के ध्यान करते-करते मूल मन्त्र का जप करे।

'फेत्कारिणी तन्त्र' में वर्णन है कि 'गुह्यातिगुह्यगोप्त्रीत्वं' इत्यादि मन्त्र से अर्घ्योदक द्वारा देवी के वाम हस्त में जप को समर्पित करे।

एक लाख जप से इस मन्त्र का पुरश्चरण होता है। पूर्वोक्त ढंग से मन्त्र का ध्यान करके हविष्याशी साधक अनन्य मन से एक लाख जप करे। रहस्यमाला से मन्त्रजप करना चाहिये।

'महाशंखमाला' से जप करने पर मन्त्र शीघ्र सिद्ध होता है। प्रवालादि के पचास मनकों की माला से जप करने पर सर्वार्थ सिद्ध होते हैं। महाशंख के अभाव में स्फटिक-माला से जप करे।

तन्त्रान्तर में लिखा है कि मनुष्य की ललाटास्थि से निर्मित माला का नाम महाशंख-माला है। मतान्तर से ताराविद्या के जप में यही माला प्रशस्त है। महाशंखमाला से तुलसी, गोमय, गंगाजल और शालग्रामशिला का स्पर्श न करावे।

तारामन्त्र के जप में कुल्लुका का ज्ञान आवश्यक है। मत्स्यसूक्त में लिखा है कि कुल्लुका को जाने विना तारामन्त्र के जप से मृत्यु अथवा उन्माद होता है।

मायातन्त्रे—

कुल्लकां धारयेच्छीर्षे लिखित्वा भूर्जपत्रके ।
राजद्वारे सभायाञ्च विजयो भवति ध्रुवम् ॥ इति।
एवमुक्तेन जप्त्वा तु तद्दशांशेन होमयेत् ।
तर्पणञ्चाभिषेकञ्च दशांशं विप्रभोजनम् ॥
तर्पयेच्च परां देवीं तत्प्रकार इहोच्यते ।

तथा च सिद्धसारस्वते—

एवं जपं पुरा कृत्वा दशांशमसितोपलैः ।
आज्याक्तैर्जुहुयान्मन्त्री तद्दशांशेन तर्पणम् ॥

तत्रैव—

एवं जपं पुरा कृत्वा दशांशमसितोपलैः ।
आज्याक्तैर्जुहुयान्मन्त्री बिल्वैर्वा जुहुयात्ततः ॥
कालागुरुद्रवोपेतैर्विमलैर्गन्धवारिभिः ।
तर्पयेच्च परां देवीं तत्प्रकार इहोच्यते ॥
जले चावाह्य विधिवत् पाद्याद्यैरुदकात्मकैः ।
सन्तर्प्य विधिवद्देवीं परिवारान् पृथक्पृथक् ॥

अभिषेको यथा—

देवीबुद्ध्या स्वमात्मानं सम्पूज्य साधकोत्तमः ।
तारिणीं सिञ्चयामीति जलं मूर्ध्नि विनिक्षिपेत् ॥

मायातन्त्र में लिखा है कि भोजपत्र पर कुल्लुका मन्त्र को लिखकर मस्तक पर धारण करने से राजद्वार में और सभा में विजय मिलती है।

पुरश्चरण-क्रिया में पूर्वोक्त ढंग से जप और मार्जन कर दशांश ब्राह्मणभोजन कराना चाहिये। सिद्धसारस्वत के मत से जप के अन्त में दशांश संख्या में घी-मिश्रित बेल या नीलकमल से हवन करे। तब कालागुरु और चन्दनयुक्त निर्मल जल से होम का दशांश तर्पण करे। इसके लिये विधिवत् देवी का आवाहन कर केवल जपरूप पाद्यादि उपचारों से पूजन करे। फिर यथाविधि मूल देवी का तर्पण कर परिवारदेवों का एक-एक बार तर्पण करे। इसके बाद मार्जन करे। अपनी आत्मा को देवीस्वरूपा मानकर 'तारिणीं अभिसिंचामि' से अपने शिर पर जल-निक्षेप करे।

मन्त्रभेदाः

एकवीराकल्पे—

लिखेत् खं कूर्चसंयुक्तं रौद्रं त्रैगुण्यमेव च ।
विधिविष्णुमहेशानां स्वशक्त्या क्रमयोगतः ।
एषा विद्या महाविद्या सर्वसिद्धिप्रदा मता ॥

अस्यार्थः—खं खस्वरूपं न त्वाकाशबीजम्। तथा च तन्त्रे—

ऋद्धिसंज्ञं समुद्धृत्य विन्दुनादविभूषितम् ।

इति वचनात्। रौद्रं प्रासादं, त्रैगुण्यं प्रणवं, विधिशक्तिर्वाग्भवं विष्णुशक्तिः रमाबीजं महेशशक्तिर्भुवनेशीबीजम्।

ध्यानार्चनप्रकारश्च तारिण्याः पूर्ववद्भवेत् ।

प्रणवं भुवनेश्वरीं हां कूर्चबीजं नमस्तारायै सकलदुस्तरं तारय तारय प्रणवयुग्मं वह्निजाया। तथा च नीलतन्त्रे—

प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य हृल्लेखाबीजमुद्धरेत् ।
गगनं शेषसंयुक्तं विन्दुनादविभूषितम् ॥
कूर्चबीजञ्च हृदयं तारायै च समुद्धरेत् ।
सकलदुस्तरं तारय तारयेति ततः पुनः ॥
तारयुग्मं वह्निजाया मन्त्रोऽयं सुरपादपः ।
ध्यानपूजादिकं सर्वं पूर्ववत्समुपाचरेत् ॥

अस्य पुरश्चरणं चतुर्लक्षजपः। तदुक्तं तत्रैव—

चतुर्लक्षजपेनास्याः सिद्धयोऽष्टौ भवन्ति हि ।

मायातन्त्रे—श्रीभगवानुवाच—

तारा चोग्रा महोग्रा च वज्रा काली सरस्वती ।
कामेश्वरी भद्रकाली इत्यष्टौ तारिणी स्मृता ॥

एतासां मन्त्रमाह—

उष्मवर्णगतोऽजीवो निगमस्वरसंयुतः ।
नादविन्दुसमाक्रान्तस्तत्त्वरश्मिसमन्वितः ।
कपिलो वामकर्णस्थो नादाढ्यो विन्दुशेखरः ॥
पार्श्वान्तञ्च तथा आन्तं शरान्तं परिकीर्तितम् ॥
मध्यादिमायाकवचं द्वितीयं मन्त्रमुद्धृतम् ।
विपरीतं त्रिधा ज्ञेयं कूर्चाद्यञ्च तुरीयकम् ॥
मायादिकवचान्तञ्च पञ्चमं परिकीर्तितम् ।
मायामध्यगतं षष्ठं द्वितीयान्तञ्च सप्तमम् ॥
अष्टमं कवचं मध्यमेकं भेदाष्टकं भवेत् ।

अस्यार्थः—उष्मवर्णो रेफः, अजीवो हकारः, निगमस्वर ईकारः, तत्त्वरश्मिर्वधूबीजं, कपिलो हकारः, पार्श्वः पकारः, तस्यान्तः फकारः, आन्तष्टकारः, शरान्तं फडन्तं तेन पञ्चाक्षरः प्रकृतिः। मध्यादीति तेन वधूर्माया कूर्चं फट्। विपरीतमिति आद्यन्तबीजयोर्वैपरीत्यमत्र। तेन कूर्चं वधूर्माया फट्। कूर्चेति कूर्चं माया वधूः फट्। मायादीति। तेन माया वधूः फट् कूर्चम्। मायेति तेन वधूर्माया फट् कूर्चम्। द्वितीयेति तेन माया कूर्चं वधूः फट्। अष्टमेति वधूः कूर्चं माया फट्।

ऋषि स्यादष्टकश्छन्दोऽनुष्टुप् च देवता तथा ।
शम्भुपत्नी महेशानि चतुवर्गेषु योजयेत् ।।
काललक्षं जपेन्मन्त्रमेवमुक्तेन वर्त्मना ।
ध्यानपूजादिकं सर्वं पूर्ववत्समुपाचरेत् ।।
त्र्यक्षरस्यैव भेदोऽयं फटौ यत्र न तत्र वै ।
जप्ये तु त्र्यक्षरं ज्ञेयं न्यासे सर्वं प्रतिष्ठितम् ।।

तारामन्त्रावली—एकवीराकल्प में उल्लिखित है कि 'खं हूं हौं ॐ ऐं श्रीं ह्रीं' इस सप्ताक्षर मन्त्र से देवी की उपासना करने से सभी सिद्धियाँ मिलती हैं। ध्यान-पूजा-पुरश्चरण पूर्ववत् है।

नीलतन्त्र के अनुसार मन्त्र है—ॐ ह्रीं हां हूं नमस्तारायै सकलदुस्तरं तारय तारय ॐ ॐ स्वाहा। यह मन्त्र कल्पवृक्ष के समान है। पूजनादि पूर्ववत् है।

चार लाख जप से इसका पुरश्चरण होता है। इस मन्त्र से उपासना करने पर आठो प्रकार के ऐश्वर्य प्राप्त होते हैं।

मायातन्त्र में लिखा है कि तारिणी देवी के आठ रूप हैं—तारा, उग्रा, महोग्रा, वज्रा, नीला, सरस्वती, कामेश्वरी और भद्रकाली। इनमें से प्रत्येक के मन्त्र हैं, जो कुल आठ हैं। जैसे—१. तारा—ह्रीं स्त्रीं हूं फट्, २. उग्रा—स्त्री ह्रीं हूं फट्। ३. महोग्रा—हूं स्त्री हीं फट्। ४. वज्रा—हूं हीं स्त्रीं फट्। ५. नीला—ह्रीं स्त्रीं फट् हूं। ६. सरस्वती—स्त्रीं ह्रीं फट् हूं। ७. कामेश्वरी—स्त्रीं हूं स्त्रीं फट्। ८. भद्रकाली—स्त्रीं हूं ह्रीं फट्।

इस आठो मन्त्रों के ऋषि अष्टक, छन्द अनुष्टुप्, देवता शम्भुपत्नी और विनियोग चतुर्वर्ग-प्राप्ति है।

पूर्वोक्त प्रकार से छः लाख जप से इनका पुरश्चरण होता है। ध्यान और पूजा पूर्वोक्त प्रकार का है। ह्रीं स्त्रीं हूं त्र्यक्षर मन्त्र जप में और ह्रीं स्त्री हूं फट् न्यासादि में प्रशस्त है।

मन्त्रान्तरम्

प्रणवं तारे तु तारे तत्ता वह्निवल्लभा ।

तदुक्तं गान्धर्वे—

प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य तारे तु तारे तथा ।
तत्ता स्वाहेति मन्त्रोऽयं दशाक्षर उदाहृतः ।।

अस्या ध्यानं स्वतन्त्रतन्त्रे—

श्यामवर्णां त्रिनयनां द्विभुजां वरपङ्कजे ।
दधानां बहुवर्णाभिर्बहुरूपाभिरावृताम् ।।

शक्तिभिः स्मेरवदनां स्मेरमौक्तिकभूषणाम् ।
रत्नपादुकयोर्न्यस्तपादाम्बुजयुगां स्मरेत् ॥

अस्य पूजादिकं पूर्ववत्कार्यम्। पुरश्चरणन्तु दशलक्षजपः। तदुक्तं तत्रैव—

वर्णलक्षं जपेद्धीमान्नियमेन यथाविधि ।
दशांशं जुहुयान्मन्त्री घृताक्तै रक्तपुष्पकैः ॥

वाग्भवं भुवनेशानी प्रणवं पुनर्वाग्भवः भुवनेश्वरी फट् स्वाहा। तदुक्तं मातृकार्णवे—

वाग्भवं कुलदेवीञ्च तारकं वाग्भवं तथा ।
हृल्लेखा चास्त्रमन्त्रान्ते वह्निजायावधिर्मनुः ।
अष्टाक्षरो मनुः प्रोक्तो वेदमातुरनुत्तमः ॥
पञ्चाङ्गान्यस्य मन्त्रस्य पञ्चबीजैः प्रकल्पयेत् ।
अस्त्रं शेषाक्षरैर्न्यस्य कृतकृत्यो भवेन्नरः ।
ध्यानपूजादिकं सर्वं पूर्ववच्च समाचरेत् ॥

मत्स्यसूक्ते—

प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य पद्मे युग्मं तथैव च ।
महापद्मे पदं ब्रूयात्पद्मावति पदं ततः ।
माये स्वाहेतिमन्त्रोऽयं प्रोक्तः सप्तदशाक्षरः ॥
पूर्ववदुद्दिष्टा अर्द्धरात्रे चतुष्पथे ।
जपमस्याश्चरेद्यस्तु स स्याद्द्रुतकविस्तथा ॥

हंसः प्रणवं माया वधूबीजं कूर्चबीजं हंसः। तदुक्तं स्वच्छन्दसंग्रहे—

शिवबीजं महेशानि शक्तिबीजं ततः परम् ।
विन्दुसर्गसमायुक्तं वेदाद्यं तदधः क्रमात् ॥
माया स्त्री वर्मबीजान्ते हंसबीजमुदाहृतम् ।
एषा अष्टाक्षरी विद्या कथिता भुवि दुर्लभा ॥
पञ्चाक्षरी च या विद्या हिंसाद्यन्ता महोदया ।
केवलं त्वत्प्रसादेन तव स्नेहात् प्रकीर्तिता ।
अनयोर्जपपूजादीन् पञ्चाक्षरीवदाचरेत् ॥

तन्त्रान्तरे—

लज्जायुगं वधूबीजं ततो दीर्घतनुच्छदम् ।
सारस्वतोऽपरो मन्त्रः सम्प्रोक्तश्चतुरक्षरः ।

तदन्ते यदि फट्कारो मनुः पञ्चाक्षरो भवेत् ॥

तथा—

तारशक्तिवधूबीजान्यन्ते दीर्घतनुच्छदम् ।
अस्त्रमग्निवधूरन्ते मनुः सप्ताक्षरो भवेत् ॥
मन्त्रमात्रेष्वयं प्रोक्तस्तथा दीर्घेण वर्मणा ।
पुटितश्च वधूबीजमपरोऽसौ गुणाक्षरः ॥

गन्धर्वतन्त्रोक्त दशाक्षर मन्त्र है—ॐ तारे तु तारे तत्ता स्वाहा। स्वतन्त्र-तन्त्र के अनुसार इसका ध्यान इस प्रकार का है—

श्यामवर्णां त्रिनयनां द्विभुजां वरपङ्कजे ।
दधानां बहुवर्णाभिर्बहुरूपाभिरावृताम् ।।
शक्तिभिः स्मेरवदनां स्मेरमौक्तिकभूषणाम् ।
रत्नपादुकयोर्न्यस्तपादाम्बुजयुगां स्मरेत् ।।

तारा देवी का वर्ण श्याम है। तीन नेत्र और भुजायें दो हैं। एक हाथ में वरमुद्रा और दूसरे हाथ में कमल है। देवी के चारो ओर नाना रूप की नाना वर्ण की शक्तियाँ हैं। सभी हास्यवदना हैं। समुज्ज्वल मोतियों से विभूषित हैं। देवी के दोनों चरणकमल रत्नजटित पादुकाओं पर हैं। ध्यान-पूजनादि पूर्ववत् हैं। पुरश्चरण दस लाख जप से होता है। जप का दशांश घीमिश्रित रक्तपुष्पों से हवन होता है।

'मातृकार्णवतन्त्र' अनुसार अष्टाक्षर मन्त्र है—ॐ ह्रीं ॐ ऐं ह्रीं फट् स्वाहा। इसका अंगन्यास इस प्रकार का है—ऐं हृदयाय नमः। ह्रीं शिरसे स्वाहा। ॐ शिखायै वषट्। ऐं कवचाय हुं। ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ अस्त्राय फट्। इसी प्रकार करन्यास भी करे। ध्यान-पूजादि पूर्वोक्त पद्धति से करे।

मत्स्यसूक्त के अनुसार सप्तदशाक्षर मन्त्र यह है—ॐ पद्मे पद्मे महापद्मे पद्मावति ह्रीं ह्रीं स्वाहा। इसकी पूजा भी पूर्ववत् है। आधी रात में चौराहे पर इस मन्त्र का जप करने से शीघ्र कवित्व-लाभ होता है।

हंसः ॐ ह्रीं स्त्रीं हूं हंसः—यह अष्टाक्षर मन्त्र स्वच्छन्दतन्त्र के अनुसार है। यह भूतल में दुर्लभ है।

हंसः ह्रीं स्त्रीं हूं फट् हंसः मन्त्र महा अभ्युदयकारक है। इन दोनों मन्त्रों की पूजा पूर्वोक्त पञ्चाक्षर मन्त्र के समान करे।

९. ह्रीं ह्रीं स्त्रीं हूं—चतुरक्षर मन्त्र विद्यादायक है।

१०. ह्रीं ह्रीं स्त्रीं हूं फट्—यह पञ्चाक्षर मन्त्र है।

११. ॐ ह्रीं स्त्रीं हूं फट् स्वाहा—यह सप्ताक्षर मन्त्र है।

१२. हूं स्त्री हूं—यह त्र्यक्षर मन्त्र है।

रहस्यपुरश्चरणं यथा—

अशक्तानाञ्च मे देव पुरश्चरणमुच्यताम्।
अथवान्यप्रकारेण पुरश्चरणमुच्यते ॥
कुजे वा शनिवारे वा नरमुण्डं समाहृतम्।
पञ्चगव्येन मिलितं चन्दनाद्यैर्विशेषतः।
निक्षिप्य भूमौ हस्तार्द्धमानतः कानने वने ॥
तत्र तद्दिवसे रात्रौ सहस्त्रं यदि मानतः।
एकाकी प्रजपेन्मन्त्री स भवेत् कल्पपादपः ॥
अथवान्यप्रकारेण पुरश्चरणमिष्यते।
शवमानीय तद्वारे तेनैव परिखन्यते ॥
तद्दिनात्तद्दिनं यावत्तावदष्टोत्तरं शतम्।
स भवेत् सर्वसिद्धीशो नात्र कार्या विचारणा ॥
अथवान्यप्रकारेण पुरश्चरणमिष्यते।
अष्टम्याञ्च चतुर्दश्यां पक्षयोरुभयोरपि ॥
सूर्योदयं समारभ्य यावत् सूर्योदयान्तरम्।
तावज्जप्त्वा निरातङ्कः सर्वसिद्धीश्वरो भवेत् ॥
अथवान्यप्रकारेण पुरश्चरणमिष्यते।
शरत्काले चतुर्थ्यादि नवम्यन्तं विशेषतः।
भक्तितः पूजयित्वा तु रात्रौ तावत् सहस्त्रकम् ॥
जपेदेकाकी विजने केवलं तिमिरालये।
अष्टम्यादिनवम्यन्तमुपवासपरो भवेत् ॥

मुण्डमालातन्त्रे—

कृष्णाष्टमीं समारभ्य यावत्कृष्णाष्टमी भवेत्।
सहस्त्रसंख्यजप्तेन पुरश्चरणमिष्यते ॥
कृष्णां चतुर्दशीं प्राप्य नवम्यन्तं महोत्सवे।
अष्टमी-नवमीरात्रौ पूजां कुर्याद्विशेषतः ॥
दशम्यां पारणं कुर्यान्मत्स्यमांसादिभिर्युतम्।
षट्सहस्त्रं जपेन्नित्यं भक्तिभावपरायणः ॥
चतुर्दशीं समारभ्य यावदन्या चतुर्दशी।

तावज्जप्ते महेशानि पुरश्चरणमिष्यते ।
केवलं जपमात्रेण मन्त्राः सिद्धा भवति हि ।।
सूर्योदयं समारभ्य यावत् सूर्योऽस्तगो भवेत् ।
तावज्जप्त्वा महेशानि पुरश्चरणमिष्यते ।।

रहस्य पुरश्चरण—देवि ने पूछा कि हे देव! असमर्थ व्यक्ति किस प्रकार पुरश्चरण करे। भगवान् शिव ने पुरश्चरण की विधि इस प्रकार की बताई। मंगल या शनिवार को एक नरमुंड लाकर उसे पञ्चगव्य से सिक्त करके चन्दनचर्चित करे। तब दूर या समीप के वन में आधा हाथ नीचे भूमि के अन्दर उसे गाड़ दे। रात में अकेले उसी स्थान पर बैठकर एक हजार मन्त्र जप करने से पुरश्चरण पूरा हो जाता है। इस पुरश्चरण से साधक कल्पवृक्ष के समान हो जाता है।

मतान्तर से पुरश्चरण विधि—मंगल या शनिवार को एक शव लाकर उक्त पद्धति से द्वारदेश में आधे हाथ भूमि के नीचे उसे स्थापित करे। तब उसके ऊपर बैठकर मन्त्र का जप करे। जिस दिन पहले पहल जप करे, उस दिन से पुन: उसी दिन तक प्रतिदिन १०८ बार जप करे। इस प्रकार अष्टाह जप होने से पुरश्चरण होता है। इस पुरश्चरण से साधक सभी सिद्धियों का स्वामी हो जाता है।

प्रकारान्तर पुरश्चरण—शुक्ल पक्ष अथवा कृष्णपक्ष की अष्टमी या चतुर्दशी तिथि के सूर्योदयकाल से प्रारम्भ करके पुन: सूर्योदय तक जप करे। इस प्रकार के पुरश्चरण से साधक निर्भीक और अणिमादि अष्ट सिद्धियों का स्वामी होता है।

अन्य प्रकार का पुरश्चरण—शरत्काल की चतुर्थी तिथि से नवमी तिथि तक प्रतिदिन निशाकाल में भक्तिपूर्वक देवी का पूजन करके एक हजार बार मन्त्रजप करे। जनशून्य अन्धकारपूर्ण गृह में एकाकी बैठकर जप करना चाहिये। अष्टमी और नवमी में उपवास रहकर जप करे।

मुण्डमालातन्त्र में लिखा है कि कृष्णाष्टमी से प्रारम्भ कर पुन: कृष्णाष्टमी तक प्रतिदिन एक हजार जप करे। इस प्रकार एक माह तक जप करने से पुरश्चरण सिद्ध होता है।

वीरसाधनम्

तदुक्तं वीरतन्त्रे—

अष्टम्याञ्च चतुर्दश्यां पक्षयोरुभयोरपि ।
कृष्णपक्षे विशेषेण साधयेद्वीरसाधनम् ।।
तत्सार्द्धप्रहरे यामे गते च सुरसुन्दरि ।
शवं वापि चितां वापि नीत्वा गत्वा यथासुखम् ।

साधयेत् स्वहितं मन्त्री मन्त्रध्यानपरायणः ॥
भयं नैव तु कर्तव्यं हास्यं तत्र विवर्जयेत् ।
चतुर्दशीं न वीक्षेत मन्त्रमेवं समभ्यसेत् ॥

अथ पूजाद्रव्यम्—

सामिषान्नं गुडं छागं सुरापायसपिष्टकम् ।
नानाफलञ्च नैवेद्यं स्वस्वकल्पोक्तसाधितम् ॥
चितास्थानं समानीय सुहृद्भिः शस्त्रपाणिभिः ।
समामगुणसम्पन्नैः साधयेद्वीतभीः स्वयम् ॥

तथा च योगिनीहृदये—

बल्यर्थं सामिषान्नञ्च गुडं छागं तथा मधु ।
पिष्टकं परमान्नञ्च पयो मूलं फलं तथा ॥
सप्तपात्रं बलिं कृत्वा चतुःपात्रं चतुर्दिशि ।
पात्रत्रयं सदा मध्ये स्थापयेन्मनुनामुना ॥
गुरुं वा भ्रातरं वापि ब्राह्मणान् वापि सुव्रतान् ।
अन्यानपि च रक्षार्थं किञ्चिद्दूरे निवेशयेत् ॥

चितालक्षणं यथा—

असंस्कृता चिता ग्राह्या न तु संस्कारसंस्कृता ।
चाण्डालादिषु सम्प्राप्ता केवलं शीघ्रसिद्धिदा ॥

अथाधिकारिलक्षणं यथा—

महाबलो महाबुद्धिर्महासाहसिकः शुचिः ।
महास्वच्छो दयावांश्च सर्वभूतहिते रतः ॥

ततः सामान्यार्घ्यं विधाय स्वस्तिवाचनपूर्वकं सङ्कल्पं कुर्यात्। यथा—ओमद्येत्यादि अमुकगोत्रः श्रीअमुकदेवशर्मा अमुकमन्त्रसिद्धिकामः श्मशानसाधनमहं करिष्ये। इति सङ्कल्प्य—

वस्त्रालङ्कारभूषद्यैर्भूषितः पूर्वदिङ्मुखः ।
अस्त्रान्तमूलमन्त्रेण प्रोक्षणं यागभूमिषु ॥
मूलमन्त्रेण फट्कारान्तेनेत्यर्थः ।
गुरुपादरजो ध्यात्वा गणेशं वटुकं तथा ।
योगिनीं मातृकाञ्चैव वामपादपुरःसरम् ॥

तथा च—गणेशादिकं सम्पूज्य अस्त्रमन्त्रेणात्मानं संरक्ष्य। तथा च—

अस्त्रमन्त्रेण मन्त्रज्ञो रक्षामात्मनि कारयेत् ।

ततः पुष्पाञ्जलित्रयं चितायां क्षिपेत्। तदुक्तं वीरतन्त्रे—

ये चात्र संस्थिता देवा राक्षसाश्च भयानकाः ।
पिशाचाः सिद्धयो यक्षा गन्धर्वाप्सरसां गणाः ।
योगिन्यो मातरो भूताः सर्वाश्च खेचरा स्त्रियः ॥
सिद्धिदास्ता भवन्त्यत्र तथा च मम रक्षकाः ।
प्रणम्य मनुनानेन पुष्पाञ्जलित्रयं क्षिपेत् ॥

वीरसाधना—वीरतन्त्र में लिखा हैं कि कृष्ण अथवा शुक्लपक्ष की अष्टमी या चतुर्दशी में वीरसाधना करनी चाहिये। डेढ़ प्रहर रात बीत जाने पर चितास्थान में एक शव लाकर मन्त्रध्यानपरायण होकर अपने हितसाधन का कार्य करे। इस साधनकाल में किसी प्रकार से भयभीत न हो। हँसे नहीं। किसी ओर देखे विना एकाग्र मन से केवल मन्त्र का जप करता रहे।

वीरसाधन के लिये आवश्यक सामग्री है—सामिषान्न, गुड़, तीन छाग, सुरा, पायस, बड़ा, विविध फल और अपने कल्प के विहित नैवेद्य। इन सभी पदार्थों को श्मशान में लाकर निर्भीक हृदय हो समान गुण वाले बन्धुगण के साथ वीरसाधन करे।

योगिनीहृदय में लिखा है कि बलि के लिये सामिषान्न, गुड़, छाग, मधु, बड़ा, परमान्न, दूध, फल, मूल—कुल नव पदार्थों को संगृहीत करे। बलिद्रव्य को सात पात्रों में रक्खे। चार पात्रों को चार दिशाओं में रक्खे। मध्य में तीन पात्रों को रखकर मन्त्र-पाठसहित उन्हें निवेदित करे। गुरु, भाई या व्रतशील ब्राह्मण को आत्मरक्षा के लिये कुछ दूरी पर स्थित रक्खे। वीरसाधन के लिये असंस्कृत चिता प्रशस्त है। जलसिंचन आदि द्वारा परिष्कृत चिता में वीरसाधन न करे। चांडाल आदि की चिता से वीरसाधन कार्य में शीघ्र सफलता मिलती है। जो व्यक्ति बड़ा बलवान हो, अति बुद्धिमान हो, अति साहसी हो, पवित्र सरल मन, दानी और सभी प्राणियों का हितैषी हो, वही वीरसाधन करने का अधिकारी है।

उक्त प्रकार का अधिकारी साधक सामान्य अर्घ्य स्थापित करके स्वशाखोक्त स्वस्ति-वाचनपूर्वक निम्न प्रकार का संकल्प करे—ॐ अद्येत्यादि अमुकगोत्रः श्री अमुकदेवशर्मा अमुकमन्त्रसिद्धिकामः (अथवा अमुकसिद्धिकामः) श्मशानसाधनमहं करिष्ये।

इसके बाद विविध वस्त्राभूषण से सुसज्जित होकर पूर्व की ओर मुख करके बैठे। मूल मन्त्र के अन्त में फट् जोड़कर यागस्थान का प्रोक्षण करे। गुरुचरण का ध्यान करके गणेश वटुक योगिनी मातृकाओं का पूजन करके बाँयें पैर को आगे करके चितास्थल में प्रवेश करे। तब फट् से आत्मरक्षा करके निम्न मन्त्र से प्रणाम कर तीन पुष्पाञ्जलियाँ अर्पण करे।

ये चात्र संस्थिता देवा राक्षसाश्च भयानका:।
पिशाचा: सिद्धयो यक्षा गन्धर्वाप्सरसां गणा:।।
योगिन्यो मातरो भूता: सर्वाश्च खेचरा: स्त्रिय:।
सिद्धिदास्ता भवन्त्यत्र तथा च मम रक्षका:।।

श्मशानाधिपतिं पश्चाद्भैरवं कालभैरवम् ।
महाकालं यजेत् पश्चात् पूर्वादिदिक्चतुष्टये ॥
शब्दबीजं ततः पश्चात् श्मशानाधिप तत्परम् ।
इममन्ते सामिषान्नबलिं गृह्ण ततः परम् ॥
गृह्ण गृह्णापयद्वन्द्वं विघ्ननिवारणं ततः ।
कुरु सिद्धिं ममान्तञ्च प्रयच्छ स्वाहयान्वितम् ॥
प्रणवाद्येन मनुना प्रथमो बलिरीरितः ।
मायास्ते भैरवात् पश्चाद्भयानक ततः परम् ॥
पूर्ववद्बलिमुद्धृत्य दक्षिणे बलिमाहरेत् ।
पश्चिमे कालदेवाय प्रणवाद्येन कल्पयेत् ॥
शवान्ते कालशब्दान्ते भैरवेति ततः परम् ।
श्मशानाधिप इत्येवं पूर्ववच्चोत्तरे हरेत् ॥
हूमन्ते च महाकालात्पश्चात् पूर्ववदुच्चरेत् ।
श्मशानाधिप इत्येवः पूर्ववद्बलिमाहरेत् ।
पाद्यादिभिश्च मन्त्रज्ञो बलिं पश्चान्निवेदयेत् ॥

तद्यथा—श्मशानाधिपतिं पञ्चोपचारैः सम्पूज्यानेन मन्त्रेण बलिं दद्यात्। तद्यथा—ॐ हूं श्मशानाधिप इमं सामिषान्नबलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कुरु सिद्धिं मम प्रयच्छ स्वाहा। ततो भैरवं पूर्ववत् सम्पूज्य दक्षिणस्यां ह्रीं भैरव भयानक इमं सामिषान्नबलिमित्यादि। ततः पश्चिमे कालभैरवं सम्पूज्य हूं कालभैरव श्मशानाधिप इमं सामिषान्नबलिमित्यादि। उत्तरे महाकाल-मभ्यर्च्य हूं महाकाल श्मशानाधिप इमं सामिषान्नबलिमित्यादि।

चितामध्ये ततो दद्याद्बलित्रयमनुत्तमम् ।
कालरात्रि महाकालि कालिके घोरनिःस्वने ॥
गृहाणेमं बलिं मातर्देहि सिद्धिमनुत्तमाम् ।
कालिकायै बलिं दत्त्वा भूतनाथाय दापयेत् ॥
शब्दान्ते भूतनाथान्ते श्मशानाधिप इत्यपि ।
प्रणवाद्येन मनुना दापयेद्बलिमुत्तमम् ॥

शब्दान्ते तु सर्वगणनाथान्ते चाधिपाय च ।
श्मशानमस्तके दत्त्वा पूर्ववच्च समुद्धरेत् ॥
ताराद्येन बलिं दत्त्वा पञ्चगव्येन सुन्दरि ।
अद्भिश्च प्रोक्षणं कृत्वा पीतवस्त्रं न्यसेत्ततः ॥
भूर्जे वा वटपत्रे वा तत्र पीठमनुं न्यसेत् ।
पीठमास्तीर्य तस्मिन् वै बद्धवीरासनस्ततः ।
वीरार्दनेन मनुना रक्षां दिक्षु प्रकल्पयेत् ॥

अस्यार्थः—श्मशानास्थ्यादिकं पञ्चगव्येन सम्प्रोक्ष्य, भूर्जपत्रादौ तत्तत्कल्पोक्तपीठमन्त्रं लिखित्वा तत्र व्याघ्रचर्मादिपीठमास्तीर्य तत्र वीरासनक्रमेणोपविश्य, वीरार्दनेन मन्त्रेण चतुर्दिक्षु रक्षां कुर्यात् ।

वीरार्दनमन्त्रस्तु—हूं हूं ह्रीं ह्रीं कालिके घोरदंष्ट्रे प्रचण्डे चण्डनायिके दानवान् दारय हन हन शवशरीरे महाविघ्नं छेदय छेदय स्वाहा हूं फडिति।

अनेन मन्त्रितं लोष्ट्रं दशदिक्षु विनिक्षिपेत् ।
तन्मध्ये भैरवो देवो न विघ्नैः परिभूयते ॥

नीलतन्त्रे—

कूर्चद्वयं ततो देवि मायायुग्मं ततः परम् ।
कालिके घोरदंष्ट्रे च प्रचण्डे चण्डनायिके ॥
दानवान् दारयेत्युक्त्वा हनेति द्वितयं पुनः ।
शवशरीरे महाविघ्नं छेदय द्वितयं पुनः ।
द्विठान्तो वर्म चास्त्रान्तो वीरार्दनमनुर्मतः ॥
यदि प्रमादाद्देवेशि साधको भयविह्वलः ।
ततस्तैस्तैः सुहृद्वर्गैं रक्षितो नाभिभूयते ॥

सितार्ककर्पूरसितवाट्यालकतूलैर्वर्त्तिकां निर्माय, तत्र प्रदीपं संस्थाप्य, देव्यस्त्रेभ्यो नमः इत्यस्त्रं सम्पूज्य, अधस्थाज्ज्वलत्प्रदीपं निखनेत्। तथा च—

अर्केन्दुसितवाट्यालतूलैर्निर्मितवर्तिकाम् ।
प्रदीपं तत्र संस्थाप्य अस्त्रं तत्र प्रपूजयेत् ॥
हते तस्मिन् महादीपे विघ्नैश्च परिभूयते ।
तदधश्चास्त्रमन्त्रेण निखनेत्कुलदीपकम् ॥

ततस्तत्कल्पोक्तभूतशुद्ध्यादिन्यासजालं विधाय इष्टदेवतां सम्पूज्य, सङ्कल्पमन्त्रं जपेत्। सङ्कल्पस्तु—

अद्येत्यादि अमुकगोत्रः श्रीअमुदेवशर्मा अमुकमन्त्रसिद्धिकामः अमुकमन्त्रस्यामुकसंख्यकजपमहं करिष्ये इति सङ्कल्प्य देवताध्यानपुरःसरं मन्त्रं जपेत्। तथा च—

तत्तत्कल्पविधानेन भूतशुद्ध्यादिकं चरेत् ।
षोढां वा तारकं वापि विन्यस्य पूजयेत्ततः ।
मन्त्रध्यानपरो भूत्वा जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ॥

पूर्व दिशा में श्मशानाधिपति की पूजा करे। 'ॐ हूं श्मशानाधिप इमं सामिषान्नं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कुरु सिद्धिं मम प्रयच्छ स्वाहा' से उन्हें बलि अर्पित करे। दक्षिण दिशा में भैरव की पूजा करके बलि प्रदान करे। बलिमन्त्र है—'ॐ ह्रीं भैरव भयानक इमं सामिषान्नं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कुरु सिद्धिं मम प्रयच्छ स्वाहा'। इसके बाद पश्चिम दिशा में कालभैरव की पूजा करके बलि प्रदान करे। इनका बलिमन्त्र है—'ॐ हूं कालभैरव श्मशानाधिप इमं समिषान्नं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कुरु सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा' उत्तर दिशा में महाकाल की पूजा करके उनको बलि प्रदान करे। बलिमन्त्र है—'ॐ हूं महाकाल श्मशानाधिप इमं समिषान्नं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कुरु सिद्धिं मम प्रयच्छ स्वाहा'। इसके बाद चिता के मध्य में शेष तीन बलियाँ क्रमशः निम्न मन्त्रों से प्रदान करे—

१. ॐ कालरात्रि महाकालि इमं सामिषान्नं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कुरु सिद्धिं मम प्रयच्छ स्वाहा।

२. ॐ हूं भूतनाथ श्मशानाधिप इमं सामिषान्नं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कुरु सिद्धिं मम प्रयच्छ स्वाहा।

३. ॐ हूं सर्वगणनाथ श्मशानाधिप इमं सामिषान्नं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कुरु सिद्धिं मम प्रयच्छ स्वाहा।

इसके बाद श्मशानस्थित अस्थि आदि का प्रोक्षण पञ्चगव्य और जल से करे। उस पर पीला वस्त्र बिछाकर वटपत्र या भोजपत्र पर पीठमन्त्र लिखकर पीले वस्त्र पर स्थापित करे। उसके ऊपर बाघम्बर आदि चर्मासन बिछाकर उस पर वीरासन से बैठकर निम्नलिखित वीरार्दन मन्त्र से अभिमन्त्रित लोष्ट्र को दशो दिशाओं में फेंकते हुए दिक्-रक्षण करे—हूं हूं ह्रीं ह्रीं कालिके घोरदंष्ट्रे प्रचण्डे चण्डनायिके दानवान् दारय हन हन शव शरीरे महाविघ्नं छेदय छेदय स्वाहा हुं फट्।

इस प्रकार दशो दिशाओं में रक्षाविधान करके उनके मध्य में बैठकर पूजा करने से भैरवदेव का आगमन होता है। किसी प्रकार की विघ्न-बाधा नहीं होती। साधनकाल में साधक यदि भयभीत हो तो पूर्वोक्त बन्धुवर्ग को सतर्क होकर उसके भय को दूर करना चाहिये।

इसके बाद कर्पूरयुक्त श्वेतार्क की रूई की बत्ती बनाकर दीपक जलाकर रक्खे। उस दीपक के ऊपर ॐ देव्यस्त्रेभ्यो नम: से अस्त्रपूजा करके साधक अपने अधोभाग में फट् मन्त्र से गड्ढा बना कर उक्त प्रज्ज्वलित दीपक को उसमें रक्खे। इस दीपक के बुझने से साधना में विघ्न पड़ता है। अत: वह वायु से बुझे नहीं, इसी से उसे गड्ढे में रखने का विधान है। तदनन्तर संकल्प करे—अद्येत्यादि अमुकगोत्र: श्रीअमुकदेवशर्मा अमुक-मन्त्रसिद्धिकाम: अमुकमन्त्रस्यामुक-संख्यकजपमहं करिष्ये।

स्वकल्पोक्त विधान से भूतशुद्धि आदि करके षोढ़ा या प्रणव न्यास करके पूजा करे। मन्त्रचिन्तनपूर्वक अनन्य चित्त से जप करे।

जपनियमस्तु—

एकाक्षरी यदि भवेद्दिक्सहस्रं ततो जपेत् ।
द्व्यक्षरेऽष्टसहस्रं स्यात्त्र्यक्षरे चायुतार्द्धकम् ।।
अतः परन्तु मन्त्रज्ञो गजान्तकसहस्रकम् ।
निशायां वा समारभ्य उदयान्तं समाचरेत् ।।

गजान्तकमिति अष्टोत्तरसहस्रमित्यर्थः। यद्यसह्यभयं जायते कर्णे नेत्रे वस्त्रेण बन्धयेत्।

ततोऽर्द्धरात्रिपर्यन्तं यदि किञ्चिन्न लक्ष्यते ।
जयदुर्गाख्यमनुना तेनैव सर्षपान् क्षिपेत् ।।

जयदुर्गामन्त्रस्तु—ॐ दुर्गे दुर्गे रक्षणि स्वाहा ।

ॐ तिलोऽसि सोमदेवत्यो गोसवस्तृप्तिकारकः ।
पितॄणां स्वर्गदाता त्वं मर्त्यानां मम रक्षकः ।
भूतप्रेतपिशाचानां विघ्नेषु शान्तिकारकः ।।

इति पठित्वा ईशानादिचतुर्दिक्षु तिलांश्च निक्षिपेत्। ततः सप्तपदं गत्वा तत्रैव संविशेत्। पुनर्देवतां सम्पूज्य जपेत्। ततो यदि वरं वरयेति वदेत्तदा सत्यं कारयेत्। तथा च—

वरं वरय चेत्युक्ते साधकः स्थिरमानसः ।
सत्यन्तु कारयित्वा च वरयेद्वरमुत्तमम् ।।
जपादौ तु बलिं दत्त्वा पश्चादपि बलिं हरेत् ।
जपान्ते जपमध्ये वा देहि देहीति भाषिते ।
तदापि च बलिं दद्यान्महिषं वापि छागलम् ।।

बलिञ्च यवपिष्टमयेन।

यदा बलिं प्रार्थयते नरं कुञ्जरमेव वा ।

दिनान्तरेऽपि दास्यामि स्वीकृत्य स्वगृहं व्रजेत् ।
अपरेऽह्नि ततो दद्यात्पिष्टेन नरकुञ्जरान् ॥

पिष्टेनेति यवधान्योद्भवेनेत्यर्थः। तथा च तन्त्रान्तरे—

यवक्षोदमयं वापि शालिक्षोदमयन्तथा ।
चन्द्रहासेन विधिवत्तत्तन्मन्त्रेण घातयेत् ॥

योगिनीहृदये—

जपान्ते तु बलिं दद्याद्देवतायै यथाविधि ।
महिषं छागलं वापि गृहीत्वा वरमेव च ।
गृहं गच्छेत्स्वसुहृदा सार्द्धं संहृष्टमानसः ॥

ततो दक्षिणां दद्यात्।

समाप्य साधनं देवि दक्षिणां विभवावधि ।
गुरवे गुरुपुत्राय तत्पत्न्यै वा निवेदयेत् ॥

जपनियम—जप का नियम यह है कि एकाक्षर मन्त्र का दस हजार, द्व्यक्षर का आठ हजार, त्र्यक्षर का पाँच हजार और चतुरक्षर आदि मन्त्र का एक हजार आठ जप करे। अथवा रात से प्रारम्भ करके सूर्योदय तक जप करे।

महा भय से यदि साधक व्याकुल हो जाय तो वस्त्र से साधक के कानों और नेत्रों को बन्द कर दे। जिससे वह न कुछ सुन सके और न देख सके। आधी रात तक जप करने पर भी जब कुछ न देखे तब निम्नलिखित जयदुर्गा मन्त्र पढ़कर ईशानादि चारो कोनों में सरसो और तिल फेंके—

ॐ दुर्गे दुर्गे रक्षिणि स्वाहा। ॐ तिलोऽसि सोमदेवत्यो गोसवस्तृप्तिकारकः। पितृणां स्वर्गदाता त्वं मर्त्यानां मम रक्षकः। भूतप्रेतपिशाचानां विघ्नेषु शान्तिकारकः।

तब पूर्वोपवेशन स्थान से सात कदम चलकर उसी स्थान पर बैठकर देवता का पुन: पूजन करके जप करे। जपकाल में कोई आकर यदि कहे कि वर ग्रहण करो तो देवता को प्रतिज्ञाबद्ध करके अभिलषित वर ग्रहण करे।

जप के प्रारम्भ, मध्य और अन्त में बलि प्रदान करे। जप के आदि, मध्य अथवा अन्त में यदि कोई देवी 'दो-दो' कहकर बलि माँगे तो यवपिष्टनिर्मित महिष अथवा छाग की बलि प्रदान करे। देवी नर या गजबलि माँगे तो अगले दिन बलि दूँगा—यह प्रतिज्ञा करके अपने घर जाय। अगले दिन यवपिष्ट द्वारा नर या गज की मूर्ति बनाकर उसकी बलि प्रदान करे।

तन्त्रान्तर में लिखित है कि यवचूर्ण या तण्डुलचूर्ण द्वारा बलि तैयार करके देवता के बलिदान मन्त्र से खड्ग द्वारा उसका छेदन करके बलि प्रदान करे।

योगिनीहृदय में वर्णन है कि जप समाप्त होने पर महिष या गज की बलि देकर वरग्रहणपूर्वक बन्धुवर्ग के सहित प्रसन्न मन से अपने घर जाय। अपनी सामर्थ्य के अनुसार गुरु, गुरुपुत्र और गुरुपत्नी को दक्षिणा दे।

शवसाधनम्

तत्र स्थाननियममाह भावचूडामणौ—

शून्यागारे नदीतीरे पर्वते निर्जनेऽपि वा।
बिल्वमूले श्मशाने वा तत्समीपे वनस्थले॥
अष्टम्याञ्च चतुर्दश्यां पक्षयोरुभयोरपि।
भौमवारे तमिस्रायां साधयेत् सिद्धिमुत्तमाम्॥
माषभक्तञ्च बल्यर्थं धूपदीपादिकन्तथा।
तिलाः कुशाः सर्षपाश्च स्थापनीयाः प्रयत्नतः॥

ततः पूर्वोक्तान्यतमस्थानं गत्वा सामान्यार्घ्यं विधाय, पूर्वमुखो मूलान्ते फट्कारं दत्त्वा, यागभूमिं सम्प्रोक्ष्य, गुरुं गणेशं वटुकं योगिनीञ्च चतुर्दिक्षु पूर्वादितः सम्पूज्य, पूर्वोक्तवीरार्दनमन्त्रं भूमौ विलिख्य, ये चात्रेत्यादिपूर्वोक्तक्रमेण पुष्पाञ्जलित्रयं दत्त्वा प्रणम्य श्मशानाधिपतिभ्यः पूर्वोक्तक्रमेण पूर्ववद्बलिं दत्वा अघोरमन्त्रेण शिखाबन्धनं विधाय, सुदर्शनमन्त्रान्ते आत्मानं रक्ष रक्षेति हृदि हस्तं दत्त्वा आत्मरक्षां कुर्यात्। अघोरसुदर्शनमन्त्रौ तु—

ॐ ह्रीं स्फुर स्फुर प्रस्फुर प्रस्फुर घोर घोरतर तनुरूप चट चट प्रचट प्रचट कह कह वम वम बन्ध बन्ध घातय घातय हूं फट् ॐ सहस्रारे हूं फट्।

ततः पूर्वोक्तक्रमेण भूतशुद्धिं न्यासजालञ्च विधाय, जयदुर्गामन्त्रेण दिक्षु सर्षपान्विकीर्य तिलोऽसीति मन्त्रेण तिलांश्च विकीर्य विहितशवसमीपं गच्छेत्। विहितशवो यथा भावचूडामणौ—

यष्टिविद्धं शूलविद्धं खड्गविद्धं जले मृतम्।
वज्रविद्धं सर्पदष्टं चाण्डालञ्चाभिभूतकम्॥
तरुणं सुन्दरं शूरं रणे नष्टं समुज्ज्वलम्।
पलायनविशून्यन्तु सम्मुखे रणवर्त्तिनाम्॥

भैरवतन्त्रेऽपि—

यष्टिप्रभृतिविद्धं वा चाभिभूतं जले मृतम्।
शवमानीय कर्तव्यं नाहरेत्स्वेच्छया मृतम्॥
स्त्रीवश्यं पतितास्पृश्यं नयवर्जं हि तूवरम्।
अव्यक्तलिङ्गं कुष्ठिं वा वृद्धभिन्नं शवं हरेत्॥

न दुर्भिक्षमृतञ्चापि न पर्युषितमेव वा ।
स्त्रीजनञ्चेदृशं रूपं सर्वथा परिवर्जयेत् ॥

कालीतन्त्रेऽपि—

ब्राह्मणं गोमयं त्यक्त्वा साधयेद्वीरसाधनम् ।
महाशवाः प्रशस्ता स्युः प्रधाने वीरसाधने ।
क्षुद्रप्रयोगकर्तॄणां प्रशस्ताः सर्वसिद्धये ॥

एवमुक्तं शवं गृहीत्वा मूलमन्त्रेण पूजास्थानमानयेत्। तत्समीपं गत्वा ॐ फट् इति शवमभ्युक्ष्य ॐ हूं मातृकाय नमः फडिति पुष्पाञ्जलित्रयं दत्त्वा शवं स्पृष्ट्वा प्रणमेत्। तदुक्तं भावचूडामणौ—

प्रणवाद्यस्त्रमन्त्रेण शवस्य प्रोक्षणञ्चरेत् ।
प्रणवं कूर्चबीजञ्च मृतकाय नमश्च फट् ।
पुष्पापञ्जलित्रयं दत्त्वा प्रणमेत् स्पर्शपूर्वकम् ॥

प्रणाममन्त्रस्तु—

वीरेश परमानन्द शिवानन्द कुलेश्वर ।
आनन्दभैरवाकार देवीपर्यङ्कशङ्कर ॥
वीरोऽहं त्वां प्रपद्यामि उत्तिष्ठ चण्डिकार्चने ।
अनेन शवमन्त्रेण प्रणम्य क्षालयेच्छवम् ॥

ॐ हूं मृतकाय नमः अनेन क्षालयित्वा, सुगन्धिजलेन स्नापयित्वा, वाससा जलमुत्तोल्य, धूपैर्धूपयित्वा चन्दनादिना शवं प्रलिप्य, शवस्य कटिदेशं धृत्वा, पूजास्थानं समानयेत्। तदुक्तं कालीतन्त्रे—

तारं शब्दं मृतकाय नमोऽन्तं मन्त्रमुच्चरेत् ।
शवस्य स्नानमन्त्रोऽयम्·················॥ इत्यादि।

भावचूडामणौ—

धूपेन धूपितं कृत्वा गन्धादिना विलिप्य च ।
रक्ताक्तो यदि देवेशि भक्षयेत्कुलसाधकम् ॥

ततः कुशशय्यां कृत्वा पूर्वशिरसं कृत्वा शवं स्थापयेत्। तदुक्तं तत्रैव—

कुशशय्यां परिष्कृत्य तत्र संस्थापयेच्छवम् ।

ततः—

एला-लवङ्ग-कर्पूर-जाती-खदिरमार्द्रकम् ।
ताम्बूलं तन्मुखे दत्त्वा शवं कुर्यादधोमुखम् ॥

तत्पृष्ठं चन्दनेनापि विलिप्य प्रयतः सुधीः ।
बाहुमूलादिकट्यन्तं चतुरस्रं विधाय च ।।
मध्ये पद्मं चतुर्द्वारं दलाष्टकसमन्वितम् ।
पीठमन्त्रं लिखेन्मध्ये तत्तत्कल्पविधानतः ।।

ततः ॐ ह्रीं फडिति मन्त्रेण तत्तत्कल्पोक्तपीठमन्त्रं लिखेत्तदुपरि कम्बलाद्यासनं न्यसेत्। तन्त्रान्तरे—

गत्वा शवस्य सान्निध्यं धारयेत्कटिदेशतः ।
यद्युपद्रावयेत्तस्य दद्यान्निष्ठीवनं शवे ।
पुनः प्रक्षालनं कृत्वा जपस्थाने समानयेत् ।।

ततो द्वादशांगुलयज्ञकाष्ठानि दशदिक्षु पूर्ववत् संस्थाप्य, इन्द्रादिदशदेवताः सम्पूज्य सामिषान्नेन बलिं दद्यात्। तदुक्तं तन्त्रान्तरे—

द्वादशांगुलमानानि यज्ञकाष्ठानि दिक्षु च ।
संस्थाप्य पूजयेत्तत्र क्रमादिन्द्रादिदेवताः ।।

शवसाधन—भावचूड़ामणि में उल्लेख है कि शून्य गृह, नदीतट, पर्वत, निर्जन देश, बिल्वमूल, श्मशान और श्मशान के समीपस्थ वनप्रदेश में शवसाधन करना प्रशस्त है। कृष्ण या शुक्ल पक्ष की अष्टमी या चतुर्दशी तिथि में मंगलवार की रात में उक्त साधना करने से साधक परम सिद्धि को प्राप्त करता है। माषभक्त बलि के लिये तिल, कुश, सरसो और धूप-दीपादि पूजा की सभी सामग्री का संग्रह साधक को करना चाहिये।

इसके बाद पूर्वोक्त किसी स्थान को चुनकर वहाँ जाय और सामान्यार्घ्य स्थापन करके पूर्वमुख होकर 'मूलं फट्' से यागस्थान का अभ्युक्षण करे। तब पूर्व में गुरु का, दक्षिण में गणेश का, पश्चिम में वटु का और उत्तर में योगिनी का पूजन करके भूमि पर पूर्वोक्त वीरार्दन मन्त्र लिखे।

तत्पश्चात् पूर्वोक्त 'ये चात्र' इत्यादि मन्त्र से पूर्ववत् तीन पुष्पाञ्जलियाँ देकर प्रणाम करे। तब पूर्वोक्त विधि से श्मशानाधिपतिगण को बलि देकर निम्नलिखित अघोर सुदर्शन मन्त्र से शिखाबन्धन करे—

ॐ ह्रीं स्फुर स्फुर प्रस्फुर प्रस्फुर घोर घोरतर तनुरूप चट चट प्रचट प्रचट कह कह वम वम वन्ध वन्ध घातय घातय हूं फट् ॐ सहस्रारे हूं फट्।

अब अपने हृदय पर हाथ रखकर अघोर सुदर्शन मन्त्र के अन्त में 'आत्मानं रक्ष रक्ष' जोड़कर मन्त्रजपपूर्वक आत्मरक्षा करे। तब पूर्वोक्त रूप से भूतशुद्धि और विविध न्यास करके जयदुर्गामन्त्र से चारो दिशाओं में सरसो फेंककर 'तिलोऽसि' इत्यादि मन्त्र से तिल विकीर्ण करके विहित शव के समीप जाए।

भावचूड़ामणि में लिखित है कि जो व्यक्ति यष्टि-शूल-खड्ग की चोट से प्राण छोड़ता है; जल में डूबने से, वज्रपात अथवा साँप के काटने से जिसके प्राण छूटते हैं, उस प्रकार के चांडाल जाति के व्यक्ति की मृत देह को इस कार्य के लिये शव बनाए। इस शव को तरुण, वयस्क और सुन्दर अंगों वाला होना चाहिये। जो सम्मुख युद्ध में न मरा हो और युद्ध में प्राणत्याग किया हो, उसका देह भी शवसाधन के लिये प्रशस्त है।

भैरवतन्त्र के अनुसार यष्टि आदि की चोट से मृत अथवा जल में डूबने से मृत व्यक्ति का देह प्रशस्त है। स्वेच्छा से मृत व्यक्ति का शरीर ग्राह्य नहीं है। स्त्री के वशीभूत, पतित, अस्पृश्य, दुर्नीतियुक्त, श्मश्रुहीन, नपुंसक, कोढ़ी, अकाल में मृत अथवा बूढ़े का शव छोड़ देना चाहिये। सद्योमृत शव ही विहित है। पर्युषित शव से साधन करने से कार्य सिद्ध नहीं होता। अत: इस प्रकार के शव और स्त्रीशव को शवसाधन में ग्रहण न करे।

कालीतन्त्र का मत है कि ब्राह्मण और गार्भार शव को छोड़कर अन्य शव से साधन करे। वीरसाधन कार्य में सद्योमृत व्यक्ति का ही देह प्रशस्त है। अन्य साधारण कार्य में पशु का शव भी ग्राह्य है।

इस प्रकार सुलक्षण शव को लेकर जप करता हुआ पूजास्थल में जाय। शव के पास बैठकर ॐ फट् से शव के ऊपर अभ्युक्षण करे। फिर ॐ हूं मृतकाय नम: फट् से तीन पुष्पांजलि देकर शव का स्पर्श करते हुए निम्न मन्त्र से प्रणाम करे—

वीरेश परमानन्द ! शिवानन्द कुलेश्वर।
आनन्दभैरवाकार देवीपर्यंकशंकर।
वीरोऽहं त्वां प्रपद्यामि उत्तिष्ठ चंडिकार्चने।।

हे वीरेश! हे परमानन्द! हे शिवानन्द! हे कुलेश्वर! तुम आनन्दभैरवस्वरूप और देवी के पर्यंक शंकरस्वरूप हो। वीरभाव से देवी के अर्चनार्थ तुमको मैं प्रणाम करता हूँ। तुम उठो।

इस प्रकार प्रणाम करके ॐ हूं मृतकाय नम: से शव का प्रक्षालन करे। सुगन्धित जल से उसे स्नान करावे। तब वस्त्र से शरीर का मार्जन, धूप से शोषण करके चन्दनादि का लेप लगावे। तब उसकी कमर पकड़कर उसे पूजास्थल में ले आवे।

इसके बाद कुश की शय्या बनाकर पूर्व की ओर शव का शिर रखते हुए उसे स्थापित करे। शव के मुख में जायफल और कत्थायुक्त पान देकर शव को अधोमुख करे। शव के पीठ पर चन्दनादि का लेप लगाकर बाहुमूल से कटि प्रदेश तक के स्थान में एक चतुरस्र मण्डल बनावे। चतुरस्र के मध्य में अष्टदल पद्म और चतुर्द्वार बनाकर पद्म के मध्य में ॐ ह्रीं फट् के साथ कल्पोक्त पीठमन्त्र लिखे। उसके ऊपर कम्बल आदि का आसन बिछाए।

तन्त्रान्तर में लिखा है कि शव के पास जाकर उसके कटिदेश को धारण करे। इस पर यदि शव किसी प्रकार का उपद्रव करे तो उसके देह पर थूक निक्षेप कर पुनः प्रक्षालनपूर्वक उसे जपस्थल में ले आये।

इसके बाद जपस्थल की दशो दिशाओं में बारह अंगुल के बराबर अश्वत्थादि यज्ञीय काष्ठों का कील पूर्ववत् स्थापित करे। पूर्वादि क्रम से इन सभी कीलों पर इन्द्रादि दश दिक्पालों की पूजा करके मांससहित अन्न से उन्हें बलि प्रदान करे।

तत्रायं क्रमः—ॐ लां इन्द्राय सुराधिपतये ऐरावतवाहनाय वज्रहस्ताय सशक्तिपारिषदाय सपरिवाराय नमः, इति पाद्यादिभिः सम्पूज्य बलिं दद्यात्।

बीजमिन्द्राय संलिख्य सुराधिपतये ततः ।
इमं बलिं गृह्ण-युग्मं गृह्णापययुगं ततः ॥
विघ्ननिवारणं कृत्वा सिद्धं प्रयच्छ ठद्वयम् ।
अनेन मनुना पूर्वे बलिं दद्याच्च सामिषम् ॥
स्वस्वनामादिकं कृत्वा पूर्ववद्बलिमाहरेत् ।
सर्वेषां लोकपालानां ततः साधकसत्तमः ॥

ॐ लां इन्द्राय सुराधिपतये इमं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा। एष माषभक्तबलिः ॐ लां इन्द्राय स्वाहा। ॐ रां अग्नये तेजोऽधिपतये मेषवाहनाय सपरिवाराय शक्तिहस्ताय सायुधाय नमः इति सम्पूज्य ॐ रां अग्नये तेजोऽधिपतये इत्यादिना बलिं दद्यात्। ॐ यां यमाय प्रेताधिपतये दण्डहस्ताय महिषवाहनाय सायुधायेत्यादिना सम्पूज्य ॐ यां यमाय प्रेताधिपतये बलिं दद्यात्। ॐ क्षां निर्ऋतये रक्षोऽधिपतये असिहस्ताय सवाहनाय सपरिवाराय इत्यादिना सम्पूज्य ॐ क्षां निर्ऋतये रक्षोऽधिपतये इत्यादिना बलिं दद्यात्। ॐ वां वरुणाय जलाधिपतये पाशहस्ताय मकरवाहनाय सायुधाय इत्यादिना सम्पूज्य ॐ वां वरुणाय जलाधिपतये इत्यादिना बलिं दद्यात्। ॐ यां वायवे प्राणाधिपतये हरिणवाहनायांकुशहस्ताय इत्यादिना सम्पूज्य ॐ यां वायवे प्राणाधिपतये इत्यादिना बलिं दद्यात्। ॐ कुबेराय यक्षाधिपतये गदाहस्ताय नरवाहनाय सपरिवाराय इत्यादिना सम्पूज्य ॐ कुबेराय यक्षाधिपतये इत्यादिना बलिं दद्यात्। ॐ हां ईशानाय भूताधिपतये शूलहस्ताय वृषवाहनाय सपरिवाराय इत्यादिना पूर्ववत् सम्पूज्य ॐ हां ईशानाय भूताधिपतये इत्यादिना बलिं दद्यात्। इन्द्रेशानयोर्मध्ये ॐ आं ब्रह्मणे प्रजाधिपतये हंसवाहनाय पद्महस्ताय सपरिवाराय इत्यादिना सम्पूज्य ॐ आं ब्रह्मणे प्रजाधिपतये हंसवाहनाय इत्यादिना बलिं दद्यात्। नैर्ऋतवरुणयोर्मध्ये ॐ अं अनन्ताय नागाधिपतये चक्रहस्ताय

रथवाहनाय सपरिवाराय इत्यादिना सम्पूज्य ॐ अं अनन्ताय नागाधिपतये इत्यादिना बलिं दद्यात्। ततः सर्वभूतबलिं दद्यात्। सर्वत्र सामिषान्नेन। ततः—

अधिष्ठातृदेवताभ्यो बलिञ्च स्मारयेत्ततः ।
चतुःषष्टियोगिनीभ्यो डाकिनीभ्योऽपि सन्दिशेत् ॥

१. पूर्व कील में 'ॐ लां इन्द्राय सुराधिपतये ऐरावतवाहनाय वज्रहस्ताय सशक्तिपारिषदाय सपरिवाराय नमः' मन्त्र से पाद्यादि से पूजा करके सामिष बलि इस मन्त्र से दे—ॐ लां इन्द्राय सुराधिपतये इमं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा एष माषभक्तबलिः ॐ लां इन्द्राय स्वाहा।

इसी प्रकार पूजनमन्त्रों से पाद्यादि पूजन और बलिमन्त्रों से सबको सामिष बलि प्रदान करे।

२. आग्नेय कोण में 'ॐ रां अग्नये तेजोऽधिपतये मेषवाहनाय सपरिवाराय शक्तिहस्ताय सायुधाय नमः' से पूजा करे। 'ॐ रां अग्नये तेजोऽधिपतये इमं बलि गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा एष माषभक्तबलिः ॐ रां अग्नये स्वाहा' से बलि प्रदान करे।

३. दक्षिण में यम की पूजा करे—ॐ यां यमाय प्रेताधिपतये दण्डहस्ताय महिषवाहनाय सायुधाय नमः। इस मन्त्र से बलि दे—ॐ यां यमाय प्रेताधिपतये इमं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा एष माषभक्तबलिः ॐ यां यमाय स्वाहा।

४. नैर्ऋत्य कोण में निर्ऋति की पूजा करे—ॐ क्षां निर्ऋतये रक्षोऽधिपतये असिहस्ताय सवाहनाय सपरिवाराय नमः। बलिमन्त्र से बलि दे—ॐ क्षां निर्ऋतये रक्षोऽधिपतये इमं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा एष माषभक्तबलिः ॐ क्षां निर्ऋतये स्वाहा।

५. पश्चिम में वरुण की पूजा करे—ॐ वां वरुणाय जलाधिपतये पाशहस्ताय मकरवाहनाय सायुधाय नमः। बलिमन्त्र से बलि दे—ॐ वां वरुणाय जलाधिपतये इमं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा एष माषभक्तबलिः ॐ वरुणाय स्वाहा।

६. वायव्य कोण में वायु की पूजा करे—ॐ यां वायवे प्राणाधिपतये हरिण-वाहनाय अंकुशहस्ताय नमः। बलिमन्त्र से बलि दे—ॐ यां वायवे प्राणाधिपतये इदं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा एष माषभक्तबलिः ॐ यां वायवे स्वाहा।

७. उत्तर में कुवेर की पूजा करे—ॐ कुवेराय नमः यक्षाधिपतये गदाहस्ताय

कथयति, तदा त्वं अमुक इति सत्यं कुरु। कृते सत्ये वरं प्रार्थयेत्। यदि कदाचिदपि सत्यं न करोति वरं वा न प्रयच्छति तदा पुनर्जपेत्। तथा च—

सत्ये कृते वरं लब्ध्वा सन्त्यजेच्च जपादिकम् ।
फलं जातमिति ज्ञात्वा जुटिकां मोचयेत्ततः ॥
शवं प्रक्षाल्य संस्थाप्य मोचयेत्पादबन्धनम् ।
पादचक्रं मोचयित्वा पूजाद्रव्यं जले क्षिपेत् ॥
शवं जले तु गर्त्ते वा निक्षिप्य स्नानमाचरेत् ।
ततस्तु स्वगृहं गत्वा बलिं दद्याद्दिनान्तरे ॥

बलिमन्त्रस्तु अग्रिमरात्रौ—

येषां यजमानोऽहं ते गृह्णन्त्विमं बलिम् ।
अथ यैर्याचितानश्वान् नरकुञ्जरशूकरान् ।
दत्त्वा पिष्ठमयानन्ते कर्तव्यं समुपोषणम् ॥

इसके बाद पट्टसूत्र से शव के दोनों पैरों को बाँधकर मूलमन्त्र से शव को दृढ़तापूर्वक बाँधे। निम्न मन्त्र से शव के पादमूल में त्रिकोण बनाये और निम्न मन्त्र बोले—

ॐ मद्वशो भव देवेश ! वीरसिद्धिकृतास्पद।
भीम भीरुभयाभाव भवमोचन भावुक।
त्राहि मां देवदेवेश शूराणामधिपाधिप।

इसके बाद शव के ऊपर बैठकर उसके दोनों हाथों को दोनों पार्श्वों में फैलाकर उस पर कुश बिछाए। बिछे हुए कुश पर अपने दोनों पैर स्थापित करे। तीन प्राणायाम करे। सहस्रार में गुरुदेव का और हृदय में देवी का ध्यान करते हुए दोनों होठों को सम्पुट करके विहित माला से मौन होकर निर्भय मन से श्मशानसाधन का क्रमानुसार जप करे। जप करते-करते यदि आधी रात तक कुछ दिखाई न दे तो पूर्ववत् सरसो और तिल विखेर कर अधिष्ठित स्थान से सात कदम आगे चलकर जप करे। जपकाल में भय उत्पन्न होने पर आकाश में किसी के द्वारा कुंजरादि बलि माँगने पर निम्न मन्त्र का पाठ करे—

यत् प्रार्थय बलिन्तेन दातव्यं कुंजरादिकम्।
दिनान्तरे च दास्यामि स्वनाम कथयस्व मे।।

अगले दिन तुमको गजादि बलि प्रदान करूँगा। अपना नाम मुझे बताओ। ऐसा कहकर पुनः निर्भय होकर जप में लग जाय। यदि वह मधुर शब्दों में अपना नाम बताए तो साधक कहे कि 'त्वं अमुक इति सत्यं कुरु' अर्थात् तुम अमुक हो, प्रतिज्ञा करो कि मुझे अभीष्ट वर दोगे। इस प्रकार उसे प्रतिज्ञाबद्ध करके साधक उससे वर माँगे। यदि वह प्रतिज्ञाबद्ध न हो और वर न दे, तो पुनः एकाग्र मन से जप आरम्भ करे; किन्तु प्रतिज्ञा

करके वर दे दे तो जप करना छोड़ दे। अभीष्ट वर पाने के बाद समझे कि मेरा काम हो गया। शव की जूटिका खोलकर उसका प्रक्षालन करे। तब दूसरे स्थान में उसे स्थापित करके पैरों के वन्धन खोल दे। पूजासामग्री को जल में फेंककर शव को जल में या भूगर्भ में डालकर स्नान करे। इसके बाद साधक अपने घर जाए और अगले दिन-रात पूर्व प्रतिज्ञा के अनुसार गजादि की वलि प्रदान करे। बलिमन्त्र इस प्रकार का है—

येषां यजमानोऽहं ते गृह्णन्त्विमं बलिम्।

देवता ने हाथी, घोड़ा, नर या शूकर जो बलि मांगी हो, उसी के अनुसार अन्नपिष्ट से बलिपशु बनाकर बलि प्रदान करे। साधक उपवास रहे।

ततः परेऽह्नि नित्यक्रियां कृत्वा पञ्चगव्यं पिवेत्। पञ्चविंशतिसंख्यकानपि ब्राह्मणान् भोजयेत्। यथा—

परेऽह्नि नित्यमाचर्य पञ्चगव्यं पिवेत्ततः ।
ब्राह्मणान् भोजयेत्तत्र पञ्चविंशतिसंख्यकान् ॥
सप्तपञ्चविहीनान् वा क्रमेणैव दशावधि ।
ततः स्नात्वा च भुक्त्वा च निवसेदुत्तमस्थले ॥
यदि न स्याद्विप्रभोज्यं तदा निर्धनतां व्रजेत् ।
तेन चेन्निर्धनत्वं स्यात्तदा देवी प्रकुप्यति ।
त्रिरात्रं वाथ षड्रात्रं नवरात्रन्तु गोपयेत् ॥
स्त्रीशय्यां यदि गच्छेत्तु तदा व्याधिं विनिर्दिशेत् ।
गीतं श्रुत्वा च वधिरो निश्चक्षुर्नृत्यदर्शनात् ।
यदि वक्ति दिने वाक्यं तदास्य मूकता भवेत् ॥
पञ्चदशदिनं यावद्देहे देवस्य संस्थितिः ।
न स्वीकार्ये गन्धपुष्पे बहिर्याति यदा तदा ।
तदा वस्त्रं परित्यज्य गृह्णीयाद्वसनान्तरम् ॥
गोब्राह्मणविनिन्दाञ्च न कुर्याच्च कदाचन ।
दुर्जनं पतितं क्लीवं न स्पृशेच्च कदाचन ॥
देवगोब्राह्मणादींश्च प्रत्यहं संस्पृशेच्छुचिः ।
प्रातर्नित्यक्रियान्ते च बिल्वपत्रोदकं पिवेत् ॥
ततः स्नात्वा तु गङ्गायां प्राप्ते षोडशवासरे ।
स्वाहान्तं मन्त्रमुच्चार्य तर्पणान्ते ममः पदम् ॥
एवं शतत्रयादूर्ध्वं देवान् सन्तर्पयेज्जलैः ।
स्नानतर्पणशून्यस्य न स्याद्देवस्य तर्पणम् ॥

नरवाहनाय सपरिवाराय नम:। इस मन्त्र से बलि दे—ॐ कुवेराय यक्षाधिपतये इदं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा ॐ कुवेराय स्वाहा।

८. ईशान कोण में ईशान की पूजा करे—ॐ हां ईशानाय भूताधिपतये शूल-हस्ताय वृषवाहनाय सपरिवाराय नम:। बलि इस मन्त्र से दे—ॐ हां ईशानाय भूताधिपतये इदं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा ॐ हां ईशानाय स्वाहा।

९. पूर्व और ईशान के मध्य में ब्रह्मा की पूजा करे—ॐ आं ब्रह्मणे प्रजाधिपतये हंसवाहनाय पद्महस्ताय सपरिवाराय नम:। बलिमन्त्र से बलि दे—ॐ आं ब्रह्मणे प्रजाधिपतये हंसवाहनाय इमं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा ॐ आं ब्रह्मणे स्वाहा।

१०. नैर्ऋत्य और पश्चिम के मध्य में अनन्त की पूजा करे—ॐ अं अनन्ताय नम: नागाधिपतये सायुधाय चक्रहस्ताय रथवाहनाय सपरिवाराय नम:। इस मन्त्र से बलि प्रदान करे—ॐ अं अनन्ताय नागाधिपतये सायुधाय इमं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय विघ्ननिवारणं कृत्वा मम सिद्धिं प्रयच्छ स्वाहा अं अनन्ताय स्वाहा।

इसके बाद सर्वभूतबलि प्रदान करे। अधिष्ठात्री देवता चतु:षष्टि योगिनियों को बलि प्रदान करे।

अथ पूजासामग्रीं समीपे दूरे चोत्तरसाधकं संस्थाप्य, मूलान्ते ह्रीं फट् शवा-सनाय नमः इति शवं सम्पूज्य, ह्रीं फडन्तमूलमुच्चार्य, अश्वारोहणक्रमेण शवोपर्यु-पविश्य, स्वपदतले कुशान् दत्त्वा शवकेशान् प्रसार्य, जुटिकां बद्ध्वा, गुरुं गणपतिं देवञ्च नमस्कृत्य प्राणायामषडङ्गन्यासौ कृत्वा, पूर्ववत् वीरार्दनमन्त्रेण दशदिक्षु लोष्ट्रान्निक्षिप्य सङ्कल्पं कुर्यात्। अद्येत्यादि अमुकगोत्रः श्रीअमुदेवशर्मा अमुकदेवतायाः सन्दर्शनकामः अमुकमन्त्रस्यामुकसंख्यजपमहं करिष्ये—इति सङ्कल्प्य ॐ ह्रीं आधारशक्तिकमलासनाय नमः इत्यासनं सम्पूज्य, स्ववामतः शवसमीपे अर्घ्यपात्रादिकं संस्थाप्य, शवजूटिकायां पीठपूजां कृत्वा, षोडशो-चारैर्दशोपचारैः पञ्चोपचारैर्वा देवीं सम्पूज्य, शवमुखे देवीं गन्धादिना सन्तर्पयेत्। ततः शवादुत्थाय सम्मुखे गत्वा मन्त्रं पठेत्—ॐ वशो मे भव देवेश मम वीरसिद्धिं देहि देहि महाभाग कृताश्रयपरायण।

तदनन्तर साधक अपने निकट पूजाद्रव्य और कुछ दूरी पर उत्तर में शव को स्थापित करके 'मूलं ह्रीं फट् शवासनाय नम:' से शव की पूजा करे। तब 'मूलं ह्रीं फट्' का उच्चारण करके अश्वारोहणक्रम से शव के पीठ पर बैठकर अपने चरणतल में कुछ कुश रक्खे। तब शव के केशों को फैलाकर जूटिकाबन्धन कर गुरु, गणेश और देवी को प्रणाम

करे। तब प्राणायाम और षडंग न्यास करके पूर्वोक्त वीरार्दन मन्त्र से दशो दिशाओं में कंकड़ों को फेंके और निम्नवत् संकल्प करे—

ॐ अद्येत्यादि अमुकगोत्र: श्री अमुकदेवशर्मा अमुकदेवताया: सन्दर्शनकाम: अमुक-मन्त्रस्यामुकसंख्यकजपमहं करिष्ये।

इसके बाद 'ॐ ह्रीं आधारशक्तिकमलासनाय नम:' से आसन-पूजन कर बाँईं ओर शव के निकट अर्घ्यपात्रादि स्थापित कर शवजूटिका पर पीठपूजा करके षोडश, दश या पञ्चोपचारों से इष्टदेवता की पूजा करे। शव के मुख में सुगन्धित जल डालकर देवी का तर्पण करे। इसके बाद शव के ऊपर से उठकर शव के सम्मुख खड़े होकर यह मन्त्र पढ़े— ॐ वशो मे भव देवेश मम वीरसिद्धिं देहि देहि महाभाग कृताश्रयपरायण।

हे देवेश तुम मेरे वशीभूत होकर मुझे वीरसिद्धि प्रदान करो। हे महाभाग! तुम अपनी शरण में लेने वाले व्यक्ति के प्रति निष्ठा रखते हो।

ततः शवचरणौ पट्टसूत्रेण बद्ध्वा मूलेन दृढं बन्धयेत्।

ॐ मद्वशो भव देवेश वीरसिद्धिकृतास्पद ।
भीम भीरुभयाभाव भवमोचन भावुक ।
त्राहि मां देवदेवेश शूराणामधिपाधिप ॥

इत्यनेन शवस्य पादमूले त्रिकोणं यन्त्रं लिखेत्। ततः शवोपर्युपविश्य हस्तद्वयं पार्श्वयोः प्रसार्य, तदुपरि कुशान् दत्वा, तत्र स्वपादौ निधाय पुनः प्राणायामत्रयं कृत्वा, शिरसि गुरुं विभाव्य, हृदये देवीं ध्यात्वा, ओष्ठौ सम्पुटौ कृत्वा, विहित-मालया मौनी भूत्वा विगतभीर्जपेत्। अत्र श्मशानसाधनक्रमेण जपः कार्यः। यद्यर्द्ध-रात्रपर्यन्तं किञ्चिन्न लक्ष्यते, तदा पूर्ववत्सर्षपतिलविकिरणं सप्तपदगमनञ्च कृत्वा जपं कुर्यात्। भये जाते सति एवं पठेत्।

चलच्छवाद्भयं नास्ति भये जाते वदेत्ततः ।
यत्प्रार्थय बलित्वेन दातव्यं कुञ्जरादिकम् ॥
दिनान्तरे च दास्यामि स्वनाम कथयस्व मे ।
इत्युक्त्वा संस्कृतेनैव निर्भयश्च पुनर्जपेत् ॥
ततश्चेन्मधुरं वक्ति वक्तव्यं मधुरं ततः ।
ततः सत्यं कारयित्वा वरञ्च प्रार्थयेत्ततः ॥
यदि सत्यं न कुरुते वरं वा न प्रयच्छति ।
तदा पुनर्जपेद्धीमानेकाग्रमानसस्तथा ॥

अस्यार्थः—यदि जपकाले आकाशगत्या कुञ्जरादिकं प्रार्थयते तदा दिनान्तरे दास्यामि मम स्थाने स्वनाम कथय इत्युक्त्वा पुनर्जपेत्। यदि स्वनाम मधुरं

इत्यनेन विधानेन सिद्धिं प्राप्नोति साधकः ।
इह भुक्त्वा वरान् भोगानन्ते याति हरेः पदम् ॥

ततो दक्षिणां दत्त्वाच्छिद्रावधारणं कुर्यात्।

इति शवसाधनम्

दूसरे दिन प्रातःकृत्यादि नित्य कर्म करके पञ्चगव्य का पान करे और पच्चीस ब्राह्मणों को भोजन कराए। इसमें यदि समर्थ न हो तो अपनी सामर्थ्य के अनुसार ब्राह्मणभोजन कराए।

तदनन्तर स्नानपूर्वक भोजन करके उत्तम स्थान में निवास करे। ब्राह्मणभोजन नहीं कराने से साधक दरिद्र होता है। देवी रुष्ट हो जाती है।

इस प्रकार से मन्त्र सिद्ध होने पर तीन, छः या नौ रात तक इस तथ्य को गुप्त रक्खे। किसी भी प्रकार अपनी सिद्धि की बात को प्रकट न करे।

मन्त्रसिद्धि के बाद तुरन्त स्त्री-शय्या पर जाने से साधक व्याधिग्रस्त होता है। गीत सुनने से बहरा होता है। नृत्य देखने से अन्धा होता है। दिन के समय किसी के साथ कथा-वार्ता करने से गूंगा होता है।

अतएव पन्द्रह दिनों तक साधक को इस प्रकार के सभी कर्मों से दूर रहना चाहिए; क्योंकि साधक के देह में पन्द्रह दिनों तक देवी का निवास रहता है। इस एक पक्ष की अवधि में साधक गन्ध या पुष्प ग्रहण न करे। यदि बाहर जाय तो अन्य वस्त्र पहनकर जाय। गाय और ब्राह्मण की निन्दा कदापि न करे। दुर्जन, पतित और नपुंसक व्यक्ति का स्पर्श न करे। प्रतिदिन पवित्र होकर देवता, गाय, विप्रादि का स्पर्श करे। प्रातःकाल नित्य कर्म करके बिल्वपत्रोदक का सेवन करे।

मन्त्रसिद्धि के सोलहवें दिन गंगास्नान करे। 'मूलं स्वाहा अमुकदेवतां तर्पयामि नमः' से देवी का जल से तीन सौ से अधिक तर्पण करे। स्नान और तर्पण के विना देवता को तृप्ति नहीं होती। इस प्रकार करने से साधक सिद्धि पाकर विविध भोगों को भोगकर मोक्ष प्राप्त करता है। अन्त में दक्षिणा देकर अच्छिद्रावधारण करना चाहिये।

चण्डोग्रशूलपाणिमन्त्राः

अथ विद्याभेदाः कुब्जिकातन्त्रे—

प्रणवञ्च ततो मायां कूर्चबीजं समुद्धरेत् ।
शिवायेति फडन्तञ्च चण्डोग्रोऽयं महामनुः ।
चण्डोग्रशूलपाणेश्च मन्त्रः सर्वार्थसाधकः ॥

अस्य ब्रह्मा ऋषिर्गायत्रीच्छन्दो माया बीजं देवश्चण्डोग्र ईरितः।

षड्दीर्घभाजा बीजेन ताराद्येन षडङ्गकम् ।

ध्यानन्तु—

शुद्धस्फटिकसङ्काशं चतुर्बाहुं किरीटिनम् ।
शूलं कपालं दक्षे तु वामे तु पाशमंकुशम् ।
सुरापानरसाविष्टं साधकाभीष्टदायकम् ॥
ध्यात्वा सम्पूज्य देवेशं पञ्चसहस्रं जपेन्मनुम् ।
दशांशं संस्कृते वह्नौ हुनेद्रक्तोत्पलेन च ॥

अथात्र प्रयोगः—

त्रिमध्वक्तेन लभते कवितां धनभाग्भवेत् ।
रक्तपद्मस्य होमेन महतीं श्रियमाप्नुयात् ॥
पायसेन तु होमेन शत्रून् नाशयतेऽचिरात् ।
कुसुम्भतैलहोमेन रिपून् हन्यान्न संशयः ॥
करवीरस्य होमेन वाक्स्तम्भो जायते ध्रुवम् ।
शुक्लपद्मस्य होमेन मोहयेदखिलं जगत् ॥
षट्कोणाष्टदलं पद्मं मध्ये मूलं प्रपूजयेत् ।
केवलं शुद्धभावेन हविष्याशी दिवा जपेत् ॥
अस्य पुरश्चरणमात्रेण न च विघ्नैर्विलिप्यते ।
अस्यैव जपमात्रेण सर्वसिद्धिमुपालभेत् ॥

इति चण्डोग्रशूलपाणिप्रकरणम्

●

चण्डोग्रशूलपाणिमन्त्र—कुब्जिकातन्त्र में वर्णन है कि प्रणव, मायाबीज, कूर्चबीज और शिवाय फट् अर्थात् 'ॐ ह्रीं हूं शिवाय फट्' चण्डोग्र का सप्ताक्षर मन्त्र है। यह मन्त्र सर्वार्थसिद्धिदायक है। इस मन्त्र के ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता चंडोग्रशूलपाणि हैं। अंगन्यास इस प्रकार करे—

मन्त्र	करन्यास	षडंगन्यास
ॐ ह्रां	अंगुष्ठाभ्यां नम:	हृदयाय नम:
ॐ ह्रीं	तर्जनीभ्यां स्वाहा	शिरसे स्वाहा
ॐ ह्रूं	मध्यमाभ्यां वषट्	शिखायै वषट्
ॐ ह्रैं	अनामिकाभ्यां हुं	कवचाय हुं
ॐ ह्रौं	कनिष्ठाभ्यां वौषट्	नेत्रत्रयाय वौषट्
ॐ ह्र:	करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्	अस्त्राय फट्

'शुद्धस्फटिकसङ्काशं' आदि श्लोक इसका ध्यान है, जिसका भाव निम्नवत् है—

चण्डोग्रशूलपाणि विशुद्ध स्फटिक के समान उज्ज्वल वर्ण के हैं। उनकी चार भुजायें हैं। माथे पर मुकुट है। दाहिने हाथों में शूल और नरकपाल है। बाँयें हाथों में पाश और अंकुश है। ये सदैव सुरापान के मद से आनन्दमग्न रहते हैं। साधकों को इच्छित फल प्रदान करते हैं। ऐसे सर्वार्थसिद्धिदायक चंडोग्रशूलपाणि का मैं ध्यान करता हूँ।

ध्यान के बाद यथाविधि पूजन करे। पाँच हजार जप से इसका पुरश्चरण होता है। जप का दशांश रक्तकमलों से हवन करे। घी, मधु और शक्कर मधुरत्रय से युक्त लाल कमलों से हवन करने पर साधक को कवित्वशक्ति प्राप्त होती है। उसके घर में सम्पत्ति की वृद्धि होती है।

पायस और कुसुम्भतैल से हवन करने पर शीघ्र ही शत्रु का नाश होता है। कनैल-कुसुमों से हवन करने पर शत्रु का वाक्स्तम्भन और श्वेत कमलों के हवन से संसार मोहित होता है।

इस देवता के पूजनयन्त्र में षट्कोण अष्टदल पद्म बनाकर षट्कोण के मध्य में मूल मन्त्र लिखे।

चण्डोग्रशूलपाणियन्त्र

इस निर्धारित यन्त्र में ही पूजन करे और हविष्याशी रहता हुआ दिन के समय में ही जप करे। इस मन्त्र के पुरश्चरण से सभी विघ्न दूर होते हैं। इस मन्त्र के जप से सभी विषयों की सिद्धि प्राप्त होती है।

मातङ्गीमन्त्रः

वामकेश्वरतन्त्रे—

अथ वक्ष्ये महादेवीं मातङ्गीं सर्वसिद्धिदाम् ।
अस्योपासनमात्रेण वाक्सिद्धिं लभतेऽचिरात् ॥
प्रणवञ्च ततो मायां कामबीजञ्च कूर्चकम् ।
मातङ्गी ङेयुता चास्त्रं वह्निजायावधिर्मनुः ॥
ऋषिः स्याद्दक्षिणामूर्त्तिर्विराट्छन्दः प्रकीर्तितम् ।
मातङ्गी देवता देवी सर्वकार्यप्रदायिनी ॥
अङ्गन्यासकरन्यासौ कुर्यान्मन्त्री समाहितः ।
षड्दीर्घभाजा बीजेन प्रणवाद्येन कल्पयेत् ॥

अस्या यन्त्रं यथा—

षट्कोणाष्टदलं पद्मं लिखेद्यन्त्रं मनोहरम् ।
तत्र पूजा प्रकर्तव्या जवापुष्पेण मन्त्रवित् ॥
अष्टशक्तीश्चाष्टदले पूजयेत् सुसमाहितः ।
रतिः प्रीतिर्मनोभवा क्रिया श्रद्धा च शक्तयः ॥
अनंगकुसुमानङ्गमदना मदनालसा ।
इत्यष्टशक्तीः सम्पूज्य उपहारसमन्वितः ।
ततो देवीं परां ध्यायेत् साधकः स्थितमानसः ॥

तद्यथा—

श्यामाङ्गीं शशिशेखरां त्रिनयनां रत्नसिंहासनस्थिताम् ।
·············वेदैर्बाहुदण्डैरसिखेटकपाशाङ्कुशधराम् ॥
एवं ध्यात्वा महादेवीं गन्धपुष्पैर्मनोरमैः ।
नैवेद्यन्तु महादेव्यै पायसं शर्करान्वितम् ॥
पुरश्चरणकाले तु षट्सहस्रं मनुं जपेत् ।
तद्दशांशं हुनेदाज्यैः शर्करामधुभिः सह ॥
ब्रह्मवृक्षोद्भवैः काष्ठैः साधकः शक्तिभिः सह ।
एवं पुरस्क्रियां कृत्वा प्रयोगविधिमाचरेत् ॥
चतुष्पथे श्मशाने वा कलामध्ये च मान्त्रिकः ।
मत्स्यं मांसं पायसञ्च दद्याद्धूपञ्च गुग्गुलुम् ।
रात्रियोगेन कर्तव्यं सदा पूर्णश्च साधकः ॥
एवं प्रयोगमात्रेण कविता जायते ध्रुवम् ।

अग्निस्तम्भं जलस्तम्भं वाक्स्तम्भं कारयेद् ध्रुवम् ।।
मन्त्री जयति शत्रूंश्च ताक्ष्यों भोगिकुलं यथा ।
शास्त्रे वादे कवित्वे च वृहस्पतिरिवापर: ।।
अनेनैव विधानेन मातङ्गी सिद्धिदायिनी ।
नूनं तद्गृहमागत्य कुवेरैर्दीयते वसु ।
विना मत्स्यैर्विना मांसैर्नार्चयेत् परदेवताम् ।।

मातङ्गी-मन्त्र—वामकेश्वर तन्त्र में उल्लेख है कि सभी सिद्धियों को देने वाली मातंगी देवी की उपासना से शीघ्र वाक्सिद्धि प्राप्त होती है।

प्रणव, मायाबीज, कामबीज, कूर्चबीज, मातंग्यै, अस्त्र और स्वाहा को एकत्र करने से मन्त्र बनता है—ॐ ह्रीं क्लीं हूं मातंग्यै फट् स्वाहा। यह महामन्त्र है।

इस मन्त्र के ऋषि दक्षिणामूर्त्ति, छन्द विराट् और देवता मातंगी देवी है। अंगन्यास निम्न प्रकार से करे—

करन्यास—ॐ ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नम:। ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। ॐ हूं मध्यमाभ्यां वषट्। ॐ ह्रैं अनामिकाभ्यां हुं। ॐ ह्रौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। ॐ ह्र: करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

षडंग न्यास—ॐ ह्रां हृदयाय नम:। ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा। ॐ हूं शिखायै वषट्। ॐ ह्रैं कवचाय हुं। ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट। ॐ ह्र: अस्त्राय फट्।

पूजा यन्त्र—पहले षट्कोण बनावे। उसके बाहर अष्टदल बनावे। षट्कोण के मध्य में मूलमन्त्र लिखे। बाहर भूपुर बनावे। (चित्र अगले पृष्ठ पर द्रष्टव्य है)

इस यन्त्र में अड़हुल के फूलों से देवी की पूजा करे। अष्ट दलों में मनोभवा, रति, प्रीति, क्रिया, श्रद्धा, अनंगकुसुमा, अनंगमदना और मदनालसा—इन आठ शक्तियों की पूजा करे। एकाग्र चित्त से देवी का ध्यान करे—

श्यामाङ्गीं शशिशेखरां त्रिनयनां रत्नसिंहासनस्थिताम् ।
..................वेदैर्बाहुदण्डैरसिखेटकपाशाङ्कुशधराम् ।।

देवी मातंगी का वर्ण श्याम है। मस्तक पर अर्द्धचन्द्र है। तीन नेत्र हैं। चार भुजाओं में खड्ग, खेटक, पाश और अंकुश है। रत्नजटित सिंहासन पर विराजमान हैं। उनका मैं ध्यान करता हूँ।

ध्यान के बाद मनोहर गन्ध-पुष्पादि से पूजा करे। नैवेद्य में शर्करायुक्त पायस अर्पित करे। छ: हजार जप से इसका पुरश्चरण होता है। जप का दशांश हवन होता है। हवन त्रिमधुरक्त पलाश की समिधा से करे। आठ शक्तियों के नाम से भी हवन करे। इस प्रकार मन्त्रसिद्धि होने पर प्रयोग करे।

चतुष्पथ अथवा श्मशान अथवा स्त्रियों के समूह में साधक मत्स्य, मांस और पायंस देकर गुग्गुल का धूप प्रदान करे। यह प्रयोग रात में करे। ऐसा करने से देवी साधक की मनोकामना पूर्ण करती हैं। वह कवित्व शक्ति प्राप्त करता है। उक्त प्रयोग से साधक में अग्नि, जल और वाक्स्तम्भन की शक्ति उत्पन्न होती है। जिस प्रकार गरुड़ सर्पों का नाश करता है, उसी प्रकार मातंगी देवी की उपासना के फलस्वरूप साधक भी अपने शत्रुओं का नाश करने में समर्थ होता है। मातंगी देवी की उपासना से साधक शास्त्र-ज्ञान में, वाद-विवाद में और कवित्व में दूसरे बृहस्पति के समान हो जाता है। मातंगी देवी साधक को सभी सिद्धियाँ प्रदान करती हैं। कुबेर के समान धनी व्यक्ति उसके घर आकर उसे धन प्रदान करते हैं। मत्स्य-मांस के विना मातंगी देवी की पूजा न करे।

मातंगी यन्त्र

उच्छिष्टचाण्डालिनी-मन्त्रा:

उच्छिष्टचाण्डालिनी सुमुखी देवी महापिशाचिनी लज्जाबीजं ठं: ठं: ठं:।
तदुक्तं फेत्कारिण्याम्—

उक्त्वा उच्छिष्टशब्दन्तु तथा चाण्डालिनीति च ।
सुमुखी तु ततो देवीं कीर्तयेत्तदनन्तरम् ॥
महापिशाचिनीं पश्चाल्लज्जाबीजं ततः परम् ।
नादविन्दुसमाक्रान्तं ठकारत्रितयं पुनः ।
सविसर्गं महादेवि सर्वसिद्धिप्रदायकम् ॥

मन्त्रान्तरम्—उच्छिष्टचाण्डालि मातङ्गि सर्ववशङ्करि नमः स्वाहा। तदुक्तं तन्त्रान्तरे—

अथवोच्छिष्टचाण्डालि मातङ्गिपदमीरयेत् ।
ततः सर्ववशं चान्ते करि हृद्वह्निवल्लभा ।
एकोनविंशत्यर्णोऽयं सर्वाभीष्टकरो भवेत् ॥

मन्त्रान्तरं मन्त्रदेवप्रकाशिकायाम्—वाग्भवं माया कामः सौः ऐं ज्येष्ठमातङ्गि नमामि उच्छिष्टचाण्डालि त्रैलोक्यवशंकरि स्वाहा।

इमां विद्यां महेशानि चापरां हूं-समन्विताम् ।
इयं विद्या महाविद्या सर्वपापापहारिणी ॥
सुखदा मोक्षदा चैव राज्यसौभाग्यदायिका ।
यां यां प्रार्थयते सिद्धिं हठात्तां तामवाप्नुयात् ॥
विधानञ्च प्रवक्ष्यामि शृणु देवि वरानने ।
भोजनानन्तरं देवि विनैवाचमने कृते ॥
बलिं दद्यात् प्रथमतो मूलमन्त्रेण साधकः ।
ततो मन्त्रं जपेद्ध्यात्वा देवीं तामिष्टसिद्धये ॥

बलिमपि उच्छिष्टेन। तथा च—

न तिथिर्न च नक्षत्रं न चाङ्गन्यासमेव च ।
नारिदोषे न वा विघ्नं नाशौचं नियमो न च ।
यस्य तिष्ठति मन्त्रोऽयं न च विघ्नैः स बाध्यते ॥

ध्यानन्तु—

शवोपरि समासीनां रक्ताम्बरपरिच्छदाम् ।
रक्तालङ्कारसंयुक्तां गुञ्जाहारविभूषिताम् ॥
षोडशाब्दाञ्च युवतीं पीनोन्नतपयोधराम् ।
कपालकर्तृकाहस्तां परां ज्योतिःस्वरूपिणीम् ॥
वामदक्षिणयोगेन ध्यायेन्मन्त्रविदुत्तमः ।
उच्छिष्टेन बलिं दत्त्वा जपेत्तद्गतमानसः ॥

उच्छिष्टेन तु कर्तव्यो जपोऽस्या: सिद्धिमिच्छता ।
उच्छिष्टे जपमानस्य जायन्ते सर्वसिद्धय: ॥
अपरञ्च प्रवक्ष्यामि शृणु देवि फलप्रदम् ।
होमञ्च तर्पणञ्चैव सर्वकामार्थसिद्धये ॥
स्थण्डिले मण्डलं कृत्वा चतुरस्रं समन्तत: ।
पूजयेन्मण्डलं देवि मूलमन्त्रेण साधक: ॥

ततो मूलमुच्चार्य मण्डलाय नम: इति मन्त्रेण वह्निस्वरूपां देवतां ध्यात्वा होमयेत्। तथा च—

ततो देवीं समाधाय वह्निस्वरूपां व्यवस्थिताम् ।
देवीं ध्यात्वा चरेद्धोमं दधिसिद्धार्थतण्डुलै: ।
सहस्रमात्रहोमेन राजा च वशगो भवेत् ॥
मार्जारस्य तु मांसेन देव्या होमं समाचरेत् ।
स प्राप्नोति परां विद्यां सर्वशास्त्रवशीकृताम् ॥
कुर्याच्छागस्य मांसेन होमं मधुसमन्वितम् ।
सहस्रैकविधानेन भवन्ति कुलसिद्धय: ॥
विद्याकामश्चरेद्धोमं शर्करायुतपायसै: ।
नूनं तस्य भवन्त्येव सद्यो विद्याश्चतुर्दश ॥
बिल्वपत्रैस्त्रिमध्वक्तैर्मासमेकं समाहित: ।
वन्ध्यापि लभते पुत्रं चिरजीविनमुत्तमम् ॥
कर्कन्धुकुसुमं हुत्वा छागरक्तसमन्वितम् ।
दुर्भगाया हठाद्देवि सौभाग्यं शुभदायकम् ॥
रजस्वलाया वस्त्रेण मधुना पायसेन च ।
होमं कृत्वा महादेवि त्रैलोक्यं वशमानयेत् ॥
इत्येषा कथिता देवि सर्वपापप्रणाशिनी ।
मन्त्रस्योच्चारणाद्देवि सर्वपापप्रणाशिनी ।
उच्छिष्टदूषणं त्यक्त्वा स पवित्रो जपेद् ध्रुवम् ॥

अस्य यद्यपि पुरश्चरणं नोक्तं तथापि अष्टोत्तरसहस्रजप:। तद्दशांशेन होमादिकं बोध्यम्। तथा च—

येषां जपे च होमे च संख्या नोक्ता मनीषिभि: ।
तेषामष्टसहस्रन्तु संख्या स्याज्जपहोमयो: ॥

इत्यभिधानात्। अष्टसहस्रमष्टोत्तरसहस्रमिति सम्प्रदाय:। वस्तुतस्तु आसां सिद्धविद्यात्वात् पुरश्चरणं नास्तीति निबन्धकारा:।

उच्छिष्टचाण्डालिनी-मन्त्र—फेत्कारिणी तन्त्र में उल्लेख है कि उच्छिष्ट शब्द के बाद चांडालिनी सुमुखी कहकर देवी महापिशाचिनी कहे। तब मायाबीज, चन्द्रबिन्दु और विसर्गयुक्त तीन ठकारों का उच्चारण करे। इस प्रकार यह मन्त्र बनता है—उच्छिष्टचांडालिनी सुमुखी देवी महापिशाचिनी ह्रीं ठ: ठ:। यह मन्त्र सर्वसिद्धिदायक है।

उन्नीस अक्षरों का सर्वाभीष्टप्रद मन्त्र यह है—उच्छिष्टचांडालि मातंगि सर्ववशंकरि नम: स्वाहा।

मन्त्रदेवप्रकाशिका नामक ग्रन्थ में लिखा है कि—ऐं ह्रीं क्लीं सौ: ऐं ज्येष्ठमातंगि नमामि उच्छिष्टचांडालिनि त्रैलोक्यवशंकरि स्वाहा। इस मन्त्र के आदि में हूं बीज जोड़ने से अन्य चौथा मन्त्र बनता है। इससे आराधना करने पर सब प्रकार के पाप नष्ट होते हैं।

यह विद्या महाविद्या है। सुख, मोक्ष, राज्य, सौभाग्य प्रदान करती है। इस मन्त्र के साधक को इच्छानुसार सिद्धियाँ तत्काल प्राप्त होती हैं। साधनाविधि निम्नलिखित है—

भोजन के बाद विना मुख धोये मूल मन्त्र से बलि अर्पित करे। हृदय में देवी का ध्यान करते हुए अपने अभीष्टसिद्धि के लिये मन्त्रजप करे। उच्छिष्ट द्रव्य की बलि देना ही इसमें प्रशस्त है। इस साधना में तिथि और नक्षत्रादि का विचार आवश्यक नहीं है। सभी समय यह साधना की जा सकती है। इसमें अंगन्यासादि की भी आवश्यकता नहीं है और दोषादि का विचार भी इसमें नहीं किया जाता। अशौच आदि दोषों से इस साधना में कोई बाधा नहीं पड़ती। अन्य किसी भी नियम का इसमें प्रतिबन्ध नहीं है। इस मन्त्र के अभ्यासी साधक के सामने कोई विघ्न नहीं आता। इसका ध्यान इस प्रकार है—

शवोपरि समासीनां रक्ताम्बरपरिच्छदाम्।
रक्तालङ्कारसंयुक्तां गुञ्जाहारविभूषिताम्।।
षोडशाब्दाञ्च युवतीं पीनोन्नतपयोधराम्।
कपालकर्तृकाहस्तां परां ज्योति:स्वरूपिणीम्।।

देवी उच्छिष्टचांडालिनी शवासन पर बैठी हैं। वस्त्र लाल रंग के हैं। आभूषण भी लाल रंग के हैं। गुंजाहार से शोभित सोलह वर्ष की युवती हैं। दोनों उरोज समुन्नत हैं। बाँयें हाथ में नरकपाल और दाँयें में कैंची है। ये ज्योतिस्वरूपा हैं।

ऐसा ध्यान करके साधक उच्छिष्ट पदार्थ की बलि देकर एकाग्र चित्त से जप करे। मन्त्रसिद्धि के लिये उच्छिष्ट पदार्थ से हवन करे। इस मन्त्र के जप से सभी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

साधना की दूसरी विधि यह है कि सभी इच्छाओं की पूर्ति के लिये साधक हवन और तर्पण करे। स्थण्डिल में चतुरस्र मण्डल बनाकर उस मण्डलमध्य में मूल मन्त्र से देवी

की पूजा करे। पहले मूलमण्डलाय नम: से मण्डल का पूजन करे। तब अग्निस्वरूपा देवी का ध्यान करके हवन करे।

तन्त्र में लिखा है कि देवी का ध्यान अग्निस्वरूप में करके दही और श्वेत सरसो युक्त चावल से हवन करे। इस प्रकार का एक हजार हवन करने से राजा वश में होता है। मार्जार के मांस से हवन करने से साधक सभी शास्त्रों में पारंगत हो जाता है। मधुयुक्त छागमांस से हवन करने पर साधक के कुलदेवता सिद्ध होते हैं। विद्याकामी साधक शक्करयुक्त खीर से हवन करे। इससे साधक चौंदह विद्याओं का ज्ञाता हो जाता है। घी, मधु और शक्करयुक्त वेलपत्रों से एक महीने तक एकाग्र मन से हवन करने पर बाँझ स्त्री को भी चिरंजीवी पुत्र प्राप्त होता है। मधुयुक्त रक्त वदरीपुष्प के हवन से भाग्यहीन नारी भी सौभाग्यवती हो जाती है। रजस्वला के वस्त्र के टुकड़े-टुकड़े करके उन्हें मधु और खीर से युक्त करके हवन करने से तीन लोक वशीभूत होते हैं।

यह मन्त्र सभी पापों का विनाशक है। इसके उच्चारणमात्र से पापराशि भस्म हो जाती है। उच्छिष्ट दोष को छोड़कर पवित्र भाव से इस मन्त्र का जप करना चाहिये।

इस मन्त्र के पुरश्चरण में जपादि की संख्या का कोई उल्लेख नहीं है, तथापि एक हजार आठ मन्त्रजप और जप का दशांश १०८ हवन करना विधेय है; किन्तु बृहत् तन्त्र-सार निबन्धकार का मत है कि यह सिद्धविद्या है; अत: इसकी सिद्धि के लिये पुरश्चरण आवश्यक नहीं है।

धूमावती मन्त्रा:

फेत्कारिण्याम्—

दान्तावर्घीशविन्द्वन्तौ बीजं धूमावती द्विठः ।
धूमावतीमनुः प्रोक्तो वैरिनिग्रहकारकः ॥

अस्याः पूजा—प्रातःकृत्यादिकं कृत्वा भूतशुद्ध्यादिप्राणायामौ च कृत्वा ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। यथा—शिरसि पिप्पलादऋषये नमः, मुखे निवृच्छन्दसे नमः, हृदि धूमावत्यै देवतायै नमः।

ततः कराङ्गन्यासौ—धां अंगुष्ठाभ्यां नमः, धीं तर्जनीभ्यां स्वाहा इत्यादि। एवं धां हृदयाय नमः इत्यादि। ततो ध्यानम्—

विवर्णा चञ्चला रुष्टा दीर्घा च मलिनाम्बरा ।
विवर्णकुन्तला रूक्षा विधवा विरलद्विजा ॥
काकध्वजरथारूढा विलम्बितपयोधरा ।
सूर्पहस्तातिरूक्षाक्षी धूतहस्ता वरान्विता ॥

प्रवृद्धघोणा तु भृशं कुटिला कुटिलेक्षणा ।
क्षुत्पिपासार्दिता नित्यं भयदा कलहप्रिया ॥

विरलद्विजा विरलदन्ता।

जपेत् कृष्णाचतुर्दश्यां पुरश्चरणसिद्धये ।
उपवासरतो मन्त्री शून्यागारे दिवानिशम् ॥
श्मशाने विपिने वापि जपेल्लक्षञ्च वाग्यतः ।
सोष्णीषाः आर्द्रवासाश्च पुरश्चरणकर्मणि ।
आख्योपरि लिखेन्मन्त्रं तस्मिन् स्थाप्य शिवं यजेत् ॥

तथा च—

अवष्टभ्य शिवं शत्रुनाम्ना तु प्रजपेन्मनुम् ।
सहस्रस्यार्द्धतः शत्रुर्ज्वरेण परिगृह्यते ।
पञ्चगव्येन शान्तिः स्याज्ज्वरस्य पयसापि वा ॥

ततः पूर्ववत् पञ्चोपचारैः सम्पूज्य जपेत्। तथा—

कृत्वा मन्त्रे रिपोराख्यामारण्ये यामिनीदले ।
उत्सादो जायते शत्रोर्मनोरयुतजापतः ॥
दग्ध्वा काकं श्मशानाग्नौ तद्भस्मादाय मन्त्रितम् ।
विरोधिनामष्टाशासु सद्य उच्चाटनं रिपोः ॥

मन्त्रितमित्यष्टोत्तरशतमिति। अष्टाशासु क्षिपेदित्यर्थः।

श्मशानभस्मना कृत्वा शिवं तस्योपरि न्यसेत् ।
विरोधिनामसंरुद्धं कृष्णपक्षे समर्चयेत् ॥
महिषीक्षीरधूपञ्च यद्यच्छक्रविपत्करम् ।
महिषीरूपमासाद्य स्वप्ने शत्रुं विनाशयेत् ॥
मन्त्रेणानेन निखेनत्तद्भस्म रिपुमन्दिरे ।
शत्रूनुच्चाटयेन्नूनं नात्र कार्या विचारणा ॥
श्मशानभस्मना लिङ्गं कृत्वा पुष्पादिनार्चयेत् ।
भगवन्निति समाभाष्य मनसा कर्म चिन्तयन् ॥
निम्बकाकच्छदावेकीकृत्य चाष्टशतं जपेत् ।
दद्याद्धूपं साध्यनाम्ना सद्यो विद्वेषयेदरीन् ॥

अस्यार्थः—निम्बकाकच्छदावेकीकृत्य तदुपरि अष्टोत्तरशतं जप्त्वा तेन द्रव्येणामुकं द्वेषय द्वेषय। मूलमुच्चार्य धूपं दद्यात्। तथा च—

चितिकाष्ठानले क्षीरहोमाच्छान्तिः सदा भवेत् ।

तथा च—

रजोधूपप्रदानेन गृध्ररूपेण कालिका ।
मारयत्यरिमागत्य शान्तिर्निर्माल्यधूपतः ॥
वराहकर्णधूपेन हन्याच्छूकररूपिणी ।
अश्वत्थपत्रधूपेन शान्तिर्भवति नान्यथा ॥
शान्तिः सर्वाभिचारस्य पञ्चगव्येन जायते ।
क्षीरेण वापि देवेशि मधुरत्रितयेन वा ॥
कीले क्षीरतरोर्विदर्ध्य विलिखेन्मन्त्रेण नामाक्षरं,
जप्त्वालिख्य पदद्वये तु निखनेदुच्चाटनं विद्विषाम् ।
तत्पादद्वयधूलिकीर्णहविषा दद्याद्द्विजेभ्यो बलिं,
तज्जप्त्वा चितिभस्मकीलितमरेर्गेहे तदुच्चाटनम् ॥

इत्यादिप्रयोगः।

धूमावती-मन्त्र—फेत्कारिणीतन्त्र में वर्णन है कि 'धूं धूं धूमावती स्वाहा' मन्त्र शत्रुओं का नाशक है।

इसकी पूजा-पद्धति यह है कि प्रातःकृत्यादि करने के बाद भूतशुद्धि एवं प्राणायाम करके न्यास करे।

ऋष्यादि न्यास—पिप्पलादऋषये नमः शिरसि। निवृच्छन्दसे नमः मुखे। धूमावती देवतायै नमः हृदि।

मन्त्र	करन्यास	षडंगन्यास
धां	अंगुष्ठाभ्यां नमः	हृदयाय नमः।
धीं	तर्जनीभ्यां स्वाहा	शिरसे स्वाहा।
धूं	मध्यमाभ्यां वषट्	शिखायै वषट्।
धैं	अनामिकाभ्यां हुं	कवचाय हुं।
धौं	कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्	नेत्रत्रयाय वौषट्।
धः	करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्	अस्त्राय फट्।

इसके बाद निम्नवत् ध्यान करे—

विवर्णा चञ्चला रुष्टा दीर्घा च मलिनाम्बरा ।
विवर्णकुन्तला रूक्षा विधवा विरलद्विजा ॥
काकध्वजरथारूढा विलम्बितपयोधरा ।
सूर्पहस्तातिरूक्षाक्षी धूतहस्ता वरान्विता ॥

प्रवृद्धघोणा तु भृशं कुटिला कुटिलेक्षणा ।
क्षुत्पिपासार्दिता नित्यं भयदा कलहप्रिया ।।

भगवती धूमावती विवर्ण हैं चंचल, क्रोधी और विशालकाय हैं। वस्त्र मैले हैं। केश विवर्ण और रूखे हैं। दाँत विरल और म्लान लटके हुए हैं। विधवा का रूप है। कौवे की पताका से युक्त रथ पर बैठी हैं। इनकी आँखें एवं हाथ काँपते रहते हैं। एक हाथ में सूप और दूसरे में वरमुद्रा है। नाक बहुत लम्बी है स्वभाव और दृष्टि में कुटिलता है। ये भूख और प्यास से व्याकुल, सदा भयंकर रूप वाली और कलहप्रिया है।

इस प्रकार ध्यान करने के बाद पूजा करे।

पुरश्चरण के लिये कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को उपवास करे। किसी सूने घर, श्मशान या वन-प्रदेश में दिन-रात मौन रहते हुए एक लाख मन्त्र जप करे। पुरश्चरण काल में शिर पर पगड़ी, आर्द्र वस्त्र धारण करना आवश्यक है। तब शत्रु के नाम के ऊपर मूल मन्त्र लिखकर उसके ऊपर शिवलिंग स्थापित करे। पूजन करके जप करे।

अन्यत्र वर्णन है कि शिवलिंग का निर्माण 'अमुकं मारय' में अमुक के स्थान पर शत्रु का नामनिर्देशपूर्वक जप करे। यथा 'रामम् मारय' इस प्रकार पाँच सौ जप करने पर शत्रु ज्वरग्रस्त होता है। पञ्चगव्य या दूध से हवन करने पर उसका ज्वर छूट सकता है। उसके बाद पञ्चोपचारों से देवी की पूजा करके जप करे।

हल्दी के पत्ते पर शत्रु का नाम लिखकर किसी वन के बीच में गाड़कर उसके ऊपर उक्त मन्त्र का दश हजार जप करे। इससे शत्रु का उच्चाटन होता है। श्मशान की अग्नि में कौए को जलाकर उसका भस्म लेकर उसे उक्त मन्त्र के १०८ जप से अभिमन्त्रित करे। इस भस्म को शत्रु का नामोच्चारण करते हुए आठों दिशाओं में फेंके। इससे भी शत्रु का उच्चाटन होता है।

कृष्णपक्ष में श्मशान के भस्म से शिवलिंग बनावे। उस पर शत्रुनामसहित उक्त मन्त्र लिखकर पूजा करे। भैंस के दूध से धूप देकर जो-जो पदार्थ शत्रु के अमंगलसूचक हो, उन्हीं द्रव्यों को प्रदान करे। इस प्रकार पूजन करने से देवी भैंस का रूप धारण करके साधक के शत्रु का शीघ्र विनाश करती है।

श्मशानभस्म से शिवलिंग बनाए। पुष्पादि से उसकी पूजा करे। 'हे भगवन्' से उन्हें सम्बोधित करके मन ही मन कर्तव्य की चिन्ता करते हुए नीम और काकपक्ष एकत्र लेकर उसके ऊपर एक सौ आठ मन्त्र का जप करे। तब 'अमुकं द्वेषय द्वेषय' कहकर मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए धूप प्रदान करे। इस प्रयोग से शत्रुवर्ग में परस्पर महान् द्वेष उत्पन्न होगा। इस विद्वेष की शान्ति के लिये चिताकाष्ठ लाकर उसकी अग्नि बनाए। उस अग्नि में दूध से हवन करे।

रजस्वला के रक्ताक्त वस्त्र द्वारा निर्मित धूप जलाकर यदि निवेदन करे तो कालिका गीध रूप में आकर शत्रु का नाश करती है। निर्माल्य पत्र-पुष्पादि द्वारा धूप देने से इस प्रयोग की शान्ति होती है।

वराहकर्ण से धूप देने पर देवी रात के समय शूकर के रूप में आकर शत्रु का नाश करती है।

अश्वत्थपत्र का धूप देकर पञ्चगव्य अथवा केवल दूध अथवा घी-मधु-शक्कर त्रिमधुर से हवन करने से सभी प्रकार के अभिचार की शान्ति होती है।

गूलर आदि दूध वाले वृक्ष की कील बनाकर उसके ऊपर शत्रुनामसहित धूमावती का मन्त्र लिखे। तब इस कील के ऊपर मूल मन्त्र का जप करके शत्रु के दोनों पैरों के भूमि में कील द्वारा जटित होने की भावना करे। इससे शत्रु का उच्चाटन होता है।

शत्रु के दोनों पैरों की धूल और घी सहित पक्षियों की बलि देकर चिताभस्म के ऊपर मूल मन्त्र का जप करे। तब उस भस्म को शत्रु के घर के अन्दर गुप्त रूप से पहुँचाये। इससे शत्रु का उच्चाटन होता है।

भद्रकालीमन्त्रः

प्रासादबीजमुद्धृत्य कालीतिपदमुद्धरेत् ।
महाकालिं-पदं चोक्त्वा किलियुग्ममतः परम् ।
अस्त्रमग्निप्रियान्तोऽयं भद्रकालीमहामनुः ॥
आराध्य प्रजपेन्नित्यमष्टोत्तरशतं जपेत् ।
जपमाला विधातव्या अष्टोत्तरशतेन च ।
ध्यातव्येयं महादेवी भद्रकाली भयापहा ॥

आराध्येति भूतशुद्ध्यादिप्राणायामौ कृत्वा पञ्चोपचारैः शिवलिङ्गे सम्पूज्येत्यर्थः। ध्यानं यथा—

क्षुत्क्षामा कोटराक्षी मसिमलिनमुखी मुक्तकेशी रुदन्ती
नाहं तृप्ता वदन्ती जगदखिलमिदं ग्रासमेकं करोमि ।
हस्ताभ्यां धारयन्ती ज्वलदनलशिखासन्निभं पाशयुग्मं
दन्तैर्जम्बूफलाभैः परिहरतु भयं पातु मां भद्रकाली ॥
प्रयोगमात्रं कर्तव्यं वैरिनिग्रहकारकम् ।
इयं देवी महादेवी शत्रुनिग्रहकारिणी ।
यथेष्टचिन्तया चिन्त्या धर्मकामार्थसिद्धिदा ॥

अस्य पुरश्चरणादिकं दक्षिणकालीमन्त्रवदिति केचित्, वस्तुतस्तु पुरश्चरण-मष्टोत्तरसहस्रजपः।

भद्रकाली मन्त्र—आरम्भ में प्रासाद बीज ह्रौं, तब कालि, तब महाकालि, तब किलिकिलि, अन्त में फट् स्वाहा के योग से भद्रकाली का मन्त्र बनता है। जैसे—ह्रौं कालि महाकालि किलि किलि फट् स्वाहा। यह भगवती भद्रकाली का महामन्त्र है।

इस मन्त्र से भद्रकाली की पूजा करे। प्रति दिन एक सौ आठ मन्त्र जप करे। जप के लिये १०८ दाने की जपमाला का प्रयोग करे। भगवती भद्रकाली के ध्यान करने से वह अपने भक्तों का सभी दुःख दूर कर देती हैं।

भूतशुद्धि से प्राणायाम तक की सारी क्रियायें करके शिवलिंग में गन्ध-पुष्प-धूप-दीप और नैवेद्य पञ्चोपचारों से पूजा करे। तदनन्तर देवी का इस प्रकार ध्यान करे—

क्षुत्क्षामा कोटराक्षी मसिमलिनमुखी मुक्तकेशी रुदन्ती
नाहं तृप्ता वदन्ती जगदखिलमिदं ग्रासमेकं करोमि ।
हस्ताभ्यां धारयन्ती ज्वलदनलशिखासन्निभं पाशयुग्मं
दन्तैर्जम्बूफलाभैः परिहरतु भयं पातु मां भद्रकाली ।।

भूख के कारण क्षीण शरीर वाली, धँसी हुई आँखों वाली, स्याही के समान श्याम-मुखी, बिखरे केशों वाली, रुदनशीला हैं। मैं तृप्त नहीं हूँ, इस सारे संसार को मैं अपना एक ग्रास बनाऊँगी—यह कहने वाली, दोनों हाथों में प्रज्ज्वलित अग्निशिखा के समान दो पाश धारण करने वाली, दाँतों से जामुनफल जैसी प्रभा फैलाने वाली भगवती भद्रकाली मेरे भय को दूर करें। मेरी रक्षा करें।

देवी भद्रकाली की उपासना से शत्रु का शीघ्र ही दमन हो जाता है। जो साधक जिस कामना से शत्रुनिग्रहकारिणी भद्रकाली की उपासना करता है, उसकी वह कामना पूरी होती है।

कुछ का मत है कि इन देवी के पुरश्चरण में दक्षिणकालिका की पुरश्चरण पद्धति से कार्य करे। इनके मन्त्र का पुरश्चरण एक हजार आठ जप से ही हो जाता है।

उच्छिष्टगणेशमन्त्रः

ॐ हस्तिपिशाचि लिखे ठद्वयम्। तन्त्रान्तरे—

हस्तिपदं समुच्चार्य पिशाचीतिपदं ततः ।
देवराजं सनेत्रञ्च कान्तमीशस्वरान्वितम् ।
वह्निजायावधिर्मन्त्रस्ताराद्यः सर्वकामदः ।।

प्रणवस्थाने गमिति केचित्। हस्तिपिशाचि लिखेऽग्निवनिता गं तदादित इति तत्त्वबोधात्। तथा—

सारभूतमिदं मन्त्रं न देयं यस्य कस्यचित् ।
गुह्यं सर्वागमेष्वेव हितबुद्ध्या प्रकाशितम् ।।

तथा च—

न तिथिर्न च नक्षत्रं नोपवासो विधीयते।
यथेष्टचिन्तया मन्त्रः सर्वकामफलप्रदः॥

अस्य पूजाप्रयोगः—प्रातःकृत्यादि प्राणायामान्तं विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। शिरसि सुधीरऋषये नमः, मुखे निवृद्गायत्रीच्छन्दसे नमः, हृदि उच्छिष्टगणपतये देवतायै नमः। ततः प्रणवेन कराङ्गन्यासौ कृत्वा ध्यायेत्। ध्यानं यथा—

रक्तमूर्त्तिं गणेशञ्च सर्वाभरणभूषितम्।
रक्तवस्त्रं त्रिनेत्रञ्च रक्तपद्मासने स्थितम्॥
चतुर्भुजं महाकालं द्विदन्तं सस्मिताननम्।
इष्टञ्च दक्षिणे हस्ते दन्तञ्च तदधःकरे॥
पाशांकुशौ च हस्ताभ्यां जटामण्डलवेष्टितम्।
ललाटचन्द्ररेखाढ्यं सर्वालङ्कारभूषितम्॥

एवं ध्यात्वा करस्थपुष्पैर्मूलेन शिरसि सम्पूज्य बहिःपूजामारभेत् (अष्टदलपद्मं लिखित्वा पूजयेत्)। तत्र प्रथमं मूलेनार्घ्यं संस्थाप्य दशधा मूलं प्रजप्य, तेनोदकेनात्मानं पूजोपकरणञ्चाभ्युक्ष्य, पुनर्ध्यात्वा, अष्टदलपद्ममध्ये स्थापयेत्। ततः पञ्चोपचारैः सम्पूज्य पत्रेषु पूर्वादि ॐ वक्रतुण्डाय स्वाहा। एवं एकदन्ताय स्वाहा, लम्बोदराय विकटाय विघ्नेशाय गजवक्त्राय विनायकाय गणपतये, मध्ये हस्तिमुखाय। सर्वत्र स्वाहान्तता। पुनर्देवं त्रिः सम्पूज्य, यथाशक्ति जपं कृत्वा समर्प्य, बलिरूपनैवेद्यमुपनीय, ॐ उच्छिष्टगणेशाय महाकालाय एष बलिर्नमः इति बलिं दत्त्वा, आचमनीयादिकं दद्यात्। विशेषफलाकांक्षिभिः पुनः ॐ ह्रां ह्रीं ह्रैं ह्रूं फट् स्वाहा इत्यनेन बलिं दद्यात्। ततः पुष्पमेकं दक्षिणदिशि क्षिप्त्वा क्षमस्वेति विसर्जयेत्। अस्य पुरश्चरणं षोडशसहस्रजपः। तथा च—

कृष्णां चतुर्थीमारभ्य यावच्छुक्लचतुर्थिका।
सहस्रं हि जपेन्नित्यं योषिन्नियमपूर्वकम्॥
स्नापयेन्मधुना नित्यं नैवेद्यं गुडपायसम्।
भुक्तोच्छिष्टो जपेन्नित्यं गणेशोऽहं सदा प्रियः॥
श्वेतार्केणाकृतिं कृत्वा रक्तचन्दनकेन वा।
अंगुष्ठमात्रं प्रतिष्ठाप्य द्विजाग्निगुरुसन्निधौ।
जप्त्वा षोडशसाहस्र्यं सिद्धमन्त्रो भवेद् ध्रुवम्॥

योषिदिति योषिदुपगमने नियमपुरःसरमित्यर्थः, न तु त्यागनियमः। अप्रसङ्गादनौचित्यादनाचान्त इति दर्शनात्।

उच्छिष्टश्चाशुचिर्भूत्वा जपपूजनमाचरेत् ।
अनुच्छिष्टे न सिध्येत तस्मादेवं समाचरेत् ।।

इति तन्त्रान्तरवचनाच्च। केषाञ्चिन्मते पूजा नास्ति मनसा जपेत्। केषाञ्चिन्मते कराङ्गन्यासौ न स्तः गणेशोऽहमिति। पूर्वोक्तं चिन्तयेत्। गर्गमते विजने वने स्थित्वा रक्तचन्दनानुलिप्तताम्बूलमुखोच्छिष्टमुखो जपेत्। केषाञ्चिन्मते सर्वालङ्कारभूषितः सर्वावस्थानु जपेत्। अन्यमते सम्पूज्य मोदकं चर्वयन्, भृगुमते फलमश्नन्। विभीषणमते मांसनैवेद्यं दत्वा तदेव खादयन्। अथ विशेषप्रयोगः—

राजद्वारे तथारण्ये सभायां गोत्रसंसदि ।
विवादे व्यवहारे च संग्रामे शत्रुसङ्कटे ।।
नौकायां विपिने वापि द्यूते च व्यसने तथा ।
ग्रामदाहे चौरविद्धे सिंहव्याघ्रादिसङ्कटे ।।
स्मरणादेव देवस्य सर्वं वै विद्रुतं भवेत् ।
तत्सर्वं नश्यति क्षिप्रं सूर्येणैव तमो यथा ।।

उच्छिष्टगणेशमन्त्र—'ॐ हस्ति पिशाचि लिखे स्वाहा' अथवा 'गं हस्ति पिशाचि लिखे स्वाहा' दो मन्त्र सभी मन्त्रों में सारभूत है। उच्छिष्ट गणेश का उक्त मन्त्र साधारण व्यक्ति को नहीं देना चाहिये। सभी तन्त्रों में इसे गोपनीय बतलाया गया है। संसार की हितकामना से इसे प्रकाशित किया गया है।

इस मन्त्र का पुरश्चरण सोलह हजार जप से होता है। विशेष नियम यह है कि कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि तक नारीसहयोगपूर्वक अर्थात् स्त्रीसंग नियमित रखते हुए प्रतिदिन एक हजार जप करे। प्रतिदिन देवता को मधु से स्नान कराकर गुड़-पायस का नैवेद्य अर्पित करे। भोजन के बाद विना आचमन के जूठे मुंह से इस देवता के मन्त्र का जप करे। जप करते समय मन में यह विचार करे कि मैं गणेश हूँ, मै सर्वदा सन्तुष्ट हूँ।

श्वेत मदार या रक्त चन्दन की अंगूठे के बराबर उच्छिष्टगणेश की प्रतिमा बना ले। उस मूर्ति में प्राणप्रतिष्ठा करके विप्र, वह्नि तथा गुरु के समीप सोलह हजार मन्त्र-जप करे। इससे शीघ्र सिद्धि मिलती है। उच्छिष्ट मुख और अपवित्र भाव से इस देवता का मन्त्रजप-पूजादि करना चाहिये।

मतान्तर से शुद्ध मुख से भी जप-पूजादि का विधान है। कुछ का मत है कि इस देवता की उपासना में पूजा की आवश्यकता नहीं है। केवल मानसिक जप ही करना चाहिये।

करांगन्यास न करके 'मैं ही स्वयं गणेशस्वरूप हूँ' का चिन्तन करते हुए जप करे। गर्ग मुनि के मत से निर्जन जंगल में रक्तचन्दन लगाकर ताम्बूल चबाते हुए जप करे।

तन्त्रान्तर में लिखा है कि साधक विविध आभूषणों से सुसज्जित होकर निरन्तर जप करे। कुछ का कथन है कि देवता की पूजा करके लड्डू चबाते हुए जप करे।

भृगु मुनि का कथन है कि उच्छिष्ट गणेश की उपासना में फल खाते हुए जप करे। विभीषण के मत से मांस का नैवेद्य अर्पित कर उसी नैवेद्य को खाते हुए जप करे।

उच्छिष्ट गणेश का विशेष प्रयोग यह है कि राजद्वार, वनभूमि, सभा, गोत्र-समाज, विवाद, व्यवहार, संग्राम, शत्रुसंकट, नौका, कानून, जूआ, विपत् काल, ग्रामदाह, चौरभय और सिंह-व्याघ्रादि भय में इस देवता का मन्त्र स्मरण करने से सभी विघ्न वैसे ही समाप्त हो जाते हैं, जैसे सूर्योदय पर अन्धेरा दूर हो जाता है।

तथा—

सद्योच्छिष्टगणेशानो यक्षराजेन धीमता ।
आराधितं सोपहारैः सम्यगिष्टफलप्रदः ।
एवं कृत्वा व्यवस्थान्तु तद्धनेश्वरतां गतः ॥
अपामार्गसमिद्धोमे सौभाग्यं लभते ध्रुवम् ।
अष्टोत्तरशतैर्मन्त्री मूलमन्त्राभिमन्त्रितम् ॥

तथा—

वानरास्थिसमुद्भूतं कीलकञ्चाभिमन्त्रितम् ।
निखनेन्मन्दिरे यस्य भवेदुच्चाटनं परम् ॥
अथ वीथ्यां खनेद्यस्य क्रयविक्रयणं हरेत् ।
निखनेच्छौण्डिकागारे तन्मद्यं विकृतं भवेत् ॥
वेश्यागृहे तु निखनेद्ग्राहकं लभते न सा ।
कन्यागृहे तु निखनेन्न विवाहो भवेद् ध्रुवम् ॥
मानुषास्थिसमुद्भूतं कीलकञ्चाभिमन्त्रितम् ।
निखनेन्मन्दिरे यस्य मरणं तस्य निश्चितम् ॥
उद्धृते तु भवेत्स्वास्थ्यमिति सर्वस्वसम्मतम् ।
यस्य नाम्ना जपेन्मन्त्रं सहस्रं स वशो भवेत् ॥
पञ्चसहस्रहोमेन उद्वहेत वरां स्त्रियम् ।
सहस्रदशहोमेन राजा सद्यो वशो भवेत् ॥
लक्षजापेन राजैव द्विलक्षे राजपंक्तयः ।
दशलक्षेण तद्राष्ट्रं वश्यं तस्य च सर्वथा ॥
अणिमादिमहासिद्धिः कोटिजापान्न संशयः ।
खेचरत्वं भवेन्नित्यं सर्वज्ञत्वञ्च जायते ॥

मन्त्रं लिखित्वा शिरसि कण्ठे वा धारयेद्यदि ।
सौभाग्यं सर्वरक्षा च भवेत्तत्र सुनिश्चितम् ।।

यक्षपति कुबेर ने विविध उपहारों से इन्हीं उच्छिष्ट गणेश की उपासना की थी, जिससे उन्होंने अपना अभीष्ट प्राप्त करके धनेश्वरत्व का पद प्राप्त किया।

मूलमन्त्र के १०८ जप से अभिमन्त्रित अपामार्ग की समिधा से हवन करने से साधक सौभाग्यशाली हो जाता है।

वानरास्थि से निर्मित कील को उच्छिष्ट गणेश के मन्त्र से अभिमन्त्रित करके जिसके घर में स्थापित किया जाय, उस व्यक्ति का उच्चाटन होता है। इस कील को किसी दुकान में रख दिया जाय तो वहाँ क्रय-विक्रयादि व्यवसाय बन्द हो जाता है। सौंडिक, मद्य-व्यवसायी के घर में उक्त कील को रख देने से उस घर में विद्यमान मद्य विकृत हो जायगा। वेश्यालय में यदि उस कील को रख दिया जाय तो वेश्या को ग्राहक नहीं मिलेंगे। किसी अविवाहिता कन्या के घर में कील रखने से उसका विवाह नहीं होता। मनुष्यास्थि-निर्मित कील को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके जिसके घर में रक्खा जायगा, उसकी मृत्यु शीघ्र हो जायगी।

उक्त कील को उठाकर फेंक देने से सभी दोष शान्त हो जाते हैं। जिस व्यक्ति का नाम लेकर इस मन्त्र का एक हजार जप किया जायगा, वह व्यक्ति अवश्य वशीभूत होता है। इसमें सन्देह नहीं है।

विवाहार्थी व्यक्ति पाँच हजार हवन करे तो उत्तम पत्नी प्राप्त करता है। दश हजार हवन करने से शीघ्र ही राजा वशीभूत होता है।

उक्त मन्त्र का एक करोड़ जप करने से साधक अष्टसिद्धियों का स्वामी होता है। आकाश-गमन की शक्ति उसे प्राप्त होती है। वह सर्वज्ञ हो जाता है।

इस मन्त्र को भोजपत्र पर लिखकर कण्ठ या मस्तक में धारण करने से साधक के सौभाग्य की वृद्धि होती है। सभी प्रकार से उसकी रक्षा होती है। इसमें सन्देह नहीं है।

धनदामन्त्र:

तु-तूर्यं विन्दुसंयुक्तं लज्जाबीजं समुद्धरेत् ।
लक्ष्मीबीजं ततो देवि सम्बोध्या च रतिप्रिया ।
वह्निजायावधिः प्रोक्तो मन्त्रराजोत्तमोत्तमः ।।

तन्त्रान्तरे—

तु-तूर्यं विन्दुसंयुक्तं लक्ष्मीप्रणवमेव च ।
मायाबीजं समुद्धृत्य सम्बोध्या च रतिप्रिया ।

वह्निजायावधिः प्रोक्तो मन्त्रराजोत्तमोत्तमः ॥

लक्ष्मीप्रणवं श्रीबीजं कुबेरानुमतोऽयं मन्त्रः।

अस्य पूजा—प्रातःकृत्यादि प्राणायामान्तं कृत्वा ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। शिरसि कुबेरऋषये नमः, मुखे पंक्तिछन्दसे नमः, हृदि धनदायै देवतायै नमः। ततः कराङ्गन्यासौ—ह्लां अंगुष्ठाभ्यां स्वाहा इत्यादि। एवं हृदयादिषु। ततो ध्यानम्—

कुङ्कुमोदरगर्भाभां किञ्चिद्यौवनशालिनीम् ।
मृणालकोमलभुजां केयूराङ्गदभूषणाम् ॥
तुलाकोटिपरिभ्रान्तपादपद्मद्वयान्विताम् ।
माणिक्यहारमुकुटकुण्डलादिविभूषिताम् ॥
नीलोत्पलदृशं किञ्चिदुद्यत्कुचविराजिताम् ।
कराभ्यां भ्राम्यत्कमलां रक्तवस्त्राङ्गरागिणीम् ॥
हेमप्राकारमध्यस्थां रत्नसिंहासनोपरि ।
ध्यायेत्कल्पतरोर्मूले देवतां धनदायिकाम् ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य बहिःपूजामारभेत्। पूजायन्त्रम्—

नवयोन्यात्मकं चक्रं विलिखेत्कर्णिकोपरि ।
दिग्दलं पद्ममालिख्य चतुरस्रं लिखेद्बहिः ।
कोणेषु वज्रान् संलिख्य मध्ये बीजं समुल्लिखेत् ॥

ततोऽर्घ्यस्थापनम्—फडिति पात्रं प्रक्षाल्य, नमः इत्यनेन जलेनापूर्य, तत्र प्रणवेन गन्धपुष्पे निक्षिप्य, तीर्थमावाह्य, धेनुमुद्रां प्रदर्श्य, तदुपरि मूलं दशधा जप्त्वा, तज्जलं किञ्चित्प्रोक्षणीपात्रे निक्षिप्य, तेनोदकेनात्मानं पूजोपकरणञ्च मूलेन त्रिरभ्युक्ष्य, आधारशक्त्यादि ह्रीं ज्ञानात्मने नमः इत्यन्तं पीठपूजां विधाय, ॐ पद्मासनाय नमः इति मध्ये सम्पूज्य पुनर्ध्यात्वावाह्य पञ्चोपचारैः पूजयेत्।

ततो योनिमुद्रां प्रदर्श्य, केशरेष्वग्न्यादिकोणेषु मध्ये दिक्षु च ह्लां हृदयाय नमः इत्यादिना षडङ्गेन पूजयेत्। ततो दलेषु पूर्वादि ॐ लक्ष्म्यै नमः, एवं पद्मायै पद्मालयायै श्रियै हरिप्रियायै तारायै कमलायै चञ्चलायै अजायै लोलायै, मध्ये देवीञ्च पुनः पूजयेत्। ततो यथाशक्ति जप्त्वा जपं समर्प्य, क्षमस्वेति विसर्जयेत्।

अस्य पुरश्चरणं लक्षजपः। तथा च—

प्रजपेदक्षसूत्रेण रत्नादिकृतकेन तु ।
लक्षे जप्ते मन्त्रसिद्धिं पुरश्चर्यां समाचरेत् ॥
विनियोगान् यथा कुर्यात्साधकः सुमनोहरान्।
रात्रौ चेज्जप्यते चाष्टसहस्रं सप्तवासरान् ।

एतेनैव सुसिद्धः स्यात् पुरश्चर्यादिको विधिः ॥
किमिह दुर्लभं देवि साधयेद्यदि मानवः ।
भुक्त्वा वाप्यथवाभुक्त्वा पायसान्नं प्रदाय च ॥
दशकृत्तोऽथवा शौचमकृत्वा वा कुचेलताम् ।
यः स्मरेद्देवि विद्यां तां दारिद्र्यैर्नाभिभूयते ॥
कामदेवं यजेत् पार्श्वे देव्याः प्रत्यहमादरात् ।
तेन देव्यां महाप्रीतिर्वाञ्छितार्थं ददाति च ॥
पूजान्ते च समायाति रात्रौ देवी धनेश्वरी ।
सर्वालङ्कारमुत्सृज्य दत्वा याति निजालयम् ॥
धनञ्च विपुलं दत्वा साधकस्य मनोरथान् ।
पूरयित्वा महेशानि वशगा जायते शुभा ॥
यद्वा भक्त्या महेशानि चन्दनेनानुलेपनम् ।
दातव्यं सर्वदा तस्मै नित्यं दारिद्र्यशान्तये ॥
पूजा कार्या महादेव्याश्चन्दनेनानुलेपिता ।
नैवेद्यञ्च प्रदातव्यं नित्यं दारिद्र्यशान्तये ॥
यक्षिणी स्वयमाहेति यो मां स्मरति मानवः ।
तस्य दाद्रियसंन्यासं दासीवत् करवाण्यहम् ॥
सहस्रं सप्तभिर्यावत् पुरश्चरणमिष्यते ।
तथा घृतेन खण्डेन मधुना च दशांशतः ।
होमोऽपि च विधातव्यः क्षणाद्दारिद्र्यशान्तये॥
पूजा कार्या महादेव्याश्चन्दनेनानुलेपिते ।
ताम्रपात्रे तथा कार्यं मण्डलं सुमनोहरम् ॥
तत्र पूजा विधातव्या देव्या एवं मनीषिणा ।
कुतो दारिद्र्यशङ्कास्य स हि कोटीश्वरो भवेत् ॥
अङ्गन्यासकरन्यासौ चाङ्गे चैवास्य देवता ।
कुबेरस्य मतेनास्याः पूजादि क्रियते सदा ॥

धनदा-मन्त्र—हे देवि! विन्दुसमन्वित तवर्ग का चौथा वर्ण (धं), मायाबीज, श्रीबीज सम्बोधनान्त रतिप्रिया, स्वाहा से 'धं ह्रीं श्रीं रतिप्रिये स्वाहा' मन्त्र बनता है। इसी मन्त्र से धनदा देवी की उपासना करे। यह मन्त्र सर्वश्रेष्ठ है धं श्रीं ह्रीं रतिप्रिये स्वाहा—यह इस मन्त्र का दूसरा रूप है। कुवेर ने इसी मन्त्र को मान्यता दी है।

प्रातःकृत्य से प्राणायाम तक के कर्म करके ऋष्यादि न्यास करे—कुवेरऋषये नमः शिरसि। पंक्तिछन्दसे नमः मुखे। धनदायै देवतायै नमः हृदि। तब करन्यास और षडंगन्यास करे—

मन्त्र	करन्यास	षडंगन्यास
ॐ ह्रां	अंगुष्ठाभ्यां नमः	हृदयाय नमः
ॐ ह्रीं	तर्जनीभ्यां स्वाहा	शिरसे स्वाहा
ॐ ह्रूं	मध्यमाभ्यां नमः	शिखायै वषट्
ॐ ह्रैं	अनामिकाभ्यां हुं	कवचाय हुं
ॐ ह्रौं	कनिष्ठाभ्यां वौषट्	नेत्रत्रयाय वौषट्
ॐ ह्रः	करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्	अस्त्राय फट्

इसके बाद निम्नवत् ध्यान करे—

कुङ्कुमोदरगर्भाभां किञ्चिद्यौवनशालिनीम् ।
मृणालकोमलभुजां केयूराङ्गदभूषणाम् ।।
तुलाकोटिपरिभ्रान्तपादपद्मद्वयान्विताम् ।
माणिक्यहारमुकुटकुण्डलादिविभूषिताम् ।।
नीलोत्पलदृशं किञ्चिदुद्यत्कुचविराजिताम् ।
कराभ्यां भ्राम्यत्कमलां रक्तवस्त्राङ्गरागिणीम् ।।
हेमप्राकारमध्यस्थां रत्नसिंहासनोपरि ।
ध्यायेत्कल्पतरोर्मूले देवतां धनदायिकाम् ।।

नवयौवना धनदा देवी का वर्ण कुंकुमकोष के भीतरी भाग के समान है। दोनों भुजाएँ मृणालवत् कोमल हैं। केयूर और अंगदादि आभूषणों से शोभित हैं। दोनों चरणकमलों में सुन्दर नूपुर गुंजायमान है। माणिक्यहार, मुकुट और कुंडलादि से अलंकृत हैं। दोनों आँखें नीलकमल के समान सुन्दर हैं। दोनों स्तन उन्नत हैं। दोनों हाथों में कमल है, जिन्हें वे घुमा रही हैं। शरीर का अनुलेप लाल रंग का है। वस्त्र लाल हैं।

स्वर्णप्राकार के मध्य में स्थित कल्पवृक्ष की जड़ में विद्यमान रत्नजटित सिंहासन पर बैठी हैं। इस प्रकार की धनदा देवी का ध्यान करना चाहिये। इसके बाद मानसिक पूजा करके बाह्य पूजन करे।

धनदा देवी के पूजन यन्त्र में पहले नवयोन्यात्मक यन्त्र बनाए। उसके बाहर अष्टदल कमल बनावे। उसके बाहर चतुरस्र भूपुर बनावे। चतुरस्र के चारो कोणों में वज्रचिह्न बनाकर कमल के मध्य के बिन्दु में 'धं' बीज लिखे। (चित्र अगले पृष्ठ पर अंकित है)

इसके बाद अर्घ्य-स्थापन करे। ध्यान-आवाहन करके पञ्चोपचार पूजन करे। अर्घ्य-स्थापन की विधि यह है कि 'फट्' मन्त्र से अर्घ्यपात्र को धोकर 'नमः' से जल भरे। 'ॐ' से गन्ध-पुष्प छोड़े। 'ॐ गंगे च यमुने' से उसमें तीर्थों का आवाहन करे।

तब धेनुमुद्रा दिखाकर अर्घ्यपात्र पर हाथ रखकर मूलमन्त्र का जप दश बार करे।

तब अर्घ्यपात्र का कुछ जल प्रोक्षणी पात्र में लेकर उस जल से मूल मन्त्र द्वारा पूजा
और अपने शरीर का तीन बार अभ्युक्षण करे।

इसके बाद 'आधारशक्तये नम:' से लेकर 'ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नम:' तक पी
करके 'ॐ पद्मासनाय नम:' कहकर मध्य में पूजा करे। तब योनिमुद्रा दिखाकर
में, अग्न्यादि कोणों में, मध्य में और चारो दिशाओं में ह्रां हृदयाय नम:, ह्री शिरसे स्
हूं शिखायै वषट्, हैं कवचाय हुं, ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ह्र: अस्त्राय फट् से षडंग
करे। तब पूर्व दल से प्रारम्भ करके आठ दलों में निम्न प्रकार से पूजा करे—ॐ
नम:। ॐ पद्मायै नम:। ॐ पद्मालयायै नम:। ॐ श्रियै नम:। ॐ हरिप्रियायै
ॐ तारायै नम:। ॐ कमलायै नम:। ॐ चञ्चलायै नम:। ॐ अब्जायै नम:।
लोलायै नम:।

धनदायन्त्र

इसके बाद मध्य में पुन: धनदा देवी की पूजा करे। तब यथाशक्ति मूल मन्त्र क
करे। जपसमर्पणपूर्वक 'क्षमस्व' मन्त्र से विसर्जन करे।

इस मन्त्र का पुरश्चरण एक लाख जप से होता है। रत्नादि की माला से एक लाख जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है। एक सप्ताह तक प्रतिदिन आठ हजार जप करे तो पुरश्चरण सम्पन्न होता है। इससे साधक को कोई वस्तु दुर्लभ नहीं रहती। भोजन के बाद अथवा विना भोजन के पायसान्न की बलि प्रदान करे। जो व्यक्ति पवित्र या अपवित्र किसी भी अवस्था में धनदा मन्त्र को दश बार जपता है, उसकी दरिद्रता नष्ट हो जाती है।

देवी के पार्श्व भाग में प्रतिदिन कामदेव की पूजा करने से धनदा देवी को बहुत प्रसन्नता होती है। वे साधक को अभीष्ट पदार्थ प्रदान करती हैं।

इस प्रकार धनदा की पूजा की समाप्ति पर निशाकाल में धनेश्वरी साधक के पास आती है और अपने शरीर का आभूषण छोड़कर वापस चली जाती है। देवी साधक को अपार धन देकर उसकी मनोकामनाओं को पूर्ण करती है और उसके वश में रहती है।

हे महेशि ! साधक को अपने दारिद्र्य-निवारण के लिये प्रतिदिन भक्तिपूर्वक चन्दनादि अनुलेपन अर्पित करना चाहिये। प्रतिदिन देवी को चन्दनादि लगाकर नैवेद्यादि से उनका पूजन करे।

यक्षिणी देवी स्वयं कहती है कि जो व्यक्ति मेरी पूजा करता है, मैं उसके निकट दासी के समान रहकर उसकी दरिद्रता दूर करती हूँ।

एक सप्ताह तक एक हजार आठ जप करके जप का दशांश हवन घी-शक्कर-मधु से करे। इससे पुरश्चरण सिद्ध होकर दारिद्र्य का शीघ्र नाश हो जाता है।

ताम्रपात्र में चन्दन का लेप लगाकर उसमें मनोहर मण्डल अंकित करके मण्डल में देवी की पूजा करे। इससे दारिद्र्य का दोष कभी नहीं होता और साधक करोड़पति हो जाता है।

श्मशानकालीमन्त्रः

कालीतन्त्रे—

वाणीं मायां ततो लक्ष्मीं कामबीजमतः परम्।
कालिके सम्पुटत्वेन चतुष्कं बीजमालिखेत्।
एकादशार्णा देवेशि चतुर्वर्गप्रदायिनी ॥

अस्या यन्त्रम्—

पद्ममष्टदलं वृत्तं तद्बाह्ये धरणीतलम्।
चतुर्द्वारसमायुक्तं मध्ये मूलं समालिखेत् ॥
दलेष्वष्टसु विलिखेत् कवर्गाद्यष्टवर्गकम्।
धरण्यां विलिखेदाद्यं चतुष्कञ्च चतुष्कके।

पूर्वादि-उत्तरान्तञ्च मध्ये देवीं प्रपूजयेत् ।।

पूजाक्रमः—प्रातःकृत्यादि प्राणायामान्तं कर्म कृत्वा ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। शिरसि भृगुऋषये नमः, मुखे निवृच्छन्दसे नमः, हृदि श्मशानकालिकायै देवतायै नमः, गुह्ये वाग्बीजाय नमः, पादयोः ह्रीं शक्तये नमः, सर्वाङ्गे कामबीजकीलकाय नमः।

ततः कराङ्गन्यासौ—ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः, ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा, श्रीं मध्यमाभ्यां वषट्, क्लीं अनामिकाभ्यां हुं, कालिके कनिष्ठाभ्यां वौषट्। क्लीं आदिवाग्भवान्तं करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु। ततो ध्यानम्—

अञ्जनाद्रिनिभां देवीं श्मशानालयवासिनीम् ।
रक्तनेत्रां मुक्तकेशीं शुष्कमांसातिभैरवाम् ।।
पिङ्गाक्षीं वामहस्तेन मद्यपूर्णं समांसकम् ।
सद्यःकृत्तशिरो दक्षहस्तेन दधतीं शिवाम् ।।
स्मितवक्त्रां सदा चाममांसचर्वणतत्पराम् ।
नानालङ्कारभूषाङ्गीं नग्नां मत्तां सदासवैः ।।
एवं ध्यात्वा जपेद्देवीं श्मशाने तु विशेषतः ।
गृहे वापि गृहस्थोऽपि मत्स्यमांससुभोजनैः ।
नग्नो भूत्वा महापूजां कुर्याद्रात्रौ विशेषतः ।।

पूजनन्तु—ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्यार्घ्यस्थापनं कुर्यात्। पुनर्ध्यात्वा पञ्चोपचारैः सम्पूज्य पत्रेषु ब्राह्म्यादिकाः पूजयेत्। तद्बहिरसिताङ्गादिभैरवान् पूजयेत्। अस्याः पुरश्चरणं एकादशलक्षजपः। तथा च—

वर्णलक्षं जपेन्मन्त्रं तद्दशांशेन होमयेत् ।

मन्त्रान्तरं तत्रैव—

कामबीजं समालिख्य कालिकायै समालिखेत् ।
नमोऽन्तेन च देवेशि सप्तार्णो मनुरुत्तमः ।
षडङ्गं कालिकादेव्या अन्यत् सर्वन्तु पूर्ववत् ।।

कालिका देव्या इति निजबीजेन इत्यर्थः।

श्मशानकाली-मन्त्र—कालीतन्त्र के अनुसार वाग्बीज, मायाबीज, श्रीबीज, कामबीज, कालिके और उसके बाद चारो बीज विलोम क्रम से एकत्र करने पर श्मशानकाली का यह मन्त्र बनता है—ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं कालिके क्लीं श्रीं ह्रीं ऐं। इसमें ग्यारह अक्षर हैं। इसी मन्त्र से श्मशानकाली की उपासना करे। यह मन्त्र देवी-साधक को चतुर्वर्ग फल प्रदान करता है।

श्मशानकाली का पूजन यन्त्र अष्टदल पद्म वृत्त-चार द्वारयुक्त चतुरस्त्र भूपुर से बनता है। पद्म के मध्य में देवी का मूल मन्त्र लिखकर आठ दलों में कवर्ग चवर्ग टवर्ग तवर्ग पवर्ग यवर्ग शवर्ग और लवर्ग को लिखे। भूपुर के चारो कोनों में ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं चारो बीजों को लिखकर यन्त्र पूरा करे।

श्मशानकालीयन्त्र

सामान्य पूजापद्धति से प्रात:कृत्यादि से प्राणायाम तक करके न्यास करे।

ऋष्यादि न्यास—शिरसि भृगुऋषये नम:। मुखे निवृच्छन्दसे नम:। गुह्ये ऐं बीजाय नम:। पादयो: ह्रीं शक्तये नम:। सर्वांगे क्लीं कीलकाय नम:।

करन्यास—ऐं अंगुष्ठाभ्यां नम:। ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। श्रीं मध्यमाभ्यां वषट्। क्लीं अनामिकाभ्यां हुं। कालिके कनिष्ठाभ्यां वौषट्। क्लीं श्रीं ह्रीं ऐं करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

षडंग न्यास—ऐं हृदयाय नम:। ह्रीं शिरसे स्वाहा। श्रीं शिखायै वषट्। क्लीं कवचाय हुं। कालिके नेत्रत्र्याय वौषट्। क्लीं श्रीं ह्रीं ऐं अस्त्राय फट्।

न्यासोपरान्त ध्यान करे, जो निम्नवत् है—

अञ्जनाद्रिनिभां देवीं श्मशानालयवासिनीम्।
रक्तनेत्रां मुक्तकेशीं शुष्कमांसातिभैरवाम्॥
पिङ्गाक्षीं वामहस्तेन मद्यपूर्णं समांसकम्।
सद्य:कृत्तशिरो दक्षहस्तेन दधतीं शिवाम्॥
स्मितवक्त्रां सदा चाममांस्चर्वणतत्पराम्।
नानालङ्कारभूषाङ्गीं नग्नां मत्तां सदासवै:॥

श्मशान काली गाढ़े अंजन के समान काले वर्ण की है। श्मशानरूपी गृह में निवास करती हैं। नेत्रों का वर्ण पिंगल है। केश खुले हैं। देह शुष्क और अति भयंकर है। बाँयें हाथ में मांससहित मद्य से भरा पात्र है। दाँयें हाथ में तुरत का कटा हुआ शिर है। मुख पर सदैव मुस्कान रहती है। कच्चा मांस चबाती रहती है। विविध आभूषणों से शरीर सुसज्जित है। नग्न है। आसव पीकर सदैव मत्त रहती है।

श्मशान भूमि में पूजा करे। गृहस्थ घर में बैठकर मत्स्य, मांस और मद्य ग्रहण करके निशा में नग्न होकर महापूजा करे।

पुनः पूर्वोक्त ध्यान करके मानसोपचारों से पूजन करे। अर्घ्य स्थापित करे। पुनः ध्यान करे। सामान्य विधि से आवाहन करके गन्ध-पुष्प-धूप-दीप और नैवेद्य से देवी की पूजा करे। अष्टदलों में ब्राह्मी आदि आठ शक्तियों और असितांग आदि आठ भैरवों की पूजा करे।

ग्यारह लाख जप से इसका पुरश्चरण होता है। जप का दशांश हवन होता है। 'क्लीं कालिकायै नमः' श्मशान काली का सप्ताक्षर मन्त्र है। इस मन्त्र का षडंग न्यास आदि पूजा-विधान पूर्ववत् है।

बगलामुखीमन्त्र

तदुक्तं तन्त्रान्तरे—

ब्रह्मास्त्रं सम्प्रवक्ष्यामि सद्यः प्रत्ययकारकम् ।
साधकानां हितार्थाय स्तम्भनाय च वैरिणाम् ।
यस्याः स्मरणमात्रेण पवनोऽपि स्थिरायते ॥
प्रणवं स्थिरमायाञ्च ततश्च बगलामुखि ।
तदन्ते सर्वदुष्टानां ततो वाचं मुखं पदम् ॥
स्तम्भयेति ततो जिह्वां कीलयेति पदद्वयम् ।
बुद्धिं नाशय पश्चात्तु स्थिरमायां समालिखेत् ॥
लिखेच्च पुनरोङ्कारं स्वाहेति च पदन्ततः ।
षट्त्रिंशदक्षरी विद्या सर्वसम्पत्प्रदायिनी ॥

स्थिरयमायां ह्लीं। तथा च—

वह्निहीनेन्द्रयुङ्माया स्थिरमाया प्रकीर्त्तिता ।

तन्त्रान्तरे—

वह्निहीनेन्द्रयुङ्माया बगलामुखि सर्वयुक् ।
दुष्टानां वाचमित्युक्त्वा मुखं स्तम्भय कीर्तयेत् ।
जिह्वां कीलय बुद्धिन्तु विनाशयपदं वदेत् ॥

पुनर्बीजं ततस्तारं वह्निजायावधिर्भवेत्।
तारादिका चतुस्त्रिंशदक्षरा बगलामुखी ॥

इत्यपि मन्त्रान्तरम्।

अनयोः पूजा—प्रातःकृत्यादि प्राणायामान्तं विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात्। यथा—शिरसि नारदऋषये नमः, मुखे तृष्टुप्छन्दसे नमः, हृदि बगलामुख्यै देवतायै नमः, गुह्ये ह्लीं बीजाय नमः, पादयोः स्वाहा शक्तये नमः।

नारदोऽस्य ऋषिमूर्ध्नि तृष्टुप्छन्दश्च तन्मुखे।
श्रीवगलामुखीं देवीं हृदये विन्यसेत्ततः।
ह्लीं बीजं गुह्यदेशे तु स्वाहाशक्तिस्तु पादयोः ॥

ततः कराङ्गन्यासौ—ॐ ह्लीं अंगुष्ठाभ्यां नम, बगलामुखि तर्जनीभ्यां स्वाहा, सर्वदुष्टानां मध्यमाभ्यां वषट्, वाचं मुखं स्तम्भय अनामिकाभ्यां हुं, जिह्वां कीलय कीलय कनिष्ठाभ्यां वौषट्, बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा करतलकर-पृष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिषु। तथा च दिव्यतन्त्रे—

युग्मबाणेषुसप्ताहिशेषार्णैश्च मनूद्भवैः।
करशाखासु तलयोः कराङ्गन्यासमाचरेत् ॥

ततो मूलान्ते आत्मतत्त्वव्यापिनीबगलामुखीश्रीपादुकां पूजयामि इति मूलाधारे। मूलान्ते विद्यातत्त्वव्यापिनीबगलामुखीश्रीपादुकां पूजयामि इति शिरसि। मूलान्ते सर्वतत्त्वव्यापिनीबगलामुखीश्रीपादुकां पूजयामि इति सर्वाङ्गे। तथा च—

मूर्ध्नि भाले दृशोः श्रोत्रे गण्डयोर्नसयोः पुनः।
ओष्ठयोर्मुखवृत्ते च दक्षिणांसे च कर्पूरे ॥
मणिबन्धेऽङ्गुलेर्मूले गले च कुचयोर्हृदि।
नाभौ कट्यां गुह्यदेशे वामांसे कूर्परे तथा ॥
मणिबन्धेऽङ्गुलेर्मूले ततश्च विन्यसेत्पुनः।
दक्षवामे चोरुजान्वोर्गुल्फे चांगुलिमूलके।
क्रमेण मन्त्रवर्णास्तु न्यस्य ध्यायेद्यथाविधि ॥

ततो ध्यानम्—

मध्ये सुधाब्धिमणिमण्डपरत्नवेदीसिंहासनोपरिगतां परिपीतवर्णाम्।
पीताम्बराभरणमाल्यविभूषिताङ्गीं देवीं स्मरामि धृतमुद्गरवैरिजिह्वाम् ॥
जिह्वाग्रमादाय करेण देवीं वामेन शत्रून् परिपीडयन्तीम्।
गदाभिघातेन च दक्षिणेन पीताम्बराढ्यां द्विभुजां नमामि ॥

एवं ध्यात्वा मानसैः सम्पूज्य बहि:पूजामारभेत्। तत्र प्रथमतोऽर्घ्यस्थापनम्। यथा—अष्टांगुलं चतुरस्रं विधाय ईशानादिकोणेषु पूर्वादिदिक्षु च कुसुमाक्षत-रक्तचन्दनैः ग्लौं गणपतये नमः इत्यनेन गजदानेन सम्पूज्य तेन मधुना वा अर्घ्य-पात्रमापूरयेत्। ततो वारत्रयं मूलविद्यया सम्पूज्याङ्गानि विन्यसेत्। ततो धेनुयोनिमुद्रां प्रदर्श्य तेनोदकेनात्मानं पूजोपकरणञ्चाभ्युक्षयेत्।

बगलामुखी-मन्त्र—बगलामुखी मन्त्र ब्रह्मास्त्रस्वरूप है। शत्रुस्तम्भन करने वाले इस मन्त्र से सबों को स्तम्भित किया जा सकता है। इसके स्मरणमात्र से पवन की भी गति रुक जाती है।

मन्त्र इस प्रकार के हैं—

१. ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं स्तम्भय जिह्वां कीलय कीलय बुद्धिं नाशय ह्लीं ॐ स्वाहा। यह छत्तीस अक्षर का मन्त्र सर्वसम्पत्तिदायक है।

२. ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।

सामान्य पूजापद्धति से प्रातःकृत्य से प्राणायाम तक करके निम्न प्रकार से न्यास करे—

ऋष्यादि न्यास—शिरसि नारदऋषये नमः। मुखे तृष्टुप्छन्दसे नमः। हृदि बगलामुखिदेवतायै नमः। गुह्ये ह्लीं बीजाय नमः। पादयोः स्वाहा शक्तये नमः।

करन्यास—ॐ ह्लीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। बगलामुखि तर्जनीभ्यां स्वाहा। सर्वदुष्टानां मध्यमाभ्यां वषट्। वाचं मुखं स्तम्भय अनामिकाभ्यां हुं। जिह्वां कीलय कीलय कनिष्ठाभ्यां वौषट्। बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

हृदयादि न्यास—ॐ ह्लीं हृदयाय नमः। बगलामुखि शिरसे स्वाहा। सर्वदुष्टानां शिखायै वषट्। वाचं मुखं स्तम्भय कवचाय हुं। जिह्वां कीलय कीलय नेत्रत्रयाय वौषट्। बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्।

तत्वन्यास—मूलं आत्मतत्त्वव्यापिनी बगलामुखिश्रीपादुकां पूजयामि नमः मूलाधारे। मूलं विद्यातत्त्वव्यापिनी बगलामुखिश्रीपादुकां पूजयामि नमः शिरसि। मूलं सर्वतत्त्वव्यापिनी बगलामुखिश्रीपादुकां पूजयामि नमः सर्वांगे।

मन्त्रवर्णन्यास—

मस्तके ॐ नमः	दक्षकर्णे लं नमः	दक्षनासिकायां वं नमः
कपाले ह्लीं नमः	वामकर्णे मुं नमः	वामनासायां दुं नमः
दक्षनेत्रे वं नमः	दक्षगण्डे खिं नमः	ऊर्ध्वोष्ठे ष्टां नमः
वामनेत्रे गं नमः	वामगण्डे सं नमः	अधरोष्ठे नां नमः

मुखे वां नमः	हृदि ह्लां नमः	दक्षोरौ ह्लिं नमः
दक्षस्कन्धे चं नमः	नाभौ कीं नमः	दक्षजानौ नां नमः
दक्षकूर्परे मुं नमः	कटिदेशे लं नमः	दक्षगुल्फे शं नमः
दक्षमणिबन्धे खं नमः	गुह्ये यं नमः	दक्षपादांगुलिमूले यं नमः
दक्षहस्तांगुलिमूले स्तं नमः	वामस्कन्धे कीं नमः	वामोरौ ॐ नमः
गले म्भं नमः	वामकूर्परे लं नमः	वामजानौ ह्लीं नमः
दक्षस्तने यं नमः	वामनणिबन्धे यं नमः	वामगुल्फे स्वां नमः
वामस्तने जिं नमः	वामहस्तांगुलिमूले बुं नमः	वाम्पादांगुलिमूले हां नमः

इसके बाद निम्नवत् ध्यान करे—

मन्त्रे सुधाब्धिमणिमण्डपरत्नवेदीसिंहासनोपरिगतां परिपीतवर्णाम् ।
पीताम्बराभरणमाल्यविभूषिताङ्गीं देवीं स्मरामि धृतमुद्गरवैरिजिह्वाम् ।।
जिह्वाग्रमादाय करेण देवीं वामेन शत्रून् परिपीडयन्तीम् ।
गदाभिघातेन च दक्षिणेन पीताम्बराढ्यां द्विभुजां नमामि ।।

सुधासागर के मध्य में मणिमय मण्डप है। उसके मध्य में रत्नों की वेदी पर सिंहासन है। उस पर भगवती वगलामुखी बैठी हैं। उनका वर्ण पीला है। पीले वस्त्र, पीले आभूषण और पीली माला से उनका शरीर विभूषित है। उनके एक हाथ में मुद्गर और दूसरे हाथ में शत्रु की जीभ हैं। ये बाँयें हाथ से शत्रु की जीभ पकड़ कर दाँयें हाथ से गदा की चोट से शत्रु को पीड़ित कर रही हैं। उनका वस्त्र पीला है। उनके दो हाथ हैं। उन्हें मैं नमस्कार करता हूँ।

ध्यान के बाद मानस पूजा करके बाह्य पूजा करे। पहले अर्घ्य स्थापन करे। आठ अंगुल का चतुरस्र मण्डल वनाकर उसके चारों कोणों और पूर्वादि दिशाओ में रक्त-चन्दनयुक्त पुष्पाक्षत द्वारा 'ग्लौं गणपतये नमः' से पूजन करे गजमद या मधु से अर्घ्य-पात्र को पूर्ण करे। मूल मन्त्र से तीन बार पूजा करके पूर्वोक्त प्रकार से षडंग न्यास करे तब धेनुमुद्रा और योनिमुद्रा दिखाकर अर्घ्यपात्र के जल से अपने शरीर और पूजा की सामग्री का प्रोक्षण करे।

अस्या यन्त्रम्—त्र्यस्रं षडस्रं वृत्तमष्टदलपद्मं भूपुरान्वितम्। ततो मूलमुच्चार्य ॐ आधारशक्तिकमलासनाय नमः। एवं शक्तिपद्मासनाय नमः। ततः पूर्ववद्ध्यात्वा पीठे आवाह्य षडङ्गानि विन्यसेत्। ततो मुद्राः प्रदर्श्य, पुरतः षडङ्गेन मण्डलं यजेत्। ततो मूलेन मन्त्रयित्वा धेनुयोनिमुद्रे प्रदर्श्य, आत्मविद्याशिवैस्तत्त्वैर्विन्दुत्रयं मुखे क्षिप्त्वा तर्जन्यांगुष्ठयोगेन साङ्गावरणां बगलामुखीं तर्पयेत्।

ततो यथासम्भवमुपचारैः सम्पूज्यावरणपूजामारभेत्। षट्कोणेषु पूर्वे ॐ

सुभगायै नमः, एवमग्निकोणे भगसर्पिण्यैः, ईशाने भगवहायै, पश्चिमे भगसिद्धायै, नैर्ऋते भगनिपातिन्यै, वायौ भगमालिन्यै। ततोऽष्टदलपत्रेषु ब्राह्म्याद्याः पूज्याः, पत्राग्रेषु ॐ जयायै नमः। एवं विजयायै अजितायै अपराजितायै स्तम्भिन्यै जम्भिन्यै मोहिन्यै आकर्षिण्यै। ततो द्वारेषु ॐ भैरवाय नमः। तद्बाह्ये इन्द्रादीन् वज्रादींश्च पूजयेत्। ततो धूपादिकं दत्त्वा यथाशक्ति जपं विधाय, त्रिशूलमुद्रां प्रदर्श्य, पुष्पाञ्जलित्रयं दत्त्वा, देव्यै योनिमुद्रां प्रदर्शयेत्। ततो भैरवाय बलिं दद्यात्। ततो विसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्य पुरश्चरणं लक्षजपः; तथा च—

पीताम्बरधरो भूत्वा पूर्वाभिमुखसंस्थितः ।
लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं हरिद्राग्रन्थिमालया ॥
ब्रह्मचर्यरतो नित्यं प्रयतो ध्यानतत्परः ।
प्रियंगुकुसुमेनापि पीतपुष्पैश्च होमयेत् ॥

बगलामुखी-पूजनयन्त्र—पूजन यन्त्र में पहले त्रिकोण, उसके बाहर षट्कोण, उसके बाहर वृत्त और अष्टदल कमल बनावे। उसके बाहर भूपुर बनावे।

बगलामुखी यन्त्र

इसके बाद 'मूलं ॐ अधारशक्तिकमलासनाय नमः' एवं 'शक्तिपद्मासनाय नमः' से पूजा करें।

तब पूर्ववत् ध्यान करके पीठ मे देवी का आवाहन करके षडंग न्यास करे। तब मुद्रा दिखाकर सामने षडंग मन्त्रों से पूजा करे।

तब मूल मन्त्र से अभिमन्त्रित करके धेनु और योनिमुद्रा दिखाकर ॐ आत्मतत्त्वाय स्वाहा, ॐ विद्यातत्त्वाय स्वाहा, ॐ शिवतत्त्वाय स्वाहा से जल के तीन बिन्दु अपने मुख में छोड़े।

अंगुष्ठ-तर्जनी की मुद्रा से 'मूलं सांगावरणं वगलामुखीं तर्पयामि नमः' से तर्पण करे। इसके बाद यथाशक्ति यथा-सम्भव उपचारों से देवी की पूजा करे।

षट्कोणों में—पूर्व में ॐ सुभगायै नमः। अग्निकोण में ॐ भगसर्पिण्यै नमः ईशान मे ॐ भगवहायै स्वाहा। पश्चिम में ॐ भगसिद्धयै नमः। नैर्ऋत्य ॐ भगनिपातिन्यै नमः। वायव्य में ॐ भगमालिन्यै नमः।

अष्टदलों में ब्राह्मी आदि आठ शक्तियों की पूजा करके दलों के अग्रभाग में इनकी पूजा करे—ॐ जयायै नमः। ॐ विजयायै नमः। ॐ अजितायै नमः। ॐ अपराजितायै नमः। ॐ स्तम्भिन्यै नमः। ॐ जृम्भिण्यै नमः। ॐ मोहिन्यै नमः। ॐ आकर्षिण्यै नमः।

द्वारदेश में ॐ भैरवाय नमः से पूजा करे। उसके बाहर भूपुर में इन्द्रादि दिक्पालो और उनके आयुधों की पूजा करे।

इसके बाद देवी को धूपादि देकर मूल मन्त्र का जप करे। त्रिशूल मुद्रा दिखाकर तीन पुष्पाञ्जलियाँ प्रदान करे। तब योनिमुद्रा दिखावे। तब भैरव को बलि देकर विसर्जन तक के कर्म करे।

इस मन्त्र का पुरश्चरण एक लाख जप से होता है। साधक पूर्वमुख बैठकर पीले वस्त्र पहन कर हरिद्राग्रन्थि की माला से एक लाख जप करे।

ब्रह्मचर्य का पालन करे। शान्त चित्त रहे। देवी का ध्यान करता रहे। प्रतिदिन प्रियंगुपुष्प या किसी पीले फूल से हवन करे।

द्वितीयमन्त्रे न्यासादिकं सर्वं पूर्ववत्। ध्यानन्तु—

गम्भीराञ्च मदोन्मत्तां स्वर्णकान्तिसमप्रभाम् ।
चतुर्भुजां त्रिनयनां कमलासनसंस्थिताम् ॥
मुद्गरं दक्षिणे पाशं वामे जिह्वाञ्च वज्रकम् ।
पीताम्बरधरां देवीं दृढपीनपयोधराम् ॥
हेमकुण्डलभूषाञ्च पीतचन्द्रार्द्धशेखराम् ।
पीतभूषणभूषाञ्च रत्नसिंहासनस्थिताम् ॥

अथ प्रयोगः—

कुरुते वाग्गतिस्तम्भं दुष्टानां बुद्धिनाशनम् ।
जपहोमप्रयोगे च मन्त्रं चाप्ययुतं जपेत् ॥
हरिद्राहरितालाभ्यां लवणं जुहुयान्निशि ।
स्तम्भयेत्परसैन्यानि नात्र कार्या विचारणा ॥
अथवा पीतपुष्पैश्च त्रिमध्वक्तैश्च होमयेत् ।
स्तम्भनेषु च सर्वेषु प्रयोगः प्रत्ययावहः ॥

यन्त्रस्तु—

ॐकारयोः सम्मुखयोरूर्ध्वाधः शिरसो लिखेत् ।
मध्यगं नाम साध्यस्य तद्वाह्ये चाक्षरत्रयम् ॥
बीजं द्वितीयवर्गस्य तृतीयं विन्दुभूषितम् ।
चतुर्दशस्वरोपेतं संलिखेत्पृथिवीगतम् ॥
ठकारेण समावेष्ट्य चतुष्कोणपुटं बहिः ।
तत्कोणरेखासंसक्तैः शूल्यैर्वज्राष्टकं लिखेत् ॥
त्रिशूलमध्यरेखाग्रः पृथिवीबीजानि पार्श्वयोः।
अष्टस्वपि च कोणेषु तद्वहिर्बगलां लिखेत् ॥
पृथिव्यन्तरितं बाह्ये मातृकापरिमण्डलम् ।
आवेष्ट्य चाष्टधा पश्चात्तद्बाह्ये स्थिरमायया ॥
निरुद्धांकुशबीजेन नादसम्मिलितांघ्रिणा ।
लिखेत्पूर्ववदावेष्ट्य पश्चाच्च बगलामुखीम् ॥
पट्टे पाषाणपट्टे वा हरिद्रोन्मत्ततालकैः ।
दिव्यस्तम्भे मुखस्तम्भे लिखित्वा गाढमाक्रमेत् ॥
विवादे यन्त्रमालिख्य भूर्जे तैरेव वस्तुभिः ।
कुम्भकारस्य चक्रस्य भ्रमतो विपरीततः ॥
मृत्तिकां समुपादाय वृषभं कारयेत्ततः ।
यन्त्रं तस्योपरि न्यस्य तालकेन विलिप्य च ।
तन्नासायां विनिक्षिप्य पीतरज्जुं निजे गृहे ॥
अर्चयेत्तं चतुष्कोणं नित्यं पीतोपचारतः ।
दुष्टस्य स्तम्भत्येव मुखं वाचस्पतेरपि ॥

विश्वसारे—

काली तारा महाविद्या षोडशी भुवनेश्वरी ।

भैरवी छिन्नमस्ता च विद्या धूमावती तथा ।।
बगला सिद्धिविद्या च मातङ्गी कमलात्मिका ।
एता दश महाविद्या सिद्धविद्याः प्रकीर्त्तिताः ।।

इति कृष्णानन्दभट्टाचार्यविरचिते तन्त्रसारे
द्वितीयः परिच्छेदः

बगलामुखी के दूसरे मन्त्र की न्यासादि पूजाविधि पूर्ववत् है। ध्यान इस प्रकार है—

गम्भीराञ्च मदोन्मत्तां स्वर्णकान्तिसमप्रभाम् ।
चतुर्भुजां त्रिनयनां कमलासनसंस्थिताम् ।।
मुद्गरं दक्षिणे पाशं वामे जिह्वाञ्च वज्रकम् ।
पीताम्बरधरां देवीं दृढपीनपयोधराम् ।।
हेमकुण्डलभूषाञ्च पीतचन्द्रार्द्धशेखराम् ।
पीतभूषणभूषाञ्च रत्नसिंहासनस्थिताम् ।।

भगवती बगलामुखी गम्भीर और मदोन्मत्त हैं। उनके शरीर की प्रभा स्वर्णिम है। चार भुजायें और तीन नेत्र हैं। स्तन दृढ़ और स्थूल हैं। पीले रंग के वस्त्राभूषण हैं। कानों में सोने के कुंडल हैं। रत्नसिंहासन पर पद्मासन में बैठी हैं मस्तक पर पीत वर्ण अर्द्धचन्द्र है। दाँयें दोनों हाथों में मुद्गर और पाश हैं। बाँयें दोनों हाथों में शत्रुजिह्वा और वज्र है।

रात के समय उक्त मन्त्र का दश हजार जप करके हल्दी और हरतालसहित नमक से हवन करे। इससे शत्रु का वाक्स्तम्भन और बुद्धिनाश होता है। अथवा घी, मधु और शक्करयुक्त पीले फूलों से हवन करे। स्तम्भन में यही नियम है। यह प्रयोग शीघ्र फलदायक है।

एक यन्त्र बनाकर यह कार्य करे। ऊर्ध्वाधः क्रम से परस्पर मुख संयुक्त दो ॐ लिखे। दोनों ॐकार के मध्य में साध्य का नाम लिखे। उनके बाहर दोनों ॐकारों के दोनों पार्श्वभागों में जौं लिखे। फिर ठकार द्वारा वेष्टित करके दो चतुष्कोणों से पुटित करे। इन दोनों चतुष्कोणों के आठ कोनों में आठ वज्र अंकित करे। उन वज्रों के साथ एक-एक त्रिशूल बनावे। इन त्रिशूलों के मध्य की रेखा के दोनों पार्श्वों में लं बीज लिखे। तब उसके बाहर ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा—यह मन्त्र वृत्ताकार में लिखे। उसके बाहर एक वृत्त बनाकर मातृकावर्णों से एक बार वेष्टित करे। उसके बाहर ह्लीं बीज से आठ बार वेष्टित करके अंकुश १२१बीज क्रों से एक बार वेष्टित करे। फिर बगलामुखी से आठ बार वेष्टित करे।

इसी प्रकार किसी धातुफलक या पाषाणखण्ड में यन्त्र बना कर पूजा करे। हल्दी, धतूर का रस या हरताल से यन्त्र बनाए। देवस्तम्भन या शत्रुगण के मुखस्तम्भन कार्य में उक्त यन्त्र बनाकर प्रगाढ़ आक्रमण करे। .अवाद में विजय के लिये बगलामुखी की उपासना में हरिद्रादि पूर्वोक्त द्रव्य से भोजपत्र पर यन्त्र लिखकर विपरीत भाव से घूमते हुए कुम्हार के चाक से मिट्टी लाकर उस मिट्टी से वृष बनाए। उस वृष की पीठ के ऊपर उक्त यन्त्र को रखकर हरताल का लेप करे। तब उस वृष की नासिका में पीले रंग का धागा डालकर अपने घर में प्रतिदिन पीले उपचारों से उसकी पूजा करता रहे इससे दुष्ट लोगों का मुखस्तम्भन होता है।

विश्वसारतन्त्र में वर्णन है कि काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगला, मातंगी और कमला को दश महाविद्या माना जाता है। इनका नाम सिद्धविद्या है।

द्वितीय परिच्छेद सम्पूर्ण